(७६) १२९ संख्याक पाँचवीं भाष्यगाथा द्वारा पुरुषवेदके प्राचीन सत्कर्मके साथ छह नोकषायोंकी क्षपणा अर्थात् परप्रकृतिरूप संक्रमके होनेपर नामकर्म, गोत्रकर्म और वेदनीय कर्म इन तीन अघाति कर्मोंका स्थितिसत्कर्म असंख्यात वर्षप्रमाण होता है तथा ज्ञानावरणादि चार घातिकर्मोंका स्थितिसत्कर्म संख्यात वर्षप्रमाण होता है यह स्पष्ट किया गया है।

(२) (७७) ११० संख्याक मूल गाथामें ये तीन अर्थ निबद्ध हैं—प्रथम अर्थ है कि संक्रामक प्रस्थापक यह जीव अन्तर करनेके अनन्तर समयमें प्रकृति आदिके भेदसे किन कर्मोंको बाँधता है।

यह प्रथम अर्थ है। यह जीव प्रकृति आदिके भेदसे किन कर्मोंको वेदता है यह दूसरा अर्थ है। तथा यह जीव प्रकृति आदिके भेदसे किन कर्मोंका संक्रम करता है और किनका नहीं करता है यह तीसरा अर्थ है। इनमेंसे प्रथम अर्थको स्पष्ट करनेके लिए तीन भाष्यगाथाएँ आई हैं।

(७८) १३१ संख्याक प्रथम भाष्यगाथामें बतलाया गया है कि यह संक्रामक प्रस्थापक जीव अन्तर करनेके बाद प्रथम समयमें मोहनीय कर्मका संख्यात लक्ष वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध करता है तथा शेष कर्मोंका असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध करता है। (७९) १३२ संख्याक दूसरी भाष्यगाथा द्वारा उक्त जीव किन प्रकृतियोंका बन्ध करता है और किन प्रकृतियोंका बन्ध नहीं करता है यह स्पष्ट किया गया है। प्रकृतियोंका नाम निर्देश मूलमें किया ही है। (८०) १३३ संख्याक तीसरी भाष्यगाथा द्वारा भी पूर्वोक्त अर्थको विशेषरूपसे स्पष्ट किया गया है। मात्र अनुभागबन्धके विषयमें स्पष्ट करते हुए इसमें बतलाया है कि जिन कर्मोंके सर्वघाति स्पर्धकोंकी अपवर्तना होती है अर्थात् जिन १२ लब्धिकर्मांश प्रकृतियोंका देशघातीकरण कर आये हैं उनका यहाँ एक अन्तर्मुहूर्त पहलेसे लेकर द्विस्थानीय देशघाति स्पर्धकरूप ही बन्ध होता है। इस प्रकार उक्त दूसरी मूल सूत्रगाथाके प्रथम अर्थकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

आगे उसके दूसरे अर्थमें निबद्ध दो भाष्यगाथाओंमें से (८१) १३४ संख्याक प्रथम भाष्यगाथा द्वारा निद्रानिद्रा आदि तीन, छह नोकषाय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रका यह विवक्षित जीव नियमसे अवेदक होता है, क्योंकि इनमेंसे स्त्यानगृद्धित्रिककी प्रमत्तसंयतगुणस्थानमें, छह नोकषायोंकी अपूर्वकरणगुणस्थानके अन्तिम समयमें, अयशःकीर्तिकी अविरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें और नीचगोत्रकी संयतासंयत गुणस्थानमें उदयव्युच्छित्ति हो जाती है। इस भाष्यगाथामें अयशःकीर्ति नामका उल्लेख उपलक्षणरूपमें आया है। इससे नामकर्मकी अन्य जिन प्रकृतियोंका यहाँ उदय नहीं पाया जाता है उन सबको ग्रहण कर लेना चाहिये।

उक्त भाष्यगामें 'निद्रा' और 'प्रचला' शब्दका ग्रहण होनेसे यहाँ निद्रा और प्रचलाके उदयका भी प्रतिषेध किया गया है ऐसा समझना चाहिए। इसपर यह शंका होती है कि क्षीणकषायीके द्विचरम समयमें इन दोनों प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति होती है ऐसी अवस्थामें इन कर्मोंका उदयाभाव यहाँ कैसे माना जा सकता है? समाधान यह है कि ध्यानकी भूमिका होनेसे यहाँ पहलेसे ही इन दो कर्मोंका अव्यक्त उदय पाया जाता है। साथ ही उपयोग विशेषके कारण इनके अनुभागकी शक्ति क्षीण होती रहती है, इसलिए इनका उदय अनुदयके समान होनेसे यहाँ इनका उदय नहीं है ऐसा ग्रहण करना चाहिए। प्रारम्भसे लेकर उत्तरोत्तर यह जीव मोक्षमार्गमें आरूढ कैसे होता है और आगे कैसे बढ़ता है यह इसकी प्रक्रिया है जो हृदयंगम करने योग्य है।

उक्त दूसरी मूल सूत्र गाथाके दूसरे अर्थमें निबद्ध (८२) १३५ संख्याक दूसरी भाष्यगाथाद्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि यह जीव तीनों वेद, दो वेदनीय, आभिनिबोधिक आदि चार ज्ञान और चार संज्वलन इन कर्मोंका भजनीयपनेसे वेदन करता है शेष जिन कर्मोंका यहाँ उदय पाया जाता है उनका नियमसे वेदन करता है। यहाँ चारों ज्ञानावरणोंके विषयमें ऐसा जानना चाहिये कि इन कर्मोंका जिनके उत्कृष्ट क्षयोपशम होता है उनके इनके देशघाति स्पर्धकोंका ही उदय होता है और जिनके इनका उत्कृष्ट क्षयोपशम नहीं होता है उनके इनके देशघाति स्पर्धकोंके साथ विवक्षित सर्वघाति स्पर्धकोंका भी उदय पाया जाता है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

अब उक्त दूसरी मूल गाथाके तीसरे अर्थमें जो छह भाष्य गाथाएँ आई हैं उनमेंसे (८३-१३६) क्रमांक प्रथम भाष्य गाथा द्वारा नपुंसक वेद आदि प्रकृतियोंका आनुपूर्वी संक्रम स्वीकार करके लोभ संज्वलनका असंक्रम स्वीकार किया गया है। स्पष्टीकरण पहले कर ही आये हैं।

आगे इसी अर्थका (८४) १३७ संख्याक दूसरी भाष्य गाथा द्वारा तथा (८५) १३८ संख्याक तीसरी गाथा द्वारा और (८६) १३९ संख्याक चौथी भाष्य गाथा द्वारा आनुपूर्वी संक्रमका विशेषरूपसे निर्देश करके चौथी गाथामें इन कर्मोंका प्रतिलोम संक्रम नहीं होता यह स्पष्ट किया गया है। आगे (८७) १४० संख्याक पाँचवीं भाष्य गाथा द्वारा संक्रमके विषयमें नियम करते हुए बतलाया गया है कि जिस प्रकृतिका बन्ध हो रहा हो उसीमें बध्यमान और अबध्यमान सजातीय प्रकृतियोंका उत्कर्षण होकर वहीं तक संक्रम होता है। जितना उसका स्थितिबन्ध हो रहा है। उससे अधिक दूरस्थितिमें संक्रम नहीं होता। आगे (८८) १४१ संख्याक छठी भाष्य गाथा द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि आगेकी संज्वलन कषायका वेदन करते समय पिछली कषायके नवकबन्धको उसमें संक्रमित करता है।

(८९) १४२ संख्याक तीसरी मूल गाथा द्वारा प्रदेश और अनुभाग विषयक बन्ध, संक्रम और उदय कौन किस रूपमें होते हैं इत्यादि विषयक जिज्ञासा की गई है। इसकी चार भाष्यगाथाएँ हैं। उनमेंसे (९०) १४३ संख्याक प्रथम भाष्य गाथा द्वारा बन्ध, उदय और संक्रम इनमें क्रमसे अनन्तगुणित श्रेणिरूपसे अनुभाग होनेका नियम किया गया है। तथा (९१) १४४ संख्याक भाष्य गाथा द्वारा क्रमसे इन्हीं तीनोंमें प्रदेशोंकी प्राप्ति असंख्यातगुणित श्रेणिरूपसे होती है यह नियम किया गया है। आगे (९२) १४५ संख्याक भाष्यगाथा द्वारा यह नियम किया गया है कि वर्तमान बन्धसे उसी समय होनेवाला उदय अनन्तगुणा होता है। किन्तु इससे अगले समय जितने अनुभागका उदय होता है उससे वर्तमान कालीन अनुभागबन्ध अनन्तगुणा होता है। (९३) १४६ संख्याक चौथी भाष्यगाथा द्वारा यह बतलाया गया है कि प्रत्येक समयमें यह जीव अनुभागकी अपेक्षा उत्तरोत्तर अनन्तगुणित हीन अनुभागका वेदक होता है और प्रदेशोंकी अपेक्षा उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे श्रेणिरूपसे प्रदेश पुञ्जका वेदक होता है।

(९४) १४७ संख्याक चौथी मूलगाथा द्वारा यह जिज्ञासा की गई है कि अगले-अगले समयमें बन्ध, संक्रम और उदय स्वस्थानकी अपेक्षा अधिक, हीन या समान किसरूपमें होते हैं। इसकी तीन भाष्यगाथाएँ हैं। (९५) १४८ संख्याक प्रथम भाष्यगाथामें यह बतलाया गया है कि बन्ध और उदयकी अपेक्षा अनुभाग अगले-अगले समयमें अनन्तगुणा हीन होता है। किन्तु संक्रम भजनीय है। कारण कि एक अनुभागकाण्डकके पतन काल तक सदृशरूपसे अनुभागसंक्रम होता है। किन्तु अनुभाग काण्डकका पतन होनेपर अगले अनुभागकाण्डकमें अनुभाग संक्रम अनन्तगुणा हीन हो जाता है। आगे भी इसी प्रकार जानना चाहिये। (९६) १४९ संख्याक दूसरी भाष्यगाथा द्वारा यह बतलाया गया है कि प्रदेशपुंजकी अपेक्षा संक्रम और उदय अगले-अगले समय असंख्यातगुणित श्रेणिरूपसे प्रवृत्त होते हैं। किन्तु बन्ध प्रदेशपुंजकी अपेक्षा भजनीय है। कारण कि योगके अनुसार बन्धको प्राप्त होनेवाले प्रदेशपुंजमें चार प्रकारकी वृद्धि, चार प्रकारकी हानि और अवस्थान देखा जाता है। आगे (९७) १५० संख्याक तीसरी भाष्यगाथा द्वारा यह नियम किया गया है कि प्रति समय यह जीव उत्तरोत्तर अनन्तगुणे अनुभागका और असंख्यातगुणे प्रदेशपुञ्जका वेदन करता है।

(९८) १५१ संख्याक पाँचवीं मूल गाथा है। इसमें अन्तर करते हुए स्थिति और अनुभागका अपकर्षण और उत्कर्षण दोनों किस विधिसे होते हैं आदि विषयक जिज्ञासा की गई है। इसकी तीन भाष्यगाथाएँ हैं। (९९) १५२ संख्याक प्रथम भाष्यगाथा द्वारा जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपको बतलाकर अनन्त अनुभागोंमें जघन्य अपकर्षणको यथाविधि घटित करनेकी सूचना कर चूर्णिसूत्रों द्वारा निर्व्याघातविषयक अपकर्षणसम्बन्धी पूरे विषयपर प्रकाश डाला गया है। इसे विशदरूपसे समझनेके लिये पृ० २८१ के विशेषार्थपर दृष्टिपात करना चाहिये। (१००) १५३

संख्याक भाष्यगाथा द्वारा संक्रम और उत्कर्षणके विषयमें प्रकाश डालते हुए बतलाया गया है कि जिस कर्मका संक्रम और स्थिति-अनुभागकी अपेक्षा उत्कर्षण होता है वह भी एक आवलि काल तक तदवस्थ रहता है। तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार नूतन बन्ध अपने बन्ध समयसे लेकर एक आवलि कालतक तदवस्थ रहता है उसी प्रकार संक्रमित और उत्कर्षित होनेवाले द्रव्यके विषयमें भी जानना चाहिये। उनका एक आवलि काल तक दूसरे प्रकारकी क्रियारूप परिणमन नहीं होता, उतने काल तक न तो उनका उत्कर्षण ही हो सकता है, न अपकर्षण ही हो सकता है और न ही संक्रमण हो सकता है। (१०१) १५४ संख्याक तीसरी भाष्यगाथा द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जिस प्रदेशपुञ्जका अपकर्षण होता है वह अपने अपकर्षण होनेके प्रथम समयके बाद अनन्तर समयमें ही उसका उत्कर्षण भी हो सकता है, अपकर्षण भी हो सकता है, संक्रमण भी हो सकता है, उदय भी हो सकता है और ये सब न होकर वह अपकर्षित प्रदेशपुञ्ज तदवस्थ भी रह सकता है। यहाँ चूर्णिसूत्रमें जो 'ट्ठिदीहि वा अणुभागेहि वा' पद आया है सो उसका यह आशय है कि जो कर्मप्रदेशोंका अपकर्षण होता है वह स्थिति और अनुभागमुखसे ही होता है।

(१०५) १५५ संख्याक मूल गाथा स्थिति और अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणके जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेप और अतिस्थापनाके प्रमाणको सूचित करती है। इसकी (१०६) १५६ संख्याक एक भाष्यगाथा है। इसमें जितने पद आये हैं उनका आशय इस प्रकार है—

(१) एक स्थिति विशेषका उत्कर्षण जघन्यसे आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थिति-विशेषोंमें होता है। यथा—जिसने प्राक्तन सत्कर्मकी अग्रस्थितिसे एक आवलिके असंख्यातवें भागसे अधिक एक आवलिप्रमाण अधिक स्थिति बन्ध किया है वह प्राक्तन अग्रस्थितिका उत्कर्षण करते हुए उसके आगे एक आवलिप्रमाण स्थितिको अतिस्थापनारूपसे स्थापित करके उसके आगे अन्तिम एक आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितियोंमें उस अग्रस्थितिका निक्षेप करता है। (यहाँ निर्व्याघात विषयक प्ररूपणा होनेसे अतिस्थापना एक आवलिप्रमाण कही गई है।)

यह जघन्य निक्षेप है। पुनः इससे आगे निक्षेपमें उत्तरोत्तर वृद्धि होती जाती है। किन्तु आबाधाके ऊपरकी स्थितिका उत्कर्षण करनेपर अतिस्थापना सर्वत्र एक आवलिप्रमाण ही रहती है। मात्र प्राक्तन स्थितिके आबाधाके भीतरकी सत्त्वस्थितिका उत्कर्षण करनेपर यथा सम्भव स्थानसे लेकर अतिस्थापनामें वृद्धि होती जाती है। इस विधिसे जो उत्कृष्ट निक्षेप और उत्कृष्ट अतिस्थापना प्राप्त होती है उसका निर्देश करते हुए बतलाया है कि कषायोंकी अपेक्षा उत्कृष्ट निक्षेप चार हजार वर्ष और एक समय अधिक एक आवलिसे न्यून चालीसकोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण प्राप्त होता है तथा चार हजार वर्षमेंसे एक समय अधिक एक आवलिकम कर देनेपर उत्कृष्ट अतिस्थापना एक समय अधिक एक आवलिकम चार हजार वर्ष प्रमाण प्राप्त होती है। खुलासा इस प्रकार है—

किसी जीवने उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेके बाद बन्धावलिके व्यतीत होनेके प्रथम समयमें उसके प्रदेशपुंजका अपकर्षण कर नीचे निक्षिप्त किया। पुनः दूसरे समयमें उदयावलिके बाहरका प्रथम निषेक उदयावलिमें प्रविष्ट हो गया है, इसलिये उससे अगले निषेकको अपकर्षण करनेके दूसरे समयमें उत्कर्षित करके उस समय उत्कृष्ट स्थितिके साथ बन्धको प्राप्त होनेवाले कर्मकी आबाधाके बादकी स्थितियोंमें निक्षिप्त करनेपर उक्त प्रमाण उत्कृष्ट निक्षेप चार हजार वर्ष और एक समय अधिक एक आवलिकम चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण प्राप्त होता है। यहाँ उत्कर्षित प्रदेशपुञ्जका तत्काल बन्धस्थितिके चार हजार वर्षप्रमाण आबाधामें निक्षेप नहीं हुआ है, इसलिये उत्कृष्ट निक्षेपमेंसे चार हजार वर्ष तो ये कम हो गये हैं और जिस विवक्षित स्थितिके प्रदेशपुंजका

उत्कर्षण किया गया है उसकी नीचे एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण शक्तिस्थिति गल गई है, इसलिये उत्कृष्ट निक्षेपमेंसे इतनी स्थिति ये कम हो गई है, अतः इस विधिसे विचार करनेपर प्रकृतमें उत्कृष्ट निक्षेप चार हजार वर्ष और एक समय अधिक एक आवलि कम चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण प्राप्त होता है यह सिद्ध हुआ।

यहाँ प्रकृत अतिस्थापना कितनी प्राप्त होगी इसका विचार करनेपर वह एक समय अधिक एक आवलि कम चार हजार वर्षप्रमाण प्राप्त होती है। कैसे ? वही कहते हैं—जिस समय यह जीव प्राक्तन स्थितिका उत्कर्षण कर रहा है उस समय तक उस स्थितिमेंसे एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण स्थिति गल गई है, अतः तत्काल जिस उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें वह प्राक्तन विवक्षित स्थितिका उत्कर्षण कर रहा है उसकी उत्कृष्ट आबाधाकालमेंसे एक समय अधिक एक आवलि कम हो जानेसे उत्कृष्ट अतिस्थापना एक समय अधिक एक आवलि कम चार हजार वर्ष प्रमाण प्राप्त होती है यह निश्चित होता है। यह कषायप्राभृतचूर्णि और उसकी जयधवला टीकाका अभिप्राय है।

किन्तु श्वेताम्बर कर्मप्रकृतिमें जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेपका प्रमाण उक्त प्रमाण मान कर भी उसे घटित करनेकी प्रक्रिया भिन्न प्रकारसे स्वीकार की गई है। उसकी मूल गाथा है—

आवलि असंखभागाई जाव कम्मट्ठिइ त्ति णिक्खेवो।
समउत्तरावलियाए साबाहाए भवे ऊण ॥२॥उपशामना अ०

इसका आशय है कि आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितियाँ जघन्य निक्षेपरूप होती हैं और आबाधासहित एक समय अधिक एक आवलिकम उत्कृष्ट स्थितियाँ उत्कृष्ट निक्षेपरूप होती हैं।

यहाँ इसकी चूर्णिमें लिखा है कि जघन्य निक्षेपको प्राप्त करनेके लिये सत्त्वस्थितिमेंसे एक आवलिके असंख्यातवें भागसे अधिक एक आवलिप्रमाण स्थिति नीचे उतरकर जिस स्थितिका उद्वर्तन करता है उसकी अतिस्थापना एक आवलिप्रमाण और निक्षेप आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होता है। पुनः इसके आगे अतिस्थापना एक आवलिप्रमाण ही रहती है मात्र उत्तरोत्तर नीचेकी स्थितियोंका उत्कर्षण करानेपर निक्षेप बढ़ता जाता है। इस विधिसे निक्षेप उत्कृष्ट आबाधासहित एक समय अधिक एक आवलिकम उत्कृष्ट कर्मस्थितिप्रमाण बन जाता है। इसकी चूर्णिमें कहा भी है—

बंधावलियाए गयाए बितियसमए उवट्टेति। एवं समउत्तरिआ आवलिया गया, अबाहाए निक्खेवो णत्थि त्ति अबाहा य तहा, तेण समउत्तराए आवलिआए साबाहाए ऊणा भवति।

इसपर विचार करनेपर भी वही आशय फलित होता है जिसे क० चू० और उसकी जयधवला टीकामें स्वीकार किया गया है। किन्तु

मलयगिरिने इसकी इस प्रकार व्याख्या की है—

अबाधोपरिस्थस्थितीनामुद्वर्तना भवति। तत्राबाधाया उपरितने स्थितिस्थाने उद्वर्त्यमानेऽबाधाया उपरि दलिकनिक्षेपो भवति नाबाधाया मध्येऽपि, उद्वर्त्यमानदलिकस्थोद्वर्त्यमानस्थितेरूर्ध्वमेव निक्षेपात्। तत्राप्युद्वर्त्यमानस्थितेरुपरि आवलिकामात्रा स्थितीरतिक्रम्योपरितनीषु स्थितीषु सर्वासु दलिकनिक्षेपो भवति। अतोऽतीत्थापनावलिकामुद्वर्त्यमानां च समयमात्रां स्थितिमबाधां च वर्जयित्वा शेषा सर्वापि कर्मस्थितिरुत्कृष्टो दलिकनिक्षेपविषयः।

अबाधाके ऊपरकी स्थितियोंकी उद्वर्तना होती है। उसमें भी अबाधाके ऊपरकी स्थितिस्थानके उद्वर्तना करनेपर अबाधाके ऊपर दलिकका निक्षेप होता है, अबाधामें नहीं, क्योंकि

उद्वर्त्यमान दलिकका उद्वर्त्यमान स्थितिसे आगेकी स्थितियोंमें निक्षेप होता है। इसलिए आवलिका-रूप अतीस्थापना, उद्वर्त्यमान समयमात्र स्थिति और अबाधाको छोड़ कर शेष सम्पूर्ण कर्मस्थिति उत्कृष्ट दलिकनिक्षेपका विषय होती है।

इस व्याख्यामें एक तो आबाधाके अनन्तर समयमें स्थित स्थितिका उद्वर्तन कराया गया है। दूसरे अतिस्थापना एक आवलिमात्र रखी गई है और इस प्रकार उत्कृष्ट निक्षेप प्राप्त किया गया है। किन्तु इस व्याख्याके अनुसार श्वे० कर्मप्रकृति चूर्णिमें जो यह कहा गया है कि बन्धावलियाए गयाए विदियसमये उवट्टेति, अर्थात् बन्धावलिके जानेपर दूसरे समयमें उद्वर्तित करता है इस वचनका समर्थन नहीं होता, क्योंकि उक्त चूर्णिमें बन्धावलिके जानेपर दूसरे समयमें उद्वर्तित करता है यह कहा गया है और मलयगिरि कहते हैं कि 'अबाधोपरिस्थस्थितीनामुद्वर्तना भवति' अर्थात्, आबाधाके ऊपर स्थित स्थितियोंकी उद्वर्तना होती है। यहां यदि उक्त चूर्णिकी मलयगिरि कृत व्याख्याको ही समीचीन मान लिया जाय तो या तो उक्त चूर्णिमें बन्धावलिके बाद अनन्तर समयमें उद्वर्तना करता है यह कहना चाहिये था या फिर मलयगिरिने उक्त चूर्णिकी जो व्याख्या की है उसे समीचीन नहीं माना जाना चाहिये। स्पष्ट है कि यहाँपर मलयगिरिने उक्त चूर्णिकी जो व्याख्या की है वह विचारणीय अवश्य है। अतः प्रकृतमें उत्कृष्ट निक्षेपको प्राप्त करते समय कषायप्राभृत चूर्णिकी जो व्याख्या जयधवला टीकामें की गई है वही समीचीन है। इससे एक समय अधिक एक आवलिसे न्यून उत्कृष्ट आबाधाप्रमाण निर्व्याघातविषयक उत्कृष्ट अतिस्थापना भी प्राप्त हो जाती है। साथ ही मलयगिरिने श्वे० क० चू० की व्याख्या करते हुए अल्पबहुत्वके प्रसंगसे जो स्थितिविषयक उत्कृष्ट अतिस्थापनाको 'तस्या उत्कृष्टाबाधारूपत्वात्' लिखकर जो उत्कृष्ट आबाधाप्रमाण लिखा है उसकी (जयधवलाकथित उक्त व्याख्याके मान लेनेपर ही) एक प्रकारसे संगति बैठ सकती है। वैसे उत्कृष्ट अतिस्थापनाका प्रमाण उत्कृष्ट आबाधाप्रमाण नहीं प्राप्त होकर वह एक समय अधिक एक आवलिसे न्यून उत्कृष्ट आबाधाप्रमाण ही प्राप्त होता है। स्पष्टीकरण पूर्वमें किया ही है।

आगे उक्त अपकर्षण और उत्कर्षणविषयक प्ररूपणाको ध्यानमें रखकर अल्पबहुत्वका निर्देश किया गया है।

आगे (१०४) १५७ संख्याक सातवीं मूलगाथा स्थिति और अनुभागविषयक अपकर्षण, उत्कर्षण और अवस्थान कितना होता है इसका स्पष्टीकरण करनेके लिये आई है। इसकी चार भाष्य गाथाएँ हैं। (१०५) १५८ संख्याक प्रथम भाष्य गाथा द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि सत्त्वस्थितिका अपकर्षण बन्धकी अपेक्षा कम, अधिक या समान किसी भी प्रकारकी सत्त्वस्थितिके होनेमें कोई बाधा नहीं आती, क्योंकि अपकर्षण उदयावलिबाह्य किसी भी सत्त्वस्थितिका उसीमें होता है, इसमें अपकर्षणके समय उसी कर्मके बन्धकी अपेक्षा नहीं रहती। मात्र उत्कर्षण उदयावलि बाह्य सत्त्वस्थितिका उसकी बन्ध स्थितिमें ही होता है, इसलिए इसमें जो सत्त्वस्थिति तत्काल बन्धस्थितिसे कम प्रमाणवाली है या समान प्रमाणवाली है उसीका सम्भव है, बन्ध स्थितिसे अधिक सत्त्व स्थितिका उत्कर्षण सम्भव नहीं है। यह इस भाष्यगाथाका मथितार्थ है।

यह सत्त्वस्थितिविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणका विचार है। आगे (१०६) १५९ संख्यक दूसरी भाष्यगाथा द्वारा अनुभागका विचार करते हुए इसका दो प्रकारसे विचार किया गया है—एक बन्धानुलोमकी अपेक्षा और दूसरा सद्भावकी अपेक्षा। गाथासूत्रके रचनाको लक्ष्यमें रखकर स्थितिको माध्यम बना कर जो उत्कर्षण और अपकर्षण विषयक प्ररूपणा की जाती है वह बन्धानुलोम प्ररूपणा कहलाती है। यह स्थूल स्वरूप है। तथा जिसमें स्थितिकी विवक्षा किये

बिना अनुभागकी प्रधानतासे उत्कर्षण और अपकर्षणकी मीमांसा की जाती है वह सद्भावसंज्ञक प्ररूपणा कहलाती है। यह सूक्ष्मस्वरूप होती है। उनमें प्रथम प्ररूपणाके अनुसार विचार करते हुए लिखा है कि उदयावलिमें प्रविष्ट हुए अनुभागको छोड़कर शेष सब अनुभागस्पर्धकोंका अपकर्षण और उत्कर्षण होना सम्भव है। परन्तु परमार्थसे यह सम्भव नहीं है, क्योंकि अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणकी जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपप्रमाण स्पर्धकोंको छोड़कर शेष स्पर्धकोंमें उनकी प्रवृत्ति होती है। अतः बन्धानुलोम प्ररूपणाको प्रकृतमें स्थूलस्वरूप कहा गया है। सद्भावप्ररूपणाकी अपेक्षा विचार करनेपर प्रथम स्पर्धकसे लेकर अनन्त स्पर्धकोंका अपकर्षण नहीं होता, क्योंकि उनकी अतिस्थापना और निक्षेपका प्राप्त होना सम्भव नहीं है, इसलिए जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपप्रमाण अनुभागस्पर्धकोंको छोड़ कर इनसे ऊपरके स्पर्धकोंका अपकर्षण होता है। यह अपकर्षणविषयक सद्भावप्ररूपणा है जो सूक्ष्मस्वरूप है।

उत्कर्षणकी अपेक्षा विचार करनेपर अन्तिम स्पर्धकका उत्कर्षण नहीं होता। इस प्रकार इस स्पर्धकसे अनन्त स्पर्धक नीचे उतर कर जो स्पर्धक अवस्थित हैं उन सबका उत्कर्षण हो सकता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसीलिये इसे सूक्ष्मस्वरूप स्वीकार किया गया है।

आगे इनकी अल्पबहुत्वविधिकी प्ररूपणा करते हुए (१०७) १६० तीसरी भाष्यगाथा द्वारा उपशम और क्षपकश्रेणिमें अपकर्षण, उत्कर्षण और अवस्थानविषयक अल्पबहुत्वको स्पष्ट किया गया है। यहाँ (१०४) १५७ संख्याक मूल गाथामें वृद्धि और हानि ये शब्द आये हैं सो उनसे क्रमशः उत्कर्षण और अपकर्षणका ग्रहण किया गया है। तथा जिन स्पर्धकोंका उत्कर्षण और अपकर्षण नहीं होता उनकी अवस्थान संज्ञा है।

आगे (१०८) १६१ संख्याक चौथी भाष्य गाथा द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि कृष्टि करणसे रहित कर्मोंमें अपवर्तना और उद्वर्तना दोनों होते हैं। कृष्टिकरणमें अपवर्तना ही होती है, क्योंकि कृष्टिकरणसे लेकर ऊपर सर्वत्र उद्वर्तना नहीं होती। यह क्षपकश्रेणिकी अपेक्षा जानना चाहिये। उपशमश्रेणिमें भी इसी प्रकार जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि उपशमश्रेणिमें उतरते समय सूक्ष्मसाम्परायके प्रथम समयसे लेकर अनिवृत्तिकरणके प्रथम समय तक अपवर्तना ही होती है। पुनः इससे नीचे उतरते हुए सर्वत्र अपवर्तना और उद्वर्तना दोनों ही होते हैं। उपशमना अधिकारमें सूक्ष्मसाम्परायमें जो मोहनीयकी उद्वर्तना कही गई है सो वह शक्तिकी अपेक्षा कही गई है।

इस प्रकार प्रकृतमें सात मूल गाथाओं और उनकी भाष्यगाथाओंकी विवेचना कर पहले जो अश्वकर्णकरणकी प्ररूपणाको स्थगित कर आये हैं, आगे उसकी प्ररूपणा करते हैं—

अश्वकर्णकरणप्ररूपणा

अश्वकर्णकरणके तीन पर्यायवाची नाम हैं—अश्वकरण, आदोलकरण और उद्वर्तन-अपवर्तनकरण। यह अश्वके कर्णके समान होता है, अतः इसकी अश्वकर्णकरण संज्ञा है। जैसे घोड़ेके कान मूलसे लेकर दोनों ओर क्रमसे घटते जाते हैं वैसे ही क्रोध संज्वलनसे लेकर अनुभाग स्पर्धक रचना क्रमसे अनन्तगुणी हीन होती जाती है, इसी कारण इसकी संज्ञा अश्वकर्णकरण है। आदोल हिंडोलनाको कहते हैं। उसके समान करणकी आदोलकरण संज्ञा है। जैसे हिंडोलेके खम्भे और रस्सी अन्तरालमें कर्णरेखाके आकाररूपसे दिखाई देते हैं उसी प्रकार यहाँपर भी क्रोधादि कषायोंके अनुभागकी रचना क्रमसे दोनों ओर घटती हुई दिखाई देती है, इसलिए इसकी आदोलकरण संज्ञा है। इसी प्रकार, अपवर्तना-उद्वर्तनाकरण यह भी इसका सार्थक नाम है।

जब यह जीव पुरुषवेदके पुराने सत्कर्मके साथ छह नोकषायोंका क्रोधसंज्वलनमें संक्रमण करके उनकी स्वरूपसे निर्जरा कर देता है और तदनन्तर प्रथम समयमें अवेदभावको प्राप्त हो जाता है तब यह जीव उस समय अश्वकर्णकरणका कारक होता है। वहाँसे लेकर क्रोधादि संज्वलन कषायोंके अनुभाग सत्कर्मका काण्डकघात द्वारा अश्वकर्णकरणके आकारसे करनेके लिये आरम्भ करता है। ऐसा करते हुए उसके मानमें सबसे थोड़ा अनुभागसत्कर्म होता है, क्रोधमें उससे विशेष अधिक अनुभागसत्कर्म होता है, मायामें उससे विशेष अधिक अनुभागसत्कर्म होता है और लोभमें उससे विशेष अधिक अनुभागसत्कर्म होता है। यहांपर विशेष अधिकका प्रमाण अनन्त अनुभाग स्पर्धक हैं। उसके अनुभागबन्ध भी उक्त कर्मोंमें इसी विधिसे प्रवृत्त होता है। परन्तु ऐसा करते हुए पातके लिये काण्डकको आरम्भ करता हुआ वह क्रोधमें अपने सत्कर्मके अनन्तवें भागप्रमाण सबसे थोड़े स्पर्धक ग्रहण करता है, मानमें उससे विशेष अधिक स्पर्धक ग्रहण करता है, मायामें उससे विशेष अधिक स्पर्धक ग्रहण करता है और लोभमें विशेष अधिक स्पर्धक ग्रहण करता है। ऐसा करनेसे उसके लोभादि परिपाटीके अनुसार अश्वकर्णकरणके आकारसे अवस्थान बन जाता है। इस हिसाबसे उसके लोभमें सबसे थोड़े स्पर्धक शेष रहते हैं। मायामें उनसे अनन्तगुणे स्पर्धक शेष रहते हैं, मानमें उनसे अनन्तगुणे स्पर्धक शेष रहते हैं और क्रोधमें उनसे अनन्तगुणे स्पर्धक शेष रहते हैं। यहाँ इन चारों संज्वलनोंका जो अनुभाग शेष रहा उसे जयधवला टीकामें अंक संदृष्टि-द्वारा स्पष्ट किया ही गया है। इसके लिये टीका पृष्ठ ३२८ और उसे स्पष्ट करनेके लिये दिया गया विशेषार्थ देखिये।

यह अश्वकर्णकरणरूप अनुभागके करनेपर प्रथम समयमें जो स्थिति बनती है तत्सम्बन्धी प्ररूपणा है। इस प्रकार क्षपक अनिवृत्तिकरणमें जिस समय इस जीवने अश्वकर्णकरणरूप क्रिया सम्पन्न की उसी समय पूर्व स्पर्धकोंसे अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है। संसार अवस्थामें जो कभी भी नहीं प्राप्त हुए, किन्तु क्षपक श्रेणिमें अश्वकर्णकरणके कालमें जो प्राप्त किये गये और पूर्वस्पर्धकोंमेंसे अनन्तगुणी हानि द्वारा अपवर्तन करके प्राप्त हुए हैं उनकी अपूर्व स्पर्धक संज्ञा है।

यहाँ यह प्रश्न होता है कि पूर्व स्पर्धकोंमेंसे अनन्तगुणी हानि द्वारा अपवर्तन होकर जो अनुभाग प्राप्त होता है उनको यहाँ कृष्टि क्यों नहीं कहा गया है। समाधान यह है कि यहाँ इस विधिसे जो अनुभाग प्राप्त होता है उनमें स्पर्धकका लक्षण घटित हो जानेसे उन्हें कृष्टि नहीं कहा गया है, क्योंकि कृष्टिगत जो अनुभाग होता है उसमें स्पर्धकके लक्षणके अनुसार क्रम वृद्धि और क्रमहानि नहीं पाई जाती। जब कि इस प्रकार अश्वकर्णकरणके द्वारा प्राप्त हुए अनुभागमें क्रमवृद्धि और क्रम हानि अभी भी बनी हुई है, इसलिये इस अनुभागकी कृष्टि संज्ञा न कहकर इसे अपूर्व स्पर्धक कहा गया है। अब आगे इसी विषयको स्पष्ट किया जाता है—

कर्म दो प्रकारके है—देशघाति और सर्वघाति। उनमेंसे देशघाति कर्मोंकी आदि वर्गणा समान होती है, क्योंकि लतासमान जघन्य स्पर्धकस्वरूपसे उसकी रचना होती है। इसी प्रकार सर्वघाति कर्मोंकी मिथ्यात्वको छोड़कर शेष सब कर्मोंकी आदि वर्गणा समान होती है, क्योंकि दारु समान अनुभागके अनन्तवें भागरूप देशघाति स्पर्धकोंके समाप्त होनेपर वहाँसे आगे सर्वघाति जघन्य स्पर्धकसे लेकर उन सर्वघाति कर्मोंके अनुभागकी रचनाका अवस्थान प्राप्त होता है। इतना अवश्य है कि मिथ्यात्व सर्वघाति जघन्य स्पर्धककी आदि वर्गणा शेष सर्वघाति कर्मोंकी आदि वर्गणाके समान नहीं होती, क्योंकि जहाँ सम्यक्त्व प्रकृतिका उत्कृष्ट देशघाति स्पर्धक समाप्त होता है उससे आगे सम्यग्मिथ्यात्व सर्वघाति प्रकृतिके जघन्य स्पर्धककी आदि वर्गणा प्रारम्भ होती है। इसलिये यह मिथ्यात्वको छोड़कर शेष सर्वघाति सब कर्मोंकी आदि वर्गणाके समान बन जाती है। पुनः सर्वघाति जघन्य स्पर्धकसे लेकर अनन्त स्पर्धक आगे जानेपर वहाँ सम्यग्मिथ्यात्व

प्रकृतिके स्पर्धक समाप्त होते हैं, क्योंकि दारुसमान सर्वघाति अनन्तवें भागमें ही उनकी आदि और समाप्ति देखी जाती है। पुनः इसके आगे अनुभागस्पर्धकसे लेकर मिथ्यात्वके अनुभागकी रचना प्रारम्भ होती है।

इस प्रकार चारों संज्वलनोंसम्बन्धी पूर्व स्पर्धकोंमें जो सबसे जघन्य स्पर्धक है उसकी आदिवर्गणाके प्रदेशपुंजको अनुभागकी अपेक्षा अनन्तगुणा हीन करके उन कर्मोंके अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है। उसमें भी लोभसंज्वलनके प्रदेशपुंजके असंख्यातवें भागमें प्रथम देशघाति स्पर्धक-की अनन्तगुणहानि द्वारा अपवर्तित करके पूर्व स्पर्धकोंके अनन्तवें भागमें अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है। इस प्रकार जो अपूर्व स्पर्धक प्राप्त होते हैं उनके अन्तिम स्पर्धककी अन्तिम वर्गणामें जो अविभाग प्रतिच्छेद प्राप्त होते हैं वे प्रथम देशघाति स्पर्धककी आदि वर्गणाके अनन्तवें भागप्रमाण ही होते हैं। प्रथम समयमें किये गये ये सब अपूर्व स्पर्धक अनन्त होकर भी एक प्रदेश गुणहानिप्रमाण स्पर्धकोंके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं।

इन अपूर्व स्पर्धकोंमें अविभाग प्रतिच्छेदोंकी अपेक्षा विचार करनेपर प्रथम समयमें जो अपूर्व स्पर्धक किये जाते हैं उनमेंसे प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणामें सबसे कम अविभागप्रतिच्छेद होते हैं। उनसे दूसरे स्पर्धककी आदि वर्गणामें अनन्तवें भाग अधिक अविभागप्रतिच्छेद होते हैं। इस प्रकार क्रमसे जाकर द्विचरम स्पर्धककी आदि वर्गणाके अविभाग प्रतिच्छेदोंसे अन्तिम स्पर्धक-की आदि वर्गणा अनन्तवें भागप्रमाण विशेष अधिक होती है।

आगे अल्पबहुत्वकी दृष्टिसे विचार करनेपर प्रथम समयमें जितने स्पर्धकोंकी रचना की गई है उनमेंसे प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणा सबसे अल्प होती है। उससे अन्तिम अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणा अनन्तगुणी होती है। तथा उससे पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणा अनन्तगुणी होती है।

यहाँ लोभ संज्वलनके अपूर्व स्पर्धकोंकी जिस प्रकार प्ररूपणा की है उसी प्रकार माया, मान और क्रोधसंज्वलनके अपूर्व स्पर्धकोंकी प्ररूपणा कर लेनी चाहिये। यहाँपर इतनी विशेषता जाननी चाहिये कि अश्वकर्ण-करणके प्रारम्भमें पुरुषवेदके नवकबन्धका अनुभाग सम्भव है, पर उसके अनुभागकी न तो अपूर्व स्पर्धकरूपसे रचना ही होती है और न ही उसका काण्डकघात ही होता है, मात्र उसका जो एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवकबन्ध शेष रहता है उसकी निर्जराको छोड़कर अन्य कोई क्रिया नहीं होती।

इस विधिसे प्रथम समयमें जो अपूर्व स्पर्धक रचे जाते हैं वे क्रोधमें सबसे थोड़े होते हैं, मानमें विशेष अधिक होते हैं, मायामें विशेष अधिक होते हैं और लोभमें विशेष अधिक होते हैं। यहाँ विशेषका प्रमाण अनन्तवें भाग है। आशय यह है कि क्रोधके जितने अपूर्व स्पर्धक होते हैं उनमें अनन्तका भाग देनेपर जो एक भाग प्राप्त होता है, क्रोधके अपूर्व स्पर्धकोंसे मानके अपूर्व स्पर्धक उतने अधिक होते हैं। इसी प्रकार आगे भी समझ लेना चाहिये। और इस प्रकार अश्व-कर्णकरणके प्रथम समयमें जो अपूर्व स्पर्धक निष्पन्न होते हैं उनमेंसे लोभसंज्वलनकी आदिवर्गणामें अविभागप्रतिच्छेद सबसे थोड़े होते हैं। उनसे मायाकी आदि वर्गणामें वे विशेष अधिक होते हैं। उनसे मानकी आदि वर्गणामें विशेष अधिक होते हैं और उनसे क्रोधकी आदि वर्गणामें वे विशेष अधिक होते हैं। इस प्रकार चारों ही कषायोंके जो अपूर्व स्पर्धक निष्पन्न होते हैं उनमें चारों ही कषायोंके अन्तिम आदि वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद समान होकर भी इन्हींके प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणाके अविभाग प्रतिच्छेदोंसे अनन्तगुणे होते हैं। इस तथ्यको अंक-संदृष्टि द्वारा विशेष समझनेके लिए इस भागके पृ० ३०३ की मूल टीका और विशेषार्थ द्रष्टव्य है।

अब कितने प्रदेशपुञ्जके द्वारा इन अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना होती है इसे स्पष्ट करते हुए बतलाया है कि अश्वकर्ण-करणकारकके प्रथम समयमें यह जीव जितने प्रदेशपुञ्जका अपकर्षण

करता है, उसकी अपेक्षा कर्मका अवहारकाल सबसे स्तोक होता है। अपूर्व स्पर्धकोंकी अपेक्षा एक प्रदेश गुणहानिका अवहारकाल असंख्यातगुणा होता है तथा इसकी अपेक्षा पल्योपमका प्रथम वर्गमूल असंख्यातगुणा होता है। इस प्रकार इस भागहार द्वारा लोभ संज्वलनके जो अपूर्व स्पर्धक प्राप्त होते हैं उनकी आदि वर्गणामें पूर्व स्पर्धकोंमेंसे अपकर्षित कर, बहुत प्रदेशपुंजको देता है। द्वितीय वर्गणामें विशेष हीन प्रदेश पुञ्ज देता है। इस विधिसे उत्तरोत्तर प्रत्येक वर्गणामें हीन-हीन प्रदेशपुञ्ज देता हुआ अन्तिम वर्गणामें विशेषहीन देता है। पुनः उससे पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें असंख्यातगुणा हीन प्रदेशपुञ्ज देता है और इस प्रकार यहाँ भी अन्तिम वर्गणाके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर विशेष हीन विशेष हीन प्रदेशपुञ्ज देता है।

यह तो अपकर्षण करके दीयमान प्रदेशपुञ्जकी व्यवस्था है। ऐसा करनेपर उन अपूर्व स्पर्धकों और पूर्व स्पर्धकोंमें किस प्रकार प्रदेशपुञ्ज दिखलाई देता है इसे स्पष्ट करते हुए बतलाया है कि उसी प्रथम समयमें अपूर्व स्पर्धकोंकी प्रथम वर्गणामें बहुत प्रदेशपुञ्ज दिखाई देता है। उससे पूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणा विशेष हीन प्रदेशपुञ्ज दिखाई देता है। यहाँ जिसप्रकार यह लोभ संज्वलनकी प्ररूपणा की है उसी प्रकार माया, मान और क्रोधसंज्वलनकी प्ररूपणा भी जाननी चाहिये।

इन स्पर्धकोंके उदयकी अपेक्षा विचार करनेपर उसी प्रथम समयमें तत्काल जो अनुभाग-सत्कर्म अपूर्व स्पर्धकरूपसे परिणत होता है उसके असंख्यातवें भागका अपकर्षण करके उदीरणा करनेवाले जीवके उदयस्थितिके भीतर सभी अपूर्व स्पर्धकोंसम्बन्धी अनुभागसत्कर्म पाया जाता है। और इसप्रकार पाये जानेपर सभी अपूर्व स्पर्धक उदीर्ण होते हैं यह कहा गया है। किन्तु इतनी विशेषता है कि अपूर्व स्पर्धकरूपसे परिणत पूरा सत्कर्म उदयरूप परिणत नहीं हुआ है, क्योंकि प्रत्येक स्पर्धकके प्रति अपूर्व स्पर्धकों सम्बन्धी सदृश धनवाले परमाणुओंके अवस्थित होने-पर उनमेंसे कितने ही परमाणुओंका उदय होनेपर भी शेष परमाणु उसी प्रकार अवस्थित रहते हैं। इसीलिए चूर्णिसूत्रमें यह कहा गया है कि उस प्रथम समयमें सभी स्पर्धक उदीर्ण भी होते है और अनुदीर्ण भी रहते हैं। इसीप्रकार पूर्व स्पर्धकोंकी अपेक्षा भी आदिसे लेकर अनन्तवां भाग उदीर्ण और अनुदीर्ण कहना चाहिये, क्योंकि उनमें भी सदृश धनवाले परमाणुओंमेंसे कितने ही परमाणु उदीर्ण होते हैं और कितने ही परमाणु अनुदीर्ण रहते हैं यह व्यवस्था बन जाती है।

बन्धकी अपेक्षा विचार करनेपर पूर्व स्पर्धकोंमेंसे प्रथम आदिके अपूर्व स्पर्धक निष्पन्न होते हैं वे लता समान पूर्व स्पर्धकोंके अनन्तवें भागस्वरूप प्रवृत्त होते हुए भी अनन्त गुणहानि द्वारा और भी कम अनुभागवाले होकर प्रवृत्त होते हैं ऐसा यहाँ समझना चाहिये।

यह अश्वकर्णकरण कारककी प्रथम समय सम्बन्धी प्ररूपणा है। दूसरे समयमें स्थितिकाण्डक, अनुभागकाण्डक और स्थितिबन्ध यद्यपि पहले समयके समान वही रहता है, परन्तु अनुभागबन्ध प्रथम समयके अनुभागबन्धसे अनन्तगुणा हीन होता है। तथा प्रथम समयकी अपेक्षा इस समय विशुद्धिमें वृद्धि होनेके कारण प्रथम समयमें जितने प्रदेशपुंजका अपकर्षण करके गुणश्रेणिकी रचना की थी उससे इस समय असंख्यातगुणे प्रदेश पुंजका अपकर्षण करके गुणश्रेणिकी रचना करता है।

यह प्रथम समयकी प्ररूपणा है। दूसरे समयमें प्रथम समयमें निष्पन्न अपूर्व स्पर्धकोंसे असंख्यातगुणे हीन नये अपूर्व स्पर्धकोंको निष्पन्न तो करता ही है। साथ ही प्रथम समयके अपूर्व स्पर्धकोंको भी निष्पन्न करता है। आशय यह है कि प्रथम समयमें एक प्रदेश गुणहानिके असंख्यातवें भागप्रमाण जिन अपूर्व स्पर्धकोंकी निष्पन्न किया था उनको उसी रूपमें दूसरे समयमें

भी निष्पन्न करता है। साथ ही इस समय उनसे असंख्यातगुणे हीन प्रकाशवाले दूसरे नये अपूर्व स्पर्धकोंको निष्पन्न करता है।

दूसरे समयके इन अपूर्व स्पर्धकोंमें जिस प्रदेशपुञ्जको निक्षिप्त करता है उसकी विधिकी प्ररूपणा इस प्रकार की गई है—दूसरे समयमें निष्पन्न हुए अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें सबसे अधिक प्रदेशपुंज विक्षिप्त करता है। दूसरी वर्गणामें विशेष हीन प्रदेशपुञ्ज निक्षिप्त करता है। इसी प्रकार आगे भी दूसरे समयमें जितने अपूर्व स्पर्धकोंकी निस्पन्न किया है उनकी अन्तिम वर्गणाके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर विशेष हीन विशेष हीन प्रदेशपुञ्ज देता है। पुनः उस अन्तिम वर्गणासे प्रथम समयमें जो अपूर्व स्पर्धक निष्पन्न किये थे उनकी आदि वर्गणामें असंख्यातगुणे हीन प्रदेशपुञ्जको देता है। दूसरी वर्गणामें विशेष हीन प्रदेशपुञ्ज देता है। इसी प्रकार आगे भी इन स्पर्धकोंकी अन्तिम वर्गणाके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर विशेष हीन प्रदेशपुञ्ज देता है। इस समय किये गये इसके बाद पूर्व स्पर्धकोंकी आदिवर्गणामें भी विशेष हीन प्रदेशपुञ्ज देता है। इसी प्रकार आगे सर्वत्र विशेष हीन, विशेष हीन प्रदेशपुञ्ज देता है।

यह तो प्राचीन पूर्व स्पर्धकोंसे प्रदेशपुञ्जका अपकर्षण करके इन अपूर्व और पूर्व स्पर्धकोंकी अधमादि वर्गणाओंमें किस विधिसे निक्षेप करता है इसका उहापोह किया। आगे वह दिखाई कैसा देता है इसका निर्देश करते हुए बतलाया है कि इन अपूर्व स्पर्धकों और पूर्व स्पर्धकोंकी एक एक वर्गणामें जो प्रदेशपुञ्ज दिखाई देता है वह अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें बहुत होता है। आगे शेष सब वर्गणाओंमें क्रमसे विशेष हीन, विशेष हीन होता है।

यह दूसरे समयकी प्ररूपणा है। तीसरे समयकी प्ररूपणा दूसरे समयकी प्ररूपणाके समान ही कर लेनी चाहिये। तथा इसी प्रकार प्रथम अनुभाग काण्डकके अन्तिम समय तक जाननी चाहिये क्योंकि यहाँ तक वही स्थितिकाण्डक है और वही अनुभाग सत्कर्म है। मात्र अनुभागबन्ध अनन्तगुणा हीन होता जाता है तथा गुणश्रेणि असंख्यातगुणी होती जाती है। यहाँ इतना विशेष समझना चाहिये कि प्रथम अनुभागकाण्डकका घात होनेपर जो अनुभागसत्कर्म शेष बचता है उसमें फरक है। जो इस प्रकार है—लोभसंज्वलनमें अनुभागसत्कर्म सबसे स्तोक होता है। उससे मायासंज्वलनमें अनुभागसत्कर्म अनन्तगुणा होता है। उससे मानसंज्वलनमें अनुभागसत्कर्म अनन्तगुणा होता है और उससे क्रोधसंज्वलनमें अनुभागसत्कर्म अनन्तगुणा होता है। आगे जब तक अश्वकर्ण करणका काल प्रवृत्त रहता है तब तक अनुभागसत्कर्म तथा अपूर्व स्पर्धक आदिके करनेका यही क्रम जानना चाहिये।

अश्वकर्ण करणके प्रथम समयमें जो अपूर्व स्पर्धक किये गये वे बहुत होते हैं। दूसरे समयमें किये गये अपूर्व स्पर्धक असंख्यातगुणे हीन होते हैं। इस प्रकार अश्वकर्ण-करण कालके भीतर प्रत्येक समयमें जो अपूर्व स्पर्धक किये गये वे उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे हीन होते जाते हैं। यहाँपर उत्तरोत्तर असंख्यातगुणा हीनका प्रमाण लानेके लिये गुणाकार पल्योपमके प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवें भागप्रमाण जानना चाहिये। आशय यह है कि दूसरे समयमें जो अपूर्वस्पर्धक किये जाते हैं उनमें जिन गुणकारोंका गुणा करनेपर प्रथम समयके अपूर्व स्पर्धकोंका प्रमाण उत्पन्न होता है वह पल्योपमके प्रथम वर्गमूल प्रमाण होता है। यह प्रथम समयकी प्ररूपणा है, शेष समयोंकी इसी प्रकार जानना चाहिये। आगे उन अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें अविभाग-प्रतिच्छेद इस रूपमें उत्पन्न होते हैं इस बातका ज्ञात करानेके लिये कहा है कि—

अन्तिम समयमें लोभ संज्वलनके अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें अविभागप्रतिच्छेद सबसे थोड़े होते हैं। दूसरे अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें अविभागप्रतिच्छेद दूने होते हैं। तीसरे

अपूर्वस्पर्धककी आदि वर्गणामें अविभागप्रतिच्छेद तिगुणे होते हैं। इसी प्रकार आगे भी अन्तिम अपूर्व स्पर्धकके प्राप्त होने तक जानना चाहिये। तथा इसी प्रकार माया, मान और क्रोधकी अपेक्षा भी कथन करना चाहिये।

यहां जो अविभागप्रतिच्छेदोंके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की है वह एक-एक परमाणुमें जो अनुभाग प्राप्त होता है उसकी अपेक्षा ही जाननी नाना परमाणुओंमें सदृश धनकी विवक्षासे यदि प्ररूपणा की जाती है तो प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणामें जितने अविभागप्रतिच्छेद होते है उनसे दूसरे स्पर्धककी आदि वर्गणामें कुछ कम दूने अविभाग प्रतिच्छेद प्राप्त होते हैं। आगे भी इसी प्रकार कुछ कम करते जाना चाहिये। आगे प्रकृतमें पूर्व और अपूर्व स्पर्धक तथा उनकी वर्गणाओंका प्रमाणविषयक निर्णय प्राप्त करनेके लिये अल्पबहुत्वका विधान कर अन्तर्मुहूर्त कालमें निष्पन्न होनेवाले अश्वकर्ण करणकी प्ररूपणा समाप्त की गई है।

फूलचन्द्र शास्त्री

७–११–८२

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
मूल सूत्रोंके विवरण करनेकी प्रतिज्ञा	१
उपशामनाके भेद और लक्षण	२
अकरणोपशामनाका विवेचन	३
[illegible]नाका निर्देश	५
देशकरणोपशामनाका विवेचन	८
सर्वकरणोपशामनाका विवेचन	९
किस कर्मकी उपशामना होती है इसका निर्देश	१०
प्रकृतमें दर्शन मोहकी उपशामना विवक्षित नहीं	१०
अनन्तानुबन्धीकी करणोउपशामना होती ही नहीं	११
बारह कषाय और नोकषायोंकी उपशामनाका क्रमनिर्देश	११
दृष्टिगत मात्र लोभसंज्वलनकी उपशामनाका निर्देश	१३
प्रदेशपुंजकी उपशामना विधिका निर्देश	१४
उदयावलि और बन्धावलिको छोड़कर शेष सब स्थितियोंकी उपशामनाका निर्देश	१५
अनुभागमें सब स्पर्धकों और सब वर्गणाओंकी उपशामनाका निर्देश	१६
प्रदेशसंक्रमके सम्बन्धमें विशेष निर्देश	१७
स्थितिसंक्रमके ,, ,,	२०
अनुभागसंक्रमके ,, ,,	२१
प्रदेश, स्थिति और अनुभाग उदीरणाके विषयमें विशेष विचार	२२
नपुंसकवेदकी उपशामनामें जो कार्य होते हैं उनका निर्देश	२३
दृष्टिवेदनकालमें बन्ध नहीं होता इसका निर्देश स्त्रीवेदकी उपशामनामें जो कार्य होते हैं उनका निर्देश	३१
आठ करणोंका नामोल्लेख करके किस कर्ममें कहाँ तक कौन करण होता है इसका निर्देश	३२
व्याघात और अव्याघातके भेदसे उपशामनाके दो भेदोंकी अपेक्षा कथन	४२
प्रतिपातके दो भेदोंकी अपेक्षा कथन	४५
प्रकृतमें उपशामनासे पतनके कारणका निर्देश	४७
पतन होनेपर सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें होनेवाले कार्योंमें तीनों लोभोंकी अपेक्षा मीमांसा	४८
बादरसाम्पराय गुणस्थानमें होनेवाले कार्योंका निर्देश	
उसमें सर्वप्रथम अनानुपूर्वी संक्रमकी सूचना तथा तीनों लोभोंसम्बन्धी अन्य कार्योंका निर्देश यहाँ होनेवाले क्रमसे स्थितिबन्धका निर्देश	५८
लोभवेदक कालके समाप्त होनेपर तीन भागके आलम्बनसे विशेष निर्देश	६१
इसके तीन लोभोंका जो गुणश्रेणिनिक्षेप होता है उसके विषयमें विशेष निर्देश	६१
एतद्विषयक शेष कर्मोंके विषयमें निर्देश	६२
इसके संक्रमके विषयमें विशेष निर्देश	६३
यहाँ स्थितिबन्धके विषयमें निर्देश	६३
मायावेदकके अन्तिम समयमें स्थितिबन्धका निर्देश	६४
माया वेदककालके समाप्त होनेपर मानवेदक कालके प्रथम समयमें कार्योंका निर्देश	६५
इसके प्रथम समयमें नौ प्रकारका संक्रमका निर्देश	६५
इसी समय होनेवाले स्थितिबन्धके विषयमें निर्देश	६६

मानवेदक कालके समाप्त होनेपर क्रोधवेदक कालके प्रथम समयमें होनेवाले कार्य ६६
इसके शेष कर्मोंके समान गुणश्रेणिनिक्षेप होनेकी सूचना ६७
इसके प्रथम समयमें बारह प्रकारकी कषायोंके संक्रामक निर्देश ६८
उसी समय होनेवाले स्थितिबन्धका निर्देश ६८
यहाँ कुछ काल बाद जो कर्म होते हैं उनका निर्देश ६९
तदनन्तर समयमें पुरुषवेदके बन्धका निर्देश ७०
इसी समय होनेवाले शेष कार्योंका निर्देश ७०
कुछ काल बाद स्त्रीवेदका अनुपशामक होता है इसका निर्देश ७१
इसी कालमें स्थितिबन्धका निर्देश ७३
कुछ काल बाद नपुंसकवेदका अनुपशामक होता है इसका निर्देश ७५
इसके अन्तर्मुहूर्त बाद होनेवाले स्थितिबन्धका निर्देश ७५
यहींसे होनेवाले द्विस्थानीय बन्ध और उदयका निर्देश ७७
उपशमश्रेणिसे गिरनेवालेको बन्धावलिके बाद उदीरणा होने लगनेका निर्देश ७७
प्रकृत विषयमें अभिप्रायान्तरका निर्देश ७७
अनिवृत्तिकरण गुणस्थानसे अनानुपूर्वी संक्रम और लोभका संक्रम होने लगनेका विधान ७८
यहाँसे लेकर होनेवाला स्थितिबन्ध-सम्बन्धी विशेष निर्देश ८०
आगे यत्स्थितिबन्ध सहित स्थितिबन्धके निर्देश करनेका विधान ८५
अपूर्वकरण गुणस्थानमें होनेवाले कार्योंका निर्देश ९२
अपूर्वकरणके प्रथम समयसे अप्रशस्त उपशामना करण आदिके उद्घाटित होनेका निर्देश ९२
यहींसे हास्यादिककी उदीरणा होने लगनेका विधान ९२
इस गुणस्थानके संख्यात बहुभागके जानेपर निद्रा प्रचलाके बन्ध होनेका निर्देश ९३
इसके बाद क्रमसे अधःप्रवृत्तकरणके प्राप्त होने पर अवस्थित अन्य गुणश्रेणी निक्षेपके प्रारम्भ करनेका विधान ९४
मात्र यहाँसे यह गुणहानिनिक्षेप हानि-वृद्धि और अवस्थानरूप होता है इसका निर्देश ९६
यहींसे अधःप्रवृत्त संक्रमके प्रारम्भ होनेका निर्देश ९७
यहाँ द्वितीयोपशम सम्यक्त्वका कितना काल शेष है इसका निर्देश ९८
इस सम्यक्त्वमें छह आवलि काल शेष रहनेपर सासादन गुणस्थानकी प्राप्ति सम्भव है इसका निर्देश ९९
इसके प्राप्त होते समय परिणाम प्रत्ययवश अनन्तानुबन्धीमेंसे किसी एककी उदीरणा हो जाती है इसका निर्देश ९९
इस गुणस्थानमें मरा हुआ जीव मात्र देवगतिको प्राप्त होता है इसका सकारण निर्देश १००
उपशमश्रेणीकी यह प्ररूपणा पुरुष वेद और क्रोध संज्वलनके उदयकी अपेक्षासे की है इसका निर्देश १०१
आगे पुरुषवेदीके मान संज्वलनकी अपेक्षा प्ररूपणामें जो अन्तर पड़ता है उसका निर्देश १०१
आगे पुरुषवेदीके मायाकी अपेक्षा प्ररूपणामें जो अन्तर पड़ता है उसका निर्देश १११
आगे पुरुषवेदीके लोभकी अपेक्षा प्ररूपणामें जो अन्तर प्राप्त होता है इसका निर्देश ११५
स्त्रीवेदीकी अपेक्षा विधान ११७
नपुंसकवेदीकी अपेक्षा विधान ११८
जो पुरुषवेद और क्रोध संज्वलनके उदयसे श्रेणि चढ़ता है उसके प्रकृतमें काल-संयुक्त पदोंकी अपेक्षा अल्पबहुत्वका निर्देश १२०-१४५
क्षुल्लक भवग्रहण किसके कितने होते हैं इसका निर्देश १२९

क्षपक श्रेणी

टीकाकारका मंगलाचरण १४७
क्षपकश्रेणिमें भी तीन करण किस विधिसे होते हैं इसका निर्देश १४८
संक्रमोंकी जो स्थितियाँ शेष हैं उनकी रचनाका निर्देश १५०
अनुभाग संक्रमसम्बन्धी निर्देश १५१
अधःप्रवृत्तकरणके अन्तमें विलक्षित चार गाथाओंका विशेष ऊहापोह १५१

क्षपकश्रेणिमें चढ़ते समय कौन उपयोग होता है इसका अभिप्राय-भेदके साथ विशेष खुलासा १५७

इसमें कौन प्रकृतियाँ उदयावलिमें प्रविष्ट होती हैं और कौन नहीं इसका निर्देश १६१

यहाँसे पहले जिन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है इसका निर्देश १६३

यहाँसे पहले जिन प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति हो जाती है इसका निर्देश १६४

अन्तरकरण और संक्रामक आगे होगा इसका निर्देश १६५

स्थितिकाण्डक-घात और अनुभाग-काण्डक-घात अपूर्वकरणके प्रथम समयसे होने का निर्देश १६७

कषायोंका उपशम करनेवाले किसके कितना जघन्य और उत्कृष्ट स्थिति-काण्डक होता है इसका निर्देश १६९

कषायोंकी क्षपणा करनेवाले किसके कितना जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक होता है इसका निर्देश १७१

अपूर्वकरणके प्रथम समयमें होनेवाले आवश्यकोंका निर्देश १७३

इसके दूसरे समयमें उनमें जो भेद पड़ता है उसका निर्देश १७५

इसके संख्यातवें भागप्रमाण स्थान जाने पर निद्रा-प्रचलाकी बन्धव्युच्छित्ति का निर्देश १७७

क्षपक और उपशम श्रेणिमें गुणसंक्रम होनेका निर्देश १७८

तदनन्तर इसके ६/७ भाग-बीत जाने-पर परभवसम्बन्धी प्रकृतियोंकी बन्ध-व्युच्छित्तिका निर्देश १७८

इसके अन्तिम समयमें हास्यादि चारकी बन्धव्युच्छित्ति होनेका निर्देश १९९

अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें होनेवाले आवश्यकोंका निर्देश १७९

यहाँ प्रथम समयमें विषम स्थिति-काण्डकघात होता है इसका सकारण निर्देश १८०

इसके दूसरे समयमें पूर्वोक्त आवश्यक होते हैं, केवल गुणश्रेणि असंख्यातगुणी होती है इसका निर्देश १८४

यहाँ आगे कहाँ कितना स्थितिबन्ध होता है इसका निर्देश १८५

इसी प्रसंगसे स्थितिसत्कर्मका निर्देश १८६

प्रकृतमें अल्पबहुत्वका निर्देश १८६

आगे क्रमसे होनेवाले स्थितिबन्धका पुनः निर्देश १८७

प्रकृतमें पुनः पुनः अल्पबहुत्वका निर्देश कर आगे क्रमसे होनेवाले स्थितिबन्धका निर्देश १९०

आगे इसी विधिसे कहाँ किसका स्थिति सत्कर्म स्थितिबन्धके समान होता है इसका क्रमसे निर्देश १९५

आगे स्थिति सत्कर्म विषयक पुनः पुनः अल्पबहुत्वके साथ क्रमसे घटते हुए स्थिति सत्कर्मका निर्देश १९७

आगे प्रतिसमय असंख्यात समयप्रबद्धों की उदीरणा कहाँसे होती है इसका निर्देश २००

यहाँ सर्वप्रथम मध्यकी आठ कषायोंकी क्षपणाका क्रम निर्देश २००

तदनन्तर कुछ आगे जानेपर दर्शनावरण की तीन और नामकर्मकी दस प्रकृतियोंकी क्षपणाका क्रम निर्देश

तदनन्तर कुछ स्थान जाने पर १२ प्रकृतियोंका बन्धकी अपेक्षा देशघातीकरणका निर्देश २०

तदनन्तर सौ नोकषाय और चार संज्वलनोंके अन्तरकरण विधानका निर्देश

ऐसा करते हुए किसकी कितनी प्रथम स्थिति करता है इसका निर्देश २०४

उत्कीरित अन्तर स्थितियोंमेंसे किसका कहाँ निक्षेप होता है इसका निर्देश २०५

अनन्तर प्रथम समयकृत और द्वितीयसमयकृत कब कहलाता है इसका निर्देश २०७

नपुंसकवेदमें आयुक्तकरण संक्रामक कब होता है इसका निर्देश २०७

नपुंसकवेदकी क्षपणा होनेके बाद स्त्रीवेदकी क्षपणाके साथ होनेवाले कार्योंका निर्देश २०८
तदनन्तर सात नोकषायोंकी क्षपणाके साथ होनेवाले कार्योंका निर्देश २११
अन्तर करनेके बाद छह नोकषायोंका क्रोध-संज्वलनमें संक्रम होता है इसका निर्देश २१६
पुरुषवेदके सम्बन्धमें विशेष निर्देश २१६
सवेद भागके अन्तिम समयमें छह नोकषायोंकी अन्तिम फालिका पतन होता है इसका निर्देश २१७
उस समय पुरुषवेदके मात्र एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवकबन्ध शेष रहते हैं उनका क्रमसे क्रोधसंज्वलनमें संक्रम हो जाता है यह निर्देश २१७
तदनन्तर अश्वकर्ण-करण विधि प्रारम्भ होती है इसका निर्देश २१८
यहाँ अश्वकर्णकरण विधिको स्थगित करके क्षपक सम्बन्धी सभाष्य सूत्र गाथाओं की व्याख्या करनेका निर्देश २१८
प्रथम सूत्रगाथा और उसकी व्याख्याका निर्देश २१९
उसकी पाँच भाष्यगाथाओंके पूर्व भाष्यगाथाका अर्थ २२१
प्रथम भाष्यगाथाकी व्याख्या २२२
दूसरी भाष्यगाथा की व्याख्या २२३
तीसरी ,, ,, २२५
चौथी ,, ,, २२८
पाँचवीं ,, ,, २२९
दूसरी मूलगाथा तीन अर्थोंमें प्रतिबद्ध है इस निर्देशके साथ उसकी व्याख्या २३१
तीन अर्थोंका क्रमसे स्पष्टीकरण २३२
प्रथम अर्थमें तीन भाष्यगाथाओंकी सूचना २३२
दूसरे अर्थमें दो भाष्यगाथाओं की सूचना २३३
तीसरे अर्थमें छह भाष्यगाथाओं की सूचना २३३
प्रथम अर्थमें निबद्ध प्रथम भाष्यगाथाकी व्याख्या २३४
प्रथम अर्थमें निबद्ध दूसरी भाष्यगाथाकी व्याख्या २३५
प्रथम अर्थमें निबद्ध तीसरी भाष्यगाथाकी व्याख्या २३७
द्वितीय मूलगाथाके दूसरे अर्थमें निबद्ध प्रथम भाष्यगाथाकी व्याख्या २४१
दूसरे अर्थमें निबद्ध दूसरी भाष्यगाथाकी व्याख्या २४१
दूसरी मूलगाथाके तीसरे अर्थमें निबद्ध प्रथम भाष्यगाथाकी व्याख्या २४७
तीसरे अर्थमें निबद्ध दूसरी भाष्यगाथाकी व्याख्या २४९
तीसरे अर्थमें निबद्ध तीसरी भाष्यगाथाकी व्याख्या २५०
तीसरे अर्थमें निबद्ध चौथी भाष्यगाथाकी व्याख्या २५१
तीसरे अर्थमें निबद्ध पाँचवीं भाष्यगाथाकी व्याख्या २५२
तीसरे अर्थमें निबद्ध छठी भाष्यगाथाकी व्याख्या २५७
तीसरी मूल गाथाकी व्याख्या २५८
उसमें निबद्ध अर्थमें चार भाष्यगाथाओंमेंसे प्रथम भाष्यगाथाकी व्याख्या २६१
दूसरी भाष्य गाथाकी व्याख्या २६३
तीसरी ,, ,, २६५
चौथी ,, ,, २६७
चौथी मूल गाथाकी ,, २६८
इसकी तीन भाष्यगाथाओंमें से प्रथम भाष्य गाथाकी व्याख्या २६९
दूसरी भाष्य गाथाकी व्याख्या २७२
तीसरी ,, ,, २७३
पाँचवीं मूलगाथाकी व्याख्या २७५
इसमें निबद्ध तीन भाष्य गाथाओंमें से प्रथम भाष्य गाथाकी व्याख्याके प्रसंगसे अपकर्षण की अतिस्थापना और निक्षेपका निर्देश २७७
दूसरी भाष्य गाथामें संक्रम और उत्कर्षणका निर्देश २८३
तीसरी भाष्यगाथा द्वारा स्थिति और अनुभाग-को लक्ष्यमें रखकर अपकर्षणके बाद दूसरे समयमें होनेवाले कार्योंका निर्देश २८५

छठी मूल गाथा द्वारा स्थिति और अनुभागको लक्ष्यमें रखकर उत्कर्षण और अपकर्षण किस प्रमाणमें होता है इस जिज्ञासाका निर्देशपूर्वक व्याख्या २८७
इसमें निबद्ध एक भाष्य गाथाकी व्याख्या २८९
अग्रस्थितिका उत्कर्षण किस स्थितिमें होता है इसका निर्देश २९०
कषायोंको उत्कर्षित स्थितिके उत्कृष्ट २९३
निक्षेपका प्रमाण, उत्कर्षणकी अतिस्थापनाका निर्देश २९५
उत्कृष्ट अतिस्थापनाका निर्देश २९७
प्रकृतमें उपयोगी अल्पबहुत्वका निर्देश ,,
सातवीं मूल गाथाकी व्याख्या ३०२
इसमें निबद्ध चार भाष्यगाथाओंका उल्लेख ३०४
कितनी स्थितिका अपकर्षण और उत्कर्षण होता है इसमें निबद्ध प्रथम भाष्य गाथाकी व्याख्या ३०५
किस अवस्थामें किस अनुभागका अपकर्षण और उत्कर्षण होता है ३०८
दूसरी भाष्यगाथाके दो अर्थोंका निर्देश ३०९
प्रथम बन्धानुलोमकी अर्थ सहित व्याख्या ३१०
दूसरे सद्भावार्थकी व्याख्या ३१२
उत्कर्षणमें सद्भावरूप अर्थका निर्देश ३१३
प्रकृतमें अल्पबहुत्वका निर्देश ३१४
तीसरी भाष्यगाथाकी व्याख्या ३१५
वृद्धि, हानि और अवस्थानका अर्थ ३१७
प्रकृतमें अल्पबहुत्वका निर्देश ३१८
चौथी भाष्य गाथाकी व्याख्याके प्रसंगसे उद्वर्तना और अपवर्तना कहाँ होती है और कहाँ नहीं होती इसका स्पष्टीकरण ३२०
अश्वकर्णकरणके पर्यायवाची नाम और उनका अर्थ ३२२
अपवकर्णकरणकी प्रवृत्ति अबेदभागके प्रथम समयसे होनेका निर्देश ३२३
उस समय संज्वलनोंके स्थितिबन्ध और स्थितिसत्कर्मका निर्देश ३२४
चारों संज्वलनोंमें अनुभाग सत्कर्म और बन्धकी प्रवृत्ति किस क्रमसे उत्तरोत्तर होती है इसका अंकसंदृष्टिपूर्वक निर्देश ३२५
अश्वकर्णकरणके प्रथम समयसे अपूर्व स्पर्धकोंकी रचनाका निर्देश ३२९
अपूर्व स्पर्धक और कृष्टिमें अन्तरका निर्देश ३२९
पूर्व स्पर्धक किस कर्मके कहाँसे होते हैं इसका निर्देश ३३१
अपूर्व स्पर्धक चारों संज्वलनोंके होते हैं, इसका निर्देश ३३२
अपूर्व स्पर्धक करनेकी विधिका निर्देश ३३२
ये अपूर्व स्पर्धक लोभके देशघाति स्पर्धकोंके नीचे किये जाते हैं इसका निर्देश ३३३
अपूर्व स्पर्धक गणनाकी अपेक्षा कितने होते हैं इसका निर्देश ३३४
प्रथम समयमें किये गये अपूर्व स्पर्धकोंके अल्पबहुत्वका निर्देश ३३५
लोभके समान शेष माया आदि तीन कर्मोंके करनेकी विधिका निर्देश ३४०
इन कर्मोंके अपूर्व और पूर्व स्पर्धकोंके अल्पबहुत्वका निर्देश ३४१
इन अपूर्व और पूर्व स्पर्धकोंकी परंपरोपनिधा श्रेणिप्ररूपणाका निर्देश ३३४
प्रथम समयमें निर्वर्त्यमान अपूर्व और पूर्व स्पर्धकोंके अल्पबहुत्वका निर्देश ३४८
आगे इनकी उदय प्ररूपणाका निर्देश ३५५
दूसरे समयमें होनेवाले कार्योंका निर्देश
दूसरे समयमें नये अपूर्व स्पर्धकोंके साथ प्रथम समयके अपूर्व स्पर्धकोंके पुनः करनेका निर्देश ३५८
दूसरे समयमें इन स्पर्धकोंकी प्रथमादि वर्गणाओंमें किस विधिसे प्रदेशपुंज दिया जाता है इसका निर्देश ३६०
दूसरे समयमें ये पूर्व और अपूर्व स्पर्धक किस प्रकार दिखाई देते हैं इसका निर्देश ३६१
तीसरे समयमें यही क्रम चालू रहता है इसका निर्देश ३६१
तीसरे समयमें दिये जानेवाले प्रदेशपुंजकी श्रेणिप्ररूपणाका निर्देश ३६२

उस समय जो प्रदेशपुंज उदयमें दिखाई देता है उसका निर्देश ३६३
आगे अन्तिम समय तक अनुत्कीर्ण अनुभाग-काण्डककी विधि तीसरे समयके समान होती है इसका निर्देश ३६३
तदनन्तर समयमें अनुभागसत्कर्ममें नानापनका निर्देश ३६४
इन प्रथमादि समयोंमें अपूर्व स्पर्धक किस समय कितने किये गये इसका निर्देश ३६५
लोभसंज्वलनकी प्रथमादि वर्गणाओंमें अल्प-बहुत्वका निर्देश ३६६
माया आदि तीन संज्वलनोंमें इसी प्रकार जाननेका निर्देश ३६७
क्रोध आदि चारों संज्वलनोंमें अपूर्व स्पर्धक आदिके अल्पबहुत्वका निर्देश ३६७
अश्वकर्णकरणके अन्तिम समयमें संज्वलन आदि सब कर्मोंके स्थितिबन्धका निर्देश ३७१

श्रीजइवसहाइरियविरइय-चुण्णिसुत्तसमण्णिदं

सिरि-भगवंतगुणहरभडारओवइट्ठं

क सा य पा हु डं

तस्स

सिरि-वीरसेणविरइया टीका

ज य ध व ला

तत्थ

चारित्तमोहणीय-उवसामणा णाम चोद्दसमो अत्थाहियारो

* एत्तो सुत्तविहासा

§ १. पुव्वं सुत्तपासेण विणा सुत्तसूचिदासेसत्थस्स परूवणा कदा। एण्हिं पुण गाहासुत्ताणमवयवत्थविहासा कीरदि त्ति भणिदं होइ।

* तं जहा

§ २. सुगमं। संपहि एवं पुच्छाविसईकयविहासणं जहाकमं कुणमाणो तत्थ ताव कसायोवसामणाए पडिबद्धाणमट्ठण्हं गाहासुत्ताणमादिमगाहाए अवयवत्थविहासणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

---

* अब आगे गाथासूत्रोंका व्याख्यान करते हैं।

§ १. पहले गाथा सूत्रोंको स्पर्श किये बिना गाथासूत्रोंद्वारा सूचित हुए पूरे अर्थकी प्ररूपणा की। किन्तु यहाँ सर्व प्रथम गाथासूत्रोंके प्रत्येक पदमें निहित अर्थका विशेष व्याख्यान करते हैं यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है।

* वह जैसे।

§ २. यह सूत्र सुगम है। अब इस प्रकार पृच्छाके विषय हुए अर्थका क्रमसे व्याख्यान करते हुए यहाँ सर्व प्रथम कषायविषयक उपशामनासे सम्बन्धित आठ सूत्रगाथाओंमेंसे प्रथम सूत्रगाथाके पदोंके अर्थका व्याख्यान करनेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** उवसामणा कदिविधा त्ति। उवसामणा दुविहा—करणोवसामणा च अकरणोवसामणा च।**

§ ३. उवसामणा कदिविधा त्ति एदस्स ताव पढमगाहापढमावयवस्स अत्थविहासणं कस्सामो त्ति जाणावणट्ठं पुव्वमेव तदुच्चारणं कदं। उवसामणा णाम कम्माणमुदयादिपरिणामेहिं विणा उवसंतभावेणावट्ठाणं।

§ ४. सा एत्थ दुविहा होइ करणाकरणोवसमणाभेदेण। तत्थ करणोवसमणा णाम पसत्थापसत्थपरिणामेहिं कम्मपदेसाणं उवसमभावसंपादणं। अधवा करणाणमुवसामणा करणोवसामणा, उवसामणा-णिधत्त-णिकाचणादिअट्ठकरणाणं पसत्थोवसामणाए उवसामणा, ओकड्डणादिकरणाणं वा अपसत्थोवसामणाए उवसामणा करणोवसामणा त्ति भणिदं होइ। एदंवदिरित्तलक्खणा अकरणोवसामणा णाम। पसत्थापसत्थकरणपरिणामेहिं विणा अपत्तकालाणं कम्मपदेसाणमुदयपरिणामेण विणा अवट्ठाणमकरणोवसामणा त्ति वुत्तं होइ।

*** उपशामना कितने प्रकारकी है? उपशामना दो प्रकारकी है—करणोपशामना और अकरणोपशामना।**

§ ३. 'उपशामना कितने प्रकारकी है' इस प्रकार गाथाके इस प्रथम अवयवके अर्थका व्याख्यान करते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिये सर्वप्रथम उक्त अवयवका उच्चारण किया है। (उदयादिरूप परिणामोंके विना कर्मोंका उपशान्त भावसे अवस्थित रहना इसका नाम उपशामना है।)

विशेषार्थ—चारित्रमोहनीयकी उपशामना प्रकरणमें जो आठ गाथाएँ आई हैं उनमेंसे प्रथम गाथाका प्रथम पाद है—'उवसामणा कदिविधा'—उपशामना कितने प्रकारकी है। वृत्तिकार आचार्य यतिवृषभ इसकी व्याख्या करते हुए लिखते हैं कि उपशामना दो प्रकारकी है—करणोपशामना और अकरणोपशामना। उनमेंसे सर्वप्रथम उपशामना पदकी व्याख्या करते हुए यहाँ जयधवला टीकामें बतलाया है कि उदयादि परिणामोंके विना कर्मोंका उपशान्तभावसे अवस्थित रहना इसका नाम उपशामना है। यहाँ 'उदयादि परिणामोंके विना' इसका आशय है कि किसी कर्मका बन्ध होने पर विवक्षित काल तक उदयादिके विना तदवस्थ रहना इसका नाम उपशामना है। यह उपशामनाका सामान्य लक्षण है जो यथासम्भव करणोपशामना और अकरणोपशामना दोनोंमें घटित होता है।

§ ४. वह यहाँ दो प्रकारकी है—करणोपशामना और अकरणोपशामना। उनमेंसे प्रशस्त और अप्रशस्त परिणामोंके द्वारा कर्म प्रदेशोंका उपशमभावसे सम्पादित होना करणोपशामना है। अथवा करणोंकी उपशामनाका नाम करणोपशामना है। (उपशामना, निधत्त और निकाचना आदि आठ करणोंका प्रशस्त उपशामना द्वारा उपशम होना करणोपशामना है) अथवा (अपकर्षण आदि करणोंका अप्रशस्त उपशामना द्वारा उपशम होना करणोपशामना है) यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इससे भिन्न लक्षणवाली अकरणोपशामना है। (प्रशस्त और अप्रशस्त परिणामोंके विना जिन कर्मप्रदेशोंका उदयकाल प्राप्त नहीं हुआ है उनका उदयरूप परिणामके विना अवस्थित रहना अकरणोपशामना है) यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ ५. एवमेदेण सुत्तेण उवसामणाए दुविहत्तं पदुप्पाइय संपहि एत्थ अकरणोवसामणाए अप्पवण्णणिज्जत्तादो पुव्वपरूवणाजोग्गाए सरूवपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** जा सा अकरणोवसामणा तिस्से इमे दुवे णामधेयाणि—अकरणोवसामणा त्ति वि अणुदिण्णोवसामणा त्ति वि ।**

§ ६. एदस्सत्थो वुच्चदे । तं जहा—दव्व-खेत्त-काल-भावे अस्सिदूण कम्माणं विवागपरिणामो उदयो णाम । तेणोदयेण परिणदं कम्ममुदिण्णं । तत्तो अण्णमणासादिततप्परिणाममणुदिण्णं णाम । अणुदिण्णस्स उवसामणा अणुदिण्णोवसामणा । अणुदिण्णावत्था चेव करणपरिणामणिरवेक्खा अणुदिण्णोवसामणा त्ति भणिदं होदि । एसा चेव अकरणोवसामणा त्ति वि भण्णदे, करणपरिणामणिरवेक्खत्तादो । एवमेसा अकरणोवसामणाए समासपरूवणा । तव्वित्थरो पुण अण्णत्थ दट्ठव्वो । ताए एत्थाणहियारादो त्ति पदुप्पायमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** एसा कम्मपवादे ।**

§ ७. कम्मपवादो णाम अट्ठमो पुव्वाहियारो । जत्थ सव्वेसिं कम्माणं मूलुत्तरपयडिभेयाभिण्णाणं दव्व-खेत्त-काल-भावमस्सियूण विवागपरिणामो अविवाग-

---

विशेषार्थ—यहाँ करणोपशामना और अकरणोपशामना इन दोनोंके स्वरूप पर प्रकाश डाला गया है । विशेष ऊहापोह आगे स्वयं टीकाकार चूर्णिसूत्रोंको ध्यानमें रखकर करनेवाले हैं ।

§ ५. इस प्रकार इस सूत्र द्वारा उपशामनाके दो भेदोंका प्रतिपादनकर अब यहाँ अकरणोपशामना अल्प वर्णनके योग्य होनेसे पहले वह कथन करनेके योग्य है, इसलिये उसका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

*** जो वह अकरणोपशामना है उसके ये दो नाम हैं—अकरणोपशामना और अनुदीर्णोपशामना ।**

§ ६. अब इस सूत्रका अर्थ कहते हैं । वह जैसे—द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावको निमित्त कर कर्मोंके विपाकरूप परिणामका नाम उदय है । उस उदयसे परिणत कर्मको उदीर्ण कहते हैं । इससे भिन्न जिसने विपाक परिणामको प्राप्त नहीं किया है उसे अनुदीर्ण कहते हैं । अनुदीर्ण कर्मकी उपशामना अनुदीर्ण उपशामना कहलाती है । करणपरिणामोंसे निरपेक्ष होकर जो अनुदीर्ण अवस्था होती है वही अनुदीर्णोपशामना है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इसीको अकरणोपशामना भी कहते हैं, क्योंकि यह करण परिणामोंसे निरपेक्ष होती है । इस प्रकार यह अकरणोपशामनाकी संक्षिप्त प्ररूपणा है । उसका विस्तारसे कथन अन्यत्र देखना चाहिये । अधिकारवश यहाँ उसका कथन करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** यह कर्मप्रवाद पूर्वमें प्ररूपित है ।**

§ ७. कर्मप्रवाद आठवें पूर्वका नाम है । जहाँ मूल और उत्तर प्रकृतिभेदोंको प्राप्त सभी कर्मोंके द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावको निमित्त कर अनेक प्रकारके विपाकपरिणाम और अविपाक-

पज्जाओ च बहुवित्थरो अणुवण्णिदो। एसा अकरणोवसामणा दट्ठव्वा, तत्थेदिस्से पबंधेण परूवणोलंभादो।

§ ८. एवमकरणोवसामणाए अत्थपरूवणं कादूण संपहि करणोवसामणाए परूवणट्ठमुवरिमं सुत्तपबंधमाह—

*** जा सा करणोवसामणा सा दुविहा—देसकरणोवसामणा त्ति वि सव्वकरणोवसामणा त्ति वि।**

§ ६९. इमो वि तम्मि चेव समए गहिदो, किंतु उदीरणा णाम एगसमइया दि। उदओ पुण अंतोमुहुत्तसंगलिदगुणसेढिगोवुच्छसरूवो तेण असंखेज्जगुणो दो। एसो पुण खविदकम्मंसियम्मि जहण्णो घेत्तव्वो, तदण्णत्थ पयडिगोवुच्छाए जहण्णगुणसेढिगोवुच्छाणुवलंभादो।

* उक्कस्सओ उदओ विसेसाहिओ।

§ ७०. किं कारणं? गुणिदकम्मंसियम्मि तदवलंबणादो। तं जहा—खविद-कम्मंसिओ गुणिदकम्मंसिओ च अणियट्टिपरिणाममस्सियूण अप्पप्पणो दव्वं सरिस-

---

शंका—क्या यह प्रदेश उदीरणा जघन्य होती है या उत्कृष्ट?

समाधान—ऐसी पृच्छा होने पर कहते हैं यह अनुत्कृष्ट-अजघन्य होती है ऐसा सूत्रमें कहा गया है, क्योंकि क्षपित कर्मांशिक और गुणित कर्मांशिकके द्रव्य विशेषकी अपेक्षा न कर परि-णामोंके अधीन होकर प्रवृत्त होनेवाली इसकी, त्रिकालगोचर समस्त अनिवृत्तिकरणसम्बन्धी परिणामोंसे विवक्षित एक समयमें जघन्य उत्कृष्ट भावके बिना, एकरूपसे प्रवृत्ति देखी जाती है।

विशेषार्थ—जो गुणित कर्मांशिक जीव या क्षपित कर्मांशिक जीव अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करते हैं उनके नपुंसक वेदको प्रदेश उदीरणा यहाँ विवक्षित नहीं है। अतः उनसे भिन्न जीवोंके अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करनेपर वहाँके परिणामोंके अनुसार जो नपुंसकवेदकी अनुत्कृष्ट-अजघन्य उदीरणा होती है वह सबसे जघन्यरूपसे यहाँ विवक्षित है। तीनों कालोंसम्बन्धी अनिवृत्ति-करणके परिणामोंमें से विवक्षित एक समयको लक्ष्य कर यह अनुत्कृष्ट-अजघन्य उदीरणा ली गई है ऐसा यहाँ समझना चाहिये। वह भी अन्तरकरणक्रिया सम्पन्न करनेके अनन्तर दूसरे समयकी यह प्रदेश उदीरणा है इतना विशेष जानना चाहिये।

* जघन्य उदय असंख्यातगुणा है।

§ ६९. यह भी उसी समयका लेना चाहिये। किन्तु उदीरणा एक समयवाली होती है, परन्तु उदय अन्तर्मुहूर्त गलानेवाली गुणश्रेणिगोपुच्छास्वरूप होता है, इसलिए उदीरणासे उदय असंख्यातगुणा हो जाता है। परन्तु यह क्षपित कर्मांशिकका जघन्य लेना चाहिये, क्योंकि उसके सिवाय अन्यत्र प्रकृतिगोपुच्छाके साथ जघन्य गुणश्रेणिगोपुच्छा नहीं उपलब्ध होती।

* उत्कृष्ट उदय विशेष अधिक है।

§ ७०. क्योंकि गुणितकर्मांशिकके उसका अवलम्बन लिया गया है। वह जैसे—क्षपित कर्मांशिक और गुणितकर्मांशिक दोनों ही अनिवृत्तिकरण परिणामका आलम्बन लेकर अपने-अपने

मोकड्डिय गुणसेढिं करेंति, तेण दोण्हं पि अणियट्टिगुणसेढिदव्वं समाणं होदि। संपहि जहण्णुदये विवक्खिये अपुव्वकरणगुणसेढिजहण्णपरिणामेहिं करावेयव्वा। उक्कस्सुदये पुण उक्कस्सपरिणामेहिं करावेयव्वा त्ति। एदेण कारणेण असंखेज्जेहिं समयपबद्धेहिं विसेसाहियत्तमेत्थ गहेयव्वं। अपुव्वजहण्णगुणसेढिगोवुच्छं तदुक्कस्सगुणसेढिगोवुच्छादो सोहिय सुद्धसेसमेत्तेण पविट्ठमेवेत्थ विसेसाहियत्तदंसणादो। संजमगुणसेढिविसेसं पि समस्सियूण विसेसाहियत्तमेत्थ दरिसेयव्वं। अण्णं च खविदगुणिदकम्मंसियाणं गुणसेढिगोवुच्छासु अंतब्भुदा पयडिगोवुच्छा वि अत्थि। तत्थ खविदकम्मंसियगोवुच्छादो गुणिदकम्मंसियगोवुच्छा असंखेज्जगुणा भवदि। अंतरकदविदियादिसमएसु सोदएण तदुवलद्धीए वि बाहाणुवलंभादो। तदो एदं पि गोवुच्छदव्वं पविसिय विसेसाहियं जादं।

* जहण्णओ संजमो असंखेज्जगुणो।

§ ७१. कुदो? गुणसंकमपाहम्मादो। णेदमेत्थासंकणिज्जं, जहण्णसंकमदव्वागमणट्ठं दिवड्ढगुणहाणिमेत्तजहण्णसमयपबद्धाणमोकड्डुक्कड्डणभागहारवेछावट्ठिसागरोवमाणा-

---

सदृश द्रव्यका अपकर्षण करके गुणश्रेणि करते हैं, इस कारण दोनोंका ही अनिवृत्तिगुणश्रेणि द्रव्य समान होता है। अब जघन्य उदयकी विवक्षा होने पर अपूर्वकरणसम्बन्धी गुणश्रेणिके जघन्य परिणामोंके द्वारा कराना चाहिये। परन्तु उत्कृष्ट उदय होनेपर उत्कृष्ट परिणामोंके द्वारा कराना चाहिये। इस कारण यहाँ असंख्यात समयप्रबद्धोंके द्वारा विशेष अधिक ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि अपूर्वकरणसम्बन्धी जघन्य गुणश्रेणिगोपुच्छाको उसकी उत्कृष्ट गुणश्रेणिगोपुच्छामेंसे घटाकर जो शुद्ध शेष रहे वह स्पष्टरूपसे यहाँ विशेष अधिक देखा जाता है। अथवा संयम गुणश्रेणिविशेषका भी आलम्बन लेकर यहाँ विशेष अधिकपना दिखलाना चाहिये। तथा क्षपित और गुणित कर्मांशिकोंकी गुणश्रेणिगोपुच्छाओंमें गर्भित हुई दूसरी प्रकृतिगोपुच्छा भी है। परन्तु वहाँ क्षपितकर्मांशिककी गुणश्रेणिगोपुच्छासे गुणितकर्मांशिककी गोपुच्छा असंख्यातगुणी होती है जो अन्तर करनेके दूसरे आदि समयोंमें उदयके साथ पायी जाती है तो इसमें कोई बाधा नहीं आती, इसलिये यह गोपुच्छा द्रव्य भी प्रविष्ट होकर विशेष अधिक हो जाता है।

विशेषार्थ—प्रकृत नपुंसकवेदके जघन्य उदयसे उत्कृष्ट उदय प्रदेशोंकी अपेक्षा विशेष अधिक होता है इसे कई प्रकारसे घटित करके बतलाया गया है। मुख्य बात यह है कि अन्तर करण करनेके बाद द्वितीय समयवर्ती जीव चाहे गुणित कर्मांशिक हो और चाहे क्षपित कर्मांशिक हो दोनोंके अनिवृत्तिकरणसम्बन्धी गुणश्रेणिद्रव्यका उदय समान होता है फिर भी जघन्य प्रदेश उदयसे यहाँ जो उत्कृष्ट प्रदेश उदय विशेष अधिक हो जाता है वह एक तो प्रकृति गोपुच्छाके कारण, दूसरे अपूर्वकरणसम्बन्धी गुणश्रेणिद्रव्यके कारण और तीसरे संयमसम्बन्धी गुणश्रेणिद्रव्यके कारण विशेष अधिक होता है। इसी तथ्यको यहाँ विशेषरूपसे स्पष्ट करके बतलाया गया है।

* जघन्य संक्रम असंख्यातगुणा है।

§ ७१. क्योंकि गुणसंक्रमके माहात्म्यवश उत्कृष्ट उदय द्रव्यसे जघन्य संक्रमद्रव्य असंख्यातगुणा है।

गुणहाणिअण्णोण्णसंवग्गमेत्तो भागहारो उक्कस्सदव्वागमणट्ठं पुण डिवड्ढगुणहाणि-मेत्तुक्कस्ससमयपबद्धाणमोकड्डुक्कड्डणभागहारादो असंखेज्जगुणो पलिदो० असंखे०-भागो भागहारो, तदो णेदेसिमसंखेज्जगुणहीणाहियभावो परिप्फुडमवगम्मदि त्ति। किं कारणं? उदयदव्वागमणट्ठमोकड्डुक्कड्डणभागहारस्स पवेसिदपलिदो० असंखे०-भागमेत्तगुणयारमाहप्पमस्सियूण पुव्विल्लादो एदस्स असंखेज्जगुणत्तसिद्धीदो।

* जहण्णयं उवसामिज्जदि असंखेज्जगुणं।

§ कुदो? परत्थाणे संकामिज्जमाणदव्वादो सत्थाणे उवसामिज्जमाणदव्वस्स सव्वत्थासंखेज्जगुणभावब्भुवगमादो। ण चाब्भुवगमो णिप्पिणबंधणो, एदं चेव सुत्तं णिबंधणीकरिय पयट्टत्तादो।

* जहण्णयं संतकम्ममसंखेज्जगुणं।

§ ७३. कुदो? पढमसमयणवुंसयवेदोवसामगेण उवसामिज्जमाणपदेसग्गस्स जहण्णसंतकम्मस्सासंखेज्जदिभागपमाणत्तादो।

शंका—जघन्य संक्रमद्रव्यके लानेके लिए डेढ़ गुणहानिप्रमाण समयप्रबद्धोंका अपकर्षण-उत्कर्षणभागहार, दो छयासठ सागरोपम, नानागुणहानियोंकी अन्योन्याभ्यस्तराशि और गुण-संक्रमभागहारके परस्पर संवर्ग करने पर जो राशि उत्पन्न हो वह भागहार है और उत्कृष्ट उदय द्रव्यके लानेके लिए तो डेढ़ गुणहानिप्रमाण उत्कृष्ट समयप्रबद्धोंका उत्कर्षण-अपकर्षणसे असंख्यात-गुणा पल्योपमका असंख्यातवाँ भाग भागहार है, इसलिए नपुंसकवेदके उत्कृष्ट उदय द्रव्य और जघन्य संक्रम द्रव्य इनमें असंख्यातगुणा हीनपना है या अधिकपना है स्पष्टरूपसे ज्ञात नहीं होता?

समाधान—यहाँ ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि उदयद्रव्यके लानेके लिये जो उत्कर्षण-अपकर्षण भागहार है उसमें प्रवेश कराये गये पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण गुण-कारके माहात्म्यका आश्रय लेनेसे पहलेकी अपेक्षा यह असंख्यातगुणा है यह सिद्ध होता है।

विशेषार्थ—तात्पर्य यह है कि जिस उपरितन द्रव्यमें उत्कर्षण-अपकर्षणभागहारका भाग देनेसे लब्ध आवे उसे उदयमें निक्षिप्त करता है। उस भागहारका पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण गुणकारसे गुणा करनेपर जो लब्ध आवे उससे उपरितन द्रव्यको भाजित करनेपर लब्ध द्रव्यका संक्रम होता है, इसलिए सिद्ध हुआ कि नपुंसकवेदके उत्कृष्ट उदय द्रव्यसे जघन्य संक्रम द्रव्य असंख्यातगुणा है।

* उपशम कराया गया जघन्य द्रव्य असंख्यातगुणा है।

§ ७२. क्योंकि परस्थानमें संक्रम कराये गये द्रव्यसे स्वस्थानमें उपशम कराया गया द्रव्य सर्वत्र असंख्यातगुणा उपलब्ध होता है। और यह स्वीकार करना बिना कारणके नहीं है, क्योंकि यहाँ यही सूत्र कारण होकर प्रवृत्त हुआ है। तात्पर्य यह है कि जघन्य संक्रम द्रव्यसे जघन्य उपशम कराया गया द्रव्य असंख्यातगुणा है इसकी पुष्टि इसी सूत्रसे होती है।

* जघन्य सत्कर्म असंख्यातगुणा है।

§ ७३. क्योंकि प्रथम समयमें नपुंसकवेदके उपशमानेसे उपशमाया जानेवाला जो प्रदेश-

*** उक्कस्सयं संकामिज्जदि असंखेज्जगुणं ।**

§ ७४. तं जहा—खविदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण तिपलिदोवमाहियवेछावट्ठि-सागरोवमाणि परिभमिय अणियट्टिउवसामणभावेण परिणदस्स णिरुद्धविसए जहण्ण-संतकम्मं होदि । एदं च उक्कस्ससंतकम्मस्सासंखेज्जदिभागमेत्तं होदि, जोगगुण-गारब्भत्थतिपलिदो० वेछावट्ठि० अण्णोण्णब्भत्थरासि-ओकड्डुक्कड्डणभागहारेहिं उक्कस्सदव्वे ओकड्डिदे जहण्णदव्वागमणदंसणादो । संणहि उक्कस्ससंतकम्मादो संकामिज्जमाणमुक्कस्ससंकम्मदव्वं पि उक्कस्ससंतकम्मस्सासंखेज्जदिभागमेत्तं चेव होदि, गुणसंकमभागहारेणुक्कस्सदव्वे ओवट्टिदे पयददव्वागमणदंसणादो । एत्थ हेट्ठिमरासिणा उवरिमरासिम्मि ओवट्टिदे जोगगुणगारपदुप्पण्णतिपलिदोवमवेछावट्ठि-अण्णोण्णब्भत्थरासीदो असंखेज्जगुणो गुणगारो आगच्छदि । तदो सिद्धमेदस्सा-संखेज्जगुणत्तं ।

*** उक्कस्सगं उवसामिज्जदि असंखेज्जगुणं ।**

§ ७५. किं कारणं ? संकामिज्जमाणाणमुवसामिज्जमाणाणं च दो वि उक्कस्स-संतकम्मस्स असंखेज्जदिभागो चेव, किंतु उवसामिज्जमाणमसंखेज्जे भागे कादूण तत्थेगभागमेत्तं परपयडीसु संकामिज्जदि । बहुभागा सत्थाणे चेव उवसामिज्जंति । तेण कारणेणेदं दव्वं असंखेज्जगुणं भणिदं ।

पुंज प्राप्त होता है वह जघन्य सत्कर्मके असंख्यातवें भागप्रमाणमात्र है ।

*** संक्रम कराया गया उत्कृष्ट द्रव्य असंख्यातगुणा है ।**

§ ७४. वह जैसे—क्षपित कर्मांशिक लक्षणसे आकर और तीन पल्योपम अधिक दो छयासठ सागरोपम कालतक परिभ्रमण करके जो अनिवृत्तिकरण जीव उपशम स्वभावसे परिणत होता है उसके विवक्षित स्थानमें जघन्य सत्कर्म होता है, और यह उत्कृष्ट सत्कर्मके असंख्यातवें भाग-प्रमाण होता है, क्योंकि योगगुणकारसे गुणित तीन पल्योपम अधिक दो छयासठ सागरोपमप्रमाण अन्योन्याभ्यस्तराशि तथा अपकर्षण उत्कर्षण भागहारसे उत्कृष्ट द्रव्यके अपवर्तित करनेपर जघन्य द्रव्यका आगमन देखा जाता है । अब उत्कृष्ट सत्कर्ममेंसे संक्रमित होनेवाला उत्कृष्ट संक्रम द्रव्य भी उत्कृष्ट सत्कर्मके असंख्यातवें भागप्रमाण ही होता है । क्योंकि गुणसंक्रम भागहारसे उत्कृष्ट द्रव्यके भाजित करनेपर प्रकृत द्रव्यकी प्राप्ति देखी जाती है । यहाँ अधस्तन राशिसे उपरिम राशिके भाजित करनेपर योग गुणकारसे गुणित तीन पल्योपम अधिक दो छयासठ सागरोपमकी अन्योन्याभ्यस्त राशिसे असंख्यातगुणा गुणकार आता है । इसलिए जघन्य सत्कर्मसे संक्रमित कराया गया उत्कृष्ट द्रव्य असंख्यातगुणा है ।

*** उपशम कराया गया उत्कृष्ट द्रव्य असंख्यातगुणा है ।**

§ ७५. क्योंकि संक्रम करानेवालेके और उपशम करानेवालेके दोनों ही उत्कृष्ट सत्कर्मके असंख्यातवें भागप्रमाण ही हैं, किन्तु उपशमाये जानेवाले द्रव्यको असंख्यात बहुभाग करके वहाँ एक भागमात्र द्रव्य पर प्रकृतियोंमें संक्रमित कराया जाकर बहुभाग स्वस्थानमें ही उपशमाया जाता है । इस कारण पूर्वके द्रव्यसे यह असंख्यात गुणा कहा है ।

* उक्कस्सयं संतकम्ममसंखेज्जगुणं ।

§ ७६. किं कारणं ? हेट्ठिमासेसरासीणमेदस्सासंखेज्जदिभागपमाणत्तादो । गुणगारो गुणसंकमभागहारादो असंखेज्जगुणहीणो पलिदो० असंखे०भागो । एदमप्पाबहुअं णवुंसयवेदपदेसग्गमहिकिच्च परूविदमिदि जाणावणट्ठमिदमाह—

* एदं सव्वमंतरदुसमयकदे णवुंसयवेदपदेसग्गस्स अप्पाबहुअं ।

§ ७७. गयत्थमेदं ।

* इत्थीवेदस्स वि णिरवयवमेदमप्पाबहुअमणुगंतव्वं । अट्ठकसाय-छण्णोकसायाणमुदयमुदीरणं च मोत्तूण एवं चेव वत्तव्वं । पुरिसवेदचदु-संजलणाणं च जाणिदूण णेदव्वं । णवरि बंधपदस्स तत्थ सव्वत्थोवत्तं वत्तव्वं ।

§ ७८. एवमेदम्मि अप्पाबहुए समत्ते कदिभागुवसामिज्जदि त्ति एदिस्से विदिय-गाहाए अत्थविहासा समत्ता भवदि । संपहि एत्तो तदियगाहाए जहावसरपत्तमत्थ-विहासमुल्लंघियूण चउत्थगाहाए अत्थविहासणं कुणमाणो उत्तरं पबंधमाह—किमट्ठमेवं

---

* उत्कृष्ट सत्कर्म असंख्यातगुणा है ।

§ ७६. क्योंकि पूर्वमें कही गयी समस्त राशियां इसके असंख्यातवें भागप्रमाण है । यहाँपर गुणकार गुणसंक्रम भागहारसे असंख्यातगुणाहीन पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है । प्रकृतमें यह अल्पबहुत्व नपुंसकवेदके प्रदेशपुंजको अधिकृत करके प्ररूपित किया है इसका ज्ञान करानेके लिए आगे सूत्र कहते हैं—

* सब अन्तर कर चुकनेके दूसरे समयमें होनेवाले नपुंसकवेदसम्बन्धी प्रदेश-पुंजका यह अल्पबहुत्व है ।

§ ७७. यह सूत्र गतार्थ है ।

* स्त्रीवेदका भी यह सब पूरा अल्पबहुत्व जानना चाहिये । आठ कषाय और छह नोकषायोंका भी उदय और उदीरणाको छोड़कर इसी प्रकार अल्पबहुत्व कहना चाहिये । पुरुषवेद और चार संज्वलनका जानकर कहना चाहिये । इतनी विशेषता कि पुरुषवेद और चार संज्वलनोंके अल्पबहुत्वमें बन्धपदका सबसे स्तोकपना जानना चाहिये ।

§ ७८. इस प्रकार इस अल्पबहुत्वके समाप्त होनेपर कितने भागको उपशमाता है इस प्रकार इस दूसरी गाथाकी अर्थ प्ररूपणा समाप्त हुई । अब आगे तीसरी गाथाकी अवसर प्राप्त अर्थप्ररूपणाको उल्लंघन कर चौथी गाथाके अर्थकी विशेष व्याख्या करते हुए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

कममुल्लंघिय परूवणा आढविज्जदि त्ति णासंकणिज्जं, चउत्थगाहत्थविहासाए चेव तदियगाहत्थस्स वि पाएण गयत्थभावपदंसणट्ठं तहा परूवणावलंबणादो।

* कं करणं वोच्छिज्जदि अत्थो च्छिण्णं च होइ कं करणं ति विहासा।

§ ७९. एदस्स ताव चउत्थगाहापुव्वद्धस्स अत्थविहासा कीरदि त्ति भणिदं होइ। अप्पसत्थउवसामणादिकरणेसु कसायउवसामगस्स कम्मि अवत्थाविसेसे कदमं करणं वोच्छिज्जदि कदमं वा ण वोच्छिज्जदि त्ति एदस्स अत्थविसेसस्स णिच्छयकरणट्ठमेदस्सावयारो।

* तं जहा।

§ ८०. सुगममेदं पुच्छावक्कं। एवं च पुच्छाविसईकयपढमगाहापुव्वद्धविहासणं कुणमाणो तत्थ ताव करणभेदाणं चेव संखाए सह णामणिद्देसकरणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

* अट्ठविहं ताव करणं, जहा अप्पसत्थउवसामणाकरणं णिधत्तीकरणं णिकाचणाकरणं बंधकरणं उदीरणाकरणं ओकड्डणाकरणं उक्कड्डणाकरणं संकामणकरणं च ८।

शंका—इस प्रकार क्रमको उल्लंघन करके आगेकी प्ररूपणा किसलिए आरम्भ की जा रही है।

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि चौथी गाथाकी विशेष व्याख्या करनेसे ही तीसरी गाथाका अर्थ भी प्रायः गतार्थ हो जाता है यह दिखलानेके लिए उस प्रकार प्ररूपणाका अवलम्बन लिया है।

* 'कौन करण व्युच्छिन्न होता है और कौन करण अव्युच्छिन्न रहता है' इसकी विभाषा की जाती है।

§ ७९. सर्व प्रथम इस चौथी गाथाके पूर्वार्धकी अर्थविभाषा करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अप्रशस्त उपशामना आदि कारणोंमेंसे कषायोंकी उपशमना करनेवाले जीवके किस अवस्था-विशेषमें कौन करण व्युच्छिन्न होता है और कौन करण व्युच्छिन्न नहीं होता है इस अर्थ विशेषका निश्चय करनेके लिये इस सूत्रका अवतार हुआ है।

* वह जैसे।

§ ८०. यह पृच्छावाक्य सुगम है। इस प्रकार पृच्छाके विषय किये गये प्रथम गाथाके पूर्वार्धका व्याख्यान करते हुए सर्व प्रथम वहाँ करणभेदोंका ही संख्याके साथ नाम निर्देश करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* करण आठ प्रकारके हैं। यथा—अप्रशस्त उपशामनाकरण, निधत्तीकरण, निकाचनाकरण, बन्धनकरण, उदीरणाकरण, अपकर्षणकरण, उत्कर्षणकरण और संक्रमणकरण।

§ ८१. एवमट्ठविहं करणं। एत्तमेदाणि अट्ठकरणाणि एत्थ विवक्खियाणि त्ति भणिदं होदि। एदेसिं करणाणं लक्खणपरूवणा सुगमा त्ति णेह पुणो पवंचिज्जदे गंथगउरवभएण। संपहि एदेसु करणेसु केसिं कम्माणं कम्हि उद्देसे कं करणं वोच्छिज्जदि कं वा ण वोच्छिण्णं इदि एदमत्थविसेसं मूलपयडीओ अस्सियूण परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** एदेसिं करणाणं अणियट्टिपढमसमए सव्वकम्माणं पि अप्पसत्थ-उवसामणाकरणं णिधत्तीकरणं णिकाचणाकरणं च वोच्छिण्णाणि।**

§ ८२. एदेसिमणंतरणिद्दिट्ठाणमट्ठण्हं करणाणं मज्झे अणियट्टिपढमसमए ताव सव्वेसिं कम्माणं णाणावरणादीणं अप्पसत्थउवसामणादीणि तिण्णि करणाणि वोच्छिण्णाणि, अणियट्टिकरणपरिणामपाहण्णेण तेसिं करणाणं तिव्वसंकिलेसणिबंधणाणं एत्थ वोच्छेदसिद्धीए बाहाणुवलंभादो। संपहि सेसकरणेसु केसिं कम्माणं केत्तियाणि करणाणि होंति ति जाणावणट्ठमुत्तरो सुत्तणिबंधो—

*** सेसाणि ताधे आउगवेदणीयवज्जाणं पंच वि करणाणि अत्थि।**

§ ८३. तदवत्थाए आउगवेदणीयवज्जाणं छण्हं मूलपयडीणं सेसाणि बंधणो-दीरणोकड्डुक्कड्डणसंकमणाकरणाणि च पंच वि होंति, तेसिमज्ज वि वोच्छेदाभावादो।

---

§ ८१. इस प्रकार करण आठ प्रकारके हैं। इस प्रकार ये आठ करण यहाँपर विवक्षित हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इन करणोंके लक्षणोंकी प्ररूपणा सुगम है, इसलिए यहाँपर ग्रन्थके गौरवको प्राप्त हो जानेके भयसे उनका विस्तार नहीं किया जाता है। अब इन करणोंमेंसे किन कर्मोंके किस स्थानपर कौन करण व्युच्छिन्न होता है और कौन करण व्युच्छिन्न नहीं होता है इसका प्ररूपण करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** इन करणोंमेंसे अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें सभी कर्मोंके अप्रशस्त उप-शामनाकरण, निधत्तीकरण और निकाचनाकरण व्युच्छिन्न हो जाते हैं।**

§ ८२. इन अनन्तर पूर्व निर्दिष्ट करणोंमेंसे अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें सर्वप्रथम सब ज्ञानावरणादि कर्मोंके अप्रशस्त उपशामना आदि तीन करण व्युच्छिन्न हो जाते हैं। ये तीनों करण तीव्र संक्लेशके निमित्तसे होते हैं इसलिए यहाँ पर अनिवृत्तिकरणके माहात्म्यसे तीव्र संक्लेशनिमित्तक उन करणोंकी व्युच्छित्तिकी सिद्धिमें कोई बाधा नहीं पाई जाती। अब किन कर्मोंके शेष करणोंमेंसे कितने करण होते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

*** आयु कर्म और वेदनीय कर्मको छोड़कर वहाँ शेष पांचों ही करण होते हैं।**

§ ८३. उस अवस्थामें आयुकर्म और वेदनीय कर्मको छोड़कर छह मूल प्रकृतियोंके शेष बन्धन, उदीरणा, अपकर्षण, उत्कर्षण और संक्रमण करण पाँचों ही होते हैं, क्योंकि उनका अभी भी विच्छेद नहीं हुआ है।

कधं मूलपयडीणं संकमणाकरणस्स संभवो, तासु परत्थाणसंकंतीए अणब्भुवगमादो त्ति णासंकणिज्जं, उत्तरपयडिद्वारेण तासिं पि तदुववत्तीए विरोहाभावादो। संपहि एत्थ परिवज्जिदाणं आउअवेदणीयाणं केत्तियाणि करणाणि होंति त्ति आसंकाए णिण्णयविहाणट्ठमिदमाह—

* आउगस्स ओवट्टणाकरणमत्थि सेसाणि सत्तकरणाणि णत्थि।

§ ८४. आउअस्स ताव ओवट्टणाकरणमेक्कं चेव एत्थ संभवइ, सेससत्तकरणाणमेत्थ संभवाणुवलंभादो। तं जहा—णिरयाउअस्स बंधणकरणमुक्कड्डणाकरणं च मिच्छाइट्ठिम्मि अत्थि। उवरिमगुणट्ठाणेसु णत्थि। ओवट्टणाकरणमुदओदीरणा-उवसमणिकाचणाणिधत्तीकरणं च संतं जाव असंजदसम्मादिट्ठि त्ति, संकामणाकरणं णत्थि चेव। एत्थ संतोदयाणं परूवणा पसंगागदो त्ति णासंबद्धा, तिरिक्खाउअस्स बंधण० उक्कड्डण० जाव सासणसम्माइट्ठि त्ति, संकामणा णत्थि। सेसाणं करणाणं संतोदयाणं च संजदासंजदम्मि वोच्छेदो, तत्तो परं तदसंभवादो। मणुसाउअस्स बंधण० उक्कड्डण० जाव असंजदसम्माइट्ठि त्ति, उदीरणा जाव पमत्तो त्ति, ओकड्डणा जाव सजोगिचरिमसमओ त्ति, उदओ संतं च जाव अजोगिचरिमसमओ त्ति, उवसामणा० णिकाचणा० णिधत्तीकरणं जाव अपुव्वचरिमसमओ त्ति, संकामणा णत्थि।

शंका—मूल प्रकृतियोंका संक्रमण करण कैसे सम्भव है, क्योंकि उनमें परस्थान संक्रम नहीं स्वीकार किया गया है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि उत्तर प्रकृतियोंकी अपेक्षा उनका भी संक्रम बन जानेमें विरोधका अभाव है। अब यहाँ जिनका निषेध किया गया है ऐसे आयु कर्म और वेदनीय कर्मके कितने करण होते हैं ऐसी आशंकाका निराकरण करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* आयुकर्मका अपवर्तनाकरण है शेष सात करण नहीं हैं।

§ ८४. आयुकर्मकी तो अपवर्तना एक ही यहाँ सम्भव है, शेष सात करण यहाँ सम्भव नहीं हैं। जैसे—नरकायुका बन्धनकरण और उत्कर्षणाकरण मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें होते हैं, उपरिम गुणस्थानोंमें नहीं होते। अपवर्तन, उदय, उदीरणा, उपशम, निकाचना और निधत्तीकरण जहाँ तक सत्त्व है ऐसे असंयत सम्यग्दृष्टि गुणस्थान तक होते हैं। इसका संक्रमण करण होता ही नहीं। यहाँ सत्त्व और उदयका कथन प्रसंगसे आ गया है, इसलिए असम्बद्ध नहीं है। तिर्यञ्चायुका बन्धन और उत्कर्षण करण सासादन गुणस्थान तक होता है। इसकी संक्रमणा होती ही नहीं। शेष पाँच करणों तथा सत्त्व और उदयका संयतासंयत गुणस्थानमें विच्छेद हो जाता है, क्योंकि उसके आगे तिर्यञ्चायुका असत्त्व होनेसे वे करण सम्भव नहीं हैं। मनुष्यायुके बन्धनकरण और उत्कर्षणकरण असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान तक सम्भव हैं। उदीरणा प्रमत्त गुणस्थान तक होती है। अपकर्षण करण सयोगिकेवली गुणस्थान तक होता है। उदय और सत्त्व अयोगिकेवली गुणस्थान तक होते हैं। उपशमना करण, निकाचना करण और निधत्तीकरण अपूर्व-

देवाउअस्स बंधण० उक्कड्डणा जाव अप्पमत्तो त्ति, उदयोदीरणा च जाव असंजद-सम्माइट्ठि त्ति, ओकड्डण० संतं च जाव उवसंतकसायो त्ति, उवसामणा० णिकाचणा० णिधत्तीकरणं जाव अपुव्वकरणोवसामगचरिमसमओ त्ति। संकामणा णत्थि। तदो आउअमूलपयडीए अणियट्टिकरणपविट्ठपढमसमए ओवट्टणाकरणं एक्कं चेव, ण सेसाणि त्ति सिद्धं, संतोदयाणमट्ठसु करणेसु अविवक्खियत्तादो।

*** वेदणीयस्स बंधणाकरणमोवट्टणाकरणमुवट्टणाकरणं संकमणाकरणं एदाणि चत्तारि करणाणि अत्थि सेसाणि चत्तारि करणाणि णत्थि।**

§ ८५. एदस्स सुत्तस्सत्थो वुच्चदे। तं जहा—सादावेदणीयस्स बंधण० ओकड्डणाकरणं[1] च जाव सजोगिचरिमसमओ त्ति, उक्कड्डणा० जाव सुहुमसांपराइय-चरिमसमओ त्ति, उदीरणा० संकमणा जाव पमत्तसंजदो त्ति, उवसामणा० णिका-चणा० णिधत्ती० जाव अपुव्वकरणचरिमसमओ त्ति। उदओ संतं च जाव अजोगि-चरिमसमयो त्ति। आसादावेदणीयस्स बंधण० उक्कड्ड० उदीरणाकरणं च जाव पमत्तो त्ति, संकमणा० जाव सुहुम० चरिमसमओ त्ति, ओक्कड्डणा[2] जाव सजोगि त्ति, उवसामणा० णिकाचणा० णिधत्तीकरणं च अपुव्वकरणचरिमसमओ त्ति, उदयो संतं च अजोगिचरिमसमओ त्ति। तदो वेदणीयमूलपयडीए एदम्मि विसए बंधणकरणमो-

---

करण गुणस्थानके अन्तिम समय तक होते हैं। इसकी संक्रमणा नहीं होती। देवायुके बन्धन करण और उत्कर्षणकरण अप्रमत्तगुणस्थान तक होते हैं। उदय और उदीरणाकरण असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान तक होते हैं। अपकर्षणकरण और सत्त्व उपशान्तकषाय गुणस्थान तक होते हैं। तथा उपशामनाकरण निकाचनाकरण और निधत्तीकरण अपूर्वकरणगुणस्थानके अन्तिम समय तक होते हैं। इसकी संक्रमणा नहीं होती। इसलिए आयु मूल प्रकृतिका अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करनेके प्रथम समयमें एक अपवर्तनाकरण ही है, शेष करण नहीं है यह सिद्ध हुआ, क्योंकि सत्त्व और उदय आठों करणोंमें अविवक्षित हैं।

*** वेदनीयकर्मके बन्धनकरण, अपवर्तनाकरण, उद्वर्तनाकरण और संक्रमणाकरण ये चार करण होते हैं। शेष चार करण नहीं होते।**

§ ८५. इस सूत्रका अर्थ कहते हैं। वह जैसे—सातावेदनीयके बन्धनकरण और अपकर्षण-करण सयोगिकेवलीके अन्तिम समय तक होते हैं। उत्कर्षणकरण सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समय तक होता है। उदीरणाकरण और संक्रमणा प्रमत्तसंयत गुणस्थान तक होता है। उपशामनाकरण, निकाचनाकरण और निधत्तीकरण अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक होते हैं। उदय और सत्त्व अयोगिकेवलीके अन्तिम समय तक होते हैं। असातावेदनीयके बन्धनकरण, उत्कर्षणकरण और उदीरणाकरण प्रमत्तसंयत गुणस्थान तक होते हैं। संक्रमणाकरण सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समय तक होता। अपकर्षणाकरण सयोगिकेवली गुणस्थान तक होता है। उपशामनाकरण, निकाचना-

---

१. आदर्शप्रतौ ता०प्रतौ च उक्कड्डणाकरणं इति पाठः। २. आदर्शप्रतौ ता०प्रतौ च उक्कड्डणा इति पाठः।

वट्टणाकरणमुव्वट्टणाकरणं संकामणाकरणं चेदि एदाणि चत्तारि चेव करणाणि होंति सेसाणि त्ति सम्ममवहारिदं। एवमेदं परूविय संपहि एस कमो एत्तो उवरि केत्तिय मद्धाणं गच्छदि त्ति आसंकाए इदमाह—

*** मूलपयडीओ पडुच्च एस कमो ताव जाव चरिमसमयबादर सांपराइयो त्ति ।**

§ ८६. एत्थ मूलपयडिणिद्देसो एदस्स गाहापुव्वद्धस्स मूलपयडिविसयत्तं सूचेदि। तदो मूलपयडिविवक्खाए एसो अणंतरपरूविदो करणवोच्छेदावोच्छेदकमो ताव दट्ठव्वो जाव अणियट्टिबादरसांपराइयचरिमसमओ त्ति। कुदो ? एदम्हि अंतरे पयदपरूवणाए णाणत्ताणुवलंभादो।

*** सुहुमसांपराइयस्स मोहणीयस्स दो करणाणि ओवट्टणाकरण-मुदीरणाकरणं च सेसाणं कम्माणं ताणि चेव करणाणि ।**

§ ८७. एत्थ सुहुमसांपराइयम्मि मोहणीयस्स बंधो णत्थि। तदो चेव उक्कड्डणा संकमो च णत्थि त्ति वत्तव्वं, बंधणिबंधणाणं तेसिं बंधाभावे पवृत्ति-विरोहादो। तदो ओकड्डणाकरणमुदीरणाकरणं चेदि दो चेव एत्थ मोहणीयस्स करणाणि होंति त्ति सिद्धं। सेसाणं पुण कम्माणं ताणि चेव पुव्वपरूविदाणि करणाणि एत्थ वि णायव्वाणि, तत्थ णाणत्तामावादो।

करण और निधत्तीकरण अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक होते हैं। उदय और सत्त्व अयोगि-केवलीके अन्तिम समय तक होते हैं। इसलिए वेदनीय मूलप्रकृतिके इस स्थानपर बन्धनकरण, अपवर्तनाकरण, उद्वर्तनाकरण और संक्रमकरण ये चार ही करण होते हैं, शेष नहीं इसका सम्यक् प्रकारसे विचार किया। इस प्रकार इसका कथन करके अब यह क्रम यहाँसे ऊपर कितने स्थान तक जाता है ऐसी आशंका होनेपर इस सूत्रको कहते हैं—

*** मूल प्रकृतियोंकी अपेक्षा यह क्रम बादरसाम्परायके अन्तिम समय तक जानना चाहिये।**

§ ८६. यहाँ चूर्णिसूत्रमें 'मूलप्रकृति' पदका निर्देश इस गाथाके पूर्वार्धके मूलप्रकृति-सम्बन्धी विषयको सूचित करता है। इसलिए मूलप्रकृतिकी विवक्षामें यह अनन्तर पूर्व कहा गया करणोंके विच्छेद और अविच्छेदका क्रम अनिवृत्ति बादरसाम्परायके अन्तिम समय तक जानना चाहिए, क्योंकि इस अन्तरमें प्रकृत प्ररूपणाका नानापना नहीं उपलब्ध होता।

*** सूक्ष्मसाम्पराय जीवके मोहनीयके दो करण होते हैं—अपवर्तनाकरण और उदीरणाकरण तथा शेष कर्मोंके पूर्वोक्त वे ही करण होते हैं।**

§ ८७. यहाँ सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें मोहनीयका बन्ध नहीं होता इसीलिए उसका यहाँ उत्कर्षण और संक्रम नहीं होता ऐसा कहना चाहिये, क्योंकि बन्ध निमित्तक उनकी बन्धके अभावमें प्रवृत्ति होनेमें विरोध है। अतः अपकर्षणाकरण और उदीरणाकरण ये दो ही

*** उवसंतकसायवीयरायस्स मोहणीयस्स वि णत्थि किंचि वि करणं मोत्तूण दंसणमोहणीयं, दंसणमोहणीयस्स वि ओवट्टणाकरणं संकमणाकरणं च अत्थि ।**

§ ८८. उवसंतकसायवीयरायस्स मोहणीयस्स णत्थि किंचि वि करणमिदि एदेण सामण्णवयणेण दंसणमोहणीयस्स वि सव्वकरणपडिसेहे पसत्ते तण्णिवारणट्ठं मोत्तूण दंसणमोहणीयमिदि वुत्तं । तत्थ वि ओकड्डणाकरणं संकमणाकरणं चेदि दो चेव करणाणि णिद्दिट्ठाणि, सेसपरिहारेण दोण्हमेवेदेसिमेत्थ संभवोवलंभादो ।

*** सेसाणं कम्माणं पि ओवट्टणाकरणमुदीरणा च अत्थि, णवरि आउग-वेदणीयाणमोवट्टणा चेव ।**

§ ८९. सेसकम्माणं पि णाणावरणादीणमुवसंतकसायम्मि ओवट्टणाकरण-मुदीरणाकरणं चेदि दो चेव करणाणि होंति, सेसाणमेत्थ संभवाणुवलंभादो । तं जहा—उवसंतकसायम्हि सव्वेसिं कम्माणं बंधो णत्थि । तेण बंधाभावे संकमो वि णत्थि, तस्स तण्णंतरीयत्तादो । तदभावे तस्सहचरिदमुक्कड्डणाकरणं पि णत्थि । तम्हा अणियट्टि०-सुहुमेसु होंताणं पंचण्हं करणाणं मज्झे तिण्हमेदेसिं करणाणमेत्थ वोच्छेदेण सेसाणि दो चेव करणाणि होंति त्ति भणिदं होदि । णवरि आउग-वेयणी-

---

करण यहाँ मोहनीयके होते हैं यह सिद्ध हुआ । परन्तु शेष कर्मोंके पहले कहे गये वे ही करण जानना चाहिये उनके कथनमें कोई भेद नहीं है ।

*** उपशान्तकषाय वीतरागके दर्शनमोहनीयको छोड़कर मोहनीयका कोई भी करण नहीं है । दर्शनमोहनीयका भी अपवर्तनाकरण और संक्रमणाकरण है ।**

§ ८८. उपशान्तकषायवीतरागके मोहनीयका कोई भी करण नहीं है इस प्रकार इस सामान्य वचनसे दर्शनमोहनीयके भी सब करणोंका प्रतिषेध प्राप्त होने पर उसका निषेध करनेके लिए 'दर्शनमोहनीयको छोड़कर' यह वचन कहा है । उसमें भी अपकर्षणाकरण और संक्रमणा-करण ये दो ही करण निर्दिष्ट किए गये हैं, क्योंकि शेष करणोंका अभाव होकर ये दो ही करण यहाँ उसके पाये जाते हैं ।

*** शेष कर्मोंके भी अपवर्तनाकरण और उदीरणाकरण हैं । इतनी विशेषता है कि आयु और वेदनीय कर्मका अपवर्तनाकरण ही है ।**

§ ८९. शेष ज्ञानावरणादि कर्मोंके भी अपवर्तनाकरण और उदीरणाकरण ये दो ही करण होते हैं, क्योंकि शेष करण यहाँ पर सम्भव नहीं हैं । यथा—उपशान्तकषायमें सभी कर्मोंका बन्ध नहीं होता, इसलिए बन्धके अभावमें संक्रम भी नहीं होता, क्योंकि वह उसका अविनाभावी है । उसका अभाव होनेपर उसका सहचारी उत्कर्षणाकरण भी नहीं होता । इसलिए अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायमें होनेवाले पाँच करणोंमेंसे तीन करणोंकी यहाँ व्युच्छित्ति हो जानेके कारण शेष दो ही करण होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इतनी विशेषता है कि आयुकर्म और

याणमुदीरणाकरणस्स पुव्वमेवोच्छिण्णत्तादो ओवट्टणाकरणमेक्कं चेव होदि त्ति दट्ठव्वं, तत्थ पयारंतराणुवलंभादो। वेदणीयस्स बंधणकरणेण वि एत्थ होदव्वं, उवसंत-खीणकसाय-सजोगीसु सादावेदणीयबंधस्स पडिसेहाभावादो। तदो ओवट्टणाकरणमेक्कं चेवेत्ति णेदमवहारणं घडदे? ण एस दोसो, तत्थ ट्ठिदिबंधाभावेण तब्बंधस्साबंधसमाणत्तेण विवक्खियत्तादो। यथोक्तं—'शुष्ककुड्यपतितसिकतामुष्टिवदनन्तरसमये निवर्तते कर्मेर्यापथं वीतरागाणामिति'। 'दसकरणीसंगहे' पुण यथाट्ठिबंधसंभवमेत्तमवेक्खिय वेदणीयस्स वीयरागगुणट्ठाणेसु वि बंधणकरणमोवट्टणकरणं च दो वि भाणिदाणि त्ति ण किंचि विरुद्धं। संपहि एत्थ तिण्हं घादिकम्माणमुदीरणाकरणमोवट्टणाकरणं च जाव समयाहियावलियखीणकसायो त्ति, तत्तो परं तदुभयसंभवाणुवलंभादो। णामा-गोदाणमुदीरणोवट्टणाकरणाणि वेदणीयाउआणमोवट्टणाकरणं च जाव सजोगिचरिमसमओ त्ति। एवं गाहापुव्वद्धस्स अत्थविहासा समत्ता। संपहि एदेणेव गाहापुव्वद्धविवरणेण पच्छद्धो वि गयत्थो त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** कं करणं उवसंतं अणुवसंतं च कं करणं त्ति एसा सव्वा वि गाहा विहासिदा भवदि।**

वेदनीय कर्मसम्बन्धी उदीरणाकरण पहले ही व्युच्छिन्न हो जानेके कारण यहाँ एक अपवर्तनाकरण ही होता है ऐसा यहाँ जानना चाहिए, क्योंकि उन कर्मोंका यहाँ प्रकारान्तर उपलब्ध नहीं होता।

शंका—वेदनीयकर्मका बन्धनकरण भी यहाँ होना चाहिए, क्योंकि उपशान्तकषाय, क्षीणकषाय और सयोगी गुणस्थानोंमें सातावेदनीयके बन्धका निषेध नहीं है? इसलिए इसका यहाँ एक अपवर्तनाकरण ही होता है ऐसा निश्चय करना घटित नहीं होता?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि इन गुणस्थानोंमें स्थितिबन्धका अभाव होनेसे सातावेदनीयका बन्ध अबन्धके समान विवक्षित है। कहा भी है—शुष्क दीवालपर गिरी हुई मूठ भर धूलिके समान वीतरागोंके सातावेदनीयका ईर्यापथ कर्म अनन्तर समयमें ही निवृत्त हो जाता है। दशकरणीसंग्रहमें तो प्रकृतिबन्धकी सम्भावनाकी अपेक्षा करके वेदनीय कर्मके वीतराग गुणस्थानोंमें भी बन्धनकरण और अपवर्तनाकरण ये दो करण कहे गये हैं, इसलिए कुछ विरुद्ध नहीं है। यहाँ तीन घाति कर्मोंके उदीरणाकरण और अपवर्तनाकरण क्षीणकषाय गुणस्थानमें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने तक होते है, उससे आगे उन दोनों करणोंकी उपलब्धि नहीं पाई जाती। नामकर्म और गोत्रकर्मके उदीरणाकरण और अपवर्तनाकरण तथा वेदनीय और आयुकर्मके अपवर्तनाकरण सयोगिकेवलीके अन्तिम समय तक होते हैं। इस प्रकार गाथाके पूर्वार्धके इसी विवरणसे उत्तरार्ध भी गतार्थ हो गया इस प्रकार इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** कौन करण उपशान्त रहता है और कौन करण अनुपशान्त रहता है इस प्रकार यह पूरी गाथा ही विभाषित हो जाती है।**

§ ९०. गाहापुव्वद्धविहासाए चेव गाहापच्छद्धो वि विहासिदो त्ति तदो एसा चेव गाहा सव्वा सपुव्वपच्छद्धा विहासिदा दट्ठव्वा त्ति वुत्तं होइ। कुदो? जाणि चेव करणाणि जत्थ वोच्छिण्णाणि ताणि चेव तत्थ उवसंताणि जाणि च ण वोच्छिण्णाणि ताणि तत्थाणुवसंताणि, त्ति पुव्वद्धविहासाए चेव पच्छद्धस्स वि गयत्थत्तदंसणादो।

§ ९१. अहवा मूलुत्तरपयडीणं साहारणभावेण एदम्मि करणे उवसंते सेसकरणाणि किमुवसंताणि आहो अणुवसंताणि त्ति सण्णियाससरूवेण करणाणमुवसंतभावगवेसणट्ठमेसो गाहापच्छद्धो समोइण्णो त्ति वक्खाणेयव्वं। ण च एवं संते अणंतरोवरिमगाहाए विहासिज्जमाणेण अत्थेणेदस्स पुणरुत्तभावो आसंकणिज्जो, एदेण सूचिदत्थस्स तत्थ कालेण विसेसियूण परूवणाए तद्दोसासंभवादो। एवं तदियगाहमुल्लंघियूण चउत्थगाहाए अत्थो विहासिदो। संपहि तदियगाहापुव्वद्धविहासणट्ठ मुत्तरसुत्तं भणइ—

*** केच्चिरमुवसामिज्जदि संकमणमुदीरणा च केवच्चिरं त्ति एदम्हि सुत्ते विहासिज्जमाणे एदाणि चेव अट्ठकरणाणि उत्तरपयडीणं पुध पुध विहासियव्वाणि।**

§ ९२. एदम्हि तदियगाहापुव्वद्धे विहासिज्जमाणे जहा चउत्थगाहमस्सियूण

---

§ ९०. गाथाके पूर्वार्धके व्याख्यात होनेपर ही गाथाका उत्तरार्ध भी व्याख्यात हो जाता है, इसलिए पूर्वार्ध और उत्तरार्धके साथ यह पूरी गाथा ही व्याख्यात जाननी चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है, क्योंकि जो भी करण जिस स्थान पर व्युच्छिन्न हो गए वे वहाँ ही उपशान्त हो गए और जो व्युच्छिन्न नहीं हुए वे वहाँ अनुपशान्त रहे आये इस प्रकार पूर्वार्धके व्याख्यानमें ही उत्तरार्धकी गतार्थता देखी जाती है।

§ ९१. अथवा मूल और उत्तर प्रकृतियोंके साधारणरूपसे इस करणके उपशान्त होनेपर शेष करण क्या उपशान्त होते हैं या अनुपशान्त रहते हैं इस प्रकार सन्निकर्षस्वरूपसे करणोंके उपशान्त भावकी गवेषणा करनेके लिए यह गाथाका उत्तरार्ध आया है ऐसा व्याख्यान करना चाहिए। और ऐसा होनेपर अनन्तर उपरिम गाथामें प्ररूपित किए जानेवाले अर्थके साथ इसके पुनरुक्तपनेकी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि इस द्वारा सूचित किये गए अर्थकी वहाँ कालको विशेषण बनाकर प्ररूपणा करनेपर उक्त दोष सम्भव नहीं रहता। इस प्रकार तीसरी गाथाको उल्लंघन करके चौथी गाथाके अर्थका व्याख्यान किया। अब तीसरी गाथाके पूर्वार्धका व्याख्यान करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं।

*** कितने काल तक कौन प्रकृति उपशमाई जाती है तथा संक्रम और उदीरणा कितने काल तक होते हैं इस प्रकार इस सूत्रके व्याख्यात होनेपर उत्तर प्रकृतियोंके ये ही आठ करण पृथक्-पृथक् व्याख्यान किये जाने चाहिये।**

§ ९२. इस तीसरी गाथाके पूर्वार्धका व्याख्यान करनेपर जिस प्रकार चौथी गाथाका

मूलपयडीसु अट्ठण्हमेदेसिं करणाणं मग्गणा कदा तहा एत्थ वि एदाणि चेव अट्ठकरणाणि उत्तरपयडीणं पादेक्कणिरुंभणं कादूण पुध पुध विहासियव्वाणि, मूलपयडीसु विहासिदाणमट्ठण्हं करणाणमुत्तरपयडीसु कालमस्सियूण विहासट्ठं एदस्स गाहापुव्वद्धस्स समोइण्णत्तादो त्ति। एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो। अदो चेव कमम्मुल्लंघियूण तदियगाहाविहासावसरे चउत्थगाहा विहासिदा।

§ ९३. संपहि कधमेदं गाहापुव्वद्धसुत्तं कालेण विसेसियूण उत्तरपयडीसु करणाणमुवसंताणुवसंतभावपरूवयमिदि एवंविहासंकाए णिरारेगीकरणट्ठमेत्थ किंचि अवयवत्थपरामरसं कस्सामो। 'केवचिरमुवसामिज्जदि' एवं भणिदे अंतरकरणे णिट्ठिदे संते केसिं कम्माणं कदमं करणं केवचिरेण कालेण उवसामिज्जदि त्ति, एदेण णवुंसयवेदादिपयडीसु पडिबद्धाणं सव्वेसिमेव करणाणमुवसामणाए कालविसेसो पुच्छिदो होइ। 'संकमणमुदीरणा च केवचिरं' एदेण वि सुत्तावयवेण तेसिं चेव करणाणं संकमणोदीरणादीणमणुवसंतावत्था कालविसेसिदा पुच्छिदा होदि, तेसिमप्पणो सरूवेण पवुत्ती अणुवसंतभावो तेसिं चेव सगसरूवेणापवुत्ती उवसंतभावो त्ति विवक्खियत्तादो।

§ ९४. संपहि एत्थ पयदत्थमग्गणाए कीरमाणाए मूलपयडिभंगाणुसारेण सव्वेसिं कम्माणं करणावोच्छेदाबोच्छेदो अणुगंतव्वो। तं जहा—णवुंसयवेदस्स ताव

आलम्बन लेकर मूल प्रकृतियोंमें इन आठ करणोंका अनुसन्धान किया उसी प्रकार यहाँ भी उत्तर प्रकृतियोंमेंसे एक-एक प्रकृतिको विवक्षित करके इन्हीं आठ करणोंका पृथक्-पृथक् व्याख्यान करना चाहिए, क्योंकि मूल प्रकृतियोंमें व्याख्यात आठ करणोंका उत्तर प्रकृतियोंमें कालका आलम्बन लेकर व्याख्यान करनेके लिए इस गाथाके पूर्वार्धका अवतार हुआ है। यह इस सूत्रका भावार्थ है। और इसीलिए उल्लंघन करके तीसरी गाथाके व्याख्यानके समय चौथी गाथाका व्याख्यान किया।

§ ९३. अब यह गाथासूत्रका पूर्वार्ध कालको विशेषण बनाकर उत्तर प्रकृतियोंमें करणोंके उपशान्त और अनुपशान्त अवस्थाका प्ररूपण किस प्रकार करता है इस प्रकार ऐसी आशंकाके होनेपर निःशंक करनेके लिए कुछ अवयवार्थका परामर्श करते हैं—'कितने कालके भीतर उपशामना की जाती है' ऐसा कहने पर अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न होनेपर किन कर्मोंका कौनसा करण कितने कालके द्वारा उपशमाया जाता है इसप्रकार इस वचन द्वारा नपुंसक वेद आदि प्रकृतियोंसे सम्बन्ध रखनेवाले सभी करणोंका उपशामनामें लगनेवाला कालविशेष पूँछा गया है। 'संक्रमण और उदीरणा कितने काल तक होते हैं' इस प्रकार इस सूत्र वचन द्वारा उन्हीं संक्रमण और उदीरणा आदि करणोंकी काल सहित अनुपशान्त अवस्था कितने काल तक रहती है यह पूँछा गया है। उन करणोंका अपने स्वरूपसे प्रवृत्त रहना अनुपशान्त अवस्था है और उन्हीं करणोंका अपने स्वरूपसे प्रवृत्त नहीं रहना उपशान्त अवस्था है यह यहाँ विवक्षित है।

§ ९४. अब यहाँ पर प्रकृत अर्थकी गवेषणा करनेपर मूलप्रकृतियोंके भंगके अनुसार सभी कर्मोंके करणोंका विच्छेद और अविच्छेद जानना चाहिए। यथा—नपुंसकवेदके तो अनिवृत्ति-

अणियट्टिकरणपढमसमए अप्पसत्थउवसामणादीणि तिण्णि करणाणि णट्ठाणि त्ति, तेसिं सा चेव पसत्थकरणोवसामणा अप्पसत्थभावेणणुवसंताणं तेसिं पसत्थभावेणोवसंतभावसिद्धीए पडिबंधाभावादो। सेसाणि करणाणि अप्पणो सव्वोवसमट्ठाणे णट्ठाणि। णवरि सेढीए णवुंसयवेदस्स बंधणकरणं णत्थि, तदो चेव उक्कड्डणाकरणं पि णत्थि त्ति वत्तव्वं। एवमित्थिवेदस्स वि। एवं छण्णोकसायाणं पि वत्तव्वं, विसेसाभावादो। एवमट्ठकसायाणं पि वत्तव्वं। णवरि अप्पप्पणो सव्वोवसामणाविसयो जाणियव्वो। एवं पुरिसवेदचदुसंजलणाणं पि जाणिदूण पयदत्थमग्गणा कायव्वा। अथवा तिण्हं संजलणाणं बंधणा० उक्कड्डणा० संकामण० ओकड्डणा० उदय० उदीरणा० जाव अणियट्टि त्ति। उवसामणा० णिकाचणा० णिधत्ती० जाव अपुव्वकरणचरिमसमयो त्ति। संतं पुण जाव उवसंतकसायो त्ति। एवं पुरिसवेदस्स। लोहसंजलणस्स बंधणा० उक्कड्डणा० संकमणा० जाव अणियट्टि त्ति। ओकड्डणा० उदीरणाकरणं च जाव सुहुमसांपराइयसमयाहियावलिया त्ति। उदओ संतं च जाव सुहुमखवगचरिमसमओ त्ति। अथवा संतं जाव उवसंतकसायो त्ति। उवसामणा० णिकाचणा० णिधत्ती० अपुव्वकरणचरिमसमओ त्ति। संपहि आभिणिबोहियणाणावरणादीणं अप्पणो मूलपयडिभंगो जाणिय वत्तव्वो। तदो एदीए मग्गणाए समत्ताए गाहापुव्वद्धस्स विहासा समत्ता। संपहि गाहापच्छद्धविहासणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

करणके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामना आदि तीन करण नष्ट हो जाते हैं, इसलिए उनकी वही प्रशस्त करणोपशामना है, क्योंकि अप्रशस्त भावसे अनुपशान्त हुए उनकी प्रशस्तभावसे उपशान्त भावकी सिद्धिमें प्रतिबन्धका अभाव है। शेष करण अपने सर्वोपशमके स्थानमें नष्ट हो जाते हैं। इतनी विशेषता है कि श्रेणीमें नपुंसकवेदका बन्धनकरण नहीं है और इसीलिए उसका उत्कर्षणाकरण भी नहीं है ऐसा कहना चाहिए। इसी प्रकार स्त्रीवेदका भी कथन करना चाहिए। इसी प्रकार छह नोकषायोंका कथन करना चाहिये, क्योंकि उनके कथनसे इनके कथनमें कोई भेद नहीं है। इसी प्रकार अप्रत्याख्यानावरण आदि आठ कषायोंका भी कथन करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपने-अपने सर्वोपशामनाका स्थान जान लेना चाहिए। इसी प्रकार पुरुषवेद और चार संज्वलनोंके प्रकृत अर्थको जानकर गवेषणा करनी चाहिए। अथवा तीन संज्वलनोंके बन्धनकरण, उत्कर्षणाकरण संक्रामण करण, अपकर्षणाकरण, उदय और उदीरणाकरण अनिवृत्तिकरण तक होते हैं। तथा उपशामनाकरण, निकाचनाकरण और निधत्तीकरण अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक होते हैं। परन्तु सत्त्व उपशान्तकषाय गुणस्थान तक होता है। इसी प्रकार पुरुषवेदका जानना चाहिए। लोभसंज्वलनके बन्धनकरण, उत्कर्षणाकरण और संक्रमणाकरण अनिवृत्तिगुणस्थान तक होते हैं। अपवर्तनाकरण और उदीरणाकरण सूक्ष्मसाम्परायमें एक समय अधिक एक आवलि काल रहने तक होते हैं। उदय और सत्त्व सूक्ष्मसाम्परायक्षपकके अन्तिम समय तक होते हैं। अथवा सत्त्व उपशान्त गुणस्थानके अन्तिम समय तक होता है। उपशामनाकरण, निकाचनाकरण और निधत्तीकरण अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक होते हैं। आभिनिबोधिक ज्ञानावरण आदिका भंग अपनी मूल प्रकृतियोंके अनुसार जानकर कहना चाहिए। इस प्रकार इस मार्गणाके समाप्त

*** केवचिरमुवसंतं ति विहासा ।**

§ ९५. सुगमं ।

*** तं जहा ।**

§ ९६. एदं पि सुगमं ।

*** उवसंतं णिव्वाघादेण अंतोमुहुत्तं ।**

§ ९७. एदस्सत्थो वुच्चदे—जदि मरणसण्णिदो वाघादो णत्थि तो णवुंसयवेदादिपयडीणं सव्वोवसमणं कादूण अंतोमुहुत्तकालमच्छदि, तत्तो परमुवसमपज्जायस्सावट्ठाणासंभवादो । उवसमसेढिं चडिय सव्वोवसमं कादूण पुणो ओदरमाणस्स जाव पसत्थोवसामणा ण णस्सदि ताव अंतोमुहुत्तकालं सव्वोवसामणाए परिणदो होदूणच्छदि त्ति भणिदं होदि । वाघादेण पुण एगसमओ वि लब्भइ । तं कधं ? णवुंस० पसत्थोवसामणं कादूण एगसमयमणुवसंतिय से काले कालं करिय देवेसुववण्णस्स तस्स वाघादेणेयसमओवसममुवलब्भदे । एवमित्थिवेदादीणं पि जोजेयव्वं ।

*** अणुवसंतं च केवचिरं ति विहासा ।**

होनेपर गाथाके पूर्वार्धकी विभाषा समाप्त हुई । अब गाथाके उत्तरार्धकी विभाषा करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

*** कितने काल तक उपशान्त रहते हैं इसकी विभाषा करते हैं ।**

§ ९५. यह सूत्र सुगम है ।

*** वह जैसे ।**

§ ९६. यह सूत्र भी सुगम है ।

*** नपुंसकवेद आदि कर्म निर्व्याघातरूपसे अन्तर्मुहूर्त काल तक उपशान्त रहते हैं ।**

§ ९७. इसका अर्थ कहते हैं—यदि मरणसंज्ञावाला व्याघात नहीं होता तो नपुंसकवेद आदि प्रकृतियोंका सर्वोपशम करके वह अन्तर्मुहूर्त काल तक रहता है, क्योंकि इतने कालके बाद उनकी उपशमपर्यायका अवस्थान असम्भव है । उपशमश्रेणिपर चढ़कर और सर्वोपशम करके पुनः उतरनेवालेकी जब तक प्रशस्त उपशामना नष्ट नहीं होती है तब तक अन्तर्मुहूर्त काल सर्वोपशामनासे परिणत होकर यह जीव अवस्थित रहता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । व्याघातसे तो एक समय भी प्राप्त होता है ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—नपुंसकवेदकी प्रशस्तोपशामना करके और एक समय रहकर तदनन्तर समयमें कालगत होकर जो देवोंमें उत्पन्न हुआ है उसके व्याघातसे एक समय प्रशस्त उपशम उपलब्ध होता है । इसी प्रकार स्त्रीवेद आदिकी अपेक्षा भी योजना करनी चाहिए ।

*** अब कौन कर्म कितने काल तक अनुपशान्त रहते हैं इस पदकी विभाषा करते हैं ।**

§ ९८. सुगमं ।

* तं जहा ।

§ ९९. एदं पि सुगमं ।

* अप्पसत्थउवसामणाए अणुवसंताणि कम्माणि णिव्वाघादेण अंतोमुहुत्तं ।

§ १००. एत्थ उवसामणा दुविहा—पसत्थउवसामणा अप्पसत्थउवसामणा चेदि । तत्थ ताव अप्पसत्थउवसामणाए अणुवसंताणमेसो कालविसेसो सुत्ते णिद्दिट्ठो । तं जहा—उवसमसेढिं चडमाणस्स अणियट्टिपढमसमए अप्पसत्थउवसामणाए णवुंसयवेदादिकम्माणमणुवसंतं जादं, तदो अणियट्टिविदियसमयप्पहुडि उवरि चडिय पुणो ओयरमाणस्स जाव अणियट्टिचरिमसमओ त्ति ताव अणुवसंतं भवदि । तदो अपुव्वकरणपढमसमयं पत्तस्स अणुवसंतभावो दट्ठो, अप्पसत्थउवसामणाए तत्थ पुणरुप्पत्तिदंसणादो । एसो णिव्वाघादकालो । वाघादेण पुण एयसमओ भवदि । तं कधं ? एगो अपुव्वकरणोवसामगो अणियट्टी जादो । तस्समए चेव तिण्णि करणाणि अणुवसंताणि, तत्थेगसमयमच्छियूण से काले देवेसुप्पण्णपढमसमए पुणो वि अप्पसत्थोवसामणाए पुणरुब्भावो जादो, तेणेगसमओ भवदि । एवं सव्वेसिं पि कम्माणं

---

§ ९८. यह सूत्र सुगम है।

* वह जैसे ।

§ ९९. यह सूत्र भी सुगम है ।

* अप्रशस्त उपशामनारूपसे अनुपशान्त हुए कर्म निर्व्याघातरूपसे अन्तर्मुहूर्त काल तक रहते हैं ।

§ १००. प्रकृतमें उपशामना दो प्रकारकी है—प्रशस्त उपशामना और अप्रशस्त उपशामना । इनमेंसे सर्वप्रथम अप्रशस्त उपशामनासे अनुपशान्त हुए कर्मोंका सूत्रमें यह काल निर्देश निर्दिष्ट किया गया है। वह जैसे—उपशमश्रेणिपर चढ़नेवाले जीवके अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामनारूपसे नपुंसकवेद आदि कर्म अनुपशान्त हुए । तत्पश्चात् अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयसे लेकर ऊपर चढ़कर पुनः उतरनेवाले जीवके अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयतक अनुपशान्त रहते हैं। तत्पश्चात् अपूर्वकरणके प्रथम समयको प्राप्त हुए उस जीवके अनुपशान्त भाव दिखाई दिया, क्योंकि अप्रशस्त उपशामनाकी वहाँ पुनः उत्पत्ति देखी जाती है, यह निर्व्याघात विषयक काल है। व्याघातकी अपेक्षा तो एक समय काल प्राप्त होता है ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—एक अपूर्वकरण उपशामक जीव अनिवृत्तिकरणको प्राप्त हुआ। वहाँ उसी समयमें तीन करण अनुपशान्त हो गये । पुनः वहाँ एकसमय रहकर तदनन्तर समयमें देवोंमें उत्पन्न हुए उस जीवके प्रथम समयमें अप्रशस्त उपशामनाका पुनः उद्भव हो गया, इससे उसका एक

पसत्थोवसामणाए पुण अणुवसंतस्स जह० अंतोमुहुत्तं उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टमिदि। एसो अत्थो सुगमो त्ति सुत्ते अणुवइट्ठो, सादिसपज्जवसिदत्तकालस्स जहण्णुक्कस्सेण तप्पमाणत्तोवलंभादो। एवमुवसामगपडिबद्धाणं चउण्हं मूलगाहाणं अत्थविहासा समत्ता। एत्तो परिवदमाणयस्स विहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* एत्तो पडिवदमाणयस्स विहासा।

§ १०१. चडमाणोवसामगमस्सियूण एसा सव्वा वि विहासा कदा। एत्तो सेसचदुगाहापडिबद्धा पडिवदमाणगस्स विहासा अहिकया दट्ठव्वा त्ति पयदसंभालणवक्कमेदं। एत्थ पडिवदमाणगो त्ति वुत्ते ओदरमाणो घेत्तव्वो। सा वुण पडिवदमाणगस्स विहासा दुविहा होदि—परूवणाविहासा सुत्तविहासा चेदि। तत्थ परूवणाविहासा णाम सुत्तपदाणि अणुच्चारिय सुत्तसूचिदासेसत्थस्स वित्थरपरूवणा। सुत्तविहासा णाम गाहासुत्ताणमवयवत्थपरामरसमुहेण सुत्तफासो। तत्थ ताव परूवणाविहासाए पुव्वमणुगमो कायव्वो त्ति पदुप्पायणट्ठमिदमाह—

* परूवणाविहासा ताव पच्छा सुत्तविहासा।

§ १०२. परूवणाविहासा ताव पुव्वं गमणिज्जा, तीए विहासिदाए सुत्तविहासा

समय काल प्राप्त होता है। इसी प्रकार सभी कर्मोंकी अपेक्षा प्रशस्त उपशामनाके अनुपशान्त रहनेका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। यह अर्थ सुगम है, इसलिए सूत्रमें इसका निर्देश नहीं किया, क्योंकि सादि-सपर्यवसित काल जघन्य और उत्कृष्टरूपसे तत्प्रमाण उपलब्ध होता है। इस प्रकार उपशामकसे सम्बन्ध रखनेवाली चार मूल गाथाओंकी अर्थविभाषा समाप्त हुई। आगे उपशमश्रेणिसे गिरनेवाले जीवका व्याख्यान करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* आगे उपशमश्रेणिसे गिरनेवाले जीवकी प्ररूपणा करते हैं।

§ १०१. चढ़नेवाला उपशामकका आश्रय लेकर यह सम्पूर्ण प्ररूपणा की। आगे गिरनेवालेको लक्ष्यमें रखकर शेष चार गाथाओंसम्बन्धी प्ररूपणा अधिकृत जाननी चाहिये इसप्रकार प्रकृत विषयको संम्हालनेवाला यह सूत्रवचन है। यहाँ चूर्णिसूत्रमें गिरनेवाला ऐसा कहनेपर उपशमश्रेणिसे उतरनेवाला जीव लेना चाहिये। उतरनेवालेकी वह प्ररूपणा दो प्रकारकी है—प्ररूपणाविभाषा और सूत्रविभाषा। उनमेंसे सूत्रपदोंका उच्चारण किये बिना सूत्रसे सूचित होनेवाले अशेष अर्थकी विस्तारसे प्ररूपणा करनेका नाम प्ररूपणाविभाषा है। तथा गाथासूत्रोंके प्रत्येक पदके अर्थके परामर्शद्वारा सूत्रका स्पर्श करनेका नाम सूत्रविभाषा है। उनमेंसे सर्वप्रथम प्ररूपणाविभाषाका पहले अनुगम करना चाहिये इस बातका ज्ञान करानेकेलिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

* यहाँ सर्वप्रथम प्ररूपणाविभाषा करके पश्चात् सूत्रविभाषा करनी चाहिये।

§ १०२. सर्व प्रथम प्ररूपणाविभाषा जाननी चाहिये। उसकी विभाषा करनेपर सूत्रविभाषा

णया होदि त्ति पच्छा सुत्तविहासा कायव्वा त्ति वुत्तं होदि। तदो परूवणाए ताव पयदमिदि पदुप्पायणपरमुवरिमसुत्तं—

मार्गदर्शक :

* परूवणाविहासा।

§ १०३. सुगमं।

* तं जहा।

§ १०४. एदं पि सुगमं।

* दुविहो पडिवादो—भवक्खएण च उवसामणक्खएण च।

§ १०५. सो खलु पडिवादो दुविहो होदि—भवक्खयणिबंधणो उवसामणक्खयणिबंधणो चेदि। तत्थ भवक्खयणिबंधणो णाम उवसमसेढिसिहरमारुढस्स तत्थेव गदजीवस्स कालं कादूण कसायेसु पडिवादो। जो उण संते वि आउए उवसामणक्खएण कसायेसु पडिवादो सो उवसामणक्खयणिबंधणो णाम। तत्थ ताव भवक्खयणिबंधणस्स पडिवादस्स थोववत्तव्वपडिबद्धस्स संखेवेण विहासणं कुणमाणो तप्पडिबद्धमुत्तरं भणइ—

* भवक्खएण पदिदस्स सव्वाणि करणाणि एगसमएण उग्घाडिदाणि।

लिए सरल है, इसलिए बादमें सूत्रविभाषा करनी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसमें सर्वप्रथम प्ररूपणाविभाषा प्रकृत है इस बातका कथन करनेवाला आगेका सूत्र कहते हैं—

* प्ररूपणाविभाषा प्रकृत है।

§ १०३. यह सूत्र सुगम है।

* वह जैसे।

§ १०४. यह सूत्र भी सुगम है।

* भवक्षय और उपशामनाक्षयके भेदसे प्रतिपात दो प्रकारका है।

§ १०५. वह प्रतिपात नियमसे दो प्रकारका है—भवक्षयनिमित्तक और उपशामनाक्षयनिमित्तक। प्रकृतमें जो उपशमश्रेणिके शिखरपर आरूढ़ है और जिसकी वहीं आयु समाप्त हो गई उसके कालगत होकर कषायोंमें गिरनेका नाम भवक्षयनिमित्तक प्रतिपात है। और जो आयुके रहनेपर भी उपशामककालके क्षय होनेसे कषायोंमें गिरता है वह उपशामकक्षयनिमित्तक प्रतिपात है। उनमेंसे स्तोक वक्तव्यसे सम्बन्ध रखनेवाले भवक्षयनिमित्तक प्रतिपातकी सर्व प्रथम प्ररूपणा करते हुये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* भवक्षयसे गिरे हुए जीवके सब करण एक समयमें उद्घाटित हो जाते हैं।

§ १०६. एदस्स सुत्तस्सत्थो—भवक्खएण पडिवादो णाम उवसंतकसाय-सगद्धाये पढमादिसमयेसु जत्थ वा तत्थ वा खीणाउअस्स देवेसुप्पण्णपढमसमए भवदि। एवं भवक्खएण पदिदस्स पढमसमयदेवस्स सव्वाणि करणाणि बंधणोदीरणासंकमणा-दीणि पुव्वमुवसामणावसेण णिरुद्धदुवाराणि एगसमएणेव समुग्घादिदाणि, अट्ठ वि करणाणि सव्वोवसामणापज्जायपरिच्चाएण अप्पप्पणो सरूवेण पुणो वि पयट्टदाणि त्ति भणिदं होदि। तदो चेव देवेसुप्पण्णपढमसमए जाणि कम्माणि वेदिज्जंति ताणि उदीरेमाणो उदयावलियं पवेसेदि। सेसाणि च ओकड्डमाणो उदयावलियबाहिरे एग-गोवुच्छासेढीए णिक्खिवियं अंतरमावूरेदि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि—

* पढमसमए चेव जाणि उदीरिज्जंति कम्माणि ताणि उदयावलियं पवेसिदाणि, जाणि ण उदीरिज्जंति ताणि वि ओकड्डियूण आवलिय-बाहिरे गोवुच्छाए सेढीए णिक्खित्ताणि।

§ १०७. गयत्थमेदं सुत्तं। णवरि एत्थ पढमसमयदेवेणोदीरिज्जमाणाणि मोहकम्माणि एदाणि। तं जहा—पच्चक्खाणापच्चक्खाणसंजलणकोहमाणमाया-लोभाणमण्णदरं पुरिसवेदो हस्सरदीओ सिया भय दुगुंछाओ वेदि एदाणि ताव उदीरणापाओग्गाणि, सेसाणि पुण णवुंसयवेदादिकम्माणि अणुदीरिज्जमाणाणि

§ १०६. इस सूत्रका अर्थ—उपशान्तकषायसम्बन्धी कालके प्रथमादि समयोंमेंसे जहाँ कहीं क्षीण हुई आयुवालेके देवोंमें उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें भवक्षयसे प्रतिपात होता है। इस प्रकार भवक्षयसे गिरकर देवोंमें उत्पन्न हुए जीवके प्रथम समयमें उपशामना द्वारा जिनका पूर्वमें द्वार निरुद्ध कर दिया गया था वे सब बन्धन, उदीरणा और संक्रमण आदि करण एक समयद्वारा ही उद्घाटित हो जाते हैं। आठों ही करण सर्वोपशामनारूप पर्यायके परित्यागद्वारा अपने-अपने स्वरूपसे फिर भी उद्घाटित हो जाते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। और इसीलिये देवोंमें उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें जो कर्म वेदे जाते हैं वे उदीरित होकर उदयावलिमें प्रवेश कराये जाते हैं और शेष कर्मोंका अपकर्षण करके उदयावलिके बाहर एक गोपुच्छाश्रेणिरूपसे निक्षिप्त करके अन्तरको भरता है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं।

* प्रथम समयमें ही जिन कर्मोंको उदीरित किया जाता है उन्हें उदयावलिमें प्रवेश कराता है और जो कर्म उदीरित नहीं किये जाते हैं उनका अपकर्षण करके उन्हें उदयावलिके बाहर गोपुच्छाश्रेणिरूपसे निक्षिप्त करता है।

§ १०७. यह सूत्र गतार्थ है। इतनी विशेषता है कि यहाँपर देवोंद्वारा प्रथम समयमें उदीरित किये जानेवाले मोहनीय कर्म ये हैं। वह जैसे—प्रत्याख्यानावरण, अप्रत्याख्यानावरण और संज्वलन क्रोध, मान, माया और लोभमेंसे अन्यतर, पुरुषवेद, हास्य-रति, कदाचित् भय और जुगुप्सा इस प्रकार ये कर्म उस समय उदीरणाके योग्य हैं। परन्तु शेष नपुंसकवेद आदि कर्म अनुदीर्यमाण

१. ता०प्रतौ हस्सरदीओ सिया, भय-इति पाठः।

णि। एत्थेदेसिमंतरावूरणविहाणं भणिदूण गेण्हियव्वं। तदो भवक्खएण दो विहासिय समत्तो भवदि। संपहि उवसामणद्धाक्खएण जो पडिवादो तस्स णट्ठुत्तरो सुत्तपबंधो—

* जो उवसामणक्खएण पडिवददि तस्स विहासा।

§ १०८. जो खलु उवसामणद्धाक्खएण पडिवददि तस्सेदाणिं विहासा कीरदि णिद्देसो होदि। तत्थ ताव पडिवादकारणगवेसणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

* केण कारणेण पडिवददि अवट्ठिदपरिणामो संतो।

§ १०९. एवं पुच्छंतस्साभिप्पायो, भवक्खएण पडिवादो ताव सकारणो आउअस्स असंजदभावेण कसाएसु पडिवादं मोत्तूण उवसंतकसायभावेणावट्ठाणाभावादो। एदम्मि पुण पडिवादे ण किंचि कारणमुवलब्भदे। ण ताव परिणामहाणी कारणं, अवट्ठिदपरिणामस्स उवसंतकसायस्स परिणामहाणीए असंभवादो। ण च कारणमेत्थ संभवइ, विचारिज्जमाणस्स तस्साणुवलद्धीदो। तम्हा अवट्ठिदपरिणामो एसो उवसंतकसाओ केण कारणेण पडिवददि त्ति पुच्छा कदा होइ। संपहि तीए पुच्छाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

* सुणु कारणं, जधा अद्धाक्खएण सो लोभे पडिवदिदो होइ।

चाहिए। यहाँ इन कर्मोंके अन्तरको भरनेके विधानको कहकर ग्रहण करना चाहिए। इस भवक्षयसे प्रतिपातकी प्ररूपणा समाप्त हुई। अब उपशामनाद्धाके क्षयसे जो प्रतिपात होता है उसका प्रतिपादन करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

* जो उपशामनाक्षयसे उतरता है उसकी विभाषा करते हैं।

§ १०८. जो उपशामनाके कालके क्षय होनेसे उतरता है उसकी इस समय प्ररूपणा करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उसमें सर्वप्रथम प्रतिपातके कारणकी गवेषणा करनेके लिए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

* अवस्थित परिणामवाला होता हुआ किस कारणसे गिरता है।

§ १०९. ऐसा पूछनेवालेका अभिप्राय है कि भवक्षयसे होनेवाला प्रतिपात तो सकारण है, क्योंकि क्षीण आयुवाले जीवका असंयतभावसे कषायोंमें प्रतिपातको छोड़कर उपशान्तकषायरूपसे रहनेका विरोध है। परन्तु इस प्रतिपातमें कोई कारण नहीं उपलब्ध होता। परिणामोंकी हानि तो उसका कारण हो नहीं सकता, क्योंकि उपशान्तकषाय अवस्थित परिणामवाला होता है, इसलिए उसके परिणामोंकी हानि होना असम्भव है। और यहाँ कोई दूसरा कारण उपलब्ध नहीं है, क्योंकि विचार करनेपर वह उपलब्ध नहीं होता। इसलिए अवस्थित परिणामवाला होकर यह उपशान्तकषाय जीव किस कारणसे गिरता है यह यहाँ पृच्छा की गई है। अब इस पृच्छाके होने पर निःशंक करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

* कारण सुनो। यथा—अद्धाक्षयसे लोभमें प्रतिपतित होता है।

§ ११०. सुणु कारणमिदि सिस्ससंबोहणवयणमेदं। एवं सिस्ससंबोधणं कादूण तदो अद्धाक्खएण सो लोभे पडिवदिदो होइ त्ति कारणणिद्देसो कओ। एदस्स भावत्थो—जइ वि एसो उवसंतकसायो अवट्ठिदपरिणामो तो वि तस्स उवसंतकसायभावेणावट्ठाणकालो अंतोमुहुत्तमेत्तो चेव, तत्तो परमुवसमपज्जायस्सावट्ठाणासंभवादो। तम्हा उवसंतद्धाक्खएण सुणु एवं सिस्ससंबोधणं कादूण सो पडिवददि त्ति घेत्तव्वं, कारणंतरस्साणुवलंभादो। एवं पडिवदमाणो लोभकसाए चेव पडिवददि, सुहुमसांपराइयगुणट्ठाणे पडिवदमाणयस्स कसायंतरासंभवादो त्ति। एवमेदस्स पडिवादस्स कारणं परूविय संपहि तमेव पडिवादं पबंधेण परूवेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** तं परूवइस्सामो।**

§ १११. तमेदमणंतरणिद्दिट्ठमद्धाक्खयणिबंधणं पडिवादमेत्तो पबंधेण वत्तइस्सामो त्ति वुत्तं होइ। तं जहा—

*** पढमसमयसुहुमसांपराएण तिविहं लोभमोकड्डियूण संजलणस्स उदयादिगुणसेढी कदा।**

§ ११२. एदस्स सुत्तस्सत्थो वुच्चदे। तं जहा—उवसामणद्धाक्खएण पडिवदमाणो उवसंतकसायो सुहुमसांपराइयगुणट्ठाणे चेव णिवददि, तत्थ पयारंतरा-

§ ११०. 'कारण सुनो' यह शिष्यको सम्बोधन करनेवाला वचन है। इस प्रकार शिष्यको सम्बोधन करके उसके बाद अद्धाक्षयसे वह लोभमें प्रतिपतित होता है इस प्रकार कारणका निर्देश किया है। इसका भावार्थ—यद्यपि यह उपशान्तकषाय जीव अवस्थित परिणामवाला होता है तो भी उसका उपशान्तकषायभावसे अवस्थानकाल अन्तर्मुहूर्तमात्र ही है। उसके बाद उपशम पर्याय का अवस्थान असंभव है। इसलिए उपशान्तकालके क्षयसे 'सुनो' इस प्रकार शिष्यको सम्बोधित करके कहते हैं कि वह गिरता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि इसके गिरनेका दूसरा कोई कारण नहीं उपलब्ध होता। इस प्रकार गिरनेवाला जीव लोभकषायमें ही गिरता है, क्योंकि सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें गिरनेवालेके अन्य कोई कषायका होना असम्भव है। इस प्रकार इस प्रतिपातके कारणका कथन करके अब उसी प्रतिपातको सूत्रद्वारा प्ररूपण करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं।

*** उस प्रतिपातकी प्ररूपणा करेंगे।**

§ १११. अनन्तर पूर्व निर्दिष्ट अद्धाक्षयनिमित्तक उस प्रतिपातको आगेके प्रबन्ध द्वारा बतलायेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है, वह जैसे—

*** प्रथम समयमें सूक्ष्मसाम्पराय जीवने तीन प्रकारके लोभका अपकर्षण करके संज्वलनलोभकी उदयादि गुणश्रेणि की।**

§ ११२. इस सूत्रका अर्थ कहते हैं वह जैसे—उपशामना कालका क्षय होनेसे गिरनेवाला उपशान्तकषाय जीव सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें ही गिरता है, क्योंकि वहाँ कोई दूसरा प्रकार सम्भव

१. ता०प्रतौ मेवं (?) एवं इति पाठः।

...दो। तधे चेव पढमसमयसुहुमसांपराइयभावे वट्टमाणो तिविहं लोभं विदियट्ठि-...ओकड्डदि, तक्कालमेव तिण्हं लोभाणं उवसामणक्खयदंसणादो। एवमोकड्डि-...गुणसेढिणिक्खेवं कुणमाणो लोभसंजलणस्स उदयादिगुणसेढिणिक्खेवं करेदि, ...माणस्स तस्स पयारंतरासंभवादो। किंपमाणो एदस्स गुणसेढिणिक्खेवो त्ति ...ाए इदमाह—

* जा ... किट्टी लोभवेदगद्धा तदो विसेसुत्तरकालो गुणसेढि-...क्खेवो।

§ ११३. 'तस्स' परिवदमाणसुहुमसांपरायस्स जा किट्टी लोभवेदगद्धा अंतो-...वच्छिण्णपमाणा तत्तो विसेसुत्तरपमाणो एदस्स गुणसेढिणिक्खेवो दट्ठव्वो। ...विसेसपमाणमावलियमेत्तमिदि घेत्तव्वं। दुविहस्स वि लोहस्स एवडिओ चेव गुण-...ढिणिक्खेवो होदि, किंतु उदयावलियबाहिरे चेव णिक्खिप्पदे। किं कारणं? तेसिम-...णुदयावलियब्भंतरे णिक्खेवासंभवादो त्ति जाणावणट्ठमिदं सुत्तं—

* दुविहस्स लोहस्स तत्तियो चेव णिक्खेवो, णवरि उदयावलियाए ...त्थि।

§ ११४. गयत्थमेदं सुत्तं। संपहि णाणावरणीयादिकम्माणमेत्थतणो गुण-...ढिणिक्खेवो किंपमाणो त्ति आसंकाणिरारेगीकरणट्ठमिदमाह—

...ही है। और उसी समय प्रथम समयके सूक्ष्मसाम्पराय परिणाममें विद्यमान होकर द्वितीय स्थिति-...के तीन प्रकारके लोभको अपकर्षित करता है, क्योंकि उसी समय तीन लोभोंके उपशामनाका ...होता देखा जाता है। इस प्रकार अपकर्षण करके गुणश्रेणिमें निक्षेप करता हुआ लोभसंज्वलनका ...यादि गुणश्रेणिनिक्षेप करता है, क्योंकि वेदी जानेवाली उसमें दूसरा कोई प्रकार सम्भव ...ही है। इसके गुणश्रेणिनिक्षेपका कितना प्रमाण है ऐसी आशंका होनेपर इस सूत्रको कहते हैं—

* जो उसका कृष्टिगत लोभका वेदनकाल है उससे कुछ अधिक कालप्रमाण ...गुणश्रेणिनिक्षेप है।

§ ११३. उसके अर्थात् गिरनेवाले सूक्ष्मसाम्परायिक जीवका जो कृष्टिगत लोभका वेदन-...काल है वह अन्तर्मुहूर्त कालप्रमाण है, उससे कुछ अधिक कालप्रमाण इसका गुणश्रेणिनिक्षेप ...जानना चाहिये। यहाँ विशेषका प्रमाण एक आवलिमात्र ग्रहण करना चाहिये। अन्य दो प्रकारके ...लोभका भी इतना ही गुणश्रेणिनिक्षेप होता है। किन्तु उसे उदयावलिके बाहर ही निक्षिप्त करता ...है, क्योंकि नहीं वेदी जानेवाली उन प्रकृतियोंका उदयावलिके भीतर निक्षेप होना सम्भव नहीं है ...ऐसा ज्ञान करानेके लिए यह सूत्र आया है—

* दो प्रकारके लोभका उतना ही निक्षेप होता है। इतनी विशेषता है कि ...उनका निक्षेप उदयावलिके भीतर नहीं होता।

§ ११४. यह सूत्र गतार्थ है। अब ज्ञानावरणादि कर्मोंका यहाँ होनेवाला निक्षेप किस प्रमाण-

*** सेसाणमाउगवज्जाणं कम्माणं गुणसेढिणिक्खेवो अणियट्टिकरणद्धादो अपुव्वकरणद्धादो च विसेसाहिओ, सेसे सेसे च णिक्खेवो ।**

§ ११५. पुव्वमुवसंतकसायद्धाए संखेज्जभागप्पमाणो[1] अवट्ठिदायामो णाणावरणादिकम्माणं गुणसेढिणिक्खेवो एण्हिमोदरमाणापुव्वणियट्टिकरणद्धाहिंतो विसेसाहियायामो जादो त्ति वुत्तं होइ । गलिदसेसो च एसो णाणावरणादीणं गुणसेढिणिक्खेवो दट्ठव्वो त्ति जाणावणट्ठं 'सेसे सेसे च णिक्खेवो त्ति वुत्तं । उदयावलियबाहिरे गलिदसेसायामो णाणावरणादिकम्माणं उदीरणा पविहम्मदि ताव णाणावरणादीणं पि उदयादिगुणसेढिणिक्खेवो होदि त्ति, एदं जाणिय वत्तव्वं, उदयादिगुणसेढिणिक्खेवाभावे वि असंखेज्जसमयपबद्धोदीरणाए चढमाणस्सेव संभवे विप्पडिसेहाभावादो ।

वाला होता है इस आशंकाको दूर करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** आयुकर्मको छोड़कर शेष कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप अनिवृत्तिकरणके कालसे और अपूर्वकरणके कालसे विशेष अधिक होता है। तथा शेष-शेषमें निक्षेप होता है।**

§ ११५. पहले ज्ञानावरणादि कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप उपशान्तकषायके कालके संख्यातवें भागप्रमाण अवस्थित आयामवाला था इस तरह उतरनेवालेके वह अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे विशेष अधिक आयामवाला हो जाता है यह कहा गया है। ज्ञानावरणादि कर्मोंका यह गुणश्रेणिनिक्षेप गलित शेष जानना चाहिये इस बातका ज्ञान करानेके लिये शेष-शेषमें अर्थात् उत्तरोत्तर शेष रही गुणश्रेणिमें निक्षेप होता है यह कहा है। यहाँसे लेकर ज्ञानावरणादि कर्मोंका उदयावलिके बाहर गलित शेष आयामवाला गुणश्रेणि निक्षेप प्रवृत्त होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यहाँ किन्हींका अभिप्राय है कि यहाँसे लेकर जबतक असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा प्रवृत्त रहती है तबतक ज्ञानावरणादि कर्मोंका भी उदयादि गुणश्रेणिनिक्षेप होता है। सो इसे जानकर कहना चाहिये, क्योंकि उदयादि गुणश्रेणिनिक्षेपके अभावमें भी चढ़नेवालेके समान असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणाका निषेध नहीं है।

विशेषार्थ—चूर्णि सूत्रोंके अनुसार उपशमश्रेणिसे उतरनेवाले जीवके ज्ञानावरणादि कर्मोंका गलितशेष गुणश्रेणिनिक्षेप होता है। किन्तु किन्हीं अन्य आचार्योंके अभिप्रायसे उपशमश्रेणि चढ़ते अनिवृत्तिकरणमें जहाँसे लेकर असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा होने लगती है, उतरते समय भी असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा करते हुए जब उस स्थानतक पहुँचता है तबतक ज्ञानावरणादि कर्मोंकी उदयादि गुणश्रेणि निर्जरा होती रहती है। इस प्रकार प्रकृतमें दो अभिप्राय प्राप्त होते हैं—एक चूर्णिसूत्रकारका अभिप्राय और दूसरा अन्य किन्हीं आचार्योंका अभिप्राय। इस पर जयधवलामें जो अभिप्राय व्यक्त किया गया है उसका आशय यह है कि एक तो इसको पूर्वानुमोदित आगमसे जानकर कथन करना चाहिये। दूसरे ज्ञानावरणादि कर्मोंका उदयादि गुणश्रेणि निक्षेप न होनेपर भी चढ़नेवालेके समान उतरने वालेके असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा बन सकती है, उसका कोई निषेध नहीं है।

---

१. ता०प्रतौ असंखेज्जविभागपमाणो इति पाठः ।

§ ११६. संपहि जहा णाणावरणादीणं गलिदसेसायामो गुणसेढिणिक्खेवो तिविहस्स वि लोहस्स आहो तत्थावट्ठिदगुणसेढिणिक्खेवो त्ति आसंकाए—

*** तिविहस्स लोहस्स तत्तियो चेव णिक्खेवो।**

§ ११७. कुदो एवं चे ? जाव अंतरं णावूरिज्जदि ताव मोहणीयपयडीणं जहा-ओकड्डिज्जमाणाणमवट्ठिदो चेव गुणसेढिणिक्खेवो होदि त्ति परमगुरूवएसादो। ओकड्डिज्जमाणस्स पदेसग्गस्स पढमविदियट्ठिदीसु णिसिंचमाणस्स सेढिपरूवणा जाणिय कायव्वा।

*** ताधे चेव तिविहो लोभो एगसमएण पसत्थउवसामणाए अणुवसंतो।**

§ ११८. तम्मि चेव सुहुमसांपराइयपढमसमए तिविहो लोहो पुव्वमुवसंतावत्थो एगसमएणेव परिणामक्खएण पसत्थोवसामणाए अणुवसंतो जादो, तदो चेव ओकड्डणादिकिरियाणं ताधे पवत्ती ण विरुद्धा त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो। लोभो पुण चरित्तमोहपयडीओ अज्ज वि उवसंताओ चेव, तासिमणुवसमपज्जायस्स उक्कमुवरि पादुब्भावदंसणादो। संपहि पढमसमयसुहुमसांपराइस्स णाणावरणादि-कम्माणं ट्ठिदिबंधपमाणावहारट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

---

§ ११६. अब जिस प्रकार ज्ञानावरणादि कर्मोंका गलित शेष आयामवाला गुणश्रेणिनिक्षेप होता है उसीप्रकार तीन प्रकारके लोभका भी होता है या उनका अवस्थित गुणश्रेणिनिक्षेप होता है ऐसी आशंका होनेपर यह आगेका सूत्र कहते हैं—

*** तीन प्रकारके लोभोंका उतना-उतना ही निक्षेप होता है।**

§ ११७. शंका—यह कैसे होता है ?

समाधान—जबतक अन्तरको नहीं भरता है तबतक यथावसर आकर्षित होनेवाली मोह-प्रकृतियोंका अवस्थित ही गुणश्रेणिनिक्षेप होता है ऐसा परम गुरुका उपदेश है। यहाँपर अप-कर्षित होकर प्रथम-द्वितीय स्थितिमें निसिंचित होनेवाले प्रदेशपुंजकी श्रेणिप्ररूपणा जानकर करनी चाहिये।

*** उसी समय तीन प्रकारका लोभ एक समयमें प्रशस्त उपशामनासे अनुपशान्त होता है।**

§ ११८. उसी समय अर्थात् सूक्ष्मसाम्परायके प्रथम समयमें तीन प्रकारका लोभ पहले उपशान्त अवस्थारूप होता हुआ एक समयमें ही परिणामोंके क्षयके कारण प्रशस्त उपशामनासे अनुपशान्त हो जाता है। वहींसे ही उन प्रकृतियोंमें अपकर्षणादि क्रियाकी प्रवृत्ति उस समय होती है यह सूत्रका भावार्थ है। परन्तु चारित्रमोहकी शेष प्रकृतियाँ अब भी उपशान्त ही रहती हैं, क्योंकि उनकी अनुपशम पर्यायका क्रमसे ऊपर प्रादुर्भाव देखा जाता है। अब प्रथम

*** ताधे तिण्हं घादिकम्माणमंतोमुहुत्तट्ठिदिगो बंधो, णामागोदाणं ट्ठिदिबंधो बत्तीसमुहुत्ता, वेदणीयस्स ट्ठिदिबंधो अडतालीसमुहुत्ता ।**

§ ११९. चढमाणसुहुमसांपराइयस्स चरिमट्ठिदिबंधादो दुगुणमेत्तट्ठिदिबंधो णाणावरणादिकम्माणमेत्थ जादो त्ति वुत्तं होइ। एवं पढमसमयसुहुमसांपराइयस्स कज्जभेदं पदुप्पाइय संपहि विदियसमए तण्णाणत्तपदुप्पायणट्ठमिदमुत्तरसुत्तमाह—

*** से काले गुणसेढी असंखेज्जगुणहीणा ।**

§ १२०. पुव्वुत्तेणेव विहिणा केसिं पि अवट्ठिदायामेण केसिं पि गलिदसेसायामेण च पयट्टमाणा गुणसेढी पढमसमयगुणसेढीदो 'से काले' तदणंतरसमए पदेसग्गं पेक्खियूणासंखेज्जगुणहीणा भवदि। किं कारणं ? तत्थतणविसोहीदो एत्थतणविसोहीए अणंतगुणहीणत्तदंसणादो ।

*** ट्ठिदिबंधो सो चेव ।**

§ १२१. पढमसमए जो आढत्तो ट्ठिदिबंधो णाणावरणादीणमणंतरणिद्दिट्ठपमाणो सो चेवाणूणाहिओ विदियसमए वि पयट्टदि, ण तत्थ णाणत्तमत्थि त्ति भणिदं होइ। कुदो एवं च ? अंतोमुहुत्तमेत्तकालमवट्ठिदट्ठिदिबंधब्भुवगमादो ।

समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक जीवके ज्ञानावरणादि कर्मोंके स्थितिबन्धके प्रमाणका अवधारण करनेके लिए आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** उस समय तीन घाति कर्मोंका अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थितिबन्ध होता है, नामकर्म और गोत्रकर्मका बत्तीस मुहूर्तप्रमाण स्थितिबन्ध होता है तथा वेदनीय कर्मका अडतालिस मुहूर्तप्रमाण स्थितिबन्ध होता है ।**

§ ११९. चढ़नेवाले सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम स्थितिबन्धसे यहाँपर ज्ञानावरणादि कर्मोंका दुगुणा स्थितिबन्ध हो जाता है। यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार प्रथम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिकके कार्यके भेदोंका कथन करके अब दूसरे समयमें कार्यके नानापनेका कथन करनेके लिए यह आगेका सूत्र कहते हैं—

*** तदनन्तर समयमें गुणश्रेणि असंख्यातगुणी हीन होती है ।**

§ १२०. पूर्वोक्त विधिसे ही किन्हीं कर्मों की अवस्थित आयामसे और किन्हीं कर्मोंकी गलितशेष आयामसे प्रवृत्त होती हुई गुणश्रेणि प्रथम समयकी गुणश्रेणिसे 'से काले' अर्थात् तदनन्तर समयमें प्रदेशपुंजकी अपेक्षा असंख्यातगुणी हीन होती है, क्योंकि यहाँकी विशुद्धिसे यहाँकी विशुद्धि अनन्तगुणी हीन देखी जाती है।

*** स्थितिबन्ध वही होता है ।**

§ १२१. प्रथम समयमें ज्ञानावरणादि कर्मोंका अनन्तर पूर्व निर्दिष्ट प्रमाणवाला जो स्थितिबन्ध प्रारम्भ हुआ वही न्यूनाधिकतासे रहित दूसरे समयमें भी प्रवृत्त रहता है, उसमें भेद नहीं होता यह प्रकृतमें कहा गया है।

* अणुभागबंधो अप्पसत्थाणमणंतगुणो, पसत्थाणं कम्मंसाणमणंतगुणहीणो ।

§ १२२. संकिलेसवुड्ढीए अप्पसत्थाणं पंचणाणावरणादीणं अणंतगुणो अणुभागबंधो होइ । पसत्थाणं पुण सादादिपयडीणमणंतगुणहीणो होदि त्ति सुत्तत्थो । एवं समये समये णेदव्वं जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति । णवरि एदम्हि काले संखेज्जसहस्समेत्ता ट्ठिदिबंधा तिण्हं घादिकम्माणं अघादिकम्माणं च विसेसाहियत्तट्ठीय लद्धा । एवमेदाणि आवासयाणि सुहुमसांपराइयद्धाए परूविय संपहि अण्णाणि वि आवासयाणि एत्थ संभवंताणि परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* लोभं वेदयमाणयस्स इमाणि आवसयाणि ।

§ १२३. सुगमं ।

* तं जहा ।

§ १२४. एदं पि सुगमं ।

* लोभवेदगद्धाए पढमतिभागे[1] किट्टीणमसंखेज्जा भागा उदिण्णा ।

शंका—ऐसा कैसे होता है ?

समाधान—क्योंकि अन्तर्मुहूर्त काल तक अवस्थित स्थितिबन्ध स्वीकार किया गया है ।

* अप्रशस्त कर्मोंका अनुभागबन्ध अनन्तगुणा होता है और प्रशस्त कर्मोंका अनन्तगुणा हीन होता है ।

§ १२२. संक्लेशकी वृद्धि होनेके कारण ज्ञानावरणादि पाँच कर्मोंका अनन्तगुणा अनुभाग होता है, परन्तु सातावेदनीय आदि प्रशस्त प्रकृतियोंका अनन्तगुणा हीन होता है यह उक्त सूत्रका अर्थ है, इस प्रकार सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समयके प्राप्त होने तक प्रत्येक समयमें जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि इस कालमें तीन घाति और अघाति कर्मोंका विशेष अधिक वृद्धिके प्रमाणसे संख्यात हजार स्थितिबन्ध जानना चाहिये । इस प्रकार सूक्ष्मसाम्परायके कालमें इन आवश्यकोंका कथन करके अब यहाँ पर जो अन्य आवश्यक सम्भव हैं उनका कथन करते हुए आगेके सूत्र प्रबन्धको कहते हैं—

* लोभका वेदन करनेवालेके ये आवश्यक होते हैं ।

§ १२३. यह सूत्र सुगम है ।

* वे जैसे ।

§ १२४. यह सूत्र भी सुगम है ।

* लोभवेदककालके प्रथम त्रिभागमें कृष्टियोंके असंख्यात बहुभाग उदीर्ण होते हैं ।

---

१. पढमतिभागो इति पाठः क० पा० सु० ।

§ १२५. एत्थ जो लोभवेदगद्धा त्ति वुत्ते ओदरमाणस्स जो सुहुमबादरलोभवेदगकालो सो सव्वो चेव घेत्तव्वो। तस्स पढमतिभागो णाम सुहुमसांपराइयकालो, एदम्हि काले सव्वम्हि चेव किट्टीणमसंखेज्जा भागा उदिण्णा। पुव्वं किट्टीकरणद्धाए कदाणं किट्टीणं हेट्ठिमोवरिमअसंखेज्जदिभागं मोत्तूण पुणो मज्झिमकिट्टीसरूवेण असंखेज्जदिभागो ताहे उदीरिदो त्ति भणिदं होइ। संपहि सुहुमसांपराइयद्धाए पढमादिसमएसु अवट्ठिदपमाणाओ वेदेमाणो किं सव्वेसु चेव समएसु अवट्ठिदपमाणाओ वेदेदि आहो विसेसाहियवड्ढीए हाणीए [इ] त्ति पुच्छाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

*** पढमसमए उदिण्णाओ किट्टीओ थोवाओ, विदियसमए उदिण्णाओ किट्टीओ विसेसाहियाओ।**

§ १२६. सव्वसुहुमसांपराइयद्धाए विसेसाहियवड्ढीए किट्टीणमुदयो जहा चडमाणो विसोहिवसेण विसेसहाणीए किट्टीओ वेदेदि एवमोदरमाणगो वि संकिलेसवसेण असंखेज्जभागवड्ढीए समयं पडि किट्टीओ वेदेदि त्ति एसो एत्थ भावत्थो। तदो पढमसमयम्हि वेदिदकिट्टीणमुदयजहण्णकिट्टिप्पहुडि असंखेज्जदिभागमेत्ता हेट्ठा मोत्तूण पुणो पुव्विल्लकिट्टीणमुक्कस्सकिट्टिप्पहुडि उवरिमपुव्वमसंखे०भागं वेदेदि। हेट्ठा मु[उ]क्क० असंखे०भागादो उवरि अपुव्वभागाइद असंखे० भागो विसेसाहिओ भवदि। एवं णेदव्वं जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति।

---

§ १२५. यहाँ पर जो 'लोभवेदककाल' ऐसा कहनेपर उतरनेवालेका जो सूक्ष्मबादर लोभवेदककाल है वह पूरा ही लेना चाहिये। उसका प्रथम त्रिभाग यह सूक्ष्मसाम्पराय कालकी संज्ञा है। इस पूरे कालके भीतर कृष्टियोंका असंख्यात बहुभाग उदीर्ण हो जाता है। पहले कृष्टिकरणके कालमें की गई कृष्टियोंमेंसे अधस्तन और उपरिम असंख्यातवें भागप्रमाण कृष्टियोंको छोड़कर मध्यम कृष्टिरूपसे असंख्यातवें भागप्रमाण कृष्टियाँ उस समय उदीरित होती हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब सूक्ष्मसाम्परायिकके कालमें प्रथमादि समयोंमें कृष्टियोंका वेदन करनेवाला क्या सभी समयोंमें अवस्थित परिणाम प्रमाण कृष्टियोंका वेदन करता है या विशेष अधिक वृद्धिरूपसे या विशेष अधिक हानिरूपसे उनका वेदन करता है ऐसी पृच्छा होनेपर निःशंक करनेके लिए आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** प्रथम समयमें उदीर्ण हुई कृष्टियाँ स्तोक हैं, दूसरे समयमें उदीर्ण हुई कृष्टियाँ विशेष अधिक होती हैं।**

§ १२६. सूक्ष्मसाम्परायके पूरे कालके भीतर विशेष अधिक वृद्धिरूपसे कृष्टियोंका उदय होता है। जिसप्रकार चढ़नेवाला जीव विशुद्धिवश विशेष हानिरूपसे कृष्टियोंको वेदता है उसी प्रकार उतरनेवाला जीव भी संक्लेशवश असंख्यात भागवृद्धिरूपसे प्रत्येक समयमें कृष्टियोंको वेदता है यह यहाँ भावार्थ है। इसलिए प्रथम समयमें वेदी गई कृष्टियोंमेंसे उदयरूप जघन्य कृष्टिसे लेकर नीचे असंख्यातवें भागमात्र कृष्टियोंको छोड़कर पुनः पूर्वकी कृष्टियोंमेंसे उत्कृष्ट कृष्टिसे लेकर उपरिम अपूर्व असंख्यातवें भागको वेदता है। नीचे उत्कृष्ट असंख्यातवें भागसे ऊपर

§ १२७. पदेसग्गं पुण समयं पडि असंखेज्जगुणहीणं होयूण उदीरिज्जदि, णवरि णाणावरणादिकम्माणं उवसंतकसायगुणसेढिवसेण विसेसहीणो एदम्हि समये होदि। मोहणीयस्स पुण पढमसमयसुहुमसांपराइयगुणसेढिपाहम्मेणासंखेज्जगुणो होदि। एवमंतोमुहुत्तकालं सव्वमसंखे० गुणाए सेढीए लोभसंजलणपदेसग्गं गलमाणो किट्टीओ विसेसाहियवड्ढीए किट्टीअणुभागं च अणंतगुणवड्ढीए अणुहवंतो चरिमसमयसुहुमसांपराइयो जादो ताधे पढमसमयसुहुमसंपराइयेण कदगुणसेढी आवलियमेत्ता अत्थि, सेसबहुभागाणं गलिदत्तादो। ताधे णाणावरणादिकम्माणं ट्ठिदिबंधपमाणं चढमाणसुहुमसांपराइयपढमट्ठिदिबंधादो दुगुणमेत्तं होइ त्ति दट्ठव्वं।

§ १२८. एवमेदीए परूवणाए समद्धमणुफालिय तदो किट्टीवेदगद्धाए झीणाए तदणंतरकाले अणियट्टिबादरसांपराइयगुणट्ठाणमोइण्णो त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तावयारो—

* किट्टीवेदगद्धाए गदाए पढमसमयबादरसांपराइयो जादो।

पूर्व ग्रहण किया गया असंख्यातवाँ भाग विशेष अधिक होता है। इस प्रकार सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समयतक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ जो कृष्टियाँ वेदी जाती हैं उनका खुलासा करनेके साथ प्रथम समयसे द्वितीयादि समयोंमें उत्तरोत्तर जो विशेष अधिक अपूर्व कृष्टियाँ वेदी जाती हैं उन्हें स्पष्ट किया गया है।

§ १२७. प्रदेशपुंज तो प्रत्येक समयमें असंख्यातगुणा हीन होकर उदीरित होता है। तथा ज्ञानावरणादि कर्मोंका प्रदेश उदय उपशान्तकषायसम्बन्धी गुणश्रेणिके कारण इस स्थानपर विशेष हीन होता है। परन्तु मोहनीय कर्मका प्रदेशउदय तो प्रथम समयमें की गई सूक्ष्मसाम्पराय गुणश्रेणिके प्राधान्यके कारण असंख्यातगुणा ही होता है। इस प्रकार समस्त अन्तर्मुहूर्त कालतक असंख्यातगुणी श्रेणिरूपसे लोभसंज्वलनके प्रदेशपुंजको वेदता हुआ कृष्टियोंको विशेष अधिक वृद्धिरूपसे और कृष्टिगत अनुभागको अनन्तगुणी वृद्धिरूपसे अनुभवता हुआ जब अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक हो जाता है, तब सूक्ष्मसाम्परायिकके द्वारा की गई गुणश्रेणि आवलिमात्र शेष रहती है, क्योंकि शेष बहुभागका गलन हो जाता है। उस समय ज्ञानावरणादि कर्मोंके स्थितिबन्धका प्रमाण चढ़नेवाले सूक्ष्मसाम्परायिक जीवके प्रथम समयमें हुए स्थितिबन्धके प्रमाणसे दुगुणा हो जाता है ऐसा प्रकृतमें जानना चाहिये।

§ १२८. इस प्रकार श्रेणिकी प्ररूपणाकी अपेक्षा अपने काल तक उसका पालन करते हुए कृष्टिवेदककालके क्षीन हो जानेपर तदनन्तर समयमें अनिवृत्तिबादरसाम्पराय गुणस्थानमें अवतरित हुआ इस बातका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

* कृष्टिवेदककालके व्यतीत हो जानेपर प्रथम समयवर्ती बादरसाम्परायिक हो गया।

---

१. ता०प्रतौ अणियट्टिबादरसुहुमसांपराइयगुणट्ठाणपवेसि (सं०) इति पाठः।

§ १२९. किं कारणं ? ओदरमाणस्स सुहुमसांपराइयद्धाए खीणाए अणियट्टिबादरसांपराइयगुणट्ठाणपवेसं मोत्तूण पयारंतरासंभवादो। एवमणियट्टिगुणट्ठाणं पविट्ठस्स पढमसमये चेव लोहसंजलणस्स बंधो आढत्तो। तदो तब्बंधवसेण मोहणीयस्स अणाणुपुव्वीसंकमगओ विसेसो पयट्टदि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तणिद्देसो—

* ताहे चेव सव्वमोहणीयस्स अणाणुपुव्विओ संकमो।

§ १३०. सव्वस्सेव मोहणीयकम्मस्स आणुपुव्वीसंकमपइण्णा तक्काले चेव विणट्ठा त्ति भणिदं होइ। एदं सत्तिमवेक्खिय्ण भणिदं। वत्तीए पुण अज्ज वि आणुपुव्विसंकमो चेव, दुविहं लोहं लोहसंजलणम्हि णियमा संकामेगाणायस्स पयारंतरसंभवाणुवलंभादो। णवरि समाणजादीयबंधपयडिसंभवे लोहसंजलणस्स वि एत्थ संकमसंभवी जादो त्ति एवंविहसंभवमस्सियूण अणाणुपुव्विसंकमो एत्थ भणिदो। जइ वि एवं सुहुमसांपराइयपढमसमयप्पहुडि चेव मोहणीयस्साणाणुपुव्वीसंकमो त्ति किण्ण परूविदो ? ण, तत्थ मोहणीयस्स बंधाभावेण संकमसत्तीए अच्चंतमणुवलंभादो।

* ताहे चेव दुविहो लोहो लोहसंजलणे संछुहदि।

§ १३१. कुदो ? तम्हि समए लोहसंजलणस्स बंधपरिभदंसणादो।

---

§ १२९. क्योंकि उतरने वालेका सूक्ष्मसाम्परायिकके कालके क्षीण हो जानेपर अनिवृत्तिबादरसाम्परायिक गुणस्थानमें प्रवेशको छोड़कर और दूसरा प्रकार असम्भव है। इस प्रकार अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें प्रविष्ट हुए जीवके प्रथम समयमें ही लोभसंज्वलनका बन्ध प्रारम्भ हो जाता है। इसलिए उसके बन्धके सम्बन्धसे मोहनीय कर्मका अनानुपूर्वी संक्रमगत विशेष प्रवृत्त होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रका निर्देश करते हैं—

* उसी समय समस्त मोहनीय कर्मका अनानुपूर्वीसंक्रम होने लगता है।

§ १३०. सम्पूर्ण मोहनीय कर्मके अनानुपूर्वीसंक्रमकी प्रतिज्ञा उसी समय नष्ट हो जाती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यह शक्तिकी अपेक्षा कहा है, व्यक्त होनेकी अपेक्षा तो अभी भी आनुपूर्वी संक्रम ही प्रवृत्त रहता है, क्योंकि दो प्रकारके लोभका नियमसे लोभसंज्वलनमें संक्रम करनेवाले जीवके प्रकारान्तर सम्भव नहीं है। इतनी विशेषता है कि समान जातीय बन्ध प्रकृतिका सम्भव होनेपर यहाँ लोभसंज्वलनका भी संक्रम सम्भव हो जाता है इस प्रकारके सम्भवकी अपेक्षा अनानुपूर्वी संक्रम यहाँपर कहा है।

शंका—यदि ऐसा है तो सूक्ष्मसाम्परायके प्रथम समयसे लेकर ही अनानुपूर्वी संक्रम क्यों नहीं कहा ?

समाधान—नहीं, क्योंकि वहाँपर मोहनीयका बन्ध न होनेसे संक्रमकी शक्तिका सर्वथा अभाव है।

* उसी समय दो प्रकारका लोभ लोभसंज्वलनमें संक्रमित होता है।

§ १३१. क्योंकि उसी समय लोभसंज्वलनके बन्धका प्रारम्भ देखा जाता है।

* ताहे चेव फद्दयगदं लोभं वेदेदि ।

§ १३२. कुदो ? बादरसांपराइयम्हि सुहुमकिट्टीणमुदयासंभवादो ।

* किट्टीओ सव्वाओ णट्ठाओ ।

§ १३३. किं कारणं ? तासिं सव्वासिमेगसमएणेव पयदभावेण परिणामदंसणादो ।

* णवरि जाओ उदयावलियब्भंतराओ ताओ त्थिवुक्कसंकमेण फद्दएसु विपच्चिहिंति ।

§ १३४. कुदो ? फद्दएसु वेदिज्जमाणेसु उदयावलियपविट्ठाणं किट्टीणं पि तब्भावपरिणामेणुदये विवागं मोत्तूण पयारंतरसंभवाणुवलंभादो । संपहि बादरलोभं वेदेमाणो फद्दयगदं दव्वमोकड्डियूण संपहियलोभवेदगकालादो आवलियमेत्तेण विसेसाहियं गुणसेढिणिक्खेवं उदयादि णिक्खिवदि । सरिसो च तिविहस्स लोहस्स गुणसेढिणिक्खेवो, णवरि दोण्हं लोभाणं उदयावलियाए णत्थि गुणसेढिणिक्खेवो । संपहियलोभवेदगकालो किंपमाणो त्ति भणिदे परिवदमाणयस्स जो लोभवेदगकालो तं तिण्णिभागे कायूण तत्थ सादिरेयवेत्तिभागमेत्तो । एवमेदेणायामेण गुणसेढिविण्णासं कुणमाणस्स अणियट्टिपढमसमए दिज्जमाणदव्वमसंखेज्जगुणाए

* उसी समय स्पर्धकगत लोभका वेदन करता है ।

§ १३२. क्योंकि बादरसाम्परायमें सूक्ष्म कृष्टियों का उदय असम्भव है ।

* उस समय कृष्टियाँ सब नष्ट हो जाती हैं ।

§ १३३. क्योंकि उन सबका एक समय द्वारा ही प्रकृत स्पर्धकरूपसे परिणमन देखा जाता है ।

* इतनी विशेषता है कि जो कृष्टियाँ उदयावलिमें प्रविष्ट हैं वे स्तिवुक संक्रमण द्वारा स्पर्धकरूपसे विपाकको प्राप्त होती हैं ।

§ १३४. क्योंकि स्पर्धकोंके वेदते समय उदयावलिमें प्रविष्ट हुई कृष्टियोंका भी स्पर्धकरूपसे परिणमन होकर स्पर्धकरूपसे विपाकको छोड़कर अन्य कोई प्रकार सम्भव है इसकी उपलब्धि नहीं होती । उस समय बादर लोभको वेदता हुआ स्पर्धकगत द्रव्यका अपकर्षण कर इस समय जो लोभका वेदक काल है उससे आवलिमात्र विशेष अधिक कर उदयादिसे लेकर गुणश्रेणि निक्षेप करता है । तीनों लोभोंका गुणश्रेणिनिक्षेप सदृश होता है । इतनी विशेषता है कि अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण इन दो लोभोंका उदयावलिमें गुणश्रेणिनिक्षेप नहीं होता ।

शंका—साम्प्रतिक लोभवेदक कालका प्रमाण कितना है ?

समाधान—गिरनेवालेका जो लोभवेदक काल है उसके तीन भाग करके उनमेंसे साधिक दो त्रिभाग प्रमाण है ।

इस प्रकार इस आयामवाली गुणश्रेणिकी रचना करनेवालेके अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें

सेढीए दट्ठव्वं जाव गुणसेढीसीसयं ति। दिस्समाणम्हि पुण जोइज्जमाणे सुहुमसांपराइयगुणसेढीए सह अण्णारिसी सेढिपरूवणा होइ। तं जहा—उदये थोवं दीसइ, तत्तो असंखेज्जगुणं जाव आवलियमेत्तकालो त्ति, तदो असंखेज्जगुणहीणं जाव चरिमसमयसुहुमसांपराइयेण कदगुणसेढीसीसयेत्ति, पुणो उवरिमएगट्ठिदिम्हि वि असंखेज्जगुणहीणं, तत्तो असंखेज्जगुणं भवदि जाव पढमसमयाणियट्टिणा कदतक्कालियगुणसेढिसीसएत्ति।

§ १३५. संपहि विदियादिसमएसु वि असंखेज्जगुणहीणं पदेसग्गमोकड्डियूणावड्ढिदायामेण गुणसेढिं करेदि। तत्थ वि दिज्जमाणदिस्समाणाणं सेढिपरूवणा जाणिय णेयव्वा जाव लोभवेदगद्धाचरिमसमओ त्ति। उदयो पुण अणियट्टिपढमसमए थोवो, से काले असंखेज्जगुणो इच्चादिदिस्समाणभंगाणुसारेण णेदव्वो जाव लोभवेदगद्धाचरिमसमयो त्ति। संपहि एत्थेव ट्ठिदिबंधपमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** पढमसमयबादरसांपराइस्स लोभसंजलणस्स ट्ठिदिबंधो अंतोमुहुत्तो, तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधादो अहोरत्ताणि देसूणाणि, वेदणीयणामागोदाणं ट्ठिदिबंधो चत्तारि वस्साणि देसूणाणि।**

§ १३६. चडमाणबादरसांपराइयचरिमट्ठिदिबंधादो दुगुणमेत्तो ट्ठिदिबंधो एत्थ

दिया जानेवाला द्रव्य गुणश्रेणि शीर्षके प्राप्त होने तक असंख्यातगुणी श्रेणिरूपसे होता है ऐसा जानना चाहिए। परन्तु दृश्यमान द्रव्यका विचार करनेपर उसकी सूक्ष्मसाम्परायसम्बन्धी गुणश्रेणिके साथ अन्य प्रकारकी श्रेणिप्ररूपणा होती है। वह जैसे—उदयमें स्तोक दिखलाई देता है। उसके बाद एक आवलि काल तक असंख्यातगुणा दिखलाई देता है। उसके बाद अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक जीवके द्वारा की गई गुणश्रेणिके शीर्ष प्राप्त होने तक असंख्यातगुणा हीन दिखलाई देता है। पुनः उपरिम एक स्थितिमें भी असंख्यातगुणा हीन दिखलाई देता है। उसके बाद प्रथम समयवर्ती अनिवृत्तिकरण जीवके द्वारा की गई तात्कालिक गुणश्रेणिशीर्षके प्राप्त होनेतक असंख्यातगुणा दिखलाई देता है।

§ १३५. अब द्वितीयादि समयोंमें असंख्यातगुणे हीन प्रदेशपुंजका अपकर्षण करके अवस्थित आयामवाली गुणश्रेणिको करता है। वहाँ भी दिये जानेवाले और दिखनेवाले प्रदेशपुंजकी श्रेणिप्ररूपणा लोभवेदककालके अन्तिम समयके प्राप्त होने तक जानकर कहनी चाहिये। उदय तो अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें स्तोक होता है, तदनन्तर समयमें असंख्यातगुणा होता है इत्यादि कथन दृश्यमान भंगके समान लोभवेदककालके अन्तिम समय तक कथन करते जाना चाहिये। अब यहीं पर स्थितिबन्धके प्रमाणका निश्चय करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** बादरसाम्परायिक जीवके प्रथम समयमें लोभसंज्वलनका स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त होता है, तीन घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध कुछ कम दो दिन-रातप्रमाण होता है तथा वेदनीय नामकर्म और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध कुछ कम चार वर्षप्रमाण होता है।**

§ १३६. चढ़नेवाले बादर साम्परायिकके अन्तिम स्थितिबन्धसे यहाँ दुगुना स्थितिबन्ध हो

णो त्ति सुत्तत्थसंगहो। एवमेदेण सुत्तेण पढमसमयबादरसांपराइएणाढत्तट्ठिदि-बंधपमाणावहारणं संपहि विदियट्ठिदिबंधाणं पमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** एदम्हि पुण्णे ट्ठिदिबंधे जो अण्णो वेदणीयणामागोदाणं ट्ठिदिबंधो सो संखेज्जवस्ससहस्साणि, तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो अहोरत्त-पुधत्तिगो, लोभसंजलणस्स ट्ठिदिबंधो पुव्वबंधादो विसेसाहिओ।**

§ १३७. बादरसांपराइयस्स णामागोदवेदणीयाणं विदियो ट्ठिदिबंधो पढमट्ठिदि-बंधादो संखेज्जगुणवड्ढीए पयट्टमाणो संखेज्जवस्ससहस्सपमाणो जादो, तिण्हं घादि-कम्माणं ट्ठिदिबंधो तप्पाओग्गवड्ढीए वड्ढमाणो अहोरत्तपुधत्तिओ जादो, लोहसंजलणस्स वि ट्ठिदिबंधो पुव्विल्लट्ठिदिबंधादो विसेसाहियवड्ढीए वड्ढियूण अंतोमुहुत्तपमाणो जादो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थविणिच्छयो। एवमेदेण विहाणेण बादरलोभवेदगद्धाए संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधवियप्पेसु गदेसु तदो लोभवेदगद्धाविदियतिभागस्स संखेज्जदिभागं संपत्तो। पुणो तम्हि उद्देसे पयट्टमाणस्स जो ट्ठिदिबंधगओ विसेसो तदुप्पायणट्ठमुत्तरो सुत्त-बंधो—

*** लोभवेदगद्धाए विदियस्स तिभागस्स संखेज्जदिभागं गंतूण मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो मुहुत्तपुधत्तं, णामागोदवेदणीयाणं ट्ठिदिबंधो संखे-**

जाता है यह सूत्रार्थका समुच्चय अर्थ है। इस प्रकार इस सूत्र द्वारा बादरसाम्परायिक जीव प्रथम समयमें जितना स्थितिबन्ध करता है उसकी अवधारणा करके अब द्वितीय स्थितिबन्धोंके प्रमाण-का अवधारण करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** इस स्थितिबन्धके पूर्ण होनेपर वेदनीय, नाम और गोत्र कर्मोंका जो अन्य स्थितिबन्ध होता है वह संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है, तीन घातिकर्मोंका दिन-रात पृथक्त्वप्रमाण स्थितिबन्ध होता है तथा लोभसंज्वलनका पूर्वके बन्धसे विशेष अधिक स्थितिबन्ध होता है।**

§ १३७. बादरसाम्परायिक जीवके नाम, गोत्र और वेदनीयकर्मका दूसरा स्थितिबन्ध प्रथम स्थितिबन्धकी अपेक्षा संख्यातगुणवृद्धि रूपसे प्रवृत्त होकर संख्यात हजार वर्ष प्रमाण हो जाता है, तीन घाति कर्मोंका स्थितिबन्ध तत्प्रायोग्य वृद्धिसे वृद्धिको प्राप्त होता हुआ दिन-रात पृथक्त्व प्रमाण हो जाता है तथा लोभ संज्वलनका भी स्थितिबन्ध पहलेके स्थितिबन्धसे विशेष अधिक वृद्धिके द्वारा वृद्धिको प्राप्त होता हुआ अन्तर्मुहूर्तप्रमाण हो जाता है यह यहाँ सूत्रार्थका निर्णय है। इस प्रकार इस विधिसे बादरलोभवेदकके कालके भीतर संख्यात स्थितिबन्धके भेदोंके जाने पर तब लोभवेदक कालके द्वितीय त्रिभागका संख्यातवाँ भाग प्राप्त होता है। पुनः उस स्थान पर रहनेवाले जीवके जो स्थितिबन्धगत विशेष होता है उसका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र प्रबन्ध आया है—

*** लोभवेदककालका द्वितीय त्रिभाग सम्बन्धी असंख्यातवाँ भाग जाकर मोहनीय**

ण्णाणि वस्ससहस्साणि, तिण्हं घादिकम्माणं ठिदिबंधो अहोरत्तपुधत्तियाणो ट्ठिदिबंधादो वस्ससहस्सपुधत्तियो ट्ठिदिबंधो जादो ।

§ १३८. **चडमाणबादरसांपराइयस्स लोभवेदगद्धाविदियतिभागस्स संखेज्जेसु भागेसु गदेसु जम्हि उद्देसे मुहुत्तपुधत्तियो लोहसंजलणस्स ट्ठिदिबंधो विणट्ठो तमुद्देसं थोवंतरेण ण पावदि त्ति एदम्हि अवत्थंतरे पवट्टमाणस्स ओदरमाणबादरसांपराइयस्स एदंविहे मोहादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो संवुत्तो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसमुच्चओ । एत्तो पाए मोहणीयवज्जाणं कम्माणं संखेज्जगुणवड्ढीए मोहणीयस्स च विसेसाहियवड्ढीए ट्ठिदिबंधसहस्साणि जहाकममणुपालेंतस्स लोभवेदगद्धा कमेण समप्पदि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तं ।**

*** एवं ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु लोभवेदगद्धा पुण्णा ।**

§ १३९. सुगमं । णवरि चडमाणस्स बादरलोभवेदगद्धा विसेसहीणा दट्ठव्वा, सव्वासिमद्धाणमेदेणेव चडमाणोदरमाणेसु पवुत्तिअब्भुवगमादो । एवं लोभवेदगद्धाए चरिमसमयम्हि वट्टमाणस्स ताहे पढमसमयबादरसांपराइएण णिक्खित्तगुणसेढीए आवलियमेत्ताओ गोवुच्छाओ अवसिट्ठाओ अत्थि । किं कारणं ? पढमसमयबादरसांपराइओ गुणसेढिं कुणमाणो तिविहस्स लोभस्स लोभवेदगकालादो आवलियब्भहियं

कर्मका स्थितिबन्ध मुहूर्तपृथक्त्वप्रमाण होता है, नाम, गोत्र और वेदनीयकर्मका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है, तीन घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध दिन-रात पृथक्त्वप्रमाण स्थितिबन्धसे एक हजार वर्षपृथक्त्वप्रमाण हो जाता है ।

§ १३८. चढ़नेवाले बादरसाम्परायिकके लोभवेदककालके द्वितीय त्रिभागके संख्यात भागोंके जाने पर जिस स्थान पर लोभसंज्वलनका मुहूर्तपृथक्त्वप्रमाण स्थितिबन्ध विनष्ट हुआ उस स्थानको स्तोक अन्तर रहनेसे अभी प्राप्त नहीं किया है ऐसी दूसरी अवस्थामें रहते हुए उतरनेवाले बादरसाम्परायिक जीवके मोहनीय आदि कर्मोंका इसप्रकार स्थितिबन्ध हो गया यह यहाँ सूत्रार्थका समुच्चय है । इससे आगे मोहनीयकर्मके सिवाय शेष कर्मोंके संख्यातगुणी वृद्धिरूपसे और मोहनीय कर्मके विशेष अधिक वृद्धिरूपसे हजारों स्थितिबन्धोंके क्रमसे प्राप्त होनेवाले जीवका लोभवेदक काल क्रमसे समाप्त होता है इस बातका ज्ञान कराने के लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** इस प्रकार हजारों स्थितिबन्धोंके जानेपर लोभवेदककाल समाप्त होता है ।**

§ १३९. यह सूत्र सुगम है । इतनी विशेषता है कि चढ़नेवालेका लोभवेदक काल विशेष हीन जानना चाहिये, क्योंकि चढ़नेवाले और उतरनेवाले जीवोंमें सभी कालोंकी इसी विधिसे प्रवृत्ति स्वीकार की गई है । इसप्रकार लोभवेदककालके अन्तिम समयमें विद्यमान हुए जीवके तब प्रथम समयवर्ती बादरसाम्परायिक जीवके द्वारा की गई गुणश्रेणिकी आवलिमात्र गोपुच्छाएँ अवशिष्ट रहती हैं, क्योंकि प्रथम समयवर्ती बादरसाम्परायिक जीव गुणश्रेणिको करता हुआ

कायूण गुणसेढिविण्णासं करेदि त्ति। एवमेदेण कमेण लोभवेदगद्धाए णिट्ठिदाए मायावेदगो होयूण एदाणि आवासयाणि करेदि त्ति पदुप्पाएमाणो उवरिमं सुत्त-पबंधमाह—

*** से काले मायं तिविहमोकड्डियूण मायासंजलणस्स उदयादि-गुणसेढी कदा, दुविहाए मायाए आवलियबाहिरा गुणसेढी कदा।**

§ १४०. लोभवेदगद्धाए णिट्ठिदाए तदणंतरसमए चेव विदियट्ठिदीदो तिविहं मायामोकड्डियूण एदेण विहाणेण गुणसेढिणिक्खेवं करेदि त्ति वुत्तं होइ। तं जहा—तिविहं मायमोकड्डेमाणो मायासंजलणस्स उदयादिगुणसेढिणिक्खेवमवट्ठिदायामेण सगवेदगद्धादो आवलियब्भहियं कादूण णिक्खिवदि। एवं चेव दोण्हं मायाणं, णवरि उदयावलियबाहिरगए तत्थ गुणसेढी णिक्खित्ता। कुदो एवमिदि चे? ण, तेसिमवेदिज्जमाणाणमुदयावलियब्भंतरे पदेसणिसेगासंभवादो।

§ १४१. संपहि ताहे तिविहस्स लोहस्स गुणसेढिणिक्खेवो केरिसो त्ति आसंकाए इदमाह—

*** पढमसमयमायावेदगस्स गुणसेढिणिक्खेवो तिविहस्स लोहस्स**

तीन प्रकारके लोभकी लोभवेदककालसे एक आवलि अधिक प्रमाणवाली गुणश्रेणिकी रचना करता है। इसप्रकार इस क्रमसे लोभवेदक कालके समाप्त होनेपर मायावेदक होकर इन आवश्यकोंको करता है इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्र प्रबन्धको कहते हैं—

*** तदनन्तर समयमें तीन प्रकारकी मायाका अपकर्षण करके मायासंज्वलनकी उदयादि गुणश्रेणि करता है तथा अन्य दो प्रकारकी मायाकी आवलिबाह्य गुणश्रेणि करता है।**

§ १४०. लोभवेदक कालके समाप्त होनेपर तदनन्तर समयमें ही तीन प्रकारकी मायाका अपकर्षण करके इस विधिसे गुणश्रेणि निक्षेप करता है यह इस सूत्रका तात्पर्य है। वह जैसे—तीन प्रकारकी मायाका अपकर्षण करता हुआ मायासंज्वलनको अवस्थित आयामवाली उदयादि गुणश्रेणिको अपने वेदक कालसे एक आवलि अधिक रूपसे रचता है। इसीप्रकार शेष दोनों मायाओंकी गुणश्रेणिरचना करता है। इतनी विशेषता है कि उनकी उदयावलि बाह्य गुणश्रेणि रचना करता है।

शंका—ऐसा, क्यों?

समाधान—नहीं, क्योंकि वे नहीं वेदी जानेवाली प्रकृतियाँ हैं, इसलिए उनका उदयावलिके भीतर प्रदेश निषेकोंकी गुणश्रेणि रचना होना असम्भव है।

§ १४१. अब उस समय तीन प्रकारके लोभका गुणश्रेणि निक्षेप किस प्रकारका है ऐसी आशंका होनेपर इस सूत्रको कहते हैं—

*** प्रथम समयमें मायावेदकके तीन प्रकारके लोभ और तीन प्रकारके मायाका**

तिविहाए मायाए च तुल्लो। मायावेदगद्धादो विसेसाहिओ।

§ १४२. जहा तिविहाए मायाए मायावेदगद्धादो विसेसाहिओ एत्थ गुणसेढिणिक्खेवो जादो। एवं तिविहस्स लोहस्स वि तप्पमाणो चेव एण्हिमाढत्तो त्ति भणिदं होदि। णवरि तिण्हं पि लोहाणमुदयावलियबाहिरे पदेसविण्णासो, तेसिमुदयासंभवादो।

*** सव्वमायावेदगद्धाए तत्तियो तत्तियो चेव णिक्खेवो।**

§ १४३. तिविहस्स लोहस्स तिविहाए मायाए च जाव मायावेदगद्धाचरिमसमयो ताव अवट्ठिदो चेव गुणसेढिणिक्खेवो, ण गलिदसेसो त्ति वुत्तं होइ। णाणावरणादिकम्माणं तक्कालियगुणसेढिणिक्खेवो केरिसो होदि त्ति आसंकाए इदमाह—

*** सेसाणं कम्माणं जो पुण पुव्विल्लो णिक्खेवो तस्स सेसे सेसे चेव णिक्खिवदि गुणसेढिं।**

§ १४४. णाणा[1]वरणादिकम्माणं पुव्वाढत्तगुणसेढिणिक्खेवस्स अपुव्वाणियट्टिकरणद्धाहिंतो विसेसाहियपमाणस्स गलिदसेसायामेण झीयमाणस्स सेसे सेसे चेव णिक्खेवो होइ णाण्णारिसो त्ति भणिदं होइ। संपहि पढमसमयमायावेदगस्स मायालोहसंजलणाणं दोण्हं पि बंधसंभवे तत्थ तेसिं संकमकमावहारणट्ठमुत्तरसुत्तावयारो—

गुणश्रेणिनिक्षेप एक समान होता है जो मायाके वेदक कालसे विशेष अधिक होता है।

§ १४२. जिस प्रकार तीन प्रकारकी मायाका गुणश्रेणि निक्षेप यहाँपर मायाके वेदककालसे विशेष अधिक हो गया है उसी प्रकार तीन प्रकारके लोभका भी यहाँपर तत्प्रमाण ही गुणश्रेणि निक्षेप प्राप्त होता है, यह इस सूत्रका अर्थ है। इतनी विशेषता है कि तीन लोभोंका उदयावलिके बाहर प्रदेशविन्यास होता है, क्योंकि वहाँ उनका उदय नहीं पाया जाता।

*** पूरे मायावेदककालके भीतर उतना-उतना ही निक्षेप करता है।**

§ १४३. तीन प्रकारके लोभ और तीन प्रकारकी मायाका मायावेदक कालके अन्तिम समय तक अवस्थित ही गुणश्रेणिनिक्षेप होता है, गलित शेष नहीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। ज्ञानावरणादि कर्मोंका उस कालमें कैसा गुणश्रेणि निक्षेप होता है ऐसी आशंका होनेपर इस सूत्रको कहते हैं—

*** परन्तु शेष कर्मोंका जो पूर्वका निक्षेप है उसके शेष-शेषमें ही गुणश्रेणिको निक्षिप्त करता है।**

§ १४४. ज्ञानावरणादि कर्मोंके पहले स्वीकार किये गये अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे विशेष अधिक प्रमाणवाले तथा गलित शेष आयामरूपसे गलनेवाले गुणश्रेणिनिक्षेपका उत्तरोत्तर शेष-शेषमें निक्षेप होता है, अन्य प्रकारसे नहीं यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है। अब प्रथम समयवर्ती मायावेदकके माया और लोभ दोनों संज्वलनोंका बन्ध सम्भव होनेपर वहाँ उनके संक्रमके

---

१. ता०प्रतौ [गुणसेढि] णाणा—इति पाठः।

*** मायावेदगस्स लोहो तिविहो माया दुविहा मायासंजलणे संकमदि माया तिविहा लोभो च दुविहो[1] लोभसंजलणे संकमदि ।**

§ १४५. कुदो एवं चे ? मायालोभसंजलणाणं एत्थ बंधसंभवे अणाणुपुव्वीसंकमे च जादे जहावुत्तेण सरूवेण संकमपवुत्तीए णिब्बाहमुवलंभादो । संपहि एत्थेव ट्ठिदिबंधपमाणावहारणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

*** पढमसमयमायावेदगस्स वीण्हं संजलणाणं दुमासट्ठिदिगो बंधो, सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जवस्ससहस्साणि ।**

§ १४६. चडमाणचरिमसमयमायावेदगस्स चरिमो ट्ठिदिबंधो मायालोभसंजलणाणं मासट्ठिदिओ जादो । एत्थ पुण पडिवादपरिणामपाहम्मेण तमुद्देसमपत्तस्सेव तत्तो दुगुणमेत्तो संजादो । एवं सेसकम्माणं पि एदेणेव पडिभागेण संखेज्जवस्ससहस्समेत्तो ट्ठिदिबंधो जादो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसब्भावो । एवं पढमसमयमायावेदगस्स ट्ठिदिबंधपमाणावहारणं कादूण संपहि विदियादिट्ठिदिबंधाणमेत्थ पवुत्ती कधं होदि त्ति आसंकाए उवरिमसुत्तारंभो—

क्रमका निश्चय करनेके लिये आगेके सूत्रका अवतार करते हैं—

*** मायावेदकके तीन प्रकारके लोभ और दो प्रकारकी मायाका मायासंज्वलनमें संक्रम करता है तथा तीन प्रकारकी माया और दो प्रकारके लोभका लोभसंज्वलनमें संक्रम करता है ।**

§ १४५. शंका—ऐसा किस कारणसे होता है ?

समाधान—एक तो माया और लोभ संज्वलनका यहाँपर बन्ध सम्भव है । दूसरे यहाँपर अनानुपूर्वी संक्रम होने लगता है, इसलिए चूर्णिसूत्रमें कहे अनुसार संक्रमकी प्रवृत्ति निर्बाधरूपसे पाई जाती है । अब यहींपर स्थितिबन्धके प्रमाणका निश्चय करनेके लिये आगेका सूत्रप्रबन्ध कहते हैं—

*** प्रथम समयवर्ती मायावेदकके दो संज्वलनोंका दो मासप्रमाण स्थितिबन्ध होता है, शेष कर्मोंका संख्यात हजार वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध होता है ।**

§ १४६. चढ़नेवाले चरम समयवर्ती माया वेदकके माया और लोभसंज्वलनका अन्तिम स्थितिबन्ध एक मास स्थिति वाला हो गया था । परन्तु यहाँपर गिरे हुए परिणामोंके माहात्म्यवश उस स्थानको प्राप्त न होनेके पहले ही उसके दूना हो गया है । इसी प्रकार शेष कर्मोंका भी इसी प्रतिभागके अनुसार संख्यात हजार वर्ष प्रमाण स्थितिबन्ध हो जाता है यह इस सूत्रका अर्थ है । इसप्रकार प्रथम समयवर्ती मायावेदकके स्थितिबन्धके प्रमाणका निश्चय करके अब द्वितीयादि स्थितिबन्धोंकी यहाँपर किस प्रकारकी प्रवृत्ति होती है ऐसी आशंकाके होनेपर आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

---

१. ता०प्रतौ चउव्विहो इति पाठः ।

*** पुण्णे पुण्णे ट्ठिदिबंधे मोहणीयवज्जाणं कम्माणं संखेज्जगुणो ट्ठिदिबंधो, मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ।**

§ १४७. जहा चडमाणस्स संखेज्जगुणहाणीए एदम्मि विसए णाणावरणादिकम्माणं ट्ठिदिबंधपवुत्ती तहा ओदरमाणस्स संखेज्जगुणवड्ढीए ट्ठिदिबंधपवुत्ती । जहा च मोहणीयस्स विसेसहाणीए ट्ठिदिबंधो चडमाणस्स एवं विसेसाहियवड्ढीए ओदरमाणस्स ट्ठिदिबंधपवुत्ती होदि, चडमाणविवज्जासेण ओदरमाणसरूवणाए पवुत्तिदंसणादो त्ति । एसो एत्थ सुत्तत्थसब्भावो । एवमेदेण विहाणेण ट्ठिदिबंधसहस्साणि कुणमाणस्स जहाकमं मायावेदगद्धा समप्पइ त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमिदं सो—

*** एदेण कमेण संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु चरिमसमयमायावेदगो जादो ।**

§ १४८. सुगममेदं सुत्तं । संपहि एदम्मि संधिविसेसे वट्टमाणस्स ट्ठिदिबंधपमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

*** ताधे दोण्हं संजलणाणं ट्ठिदिबंधो चत्तारि मासा अंतोमुहुत्तूणा, सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि ।**

*** उत्तरोत्तर एक-एक स्थितिबन्धके पूर्ण होनेपर मोहनीय कर्मके अतिरिक्त शेष कर्मोंका संख्यातगुणा स्थितिबन्ध होता है । तथा मोहनीयकर्मका विशेष अधिक स्थितिबन्ध होता है ।**

§ १४७. जिसप्रकार चढ़नेवाले जीवके इस स्थान पर ज्ञानावरणादि कर्मोंके संख्यातगुणी हानिरूपसे स्थितिबन्धकी प्रवृत्ति होती है उसी प्रकार उतरनेवाले जीवके संख्यातगुणी वृद्धिरूपसे स्थितिबन्धकी प्रवृत्ति होती है । तथा जिस प्रकार चढ़नेवाले जीवके मोहनीय कर्मका स्थितिबन्ध विशेष हानिरूपसे होता है उसी प्रकार उतरनेवाले जीवके विशेष अधिक वृद्धिरूपसे स्थितिबन्धकी प्रवृत्ति होती है, क्योंकि चढ़नेवाले जीवकी अपेक्षा विपरीतरूपसे उतरनेवालेकी प्ररूपणाकी प्रवृत्ति देखी जाती है यह इस सूत्रका तात्पर्यार्थ है । इस प्रकार इस विधिसे हजारों स्थितिबन्ध करनेवालेके क्रमसे मायावेदक काल समाप्त होता है इस बातका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रका निर्देश करते हैं—

*** इस क्रममें संख्यात हजार स्थितिबन्धोंके गत होनेपर अन्तिम समयवर्ती मायावेदक हो जाता है ।**

§ १४८. यह सूत्र सुगम है । अब इस सन्धिविशेषमें विद्यमान जीवके स्थितिबन्धके प्रमाणका निश्चय करनेके लिए आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** तब दोनों संज्वलनोंका स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त कम चार मास होता है तथा शेष कर्मोंका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है ।**

§ १४९. कुदो ? चढमाणपढमसमयमायावेदगस्स ट्ठिदिबंधादो दुगुणमेत्त-ट्ठिदिबंधसिद्धीए णिप्पडिबंधमेत्थ संभवोवलंभादो। एवं च मायावेदगद्धं समाणिय से काले माणवेदगभावेण परिणदिदस्स जो परूवणाभेदो तदुप्पायणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

*** तदो से काले तिविहं माणमोकड्डियूण माणसंजलणस्स उदयादि-गुणसेढिं करेदि, दुविहस्स माणस्स आवलियबाहिरे गुणसेढिं करेदि, णवविहस्स वि कसायस्स गुणसेढिणिक्खेवो जा तस्स पडिवदमाणगस्स माणवेदगद्धा तत्तो विसेसाहिओ णिक्खेवो, मोहणीयवज्जाणं कम्माणं जो पढमसमयसुहुमसांपराइयेण णिक्खेवो णिक्खित्तो तस्स णिक्खेवस्स सेसे सेसे णिक्खिवदि।**

§ १५०. एत्थ माणसंजलणस्स उदयादिगुणसेढिपरूवणाए मायासंजलणभंगो। णवरि माणवेदगद्धादो उवरि आवलियमेत्तेण विसेसाहियं कादूण गुणसेढिणिक्खेवमेसो करेदि त्ति वत्तव्वं। सेसं सुगमं।

*** पढमसमयमाणवेदगस्स णवविहो वि कसायो संकमदि।**

§ १५१. कुदो ? तिसु संजलणेसु बज्झमाणेसु णवविहस्स वि कसायस्स अणाणुपुव्वीए संकमं पडि विप्पडिसेहाभावादो।

---

§ १४९. क्योंकि चढ़नेवाले मायावेदक जीवके स्थितिबन्धसे यहाँ दुगुणे स्थितिबन्धकी सिद्धि बिना बाधाके उपलब्ध होती है। इस प्रकार मायावेदकके कालको समाप्त करके तदनन्तर समयमें मानवेदकभावसे परिणत हुए जीवकी प्ररूपणामें जो भेद होता है उसका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** पश्चात् अनन्तर समयमें तीन प्रकारके मानका अपकर्षण करके मान-संज्वलनकी उदयादि गुणश्रेणि करता है तथा अन्य दो प्रकारके मानकी उदयावलि बाह्य गुणश्रेणि करता है। नौ प्रकारके कषायका भी गुणश्रेणिनिक्षेप होता है जो गिरनेवाले उसका मानवेदककाल है उससे विशेष अधिक निक्षेप होता है। तथा मोह कर्मको छोड़कर प्रथम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिकके द्वारा शेष कर्मोंका जो निक्षेप निक्षिप्त किया गया है उस निक्षेपके शेष-शेषमें निक्षिप्त करता है।**

§ १५०. यहाँ मानसंज्वलनकी उदयादि गुणश्रेणिप्ररूपणा मायासंज्वलनके समान है। इतनी विशेषता है कि ऊपर आवलिमात्र विशेष अधिक यह गुणश्रेणिनिक्षेप करता है ऐसा यहाँ कहना चाहिये। शेष कथन सुगम है।

विशेषार्थ—यहाँ नौ प्रकारके कषायसे तीन मान, तीन माया और तीन लोभ लेने चाहिये।

*** प्रथम समयवर्ती मानवेदकके नौ प्रकारकी ही कषायें संक्रमित होती हैं।**

§ १५१. क्योंकि तीनों संज्वलनोंका बन्ध होते समय नौ प्रकारकी ही कषायोंके अनानुपूर्वीसे संक्रम होनेके प्रति निषेध नहीं है।

*** ताधे तिण्हं संजलणाणं ट्ठिदिबंधो चत्तारि मासा पडिवुण्णा, सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि ।**

§ १५२. कुदो ? चडमाणस्स विवज्जासेणेत्थ तत्तो दुगुणमेत्तट्ठिदिबंधसिद्धीए णिब्बाहमुवलंभादो ।

*** एवं ट्ठिदिबंधसहस्साणि बहूणि गंतूण माणस्स चरिमसमयवेदगस्स तिण्हं संजलणाणं ठिदिबंधो अट्ठ मासा अंतोमुहुत्तूणा, सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि ।**

§ १५३. गयत्थमेदं सुत्तं । एवं माणवेदगद्धमुल्लंघियूण से काले कोहवेदगढा-पढमसमए वट्टमाणस्स जो परूवणाविसेसो तप्पदुप्पायणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

*** से काले तिविहं कोहमोकड्डियूण कोहसंजणस्स उदयादिगुणसेढिं करेदि । दुविहस्स कोहस्स आवलियबाहिरे करेदि ।[1]**

§ १५४. एदेण सरूवेण गुणसेढिणिक्खेवं करेदि त्ति सुत्तत्थो ।

*** एत्तिं गुणसेढिणिक्खेवो केत्तिओ कायव्वो ।**

*** उस समय तीनों संज्वलनोंका स्थितिबन्ध परिपूर्ण चार मास होता है, शेष कर्मोंका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है ।**

§ १५२. क्योंकि चढ़नेवाले जीवके विपर्याससे यहाँ उससे दुगुणे स्थितिबन्धकी सिद्धि निर्बाधरूपसे होती है ।

*** इस प्रकार बहुत हजारों स्थितिबन्धके गत होनेपर मानसंज्वलनके अन्तिम समयवर्ती वेदकके तीन संज्वलनोंका स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त कम आठ मास होता है, शेष कर्मोंका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है ।**

§ १५३. यह सूत्र गतार्थ है । इस प्रकार मानवेदककालको उल्लंघन करके तदनन्तर समयमें क्रोधवेदककालके प्रथम समयमें विद्यमान जीवकी प्ररूपणामें जो विशेषता होती है उसका प्रतिपादन करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** तदनन्तर समयमें तीन प्रकारके क्रोधका अपकर्षण करके क्रोधसंज्वलनकी उदयादि गुणश्रेणि करता है तथा दो प्रकारके क्रोधकी उदयावलिके बाहर गुणश्रेणिनिक्षेप करता है ।**

§ १५४. इस रूपमें गुणश्रेणिनिक्षेप करता है यह इस सूत्रका अर्थ है ।

*** इस समय गुणश्रेणिनिक्षेप कितना किया जाता है ।**

---

१. ता०प्रतौ उदयादिगुणसेढिं करेदि इतः परं दुविहस्स कोहस्स उदयावलिबाहिरे करेदि इति सूत्रांशः टीकायामुपलभ्यते । अनन्तरं तत्र कोहवेदगपढमसमए तिविहं कोहमोकड्डियूण इत्यधिकः पाठः समुपलभ्यते ।

§ १५५. जहा लोहादिपयडीओ ओकड्डेमाणो समवेदगद्धादो आवलियब्भहियं गुणसेढिणिक्खेवं करेदि किमेवमेसो वि आहो अण्णहा त्ति एदेण पुच्छिदं होदि।

*** पढमसमयकोधवेदगस्स बारसण्हं पि कसायाणं जो गुणसेढिणिक्खेवो सो सेसाणं कम्माणं गुणसेढिणिक्खेवेण सरिसो होदि।**

§ १५६. पढमसमयकोहवेदगस्सेदस्स बारसण्हं पि कसायाणं जो गुणसेढिविण्णासो सो सेसाणं णाणावरणादिकम्माणं गुणसेढिणिक्खेवेण पुव्वावहारिदपमाणेण सरिसो त्ति घेत्तव्वो। एत्तो पाये सव्वेसिं ओकड्डिज्जमाणाणं कम्माणमपुव्वाणियट्टिकरणद्धाहिंतो विसेसाहियो, पुव्वपयट्टगुणसेढिणिक्खेवं मोत्तूण पयारंतरासंभवादो।

*** जहा मोहणीयवज्जाणं कम्माणं सेसे सेसे गुणसेढिं णिक्खिवदि तहा एत्तो पाये बारसण्हं कसायाणं सेसे सेसे गुणसेढी णिक्खिवियव्वा।**

§ १५७. णाणावरणादिकम्माणं व बारसण्हं पि कसायाणं एत्तो पाए पयारंतरपरिहारेण गलिदसेसे गुणसेढिणिक्खेवो होइ त्ति एदेण सुत्तेण जाणाविदं। संपहि जाधे एवंविहो गुणसेढिणिक्खेवो जादो ताधे चेव बारसण्हं एदेसिं कम्माणमंतरमावूरिज्जदि त्ति घेत्तव्वं। जस्स कसायस्स उदएण सेढिमारूढो तम्मि कसाये ओकड्डिदे एवंविहो गुणसेढिणिक्खेवो अंतरावूरणं च होदि त्ति णिच्छेयव्वं।

---

§ १५५. जिस प्रकार लोभादि प्रकृतियोंका अपकर्षण करनेवाला अपने वेदककालसे एक आवलि अधिक गुणश्रेणिनिक्षेप करता है क्या इसी प्रकार क्रोधवेदक जीव भी गुणश्रेणिनिक्षेप करता है या अन्य प्रकारसे करता है यह इस सूत्र द्वारा पृच्छा की गई है।

*** प्रथम समयवर्ती क्रोधवेदकके बारहों कषायोंका जो गुणश्रेणिनिक्षेप होता है वह शेष कर्मोंके गुणश्रेणिनिक्षेपके समान ही होता है।**

§ १५६. इस प्रथम समयवर्ती क्रोधवेदकके बारहों कषायोंका जो गुणश्रेणिविन्यास होता है वह शेष ज्ञानावरणादि कर्मोंके गुणश्रेणिनिक्षेपके पहले निश्चित कराये गये प्रमाणके सदृश होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। इससे आगेके सभी अपकर्षित होनेवाले कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे विशेष अधिक होता है, क्योंकि पूर्वमें प्रवृत्त हुए गुणश्रेणिनिक्षेपको छोड़कर यहाँ दूसरा प्रकार सम्भव नहीं है।

*** जिस प्रकार मोहनीय कर्मको छोड़कर शेष कर्मोंके गुणश्रेणिको शेष-शेषमें निक्षिप्त करता है उसी प्रकार यहाँसे लेकर बारह कषायोंकी गुणश्रेणिको शेष-शेषमें निक्षिप्त करना चाहिये।**

§ १५७. ज्ञानावरणादि कर्मोंके समान यहाँसे लेकर बारह कषायोंका भी दूसरे प्रकारका परिहार कर गलित शेषमें गुणश्रेणि निक्षेप होता है इस बातका इस सूत्र द्वारा ज्ञान कराया गया है। अब जिस समय इस प्रकारका गुणश्रेणिनिक्षेप हो गया है उसी समय इन बारह कषायोंके अन्तरको पूरता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। जिस कषायके उदयसे श्रेणिपर चढ़ा था

§ १५८. तदो एत्थ अंतराबूरणविहाणं किंचि वत्तइस्सामो। तं जहा—बारसविहं कसायमोकड्डियूण तक्काले गुणसेढिणिक्खेवं करेमाणो कोहसंजलणस्स ताव उदए थोवं पदेसग्गं देदि। तत्तो असंखेज्जगुणं जाव णाणावरणादिकम्माणं पुव्वणिक्खित्तगुणसेढिसीसयं पत्तो त्ति। पुणो तदणंतरोवरिमअंतरसमयम्मि एक्कवारमसंखेज्जगुणहीणं णिक्खिवदि। तदो विसेसहीणं कादूण संछुहदि जाव अंतरचरिमट्ठिदि त्ति। तदो विदियट्ठिदिआदिसमयम्मि असंखेज्जगुणहीणं णिक्खिवदि। तत्तो परं सव्वत्थ विसेसहीणं चेव संछुहदि जाव अप्पप्पणो ओकड्डिदपदेसमइच्छावणावलियाए अपत्तो त्ति। एवं सेसकसायाणं पि अंतराबूरणविहाणमत्थ दट्ठव्वं, विसेसाभावादो। णवरि तेसिमुदयावलियबाहिरे चेव गुणसेढिणिक्खेवो त्ति वत्तव्वं। सत्तणोकसायइत्थिणवुंसयवेदाणं पि अप्पप्पणो अंतरे जहावसरं पूरिज्जमाणे णिसेगपरूवणा एवं चेव कायव्वा।

*** पढमसमयकोहवेदगस्स बारसविहस्स वि कसायस्स संकमो होदि।**

§ १५९. कुदो? अणाणुपुव्विसंकमवसेण बारसण्हं पि कसायाणं संकमे विप्पडिसेहाभावादो।

*** ताधे ट्ठिदिबंधो चउण्हं संजलणाणमट्ठ मासा पडिपुण्णा, सेसाणं**

उसी कषायका अपकर्षण होनेपर इस प्रकारका गुणश्रेणिनिक्षेप और अन्तरका भरना होता है ऐसा निश्चय करना चाहिये।

§ १५८. इसलिये यहाँ पर किञ्चित् अन्तरके भरनेकी विधिको बतलावेंगे। वह जैसे—बारह प्रकारके कषायोंका अपकर्षण करके उसी समय गुणश्रेणिनिक्षेप करता हुआ उस समय क्रोधसंज्वलनके थोड़े प्रदेशपुंजको उदयमें देता है। उसके बाद ज्ञानावरणादि कर्मोंके पहले निक्षिप्त हुए गुणश्रेणिशीर्षके प्राप्त होनेतक असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजको देता है। पुनः तदनन्तर उपरिम अन्तर समयमें एक बार असंख्यातगुणे हीन प्रदेशपुंजको निक्षिप्त करता है। उसके बाद अन्तर सम्बन्धी अन्तिम स्थितिके प्राप्त होनेतक उत्तरोत्तर विशेष हीन प्रदेशपुंजको निक्षिप्त करता है। तदनन्तर द्वितीय स्थितिके प्रथम निषेकमें असंख्यात गुणहीन प्रदेशपुंजको निक्षिप्त करता है। उससे आगे अपने-अपने अपकर्षित प्रदेशको अतिस्थापनावलि नहीं प्राप्त होती वहाँतक सर्वत्र विशेष हीन प्रदेशपुंजको ही निक्षिप्त करता है। इसी प्रकार यहाँपर शेष कषायोंके अन्तरपूरणकी विधि जाननी चाहिये, क्योंकि उनके कथनमें कोई भेद नहीं है। इतनी विशेषता है कि उनके प्रदेशपुंजका उदयावलिके बाहर ही गुणश्रेणिनिक्षेप होता है ऐसा यहाँ कहना चाहिये। सात नोकषाय, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदमेंसे भी यथावसर अपने-अपने अन्तरको पूरते समय इसी प्रकार निषेकप्ररूपणा करनी चाहिये।

*** प्रथम समयवर्ती क्रोधवेदकके बारह प्रकारकी कषायका संक्रम होता है।**

§ १५९. क्योंकि अनानुपूर्वी संक्रमके कारण बारहों कषायोंका संक्रम होनेमें निषेध नहीं है।

*** उस समय चारों संज्वलनोंका स्थितिबन्ध पूरा आठ मास होता है तथा**

कम्माणं ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि ।

§ १६०. चडमाणचरिमसमयकोहवेदयपडिबद्धं ट्ठिदिबंधं पेक्खिऊण दुगुणमेत्त-ट्ठिदिबंधसिद्धीए णिप्पडिबंधमेत्थ संभवोवलंभादो । संपहि एत्तो ट्ठिदिबंधसहस्सवारेण ओहुसमेत्तं हेट्ठा समोहण्णस्स से काले सत्त णोकसाये ओकड्डिहिदि त्ति एदम्मि अत्थंतरे वट्टमाणस्स तक्काले मोहणीयविवक्खाए चरिमसमयचउव्विहबंधगत्तपदु-प्पायणमुहेण तत्थतणट्ठिदिबंधपमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

* एदेण कमेण संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु मोहणीयस्स चरिमसमयचउव्विहबंधगो जादो, ताधे मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो चदुसट्ठि-वस्साणि अंतोमुहुत्तूणाणि, सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्स-सहस्साणि ।

§ १६१. चडमाणपढमसमयकोहोवसामगस्स अंतोमुहुत्तूणबत्तीसवस्समेत्तचदु-संजलणट्ठिदिबंधादो एत्थ दुगुणमेत्तट्ठिदिबंधो जादो, सेसकम्माणं पि तप्पडिभागेणेव संखेज्जवस्ससहस्समेत्तो ट्ठिदिबंधो एदस्स जादो त्ति सुत्तत्थसंगहो । एवं चरिमसमए । चउव्विहबंधगत्ते वट्टमाणस्स ट्ठिदिबंधपमाणविणिच्छयं काऊण संपहि तदणंतरसमए पुरिसवेदस्स बंधोदयपारंभेण पढमसमयपंचविहमोहबंधगो जायदि त्ति जाणावणट्ठ-मुत्तरसुत्तं भणइ—

कर्मोंका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है ।

§ १६०. चढ़नेवाले अन्तिम समयवर्ती क्रोधवेदकसे सम्बन्ध रखनेवाले स्थितिबन्धको देखते हुए स्थितिबन्धकी सिद्धि यहाँपर बिना प्रतिबन्धके उपलब्ध होती है । अब यहाँसे हजारों स्थितिबन्धोंके व्यापार द्वारा अन्तर्मुहूर्त काल नीचे उतरे हुए जीवके तदनन्तर समयमें सात नोकषायोंका अपकर्षण करेगा कि इस अवस्थाके मध्यमें विद्यमान हुए जीवके उस कालमें मोहनीय-की विवक्षासे अन्तिम समयमें चार प्रकारके कर्मोंका बन्ध करनेवाले जीवके प्रतिपादन द्वारा होनेवाले स्थितिबन्धके प्रमाणका निश्चय करनेके लिये आगेके सूत्रका अवतार हुआ है—

* इस क्रमसे संख्यात हजार स्थितिबन्धोंके गत हो जानेपर अन्तिम समयमें मोहनीय कर्मका चतुर्विध बन्धक हो जाता है । उस समय मोहनीयका स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त कम चौंसठ वर्षप्रमाण होता है तथा शेष कर्मोंका संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है ।

§ १६१. चढ़नेवाले प्रथम समयवर्ती क्रोध उपशामकके अन्तर्मुहूर्त कम बत्तीस वर्षप्रमाण चार संज्वलनके स्थितिबन्धसे यहाँपर दुगुणा स्थितिबन्ध हो गया है तथा इसके शेष कर्मोंका भी उसके प्रतिभागके अनुसार संख्यात हजार वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध हो गया है यह इस सूत्रका समुदायरूप अर्थ है । इस प्रकार पुरुषवेदका बन्ध प्रारम्भ होनेके पूर्व अन्तिम समयमें जानना चाहिये । इस प्रकार चार प्रकारका बन्ध करनेकी अवस्थामें विद्यमान जीवके स्थितिबन्धके प्रमाणका निश्चय करके अब तदनन्तर समयमें पुरुषवेदका बन्ध और उदय प्रारम्भ होनेके प्रथम

*** तदो से काले पुरिसवेदगस्स बंधगो जादो ।**

§ १६२. कुदो ? तम्हि समए अवगदवेदपज्जायपरिक्खएण सवेदभावे वट्टमाणस्स पुरिसवेदबंधसंभवं पडि विसंवादाणुवलंभादो । एदम्मि चेव समए पुरिसवेदेण सह छण्णोकसायाणमुवसामणक्खएण अणुवसंतभावे संकमोकड्डणादिसंभवो अंतरावूरणं गुणसेढिणिक्खेवविसेसो च जुगवं पयट्टदि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

*** ताधे चेव सत्तण्हं कम्माणं पदेसग्गं पसत्थउवसामणाए सव्वमणुवसंतं ताधे चेव सत्त कम्मंसे ओकड्डियूण पुरिसवेदस्स उदयादिगुणसेढिं[1] करेदि, छण्हं कम्मंसाणमुदयावलियबाहिरे गुणसेढिं करेदि, गुणसेढिणिक्खेवो बारसण्हं कसायाणं सत्तण्हं णोकसायवेदणीयाणं सेसाणं च आउगवज्जाणं कम्माणं गुणसेढिणिक्खेवेण तुल्लो सेसे सेसे च णिक्खेवो[2]।**

§ १६३. सुगमो एसो सुत्तपबंधो । संपहि एदम्मि चेव समए पुरिसवेदादीणं ट्ठिदिबंधपमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तणिद्देसो—

*** ताधे चेव पुरिसवेदस्स ट्ठिदिबंधो बत्तीसवस्साणि पडिबुण्णाणि,**

समयमें पाँच प्रकारके मोहनीय कर्मका बन्ध करनेवाला हो जाता है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

*** पश्चात् अनन्तर समयमें पुरुषवेदका बन्धक हो जाता है ।**

§ १६२. क्योंकि उसी समय अपगतवेद पर्यायका क्षय हो जानेसे सवेदभावमें विद्यमान हुए जीवके पुरुषवेदका बन्ध होनेके प्रति कोई विसंवाद नहीं पाया जाता तथा इसी समय पुरुषवेदके साथ छह नोकषायोंके उपशमभावका क्षय हो जानेसे अनुपशम अवस्थामें संक्रम, अपकर्षण आदिका सम्भव तथा अन्तरका भरना और गुणश्रेणि निक्षेपविशेष ये कार्य एक साथ प्रवृत्त होते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेके सूत्र प्रबन्धको कहते हैं—

*** उसी समय सात कर्मोंका सम्पूर्ण प्रदेशपुंज प्रशस्त उपशामनासे अनुपशान्त हो जाता है तथा उसी समय सात कर्मोंके प्रदेशपुंजका अपकर्षण करके पुरुषवेदकी उदयादि गुणश्रेणिको करता है । तथा छह कर्मोंके प्रदेशपुंजकी उदयावलिके बाहर गुणश्रेणिको करता है । बारह कषाय, सात नोकषायवेदनीय और आयुकर्मको छोड़कर शेष कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप गुणश्रेणिनिक्षेपकी अपेक्षा समान होता है तथा शेष-शेषमें निक्षेप होता है ।**

§ १६३. यह सूत्रप्रबन्ध सुगम है । अब पुरुषवेद आदिके स्थितिबन्धके प्रमाणका निश्चय करनेके लिये आगेके सूत्रका निर्देश करते हैं—

*** उसी समय पुरुषवेदका स्थितिबन्ध पूरा बत्तीस वर्षप्रमाण होता है,**

---

१. ता०प्रतौ उदयादिगुणसेढिसीसयं इति पाठः । २. ता०प्रतौ णिक्खेवदि इति पाठः ।

संजलणाणं ठिदिबंधो चदुसट्ठिवस्साणि, सेसाणं कम्माणं ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि ।

§ १६४. एदं पि सुत्तं सुगमं । संपहि एवं पुरिसवेदमणुवसंतं कादूण हेट्ठा ओदरमाणयस्स ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु तक्कालभाविओ जो ट्ठिदिबंधगओ विसेसो तदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** पुरिसवेदे अणुवसंते जाव इत्थिवेदो उवसंतो एदिस्से अद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु णामागोदवेदणीयाणमसंखेज्जवस्सट्ठिदिगो बंधो ।**

§ १६५. चडमाणस्स सत्तणोकसायोसामणद्धाए संखेज्जदिभागं गंतूण जम्हि उद्देसे णामागोदवेदणीयाणं संखेज्जवस्सिओ ट्ठिदिबंधो पारद्धो तमुद्देसमपत्तस्सेवेदस्स णामागोदवेदणीयाणं संखेज्जवस्सियट्ठिदिबंधमुल्लंघियूण असंखेज्जवस्सिओ ट्ठिदिबंधो जादो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसमुच्चओ । ण च चडमाणचरिमासंखेज्जवस्सियट्ठिदिबंधादो एदस्स दुगुणत्तमासंकणिज्जं, पडिवादपाहम्मेणेत्थ तत्तो असंखेज्जगुणमेत्तट्ठिदिबंधपवुत्तीए उवरिमथोवबहुत्तसुत्तबलेण दंसणादो । संपहि एवंविहट्ठिदिबंधे आढत्ते तक्काले सव्वकम्माणं ट्ठिदिबंधप्पाबहुअमित्थमणुगंतव्वमिदि पदुप्पाएमाणो उवरिमं पबंधमाह—

संज्वलनोंका स्थितिबन्ध चौंसठ वर्षप्रमाण होता है तथा शेष कर्मोंका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है ।

§ १६४. यह सूत्र भी सुगम है। अब इस प्रकार पुरुषवेदको अनुपशान्त करके नीचे उतरनेवाले जीवके हजारों स्थितिबन्धोंके व्यतीत होनेपर उस समय होनेवाली जो स्थितिबन्धगत विशेष होता है उसका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** पुरुषवेदके अनुपशान्त रहते हुए जबतक स्त्रीवेद उपशान्त होता है इस कालके संख्यात बहुभागोंके बीत जानेपर नाम, गोत्र और वेदनीयकर्मका असंख्यात वर्षकी स्थितिवाला बन्ध होता है ।**

§ १६५. चढ़नेवाले उपशामकके सात नोकषायोंकी उपशामनाकालके संख्यातवाँ भाग जाकर जिस स्थानपर नाम, गोत्र और वेदनीय कर्मोंका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध प्रारम्भ होता है उस स्थानको प्राप्त हुए बिना ही इसके नाम, गोत्र और वेदनीय कर्मोंका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्धको उल्लंघन करके असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध हो जाता है यह इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है । और यहाँ ऐसी आशंका नहीं करना कि चढ़नेवाले उपशामकके अन्तिम संख्यातवें वर्षप्रमाण स्थितिबन्धसे इसका दुगुना स्थितिबन्ध होता है, क्योंकि प्रतिपातके माहात्म्यवश यहाँ उससे असंख्यातगुणे स्थितिबन्धकी प्रवृत्ति आगे कहे जानेवाले अल्पबहुत्वके प्रतिपादक सूत्रोंके बलसे देखी जाती है । अब इस प्रकारके स्थितिबन्धके आरम्भ होनेपर उस समय अन्य कर्मोंके स्थितिबन्धके अल्पबहुत्वको यहाँपर जानना चाहिये इस बातका कथन करते हुए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** तदो अप्पाबहुअं कायव्वं ।**

§ १६६. सुगमं ।

*** सव्वत्थोवो मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो ।**

§ १६७. कुदो ? तप्पाओग्गसंखेज्जवस्ससहस्सपमाणत्तादो ।

*** तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो ।**

§ १६८. कुदो ? संखेज्जवस्ससहस्सपमाणत्तविसेसे वि बादरलोभवेदगद्धाए चेव एदेसिं संखेज्जवस्ससहस्सियट्ठिदिबंधपारंभमाहप्पेण तहाभावसिद्धीए णिब्बाहमुवलंभादो ।

*** णामागोदाणं ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो ।**

§ १६९. किं कारणं ? असंखेज्जवस्सियट्ठिदिबंधस्स तेसिमेत्थ पारंभदंसणादो ।

*** वेदणीयस्स ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ।**

§ १७०. केत्तियमेत्तो विसेसो ? दुभागमेत्तो । एवमेदं ट्ठिदिबंधमाढविय एदेणेवप्पाबहुअविहिणा ट्ठिदिबंधसहस्साणि कादूण हेट्ठा ओदरमाणो एत्तो अंतोमुहुत्तकाले गदे तम्हि उद्देसे एगसमयेण इत्थिवेदमणुवसंतं कुणइ त्ति जाणावेमाणो उवरिमं सुत्तपबंधमाह—

*** उस समय अल्पबहुत्व करना चाहिये ।**

§ १६६. यह सूत्र सुगम है ।

*** मोहनीय कर्मका स्थितिबन्ध सबसे थोड़ा है ।**

§ १६७. क्योंकि वह तत्प्रायोग्य संख्यात हजार वर्षप्रमाण है ।

*** तीन घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है ।**

§ १६८. क्योंकि संख्यात हजार वर्षप्रमाणकी अपेक्षा अविशेषता होनेपर भी बादर लोभवेदक कालमें ही इन कर्मोंके संख्यात हजार वर्षप्रमाण स्थितिबन्धका प्रारम्भ होनेके माहात्म्यवश उस तरहकी सिद्धि निर्बाध रूपसे पाई जाती है ।

*** नाम और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है ।**

§ १६९. क्योंकि उन कर्मोंके असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्धका यहाँ प्रारम्भ देखा जाता है ।

*** वेदनीय कर्मका स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ।**

§ १७०. विशेषका प्रमाण कितना है ? दुगुणा है । इस प्रकार इस स्थितिबन्धको आरम्भ कर इस अल्पबहुत्व विधिसे हजारों स्थितिबन्ध करके नीचे उतरनेवाला जीव यहाँसे अन्तर्मुहूर्त काल जानेके बाद उस स्थानपर एक समय द्वारा स्त्रीवेदको अनुपशान्त करता है इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** एत्तो ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु इत्थिवेदमेगसमएण अणुवसंतं करेदि, ताधे चेव तमोकड्डियूण आवलियबाहिरे गुणसेढिं करेदि, इदरेसिं कम्माणं जो गुणसेढिणिक्खेवो तत्तिओ च इत्थिवेदस्स वि, सेसे सेसं च णिक्खिवदि ।**

§ १७१. सुगमो एसो सुत्तपबंधो । एवमित्थिवेदमणुवसंतं कादूण हेट्ठा ओयरमाणस्स पुणो वि संखेज्जसहस्समेत्तेसु ट्ठिदिबंधेसु अणंतरपरूविदेणेव अप्पाबहुअविहिणा समइक्कंतेसु णवुंसयवेदे च अज्ज वि अणुवसंतभावम(च्छ)छ(ड)माणे ? एदम्मि अवत्थंतरे वट्टमाणस्स जो ट्ठिदिबंधविसयो विसेसो तप्पिद्देसकरणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** इत्थिवेदे अणुवसंते जाव णवुंसयवेदो उवसंतो एदिस्से अद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु णाणावरण-दंसणावरण-अंतराइयाणमसंखेज्जवस्सियट्ठिदिबंधो जादो ।**

§ १७२. चढमाणस्स इत्थिवेदोवसामणद्धाए संखेज्जदिभागे गदे जम्हि उद्देसे तिण्हमेदेसिं कम्माणमसंखेज्जवस्सिओ ट्ठिदिबंधो पज्जवसिदो संखेज्जवस्सिओ च ट्ठिदिबंधो पारद्धो तमुद्देसं थोवंतरेण अपत्तस्सेवेदस्स णाणावरणदंसणावरणअंतराइयाणं संखेज्जवस्सियट्ठिदिबंधपरिक्खएण असंखेज्जवस्सिओ ट्ठिदिबंधो जादो त्ति एसो एत्थ

*** यहाँसे लेकर हजारों स्थितिबन्धोंके जानेपर एक समय द्वारा स्त्रीवेदको अनुपशान्त करता है और उसी समय उसका अपकर्षण कर उदयावलिके बाहर गुणश्रेणिको करता है । यहाँ दूसरे कर्मोंका जो गुणश्रेणिनिक्षेप होता है उतना ही स्त्रीवेदका भी गुणश्रेणिनिक्षेप होता है । तथा शेष-शेषमें निक्षेप करता है ।**

§ १७१. यह सूत्रप्रबन्ध सुगम है । इस प्रकार स्त्रीवेदको अनुपशान्त करके नीचे उतरनेवाले जीवके फिर भी अनन्तर प्ररूपित की गई अल्पबहुत्व विधिसे ही संख्यात हजार स्थितिबन्धोंके व्यतीत होनेपर नपुंसकवेदके अभी भी अनुपशान्त भावको नहीं प्राप्त होते हुए ऐसी बीचकी अवस्थामें विद्यमान हुए उसके जो स्थितिबन्ध विषयक विशेषता होती है इसका निर्देश करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** स्त्रीवेदके अनुपशान्त होनेपर जबतक नपुंसकवेद उपशान्त रहता है इस कालके संख्यात बहुभागोंके व्यतीत होनेपर ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मोंका असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध हो जाता है ।**

§ १७२. चढ़नेवाले जीवके स्त्रीवेदके उपशामना कालके संख्यातवें भाग जानेपर जिस स्थानमें इन तीन कर्मोंका असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध समाप्त होकर संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध प्रारम्भ होता है उस स्थानको थोड़ेसे अन्तरके द्वारा नहीं प्राप्त करनेवाले इस जीवके ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मोंका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्धका क्षय हो जानेसे

सुत्तत्थविणिच्छओ। संपहि एदम्मि ट्ठिदिबंधे आढत्ते अण्णारिसं ट्ठिदिबंधप्पाबहुअं होदि त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

*** ताधे मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो थोवो, तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, णामागोदाणं ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, वेदणीयस्स ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ।**

§ १७३. सुगमत्तादो ण एत्थ किंचि वत्तव्वमत्थि।

*** जाधे घादिकम्माणमसंखेज्जवस्सट्ठिदिगो बंधो ताधे चेव एगसमएण णाणावरणीयचउव्विहं दंसणावरणीयतिविहं पंचंतराइयाणि एदाणि दुट्ठाणियाणि बंधेण जादाणि।**

§ १७४. चडमाणयस्स संखेज्जवस्सट्ठिदिबंधपारंभसमकालमेव एदेसिं कम्माणमेगट्ठाणियो बंधो जादो, एण्हिं पि संखेज्जवस्सट्ठिदिबंधे पज्जवसिदे असंखेज्जवस्सियट्ठिदिबंधपारंभसमकालमेव पज्जवसिदो। एत्तो पाये सव्वासिमेव तासिं दुट्ठाणियाणुभागं बंधइ त्ति सुत्तत्थसंगहो। संपहि एत्तो पुणो वि संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु अणंतरपरूविदेण अप्पाबहुअविहिणा गदेसु जम्हि उद्देसे चडमाणस्स णवुंसयवेदो उवसंतो तम्मुद्देसमपत्तस्सेवेदस्स णवुंसयवेदो अणुवसंतो होदि। ताधे चेव तमोकड्डियूण

असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध हो जाता है यह इस सूत्रका निश्चयार्थ है। अब इस स्थितिबन्धके प्राप्त होनेपर अन्य प्रकारका स्थितिबन्ध सम्बन्धी अल्पबहुत्व होता है इस बातका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** उस समय मोहनीयका स्थितिबन्ध स्तोक है, उससे तीन घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है, उससे नाम और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है तथा उससे वेदनीय कर्मका स्थितिबन्ध विशेष अधिक है।**

§ २१८. **एसो कसायउवसामणादो पडिणिवदिदो उवसमसम्माइट्ठी वा होज्ज, खइयसम्माइट्ठी वा, दोण्हं पि उवसमसेढिसमारोहणे विप्पडिसेहाभावादो । तत्थ उवसमसम्माइट्ठिमहिकिच्च एसो उवरिमा परूवणा आढविज्जदे । तं जहा—एसो कसायउवसामणादो पडिणियत्तो हेट्ठा णिवदिय पुणो वि अंतोमुहुत्तकालमुवसमसम्मत्तेण अधापवत्तसंजदो होदूण अणुपालेदि, एवमणुपालेमाणस्स जो उवसमसम्मत्तकालो सो चडमाणोवसामगस्स अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव पडिवदमाणापुव्वकरणचरिमसमयो त्ति एदम्हादो चडमाणोदरमाणसव्वकालकलावादो संखेज्जगुणो होदि । कुदो एदमवगम्मदे ? एदम्हादो चेव सुत्तणिद्देसादो । एवमेदेण सुत्तेण उवसमसम्मत्तद्धामाहप्पं जाणाविय पुणो वि एदिस्से अद्धाए अब्भंतरे वि संभवंतविसेसपदुप्पायणमुवरिमं सुत्तपबंधमाह—**

❀ **एदिस्से उवसमसम्मत्तद्धाए अब्भंतरदो असंजमं पि गच्छेज्ज, संजमासंजमं पि गच्छेज्ज, दो वि गच्छेज्ज ।**

§ २१९. एदस्सत्थो वुच्चदे । तं जहा—एदिस्से उवसमसम्मत्तद्धाए अब्भंतरे संजमेणेव अच्छदि त्ति णत्थि णियमो, किंतु सिया असंजमं पि गच्छेज्ज, परिणाम-

---

यह जीव अधःप्रवृत्तकरणके साथ उपशमसम्यक्त्वके कालको धारण करता है ।

§ २१७. कषायकी उपशामनासे गिरा हुआ यह जीव उपशमसम्यग्दृष्टि भी हो सकता है और क्षायिकसम्यग्दृष्टि भी हो सकता है, क्योंकि दोनोंके ही उपशमश्रेणिपर आरोहण करनेमें निषेधका अभाव है । उनमेंसे उपशमसम्यग्दृष्टिको अधिकृत कर इससे आगेकी प्ररूपणा आरम्भ की जाती है । वह जैसे—कषायकी उपशामनासे लौटा हुआ यह जीव नीचे गिरकर फिर भी अन्तर्मुहूर्त कालतक अधःप्रवृत्त संयत होकर उपशमसम्यक्त्वके कालको धारण करता है । इस प्रकार धारण करनेवाले इस अधःप्रवृत्तसंयतके उपशमसम्यक्त्वका जो काल है वह चढ़नेवाले उपशामकके अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर गिरनेवाले उसीके अपूर्वकरणके अन्तिम समयतक इस चढ़ने और उतरनेमें जितना काल लगता है उस पूरे कालसे संख्यातगुणा होता है ।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—इसी सूत्रके उल्लेखसे जाना जाता है ।

इस प्रकार इस सूत्र द्वारा उपशमसम्यक्त्वके कालके माहात्म्यका ज्ञान कराकर फिर भी इस कालके भीतर ही जो विशेषताएँ सम्भव हैं उनका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

❀ **इस उपशमसम्यक्त्वके कालके भीतर वह असंयमको भी प्राप्त हो सकता है, संयमासंयमको भी प्राप्त हो सकता है और दोनोंको भी प्राप्त हो सकता है ।**

§ २१९. अब इस सूत्रका अर्थ कहते हैं । वह जैसे—इस उपशमसम्यक्त्वके कालके भीतर संयमके साथ ही रहता है ऐसा नियम नहीं है । किन्तु कदाचित् असंयमको भी प्राप्त हो सकता

पच्चएण उवसमसम्मत्तसहिदासंजमपज्जायपरिणमणे विरोहाभावादो। सिया संजमासंजमं पि गच्छेज्ज, परिणामपच्चएणेव पच्चक्खाणोदयसंभवे उवसमसम्मत्तद्धाणुद्धिसंजमासंजमगुणग्गहणे विप्पडिसेहाभावादो। सिया दो वि गच्छेज्ज, परिणामवइचित्तियादो संजमासंजममसंजमं च परिवाडीए परिणामेदुमेदिस्से अद्धाये संभवो अत्थि त्ति वुत्तं होइ। एदो पुव्वमसंजमं गंतूण तत्थंतोमुहुत्तमच्छिय पच्छा संजमासंजमेण परिणमेदुमेदस्स संभवो अत्थि। अथवा पुव्वं संजमासंजमं गंतूण तत्थंतोमुहुत्तमच्छिय तदो असंजमं पि पडिवज्जिदुमेदस्स संभवो ण विप्पडिसिद्धो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो। संपहि ण केवलमेदिस्से अद्धाये अब्भंतरे एसो चेवाणंतरपरूविदो असंजमसंजमासंजमभावपरिवत्तो, किंतु अण्णो वि गुणंतरपरिणामो एत्थाविरुद्धो त्ति पदुप्पाएमाणो सुत्तावयारमुत्तरं भणइ—

* छसु आवलियासु सेसासु आसाणं पि गच्छेज्ज।

§ २२०. एसो एदमुवसमसम्मत्तगद्धावसेसं जहावुत्तेण णाएण संजमेणासंजमेण वा संजमासंजमेण वा अणुपालेमाणो एदिस्से अद्धाए बहुभागेसु झीणेसु अवसाणे एगसमयमादिं कादूण जावुक्कस्सेण छआवलियाओ अत्थि त्ति एदम्हि अवत्थंतरे सिया सासादणगुणं पि पडिवज्जेज्ज, परिणामपच्चएणाणंताणुबंधिणो उदीरेमाणस्स तदवत्थाए तब्भावगमणे विप्पडिसेहाभावादो।

है, क्योंकि परिणामोंके निमित्तसे उपशमसम्यक्त्वके साथ असंयमपर्यायके प्राप्त होनेमें विरोधका अभाव है। कदाचित् संयमासंयमको भी प्राप्त हो सकता है, क्योंकि परिणामोंके निमित्तसे ही प्रत्याख्यानावरण कषायका उदय होनेपर उपशमसम्यक्त्वके कालसे युक्त संयमासंयमगुणके ग्रहण करनेमें कोई निषेध नहीं है। कदाचित् दोनोंको भी प्राप्त हो सकता है, क्योंकि परिणामोंकी विचित्रतावश इस कालके भीतर इसे क्रमसे संयमासंयम और असंयमरूप परिणमाना सम्भव है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसलिये पहले असंयमको प्राप्त कर वहाँ अन्तर्मुहूर्त कालतक रहकर पीछे इसे संयमासंयमरूपसे परिणमाना सम्भव है। अथवा पहले संयमासंयमको प्राप्त कर और वहाँ अन्तर्मुहूर्त कालतक रहकर पश्चात् इसे असंयमको भी प्राप्त कराना सम्भव है इसमें कोई बाधा नहीं है यह इस सूत्रका भावार्थ है। अब केवल इस कालके भीतर यह अनन्तर पूर्व कही गई असंयम और संयमासंयमभावका परिवर्तन ही होता हो ऐसा नहीं है, किन्तु यहाँपर अन्य गुणान्तररूप परिणाम भी अविरुद्ध है इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* उपशमसम्यक्त्वके कालमें छह आवलि काल शेष रहनेपर वह सासादन गुणस्थानको भी प्राप्त कर सकता है।

§ २२०. उपशमसम्यक्त्वके इस अवशेष कालका यथोक्त न्यायसे संयमके साथ, असंयमके साथ अथवा संयमासंयमके साथ पालन करता हुआ यह जीव इस कालके बहुभाग क्षीण हो जानेपर अन्तमें एक समयसे लेकर उत्कृष्ट छह आवलिप्रमाण काल शेष है कि इस अवस्थाके भीतर कदाचित् सासादन गुणस्थानको प्राप्त हो सकता है, क्योंकि परिणामोंके निमित्तसे अनन्तानुबन्धी प्रकृतियोंकी उदीरणा करनेवालेके उस अवस्थामें उस भावके प्राप्त करनेमें कोई बाधा नहीं है।

* आसाणं पुण गदो जदि मरदि ण सक्को णिरयगदिं तिरिक्खगदिं मणुसगदिं वा गंतुं, णियमा देवगदिं गच्छदि ।

§ २२१. एदेण सुत्तेण एदस्स सासणगुणेण पडिवज्जणमरणपज्जायस्स णिरय-तिरिक्खमणुसगदिसमुप्पत्तिपडिसेहेण देवगदीए चेव समुप्पादो णियामिदो दट्ठव्वो। संपहि एदस्सेव फुडीकरणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

* एवं तिसु आउएसु एक्केण वि बद्धेण आउगेण ण सक्को कसाए उवसामेदुं ।

§ २२२. कुदो ? देवाउअं मोत्तूण सेसाणं तिण्हमाउआणं मज्झे एक्केण वि आउएण बद्धेण उवसमसेढिसमारोहणस्स अच्चंताभावेण पडिसिद्धत्तादो। एदस्स भावत्थो—एसो परिवदमाणगो बद्धपरभवियाउगो अबद्धपरभवियाउओ वा होज्ज। तत्थ जइ ताव अबद्धपरभवियाउओ तो एदस्स एत्थ मरणसंभवो णत्थि, आउअबंधेण विणा मरणाभावत्तीदो। अह जइ पुव्वमेव बद्धाउगो त्ति इच्छिज्जदि तो वि ण एदस्स सासणगुणेण मरणमुवगयस्स देवगइं मोत्तूणण्णत्थ समुप्पत्तिसंभवो। किं कारणं ? देवाउअं मोत्तूण-ण्णाउएण पबद्धेण संजमासंजमं-संजमगुणपडिवत्तीए अभावेण उवसमसेढिसमारोहणस्स संभवाणुवलंभादो त्ति ।

---

* परन्तु सासादनको प्राप्त हुआ यह जीव यदि मरता है तो वह नरकगति, तिर्यञ्चगति अथवा मनुष्यगतिको नहीं जा सकता, नियमसे देवगतिको ही जाता है।

§ २२१. इस सूत्र द्वारा सासादनगुणके साथ जिसने पर्यायको प्राप्त किया है उसके नरक, तिर्यञ्च और मनुष्यगतिमें उत्पत्तिका प्रतिषेध करके देवगतिमें ही उत्पत्तिका नियम किया गया है। अब इसी विषयको स्पष्ट करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

* ऐसा नियम है कि उक्त तीन आयुओंमेंसे जिसने किसी भी एक आयुका बन्ध किया है वह कषायोंको उपशमानेके लिये समर्थ नहीं हो सकता ।

§ २२२. क्योंकि देवायुको छोड़कर शेष तीन आयुओंमेंसे जिसने किसी भी एक आयुका बन्ध किया है उसका उपशमश्रेणिपर चढ़ना अत्यन्त असम्भव होनेसे उसका निषेध किया है। इसका भावार्थ यह है—यह उपशमश्रेणिसे गिरनेवाला भी बद्धपरभवायुष्क भी हो सकता है और अबद्धपरभवायुष्क भी हो सकता है। उनमेंसे यदि वह अबद्धपरभवायुष्क है तो उसका यहाँ सासादन गुणस्थानमें मरण सम्भव नहीं है, क्योंकि आयुका बन्ध किये बिना मरण नहीं होता। और यदि पहलेसे ही बद्धायुष्क स्वीकार किया जाता है तो भी सासादनगुणके साथ मरणको प्राप्त हुए इस जीवकी देवगतिके सिवाय अन्यत्र उत्पत्ति सम्भव नहीं है, क्योंकि देवायुको छोड़कर बाँधी गई अन्य आयुके साथ संयमासंयम और संयमगुणकी प्राप्तिका अभाव होनेसे उसका उपशमश्रेणिपर चढ़ना सम्भव नहीं है।

* एदेण कारणेण णिरयगदितिरिक्खजोणिमणुस्सगदीओ ण गच्छदि।

§ २२३. गयत्थमेदं सुत्तं।

* एसा सव्वा परूवणा पुरिसवेदस्स कोहेण उवट्ठिदस्स।

§ २२४. एसा सव्वा वि अणंतरपरूवणा पुरिसवेदस्स कोहोदएण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स परूविदा दट्ठव्वा त्ति उत्तं होइ। संपहि पुरिसवेदस्स चेव माणसंजलणोदएणुवट्ठिदस्स उवसामगस्स चडमाणोदरमाणावत्थासु जो परूवणाभेदो तंविहासणट्ठमुत्तरिमो सुत्तपबंधो—

* पुरिसवेदस्स चेव माणेण उवट्ठिदस्स णाणत्तं।

§ २२५. वत्तइस्सामो त्ति वक्कसेसो एत्थ कायव्वो। सुगममण्णं—

* तं जहा।

§ २२६. सुगमं।

* जाव सत्तणोकसायाणमुवसामणा ताव णत्थि णाणत्तं।

§ २२७. चडमाणस्स ताव अधापवत्तकरणपढमसमयप्पहुडि जाव अंतरकरणं कदं ण पुंसयइत्थिवेदोवसामणाणंतरं सत्तणोकसायाणमुवसामणा समप्पदि ताव

---

* इस कारणसे उक्त जीव नरकगति, तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिको नहीं जाता है।

§ २२३. यह सूत्र गतार्थ है।

* यह सब प्ररूपणा क्रोधके साथ उपस्थित हुए पुरुषवेदी उपशामककी है।

§ २२४. अनन्तर कही गई यह पूरी प्ररूपणा क्रोधके उदयके साथ उपस्थित हुए पुरुषवेदी उपशामककी प्ररूपित जाननी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब मानसंज्वलनके साथ उपस्थित हुए पुरुषवेदी उपशामकके ही चढ़ने और उतरनेकी अवस्थाओंमें जो प्ररूपणाभेद है उसका विशेष व्याख्यान करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* मानके साथ चढ़े हुए पुरुषवेदीकी प्ररूपणामें जो भेद है उसे बतलावेंगे।

§ २२५. 'बतलावेंगे' इतना विशेष वाक्य इस सूत्रमें जोड़ना चाहिये। अन्य सब सुगम है।

* वह जैसे।

§ २२६. यह सूत्र सुगम है।

* जबतक सात नोकषायोंकी उपशामना होती है तबतक भेद नहीं है।

§ २२७. चढ़नेवाले जीवके अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर जबतक अन्तर करके नपुंसकवेद और स्त्रीवेदकी उपशामनाके अनन्तर सात नोकषायोंकी उपशामना समाप्त होती है

एदम्मि ठाणे कोहोदयेणोवट्ठिदउवसामयपरूवणादो माणोदयोवसामगस्स णत्थि थोवं पि परूवणाणाणत्तं, तत्थ तदणुवलंभादो त्ति भणिदं होदि। संपहि एत्तो उवरि कोहसंजलणमुवसामेमाणस्स किंचि णाणत्तमत्थि त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

*** उवरि माणं वेदंतो कोहमुवसामेदि।**

§ २२८. पुव्विल्लो उवसामगो कोहसंजलणमणुहवंतो तिविहं कोहमुवसामेदि, एसो पुण माणोदएण चडिदत्तादो माणं वेदेंतो तिविहं कोहं उवसामेदि त्ति एदं णाणत्तमेत्थ दट्ठव्वं।

§ २२९. संपहि दोण्हं पि उवसामगाणं कोहोवसामणद्धा सरिसी चेव होदि ण तत्थ किंचि णाणत्तमत्थि त्ति जाणावणफलमुत्तरसुत्तं—

*** जद्देही कोहेण उवट्ठिदस्स कोहस्स उवसामणद्धा तद्देही चेव माणेण वि उवट्ठिदस्स कोहस्स उवसामणद्धा।**

§ २३०. सुगमं। संपहि पढमट्ठिदिविसयमेदेसिं किंचि णाणत्तमत्थि त्ति पदुप्पायेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** कोधस्स पढमट्ठिदी णत्थि।**

तबतक इस बीचमें क्रोधके उदयसे चढ़े हुए उपशामककी प्ररूपणासे मानके उदयसे चढ़े हुए उपशामकके थोड़ा भी प्ररूपणाभेद नहीं है, क्योंकि उस अवस्थामें वह पाया नहीं जाता यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब इससे आगे क्रोधसंज्वलनकी उपशामना करनेवालेकी अपेक्षा इसकी प्ररूपणामें कुछ भेद है इस बातका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** मानको वेदता हुआ यह जीव सात नोकषायोंकी उपशामनाके अनन्तर क्रोधको उपशमाता है।**

§ २२८. पहलेका उपशामक क्रोधसंज्वलनका अनुभव करता हुआ तीन प्रकारके क्रोधको उपशमाता है, परन्तु यह जीव मानके उदयसे चढ़ा हुआ होनेके कारण मानका वेदन करता हुआ तीन प्रकारके क्रोधको उपशमाता है यह भेद यहाँ जानना चाहिये।

विशेषार्थ—पहला क्रोधके उदयसे चढ़कर तीन क्रोधोंको उपशमाता था, यह मानके उदयसे चढ़कर तीन क्रोधोंको उपशमाता है, यहाँ यह भेद है।

§ २२९. अब दोनों ही उपशामकोंके क्रोधके उपशमानेका काल समान होनेसे उसमें कुछ भेद नहीं है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** जितने प्रमाणवाला क्रोधसे चढ़े हुए जीवके क्रोधका उपशामना काल है उतने ही प्रमाणवाला मानसे चढ़े हुए जीवके भी क्रोधका उपशामना काल है।**

§ २३०. यह सूत्र सुगम है। अब इनकी प्रथम स्थितिके विषयमें कुछ भेद है इसका कथन करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** मानके उदयसे चढ़े हुए जीवके क्रोधकी प्रथम स्थिति नहीं होती।**

§ २३१. पुव्विल्लो अंतरं करेमाणो कोहसंजलणस्स पढमट्ठिदिमंतोमुहुत्तियं करेदि। एदस्स पुण कोहस्स पढमट्ठिदी णत्थि, अवेदिज्जमाणस्स तस्स पढमट्ठिदिसंपधाभावादो। तदो अंतरकदमेत्ते चेव माणस्स पढमट्ठिदिं एसो ट्ठवेदि त्ति घेत्तव्वं। केवडि एदस्स माणपढमट्ठिदी किंपमाणा त्ति जादारेयस्स सिस्सस्स तप्पमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** जद्देही कोहेण उवट्ठिदस्स कोधस्स च माणस्स च पढमट्ठिदी तद्देही माणेण उवट्ठिदस्स माणस्स पढमट्ठिदी।**

§ २३२. किं पुण कारणमेम्महंती माणपढमट्ठिदी एदस्स जादा त्ति णासंकणिज्जं, णिसेयमेत्तपढमट्ठिदीए विणा णवणोकसायतिविहकोहतिविहमाणाणमुवसामणकिरियाये तत्थ समाणाणुववत्तीदो। तदो माणेण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स माणपढमट्ठिदी कोहेणोवट्ठिदस्स कोहमाणाणं पढमट्ठिदी सरिसिदा जद्देही तद्देही चेव होदि त्ति घेत्तव्वं।

*** माणे उवसंते एत्तो सेसस्स उवसामेयव्वस्स मायाए लोभस्स च जो कोहेण उवट्ठिदस्स उवसामणविधी सो चेव कायव्वो।**

---

§ २३१. पहलेका जीव अन्तरको करता हुआ क्रोधसंज्वलनकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण प्रथम स्थिति करता है। परन्तु इसके क्रोधकी प्रथम स्थिति नहीं होती, क्योंकि यह क्रोधसंज्वलनका वेदन नहीं करता, इसलिए इसके क्रोधकी प्रथम स्थितिके सम्बन्धका अभाव है, इसलिए किये गये अन्तरके प्रमाणके अनुसार ही यह जीव मानकी प्रथम स्थितिको स्थापित करता है। अब इस जीवके मानकी प्रथम स्थिति कितने प्रमाणवाली होती है ऐसे शंकाशील शिष्यको उसके प्रमाणका निश्चय करानेके लिये आगेका सूत्र आया है—

*** क्रोधसे चढ़े हुए जीवके क्रोध और मानकी जितने आयामवाली प्रथम स्थिति होती है उतने आयामवाली मानसे चढ़े हुए जीवके मानकी प्रथम स्थिति होती है।**

§ २३२. शंका—इस जीवके मानकी प्रथम स्थिति इतनी बड़ी हो गई इसका क्या कारण है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि इतनी बड़ी प्रथम स्थिति हुए बिना नौ नोकषाय, तीन प्रकारके क्रोध और तीन प्रकारके मानकी उपशामनाके लिए प्रथम स्थिति और उपशामनाक्रिया इन दोनोंकी समानता नहीं बन सकती। इसलिए मानसे चढ़े हुए उपशामकके मानकी प्रथम स्थिति, क्रोधसे चढ़े हुए उपशामकके क्रोध और मानकी प्रथम स्थितिको मिलाकर जितना प्रमाण होता है, उतनी होती है ऐसा ग्रहण करना चाहिये।

*** मानके उपशान्त होनेपर आगे उपशमने योग्य माया और लोभकी उपशामना करनेवाले इस जीवके, क्रोधसे चढ़े हुए जीवके उक्त प्रकृतियोंकी जो उपशामनाविधि है, वही करनी चाहिये।**

§ २३३. माणेण उवट्ठिदस्स माणे उवसंते जादे एत्तो उवरि सेसस्स उवसामेयव्वस्स मायालोभविसयस्स च सो चेव विधी एदस्स माणेण उवट्ठिदस्स कायव्वो जो कोहेण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स पुव्वुत्तो उवसामणविहि त्ति भणिदं होदि। एवं चढमाणस्स णाणत्तगवेसणं कादूण संपहि एदस्सेव ओदरमाणावत्थाए जो विसेससंभवो तप्पदुप्पायणट्ठमुवरिमो सुत्तणिबंधो—

* माणेण उवट्ठिदो उवसामेयूण तदा पडिवदिदूण लोभं वेदयमाणस्स जो पुव्वपरूविदो विधी सो चेव विधी कायव्वो। एवं मायं वेदेमाणस्स।

§ २३४. माणेण उवट्ठिदो उवसामेयूण उवसंतकसायगुणट्ठाणे अंतोमुहुत्तमच्छियूण परिवदमाणगो जाव लोभं वेदयदि किट्टीगदं फड्डयगदं च जाव य मायं वेदयदि अप्पप्पणो उदएसे ताव णत्थि किंचि णाणत्तं, तहा चेय उदयादिगुणसेढिणिक्खेवेण पुव्वुत्तावट्ठिदायामेण तदुभयमप्पणो वेदगकाले पुव्वं व वेदेदि त्ति एसो एदस्स भावत्थो।

* तदो माणं वेदयंतस्स णाणत्तं।

§ २३५. सुगमं।

---

§ २३३. मानसे चढ़े हुए जीवके मानके उपशान्त हो जानेपर 'एत्तो' अर्थात् उसके आगे शेष माया और लोभकी उपशामना करनेवाले मानसे चढ़े हुए इस जीवके वही विधि करनी चाहिये जो क्रोधसे चढ़े हुए उपशामकके पहले उपशामनाविधि कह आये हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार चढ़नेवालेके नानापनेकी गवेषणा करके अब इसीके उतरनेकी अवस्थामें विशेष सम्भव है उसका कथन करनेके लिए आगेका सूत्रनिबन्ध आया है—

*** मानसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके, चारित्रमोहनीयको उपशमा कर और वहांसे गिरकर लोभका वेदन करते हुए जो पहले विधि कह आये हैं वही विधि करनी चाहिये। इसी प्रकार मायाका वेदन करनेवाले जीवके जानना चाहिये।**

§ २३४. मान कषायके साथ श्रेणिपर चढ़कर, कषायोंको उपशमा कर और उपशान्तकषाय गुणस्थानमें अन्तर्मुहूर्त रहकर गिरता हुआ यह जीव जबतक लोभका वेदन करता है तथा कृष्टिगत और स्पर्धकगत मायाका जबतक वेदन करता है तबतक अपने-अपने स्थानमें नानापन नहीं है तथा उदयादि गुणश्रेणिनिक्षेप और पूर्वोक्त अवस्थित आयामके साथ उन दोनोंका अपने-अपने वेदन करनेके कालमें पहलेके समान वेदन करता है यह सूत्रका भावार्थ है।

*** इसके बाद मानका वेदन करनेवाले जीवकी प्ररूपणामें नानापन अर्थात् कुछ भेद है।**

§ २३५. यह सूत्र सुगम है।

---

१. ता०प्रतौ माणेण उवट्ठिदस्स माणे उवसंते जादे इत्ययं पाठः सूत्रांशरूपेण निर्दिष्टः।

* तं जहा ।

§ २३६. सुगमं ।

* गुणसेढिणिक्खेवो ताव णवण्हं कसायाणं सेसाणं कम्माणं गुणसेढिणिक्खेवेण तुल्लो सेसे सेसे च णिक्खेवो ।

§ २३७. कोहोदएण चडिदो पुणो ओदरमाणो माणस्स अवट्ठिदगुणसेढिमप्पणो वेदगकालादो विसेसुत्तरायामं णिक्खिवदि, कोधे ओकड्डिदे तत्थ बारसण्हं पि कसायाणं गलिदसेसायामेण णाणावरणादिकम्मेहिं सरिसपमाणगुणसेढिविण्णासदंसणादो । एत्थ पुण माणोदएण चडिय पुणो ओदरमाणो तिविहमाणोकड्डणाणंतरमेव णवण्हं पि कसायाणं णाणावरणादिकम्माणं गुणसेढिणिक्खेवेण सरिसायामं गलिदसेसगुणसेढिणिक्खेवं कीरमाणो अंतरमावूरेदि त्ति एदं णाणत्तमेत्थ दट्ठव्वं । जस्स कसायस्स उदएण सेढिमारुहदि तम्हि ओकड्डिदे अंतरावूरणमुदयावलियबाहिरे गलिदसेसणाणावरणादिसरिसगुणसेढिणिक्खेवो च आढविज्जदि त्ति एसो एदस्स भावत्थो ।

* कोहेण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स पुणो पडिवदमाणगस्स जदेही माणवेदगद्धा एत्तियमेत्तेणेव कालेण माणवेदगद्धाए अधिच्छिदाए ताधे चेव माणं वेदेंतो एगसमएण तिविहं कोहमणुवसंतं करेदि ।

---

* वह जैसे ।

§ २३६. यह सूत्र सुगम है ।

* नौ कषायोंका गुणश्रेणिनिक्षेप शेष कर्मोंके गुणश्रेणिनिक्षेपके समान होता है और प्रति समय शेष-शेषमें निक्षेप होता है ।

§ २३७. क्रोधके उदयसे चढ़कर पुनः उतरनेवाला जीव मानकी अवस्थित गुणश्रेणिको अपने वेदन करनेके कालसे विशेष अधिक आयामवाली निक्षिप्त करता है, क्योंकि क्रोधका अपकर्षण करनेपर उसमें बारहों कषायोंकी गलित शेष आयामरूपसे ज्ञानावरणादि कर्मोंके सदृश प्रमाणवाली गुणश्रेणिकी रचना देखी जाती है । परन्तु प्रकृतमें मानके उदयसे चढ़कर पुनः उतरनेवाला जीव तीन प्रकारके मानका अपकर्षण करनेके अनन्तर ही नौ ही कषायोंके ज्ञानावरणादि कर्मोंके गुणश्रेणिनिक्षेपके सदृश आयामवाले गलितशेष गुणश्रेणिनिक्षेपको करता हुआ अन्तरको भरता है इस प्रकार यह नानापन यहाँपर जानना चाहिये । जिस कषायके उदयसे श्रेणिपर आरोहण करता है उस कषायका अपकर्षण करनेपर अन्तर भरना और उदयावलिके बाहर ज्ञानावरणादि कर्मोंके समान गलित शेष गुणश्रेणिनिक्षेप इन दोनोंको आरम्भ करता है यह इस सूत्रका भावार्थ है ।

* क्रोधसे श्रेणिपर चढ़े हुए उपशामकके पुनः गिरनेवाले उसीके जितना आयामवाला मानवेदककाल होता है उतने ही कालके द्वारा मानवेदककालके अतिक्रमण करनेपर उसी समय मानका वेदन करता हुआ एक समयके द्वारा तीन प्रकारके क्रोधको अनुपशान्त करता है ।

§ २३८. जहा कोहेण उवट्ठिदो उवसामगो हेट्ठा परिवदमाणगो माणमोकड्डियूण पच्छा अंतोमुहुत्तेण माणवेदगद्धाए समत्ताए तिविहं कोहमोकड्डदि। एवमेसो वि माणद्धाए तेत्तियमेत्ते चेव काले समइक्कंते तम्हि चेव उद्देसे तिविहं कोहमोकड्डियूण एक्कसमएणाणुवसंतं करेदि। किंतु पुव्विल्लो कोधं वेदेमाणो संतो तिविहं कोहमोकड्डदि। एसो पुण माणवेदगो चेव होंतो वि तिविहं कोहमोकड्डदि त्ति एदं णाणत्तमेत्थ दट्ठव्वं। जहा च कोहेण उवट्ठिदो तिविहं कोहमोकड्डियूण कोहसंजलणस्स गुणसेढिणिक्खेवमुदयादिगलिदसेसायामेण णिक्खिवदि णाणावरणादिकम्मेहिं सरिसं ण तहा एत्थ उदयादिणिक्खेवसंभवो, किंतु उदयावलियबाहिरे चेव तिण्हं कोहाणं सेसकम्मेहिं सरिसायामेण गलिदसेसेण णिक्खिवदि त्ति एदं पि णाणत्तमेत्थ णायव्वमिदि परुवयेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** ताधे चेव ओकड्डियूण कोहं तिविहं पि आवलियबाहिरे गुणसेढीए इदरेसिं कम्माणं गुणसेढिणिक्खेवेण सरिसीए णिक्खिवदि णवरि सेसे सेसे णिक्खिवदि।**

§ २३९. गयत्थमेदं सुत्तं।

*** एदं णाणत्तं माणेण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स तस्स चेव पडिवदमाणगस्स।**

---

§ २३८. जिस प्रकार क्रोधसे चढ़ा हुआ उपशामक जीव नीचे गिरता हुआ मानका अपकर्षण करके अनन्तर पूर्व अन्तर्मुहूर्तकालके द्वारा मानवेदककालके समाप्त होनेपर तीन प्रकारके क्रोधका अपकर्षण करता है उसी प्रकार यह जीव भी अर्थात् मानके उदयसे चढ़ा हुआ जीव भी उतने ही कालमें मानवेदककालके निकल जानेपर उसी स्थानमें तीन प्रकारके क्रोधका अपकर्षण करके एक समयमें उन्हें अनुपशान्त करता है। किन्तु पहलेका जीव क्रोधका वेदन करता हुआ तीन प्रकारके क्रोधका अपकर्षण करता है। पर यह मानका ही वेदन करनेवाला होकर भी तीन प्रकारके क्रोधका अपकर्षण करता है। इस प्रकार यह नानापन यहाँ जानना चाहिये। और जिस प्रकार क्रोधसंज्वलनसे चढ़ा हुआ जीव तीन प्रकारके क्रोधका अपकर्षण करके क्रोधसंज्वलनके गुणश्रेणिनिक्षेपको उदयादि गलितशेष आयामरूपसे ज्ञानावरणादि कर्मोंके समान निक्षिप्त करता है उस प्रकार यहाँ तीन प्रकारके क्रोधोंका उदयादि गुणश्रेणिनिक्षेप सम्भव नहीं है, किन्तु उदयावलिके बाहर ही उक्त तीन कर्मोंका शेष कर्मोंके सदृश आयाम और गलितशेष रूपसे गुणश्रेणिनिक्षेप करता है। इस प्रकार यह भी यहाँपर फरक जानना चाहिये इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** उसी समय तीन प्रकारके क्रोधका अपकर्षण करके उसे इतर कर्मोंके गुणश्रेणिनिक्षेपके समान उदयावलि बाह्य गुणश्रेणिमें निक्षिप्त करता है तथा प्रत्येक समयमें शेष-शेषमें निक्षेप करता है।**

§ २३९. यह सूत्र गतार्थ है।

*** मानसे श्रेणिपर चढ़कर गिरनेवाले उसी उपशामककी प्ररूपणामें यह**

§ २४०. कोहेण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स परूवणादो माणेणोवट्ठिदस्स उवसामगस्स चडमाणोदरमाणावत्थासु एदमणंतरणिद्दिट्ठं णाणत्तमवहारेयव्वमिदि वुत्तं होइ। एदं च णाणत्तं वित्थररुचिसिस्सजणाणुग्गहट्ठं वित्थरेण परूविदं। संपहि एवं चेव संखेवरुचिजणाणुग्गहट्ठं समासेण वत्तइस्सामो त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** एवं ताव वियासेण णाणत्तं एत्तो समासणाणत्तं वत्तइस्सामो।**

§ २४१. वियासेण वित्थारेण णाणत्तमेदं परूविदमेण्हिं एदं चेव संगहियूण थोवक्खरेहिं चेव जाणावइस्सामो त्ति भणिदं होइ।

नानापन है।

§ २४०. क्रोधसे चढ़े हुए उपशामककी प्ररूपणाकी अपेक्षा मानसे चढ़े हुए उपशामककी चढ़ने-उतरनेरूप अवस्थाओंमें यह अनन्तर कहा गया नानापन जानना चाहिये। और इस नानापनको विस्तार रुचिवाले श्रोताजनोंके अनुग्रहके लिए विस्तारसे कहा है। अब संक्षेपरुचिवाले श्रोताओंके अनुग्रहके लिए उसीको संक्षेपसे बतलावेंगे इसका ज्ञान कराते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** पहले यह नानापन विस्तारसे कहा, अब संक्षेपमें इस नानापनको बतलावेंगे।**

§ २४१. 'वियासेण' अर्थात् विस्तारसे इस नानापनकी प्ररूपणा की अब इसीका संग्रह करके थोड़े अक्षरों द्वारा ही ज्ञान करायेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

विशेषार्थ—नियम यह है कि जो क्रोध कषायके उदयसे श्रेणिपर चढ़ता है उसके क्रमसे चारों कषायोंका उदय होता है। उसके चढ़ते समय क्रोध, मान, माया और लोभ इस क्रमसे कषायोंका उदय होता है। किन्तु उतरते समय यह क्रम बदलकर लोभ, माया, मान और क्रोध इस क्रमसे उदय होता है। इसलिए अप्रमत्तसंयतसे लेकर सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समयतकका काल पाँच भागोंमें बट जाता है। उसमें भी अपूर्वकरण गुणस्थान तक चारित्रमोहनीयके किसी भी कर्मकी उपशामना नहीं होती, इसलिए यह यहाँ विवक्षित नहीं है। अब शेष रहा अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायका काल सो उसमें भी सूक्ष्मसाम्परायका काल तो मात्र सूक्ष्मलोभका है। किसी भी कषायके उदयसे जीव श्रेणिपर चढ़े उसके सूक्ष्मसाम्परायमें एकमात्र सूक्ष्म लोभका ही उदय रहता है। किन्तु अनिवृत्तिकरणके कालके चार भाग हो जाते हैं—क्रोधका काल, मानका काल, मायाका काल और बादर लोभका काल। अब क्रोधके उदयसे जो श्रेणिपर चढ़ता है उसका मात्र क्रोधके कालतक ही उदय रहता है और इस कालके भीतर वह नौ नोकषायों और अप्रत्याख्यानावरण आदि तीन क्रोधोंको उपशमाता है। इसके बाद उसके मानका वेदनकाल प्रारम्भ हो जाता है जिसके भीतर वह तीन प्रकारके मानको उपशमाता है। इसके बाद उसके मायाका वेदनकाल प्रारम्भ हो जाता है जिसके भीतर वह तीन प्रकारकी मायाको उपशमाता तथा बादर लोभका वेदनकाल है। इसके भीतर वह अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण दो लोभोंके साथ बादर संज्वलन लोभको भी उपशमाता है। जो क्रोधके उदयसे श्रेणिपर चढ़ता है उसकी अपेक्षा यह व्यवस्था है। अब मानकी अपेक्षासे श्रेणिपर चढ़नेवालेकी अपेक्षासे विचार करनेपर उक्त कालके तीन भाग हो जाते हैं। तथा मायाकी अपेक्षा विचार करनेपर उक्त कालके दो भाग होते हैं। और लोभकी अपेक्षा विचार करनेपर पूरा काल एकमात्र लोभके वेदनका होता

* तं जहा ।

§ २४२. सुगमं ।

है। इस प्रकार इस कालको ध्यानमें रखकर विचार करनेपर जिस नानापनकी यहाँपर प्ररूपणा की जा रही है वह समझमें आ जाती है।

उदाहरणार्थ—क्रोधके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके जितना क्रोधका वेदनकाल और इसके बाद जितना मानका वेदनकाल है इन दोनोंको मिलाकर जितना काल होता है वह सब मानके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवका मानका वेदनकाल हो जाता है, इसलिए सिद्ध हुआ कि क्रोधके उदयसे जो श्रेणिपर चढ़ता है वह अपने उदयकालमें जिन प्रकृतियोंकी उपशमना करता है, मानके उदयसे जो श्रेणिपर चढ़ता है वह भी उन प्रकृतियोंका मानके उदयकालमें जितना क्रोधका वेदनकाल बतला आये हैं उतने ही कालके द्वारा उपशमना करता है। इस प्रकार मानके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके उन प्रकृतियोंकी उपशामना क्रोधके उदयकालमें न होकर मानके उदयकालमें हुई यह नानापन अर्थात् भेद यहाँ प्राप्त हो जाता है। इसी उदाहरणको ध्यानमें रखकर श्रेणिपर चढ़नेकी अपेक्षा और श्रेणिसे उतरनेकी अपेक्षा सर्वत्र विचार कर लेना चाहिये जिसका आगे चूर्णिसूत्रों और उसकी टीका द्वारा विचार किया जा रहा है।

उपशमश्रेणिपर चढ़नेकी अपेक्षा अनिवृत्तिकरणमें—

क्रोधसे श्रे० च० उपशमाई गई प्रकृतियाँ	क्रोध क्रोधवेदनकाल नौ नोकषाय, तीन क्रोध	मान मानवेदनकाल तीन मान	माया मायावेदनकाल तीन माया	लोभ लोभवेदनकाल तीन लोभ
मानसे श्रे० च० उपशमाई गई प्रकृतियाँ	मानवेदककाल नौ नोकषाय, तीन क्रोध	तीन मान	मायावेदनकाल तीन माया	लोभवेदककाल तीन लोभ
मायासे श्रे० च० उपशमाई गई प्रकृतियाँ	मायावेदककाल नौ नोकषाय, तीन क्रोध	तीन मान	तीन माया	लोभ तीन लोभ
लोभसे श्रे० च० उपशमाई गई प्रकृतियाँ	लोभवेदककाल नौ नोकषाय, तीन क्रोध	तीन मान	तीन माया	तीन लोभ

इस संदृष्टिसे यह स्पष्ट हो जाता है कि क्रोध, मान, माया और लोभके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके इनमेंसे किस कषायके उदयमें कब किन प्रकृतियोंकी उपशामना होती है। उतरनेकी अपेक्षा भी इसी न्यायसे विचार कर लेना चाहिये।

* वह जैसे ।

§ २४२. यह सूत्र सुगम है।

*** पुरिसवेदयस्स माणेण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स अधापवत्तकरणमादिं कादूण जाव चरिमसमयपुरिसवेदो त्ति णत्थि णाणत्तं ।**

§ २४३. किं कारणमेत्थ णाणत्ताभावे च ? वुच्चदे—पुव्वविहाणेणेव अधापवत्तापुव्वकरणाणि बोलाविय तदो अणियट्टिकरणद्धाए संखेज्जेसु भागेसु तेणेव कमेणाइक्कंतेसु तहा चेवंतरं समाणिय णवुंसयवेदादिकमेण णोकसाये उवसामेदि त्ति तेण कारणेण एदम्हि विसये णत्थि किंचि णाणत्तमिदि भणिदं ।

*** पढमसमयअवेदगप्पहुडि जाव कोहस्स उवसामणद्धा ताव णाणत्तं ।**

§ २४४. एवं भणिदे माणं वेदेंतो कोहमुवसामेदि त्ति एदमेत्थ णाणत्तं दट्ठव्वं । कोहस्स पढमट्ठिदी णत्थि त्ति एदं च णाणत्तमेत्थाणुगंतव्वं ।

*** माणमायालोभाणमुवसामणद्धाए णत्थि णाणत्तं ।**

§ २४५. किं कारणं ? सव्विस्से चेव परूवणाए णाणत्तेण विणा पवृत्तीए तत्थ परिप्फुडमुवलंभादो ।

*** मानके साथ श्रेणिपर चढ़े हुए पुरुषवेदी उपशामकके अधःप्रवृत्तकरणसे लेकर पुरुषवेदके अन्तिम समय तक नानापन नहीं है ।**

§ २४३. शंका—यहाँ नानात्वके अभावका क्या कारण है ?

समाधान—कहते हैं, पहलेकी विधिके अनुसार ही अधःप्रवृत्तकरण और अपूर्वकरणको बिताकर पश्चात् अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यात बहुभागके उसी क्रमसे व्यतीत होनेपर तथा उसी प्रकार अन्तर करणक्रियाको सम्पन्न करके नपुंसकवेद आदिके क्रमसे नोकषायोंको उपशमाता है इस कारणसे इस विषयमें कुछ भी नानापन नहीं है ऐसा सूत्रमें कहा है ।

विशेषार्थ—जैसे क्रोधसंज्वलनके उदयके साथ पुरुषवेदीके उपशमश्रेणिपर चढ़नेपर नोकषायोंकी उपशामना जिस क्रमसे होती है, मानसंज्वलनके उदयके साथ पुरुषवेदीके उपशमश्रेणिपर चढ़नेपर नोकषायोंकी उपशामना भी उसी क्रमसे होती है, इसलिए दोनोंकी यहाँ तककी प्ररूपणामें कोई अन्तर नहीं है यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है ।

*** अवेदकके प्रथम समयसे लेकर जबतक क्रोधका उपशामना काल है तबतक नानापन है ।**

§ २४४. ऐसा कहनेपर मानका वेदन करता हुआ क्रोधको उपशमाता है यह यहाँ नानापन जानना चाहिये और क्रोधकी प्रथम स्थिति नहीं होती यहाँ यह नानापन भी जानना चाहिये ।

विशेषार्थ—पहला क्रोधके उदयसे श्रेणिपर चढ़ा था यह मानके उदयसे श्रेणिपर चढ़ा है एक अन्तर तो यह है और जो मानके उदयसे श्रेणि चढ़ता है उसके क्रोध अनुदयप्रकृति होनेसे उसकी प्रथम स्थिति नहीं होती यह दूसरा अन्तर है ।

*** इसके मान, माया और लोभके उपशामना कालमें कोई नानापन नहीं है ।**

§ २४५. क्योंकि पूरी प्ररूपणामें नानापनके बिना वहाँ प्रवृत्ति स्पष्टरूपसे पाई जाती है ।

*** उवसंतेदाणिं णत्थि चेव णाणत्तं ।**

§ २४६. सुगमं ।

*** तस्स चेव माणेण उवट्ठियस्स तदो पडिवदिदूण लोभं वेदेंतस्स णत्थि णाणत्तं ।**

§ २४७. सुगमं ।

*** मायं वेदेंतस्स णत्थि णाणत्तं ।**

§ २४८. एदं पि सुबोहं ।

*** माणं वेदयमाणस्स ताव णाणत्तं जाव कोहो ण ओकड्डिज्जदि[1] । कोहे ओकड्डिदे कोधस्स उदयादिगुणसेढी णत्थि । माणो चेव वेदिज्जदि ।**

§ २४९. कोहस्स उदयादिगुणसेढी णत्थि त्ति एदमेगणाणत्तं, माणो चेव वेदिज्जदि त्ति बिदियं णाणत्तमिदि । एदमेदाणि दोण्णि णाणत्ताणि एत्थ दट्ठव्वाणि ।

विशेषार्थ—पुरुषवेद और मानसंज्वलनके उदयसे जो श्रेणिपर चढ़ता है वह उसी विधिसे मान, माया और लोभकी उतने ही कालमें उपशामना करता है जिस विधिसे पुरुषवेद और क्रोधके उदयसे श्रेणिपर चढ़ा हुआ जीव जितने कालमें उनकी उपशामना करता है, इसलिए यहाँ नानात्व का निषेध किया है ।

*** इनके उपशान्त होनेपर भी कोई नानापन नहीं है ।**

§ २४६. यह सूत्र सुगम है ।

*** मानकषायके साथ श्रेणिपर चढ़कर और वहांसे लौटकर लोभका वेदन करनेवाले उसी जीवके भी नानापन नहीं है ।**

§ २४७. यह सूत्र सुगम है ।

*** मायाका वेदन करनेवाले उस जीवके भी नानापन नहीं है ।**

§ २४८. यह सूत्र भी सुबोध है ।

*** मानका वेदन करनेवाले उसी जीवके तबतक नानापन है जबतक क्रोधका अपकर्षण नहीं करता है । क्रोधका अपकर्षण करनेपर क्रोधकी उदयादि गुणश्रेणि नहीं होती । यह मानका ही वेदन करता रहता है ।**

§ २४९. क्रोधकी उदयादि गुणश्रेणि नहीं होती यह एक नानापन है तथा मानका ही वेदन करता है यह दूसरा नानापन है । इस प्रकार ये दो नानापन यहाँ जानने चाहिये ।

विशेषार्थ—यह मानकषायके उदयसे श्रेणिपर चढ़ा है, इसलिये उतरते समय तक इसके क्रमसे लोभ, माया और मानका उदय होता है, क्रोधका उदय नहीं होता, इसलिए इसके एक तो क्रोधका अपकर्षण करनेके कालमें भी क्रोधकी उदयादि गुणश्रेणि नहीं होती एक नानापन तो यह है

---

१. ता०प्रतौ कोहे ओकड्डिदे इत्यतः चेव वेदिज्जदि इति यावत् टीकायां सम्मिलतः ।

*** एदाणि दोण्णि णाणत्ताणि कोधादो ओकड्डिदादो पाये जाव अधापवत्तसंजदो जादो त्ति ।**

§ २५०. माणोदएण चडिय पुणो हेट्ठा ओदरिय जाव अधापवत्तसंजदो ण जादो ताव माणोदओ ण णस्सदि त्ति । तदो एदम्हि अवत्थाविसेसे णाणत्तमेदमणंतरणिद्दिट्ठं दट्ठव्वं इदि वुत्तं होदि । एवं ताव वित्थारसमासेहिं णाणत्तमेदं फुडीकरिय संपहि मायाए उवट्ठिदस्स उवसामगस्स णाणत्तपरूवणट्ठमुत्तरं सुत्तपबंधमाढवेइ—

*** मायाए उवट्ठिदस्स उवसामगस्स केद्देही मायाए पढमट्ठिदी ।**

§ २५१. सुगमं ।

*** जाओ कोहेण उवट्ठिदस्स कोधस्स च माणस्स च मायाए च[1] पढमट्ठिदीओ ताओ तिण्णि पढमट्ठिदीओ संपिंडिदाओ मायाए उवट्ठिदस्स मायाए पढमट्ठिदी ।**

§ २५२. [2]अंतरकदमेत्ते चेव मायाए पढमट्ठिदिमेसो वेदेदि । तिस्से पढमट्ठिदीए आयामो केद्दिहि त्ति पुच्छिदे कोहेणोवट्ठिदस्स कोहमाणमायाणं जाओ पढमट्ठिदीओ

और दूसरे यह अन्तमें मानके वेदनकालसे लेकर उसीका वेदन करता हुआ ही श्रेणिसे उतरता है, श्रेणिमें इसके क्रोधका वेदन नहीं होता । इस प्रकार दूसरा नानापन यह है ।

*** क्रोधके अपकर्षणसे लेकर अधःप्रवृत्त संयत होनेतक संयतके ये दोनों नानापन होते हैं ।**

§ २५०. मानके उदयसे श्रेणिपर चढ़कर पुनः नीचे उतरकर जबतक अधःप्रवृत्त संयत नहीं हो जाता तबतक मानका उदय नष्ट नहीं होता, इसलिये इस अवस्थाविशेषमें यह अनन्तर कहा गया नानापन जानना चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है । विस्तार और संक्षेपसे इस नानापनको स्पष्ट करके अब मायाके साथ श्रेणिपर चढ़े हुए उपशामकके नानापनके निरूपण करनेके लिए इस सूत्रप्रबन्धको आरम्भ करते हैं—

*** मायासे श्रेणिपर चढ़े हुए उपशामकके मायाकी प्रथम स्थिति कितनी आयामवाली होती है ।**

§ २५१. यह सूत्र सुगम है ।

*** क्रोधसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके क्रोध, मान और मायाकी जितनी प्रथम स्थिति होती है उन तीनों प्रथम स्थितियोंको मिलाकर मायासे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके मायाकी प्रथम स्थिति होती है ।**

§ २५२. यह अन्तर किये जानेके बराबर मायाकी प्रथम स्थिति स्थापित करता है । उस प्रथम स्थितिका आयाम कितने प्रमाणवाला होता है ऐसा पूछनेपर क्रोधसे श्रेणिपर चढ़नेवाले जीवके

---

१. का०प्रतौ कोधस्स च चढमाणस्स च मायाए इति पाठः ।

२. ता०प्रतौ अंतराकद इत्यतः पढमट्ठिदी इति यावत् सूत्ररूपेण समुपलभ्यते ।

ताओ तिण्णि वि संपिंडियूण गहिदमेत्ती एदस्स मायाए पढमट्ठिदी होदि त्ति णिद्दिट्ठं। किं कारणमेग्गहंती पढमट्ठिदी एत्थ जादा त्ति णासंकणिज्जं, एदिस्से चेव पढमट्ठिदीए अब्भंतरे तिविहं कोहं तिविहं माणं तिविहं च मायमुवसामेमाणस्स तत्तियमेत्तपढमट्ठिदीए अविप्पडिवत्तिसिद्धत्तादो। तदो मायावेदगो चेव तिविहकोहमाणमायाओ जहाकममुवसामेदि त्ति एदं णाणत्तमेत्थ दट्ठव्वमिदि पदुप्पायणट्ठमाह—

* तदो मायं वेदेंतो कोहं च माणं च मायं च उवसामेदि।

§ २५३. सुगमं।

* तदो लोभमुवसामेंतस्स णत्थि णाणत्तं।

§ २५४. कुदो? तत्थ णाणत्तेण विणा पयदपरूवणाए पवुत्तिदंसणादो। एवं उवरिं चडियूण पुणो हेट्ठा ओदरमाणस्सेदस्स जो णाणत्तसंभवो तण्णिद्देसकरणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

* मायाए उवट्ठिदो, उवसामेयूण पुणो पडिवदमाणगस्स लोभं वेदयमाणस्स णत्थि णाणत्तं।

क्रोध, मान और मायाकी जो प्रथम स्थितियाँ हैं उन तीनोंको मिलाकर जितना आयाम होता है उतनी यहाँ मायाकी प्रथम स्थिति होती है ऐसा यहाँ जानना चाहिये।

शंका—यहाँपर इतने बड़े आयामवाली प्रथम स्थिति कैसे हो गई?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि इसी प्रथम स्थितिके भीतर तीन प्रकारके क्रोध, तीन प्रकारके मान और तीन प्रकारकी मायाको उपशमानेवाले जीवके उतने आयामवाली प्रथम स्थिति बिना विवादके सिद्ध है।

इसलिये मायाका वेदन करनेवाला जीव ही तीन प्रकारके क्रोध, तीन प्रकारके मान और तीन प्रकारकी मायाको क्रमसे उपशमाता है इस प्रकार इस नानापनको यहाँ जानना चाहिये इस बातका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* इसलिए मायाका वेदन करनेवाला जीव क्रोध, मान और मायाको उपशमाता है।

§ २५३. यह सूत्र सुगम है।

विशेषार्थ—क्रोधके उदयसे श्रेणिपर चढ़ा हुआ जीव केवल क्रोधको उपशमाता है, मानके उदयसे श्रेणिपर चढ़ा हुआ जीव क्रोध और मान इन दोको क्रमसे उपशमाता है तथा मायाके उदयसे श्रेणिपर चढ़ा हुआ जीव क्रमसे क्रोध, मान और मायाको उपशमाता है। एक तो इस प्रकार नानापन बन जाता है। दूसरे प्रथम स्थितिकी अपेक्षा भी यहाँ नानापन बन जाता है।

* तत्पश्चात् लोभको उपशमानेवाले उसी जीवके नानापन नहीं है।

§ २५४. क्योंकि वहाँ नानापनके बिना प्रकृत प्ररूपणाकी प्रवृत्ति देखी जाती है। इस प्रकार ऊपर चढ़कर पुनः नीचे उतरनेवाले इस जीवके जो नानापन सम्भव है उसका निर्देश करनेके लिए आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

* मायाकषायसे श्रेणिपर चढ़ा। पुनः कषायोंको उपशमाकर गिरकर लोभका

§ २५५. कुदो ? सुहुमसांपराइयलोभवेदणकालेण णाणत्तेण विणा पुव्वपरूवणाए चेव एत्थ वि पवुत्तिदंसणादो ।

* मायं वेदेंतस्स णाणत्तं । तं जहा—तिविहाए मायाए, तिविहस्स लोहस्स च गुणसेढिणिक्खेवो इदरेहिं कम्मेहिं सरिसो, सेसे सेसे च णिक्खेवो ।

§ २५६. कोहोदएण उवट्ठिदूण हेट्ठा ओदरमाणस्स मायाए पढमट्ठिदी सगवेदकालादो आवलियब्भहिया चेव, एत्थ पुण तिविहाए मायाए तिविहस्स च लोहस्स गुणसेढिणिक्खेवो णाणावरणादिकम्मेहिं सरिसायामो होदूणुवरि गलिदसेसायामेण पयट्टदि त्ति, एदं णाणत्तमेत्थ दट्ठव्वं ।

* सेसे च कसाये मायं वेदंतो ओकड्डिहिदि ।

§ २५७. एदमेत्थ विदियं णाणत्तं दट्ठव्वं । संपहि एत्थतणगुणसेढिणिक्खेवपमाणावहारणट्ठं उत्तरसुत्तमोइण्णं ।

* तत्थ गुणसेढिणिक्खेवविधिं च इदरकम्मगुणसेढिणिक्खेवेण सरिसं काहिदि ।

वेदन करनेवाले उसी जीवके नानापन नहीं है ।

§ २५५. क्योंकि सूक्ष्म लोभके वेदन करनेके कालमें नानापनके बिना पहलेकी प्ररूपणाकी यहाँ भी प्रवृत्ति देखी जाती है ।

विशेषार्थ—क्रोध, मान और माया इनमेंसे किसी भी कषायके उदयसे श्रेणिपर चढ़े और उतरे हुए जीवकी दशवें गुणस्थानमें उनकी अपेक्षा मात्र सूक्ष्म लोभका ही उदय रहता है, इसलिये इन कषायोंकी अपेक्षा दोनों अवस्थाओंमें यहां नानापन सम्भव नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* किन्तु बादमें मायाका वेदन करते हुए उसके नानापन है । वह जैसे—तीन प्रकारकी माया और तीन प्रकारके लोभका गुणश्रेणिनिक्षेप इतर कर्मोंके समान होता है और शेष-शेषमें निक्षेप होता है ।

§ २५६. क्रोधके उदयसे श्रेणिपर चढ़कर नीचे उतरनेवाले जीवकी मायाकी प्रथम स्थिति अपने वेदन करनेके कालसे मात्र एक आवली काल प्रमाण अधिक होती है, परन्तु यहाँपर तीन प्रकारकी माया और तीन प्रकारके लोभका गुणश्रेणिनिक्षेप ज्ञानावरणादि कर्मोंके सदृश आयामवाला होकर ऊपर गलित शेष आयामरूपसे प्रवृत्त होता है । इस प्रकार यह नानापन यहाँपर जानना चाहिये ।

* तथा शेष कषायोंको मायाका वेदन करता हुआ अपकर्षित करता है ।

§ २५७. यह यहाँ दूसरा नानापन जानना चाहिये । अब यहाँ प्रकृतमें किये जानेवाले गुणश्रेणि निक्षेपके आयामकी अवधारणा करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

* और वहाँ गुणश्रेणि निक्षेपविधिको इतर कर्मोंके गुणश्रेणि निक्षेपके समान

---

१. ता०प्रतौ सरिसो सेसे च इति पाठः ।

§ २५८. कुदो ? गलिदसेसगुणसेढिविसये पयारंतरासंभवादो। संपहि लोहोदएण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स णाणत्तगवेसणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

*** लोभेण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स णाणत्तं वत्तइस्सामो।**

§ २५९. सुगमं।

*** तं जहा।**

§ २६०. सुगमं।

*** अंतरकदमेत्ते लोभस्स पढमट्ठिदिं करेदि। जंदेही कोहेण उवट्ठिदस्स कोहस्स पढमट्ठिदी माणस्स च पढमट्ठिदी मायाए च पढमट्ठिदी लोभस्स च सांपराइयपढमट्ठिदी तद्देही लोभस्स पढमट्ठिदी।**

§ २६१. अंतरकदमेत्ते चेव सेससंजलणपरिहारेण लोहसंजलणस्स पढमट्ठिदिमेम्महंतिं एसो[1] दुवेदि त्ति। एदं णाणत्तमेत्थ दट्ठव्वं। किं कारणमेम्महंती लोभस्स

करता है।

§ २५८. क्योंकि गलित शेष गुणश्रेणिके विषयमें अन्य प्रकार सम्भव नहीं है।

विशेषार्थ—यहाँ मायाका वेदन करनेवाला जीव उपशमश्रेणिपर चढ़नेके बाद नीचे गिरता है तब पुनः मायाका वेदन करने लगता है। तब उसके जो कार्य विशेष होते हैं उनका निर्देश करते हुए बतलाया है कि सर्व प्रथम वह तीन प्रकारकी माया और तीन प्रकारके लोभका अपकर्षण कर उनका ज्ञानावरणादि कर्मोंके समान गुणश्रेणिनिक्षेप करता है। किन्तु यह गुणश्रेणिनिक्षेप गलितशेष होनेके कारण प्रति समय जो गुणश्रेणि शेष रहती जाती है उसमें अपकर्षित द्रव्यका निक्षेप करता है। तथा क्रमशः नीचे उतरकर मायाका वेदन करते हुए ही वह क्रमसे तीन मान और तीन क्रोधका भी अपकर्षण कर उनका भी गुणश्रेणिनिक्षेप शेष कर्मोंके समान करता है।

अब लोभके उदयसे चढ़े हुए उपशामकके नानापनकी गवेषणा करनेके लिए आगेका सूत्र प्रबन्ध आया है—

*** अब लोभकषायसे श्रेणिपर चढ़े हुए उपशामककी अपेक्षा नानापनको बतलावेंगे।**

§ २५९. यह सूत्र सुगम है।

*** वह जैसे।**

§ २६०. यह सूत्र भी सुगम है।

*** वह अन्तर किये जानेको मर्यादा करके लोभकी प्रथम स्थितिको करता है। क्रोधकषायसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवकी जितने आयामवाली प्रथम स्थिति, मानकी प्रथम स्थिति, मायाकी प्रथम स्थिति और लोभकी तथा साम्परायसम्बन्धी प्रथम स्थिति है उतने आयामवाली प्रथम स्थिति स्थापित करता है।**

§ २६१. यह शेष संज्वलनोंके बिना लोभ संज्वलनकी अन्तर किये जानेकी मर्यादा करके इतनी बड़ी प्रथम स्थितिको स्थापित करता है। यह नानापन यहाँपर जानना चाहिये।

---

१. ता०प्रतौ जद्देही इत्यतः सूत्रांशः टीकायां सम्मिलितः।

पढमट्ठिदी जादा त्ति णासंका एत्थ कायव्वा, एदिस्से चेव पढमट्ठिदीए अब्भंतरे अणियट्टिकरणविसयासेसवावारविसेसमणुणालेंतस्स एवंविहाए पढमट्ठिदीए अवस्ससंभाविदत्तादो। एत्तियं चेव चढमाणस्स णाणत्तं। एत्तो उवरि सुहुमलोभं वेदेंतस्स अत्थि किंचि णाणत्तमिदि पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तावयारो—

* सुहुमसांपराइयं पडिवण्णस्स णत्थि णाणत्तं।

§ २६२. सुगमं। संपहि एदस्सेव पुणो परिवदमाणावत्थाए णाणत्तगवेसणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

* तस्सेव पडिवदमाणगस्स सुहुमसांपराइयं वेदेंतस्स णत्थि णाणत्तं।

§ २६३. गयत्थमेदं सुत्तं।

* पढमसमयबादरसांपराइयप्पहुडि णाणत्तं वत्तइस्सामो।

§ २६४. बादरसांपराइयपविट्ठपढमसमयप्पहुडि णाणत्तमत्थि तमिदाणिं वत्तइस्सामो त्ति वुत्तं होइ।

* तं जहा।

§ २६५. सुगमं।

* तिविहस्स लोहस्स गुणसेढिणिक्खेवो इदरेहिं कम्मेहिं सरिसो।

शंका—इतनी बड़ी आयामवाली लोभकी प्रथम स्थिति किस कारणसे हो जाती है?

समाधान—यह आशंका यहाँ नहीं करनी चाहिये, क्योंकि इसी प्रथम स्थितिके भीतर अनिवृत्तिविषयक समस्त व्यापार विशेषको करनेवालेके इस प्रकारकी प्रथम स्थितिका होना अवश्यम्भावी है। चढ़नेवाले इसके इतना ही नानापन है। इससे ऊपर सूक्ष्म लोभका वेदन करनेवालेके कुछ भी नानापन नहीं है इस बातका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रका अवतार हुआ है—

* सूक्ष्मसाम्परायको प्राप्त हुए जीवके नानापन नहीं है।

§ २६२. यह सूत्र सुगम है। अब इसीके पुनः गिरनेकी अवस्थामें नानापनका अनुसन्धान करनेके लिये आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है।

* गिरते समय सूक्ष्मसाम्परायको वेदन करनेवाले उसीके नानापन नहीं है।

§ २६३. यह सूत्र गतार्थ है।

* अब बादरसाम्परायके प्रथम समयसे लेकर नानापनको बतलाते हैं।

§ २६४. जो बादर साम्परायमें प्रविष्ट हुआ है उसके प्रथम समयसे लेकर नानापन है उसे इस समय बतलाते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* वह जैसे।

§ २६५. यह सूत्र सुगम है।

* उसके तीन प्रकारके लोभोंका गुणश्रेणिनिक्षेप इतर कर्मोंके समान है।

§ २६६. अणियट्टिकरणपवेसाणंतरमेव तिविहं लोभमोकड्डियूण गुणसेढिणिक्खेवं कुणमाणो इदरेहि णाणावरणादिकम्मेहिं सरिसायामेण गुणसेढिणिक्खेवमेसो करेदि त्ति णत्थि णाणत्तं दट्ठव्वं, जस्स कसायस्सोदएण सेढिमारूढो तम्हि ओकड्डिदे णाणावरणादिकम्मेहिं सरिसगुणसेढिणिक्खेवपुरस्सरमंतरादूरणं करेदि त्ति णियमदंसणादो।

* लोभं वेदेमाणो सेसे कसाए ओकड्डिदि।

§ २६७. सुगमं।

* गुणसेढिणिक्खेवो इदरेहिं कम्मेहिं गुणसेढिणिक्खेवेण सव्वेसिं कम्माणं सरिसो। सेसे सेसे च णिक्खिवदि।

§ २६८. एदं पि सुगमं।

* एदाणि णाणत्ताणि जो कोहेण उवसामेदुमुवट्ठादि तेण सह सण्णिकासिज्जमाणाणि।

§ २६९. कोहसंजलणोदएण जो उवसामेदुमुवट्ठिदो तेण सह सण्णियासं कादूणेदाणि णाणत्ताणि माणमायालोहोदयिल्लोवसामगाणं परूविदाणि त्ति वुत्तं होदि।

---

§ २६६. अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करनेके अनन्तर समयसे ही यह जीव तीन प्रकारके लोभोंका अपकर्षण करके गुणश्रेणिनिक्षेपको करता हुआ इतर ज्ञानावरणादि कर्मोंके सदृश आयामवाले गुणश्रेणिनिक्षेपको करता है। इस प्रकार यह नानापन यहाँपर जानना चाहिये, क्योंकि जिस कषायके उदयसे श्रेणिपर चढ़ता है उसका अपकर्षण कर ज्ञानावरणादि कर्मोंके समान गुणश्रेणिनिक्षेपपूर्वक अन्तरको भरता है ऐसा नियम देखा जाता है।

* वह लोभका वेदन करता हुआ शेष कषायोंका अपकर्षण करता है।

§ २६७. यह सूत्र सुगम है।

* उसके सब कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप इतर कर्मोंके गुणश्रेणिनिक्षेपके सदृश होता है तथा वह शेष-शेषमें निक्षेप करता है।

§ २६८. यह सूत्र भी सुगम है।

* जो क्रोधके उदयके साथ श्रेणिपर चढ़कर कषायोंको उपशमानेके लिए उद्यत हुआ है उसके साथ सन्निकर्ष करते हुए ये नानापन जानना चाहिए।

§ २६९. जो पुरुष क्रोधसंज्वलनके उदयसे श्रेणिपर चढ़कर कषायोंको उपशमानेके लिए उपस्थित हुआ है उसके साथ सन्निकर्ष अर्थात् मिलान करके मान, माया और लोभके उदयवाले उपशामकोंके जो नानापन प्राप्त होता है उसकी प्ररूपणा की यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

विशेषार्थ—एक जीव क्रोधकषायके उदयसे श्रेणिपर चढ़ता और उतरता है और दूसरा जीव मानकषायके उदयसे श्रेणिपर चढ़ता और उतरता है तो उन दोनोंकी प्ररूपणामें जो भेद हो

---

१. ता०प्रतौ जो कोहेण इत्यतः सण्णिकासिज्जमाणाणि इति यावत् टीकायां सम्मिलितः।

*** एदे पुरिसवेदेणुवट्ठिदस्स वियप्पा ।**

§ २७०. पुरिसवेदोदयं धुवं कादूण चदुण्हं संजलणाणमुदयभेदमस्सियूण भणिदा णाणत्तवियप्पा अणुमग्गिदा । एत्तिह सेसवेदोदएहिं चडिदस्स जो भेदसंभवो तमणुवण्णइस्सामो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो ।

*** इत्थिवेदेण उवट्ठिदस्स णाणत्तं वत्तइस्सामो । तं जहा ।**

§ २७१. सुगमं ।

*** अवेदो सत्तकम्मंसे उवसामेदि । सत्तण्हं पि य उवसामणद्धा तुल्ला ।**

§ २७२. पुव्विल्लो सवेदो चेव होंतो सत्तकम्मंसे उवसामेदि, विसेसाहिया च छण्णोकसायाणमुवसामणद्धादो तस्स पुरिसवेदोवसामणद्धाए समयूणदोआवलियमेत्त-णवकबंधोवसामणाकालमेत्तेण । एत्थ पुण इत्थिवेदपढमट्ठिदिं गालिय तदणंतरसमए अवगदवेदभावमुवणमिय तत्थेव पुरिसवेदस्साबंधगो होदूण तदो सत्तण्णोकसाये अंतो-मुहुत्तकालेण जुगवमेवमुवसामेदि त्ति एदं णाणत्तं एदेण सुत्तेण णिद्दिट्ठं । सेसं सुगमं ।

जाता है वह तो यहाँ बतलाया ही गया है । इसी प्रकार शेष दो कषायोंकी अपेक्षा भी प्ररूपणामें क्या भेद पड़ता है यह भी यहाँपर बतलाया गया है ऐसा यहाँ समझना चाहिये ।

*** पुरुषवेदके साथ जो जीव श्रेणिपर चढ़ा है उसे माध्यम बनाकर ये विकल्प जानने चाहिये ।**

§ २७०. पुरुषवेदके उदयको ध्रुव करनेके साथ चार संज्वलनोंके उदयभेदका आश्रय कर पूर्वोक्त नाना विकल्पोंका विचार किया । अब शेष वेदोंके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके जो भेद सम्भव हैं उनका वर्णन करेंगे यह इस सूत्रका भावार्थ है ।

*** अब स्त्रीवेदके उदयसे उपशमश्रेणिपर चढ़े हुए जीवके नानापनको बतलावेंगे । वह जैसे ।**

§ २७१. यह सूत्र सुगम है ।

*** यह जीव अवेदी होकर सात कर्मोंको एक साथ उपशमाता है । उसके सातों ही कर्मोंका उपशामना काल समान है ।**

§ २७२. पहलेका जीव अर्थात् पुरुषवेदी जीव सवेदी होकर सात कर्मोंको उपशमाता है तथा छह नोकषायोंके उपशामना कालकी अपेक्षा उसका पुरुषवेदसम्बन्धी उपशामना काल एक समय कम दो आवलि नवकबन्ध उपशामना कालप्रमाण विशेष अधिक होता है । किन्तु यहाँपर स्त्रीवेदकी प्रथम स्थितिको गलाकर तदनन्तर समयमें अपगतवेदभावको प्राप्त होकर तथा वहींपर पुरुषवेदका अबन्धक होकर तत्पश्चात् सात नोकषायोंको अन्तर्मुहूर्त कालके द्वारा एक साथ ही उपशमाता है । इस प्रकार यह नानापन इस सूत्र द्वारा सूचित किया गया है । शेष कथन सुगम है ।

विशेषार्थ—पुरुषवेदी जीव सवेद भागमें ही सात नोकषायोंकी उपशामना करता है । किन्तु स्त्रीवेदी जीव अवेदी होनेके बाद सात नोकषायोंकी उपशामना करता है यह अन्तर यहाँ जानना चाहिये ।

* एदं णाणत्तं, सेसा सव्वे वियप्पा पुरिसवेदेण सह सरिसा।

§ २७३. एत्तियमेत्तो चेव एत्थतणो विसेसो[1]। एत्तो उवरिमा सव्वे वियप्पा जहा पुरिसवेदस्स चदुहिं कसाएहिं सह भणिदा तहा णिरवसेसा वत्तव्वा त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थविणिच्छओ। एत्थ ओदरमाणावत्थाए वि थोवयरविसेससंभवो अत्थि सो जाणिय वत्तव्वो। संपहि णवुंसयवेदोदएण चडिदस्स णाणत्तपदंसणट्ठमुवरिमं सुत्तपबंधमाह—

* णवुंसयवेदेणोवट्ठिदस्स उवसामगस्स णाणत्तं वत्तइस्सामो।

§ २७४. सुगमं।

* तं जहा।

§ २७५. सुगमं।

* अंतरदुसमयकदे णवुंसयवेदमुवसामेदि, जा पुरिसवेदेण उवट्ठिदस्स णवुंसयवेदस्स उवसामणद्धा तदो ही अद्धा गदा ण ताव णवुंसयवेदमुवसामेदि, तदो इत्थिवेदमुवसामेदि, णवुंसयवेदं पि उवसामेदि चेव, तदो इत्थिवेदस्स उवसामणद्धाए पुण्णाए इत्थिवेदो च णवुंसयवेदो च

---

* प्रकृतमें यह नानापन है। शेष सब विकल्प पुरुषवेदके साथ समान हैं।

§ २७३. यहाँपर इतना ही विशेष है। उक्त विकल्पसे ऊपरके सभी विकल्प जिस प्रकार पुरुषवेदीके चार कषायोंके साथ कहे हैं उसी प्रकार विशेषता किये बिना कहने चाहिये इस प्रकार यहाँपर यह सूत्रसम्बन्धी अर्थका निर्णय है। यहाँपर उतरनेरूप अवस्थामें थोड़ा-सा विशेष सम्भव है सो उसे जानकर कहना चाहिये। तात्पर्य यह है कि यह जीव श्रेणिसे उतरते समय अवेदी रहकर ही सात नोकषायोंको अनुपशमित करता है। इतना मात्र यहाँ भेद है। अब नपुंसकवेदके उदयके साथ श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके नानापनको दिखलानेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* नपुंसकवेदके साथ श्रेणिपर चढ़े हुए उपशामकके नानापनको बतलाते हैं।

§ २७४. यह सूत्र सुगम है।

* वह जैसे।

§ २७५. यह सूत्र सुगम है।

* अन्तर करनेके बाद दूसरे समयमें नपुंसकवेदको उपशमाता है। जो पुरुषवेदके साथ श्रेणिपर चढ़े हुए जीवका उपशामना काल है उतने आयामवाला उपशामना काल जब तक व्यतीत नहीं होता तबतक नपुंसकवेदको नहीं उपशमाता है। तत्पश्चात् स्त्रीवेदको उपशमाता है, नपुंसकवेदको भी उपशमाता ही है। इसलिये

---

१. ता०प्रतौ एत्तियमेत्तो इत्यतः विसेसो इति यावत् सूत्रांशरूपेणोपलभ्यते।

सामिदा भवंति। ताधे चेव चरिमसमए सवेदो भवदि, तदो अवेदो होदूण कम्माणि उवसामेदि, तुल्ला च सत्तण्हं पि कम्माणं उवसामणा।

§ २७६. पुरिसवेदेणोवट्ठिदो पुव्वमेव णवुंसयवेदमुवसामिय तदो अंतोमुहुत्तेणित्थिवेदमुवसामेदि। एदस्स पुण अंतरकदमेत्ते चेव णवुंसयवेदस्स पढमट्ठिदिं णवुंसयवेदोवसामणद्धामेत्तिं ठवेयूण पुव्वमेव णवुंसयवेदोवसामणमाढविय उवसामेमाणस्स जेही पुरिसवेदेणोवट्ठिदस्स णवुंसयवेदोवसामणद्धा तद्देही अद्धा गदा तो वि णवुंसयवेदोवसामणा ण समप्पदि। तदो इत्थिवेदोवसामणं पि तत्थाढविय दो वि उवसामेमाणस्स अप्पणो पढमट्ठिदीए चरिमसमए जम्मि इत्थिवेदोवसामणद्धा पुण्णा तम्हि णवुंसयवेदो इत्थिवेदो च दो वि जुगवमुवसामिदा भवंति त्ति। एदमेगं णाणत्तं। अवगदवेदो च संतो तत्तोप्पहुडि सत्तणोकसाये उवसामेदि। सरसी च सत्तण्हं पि कम्माणमुवसामणद्धा त्ति। एदं विदियं णाणत्तं। एवमेदाणि दोण्णि णाणत्ताणि णवुंसयवेदोदएण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स होंति त्ति सुत्तत्थसंगहो। संपहि एदं चेवत्थमुवसंहरेमाणो सुत्तरमुत्तरं भणइ—

* एदं णाणत्तं णवुंसयवेदेण उवट्ठिदस्स। सेसा वियप्पा तेण चेव कायव्वा।

स्त्रीवेदके उपशामना कालके पूरा होनेपर स्त्रीवेद और नपुंसकवेद उपशमित हो जाते हैं। तथा उसी अन्तिम समयमें सवेदी होता है, तत्पश्चात् अवेदी होकर सात कर्मोंको उपशमाता है। सात कर्मोंका उपशामना काल समान है।

§ २७६. पुरुषवेदके साथ श्रेणिपर चढ़ा हुआ जीव पहले ही नपुंसकवेदको उपशमा कर तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा स्त्रीवेदको उपशमाता है। परन्तु यह अर्थात् नपुंसकवेदी जीव अन्तर किये जानेकी मर्यादा करके नपुंसकवेद और स्त्रीवेदके उपशामना कालप्रमाण नपुंसकवेदकी प्रथम स्थितिको स्थापित करता है जो प्रथम स्थिति, जो पहले ही नपुंसकवेदकी उपशामनाका आरम्भ कर उसकी उपशामना कर रहा है ऐसे पुरुषवेदसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके जितना आयामवाला नपुंसकवेदका उपशामना काल है उतना आयामवाले कालके बराबर है, वह काल यद्यपि व्यतीत हो गया है तो भी नपुंसकवेदकी उपशामना समाप्त नहीं होती है। तत्पश्चात् वहाँपर स्त्रीवेदकी उपशामनाको भी आरम्भ करके स्त्रीवेद और नपुंसकवेद दोनोंकी ही उपशामना करनेवाले जीवके अपनी (स्त्रीवेदसम्बन्धी) प्रथम स्थितिके अन्तिम समयमें जिसमें कि स्त्रीवेदका उपशामना काल पूर्ण होता है—उसमें 'नपुंसकवेद और स्त्रीवेद दोनों ही एक साथ उपशमित होते हैं। यह एक नानापन है। और अवगतवेदी होकर वहाँसे लेकर सात नोकषायोंको उपशमाता है। सात नोकषायोंका उपशामना काल समान है। यह दूसरा नानापन है। इस प्रकार नपुंसकवेदसे श्रेणिपर चढ़कर उपशामना करनेवालेके ये दो नानापन होते हैं—यह इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है। अब इसी अर्थका उपसंहार करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* नपुंसकवेदसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवकी अपेक्षा यह नानापन है। शेष विकल्प वे ही (पुरुषवेदके समान ही) कहने चाहिये।

§ २७७. सुगमं । एकमेक्कियेण पबंधेण णाणत्तमवेसणं कादूण संपहि [illegible] वूरणबीजपदावलंबणेण चडमाणोदरमाणोवसामगविसयाणमेत्तोवजोगीणं पदविसेसा[illegible] मप्पाबहुअपरूवणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरमाढवेइ—

* एत्तो पुरिसवेदेण सह कोहेण उवट्ठिदस्स उवसामगस्स पढ[illegible] समयअपुव्वकरणमादिं कादूण जाव पडिवदमाणगस्स चरिमसमयअपुव्व[illegible] करणो त्ति एदिस्से अद्धाए जाणि कालसंजुत्ताणि पदाणि तेसिमप्पाबहु[illegible] वत्तइस्सामो ।

§ २७८. पुरिसवेदकोहसंजलणाणं उदएण जो सेढिमारूढो तमहिकिच्च तस्स पढमसमयअपुव्वकरणमादिं कादूण जाव पडिवदमाणापुव्वकरणचरिमसमयो त्ति ताणि कालसंजुत्ताणि पदाणि जहण्णुक्कस्साणुभागखंडयुक्कीरणद्धादिपडिबद्धाणि तेसिमिमाणि मप्पाबहुअं वत्तइस्सामो त्ति पइण्णावक्कमेदं ।

* तं जहा ।

§ २७९. सुगममेदं पयदप्पाबहुअपरूवणावसरकरणट्ठं पुच्छावक्कं ।

* सव्वत्थोवा जहण्णिया अणुभागखंडयउक्कीरणद्धा ।

§ २८०. कुदो ? णाणावरणादिकम्माणं चडमाणसुहुमसांपराइयचरिमाणुभागखंडयुक्कीरणद्धाए मोहणीयस्स वि अंतरकरणे कीरमाणे तत्थतणचरिमाणुभागखंड[illegible]

---

§ २७७. यह सूत्र सुगम है । इस प्रकार इतने प्रबन्ध द्वारा नानापनका अनुसन्धान करके अब पदपरिपूरणरूप बीज पदका अवलम्बन करके चढ़ते हुए और उतरते हुए उपशामकविषयक तथा यहाँ उपयोगी पदविशेषोंके अल्पबहुत्वका प्ररूपण करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको आरम्भ करते हैं —

* अब इससे आगे पुरुषवेदके साथ संज्वलन क्रोधकषायके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर गिरनेवाले उसी उपशामकके अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक कालसंयुक्त अर्थात् कालकी अपेक्षा जितने पद हैं उनके अल्पबहुत्वको बतलावेंगे ।

§ २७८. पुरुषवेद और क्रोधसंज्वलनके उदयसे जो श्रेणिपर चढ़ा है उसे अधिकृत कर उसीके अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर गिरनेवाले उसीके अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक जघन्य और उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकउत्कीरण काल आदिसे सम्बन्ध रखनेवाले कालविशिष्ट जो पद हैं उनके अल्पबहुत्वको बतलावेंगे इस प्रकार यह प्रतिज्ञावाक्य है ।

* वे जैसे ।

§ २७९. प्रकृत अल्पबहुत्वकी प्ररूपणाका अवसर देनेके लिये आया हुआ यह सूत्र सुगम है ।

* अनुभागकाण्डकका जघन्य उत्कीरणा काल सबसे थोड़ा है ।

§ २८०. क्योंकि श्रेणिपर चढ़नेवाले सूक्ष्मसाम्परायिकके ज्ञानावरणादि कर्मोंका जो अन्तिम समयसम्बन्धी अनुभागकाण्डक उत्कीरणकाल होता है और मोहनीयकर्मका अन्तरकरण करनेपर

कीरणद्धाए सव्वजहण्णभावेणेत्थ गहणादो ।

* उक्कस्सिया अणुभागखंडयउक्कीरणद्धा विसेसाहिया ।

§ २८१. कुदो ? सव्वकम्माणं पि चडमाणापुव्वकरणपढमाणुभागखंडयुक्की-रणद्धाए गहणादो ।

* जहण्णिया ट्ठिदिबंधगद्धा ट्ठिदिखंडयउक्कीरणद्धा च तुल्लाओ संखेज्जगुणाओ ।

§ २८२. मोहणीयस्स जहण्णट्ठिदिबंधगद्धा णाम अणियट्टिकरणचरिमावत्थाए होदूण, तत्तो परं तस्स बंधवोच्छेददंसणादो । जहण्णट्ठिदिखंडयुक्कीरणद्धा पुण एत्थ ण होदि, अंतरकरणादो उवरि मोहणीयस्स ट्ठिदिघादासंभवादो । सेसकम्माणं पुण सुहुम-सांपराइयचरिमावत्थाए दो वि एदाओ जहण्णद्धाओ घेत्तव्वाओ, तत्थेव तासिं जहण्ण-भावोवलद्धीदो । ण च एदासिं पुव्विल्लादो संखेज्जगुणत्तमसिद्धं, एगट्ठिदिखंडयुक्की-रणकालब्भंतरे सव्वजहण्णे वि संखेज्जसहस्समेत्ताणमणुभागखंडयाणमत्थित्तोवएस-ेण तस्सिद्धीदो ।

* पडिवदमाणगस्स जहण्णिया ट्ठिदिबंधगद्धा विसेसाहिया ।

§ २८३. एसा णाणावरणादीणमोदरमाणसुहुमसांपराइयपढमट्ठिदिबंधविसये

हो वहाँ सम्बन्धी अन्तिम अनुभागकाण्डक उत्कीरणकाल होता है उन दोनोंको यहाँ ग्रहण किया है ।

* अनुभागकाण्डकका उत्कृष्ट उत्कीरण काल विशेष अधिक है ।

§ २८१. क्योंकि श्रेणिपर चढ़नेवाले अपूर्वकरणके सभी कर्मोंसम्बन्धी प्रथम अनुभाग-काण्डकके उत्कीरण कालका यहाँ ग्रहण किया है ।

* जघन्य स्थितिबन्ध काल और स्थितिकाण्डक उत्कीरण काल दोनों समान होकर संख्यातगुणे हैं ।

§ २८२. अनिवृत्तिकरणकी अन्तिम अवस्थासम्बन्धी मोहनीयके जघन्य स्थितिबन्ध कालको ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि उसके आगे उसकी बन्धव्युच्छित्ति देखी जाती है । परन्तु यहाँपर मोहनीयकर्मसम्बन्धी स्थितिकाण्डकका जघन्य उत्कीरण काल नहीं होता, क्योंकि अन्तरकरण करनेके बाद आगे मोहनीयकर्मका स्थितिघात असम्भव है । सभी कर्मोंके सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थान-की अन्तिम अवस्थामें तो ये दोनों ही जघन्य ग्रहण करने चाहिये, क्योंकि वहींपर ये दोनों जघन्य-रूपसे उपलब्ध होते हैं । और ये पहलेके पदसे संख्यातगुणे होते हैं यह असिद्ध नहीं है, क्योंकि सबसे जघन्य एक स्थितिकाण्डकके उत्कीरण कालके भीतर भी संख्यात हजार अनुभागकाण्डकोंके उपदेशके बलसे वे संख्यातगुणे हैं यह सिद्ध होता है ।

* श्रेणिसे गिरनेवाले जीवका जघन्य स्थितिबन्ध काल विशेष अधिक है ।

§ २८३. उतरनेवाले सूक्ष्मसाम्परायिक जीवके यह ज्ञानावरणादिसम्बन्धी प्रथम स्थितिबन्ध-

घेत्तव्वा। मोहणीयस्स पुण ओदरमाणाणियट्टिपढमट्ठिदिबंधविसये गहेयव्वा। [illegible] तत्तो एदिस्से विसेसाहियत्तसिद्धं, चडमाणतदद्धाहिंतो ओदरमाणतदद्धाए संकिलेसमाहप्पेण विसेसाहियसिद्धीए बाहाणुवलंभादो। एदेण सुत्तणिद्देसेण जाणिज्जदे [illegible] ओदरमाणस्स सव्वावत्थासु ट्ठिदिअणुभागघादा णत्थि त्ति, जइ अत्थि तो ओदरमाणस्स ट्ठिदिबंधगद्धाए सह ट्ठिदिखंडयउक्कीरणद्धं पि भणेज्ज। ण च एवं, तहाणुवइट्ठत्तादो।

* अंतरकरणद्धा विसेसाहिया।

§ २८४. एसो अंतरफालीणमुक्कीरणकालो गहिदो। एसो चेव तत्थतणट्ठिदिबंधट्ठिदिखंडयउक्कीरणकालो वि, तिण्हमेदेसिं समाणपरिमाणत्तोवलंभादो। ण च एदस्स पुव्विलादो विसेसाहियत्तमसिद्धं, उवरिमट्ठिदिबंधगद्धाहिंतो हेट्ठिमट्ठिदिबंधगद्धाणं जहाकमं विसेसाहियभावसिद्धीए णिप्पडिबंधमुवलंभादो।

* उक्कस्सिया ट्ठिदिबंधगद्धा ट्ठिदिखंडयउक्कीरणद्धा च विसेसाहिया।

§ २८५. कुदो? सव्वकम्माणं पि चडमाणापुव्वकरणपढमसमयाढत्तट्ठिदिबंधट्ठिदिखंडयउक्कीरणद्धाणं गहणादो।

* चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स गुणसेढिणिक्खेवो संखेज्जगुणो।

विषयक लेना चाहिये। मोहनीयकर्मका तो श्रेणिसे उतरनेवाले अनिवृत्तिकरणसम्बन्धी प्रथम स्थितिबन्धविषयक लेना चाहिये। और पूर्वके स्थितिबन्ध कालसे यह विशेष अधिक है यह असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि चढ़नेवाले स्थितिबन्धकालसे उतरनेवाला स्थितिबन्धकाल संक्लेशके माहात्म्य वश विशेष अधिक सिद्ध होता है इसमें कोई बाधा नहीं पाई जाती। साथ ही प्रकृत सूत्रके इस निर्देशसे इस प्रकार भी जाना जाता है कि श्रेणिसे उतरनेवालेके सब अवस्थाओंमें स्थितिघात और अनुभागघात नहीं होता, यदि होता तो उतरनेवालेके स्थितिबन्धकालके साथ स्थितिकाण्डक उत्कीरणकाल भी कहते। परन्तु ऐसा होता नहीं है, क्योंकि उस प्रकार उसका उपदेश पाया नहीं जाता।

* अन्तरकरणकाल विशेष अधिक है।

§ २८४. यह अन्तरफालियोंका उत्कीरणकाल ग्रहण किया है और यही वहाँ सम्बन्धी स्थितिबन्धकाल और स्थितिकाण्डकउत्कीरणकाल भी है, क्योंकि इन तीनोंका समान परिमाण पाया जाता है। और पूर्व कालसे इसका विशेष अधिकपना असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि उपरिम स्थितिबन्धकालोंसे अधस्तन स्थितिबन्धकालोंके विशेष अधिक रूपसे सिद्ध होनेमें कोई बाधा नहीं पाई जाती है।

विशेषार्थ—क्षपकश्रेणिपर चढ़नेवाला जीव परभवसम्बन्धी किसी भी आयुका बन्ध नहीं करता। मात्र उसके एक भुज्यमान मनुष्यायुकी सत्ता अवश्य होती है, पर उसका न तो स्थिति-काण्डकघात होता है और न ही अनुभागकाण्डकघात होता है। इसके तीर्थंकर प्रकृति और आहारक-द्विककी सत्ता किसीके होती है और किसीके नहीं होती है यह स्पष्ट ही है। जिसके होती है उसके इन प्रकृतियोंका काण्डकघात अवश्य होता है। यहाँ आहारकद्विकसे आहारक शरीर, आहारक आंगोपांग, आहारकबन्धन और आहारकसंघात इन चारोंको ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि सत्ता-की अपेक्षा इनकी पृथक्-पृथक् गणना की गई है। एक श्रेणिमें ऊर्ध्वरचना करना चाहिये इसका अर्थ है कि एक-एक समयके क्रमसे पहले अधःप्रवृत्तकरणके क्रमवृद्धिरूप परिणाम स्थापित करने चाहिये। उसके बाद उन परिणामोंसे लगकर अपूर्वकरणके क्रमिक विशुद्धिको लिये हुए परिणाम स्थापित करने चाहिये और अन्तमें अनिवृत्तिकरणके परिणाम स्थापित करने चाहिये। काण्डक-घातमें एक-एक अन्तर्मुहूर्तमें एक-एक काण्डकप्रमाण स्थितियों और अनुभागको फालिक्रमसे घटाया जाता है। एक स्थितिकाण्डकघातके कालमें हजारों अनुभागकाण्डकघात हो लेते हैं इतना यहाँ विशेष जानना चाहिये। यह अनुभागकाण्डकघात अप्रशस्त प्रकृतियोंका ही होता है। स्थिति-काण्डकघात सभी प्रकृतियोंका होता है। मात्र आयुकर्म इसका अपवाद है।

* उन्हीं कर्मोंके अनुभागस्पर्धकोंकी जघन्य स्पर्धकसे लेकर एक स्पर्धक श्रेणि-रूपसे रचना करनी चाहिये।

§ ५. 'जाणि कम्माणि अत्थि' इस वचनका पूर्व सूत्रसे अनुवर्तन होता है, इसलिये ऐसा सम्बन्ध करना चाहिये—संक्रामण प्रस्थापकके चारित्रमोहनीय प्रभृति जो कर्म हैं उन्हीं कर्मोंके अनुभागस्पर्धकसम्बन्धी जो जघन्य स्पर्धक है उससे लेकर एक स्पर्धकपंक्ति रचनी चाहिये। सूत्रमें 'जहण्णफद्दयप्पहुडि' ऐसा कहनेपर जघन्य स्पर्धकसे लेकर ऐसा ग्रहण करना चाहिये। प्रभृति शब्दका उच्चारण करनेसे सर्वत्र विवक्षित स्पर्धकके साथ ऊपरके स्पर्धकोंका ग्रहण होता है

---

१. ता०प्रतौ ओट्टियव्वाओ इति पाठः।

विरोहाभावादो। एगफद्दयावलिया त्ति समासणिद्देसो एसो; तेणेवमेत्थ समासकायव्वा—फद्दयाणमावलिया फद्दयावलिया, एगा च सा फद्दयावलिया च एगफद्दयावलिया त्ति। तदो कम्मं पडि एगेगा फद्दयओली अप्पप्पणो जहण्णफद्दयप्पहुडि जाव उक्कस्सयफद्दयं ति रचेयव्वा त्ति भणिदं होदि। किं पुण कारणमेदेसिमणुभागफद्दयाणमेगावलियाए विरचणा एत्थ कीरदि त्ति णासंकणिज्जं; एदेण विण्णासेण ठिदाणमणुभागफद्दयाणमेत्तिये भागे घेत्तूण अपुव्वाणियट्टिकरणेसु अणुभागखंडयघादमाढवेदि त्ति जाणावणट्ठमेत्थ तासिं तहाविण्णासकरणादो।

§ ६. जइ वि पसत्थाणं कम्माणं विसोहीए अणुभागघादो णत्थि त्ति, अप्पसत्थाणं चेव कम्माणमिह घादिज्जमाणाणमणुभागविण्णासविसेसो उवजुज्जंतओ; तो वि अव्वुप्पण्णजणवुप्पायणट्ठमविसेसेण सव्वेसिं चेव कम्माणमोवट्टज्जाणमणुभागविण्णासो सुत्तयारेण णिद्दिट्ठो त्ति दट्ठव्वो। तत्थ अप्पसत्थाणं पयडीणं देस-सव्वघादीणमघादीणं च अप्पप्पणो जहण्णफद्दयप्पहुडि जाव दारुअसमाणाणंतिमभागविसयलद्धाओग्गुक्कस्सफद्दयं ति ताव विट्ठाणियाणुभागविण्णासो एत्थ कायव्वो। पसत्थाणं पुण चउट्ठाणिओ अणुभागविण्णासो जहण्णफद्दयप्पहुडि जाव तप्पाओग्गुक्कस्सफद्दयं ति ताव एत्थ कायव्वो; विसोहीए सुहाणमणुभागवुड्ढिं मोत्तूण पयारंतरासंभवादो।

इसमें कोई विरोध नहीं आता है। 'एगफद्दयावलिया' यह समासित पदका निर्देश है, इसलिये यहाँपर इस प्रकार समासकी योजना करनी चाहिये—स्पर्धकोंकी आवलि स्पर्धकावलि, एक जो स्पर्धकावलि एक स्पर्धकावलि। इसलिये प्रत्येक कर्मके प्रति अपने-अपने जघन्य स्पर्धकसे लेकर उत्कृष्ट स्पर्धकतक एक-एक स्पर्धकश्रेणि रचनी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—इन अनुभागस्पर्धकोंकी एक श्रेणिरूपसे रचना यहाँपर किसलिये की जाती है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि इस रचनारूपसे स्थित अनुभागस्पर्धकोंके इतने भागको ग्रहण कर अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणमें अनुभागकाण्डकघात आरम्भ करता है इस बातका ज्ञान करानेके लिये उनकी उस रूपसे रचना की है।

§ ६. यद्यपि विशुद्धिके कारण प्रशस्त कर्मोंका अनुभागघात नहीं होता है, इसलिए घाते जानेवाले अप्रशस्त कर्मोंके ही अनुभागका रचना विशेष उपयोगी है तो भी बालजनोंको व्युत्पन्न करनेके लिए आयुकर्मको छोड़कर सामान्यसे सभी कर्मोंके अनुभागविन्यासका सूत्रकारने निर्देश किया है ऐसा यहाँ जानना चाहिये। उनमेंसे जो देशघाति और सर्वघाति अप्रशस्त प्रकृतियाँ हैं उनके अपने-अपने जघन्य स्पर्धकसे लेकर दारुसमान अनन्तवें भागको विषय करनेवाले तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्पर्धकतक द्विस्थानीय अनुभागका विन्यास यहाँपर करना चाहिये। परन्तु प्रशस्त कर्मोंका जघन्य स्पर्धकसे लेकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्पर्धकतक चतुःस्थानीय अनुभागविन्यास यहाँपर करना चाहिये, क्योंकि विशुद्धिके बलसे शुभ प्रकृतियोंकी अनुभागवृद्धिको छोड़कर अन्य प्रकार असम्भव है।

---

१. ता०प्रतौ जणुणवुप्पायट्ठ—इति पाठः।

*** तदो अधापवत्तकरणस्स चरिमसमए अप्पा इदि कट्टु इमाओ चत्तारि सुत्तगाहाओ विहासियव्वाओ ।**

§ ७. **तदो ट्ठिदि-अणुभागाणं विरचणादो अणंतरमिमा परूवणा आढवेयव्वा त्ति भणिदं होइ । तं जहा—अधापवत्तकरणपढमसमयप्पहुडि पडिसमयमणंतगुणाए विसोहीए विसुज्झमाणो ट्ठिदि-अणुभागखंडयघादेहिं विणा सगद्धाए संखेज्जसहस्समेत्ताणि ट्ठिदि-बंधोसरणाणि अप्पसत्थाणं कम्माणं पडिसमयमणंतगुणहीणमणुभागबंधं बंधाणियं, पसत्थाणमणंतगुणं चउट्ठाणियमणुभागबंधं च करेमाणो अधापवत्तकरणद्धाए चरिमसमयं कमेण संपत्तो ।**

§ ८. **ताधे अधापवत्तकरणस्स चरिमसमए अप्पा वट्टदि[1] त्ति कट्टु इमाओ चत्तारि सुत्तगाहाओ विहासियव्वाओ भवंति; सुत्तेण विणा पयदत्थपरूवणाए सुत्ताणु-**

विशेषार्थ—यहाँपर विशुद्धिका अर्थ शुभ और शुद्ध परिणाम है । उनमेंसे शुद्धपरिणाम शुभाशुभ परिणामोंसे रहित संवर और निर्जरारूप है । जो शुभ परिणामसहित है । उसके साथ शुभ परिणामको निमित्त कर अशुभ प्रकृतियोंका तत्प्रायोग्य अपने योग्य जघन्यसे लेकर उत्कृष्ट तक द्विस्थानीय अनुभाग होता है और शुभ प्रकृतियोंका तत्प्रायोग्य अपने जघन्यसे लेकर उत्कृष्ट अनुभागतक चतुःस्थानीय अनुभाग होता है । ऐसे अनुभागसे युक्त यह जीव अगले समयमें अपूर्वकरण गुणस्थानमें प्रवेश करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि आगे अशुभ प्रकृतियोंके अनुभागमें उत्तरोत्तर हानि होती जाती है और शुभ प्रकृतियोंके अनुभागमें उत्तरोत्तर वृद्धि होती जाती है । इसका मूल कारण उत्तरोत्तर हानिरूप कषायपरिणाम है । हानि होनेसे उत्तरोत्तर शेष रहे कषायपरिणामके अनुसार लेश्यामें विशुद्धि आती जाती है । उस कारण तो शुभ कर्मोंके अनुभागमें वृद्धि होती जाती है और जो प्रत्येक समयमें कषायपरिणाममें हानि होकर शुद्धिकी प्राप्ति होती है वह संवर-निर्जराका हेतु होती है । शुभ और शुद्ध परिणामकी यह व्यवस्था दशवें गुणस्थानके अन्तिम समय तक चलती रहती है । ग्यारहवें आदि गुणस्थानोंमें कषायका सर्वथा अभाव हो जाता है, इसलिये वहाँ केवल शुद्ध परिणाम ही होता है ।

*** तत्पश्चात् अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें आत्मा है ऐसा समझकर इन चार गाथाओंकी विभाषा करनी चाहिये ।**

§ ७. 'तदो' अर्थात् स्थिति और अनुभागका विन्यास करनेके अनन्तर यह प्ररूपणा आरम्भ करनी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है । वह जैसे—अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर प्रत्येक समयमें अनन्तगुणी विशुद्धिके द्वारा विशुद्ध होता हुआ यह जीव स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघातके बिना अपने कालके भीतर स्थितिबन्धापसरणोंको तथा अप्रशस्त कर्मोंके प्रत्येक समयमें उत्तरोत्तर अनन्तगुणे हीन द्विस्थानीय अनुभागबन्धको और प्रशस्त कर्मोंके उत्तरोत्तर अनन्तगुणे चतुःस्थानीय अनुभागबन्धको करता हुआ क्रमसे अधःप्रवृत्तकरके अन्तिम समयको प्राप्त होता है ।

§ ८. अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें आत्मा है ऐसा समझकर उस समय इन चार सूत्रगाथाओंकी विभाषा करनी चाहिये, क्योंकि सूत्रके बिना प्रकृत अर्थकी प्ररूपणा करनेपर सूत्रा-

---

[1] ता०प्रतौ वड्ढदि इति पाठः ।

सारीणमणादेयत्तप्पसंगादो। तम्हा चरित्तमोहणीयक्खवणाए पडिबद्धअट्ठावीसमूल-गाहाओ[1] तत्थ ताव चउण्हं पट्ठवणमूलगाहाणमेत्थ विहासा कायव्वा त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो। एवमेदं पइण्णाय संपहि तासिं विहासणं कुणमाणो तव्विसयमेव पुच्छावक्कमाह—

* तं जहा।

§ ९. सुगममेदं पुच्छावक्कं। एवं च पुच्छाविसईकयगाहासुत्तत्थविहासणे कायव्वे जहा उद्देसो तहा णिद्देसो त्ति णायमवलंबिय पढमगाहाए ताव अत्थविहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* 'संकामणपट्ठवगस्स परिणामो केरिसो भवे' त्ति विहासा।

§ १०. संकामणं णाम चारित्तमोहादीणं कम्माणं खविज्जमाणाणं अण्णपयडीहु संच्छोहणं। संछोहणाए विणा खविज्जमाणाणं लोहसंजलणादीणं कथं संकामणववहारो त्ति णासंकणिज्जं; संकामणसद्दस्स खवणपज्जायवाचित्तेण तत्थावलंबणादो। संकामणस्स पट्ठवगो संकामणपट्ठवगो, कसायक्खवणाए आढवगो त्ति वुत्तं होइ। तस्स परिणामो पणिधाणविसेसो केरिसो किंपयारो भवे त्ति पुच्छा सुत्तमेदं। एदस्स णिण्णयकरणमेत्तो

नुसारी जीवोंके लिए उसके अनुपादेयपनेका प्रसंग प्राप्त होता है। इसलिये चारित्रमोहनीयकी क्षपणासे सम्बन्ध रखनेवाली अट्ठाईस मूल गाथाएँ हैं। उनमेंसे प्रकृतमें सर्वप्रथम प्रस्थापनासम्बन्धी चार मूल गाथाओंकी यहाँपर विभाषा करनी चाहिये यह इस सूत्रका भावार्थ है। इस प्रकार यह प्रतिज्ञा करके अब उनकी विभाषा करते हुए तद्विषयक ही पृच्छावाक्यको कहते हैं—

* वह जैसे।

§ ९. यह पृच्छावाक्य सुगम है। इस प्रकार पृच्छाके विषय किये गये गाथासूत्रके अर्थकी विभाषा करनेपर 'उद्देशके अनुसार निर्देश किया जाता है' इस न्यायका अवलम्बन लेकर सर्वप्रथम प्रथम गाथाके अर्थकी विभाषा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* 'संक्रामणके प्रस्थापकका परिणाम कैसा होता है' इसकी विभाषा करते हैं।

§ १० जिन चारित्रमोहनीय आदि कर्मोंका क्षपण करनेवाले हैं उनका अन्य प्रकृतियोंमें निक्षेपण करनेका नाम संक्रामण है।

शंका—क्षपित किये जानेवाले लोभसंज्वलन आदिमें संक्रामण व्यवहार कैसे होता है?

समाधान—क्योंकि गाथासूत्रमें संक्रामण शब्दका क्षपणापर्यायके वाचकरूपसे अवलम्बन लिया गया है।

संक्रामणका प्रस्थापक जीव संक्रामणप्रस्थापक अर्थात् कषायोंकी क्षपणाका आरम्भ करनेवाला होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उसका परिणाम प्रणिधानविशेष कैसा अर्थात् किस प्रकारका होता है इस प्रकार यह पृच्छासूत्र है। इसका निर्णय करना कि इसका ऐसा परिणाम

---

१. ता०प्रतौ हा[ओ]सु इति पाठः। २. ता०प्रतौ –कयाणं गाहा –इति पाठः। ३. ता०प्रतौ भवे[दि] त्ति इति पाठः। क०प्रतौ भवदि त्ति पाठः।

परिणामो होदि त्ति परूवणं विहासा णाम। सा एण्हि कायव्वा त्ति भणिदं होइ।

* तं जहा।

§ ११. सुगमं।

* परिणामो विसुद्धो पुव्वं पि अंतोमुहुत्तप्पहुडि विसुज्झमाणो आगदो अणंतगुणाए विसोहीए।

§ १२. विसुद्धो चेव परिणामो एदस्स होइ त्ति एदेण सुत्तावयवेण असुह-परिणामाणं वुदासं कादूण सुह-सुद्धपरिणामाणं चेव एत्थ संभवो त्ति जाणाविदं। ण केवलमेदम्मि चेव अधापवत्तकरणचरिमसमए विसुद्धपरिणामो एदस्स जादो; किंतु पुव्वं पि अधापवत्तकरणपारंभादो हेट्ठा अंतोमुहुत्तप्पहुडि खवगसेढिपाओग्गविसोहीए पडिसमयमणंतगुणाए विसुज्झमाणो चेव आगदो; सुहपरिणामपणालीए विणा एक्क-सराहेणेव सुविसुद्धपरिणामेण परिणमणासंभवादो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसब्भावो। एवमेदेण गाहापुव्वद्धेण परिणामविसेसमेदस्स णिरूविय संपहि गाहापच्छद्धमस्सियूण जोगकसायोवजोगादिविसेसमेदस्स परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* जोगेत्ति विहासा।

§ १३. सुगमं।

होता है इसका नाम विभाषा है। वह इस समय करनी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* वह जैसे।

§ ११. यह सूत्र सुगम है।

* परिणाम विशुद्ध होता है तथा अन्तर्मुहूर्त पहलेसे ही अनन्तगुणी विशुद्धिके के द्वारा विशुद्ध होता हुआ आया है।

§ १२. चारित्रमोहनीयकी क्षपणाका प्रारम्भ करनेवाले जीवका परिणाम विशुद्ध ही होता है इस प्रकार इस सूत्रवचनसे अशुभ परिणामोंका व्युदास करके शुभ-शुद्ध परिणाम ही यहाँपर सम्भव है इस बातका ज्ञान कराया गया है। केवल इस अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें ही इसका विशुद्ध परिणाम हो गया है, किन्तु अधःप्रवृत्तकरणके प्रारम्भ करनेके पूर्व ही नीचे अन्तर्मुहूर्तसे लेकर क्षपकश्रेणिके योग्य विशुद्धिका आलम्बन लेकर प्रत्येक समयमें अनन्तगुणी विशुद्धिसे विशुद्ध होता हुआ ही आया है, क्योंकि शुभपरिणामकी प्रणालीके बिना एक बारमें ही सुविशुद्ध परिणामरूपसे परिणमन असम्भव है इस प्रकार इस अर्थका सद्भाव यहाँपर स्वीकार किया गया है। इस प्रकार इस गाथासूत्रके पूर्वार्ध द्वारा इस जीवके परिणामविशेषका प्ररूपण करके अब गाथाके उत्तरार्धका अवलम्बन कर इस जीवके योग, कषाय और उपयोग आदि विशेषका कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* योग इस पदकी विभाषा।

§ १३. यह सूत्र भी सुगम है।

*** अण्णदरो मणजोगो, अण्णदरो वचिजोगो, ओरालियकायजोगो वा ।**

§ १४. एवमेसो णवविहो जोगपरिणामो एदस्स अण्णदरसरूवेण होइ; एत्तो अण्णेसिं जोगपरिणामाणमेत्थ संभवाणुवलंभादो । होउ णाम चउण्हं मणजोगाणमेत्थ संभवो; ज्झाणोवजोगाहिमुहेसु छदुमत्थेसु तदविरोहादो । कधं पुण वचिजोगभेदाणं चदुण्हमिह संभवो; उवसंहरिदासेसबहिरंगवावाराणं तप्पवुत्तिविरोहादो त्ति ? ण एस दोसो; अवत्तव्वसरूवेण वचिजोगपवुत्तीए ज्झाणोवजुत्तेसु विप्पडिसेहाभावादो । एवमोरालियकायजोगस्स वि संभवो वत्तव्वो; तण्णिबंधणजीवपदेसपरिप्फंदस्स तत्थ संभवे विरोहाभावादो ।

*** कसायेत्ति विहासा ।**

§ १५. सुगमं ।

*** अण्णदरो कसायो ।**

§ १६. कोह-माण-माया-लोहाणमण्णदरो कसायपरिणामो एदस्स होइ; अणियट्टिपज्जंतेसु गुणट्ठाणेसु चउण्हमेदेसिं कसायाणं पवुत्तीए[2] विरोहाभावादो । संपहि

*** इस जीवके कोई एक मनोयोग, कोई एक वचनयोग अथवा औदारिककाययोग होता है ।**

§ १४. इस प्रकार इस जीवके प्रकृतमें इन नौ प्रकारके योगपरिणामोंमेंसे कोई एक योगपरिणाम होता है ।

शंका—चारों प्रकारके मनोयोगोंका यहाँ पर सम्भव होओ, क्योंकि ध्यानस्वरूप उपयोगके सन्मुख हुए छद्मस्थोंमें ध्यानके साथ मनोयोगके होनेका अविरोध है, परन्तु वचनयोगके चार भेद यहाँपर कैसे सम्भव हैं, क्योंकि जिन्होंने समस्त बाह्य व्यापार उपसंहृत कर लिया है उनके वचनयोगकी प्रवृत्ति होनेमें विरोध आता है ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि ध्यान में उपयुक्त हुए जीवोंमें अव्यक्त रूपसे वचनयोगकी प्रवृत्तिका निषेध नहीं है । इसी प्रकार औदारिक काययोग सम्भव है यह भी कहना चाहिये, क्योंकि औदारिककाययोगके निमित्तसे होनेवाले जीवप्रदेशोंके परिस्पन्दनके वहाँ होनेमें विरोधका अभाव है ।

*** कषाय इस पदकी विभाषा ।**

§ १५. यह सूत्र सुगम है ।

*** कोई एक कषायपरिणाम होता है ।**

§ १६. इस जीवके क्रोध, मान, माया और लोभ इनमेंसे कोई एक कषायपरिणाम होता है, क्योंकि अनिवृत्तिकरण तकके गुणस्थानोंमें इन चारों कषायोंकी प्रवृत्तिमें विरोधका अभाव है ।

---

१. ता०प्रतौ वचिजोगो अण्णदरो ओरा—इति पाठः । २. ता०प्रतौ पवुत्तिविरोहाभावादो इति पाठः ।

किमेदस्स कसायपरिणामो वड्ढमाणो, किं वा हायमाणो त्ति आसंकाए इदमाह—

*** किं वड्ढमाणो हायमाणो ? णियमा हायमाणो ।**

§ १७. हायमाणो चेव कसायपरिणामो एदस्स होइ; ण वड्ढमाणो । किं कारणं ? विसोहिपरिणामस्स वड्ढमाणकसाएण सह विरुद्धसहावत्तादो ।

*** उवजोगेत्ति विहासा ।**

§ १८. को उवजोगो णाम ? आत्मनोऽर्थग्रहणपरिणाम उपयोगः । सो पुण दुविहो, सागारोवजोगो अणागारोवजोगो[1] चेदि । तत्थ सागारोवजोगो मदिणाणादिभेदेण अट्ठविहो । अणागारोवजोगो चक्खुदंसणादिभेएण चउव्विहो । एवमेदेसु उवजोगवियप्पेसु कदरेण उवजोगेण उवजुत्तो खवगसेढिमारोहदि त्ति एदस्स णिण्णयजणणट्ठमुवजोगेत्ति गाहावयवस्स विहासा एत्थेह कायव्वा त्ति भणिदं होदि । संपहि उवएसभेदमस्सियूण एदस्स विहासणं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** एक्को उवएसो णियमा सुदोवजुत्तो[2] ।**

§ १९. णियमा सुदोवजुत्तो होदूण खवगसेढिं चडदि त्ति । एसो ताव एक्को

अब इसके यह कषायपरिणाम क्या वर्धमान होता है या हीयमान ऐसी आशंका होनेपर इस सूत्रको कहते हैं—

*** क्या वर्धमान कषायपरिणाम होता है या हीयमान ? नियमसे हीयमान कषायपरिणाम होता है ।**

§ १७. इसके हीयमान ही कषायपरिणाम होता है, वर्धमान नहीं, क्योंकि विशुद्धिरूप परिणाम वर्धमान कषायके विरुद्ध स्वभाववाला है ।

*** उपयोग इस पदकी विभाषा ।**

§ १८. शंका—उपयोग किसे कहते हैं ?

समाधान—आत्माके पदार्थको ग्रहण करनेरूप परिणामको उपयोग कहते हैं ।

वह उपयोग दो प्रकारका है—साकार उपयोग और अनाकार उपयोग । उनमेंसे साकार उपयोग मतिज्ञानादिके भेदसे आठ प्रकारका है तथा अनाकार उपयोग चक्षुदर्शन आदिके भेदसे चार प्रकारका है । इन उपयोगोंमेंसे किस उपयोगसे उपयुक्त होकर यह जीव क्षपकश्रेणिपर आरोहण करता है इस प्रकार इसका निर्णय करनेके लिये 'उवजोगो' गाथाके इस पदकी इस समय व्याख्या करनी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब उपदेशभेदका अवलम्बन लेकर इस पदकी विभाषा करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** एक उपदेश है कि नियमसे श्रुतज्ञानसे उपयुक्त होता है ।**

§ १९. नियमसे श्रुतज्ञानसे उपयुक्त होकर क्षपकश्रेणिपर चढ़ता है इस प्रकार यह एक

---

१. आ०प्रतौ –रोवजुत्तो इति पाठः । २. क०प्रतौ 'णियमा सुदोवजुत्तो होदूण खवगसेढिं चडदि' इति वाक्यं सूत्रांशरूपेण उद्धृतम् ।

उवएसो। एदस्साहिप्पायो—पुधत्तवियक्कवीचारसण्णिदपढमसुक्कज्झाणाहिमुहस्सेदस्स चोद्दस-दस-णवपुव्वधारयस्स सुदणाणोवजोगो अवस्संभावी; तदवत्थाए णिरुद्ध-बज्झिंदियपसरस्स मदियादिसेसणाणोवजोगाणमणागारोवजोगस्स च संभवाणुववत्तीदो त्ति। संपहि उवएसंतरमस्सियूणेदस्स पुणो वि उवजोगविसेसावहारणट्ठमुत्तर-सुत्तमाह—

* एक्को उवदेसो सुदेण वा मदीए वा चक्खुदंसणेण वा अचक्खु-दंसणेण वा।

§ २०. एदस्साहिप्पाओ वुच्चदे—अणंतरपरूविदेण णाएण जहा सुदोवजोग-स्सेत्थ संभवो तहा तक्कारणभूदमदिणाणोवजोगस्स वि संभवो ण विरुद्धो, तस्स तण्णांतरीयत्तादो। संते च मदिणाणसंभवे चक्खु-अचक्खुदंसणोवजोगाणं पि तत्थ संभवो ण विरुज्झदे; तेहि विणा मदिणाणपवुत्तीए अणुवलंभादो त्ति। मदि-सुद-चक्खु-अचक्खुदंसणोवजोगाणं व ओहि-मणपज्जवणाणोवजोगाणमोहिदंसणस्स च संभवो एत्थ किण्ण होइ त्ति णासंकणिज्जं; तहाविहसंभवस्स सुत्तेणेदेण पडिसिद्धत्तादो, एयग्गचिंतानिरोहलक्खणज्झाणपरिणामेण सह तेसिं विरुद्धसहावत्तादो वा। तम्हा पयारंतरपरिहारेण सुत्तुत्तोवजोगवियप्पा चेव एत्थ होंति त्ति णिच्छयो कायव्वो।

उपदेश है। इसका अभिप्राय—पृथक्त्ववितर्कवीचार नामक प्रथम शुक्लध्यानके अभिमुख हुए चौदह, दस और नौ पूर्वधारी इस जीवके श्रुतज्ञानोपयोगका होना अवश्यम्भावी है, क्योंकि उस अवस्थामें जिसने बाह्य इन्द्रियोंके प्रसारका निरोध कर लिया है उसके मतिज्ञान आदि शेष ज्ञानोपयोग और अनाकार उपयोगका होना नहीं बन सकता। अब दूसरे उपदेशका आश्रय करके इस जीवके फिर भी उपयोगविशेषका अवधारण करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* एक अन्य उपदेश है कि श्रुतज्ञानसे, मतिज्ञानसे, चक्षुदर्शनसे अथवा अचक्षु-दर्शनसे उपयुक्त होता है।

§ २०. इस सूत्रके अभिप्रायका कथन करते हैं—अनन्तर कहे गये न्यायके अनुसार जिस प्रकार यहाँ श्रुतोपयोग सम्भव है उसी प्रकार उसके कारणभूत मतिज्ञानोपयोग भी सम्भव है यह विरुद्ध नहीं है, क्योंकि श्रुतज्ञान, मतिज्ञानका अविनाभावी है और मतिज्ञानके सम्भव होनेपर चक्षुदर्शनोपयोग और अचक्षुदर्शनोपयोग भी वहाँ सम्भव हैं यह भी विरुद्ध नहीं है, क्योंकि उनके बिना मतिज्ञानकी प्रवृत्ति नहीं पाई जाती।

शंका—श्रुतज्ञानोपयोग, मतिज्ञानोपयोग, चक्षुदर्शनोपयोग और अचक्षुदर्शनोपयोगके समान अवधिज्ञानोपयोग, मनःपर्ययज्ञानोपयोग और अवधिदर्शन यहाँपर क्यों सम्भव नहीं है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि उस प्रकारकी सम्भावनाका इस सूत्र द्वारा निषेध कर दिया गया है अथवा एकाग्रचिन्तानिरोध लक्षण ध्यान परिणामके साथ वे विरुद्ध स्वभाववाले हैं, इसलिये प्रकारान्तरके परिहार द्वारा सूत्रमें कहे गये विकल्प ही यहाँपर सम्भव हैं ऐसा निश्चय करना चाहिये।

*** लेस्सा त्ति विहासा ।**

§ २१. सुगमं ।

*** णियमा सुक्कलेस्सा ।**

§ २२. कुदो ? लेस्संतरविसयमुल्लंघियूण सुविसुद्धसुक्कलेस्साणिबंधणमंदतमकसायोदए एदस्स वड्ढमाणत्तादो । तदो चेव वड्ढमाणो एदस्स लेस्सापरिणामो, ण हायमाणो त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** णियमा वड्ढमाणलेस्सा ।**

§ २३. कुदो ? कसायाणुभागफड्डएसु पडिसमयमणंतगुणहीणसरूवेण उदयमागच्छमाणेसु तज्जणिदसुहलेस्सापरिणामस्स वड्ढिं मोत्तूण हाणीए असंभवादो ।

*** वेदो वं को भवे त्ति विहासा ।**

§ २४. सुगमं ।

*** अण्णदरो वेदो ।**

विशेषार्थ—मतिज्ञान और श्रुतज्ञानका जोड़ा है। किन्तु ध्यानकी भूमिकामें होता तो श्रुतज्ञान ही है, पर श्रुतज्ञानके मतिज्ञानपूर्वक होनेसे प्रकृतमेंसे उपदेशान्तरके अनुसार मतिज्ञान भी स्वीकार कर लिया गया है और मतिज्ञान चक्षुदर्शनोपयोग और अचक्षुदर्शनोपयोगपूर्वक होता है, इसलिये कारणमें कार्यका उपचार करके उन्हें भी स्वीकार कर लिया गया है यह प्रकृत कथनका तात्पर्य है। प्रारम्भके दो शुक्लध्यानोंमें वितर्कका अर्थ श्रुतज्ञान है ऐसा सभी आचार्योंने भी स्वीकार किया है, इससे उक्त अर्थकी ही पुष्टि होती है। निर्विकल्प धर्मध्यानमें भी इसी न्यायसे विचार कर लेना चाहिये।

*** लेश्या इस पदकी विभाषा ।**

२. यह सूत्र सुगम है।

*** नियमसे शुक्ललेश्या होती है ।**

§ २२. क्योंकि दूसरी लेश्याओंके विषयका उल्लंघन कर अत्यन्त विशुद्ध शुक्ललेश्याके कारणभूत मन्दतम कषायके उदयसे यह वर्द्धमानरूपसे होती है और इसी कारण इसका वर्धमान लेश्यापरिणाम होता है हीयमान नहीं इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** जो लेश्या नियमसे वर्धमान होती है ।**

§ २३. क्योंकि कषायके अनुभागस्पर्धकोंके प्रत्येक समयमें अनन्तगुणे हीनरूपसे उदयमें आते रहनेपर उनसे उत्पन्न हुए शुभ लेश्यापरिणामकी वृद्धिको छोड़कर हानिका होना असम्भव है।

*** वेद कौन होता है इसकी विभाषा ।**

§ २४. यह सूत्र सुगम है।

*** कोई एक वेद होता है ।**

---

१. ता०प्रतौ य इति पाठः ।

§ २५. इत्थि-पुरिस-णवुंसयवेदाणमण्णदरो वेदपरिणामो एदस्स होइ, तिण्हं वि तेसिमुदएण सेढिसमारोहणे पडिसेहाभावादो। णवरि दव्वदो पुरिसवेदो चेव खवग सेढिमारोहदि त्ति वत्तव्वं, तत्थ पयारंतरासंभवादो। एत्थ गदियादीणं पि विहासा कायव्वा, सुत्तस्सेदस्स देसामासयत्तादो। तदो पढमगाहाए अत्थविहासा समत्ता। संपहि बिदियगाहाए अत्थविहासणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

❀ 'काणि वा पुव्वबद्धाणि' त्ति विहासा।

§ २६. सुगमं।

❀ एत्थ पयडिसंतकम्मं ट्ठिदिसंतकम्मं अणुभागसंतकम्मं पदेससंतकम्मं च मग्गियव्वं।

§ २७. तत्थ ताव पयडिसंतकम्ममग्गणाए दंसणमोहणीयअणंताणुबंधिचउक्क-तिण्णिआउगाणि मोत्तूण सेसाणं कम्माणं संतकम्ममत्थि त्ति वत्तव्वं। णवरि आहारसरीर-तदंगोवंगतित्थयराणि भयणिज्जाणि, तेसिं सव्वजीवेसु संभवणियमाभावादो। ट्ठिदिसंत-कम्ममग्गणाए जासिं पयडीणं पयडिसंतकम्ममत्थि तासिं आउगवज्जाणमंतोकोडा-कोडिमेत्तं ट्ठिदिसंतकम्ममिदि वत्तव्वं। अणुभागसंतकम्मं पि अप्पसत्थाणं बिट्ठाणियं पसत्थाणं चउट्ठाणियं भवदि। पदेससंतकम्मं पि सव्वेसिं कम्माणमजहण्णाणुक्कस्स-मेव होदि; पयारंतरासंभवादो।

---

§ २५. स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद इनमेंसे कोई एक वेदपरिणाम होता है, क्योंकि तीनों ही वेदोंके उदयसे श्रेणिपर आरोहण करनेमें निषेध नहीं है। इतनी विशेषता है कि द्रव्यकी अपेक्षा पुरुषवेदी हो क्षपकश्रेणिपर आरोहण करता है ऐसा कहना चाहिये, वहाँ अन्य कोई प्रकार सम्भव नहीं है। यहाँपर कौन गति होती हैं आदिकी भी विभाषा कर लेना चाहिये, क्योंकि यह सूत्र देशामर्षक है। ऐसा करनेके बाद प्रथम गाथाकी अर्थविभाषा समाप्त हुई। अब दूसरी गाथा-की अर्थविभाषा करनेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

❀ पूर्वबद्ध कर्म कौन हैं इस पदकी विभाषा।

§ २६. यह सूत्र सुगम है।

❀ यहाँ प्रकृतिसत्कर्म, स्थितिसत्कर्म, अनुभागसत्कर्म और प्रदेशसत्कर्मका अनु-सन्धान करना चाहिये।

§ २७. प्रकृतमें सर्वप्रथम प्रकृतिसत्कर्मका अनुसन्धान करनेपर दर्शनमोहनीय तीन, अनन्ता-नुबन्धीचतुष्क और तीन आयु इन दश प्रकृतियोंको छोड़कर शेष कर्मोंकी सत्ता है ऐसा कहना चाहिये। इतनी विशेषता है कि आहारकशरीर, आहारकआंगोपांग और तीर्थंकर ये प्रकृतियाँ भजनीय हैं, क्योंकि उनके सब जीवोंमें सम्भव होनेका नियम नहीं है। स्थितिसत्कर्मका अनुसन्धान करनेपर जिन प्रकृतियोंकी सत्ता है उनकी आयुकर्मको छोड़कर अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण स्थितिकी सत्ता है ऐसा कहना चाहिये। अनुभागसत्कर्म भी अप्रशस्त कर्मोंका द्विस्थानीय और प्रशस्त कर्मों-चतुस्थानीय होता है। प्रदेशसत्कर्म भी सभी कर्मोंका अजघन्य-अनुत्कृष्ट ही होता है। यहाँ अन्य प्रकार सम्भव नहीं है।

* 'के वा अंसे णिबंधदि' त्ति विहासा ।

§ २८. सुगमं ।

* एत्थ पयडिबंधो ट्ठिदिबंधो अणुभागबंधो पदेसबंधो च मग्गि-दव्वो ।

§ २९. एदस्सत्थे भण्णमाणे जहा उवसामगस्स पयदमग्गणा कया, तहा एत्थ कायव्वा, विसेसाभावादो ।

* 'कदि आवलियं पविसंति' त्ति विहासा ।

§ ३०. सुगमं ।

* मूलपयडीओ सव्वाओ पविसंति ।

§ ३१. कुदो ? मूलपयडीणं सव्वासिं पि एत्थुदयावलियपवेसस्स पडिबंधा-भावादो ।

* उत्तरपयडीओ वि जाओ अत्थि ताओ पविसंति ।

§ ३२. सव्वासिमेवुत्तरपयडीणमेत्थ विज्जमाणाणमुदयाणुदयसरूवेणुदयावलिय-पवेसस्स पडिबंधाभावादो ।

* 'कदिण्हं वा पवेसगो' त्ति विहासा ।

---

* किन कर्मोंको बांधता है इस पदकी विभाषा ।

§ २८. यह सूत्र सुगम है ।

* यहां प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्धका अनुसन्धान करना चाहिये ।

§ २९. इसका अर्थ कहनेपर जिस प्रकार उपशामकके प्रकृत अर्थकी मार्गणा की उसी प्रकार यहां भी करनी चाहिये, क्योंकि उससे इसमें कोई भेद नहीं है ।

* कितनी प्रकृतियां उदयावलिमें प्रवेश करती हैं इस पदकी विभाषा ।

§ ३०. यह सूत्र सुगम है ।

* मूल प्रकृतियां सभी प्रवेश करती हैं ।

§ ३१. क्योंकि यहांपर सभी मूल प्रकृतियोंके उदयावलिमें प्रवेश करनेमें कोई रुकावट नहीं है ।

* उत्तर प्रकृतियां भी जो हैं वे प्रवेश करती हैं ।

§ ३२. उदय-अनुदयरूपसे विद्यमान सभी उत्तर प्रकृतियोंका यहांपर उदयावलिमें प्रवेश होनेमें कोई रुकावट नहीं है ।

* किन प्रकृतियोंका प्रवेशक होता है इस पदकी विभाषा ।

§ ३३. सुगमं। णवरि एत्थ पवेसगो त्ति वुत्ते उदीरणासरूवेणुदयावलियं पवेसेमाणो घेत्तव्वो; उदीरणोदएण पयदत्तादो।

*** आउग-वेदणीयवज्जाणं वेदिज्जमाणाणं कम्माणं पवेसगो।**

§ ३४ एत्थ ताव वेदिज्जमाणाणं कम्माणं णिद्देसो कीरदे। तं जहा—पंचण्णं णाणावरणीयाणं चदुण्हं दंसणावरणीयाणं णियमा वेदगो। णिद्दा-पयलाणं सिया, तासिमवत्तोदयस्स कदाइं संभवे विरोहाभावादो। सादासादाणमण्णदरस्स, चदुण्हं संजलणाणं तिण्हं वेदाणं दोण्हं जुगलाणमण्णदरस्स णियमा, भयदुगुंछाणं सिया, मणुसाउ-मणुसगइ-पंचिंदियजादि-ओरालिय-तेजा-कम्मइयसरीर-छण्णमण्णदरसंठाण-ओरालियसरीरंगोवंग-वज्जरिसहसंघडण-वण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुआदि-चउक्क-दोण्हमण्णदरविहायगदि-तसचउक्क-थिराथिर-सुभासुभ सुभग सुस्सर[1]-दुस्सराणमेक्कदर-आदेज्ज-जसगित्ति-णिमिणुच्चागोद-पंचंतराइयाणमेसो वेदगो। एत्तो अण्णेसिमेत्थुदयासंभवादो। एदेसु सादासादवेदणीयं[2]-मणुसाउआणि मोत्तूण सेसाणमुदीरगो होदि। किमट्ठमाउअ-वेदणीयाणमेत्थ उदीरणा ण संभवइ? ण, वेदणीयाउआणमुदीरणाए पमत्तसंजदगुणट्ठाणादो उवरि संभवाभावादो।

---

§ ३३. यह सूत्र सुगम है। इतनी विशेषता है कि प्रकृतमें 'पवेसगो' ऐसा कहनेपर उदीरणारूपसे उदयावलिमें प्रवेश करानेवालेको ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि यहाँपर उदीरणारूप उदय प्रकृत है।

*** आयुकर्म और वेदनीयकर्मके सिवाय वेदे जानेवाले कर्मोंका प्रवेशक होता है।**

§ ३४. यहाँपर सर्वप्रथम वेदे जानेवाले कर्मोंका निर्देश करते हैं। वह जैसे—पाँच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय कर्मोंका नियमसे वेदक होता है। निद्रा और प्रचलाका कदाचित् वेदक होता है, क्योंकि उनका अव्यक्त उदय कदाचित् सम्भव है इसमें कोई विरोध नहीं है। साता और असातामेंसे किसी एकका, चार संज्वलनों, तीन वेदोंमेंसे किसी एकका और दो युगलोंमेंसे किसी एक युगलका नियममें वेदक होता है। भय और जुगुप्साका कदाचित् वेदक होता है। मनुष्यायु, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक-तैजस-कार्मण शरीर, छह संस्थानोंमेंसे कोई एक संस्थान, औदारिकशरीर आंगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु आदि चार, दो विहायोगतियोंमेंसे कोई एक विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर-दुस्वर इनमेंसे कोई एक, आदेय, यशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका यह वेदक होता है, इनके सिवाय अन्य प्रकृतियोंका यहाँ उदय असम्भव है। इनमेंसे सातावेदनीय, असातावेदनीय और मनुष्यायुको छोड़कर शेष प्रकृतियोंका उदीरक होता है।

शंका—यहाँपर आयुकर्म और वेदनीयकर्मकी उदीरणा किसलिये सम्भव नहीं है?

समाधान—नहीं, क्योंकि वेदनीय और आयुकर्मकी उदीरणा प्रमत्तसंयत गुणस्थानसे ऊपर सम्भव नहीं है।

---

१. ता०प्रतौ सुभगदुभग सुस्सर- इति पाठः। २. ता०प्रतौ सादावेदणीय इति पाठः।

* 'के अंसे झीयदे पुव्वं बंधेण उदएण वा' त्ति विहासा ।

§ ३५. सुगमं । तत्थ ताव बंधेण वोच्छिण्णपयडीणं पुव्वमेव णिद्देसं कुणमाणो उत्तरसुत्तमाह—

* थीणगिद्धितियमसाद-मिच्छत्त-बारसकसाय-अरदि-सोग-इत्थिवेद-णवुंसयवेद-सव्वाणि चेव आउआणि परियत्तमाणियाओ णामाओ असुहाओ सव्वाओ चेव मणुसगइ-ओरालियसरीर-ओरालियसरीरंगोवंग वज्जरिसहसंघडण-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी, आदावुज्जोव-णामाओ च सुहाओ णीचागोदं च एदाणि कम्माणि बंधेण वोच्छिण्णाणि ।

§ ३६. एत्थ णाणावरणीयस्स पंचण्हं पि पयडीण बंधो अत्थि त्ति तत्थ एक्कस्स वि बंधवोच्छेदो ण परूविदो । दंसणावरणीयस्स थीणगिद्धितियं पुव्वमेव बंधेण वोच्छिण्णं, सासणसम्माइट्ठीदो उवरि तस्स बंधासंभवादो । वेदणीए असादस्स बंधवोच्छेदो, पमत्तगुणट्ठाणादो उवरि तस्स बंधाभावादो । मोहणीयस्स मिच्छत्त-बारसकसाय -अरदि-सोग-इत्थि-णवुंसयवेदाणं बंधवोच्छेदो, पुव्वमेव एदेसिं हेट्ठिमगुणट्ठाणेसु बहासंभवं बंधवोच्छेददंसणादो । आउअस्स सव्वाणि चेव आउआणि बंधेण वोच्छिण्णाणि; तब्बंधाविसयमुल्लंघयूणेदस्स खवगसेढिपाओग्गअधापवत्तकरणविसोहीसु बहु-

---

* बन्ध और उदयकी अपेक्षा पहले कौन प्रकृतियां व्युच्छिन्न होती हैं इस पदकी विभाषा ।

§ ३५. यह सूत्र सुगम है । वहाँ सर्वप्रथम बन्धसे व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियोंका निर्देश करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, बारह कषाय, अरति, शोक, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, सभी आयुकर्म, परिवर्तमान सभी अशुभ नामकर्मकी प्रकृतियां, मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिक आंगोपांग, वज्रर्षभनाराच संहनन, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आतप और उद्योत ये नामकर्मकी शुभ प्रकृतियां तथा नीचगोत्र ये कर्म बन्धसे व्युच्छिन्न हो जाते हैं ।

§ ३६. ज्ञानावरणीयकी पांचों ही प्रकृतियोंका बन्ध है, इसलिए प्रकृतमें उसकी एक भी प्रकृतिकी बन्धव्युच्छित्ति नहीं कही है । दर्शनावरणीयकी स्त्यानगृद्धि आदि तीन प्रकृतियां पहले ही बन्धसे व्युच्छिन्न हो गई हैं, क्योंकि सासादन सम्यग्दृष्टि गुणस्थानके बाद उनका बन्ध नहीं होता । वेदनीयकी असाताप्रकृतिकी बन्ध व्युच्छित्ति हो गई है, क्योंकि प्रमत्तसंयत गुणस्थानके बाद उसका बन्ध नहीं होता । मोहनीयकर्मके मिथ्यात्व, बारह कषाय, अरति, शोक, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी पहले ही बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है, क्योंकि इन प्रकृतियोंकी यथासम्भव नीचेके गुणस्थानोंमें बन्धव्युच्छित्ति देखी जाती है । आयुकर्मकी अपेक्षा सभी आयुकर्म बन्धसे विच्छिन्न हैं, क्योंकि उनके बन्धयोग्य स्थानको उल्लंघन कर यह क्षपकश्रेणिके योग्य अधःप्रवृत्तकरणसम्बन्धी विशुद्धियोंमें

१. ता०प्रतौ ओरालियसरीर इति पाठो नास्ति ।

माणत्तादो। णामस्स सव्वाओ चेव परियत्तमाणीओ असुहपयडीओ पुव्वमेव बंधेण वोच्छिण्णाओ। ताओ कदमाओ त्ति वुत्ते णिरय-तिरिक्खगइ-चउजादि-पंचासुहसंठाण-पंचासुहसंघडण-णिरय-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वि-अप्पसत्थविहायगदि-थावर-सुहुम-अपज्जत्त-साहारणसरीर-अथिरासुह-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अजसगित्तिणामाओ, एदाओ हेट्ठिमगुणट्ठाणेसु चेव जहासंभवं बंधवोच्छेददंसणादो। ण केवलाओ चेव णामपयडीओ बंधेण वोच्छिण्णाओ, किंतु सुहाओ वि कासो वि एत्थ बंधेण वोच्छिण्णाओ त्ति जाणावणट्ठं मणुसगदिआदीणं णामणिद्देसो कओ। मणुसगइदुगोरालियदुगवज्जरिसह-संघडणाणमसंजदसम्माइट्ठिम्मि चेव बंधवोच्छेददंसणादो। आदावुज्जोवाणं मिच्छाइट्ठि-सासणसम्माइट्ठीसु जहाकमं वोच्छिण्णबंधत्तादो। तदो णामस्स एदाओ पयडीओ बंधेण वोच्छिण्णाओ। गोदस्स णीचागोदं बंधेण वोच्छिण्णं; सासणगुणट्ठाणे चेव तस्स बंधुवरमदंसणादो। अंतराइयस्स ण एक्कस्स वि बंधवोच्छेदो। संपहि उदय-वोच्छेदगवेसणट्ठमुत्तरिमं पबंधमाह—

* थीणगिद्धितियं मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-बारसकसाय-मणु-साउगवज्जाणि आउगाणि णिरयगइ-तिरिक्खगइ-देवगइपाओग्गाणामाओ आहारदुगं च वज्जरिसहसंघडणवज्जाणि सेसाणि संघडणाणि मणुसगइ-

---

विद्यमान है। नामकर्मकी परिवर्तमान सभी अशुभ प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न हैं।

शंका—वे कौन हैं?

समाधान—ऐसा पूछनेपर कहते हैं—नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियादि चार जाति, पाँच अशुभ संस्थान, पाँच अशुभ संहनन, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, तिर्यञ्चगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारणशरीर, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और अयशकीर्ति नामकर्म, क्योंकि इनकी यथासम्भव नीचेके गुणस्थानोंमें ही बन्धव्युच्छित्ति देखी जाती है।

केवल यही नामकर्मकी प्रकृतियाँ बन्धसे व्युच्छिन्न नहीं हैं, किन्तु कितनी ही शुभ प्रकृतियाँ भी यहाँपर बन्धसे व्युच्छिन्न हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिये मनुष्यगति आदिका नाम निर्देश किया है, क्योंकि मनुष्यगतिद्विक, औदारिकशरीरद्विक और वज्रर्षभनाराचसंहननकी असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें ही बन्धव्युच्छित्ति देखी जाती है। आतप और उद्योतकी क्रमसे मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमें बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है। इसलिये नामकर्मकी ये प्रकृतियाँ भी बन्धसे व्युच्छिन्न हैं। गोत्रकर्मका नीचगोत्र बन्धसे व्युच्छिन्न है, क्योंकि सासादनगुणस्थानमें ही उसकी व्युच्छित्ति देखी जाती है। अन्तरायकर्मकी एक भी प्रकृति बन्धसे व्युच्छिन्न नहीं है। अब उदयव्युच्छित्तिका गवेषण करनेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

* स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय, मनुष्यायुको छोड़कर तीन आयु, नरकगति, तिर्यञ्चगति और देवगति तथा ये तीनों आनुपूर्वी, आहारकद्विक, वज्रर्षभनाराचसंहननको छोड़कर शेष पाँच संहनन, मनुष्यगति

ताओग्गाणुपुव्वी अपज्जत्तणामं असुहतियं तित्थयरणामं च सिया, णीचा-गोदं, एदाणि कम्माणि उदएण वोच्छिण्णाणि ।

§ ३७. तं जहा—थीणगिद्धितियस्स पुव्वमेव उदओ वोच्छिण्णो; तदुदयस्स पमत्तसंजदचरिमसमयगुणपज्जंतत्तादो । ण एत्थ णिद्दापयलाणमुदयवोच्छेदो आसंकणिज्जो; झाणीसु वि तस्सिमवत्तोदयस्स जाव खीणकसायदुचरिमसमयो त्ति संभवे विरोहाभावादो । सेसाण-मुदयवोच्छेदो सुत्ताणुसारेण वत्तव्वो । णवरि णिरयगइ-तिरिक्खगइ-देवगइपाओग्गाणा-पुव्वी त्ति वुत्ते णिरय-तिरिक्ख-देवगइ-तप्पाओग्गाणुपुव्वी-एइंदिय-विगलिंदियजादि-वेउव्वियसरीर-तदंगोवंग-आदावुज्जोव-थावर-सुहुम-साहारणसरीराणं गहणं कायव्वं; तेसिमसाहारणभावेण तिसु गदीसु जहासंभवं पडिबंधत्तदंसणादो । असुहतियं ति वुत्ते अप्पसत्थ-अणादेज्ज-अजसगित्तीणं गहणं कायव्वं । 'तित्थयरणामं च सिया' त्ति भणिदे तित्थयरणामं सिया अत्थि सिया णत्थि । जइ अत्थि णियमा उदएण वोच्छिण्णमिदि घेत्तव्वं, एदम्मि विसए तदुदयस्स अच्चंताभावेण वोच्छिण्णत्तदंसणादो । तदो सुत्तासेस-पयडीणमेत्थुदयवोच्छेदो । तव्वदिरित्ताणं च उदयो त्ति सिद्धो सुत्तत्थसमुच्चओ । संपहि गाहाए उत्तरद्धविहासणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

* 'अंतरं वा कहिं किच्चा के के संकामगो कहिं' ति विहासा ।

आयोग्यानुपूर्वी, अपर्याप्तनाम, अशुभत्रिक, कदाचित् तीर्थंकर नाम और नीचगोत्र ये कर्म उदयसे व्युच्छिन्न हैं ।

§ ३७. वह जैसे—स्त्यानगृद्धित्रिक पहले ही उदयसे व्युच्छिन्न हो गई हैं, क्योंकि उनका उदय प्रमत्तसंयतगुणस्थान तक होता है । यहाँपर निद्रा और प्रचलाकी उदयव्युच्छित्तिकी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि ध्यानी साधुओंके भी क्षीणकषाय गुणस्थानके द्विचरम समयतक उनके अव्यक्त उदयके होनेमें विरोधका अभाव है । शेष प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति सूत्रके अनुसार कहनी चाहिये । इतनी विशेषता है कि णिरयगइ-तिरिक्खगइ-देवगइपाओग्गपुव्विणामाओ ऐसा कहनेपर नरकगति, तिर्यञ्चगति, देवगति और इनकी आनुपूर्वीत्रिक, एकेन्द्रियजाति, विकलेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियकशरीर आंगोपांग, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारणशरीर इनका ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि उनका असाधारणरूपसे क्रमशः तीन गतियोंके साथ ही सम्बन्ध देखा जाता है । अशुभत्रिक ऐसा कहनेपर दुर्भग, अनादेय और अयशःकीर्तिका ग्रहण करना चाहिये । 'तित्थयरणामं च सिया' ऐसा कहनेपर तीर्थंकर नामकर्म कदाचित् है और कदाचित् नहीं है । यदि है तो यहाँपर नियमसे उदयसे व्युच्छिन्न है ऐसा ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि इस स्थानमें उसके उदयका अत्यन्त अभाव होनेसे उसकी व्युच्छित्ति देखी जाती है । इसलिए सूत्रमें कही गई समस्त प्रकृतियोंकी यहाँ उदयव्युच्छित्ति है । उनके अतिरिक्त शेष प्रकृतियोंका उदय है इस प्रकार सूत्रका समुच्चयार्थ सिद्ध हुआ । अब गाथाके उत्तरार्धकी विभाषा करनेके लिये आगेका सूत्र-प्रबन्ध आया है—

* अन्तरको कहाँ करके किन-किन कर्मोंका कहाँ संक्रामक होगा इस पदकी विभाषा ।

§ ३८. सुगमं ।

*** ण ताव अंतरं करेदि, पुरदो काहिदि त्ति अंतरं ।**

§ ३९. ण ताव एत्थुद्देसे अंतरं काहिदि । किं कारणं ? अंतरकरणणिबंधणाणमणियट्टिकरणपरिणामाणमेदम्मि अवत्थाविसेसे संभवाणुवलंभादो । तदो एत्तो उवरि अपुव्वकरणद्धमुल्लंघियूण अणियट्टिकरणद्धाए च संखेज्जेसु भागेसु बोलीणेसु तत्थुद्देसे पुरदो अंतरं काहिदि । तत्थेव च जहावसरं चरित्तमोहपयडीणं संकामगो भविस्सदि त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थणिच्छओ । एवं तदियगाहाए अत्थविहासा समत्ता । संपहि चउत्थसुत्तगाहाए विहासणं कुणमाणो उवरिमं सुत्तपबंधमाह—

*** 'किंट्ठिदियाणि कम्माणि अणुभागेसु केसु वा । ओवट्टियूण सेसाणि कं ठाणं पडिवज्जदि' त्ति विहासा ।**

§ ४०. सुगमं । संपहि एदिस्से सुत्तगाहाए अवयवत्थविहासा सुगमा त्ति तमुल्लंघियूण समुदायत्थं चेव विहासेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** एदीए गाहाए ट्ठिदिघादो अणुभागघादो च सूचिदो भवदि ।**

§ ४१. किं कारणं ? कम्हि ट्ठिदिविसेसे वट्टमाणाणि कम्माणि कंडयघादेणोवट्टियूण कं ठाणमवसेसं पडिवज्जदि । केसु वा अणुभागेसु वट्टमाणाणि कम्माणि कंडय-

---

§ ३८. यह सूत्र सुगम है।

*** यह अन्तरको नहीं करता है, आगे करेगा ।**

§ ३९. वह अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें स्थित जीव अन्तरको तो नहीं करता है, क्योंकि अन्तरकरणके कारणभूत अनिवृत्तिकरण परिणाम इस अवस्थाविशेषमें उपलब्ध नहीं होते। इसलिये इस आगेके अपूर्वकरणकालको उल्लंघन करके अनिवृत्तिकरणकालके संख्यात बहुभागके व्यतीत होनेपर उस स्थानमें आगे अन्तर करता है। तथा वहींपर अवसर आनेपर चारित्रमोहनीयकी प्रकृतियोंका संक्रामक होगा इस प्रकार यह यहाँपर उक्त सूत्रका अर्थ निश्चय है। इस प्रकार तीसरी गाथाकी अर्थविभाषा समाप्त हुई। अब चौथी सूत्रगाथाकी विभाषा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** किस स्थितिवाले और किन अनुभागोंमें स्थित कर्मोंकी अपवर्तना करके शेष रहे स्थिति और अनुभाग किस स्थानको प्राप्त होते हैं ।**

§ ४०. अब इस सूत्रगाथाके अवयवोंकी अर्थविभाषा सुगम है, इसलिये उसे उल्लंघन कर समुदायरूप अर्थकी ही विभाषा करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** इस गाथा द्वारा स्थितिघात और अनुभागघात सूचित किया गया है ।**

§ ४१. क्योंकि किस स्थितिमें विद्यमान कर्म काण्डकघातके द्वारा अपवर्तित करके अवशिष्ट रहे किस स्थानको प्राप्त होते हैं। तथा किन अनुभागोंमें विद्यमान कर्म काण्डकघातके द्वारा

देणोवट्टिय अवसेसं कं ठाणं पडिवज्जदि त्ति पुच्छासुत्तेण ट्ठिदि-अणुभागघादेसु दिस्से गाहाए पडिबद्धत्तदंसणादो। एवमेदीए गाहाए सूचिदाणं ट्ठिदि-अणुभागघादाणं [illegible] होदि, आहो एत्तो उवरि पयट्टदि त्ति आसंकाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** तदो इमस्स चरिमसमयअधापवत्तकरणे वट्टमाणस्स णत्थि ट्ठिदिघादो अणुभागघादो वा। से काले दो वि घादा पवत्तिहिंति।**

§ ४२. अधापवत्तकरणचरिमसमये वट्टमाणस्स इमस्स जीवस्स ट्ठिदि-अणुभाग-घादसंभवो णत्थि, किंतु अधापवत्तकरणचरिमसमयादो से काले अपुव्वकरणं पविट्ठस्स एदे दो वि घादा पवत्तिहिंति त्ति भणिदं होदि। जइ एवं, अधापवत्तकरणविसोहि-लंभो णिरत्थओ; तत्तो ट्ठिदि-अणुभागघादादिकज्जविसेसाणमणुवलद्धीदो[1] त्ति आसंकणिज्जं; ठिदिअणुभागघादहेदुभूदापुव्वकरणपरिणामाणमुप्पत्तीए णिमित्तभावे-णेदस्स सहलत्तदंसणादो। एवमेदासु चदुसु पट्ठवणमूलगाहासु विहासिदासु तदो अधा-पवत्तकरणद्धा समत्ता भवदि। एवमधापवत्तकरणपरूवणं समाणिय संपहि अपुव्वकरण-परिणामकज्जभेदपदुप्पायणट्ठमुवरिमं सुत्तपबंधमाढवेइ—

अवस्थित करके अवशिष्ट रहे किस स्थानको प्राप्त होते हैं इस प्रकार पृच्छा द्वारा स्थितिघात और अनुभागघातके विषयमें यह गाथा प्रतिबद्ध देखी जाती है। इस प्रकार इस गाथा द्वारा सूचित किये गए स्थितिघात और अनुभागघातकी प्रवृत्ति क्या यहीं अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें होती है अथवा इससे आगे इसकी प्रवृत्ति होती है ऐसी आशंका होनेपर निःशंक करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

*** इसलिये अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें स्थित इस जीवके स्थितिघात और अनुभागघात नहीं होता।**

§ ४२. अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान इस जीवके स्थितिघात और अनुभाग-घात सम्भव नहीं है, किन्तु अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयसे अनन्तर समयमें अपूर्वकरणमें प्रविष्ट हुए जीवके ये दोनों घात प्रवृत्त होंगे यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है।

शंका—यदि ऐसा है तो अधःप्रवृत्तकरणरूप विशुद्धिकी प्राप्ति निरर्थक है क्योंकि उस विशुद्धिसे स्थितिघात और अनुभागघात आदि कार्यविशेषोंकी उपलब्धि नहीं होती?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि स्थितिघात और अनुभागघातके हेतुभूत अपूर्वकरणके परिणामोंकी उत्पत्तिके निमित्तरूपसे इस करणकी सफलता देखी जाती है।

इस प्रकार इन चार प्रस्थापन मूलगाथाओंकी विभाषा कर देनेपर अधःप्रवृत्तकरणकाल समाप्त होता है। इस प्रकार अधःप्रवृत्तकरणकी प्ररूपणाको समाप्त करके अब अपूर्वकरणस्थानके कार्यभेदोंका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको आरम्भ करते हैं—

---

१. आ०प्रतौ —मणुवलंभादो इति पाठः।

*** पढमसमयअपुव्वकरणं पविट्ठेण ट्ठिदिखंडयमागाइदं ।**

§ ४३. अधापवत्तकरणाणंतरमपुव्वकरणगुणट्ठाणमंतोमुहुत्तकालपडिबद्धं पविट्ठेण पढमसमये चेव ट्ठिदिखंडयं गहेदुमाढत्तमिदि वुत्तं होइ । किं कारणं ? अपुव्वकरणविसोहीणं ट्ठिदि-अणुभागखंडयघादाविणाभावित्तादो । एदस्स पुण पढमट्ठिदिखंडयस्स पमाणणिण्णयमुवरि सुत्तपबद्धमेवकस्सामो । संपहि एत्थेवाणुभागखंडयं पि आढत्तमिदि जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** अणुभागखंडयं च आगाइदं ।**

§ ४४. अपुव्वकरणविसोहिपाहम्मेण ट्ठिदिखंडयाढवणसमकालमेवाणुभागखंडयं पि गहेदुमाढत्तमिदि भणिदं होदि । तं पुण किं पमाणमणुभागखंडयं, केसिं वा कम्माणं होदि त्ति आसंकाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

*** तं पुण अप्पसत्थाणं कम्माणमणंता भागा ।**

§ ४५. तं पुण अणुभागखंडयमप्पसत्थाणं चेव कम्माणं होदि, पसत्थाणं पयडीणं विसोहीए अणुभागखंडयघादासंभवादो । होंतं पि अप्पसत्थकम्माणमणुभागसंतकम्मस्स अणंते भागे घेत्तूण पयट्टदि, करणविसोहीहिं अणंतगुणहाणीए चेव अणुभागघादो होदि त्ति णियमदंसणादो । एत्थ पढमाणुभागखंडयमाहप्पावबोहणट्ठ-

---

*** अपूर्वकरणके प्रथम समयमें प्रविष्ट हुए जीवने स्थितिकाण्डक ग्रहण किया ।**

§ ४३. अधःप्रवृत्तकरणके अनन्तर अन्तर्मुहूर्त कालप्रमाण अपूर्वकरण गुणस्थानमें प्रविष्ट हुए जीवने प्रथम समयमें ही स्थितिकाण्डक ग्रहण करना प्रारम्भ किया यह उक्त कथनका तात्पर्य है, क्योंकि अपूर्वकरणसम्बन्धी विशुद्धियाँ स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघातकी अविनाभावी होती हैं । परन्तु इस प्रथम स्थितिकाण्डकके प्रमाणका निर्णय आगे सूत्रमें निबद्ध करेंगे । अब यहीं अनुभागकाण्डकको भी आरम्भ किया इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** और उसी समय अनुभागकाण्डकको ग्रहण किया ।**

§ ४४. अपूर्वकरणसम्बन्धी विशुद्धिकी प्रधानतावश स्थितिकाण्डकके ग्रहण करनेके समानकालमें ही अनुभागकाण्डकको भी ग्रहण करनेके लिये आरम्भ किया यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है । परन्तु वह अनुभागकाण्डक कितने प्रमाणवाला होता है और किन कर्मोंका होता है ऐसी आशंका होनेपर निःशंक करनेके लिये आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** परन्तु वह अप्रशस्त कर्मोंका होता है तथा अनुभागके अनन्त बहुभाग प्रमाण होता है ।**

§ ४५. परन्तु वह अनुभागकाण्डक अप्रशस्त कर्मोंका ही होता है, क्योंकि प्रशस्त प्रकृतियोंका विशुद्धिवश अनुभागकाण्डकघात होना असम्भव है । ऐसा होकर भी अप्रशस्त कर्मोंसम्बन्धी अनुभागसत्कर्मके अनन्त बहुभागप्रमाण होकर प्रवृत्त होता है, क्योंकि करणसम्बन्धी विशुद्धियोंके कारण अनन्तगुणहानिरूपसे ही अनुभागघात होता है ऐसा नियम देखा जाता है । यहाँपर प्रथम

मेदप्पाबहुअमणुगंतव्वं। तं जहा—एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणि थोवाणि। अइच्छावणा अणंतगुणा। णिक्खेवो अणंतगुणो। अणुभागखंडयदीहत्तमणंतगुणमिदि। एदमप्पाबहुअं सव्वाणुभागखंडएसु दट्ठव्वं। एवं पढमाणुभागखंडयस्स पमाणविणिण्णयं कादूण संपहि पढमट्ठिदिखंडयपमाणाणुगमं कुणमाणो उवरिमं सुत्तपबंधमाढवेदि—

*** कसायक्खवगस्स अपुव्वकरणे पढमट्ठिदिखंडयस्स पमाणाणुगमं वत्तइस्सामो।**

§ ४६. सुगममेदं पइण्णावक्कं।

*** तं जहा।**

§ ४७. सुगमं।

*** अपुव्वकरणे पढमट्ठिदिखंडयं जहण्णयं थोवं। उक्कस्सयं संखेज्जगुणं। उक्कस्सयं पि पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो।**

§ ४८. एत्थ जहण्णयं संखेज्जगुणहीणट्ठिदिसंतकम्मियस्स गहेयव्वं। उक्कस्सयं पुण संखेज्जगुणट्ठिदिसंतकम्मियस्स[1] गहेयव्वं। 'उक्कस्सयं'[2] पि पलिदोवमस्स

बलसे अनुभागकांडकके माहात्म्यका बोध करानेके लिये यह अल्पबहुत्व जानना चाहिये। वह जैसे—एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर स्पर्धक स्तोक हैं। उससे अतिस्थापना अनन्तगुणी है। उससे निक्षेप अनन्तगुणा है। उससे अनुभागकाण्डक अनन्तगुणा बड़ा है। यह अल्पबहुत्व सभी अनुभागकाण्डकोंमें जानना चाहिये. इस प्रकार प्रथम अनुभागकाण्डकके प्रमाणका निर्णय करके अब प्रथम स्थितिकाण्डकके प्रमाणका अनुगम करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको आरम्भ करते हैं—

*** कषायोंकी क्षपणा करनेवाले जीवके अपूर्वकरणमें प्रथम स्थितिकाण्डकके प्रमाणका अनुगम करेंगे।**

§ ४६. यह प्रतिज्ञावाक्य सुगम है।

*** वह जैसे।**

§ ४७. यह सूत्र सुगम है।

*** अपूर्वकरणमें प्रथम जघन्य स्थितिकाण्डक सबसे स्तोक है। उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक संख्यातगुणा है। जो उत्कृष्ट होकर भी पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण है।**

§ ४८. यहाँपर जघन्य स्थितिकाण्डक संख्यातगुणे हीन स्थितिसत्कर्मवालेका ग्रहण करना चाहिये, परन्तु उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक उससे संख्यातगुणे स्थितिसत्कर्मवालेका ग्रहण करना चाहिये।

---

१. आ०प्रतौ ट्ठिदिसंतकम्मं इति पाठः। २. आ०प्रतौ उक्कस्सयं पलिदो- इति पाठः।

संखेज्जदिभागो' त्ति वुत्ते जहा जहण्णयं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागपमाणमेत्तं उक्कस्सयं पि दट्ठव्वं; ण तत्थ पयारंतरसंभवो त्ति वुत्तं होदि। संपहि एदस्सेवत्थस्स णिण्णयकरणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं।

* जहा दंसणमोहणीयस्स उवसामणाए च दंसणमोहणीयस्स खवणाए च कसायाणमुवसामणाए च एदेसिं तिण्हमावासयाणं जाणि अपुव्वकरणाणि तेसु अपुव्वकरणेसु पढमट्ठिदिखंडयं जहण्णयं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो, उक्कस्सयं सागरोवमपुधत्तं। एत्थ पुण कसायाणं खवणाए जं अपुव्वकरणं तम्हि अपुव्वकरणे पढमट्ठिदिखंडयं जहण्णयं पि उक्कस्सयं पि पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो।

§ ४९. एवमुत्तं भवति—जहा एदेसु तिसु किरियाभेदेसु किरियंतरेसु च संजमासंजम-संजमग्गहण-अणंताणुबंधिविसंजोयणभेयाभिण्णेसु पयट्टमाणो अपुव्वकरणो पढमट्ठिदिखंडयं जहण्णेण पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागपमाणं; उक्कस्सेण सागरोवम-पुधत्तपमाणमाढवेइ, ण तहा एत्थ संभवो; किंतु एत्थ कसायक्खवणाए अपुव्वकरणस्स पढमट्ठिदिखंडयं जहण्णमुक्कस्सयं पि पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागपमाणं चेव होदूण जहण्णादो उक्कस्सयं संखेज्जगुणं होदि त्ति गहेयव्वं; दंसणमोहक्खवणेण घादिदावसे-

---

'उक्कस्सयं पि पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो' ऐसा कहनेपर जिस प्रकार जघन्य स्थितिकाण्डक पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण है उसी प्रकार उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक भी जानना चाहिये। वहाँ प्रकारान्तर सम्भव नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब इसी अर्थका निर्णय करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

* जिस प्रकार दर्शनमोहनीयकी उपशामनामें, दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें और कषायोंकी उपशामनामें इन तीन आवश्यकोंके जो अपूर्वकरण हैं उन अपूर्वकरणोंमें जघन्य प्रथम स्थितिकाण्डक पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण है और उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक सागरोपम पृथक्त्वप्रमाण है। परन्तु यहांपर कषायोंकी क्षपणामें जो अपूर्वकरण है उस अपूर्वकरणमें प्रथम स्थितिकाण्डक जघन्य भी और उत्कृष्ट भी पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण है।

§ ४९. इस सूत्रमें यह कहा गया है कि जिस प्रकार इन तीन क्रियाभेदोंमें तथा संयमासंयमग्रहण, संयमग्रहण और अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजनाकी अपेक्षा भेदको प्राप्त दूसरी क्रियाओंमें प्रवृत्त होता हुआ अपूर्वकरण जीव जघन्यरूपसे पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण और उत्कृष्टरूपसे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण प्रथम स्थितिकाण्डकको करता है, उस प्रकार यहाँ सम्भव नहीं है। किन्तु यहाँ कषायकी क्षपणामें जघन्य भी और उत्कृष्ट भी स्थितिकाण्डक पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होकर भी जघन्यसे उत्कृष्ट संख्यातगुणा होता है ऐसा ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि दर्शनमोहकी क्षपणा करनेवाले जीवके द्वारा घाते जानेके बाद जिसके स्थितिसत्कर्म अवशेष रहता

ट्ठिदिसंतकम्मस्स सव्वुक्कस्सस्स वि सागरोवमपुधत्तमेत्तट्ठिदिखंडयुप्पत्तीए णिमित्त-भूद अणुक्कस्सभावादो त्ति ।

§ ५०. संपहि एत्थ जहण्णयं ट्ठिदिखंडयं कस्स होइ, उक्कस्सयं वा कस्स होदि एवंविहाए पुच्छाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरं सुत्तपबंधमाह—

*** दो कसायक्खवगा अपुव्वकरणं समयं पविट्ठा। एक्कस्स पुण ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणं, एक्कस्स ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणहीणं। जस्स संखेज्जगुणहीणं ट्ठिदिसंतकम्मं तस्स ट्ठिदिखंडयादो पढमादो संखेज्जगुण-ट्ठिदिसंतकम्मियस्स ठिदिखंडयं पढमं संखेज्जगुणं, विदियादो विदियं संखेज्जगुणं। एवं तदियादो तदियं। एदेण कमेण सव्वम्हि अपुव्वकरणे जाव चरिमादो ठिदिखंडयादो त्ति तदिमादो तदिमं संखेज्जगुणं।**

---

* उस कषायकी क्षपणा करनेवाले जीवके सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थितिकाण्डककी उत्पत्तिमें निमित्तभूत सबसे उत्कृष्ट स्थितिकाण्डककी अनुपलब्धि है।

विशेषार्थ—ऐसा नियम है कि इस जीवके जब-जब अपूर्वकरण परिणाम होते हैं तब-तब स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात नियमसे होते हैं। ऐसे स्थान सात हैं—दर्शनमोहनीय की उपशामना, दर्शनमोहनीयकी क्षपणा, चारित्रमोहनीयकी उपशामना, संयमासंयमकी प्राप्ति, संयमकी प्राप्ति, अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना और कषायोंकी क्षपणा। इनमेंसे जो प्रारम्भके छह स्थान हैं उनमें प्रथम जघन्य स्थितिकाण्डकका प्रमाण पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण और उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकका प्रमाण सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण होता है। यहाँ एक बात यह जाननी चाहिये कि जिन वेदकसम्यग्दृष्टियोंके संयमासंयम और संयमकी प्राप्ति होनेके बाद जबतक एकान्तानुवृद्धिरूप उक्त परिणाम बने रहते हैं तबतक भी स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डक-घात होते रहते हैं। संयमासंयम और संयमके विषयमें शेष कथन आगमके अनुसार जानना चाहिये।

§ ५०. अब यहाँपर जघन्य स्थितिकाण्डक किसके होता है और उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक किसके होता है इस प्रकार ऐसी पृच्छाके होनेपर निःशंक करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** कषायोंकी क्षपणाके लिये समुद्यत हुए दो जीवोंने अपूर्वकरणमें एक साथ प्रवेश किया। परन्तु उनमेंसे एकका स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा है और एकका स्थिति-सत्कर्म संख्यातगुणा हीन है। जिसका संख्यातगुणा हीन स्थितिसत्कर्म है उसके प्रथम स्थितिकाण्डकसे संख्यातगुणे स्थितिसत्कर्मवालेका प्रथम स्थितिकाण्डक संख्यातगुणा होता है, दूसरेसे दूसरा संख्यातगुणा होता है तथा तीसरेसे तीसरा संख्यातगुणा होता है इस प्रकार उतनेवेंसे उतनेवाँ संख्यातगुणा होता है इस क्रमसे अन्तिम स्थितिकाण्डकके प्राप्त होनेतक पूरे अपूर्वकरणमें जानना चाहिये।**

§ ५१. तं जहा—एगो पुव्वं दंसणमोहणीयं खविय पच्छा उवसमसेढिं [illegible] रूढो। अण्णो दंसणमोहणीयमक्खविय उवसमसेढिं च ट्ठिदो दोण्हमेदेसिं उवस[illegible] चढिय ओदिण्णाणं मज्झे जो अक्खीणदंसणमोहणिज्जो सो पच्छा दंसणमोहणीयं [illegible] चरित्तमोहक्खवणाए अब्भुट्ठिय अपुव्वकरणपढमसमयम्मि ट्ठिदो। इयरो वि समया[illegible] रोहेणागंतूण तत्थेवावट्ठिदो। तत्थ जेण पच्छा दंसणमोहणीयं खविदं तस्स ट्ठिदिसंतक[illegible] मियरस्स ट्ठिदिसंतकम्मादो संखेज्जगुणहीणं होइ। कारणमेत्थ सुगमं। अथवा ए[illegible] दंसणमोहणीयं खविय पुणो उवसमसेढिं चढिय तत्तो ओदरिय चरित्तमोहक्खणाए अ[illegible] ट्ठिदो। अण्णेगो दंसणमोहणीयं खविय उवसमसेढिमचढिय[1] खवणाए अब्भुट्ठिदो। [illegible] मब्भुट्ठिदाणं जो उवसमसेढिं चढिदूणागदो तस्स ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणहीणं[2] हो[illegible] इयरस्स वि ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणं होदि, उवसमसेढीए अपत्तघादत्तादो। [illegible] होदि त्ति कादूण[3] जस्स संखेज्जगुणहीणं ट्ठिदिसंतकम्मं तस्स पढमट्ठिदिखंडयं [illegible] संखेज्जगुणट्ठिदिसंतकम्मियस्स पढमं ट्ठिदिखंडयं संखेज्जगुणं होदि; ट्ठिदिसंतकम्मा[illegible] सारेणेव ट्ठिदिखंडयाणं पि पवुत्तीए बाहाणुवलंभादो। एवं विदियादिट्ठिखंडयाण[illegible] वुत्ती एदेणेव कमेणाणुगंतव्वा जाव दोण्हं पि अपुव्वकरणचरिमट्ठिदिखंडयं ति। त[illegible] अपुव्वकरणपढमट्ठिदिखंडयं जहण्णमुक्कस्सयं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो [illegible]

§ ५१. वह जैसे—एक जीव पहले दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करके पीछे उपशमश्रेणि[illegible] आरूढ़ हुआ। अन्य जीव दर्शनमोहनीयकी क्षपणा किये बिना उपशमश्रेणिपर चढ़ा। उपशमश्रे[illegible] पर चढ़कर उतरे हुए इन दोनों जीवोंके मध्यमें जो दर्शनमोहनीयकी क्षपणा नहीं करनेवाला [illegible] है वह बादमें दर्शनमोहनीयकी क्षपणा कर चारित्रमोहनीयकी क्षपणाके लिये उद्यत हो अपूर्वकर[illegible] प्रथम समयमें स्थित है तथा दूसरा भी आगमके अविरोधपूर्वक आकर वहीं स्थित है। वहां जि[illegible] पीछे दर्शनमोहनीयकी क्षपणा की स्थितिसत्कर्मवाले उसके स्थितिसत्कर्मसे दूसरेका स्थितिसत्[illegible] संख्यातगुणा हीन होता है। यहांपर कारणका कथन सुगम है। अथवा एक दर्शनमोहनीय[illegible] क्षपणा करके पुनः उपशमश्रेणिपर चढ़कर और वहांसे उतरकर चारित्रमोहनीयकी क्षपणाके लि[illegible] उद्यत हुआ। तथा अन्य एक जीव दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करके और उपशमश्रेणिपर न चढ़[illegible] चारित्रमोहनीयकी क्षपणाके लिये उद्यत हुआ। इस प्रकार क्षपकश्रेणिपर चढ़नेके लिये उ[illegible] हुए इन दोनों जीवोंमेंसे जो उपशमश्रेणिपर चढ़कर आया है उसका स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा ही[illegible] होता है तथा दूसरेका स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा होता है। ऐसा समझकर जिसका संख्यातगु[illegible] हीन सत्कर्म होता है उसके प्रथम स्थितिकाण्डकसे संख्यातगुणे स्थितिसत्कर्मवालेका प्रथम स्थि[illegible] काण्डक संख्यातगुणा होता है, क्योंकि स्थितिसत्कर्मके अनुसार ही स्थितिकाण्डकोंकी प्रवृत्ति [illegible] बिना बाधाके उपलब्ध होती है। इस प्रकार दोनोंके ही अपूर्वकरणके अन्तिम स्थितिकाण्ड[illegible] प्राप्त होनेतक द्वितीयादि स्थितिकाण्डकोंकी प्रवृत्ति भी इसी क्रमसे जाननी चाहिये। इस प्रक[illegible] अपूर्वकरणके जघन्य और उत्कृष्ट दोनों ही स्थितिकाण्डक पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण [illegible]

१. ता०प्रतौ [उवसम (खवग)] सेढिं चढिय इति पाठः। २. -गुणं होणं इति पाठः।
३. ता०प्रतौ त्ति घादं कादूण इति पाठः

गहणादो पुण उक्कस्सयं संखेज्जगुणं होइ त्ति सिद्धं। एवं विसेसहीणाहियट्ठिदि-संतकम्मियाणं पि दोण्हमपुव्वकरणाणं खवगाणं ठिदिखंडयाणि विसेसहीणाहिय-आवेणेवापुव्वकरणकालब्भंतरे पयट्टंति त्ति वत्तव्वं।

*** एसा ट्ठिदिखंडयपरूवणा अपुव्वकरणे।**

§ ५२. एत्तोसा अणंतरपरूविदा ठिदिखंडयपरूवणा अपुव्वकरणे दट्ठव्वा, पढम-ट्ठिदिखंडयपमाणावहारणपसंगेण सविस्से चेवापुव्वकरणद्धाए ट्ठिदिखंडयपमाणस्स परूविदत्तादो। *संपहि अपुव्वकरणपढमसमए ट्ठिदि-अणुभागखंडएहिं जह जाणि अण्णाणि वि आवासयाणि पारद्धाणि तेसिं परूवणट्ठमुवरिमो सुत्तपबंधो—*

*** अपुव्वकरणस्स पढमसमए जाणि आवासयाणि ताणि वत्तइस्सामो।**

§ ५३. सुगमं।

*** तं जहा।**

§ ५४. एदमपि सुगमं।

*** *ठिदिखंडयमागाइदं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो।***

होते हैं। परन्तु जघन्यसे उत्कृष्ट संख्यातगुणा होता है यह सिद्ध हुआ। इस प्रकार विशेष हीन और अधिक स्थितिसत्कर्मवाले दोनों ही अपूर्वकरण क्षपक जीवोंके स्थितिकाण्डक अपूर्वकरणके कालमें विशेष हीन और अधिकरूपसे ही प्रवृत्त होते हैं ऐसा कहना चाहिये।

विशेषार्थ—यहाँ चारित्रमोहनीयकी क्षपणा करनेवाले जीवोंके अपूर्वकरण गुणस्थानमें प्रथमादि जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकोंका विचार दो प्रकारसे किया गया है। उनमेंसे जो पहला प्रकार है उसको समझनेके लिये पुस्तक १२ दर्शनमोहक्षपणा अधिकार पृ० २९ देखना चाहिये। दूसरा प्रकार सुगम है।

*** यह स्थितिकाण्डकोंकी प्ररूपणा अपूर्वकरणमें की गई।**

§ ५२. इस प्रकार यह अनन्तर कही गई स्थितिकाण्डकोंकी प्ररूपणा अपूर्वकरणमें जानना चाहिये, क्योंकि प्रथम स्थितिकाण्डकके अवधारणके प्रसंगसे पूरे अपूर्वकरणके कालमें स्थिति-काण्डकोंके प्रमाणका कथन कर दिया। अब अपूर्वकरके प्रथम समयमें स्थितिकाण्डक और अनु-भागकाण्डकोंके साथ जो अन्य आवश्यक भी प्रारम्भ होते हैं उनका कथन करनेके लिये आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

*** अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जो आवश्यक होते हैं उन्हें बतलावेंगे।**

§ ५३. यह सूत्र सुगम है।

*** वह जैसे।**

§ ५४. यह सूत्र भी सुगम है।

*** पहले समयमें पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिकाण्डकको ग्रहण किया।**

*** अप्पसत्थाणं कम्माणमणंता भागा अणुभागखंडयमागाइदं ।**

§ ५५. जइ वि एदाणि दो वि आवासयाणि अणंतरमेव परूविदाणि तो वि अपुव्वकरणविसयसव्वावासयपरूवणासंबंधेण पुणो वि णिद्दिट्ठाणि त्ति ण पुणरुत्तदोसो संभवो ।

*** पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो ट्ठिदिबंधेण ओसरिदो ।**

§ ५६. ट्ठिदिबंधोसरणं णाम तदियमेदमावासयं, तेण अधापवत्तकरणचरिमसमए सव्वेसिं ट्ठिदिबंधादो सव्वेसिं वज्झमाणकम्माणं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागमेत्तेणोसरिय अण्णं ट्ठिदिबंधमेसो पढमसमयापुव्वकरणो आढवेदि त्ति घेत्तव्वं ।

*** गुणसेढी उदयावलियबाहिरे णिक्खित्ता [1]अपुव्वकरणद्धादो अणियट्टिकरणद्धादो च विसेसुत्तरकालो ।**

§ ५७. तम्हि चेव समए परिणामविसेसेण असंखेज्जसमयपबद्धमेत्तदव्वमोकड्डिय ूण उदयावलियबाहिरे अपुव्वाणियट्टिकरणद्धाहिंतो विसेसुत्तरकालायामेण गुणसेढिं णिक्खिवदि त्ति चउत्थमेदमावासयं दट्ठव्वं । एत्थ विसेसाहियपमाणं सुहुमसांपराइय-खीणकसायद्धाहिंतो विसेसुत्तरमिदि घेत्तव्वं । कुदो एदं णव्वदे ? सुत्ताविरुद्धवक्खाणादो ४ ।

*** अप्रशस्त कर्मोंके अनन्त बहुभागप्रमाण अनुभागकाण्डकको ग्रहण किया ।**

§ ५५. यद्यपि इन दोनों आवश्यकोंका अनन्तर ही प्ररूपण कर आये हैं तो भी अपूर्वकरण-विषयक सभी आवश्यकोंके कथन करनेके सम्बन्धसे फिर भी उनका निर्देश किया है, इसलिये पुनरुक्त दोष सम्भव नहीं है ।

*** पल्योपमके संख्यातवें भागको स्थितिबन्धमेंसे घटाता है ।**

*** तत्पश्चात् संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंके जानेपर क्षपक जीव मध्यकी आठ कषायोंका संक्रामक होता है ।**

§ ११५. क्योंकि वे आठ कषाय अप्रशस्ततर प्रकृतियाँ हैं, इसलिए विशेष घातवश उनका पहले ही क्षपणाका प्रारम्भ होनेमें निषेध नहीं है । यहाँ सूत्रमें संक्रामक ऐसा कहनेपर क्षपणाका प्रस्थापक हो जाता है यह अर्थ ग्रहण करना चाहिये । इस प्रकार इन आठ कषायोंके संक्रामणका आरम्भ करके स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा इनका निर्मूल संक्रामक हो जाता है इस बातका कथन करनेके प्रयोजनसे आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** तदो अट्ठकसाया ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण संकामिज्जंति ।**

§ ११६. सुगमं ।

*** अट्ठण्हं कसायाणमपच्छिमट्ठिदिखंडए उक्किण्णे तेसिं संतकम्ममावलियपविट्ठं सेसं ।**

§ ११७. अट्ठकसायाणमपच्छिमट्ठिदिखंडए चरिमफालिसरूवेण णिल्लेविदे तेसिमावलियपविट्ठसंतकम्मस्सेव समयूणावलियमेत्तणिसेगपमाणस्स परिसेसत्तसिद्धीए णिव्वाहमुवलंभादो । समयूणावलियमेत्तट्ठिदीओ वि चरिमफालीए सह किण्णावणिज्जंते त्ति, आवलियपविट्ठस्स कम्मस्स खंडयघादासंभवादो ।

*** तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणं णिरयगदि-तिरक्खगदिपाओग्गणामाणं संतकम्मस्स संकामगो ।**

§ ११८. अट्ठकसाये खविय पुणो ट्ठिदिखंडयपुधत्तवावारेण अंतोमुहुत्तकालं गोलाविय तदो एदेसिं सोलसण्हं कम्माणं संकामणमाढवेदि त्ति भणिदं होदि । एत्थ 'णिरय-तिरिक्खगइपाओग्गणामाओ' त्ति वुत्ते णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वी-तिरिक्खगइ-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-एइंदिय-बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदियजादि-

---

*** तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा आठ कषायोंको संक्रान्त करता है ।**

§ ११६. यह सूत्र सुगम है ।

*** आठ कषायोंके अन्तिम स्थितिकाण्डकके उत्कीर्ण होनेपर उनका सत्कर्म आवलिप्रविष्ट शेष रहता है ।**

§ ११७. आठ कषायोंसम्बन्धी अन्तिम स्थितिकाण्डकके अन्तिम फालिरूपसे निर्लेपित होनेपर जिन कर्मोंके एक समय कम एक आवलिप्रमाण निषेक अवशिष्ट रहे हैं ऐसे उन कर्मोंका आवलिप्रविष्ट सत्कर्म शेष रहता है इस प्रकार इसकी सिद्धि निर्बाधरूपसे पाई जाती है ।

शंका—एक समय कम एक आवलिप्रमाण स्थितियाँ भी अन्तिम फालिके साथ क्यों नहीं निर्जीर्ण होती हैं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि आवलिमें (उदयावलिमें) प्रविष्ट हुए कर्मका काण्डकघात होना असम्भव है ।

*** तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि इन तीन सम्बन्धी तथा नरकगति और तिर्यञ्चगतिप्रायोग्य नामकर्मकी प्रकृतियों-सम्बन्धी सत्कर्मका क्षपक जीव संक्रामक होता है ।**

§ ११८. आठ कषायोंकी क्षपणा करके पुनः स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके व्यापार द्वारा अन्तर्मुहूर्तकाल बिताकर तत्पश्चात् इन सोलह कर्मोंके संक्रमणका आरम्भ करता है यह उक्त सूत्र द्वारा कहा गया है । यहाँपर 'नरकगति और तिर्यञ्चगतिप्रायोग्य नामकर्म' ऐसा कहनेपर नरकगति, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, एकेन्द्रियजाति, द्वीन्द्रियजाति,

आदावुज्जोव-थावर सुहुम-साहारणणामाणं तेरसण्हं पयडीणं गहणं कायव्वं। एदमेदेसिं विसेसघादमाढविय संकामेमाणो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेणेदेसिं णिल्लेवगो होदि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरं—

* तदो खंडयपुधत्तेण अपच्छिमे ट्ठिदिखंडए उक्कीण्णे एदेसिं सोलसण्हं कम्माणं ट्ठिदिसंतकम्ममावलियपविट्ठं सेसं।

§ ११९. एदेसिं कम्माणमपच्छिमट्ठिदिखंडयमागाएंतो उदयावलियबाहिरं सव्वमागाएदूण चरिमफालिसरूवेण सजादीयाविरोहेण परपयडीसु संछुहिय विणासेदि त्ति भणिदं होदि। एवमेदाणि कम्माणि जहा णिद्दिट्ठेण कमेण खवेयूण तदो मणपज्जवणाणावरणादीणं बारसण्हं कम्माणं देसघादिकरणमेदेण कमेण पयट्टावेदि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

* तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण मणपज्जवणाणावरणीय-दाणंतराइयाणं च अणुभागो बंधेण देसघादी जादो।

* तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण ओहिणाणावरणीय-ओहिदंसणावरणीय-लाहंतराइयाणमणुभागो बंधेण देसघादी जादो।

* तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण सुदणाणावरणीय-अचक्खुदंसणावरणीय-

त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रियजाति, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण इस प्रकार नामकर्मकी इन तेरह प्रकृतियोंका ग्रहण करना चाहिये। इस प्रकार इनके विशेष घातका आरम्भ करके संक्रमण करता हुआ स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा इनका निर्लेपक होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा अन्तिम स्थितिकाण्डकके उत्कीर्ण होनेपर इन सोलह कर्मोंका स्थितिसत्कर्म आवलिप्रविष्ट शेष रहता है।

§ ११९. इन कर्मोंके अन्तिम स्थितिकाण्डकको ग्रहण करता हुआ उदयावलि बाह्य सम्पूर्ण कर्मको ग्रहण करके तथा अन्तिम फालिरूपसे अपनी जातिके अविरोधपूर्वक परप्रकृतियोंमें संक्रमित करके नष्ट करता है यह उक्त सूत्र द्वारा कहा गया है। इस प्रकार इन कर्मोंका यथा निर्दिष्ट क्रमसे क्षय करके तत्पश्चात् मनःपर्यय ज्ञानावरणादि बारह कर्मोंके देशघातिकरणके भेदसे क्रमसे प्रस्थापक होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

* तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा मनःपर्ययज्ञानावरणीय और दानान्तरायकर्मका अनुभाग बन्धकी अपेक्षा देशघाति हो जाता है।

* तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा अवधिज्ञानावरणीय, अवधिदर्शनावरणीय और लाभान्तरायकर्म बन्धकी अपेक्षा देशघाति हो जाते हैं।

* तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा श्रुतज्ञानावरणीय, अचक्षुदर्शना-

भोगंतराइयाणमणुभागो बंधेण देसघादी जादो ।

* तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण चक्खुदंसणावरणीयस्स अणुभागो बंधेण देसघादी जादो ।

* तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण आभिणिबोहियणाणावरणीय-परिभोगंतराइयाणमणुभागो बंधेण देसघादी जादो ।

* तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण वीरियंतराइयस्स अणुभागो बंधेण देसघादी जादो ।

§ १२०. किं कारणमेदेसिं कम्माणं देसघादिकरणस्स एवंविहो कमणियमो जादो त्ति णासंकणिज्जं, अणुभागथोवबहुत्तपरिवाडिमस्सियूण तहाविहकमपवुत्तीए विरोहाभावादो ।

* तदो ट्ठिदिखंडयसहस्सेसु गदेसु अण्णं ट्ठिदिखंडयमण्णमणुभागखंडयमण्णो ट्ठिदिबंधो अंतरट्ठिदीओ च उक्कीरिदुं चत्तारि वि एदाणि करणाणि समगमाढत्तो कालं कादुं[1] ।

§ १२१. तदो बारसपयडीणं देसघादिकरणादो संखेज्जसहस्समेत्तेसु ट्ठिदि-

---

वरणीय और भोगान्तराय कर्म बन्धकी अपेक्षा देशघाति हो जाते हैं ।

* तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा चक्षुदर्शनावरणीयका अनुभाग बन्धकी अपेक्षा देशघाति हो जाता है ।

* तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा आभिनिबोधिकज्ञानावरणीय और परिभोगान्तराय कर्मोंका अनुभाग बन्धकी अपेक्षा देशघाति हो जाता है ।

* तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा वीर्यान्तरायकर्मका अनुभाग बन्धकी अपेक्षा देशघाति हो जाता है ।

§ १२०. शंका—इन कर्मोंके देशघातिकरणके इस प्रकारके क्रमका नियम किस कारणसे हो जाता है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि अनुभागके अल्पबहुत्वसम्बन्धी परिपाटीका आलम्बन लेकर उस प्रकारसे उनके क्रमसे प्रवृत्ति होनेमें विरोधका अभाव है ।

* तत्पश्चात् हजारों स्थितिकाण्डकोंके व्यतीत होनेपर अन्य स्थितिकाण्डक, अन्य अनुभागकाण्डक, अन्य स्थितिबन्ध और अन्तरस्थितियोंको उत्कीरित करनेके लिये कालको मुख्य करके इन चारों ही करणोंको एक साथ आरम्भ करता है ।

§ १२१. बारह प्रकृतियोंके देशघातिकरणके अनन्तर संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंके

---

१. ताडपत्रीयप्रतौ—'माढत्तो कालं कादूण' इति सूत्रांशः संलक्ष्यते । अन्यत्र नोपलभ्यते ।

खंडएसु गदेसु तदो अण्णं ट्ठिदिखंडयमण्णमणुभागखंडयमण्णं ट्ठिदिबंधमंतरट्ठिदीण-मुक्कीरणं च एदाणि चत्तारि वि करणाणि कादुं जुगवमाढत्तो त्ति वुत्तं होदि। तत्थ किमंतरकरणं णाम ? अंतरं विरहो सुण्णभावो त्ति एयट्ठो। तस्स करणमंतरकरणं, हेट्ठा उवरिं च केत्तियाओ ट्ठिदीओ मोत्तूण मज्झिल्लाणं ट्ठिदीणं अंतोमुहुत्तपमाणाणं णिसेगे सुण्णत्तसंपादणमंतरकरणमिदि भणिदं होइ। तं पुण केत्तिं करेमाणो केत्तियं वा पढमट्ठिदिं मोत्तूण केत्तिएसु ट्ठिदिविसेसेसु कथं पयट्टदि त्ति एदस्स णिण्णयकरणट्ठ-मुत्तरं सुत्तपबंधमाह—

*** चउण्हं संजलणाणं णवण्हं णोकसाय-वेदणीयाणमेदेसिं तेरसण्हं कम्माणमंतरं। सेसाणं कम्माणं णत्थि अंतरं।**

§ १२२. चदुसंजलण-णवणोकसायसण्णिदाणं तेरसण्हमेव कम्माणमेत्थ अंतरं करेदि, ण सेसाणं। कुदो ? अण्णेसिं कम्माणं चरित्तमोहणीयभेदाणमेत्थासंभवादो। ण च णाणावरणादिकम्माणमंतरकरणसंभवो, मोहणीयवज्जेसु कम्मेसु अंतरकरणस्स पवुत्तिअभावादो।

*** पुरिसवेदस्स च कोहसंजलणाणं च पढमट्ठिदिमंतोमुहुत्तमेत्तं मोत्तूण अंतरं करेदि। सेसाणं कम्माणमावलियं मोत्तूण अंतरं करेदि।**

व्यतीत होनेपर तदनन्तर अन्य स्थितिकाण्डक, अन्य अनुभागकाण्डक, अन्य स्थितिबन्ध और अन्तर-सम्बन्धी स्थितियोंका उत्कीरण करनेके लिये इन चारों ही करणोंको करनेके लिये एक साथ आरम्भ करता है यह इस सूत्र द्वारा कहा गया है।

शंका—प्रकृतमें अन्तरकरण क्या है ?

समाधान—अन्तर, विरह और शून्यभाव ये एकार्थक शब्द हैं। उसका करना अन्तरकरण है। नीचे और ऊपरकी कितनी ही स्थितियोंको छोड़कर अन्तर्मुहूर्तप्रमाण मध्यकी स्थितियोंके निषेकोंके शून्यभावका सम्पादन करना अन्तरकरण है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

परन्तु वह किन कर्मोंकी कितनी प्रथम स्थितिको छोड़कर कितनी स्थितिविशेषोंमें किस प्रकार प्रवृत्त होता है इस प्रकार इस बातका निर्णय करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** चार संज्वलन और नौ नोकषायवेदनीय इन तेरह कर्मोंका अन्तर करता है, शेष कर्मोंका अन्तर नहीं करता।**

§ १२२. चार संज्वलन और नौ नोकषायवेदनीय इन तेरह कर्मोंका यहाँपर अन्तर करता है, शेष कर्मोंका नहीं, क्योंकि अन्य कर्म चारित्रमोहनीयके भेद नहीं हैं। और ज्ञानावरणादि कर्मोंका अन्तर सम्भव नहीं है, क्योंकि मोहनीयकर्मको छोड़कर शेष कर्मोंमें अन्तरकरणकी प्रवृत्तिका होना असम्भव है।

*** पुरुषवेद और क्रोधसंज्वलनकी प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूर्तप्रमाण छोड़कर अन्तर करता है तथा शेष कर्मोंकी एक आवलिप्रमाण प्रथम स्थितिको छोड़कर अन्तर**

---

१. ता०प्रतौ -वेदस्स० कोह० इति पाठः। २. आ०प्रतौ कोहस्स च इति पाठः।

§ १२३. पुरिसवेदस्स कोहसंजलणाणं सोदयाणमंतोमुहुत्तमेत्तिं पढमट्ठिदिं घेत्तूण सेसाणं च कम्माणमवेदिज्जमाणाणमावलियमेत्तिं पढमट्ठिदिमवसेसिय पुणो अंतोमुहुत्तमेत्तट्ठिदीओ उवरिमाओ समयाविरोहेण घेत्तूण अंतरकरणमेसो करेदि त्ति सुत्तत्थणिच्छओ। एदं च पुरिसवेद-कोहोदयक्खवगमहिकिच्च परूविदं, अण्णहा पुण जस्स वेदस्स जस्स च संजलणस्स उदएण सेढिमारूढो तस्स पढमट्ठिदिमंतोमुहुत्तमेत्तिं ठविय अंतरं करेइ त्ति घेत्तव्वं। तत्थ पुरिसवेदपढमट्ठिदी णवुंसय-इत्थिवेद-छण्णोकसायक्खवणद्धामेत्ती होदूण थोवा, कोहस्स पढमट्ठिदी विसेसाहिया।

*** जाओ अंतरट्ठिदीओ उक्कीरंति तासिं पदेसग्गमुक्कीरमाणियासु ट्ठिदीसु ण दिज्जदि।**

§ १२४. जाओ अंतरट्ठिदाओ[1] ... ... तासिं पदेसग्गमंतोमुहुत्तमेत्तफालीओ कादूण पढमफालिप्पहुडि जहाकममसंखेज्जगुणभावेणावट्ठिदाओ अंतरकरणद्धामेत्तेण कालेण उक्कीरेमाणो तं पदेसग्गमुक्कीरमाणियासु ट्ठिदीसु णियमा ण देदि, तासिं णिल्लेविज्जमाणाणं पडिग्गहसत्तीए अभावादो। एवमंतरट्ठिदिपदेसग्गस्स सत्थाणे णिसेगाभावं पदुप्पाइय[2] अणुक्कीरिज्जमाणासु तासिं पदेसग्गस्स णिसेगो एदेण कमेण

करता है।

§ १२३. उदयसहित पुरुषवेद और क्रोधसंज्वलनकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण प्रथम स्थिति छोड़कर तथा अनुदयरूप शेष कर्मोंकी एक आवलिप्रमाण प्रथम स्थितिको छोड़कर पुनः उनके ऊपरकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थितियोंको आगमके अविरोधपूर्वक ग्रहण करके अन्तरविधिको यह क्षपक सम्पन्न करता है यह उक्त सूत्रके अर्थका निश्चय है। किन्तु यह पुरुषवेद तथा क्रोधके उदयसे क्षपक-श्रेणिपर चढ़े हुए जीवको अधिकृत करके कहा है। अन्यथा तो जिस वेद और जिस संज्वलनके उदयसे श्रेणिपर चढ़ा है उसकी प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूर्तमात्र स्थापित कर अन्तरको करता है ऐसा ग्रहण करना चाहिये। उनमेंसे पुरुषवेदकी प्रथम स्थिति नपुंसकवेद, स्त्रीवेद और छह नोकषायोंके क्षपणाकाल प्रमाण होकर सबसे अल्प है। क्रोधकी प्रथम स्थिति विशेष अधिक है।

*** जो अन्तरसम्बन्धी स्थितियाँ उत्कीरित की जाती हैं उनके प्रदेशपुंजको उत्कीरित की जानेवाली स्थितियोंमें नहीं देता है।**

§ १२४. जो अन्तरके लिये स्थापित की गई स्थितियाँ हैं उनके प्रदेशपुंजकी अन्तर्मुहूर्त-प्रमाण फालियाँ करके प्रथम फालिसे लेकर जो असंख्यात गुणितरूपसे अवस्थित हैं उनका अन्तरकरण-कालप्रमाण कालके द्वारा उत्कीरण करता हुआ उस प्रदेशपुंजको उत्कीरण की जानेवाली स्थितियों में नियमसे नहीं देता है, क्योंकि निर्लेपन की जानेवाली उन फालियोंमें प्रतिग्रहशक्तिका अभाव है। इस प्रकार अन्तरसम्बन्धी स्थितियोंके प्रदेशपुंजकी स्वस्थानमें निषेक रचना नहीं होती इस बातका कथन करके उत्कीरित नहीं होनेवाली स्थितियोंमें उनके प्रदेशपुंजका निक्षेप इस क्रमसे होता है

---

१. ताडपत्रीयप्रतौ ..... इति चिह्नांकितो भागः मुद्रितः। ता०प्रतौ० –ट्ठिदाओ उक्कीरणद्धाओ पढमफालीओ तासिं इति पाठः। २. ता०प्रतौ परूविय पडिग्गहसत्तीणमंतरट्ठिदीसु इति पाठः।

होदि त्ति पदुप्पाएमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** जासिं पयडीणं पढमट्ठिदी अत्थि तिस्से पढमट्ठिदीए जाओ संपहि ट्ठिदीओ उक्कीरंति तमुक्कीरमाणगं पदेसग्गं संछुहदि ।**

§ १२५. जासिं पयडीणं वेदिज्जमाणाणं पढमट्ठिदी अत्थि तासिं तिस्से पढमट्ठिदीए उवरि अप्पणो अण्णेसिं च कम्माणमंतरट्ठिदीसु उक्कीरिज्जमाणं पदेसग्गमोकड्डणाए जहासंभवं समट्ठिदिसंकमेण च संछुहदि त्ति सुत्तत्थो ।

*** अध जाओ बज्झंति पयडीओ तासिमाबाहमधिच्छियूण जा जहण्णिया णिसेगट्ठिदी तमादिं कादूण बज्झमाणियासु ट्ठिदीसु उक्कड्डिज्जदे ।**

§ १२६. ण केवलं वेदिज्जमाणाणं पढमट्ठिदीए चेव संछुहदि, किंतु बज्झमाण-चदुसंजलण-पुरिसवेदपयडीणं तक्कालियबंधस्स जा आबाहा अंतरायामादो संखेज्ज-गुणमद्धाणमुवरिं चडिदूण ट्ठिदा तमइच्छेयूण बंधपढमणिसेयमादिं कादूण बज्झमाणियासु ट्ठिदीसु विदियट्ठिदीए समवट्ठिदासु तमंतरट्ठिदीसु उक्कीरिज्जमाणपदेसग्गमुक्कड्डणावसेण संछुहदि त्ति भणिदं होदि । एत्थ सेसपरूवणाए उवसामगभंगो ।

*** संपहि अवट्ठिदअणुभागखंडयसहस्सेसु गदेसु अण्णमणुभाग-**

ऐसा कथन करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** जिन प्रकृतियोंकी प्रथम स्थिति है उनकी उस प्रथम स्थितिके ऊपर वर्तमानमें जो अन्य स्थितियाँ उत्कीरित की जा रही हैं उनके उस उत्कीरित किये जानेवाले प्रदेशपुंजको संक्रान्त करता है ।**

§ १२५. वेदी जानेवाली जिन प्रकृतियोंकी प्रथम स्थिति है उनकी उस प्रथम स्थितिके ऊपर अपने और अन्य कर्मोंकी अन्तर स्थितियोंमें स्थित उत्कीरित किये जानेवाले प्रदेशपुंजको अपकर्षणके द्वारा तथा यथासम्भव समस्थिति संक्रमके द्वारा संक्रान्त करता है यह इस सूत्रका तात्पर्यार्थ है ।

*** और जो प्रकृतियाँ बन्धको प्राप्त हो रही हैं उनका आबाधाको उल्लंघन करके जो जघन्य निषेक स्थिति है उससे लेकर बध्यमान स्थितियोंमें उत्कीर्ण करता है ।**

§ १२६. न केवल वेदी जानेवाली प्रकृतियोंकी प्रथम स्थितिमें ही संक्रान्त करता है, किन्तु बन्धको प्राप्त होनेवाली पुरुषवेद और चार संज्वलन प्रकृतियोंकी तात्कालिक बन्धकी जो आबाधा है जो कि अन्तरायामसे संख्यातगुणेआयाम ऊपर चढ़कर स्थित है उसे उल्लंघन कर बन्धस्थितिके प्रथम निषेकसे लेकर जो द्वितीय स्थितिमें स्थित है उन बँधनेवाली स्थितियोंमें अन्तरस्थितियोंके उत्कीरित किये जानेवाले उस प्रदेशपुंजको उत्कर्षणके द्वारा संक्रान्त करता है यह उक्त सूत्र द्वारा कहा गया है । यहाँ शेष प्ररूपणा उपशामकके समान है ।

*** अब अवस्थित हजारों अनुभागकाण्डकोंके व्यतीत होनेपर अन्य अनुभाग-**

खंडयं जो च अंतरे उक्कीरिज्जमाणे ट्ठिदिबंधो पबद्धो जं च ट्ठिदिखंडयं आव अंतरकरणद्धा एदाणि सगगं णिट्ठाणियमाणाणि णिट्ठिदाणि।

§ १२७. किं कारणं? अंतरचरिमफालीए णिवदमाणाए तिण्हमेदासिमद्धाणमणुभागखंडयसहस्सगब्भाणमक्कमेणेव परिसमत्तिदंसणादो।

* से काले पढमसमय-दुसमयकदं।

§ १२८. जम्हि जम्हि समए अंतरचरिमफाली णिल्लिहिदा, तम्हि समए अंतरं पढमसमयकदं णाम भण्णदे[1]। तदणंतरसमए पुण अंतरं दुसमयकदं णाम भवदि। तम्हि पयट्टमाणकज्जविसेसपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तावयारो—

* ताधे चेव णवुंसयवेदस्स आजुत्तकरणसंकामगो। मोहणीयस्स संखेज्जवस्सट्ठिदिगो बंधो, मोहणीयस्स एगट्ठाणिया बंधोदया। जाणि कम्माणि बज्झंति तेसिं छसु आवलियासु गदासु उदीरणा। मोहणीयस्स आणुपुव्वीसंकमो। लोहसंजलणस्स असंकमो। एदाणि सत्त करणाणि अंतरदुसमयकदे आरद्धाणि।

§ १२९. अंतरदुसमयकदावत्थाए चेव णवुंसयवेदस्स आयुत्तकरणसंकामयत्त-

---

काण्डकको तथा अन्तरको उत्कीरित करते हुए जो स्थितिबन्ध बाँधा था और जो स्थितिकाण्डक प्रारम्भ किया था वे तीनों ही अन्तरकरण कालके समाप्त होनेतक समाप्त होते हुए एक साथ समाप्त हो जाते हैं।

§ १२७. क्योंकि अन्तरकी अन्तिम फालिके पतन होते समय हजारों अनुभागकाण्डकगर्भ इन तीनों ही कालोंकी एक साथ समाप्ति देखी जाती है।

* तदनन्तर समयमें अन्तर प्रथम समयकृत और द्विसमयकृत होता है।

§ १२८. जिस-जिस समयमें अन्तरकी अन्तिम फालि पतित होती है उस समयमें अन्तर प्रथम समयकृत कहलाता है। परन्तु तदनन्तर समयमें अन्तर द्विसमयकृत होता है। उस समय प्रारम्भ होनेवाले कार्यविशेषका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रका अवतार हुआ है—

* उसी समय नपुंसकवेदका आयुक्तकरण संक्रामक होता है। मोहनीयकर्मका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध होता है। मोहनीयका एक स्थानीय बन्ध और उदय होता है। जो कर्म बँधते हैं उनकी छह आवलिकाल जानेपर उदीरणा होती है। मोहनीयका आनुपूर्वीसंक्रम होने लगता है तथा लोभसंज्वलनका असंक्रामक होता है। ये सात करण अन्तरके द्विसमयकृत होनेपर अर्थात् अन्तरकरणके अनन्तर समयमें प्रारम्भ हो जाते हैं।

§ १२९. अन्तरके द्विसमयकृत अवस्थामें ही नपुंसकवेदके आयुक्तकरण संक्रामकपनेसे लेकर

---

१. ता०प्रतौ भवदि इति पाठः।

मादिं कादूण सत्तण्णमेदेसिं करणाणमाढवगो जादो त्ति भणिदं होदि। तत्थ णवुंसयवेदस्स आउत्तकरणसंकामगो त्ति भणिदे णवुंसयवेदस्स खवणाए अब्भुज्जदो होदूण पयट्टो त्ति भणिदं होदि। सेसकरणाणं पि अत्थो जहा उवसामगस्स परूविदो तहा चेव वत्तव्वो, विसेसाभावादो।

* तदो संखेज्जेसु ट्ठिदिखंडयसहस्सेसु गदेसु णवुंसयवेदो संकामिज्जमाणो संकामिदो।

§ १३०. एवं णवुंसयवेदस्स भरेण खवणमाढविय संकामेमाणस्स संखेज्जेसु ट्ठिदिखंडयसहस्सेसु गदेसु तदो णवुंसयवेदो चारेमट्ठिदिखंडयचरिमफालिसरूवेण सव्वसंकमेण पुरिसवेदस्सुवरि संकामिदो त्ति भणिदं होदि। एवं णवुंसयवेदं संछुहिय पुणो वि पवड्ढमाणझाणपरिणामो तदणंतरमित्थिवेदस्स खवणमाढवेदि त्ति पदुप्पाएमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* तदो से काले इत्थिवेदस्स पढमसमयसंकामगो।

§ १३१. णवुंसयवेदक्खवणाणंतरमित्थिवेदं चेव खवेदि, ण सेसकम्माणि त्ति कुदो एस णियमो? ण, अप्पसत्थपरिवाडीए कम्मक्खवणमाढवेंतस्स तदविरोहादो।

इन सात करणोंका आरम्भ हो जाता है यह कहा गया है। उनमेंसे 'नपुंसकवेदका आयुक्तकरण संक्रामक' ऐसा कहनेपर नपुंसकवेदकी क्षपणाके लिए उद्यत होकर प्रवृत्त होता है यह कहा गया है। शेष करणोंका अर्थ भी जैसा उपशामकके कहा गया है उसी प्रकार कहना चाहिये उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है।

* तदनन्तर संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंके जानेपर नपुंसकवेद संक्रामित होता हुआ संक्रमित कर दिया जाता है।

§ १३०. इस प्रकार नपुंसकवेदके भरपूर क्षपणाका आरम्भ कर संक्रमण कराते हुए संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंके व्यतीत होनेपर तत्पश्चात् नपुंसकवेद अन्तिम स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिरूपसे सर्वसंक्रमण द्वारा पुरुषवेदके ऊपर संक्रमित कर दिया जाता है यह उक्त कथनका मथितार्थ है। इस प्रकार नपुंसकवेदकी क्षपणा कर फिर भी वृद्धिको प्राप्त होता हुआ ध्यान परिणाम तदनन्तर स्त्रीवेदकी क्षपणाका आरम्भ करता है इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* तत्पश्चात् अनन्तर समयमें स्त्रीवेदका संक्रामक होता है।

§ १३१. नपुंसकवेदकी क्षपणाके अनन्तर स्त्रीवेदकी ही क्षपणा करता है शेष कर्मोंकी नहीं यह नियम किस कारणसे है?

समाधान—नहीं, क्योंकि अप्रशस्ततर प्रकृतियोंकी परिपाटीके अनुसार कर्मोंकी क्षपणा करानेवाले जीवके उसके वैसा होनेमें विरोधका अभाव है।

---

१. ता०प्रतौ एवं इति पाठो नास्ति।

*** ताधे अण्णं ट्ठिदिखंडयमण्णमणुभागखंडयमण्णो ट्ठिदिबंधो च आरद्धाणि ।**

§ १३२. पुव्विल्लट्ठिदि-अणुभागखंडय-ट्ठिदिबंधाणं हेट्ठिमसमये जुगवमेव परिसमत्तिविसेण इत्थिवेदपढमसमयसंकामएण एदाणि ट्ठिदिखंडयादीणि तिण्णि वि जुगवमाढत्ताणि त्ति भणिदं होदि । एवमेसो प्पहुडि आजुत्तकिरियाए इत्थिवेदं खवेमाणस्स खवणद्धाए संखेज्जदिभागे ट्ठिदिखंडयपुधत्तवावारेण समइक्कंते तम्मि उद्देसे जो पवृत्तिविसेसो तप्पिद्देसकरणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

*** तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण इत्थिवेदक्खवणद्धाए संखेज्जदिभागे गदे णाणावरण-दंसणावरण-अंतराइयाणं तिण्हं घादिकम्माणं संखेज्जवस्सट्ठिदिगो बंधो ।**

§ १३३. पुव्वमेदेसिं कम्माणं ट्ठिदिबंधो असंखेज्जवस्सिओ होदूणासंखेज्जगुणहाणीए पयट्टमाणो एत्थुद्देसे संखेज्जवस्ससहस्सपमाणो जादो त्ति भणिदं होइ । एवमेत्थुद्देसे संखेज्जवस्सियमेदेसिं ट्ठिदिबंधं कादूण उवरि चडमाणस्स संखेज्जसहस्समेत्तट्ठिदिखंडयवावारेण इत्थिवेदक्खवणाए सेसा संखेज्जा भागा गदा ताधे इत्थिवेदस्स चरिमट्ठिदिखंडयमागाएमाणो एदेण कमेणागाएदि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तावयारो—

*** उस समय अन्य स्थितिकाण्डक, अन्य अनुभागकाण्डक और अन्य स्थितिबन्ध आरम्भ करता है ।**

§ १३२. पूर्वके स्थितिकाण्डक, अनुभागकाण्डक और स्थितिबन्धके अधस्तन समयमें एक साथ ही समाप्त हो जानेके कारण स्त्रीवेदका प्रथम समयवर्ती संक्रामक जीव इन तीनों ही स्थितिकाण्डक आदिको एक साथ आरम्भ करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इस प्रकार यहाँसे लेकर आयुक्तकरण क्रियाके द्वारा स्त्रीवेदकी क्षपणा करनेवाले जीवके उसकी क्षपणा करते हुए स्थितिकाण्डक व्यापारके द्वारा संख्यातवें भाग कालके व्यतीत होनेपर उस स्थानमें जो प्रवृत्तिविशेष होता है उसका निर्देश करनेके लिए आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा स्त्रीवेदकी क्षपणाके द्वारा संख्यातवें भाग कालके व्यतीत होनेपर ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय इन तीन घातिकर्मोंका संख्यात वर्षका स्थितिवाला बन्ध होता है ।**

§ १३३. पहले इन कर्मोंका स्थितिबन्ध असंख्यातवर्षकी स्थितिवाला होकर असंख्यात गुणहानि द्वारा प्रवृत्त होता हुआ इस स्थानमें संख्यात हजार वर्षप्रमाण हो जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इस प्रकार इस स्थानमें इन कर्मोंका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध करके ऊपर चढ़नेवाले जीवके संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंके व्यापार द्वारा स्त्रीवेदकी क्षपणाके शेष संख्यात बहुभाग जब व्यतीत हो जाते हैं उस समय स्त्रीवेदके अन्तिम स्थितिकाण्डकको ग्रहण

*** तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण इत्थिवेदस्स जं ट्ठिदिसंतकम्मं तं सव्वमागाइदं ।**

§ १३४. गयत्थमेदं सुत्तं । ताधे पुण सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिखंडयमागाएंतो कधमागाएदि त्ति आसंकाए इदमाह—

*** सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मस्स असंखेज्जा भागा आगाइदा ।**

§ १३५. सेसाणं कम्माणं पलिदोवमासंखेज्जभागमेत्तट्ठिदिसंतकम्मस्स संखेज्जदिभागं परिसेसिय बहुभागा तक्कालमागाइदा त्ति सुत्तत्थो ।

*** तम्हि ट्ठिदिखंडए पुण्णे इत्थिवेदो संछुब्भमाणो संछुद्धो ।**

§ १३६. इत्थिवेदचरिमफालीए विदियट्ठिदिसंठिदाए पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागाइदाए पुरिसवेदस्सुवरि संछुद्धाए तक्कालमित्थिवेदसंतकम्मस्स णिल्लेवाणोकलंभादो । संपहि तक्काले चेव मोहणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्मं घादिदावसेसं संखेज्जवस्ससहस्सपमाणं होदूण चिट्ठदि त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** ताधे चेव मोहणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जाणि वस्साणि ।**

करता हुआ इस क्रमसे ग्रहण करता है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेके सूत्रका अवतार करते हैं—

*** तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके द्वारा स्त्रीवेदका जो स्थितिसत्कर्म है वह सब क्षपणाके लिए ग्रहण कर लिया जाता है ।**

§ १३४. यह सूत्र गतार्थ है ।

परन्तु उसी समय शेष कर्मोंके स्थितिकाण्डकको ग्रहण करता हुआ कैसे ग्रहण करता है ऐसी आशंका होनेपर इस सूत्रको कहते हैं ।

*** शेष कर्मोंसम्बन्धी स्थितिसत्कर्मके असंख्यात बहुभागको ग्रहण करता है ।**

§ १३५. शेष कर्मोंके पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिसत्कर्मके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिसत्कर्मको छोड़कर शेष बहुभागप्रमाण स्थितिसत्कर्मको उस समय ग्रहण करता है यह इस सूत्रका अर्थ है ।

*** उस स्थितिकाण्डकके सम्पन्न होनेपर स्त्रीवेद संक्रमित होता हुआ संक्रान्त हो जाता है ।**

§ १३६. द्वितीय स्थितिमें स्थित पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्त्रीवेदकी अन्तिम फालिके पुरुषवेदके ऊपर संक्रान्त होनेपर तत्काल स्त्रीवेद सत्कर्मका अभाव उपलब्ध होता है। अब उसी समय मोहनीयकर्मका घात करनेके बाद अवशिष्ट रहा स्थितिसत्कर्म संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता हुआ स्थित रहता है इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** उसी समय मोहनीयकर्मका स्थितिसत्कर्म संख्यात वर्षप्रमाण होता है ।**

§ १३७. गयत्थमेदं सुत्तं। सेसाणं पुण अज्ज वि ट्ठिदिसंतकम्मपमाणं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो चेव होदि त्ति घेत्तव्वं।

*** से काले सत्तण्हं णोकसायाणं पढमसमयसंकामगो।**

§ १३८. इत्थिवेदक्खवणाणंतरं हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुंछा-पुरिसवेदाणमाउत्तकिरियाए खवणमाढविय तेसिं पढमसमयसंकामगो जादो त्ति भणिदं होदि। संपहि तक्काले सव्वेसिं कम्माणं ट्ठिदिबंधप्पाबहुअं केरिसं होदि त्ति जाणारेयस्स सिस्सस्स णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** सत्तण्हं णोकसायाणं पढमसमयसंकामगस्स ट्ठिदिबंधो मोहणीयस्स थोवो।**

*** णाणावरण-दंसणावरण-अंतराइयाणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो।**

*** णामागोदाणं ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो।**

*** वेदणीयस्स ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ।**

§ १३९. गयत्थमेदं सुत्तं। संपहि एदम्मि चेव णिरुद्धसमए सव्वेसिं कम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मविसयथोवबहुत्तगवेसणट्ठमुवरिमो सुत्तपबंधो—

*** ताधे ट्ठिदिसंतकम्मं मोहणीयस्स थोवं।**

---

§ १३७. यह सूत्र गतार्थ है। परन्तु शेष कर्मोंका स्थितिसत्कर्म अभी भी पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण ही होता है ऐसा ग्रहण करना चाहिये।

*** तदनन्तर समयमें सात नोकषायोंका प्रथम समयवर्ती संक्रामक होता है।**

§ १३८. स्त्रीवेदकी क्षपणाके अनन्तर हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा और पुरुषवेदके आयुक्त क्रियाके द्वारा क्षपणाका आरम्भ करके उनका प्रथम समयवर्ती संक्रामक हो जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब उस समय सभी कर्मोंके स्थितिबन्धका अल्पबहुत्व किस प्रकारका होता है ऐसी आशंका जिस शिष्यके हुई है उसे निःशंक करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

*** सात नोकषायोंके प्रथम समयवर्ती संक्रामकके मोहनीयकर्मका स्थितिबन्ध सबसे अल्प होता है।**

*** ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तरायकर्मका स्थितिबन्ध संख्यातगुणा होता है।**

*** नामकर्म और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा होता है।**

*** वेदनीयकर्मका स्थितिबन्ध विशेष अधिक होता है।**

§ १३९. यह सूत्र गतार्थ है। अब इसी विवक्षित समयमें सभी कर्मोंके स्थितिसत्कर्मविषयक अल्पबहुत्वकी मार्गणा करनेके लिये आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

*** उस समय मोहनीयकर्मका स्थितिसत्कर्म सबसे अल्प है।**

*** तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जगुणं ।**

*** णामा-गोदाणं ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जगुणं ।**

*** वेदणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्मं विसेसाहियं ।**

§ १४०. मोहणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्मे संखेज्जवस्सिये जादे वि जाव तिण्हं घादिकम्माणं संखेज्जवस्सियं ट्ठिदिसंतकम्मं ण जायदे ताव पुव्वुत्तेणेव कमेण ट्ठिदिसंतकम्मप्पाबहुअं पयट्टदि[1], णाण्णहा त्ति भणिदं होदि । एवं सत्तणोकसायसंकामयस्स पढमसमए ट्ठिदिबंध ट्ठिदिसंतकम्माणमप्पाबहुअपवुत्तिकमं परूविय संपहि तस्सेव पढमट्ठिदिखंडए णिल्लेविदे मोहणीयादिकम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मं घादिदावसेसं कधमवचिट्ठदि त्ति एदस्स णिण्णयकरणट्ठमिदमाह—

*** पढमट्ठिदिखंडए पुण्णे मोहणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणहीणं ।**

*** सेसाणं ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जगुणहीणं ।**

§ १४१. गयत्थमेदं सुत्तं । संपहि एदस्सेव पढमट्ठिदिबंधे पुण्णे अण्णो ट्ठिदिबंधो पयट्टमाणो मोहणीयादिकम्माणं कधं पयट्टदि त्ति एदस्स अत्थविसेसस्स णिद्धारणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** तीन घातिकर्मोंका स्थितिसत्कर्म असंख्यातगुणा है ।**

*** नामकर्म और गोत्रकर्मका स्थितिसत्कर्म असंख्यातगुणा है ।**

*** वेदनीयकर्मका स्थितिसत्कर्म विशेष अधिक है ।**

§ १४०. मोहनीयकर्मके स्थितिसत्कर्मके संख्यात वर्षप्रमाण हो जानेपर भी जबतक तीन घातिकर्मोंका स्थितिसत्कर्म संख्यात वर्षप्रमाण नहीं हो जाता तबतक पूर्ववत् क्रमसे ही स्थितिसत्कर्मविषयक अल्पबहुत्व प्रवृत्त रहता है, अन्य प्रकारसे नहीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इस प्रकार सात नोकषायोंके संक्रामकके प्रथम समयमें स्थितिबन्ध और स्थितिसत्कर्मके अल्पबहुत्वके प्रवृत्तिक्रमका कथन करके अब उसीके प्रथम स्थितिकाण्डकके निर्लेपित होनेपर मोहनीय आदि कर्मोंका घात करनेके बाद अवशिष्ट रहा स्थितिसत्कर्म किस प्रकारका अवशिष्ट रहता है इस बातका निर्णय करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

*** प्रथम स्थितिकाण्डकके सम्पन्न होनेपर मोहनीयकर्मका स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा हीन होता है ।**

*** शेष कर्मोंका स्थितिसत्कर्म असंख्यातगुणा हीन होता है ।**

§ १४१. यह सूत्र गतार्थ है । अब इसीके प्रथम स्थितिबन्धके सम्पन्न होनेपर प्रवृत्त होता हुआ अन्य स्थितिबन्ध मोहनीय आदि कर्मोंका किस प्रकारका होता है इस अर्थविशेषका निर्धारण करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

---

१. ता०प्रतौ 'पयट्टदि त्ति' इति पाठः ।

*** ट्ठिदिबंधो णामा-गोद-वेदणीयाणं असंखेज्जगुणहीणो ।**

*** घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणहीणो ।**

§ १४२. सुगमं ।

*** तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण गदे सत्तण्हं णोकसायाणं खवणद्धाए संखेज्जदिभागे गदे णामा-गोद-वेदणीयाणं संखेज्जाणि वस्साणि ट्ठिदिबंधो ।**

§ १४३. जाव एद्दूरं ताव असंखेज्जवस्सिओ होदूणागच्छमाणो णामा-गोद-वेदणीयाणं ट्ठिदिबंधो एदम्मि उद्देसे संखेज्जवस्ससहस्सपमाणो जादो त्ति भणिदं होइ । एवमेत्थुद्देसे सव्वेसिं कम्माणं ट्ठिदिबंधो जहाकमं संखेज्जवस्सिओ जादो । संपहि एत्तो प्पहुडि ट्ठिदिखंडयपुधत्तेसु बहुएसु गदेसु सत्तणोकसायक्खवणद्धाए संखेज्जा भागा गदा होंति । ताधे तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मं पुव्वमसंखेज्जवस्सियं होदूण गच्छमाणं विसेसघादवसेण संखेज्जवस्सियं संजादमिदि पदुप्पाएमाणो सुत्तरमुत्तरं भणइ—

*** तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्ते गदे सत्तण्हं णोकसायाणं खवणद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु णाणावरण-दंसणावरण अंतराइयाणं संखेज्जवस्सट्ठिदिसंतकम्मं जादं ।**

§ १४४. गयत्थमेदं सुत्तं । णवरि एत्थ ट्ठिदिखंडयपुधत्तपरिणदेसो जेण बहुपुल्ल-

---

* नाम, गोत्र और वेदनीयकर्मका स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा हीन होता है ।

* घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध संख्यातगुणा हीन होता है ।

§ १४२. यह सूत्र सुगम है ।

* तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके जानेपर सात नोकषायोंके क्षपणाकालके संख्यातवें भागके जानेपर नाम, गोत्र और वेदनीयकर्मका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध होता है ।

§ १४३. जबतक इतनी दूर जाते हैं तबतक नाम, गोत्र और वेदनीयकर्मका असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध होकर आता हुआ इस स्थानमें संख्यात हजार वर्षप्रमाण हो जाता है। अब यहाँसे लेकर बहुत स्थितिकाण्डकोंके जानेपर सात नोकषायोंके क्षपणाकालके संख्यात बहुभाग व्यतीत हो जाते हैं तब तीन घातिकर्मोंका स्थितिसत्कर्म पहले असंख्यात वर्षप्रमाण होकर आता हुआ विशेष घातके कारण संख्यात वर्षप्रमाण हो जाता है इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* तत्पश्चात् स्थितिकाण्डकपृथक्त्वके जानेपर सात नोकषायोंके क्षपणाकालके संख्यात बहुभाग जानेपर ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तरायकर्मका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिसत्कर्म हो जाता है ।

§ १४४. यह सूत्र गतार्थ है। इतनी विशेषता है कि यहाँपर स्थितिकाण्डकपृथक्त्वका

वाचओ तेण ट्ठिदिखंडयपुधत्ताणं बहुवाणं गहणं कायव्वं, अण्णहा सत्तण्णोकसाय-खवणकालब्भंतरे संखेज्जसहस्समेत्ताणं[1] ट्ठिदिखंडयाणमणुप्पत्तिप्पसंगादो। एवमेदम्मि विसये तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मे संखेज्जवस्सपमाणत्तेण परिणदे एत्तो प्पहुडि घादिकम्माणं सव्वेसिमेव ट्ठिदिबंधो ट्ठिदिखंडयं च संखेज्जगुणहाणीए चेव पयट्टदि त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** तदो पाए घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधे ट्ठिदिखंडए च पुण्णे पुण्णे ट्ठिदि-बंध-ट्ठिदिसंतकम्माणि संखेज्जगुणहीणाणि।**

§ १४५. संखेज्जवस्सिये ट्ठिदिबंध-ट्ठिदिसंतकम्मे च जादे तव्विसयाणं ट्ठिदि-बंधोसरणट्ठिदिखंडयाणं च संखेज्जगुणहाणीए चेव पवुत्ती होइ, णाण्णहा त्ति वुत्तं होइ। एवं घादिकम्मावेक्खाए परूविदं। अघादिकम्माणं पुण ट्ठिदिबंधो चेव संखेज्ज-गुणहीणो होदूण पयट्टदि, ण ट्ठिदिसंतकम्मंपि त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** णामा-गो-दवेदणीयाणं पुण्णे ट्ठिदिखंडए असंखेज्जगुणहीणं ट्ठिदि-संतकम्मं।**

*** एदेसिं चेव ट्ठिदिबंधे पुण्णे अण्णो ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणहीणो।**

निर्देश यतः बहुत्वबाची है अतः बहुत स्थितिकाण्डकोंको ग्रहण करना चाहिये, अन्यथा सात नोकषायोंके क्षपणाकालके भीतर संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंकी अनुत्पत्तिका प्रसंग प्राप्त होता है। इस प्रकार इस स्थानमें तीन घातिकर्मोंका स्थितिसत्कर्म संख्यात वर्षप्रमाणरूपसे परिणत होनेपर यहाँसे लेकर सभी घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध और स्थितिकाण्डक संख्यात गुणहानिरूपसे ही प्रवृत्त होता है इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** यहाँसे लेकर घातिकर्मोंके स्थितिबन्ध और स्थितिकाण्डकके पुनः पुनः पूर्ण होनेपर स्थितिबन्ध और स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणे हीन होते हैं।**

§ १४५. संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध और स्थितिसत्कर्मके हो जानेपर तद्विषयक स्थिति-बन्धापसरण और स्थितिकाण्डकोंकी संख्यात गुणहानिरूपसे ही प्रवृत्ति होती है, अन्य प्रकारसे नहीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यह घातिकर्मोंकी अपेक्षा कथन किया। परन्तु अघातिकर्मोंका तो स्थितिबन्ध ही संख्यातगुणा हीन होकर प्रवृत्त होता है, स्थितिसत्कर्म नहीं इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** नाम, गोत्र और वेदनीयकर्मके स्थितिकाण्डकके पूर्ण होनेपर स्थितिसत्कर्म असंख्यातगुणा हीन होता है।**

*** इन्हीं कर्मोंका स्थितिबन्ध पूर्ण होनेपर अन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा हीन होता है।**

---

१. ता०प्रतौ संखेज्जवस्ससहस्समेत्ताणं इति पाठः। २. आ०प्रतौ -हीणाओ इति पाठः।

§ १४६. सुगमं ।

*** एदेण कमेण ताव जाव सत्तण्हं णोकसायाणं संकामयस्स चरिम-ट्ठिदिबंधो त्ति ।**

§ १४७. एदम्मि अवत्थंतरे ट्ठिदिबंधोसरण-ट्ठिदिखंडयपरूवणाए अणंतरपरूविदो चेव कमो, ण एत्थ किंचि णाणत्तमत्थि त्ति भणिदं होइ । संपहि सत्तण्हं णोकसायाणं संकामयस्स चरिमसमए ट्ठिदिबंध-ट्ठिदिसंतकम्मपमाणावहारणट्ठमुवरिमं सुत्तपबंधमाह--

*** सत्तण्हं णोकसायाणं संकामयस्स चरिमो ट्ठिदिबंधो पुरिसवेदस्स अट्ठ वस्साणि ।**

§ १४८. संखेज्जवस्ससहस्सियादो पुव्वणिरुद्धट्ठिदिबंधादो जहाकममसंखेज्ज-गुणहाणीए (?)परिहाइदूण एदम्मि उद्देसे अट्ठवस्सपमाणो पुरिसवेदस्स ट्ठिदिबंधो जादो त्ति भणिदं होदि ।

*** संजलणाणं सोलस वस्साणि ।**

§ १४९. सुगममेदं ।

*** सेसाणं कम्माणं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि ट्ठिदिबंधो ।**

§ १५०. सुगममेदं पि सुत्तं ।

---

§ १४६. यह सूत्र सुगम है।

*** इस क्रमसे तबतक जाता है जब जाकर सात नोकषायोंके संक्रामकका अन्तिम स्थितिबन्ध प्राप्त होता है ।**

§ १४७. इस अवस्थाके मध्यमें स्थितिबन्धापसरण और स्थितिकाण्डकोंकी प्ररूपणाका क्रम अनन्तर प्ररूपित ही है, इस विषयमें यहाँ कुछ भी नानापन नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब सात नोकषायोंके संक्रामकके अन्तिम समयमें स्थितिबन्ध और स्थितिसत्कर्मके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** सात नोकषायोंके संक्रामकके पुरुषवेदका अन्तिम स्थितिबन्ध आठ वर्षप्रमाण होता है ।**

§ १४८. पूर्वमें निरुद्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण स्थितिबन्धसे यथाक्रम असंख्यात गुणहानि द्वारा घटाकर इस स्थानमें पुरुषवेदका स्थितिबन्ध आठ वर्षप्रमाण हो जाता है यह उक्त सूत्र द्वारा कहा गया है।

*** संज्वलन कर्मोंका सोलह वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध होता है ।**

§ १४९. यह सूत्र सुगम है।

*** शेष कर्मोंका संख्यात हजार वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध होता है ।**

§ १५०. यह सूत्र भी सुगम है।

*** ट्ठिदिसंतकम्मं पुण घादिकम्माणं चदुण्हं वि संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि ।**

*** णामा-गोद-वेदणीयाणमसंखेज्जाणि वस्साणि ।**

§ १५१. सुगमं । एवमेदम्मि संधिविसए ट्ठिदिबंधादीणं पमाणं जाणाविय संपहि अइक्कंतत्थविसयं किंचि परामरसं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** अंतरादो दुसमयकदादो पाये छण्णोकसाए कोधे संछुहदि ण अण्णम्हि कम्हि वि ।**

§ १५२. अंतरकरणाणंतरमेत्ताणुपुव्वीसंकमस्स पारंभे जादे तदो प्पहुडि छण्णोकसाए पुरिसवेदमुल्लंघियूण कोहसंजलणे चेव संछुहदि । पुरिसवेदं पि सेसकसायपरिहारेण णियमा कोहसंजलणे संछुहदि । एवं कोहसंजलणाणं पि जहाणुपुव्वीए संकमपवुत्ती दट्ठव्वा त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो ।

*** पुरिसवेदस्स दोआवलियासु पढमट्ठिदीए सेसासु आगाल-पडिआगालो वोच्छिण्णो । पढमट्ठिदीदो चेव उदीरणा ।**

§ १५३. पढम-विदियट्ठिदीणमुक्कड्डणोकड्डणवसेण परोप्परं विसयसंकमो आगाल-पडिआगालो त्ति भण्णदे । सो पुरिसवेदपढमट्ठिदीए आवलिय-पडिआवलियमेत्तसेसाए

*** परन्तु चारों ही घातिकर्मोंका संख्यात हजार वर्षप्रमाण स्थितिसत्कर्म होता है ।**

*** नाम, गोत्र और वेदनीय कर्मोंका असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिसत्कर्म होता है ।**

§ १५१. यह सूत्र सुगम है । इस प्रकार इस सन्धिमें स्थितिबन्धादिकके प्रमाणका ज्ञान कराकर अब व्यतीत हुए अर्थके विषयमें कुछ परामर्श करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** द्विसमयकृत अन्तरसे अर्थात् अन्तरकरणके तदनन्तर समयसे लेकर छह नोकषाय क्रोधमें संक्रमित होते हैं, अन्य किसीमें नहीं ।**

§ १५२. अन्तरकरणके अनन्तर ही आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ हो जानेपर वहाँसे लेकर छह नोकषाय पुरुषवेदको उल्लंघन कर क्रोधसंज्वलनमें ही संक्रमित होते हैं । पुरुषवेद भी शेष कषायोंका परित्याग कर नियमसे क्रोधसंज्वलनमें संक्रमित होता है । इसी प्रकार क्रोधसंज्वलनकी भी आनुपूर्वीके अनुसार संक्रमकी प्रवृत्ति जान लेनी चाहिये यह सूत्रका भावार्थ है ।

*** पुरुषवेदकी प्रथम स्थितिमें दो आवलिकालके शेष रहनेपर आगाल-प्रत्यागाल व्युच्छिन्न हो जाते हैं । प्रथम स्थितिमेंसे ही उदीरणा होती है ।**

§ १५३(प्रथम और द्वितीय स्थितिके उत्कर्षण और अपकर्षणके कारण परस्पर कर्मपुंजके संक्रमको आगाल-प्रत्यागाल कहते हैं ।)सो वह पुरुषवेदकी प्रथम स्थितिके आवलि और प्रत्यावलि

प्पादाणुच्छेदेण वोच्छिण्णो त्ति भणिदं होदि ।

* समयाहियाए आवलियाए सेसाए जहण्णिया ट्ठिदिउदीरणा ।

§ १५४. सुगमं ।

* तदो चरिमसमयसवेदो जादो ।

§ १५५. सुबोधं ।

* ताधे छण्णोकसाया संछुद्धा ।

§ १५६. तदवत्थाए छण्णोकसायाणं चरिमफाली संखेज्जवस्ससहस्सायामा पुव्वसंकमेण संछुद्धा त्ति वुत्तं होइ । ताधे पुण पुरिसवेदस्स केत्तियं संछुद्धं केत्तियं वा सेसमत्थि त्ति आसंकाए इदमाह--

* पुरिसवेदस्स जाओ दो आवलियाओ समयूणाओ एत्तिगा समयपबद्धा विदियट्ठिदीए अत्थि उदयट्ठिदी च अत्थि । सेसं पुरिसवेदस्स संतकम्मं सव्वं संछुद्धं ।

§ १५७. समयूणदोआवलियमेत्तणवकबंधे असंखेज्जसमयपबद्धपमाणमुदयट्ठिदिं च मोत्तूण सेसासेसपुरिसवेदसंतकम्मं चरिमसमयसवेदेण कोहसंजलणस्सुवरि सव्वसंकमेण संछुद्धमिदि एसो एदस्स सुत्तस्स समुच्चयत्थो ।

मात्र शेष रहनेपर उत्पादानुच्छेदके न्यायानुसार विच्छिन्न हो जाते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* एक समय अधिक एक आवलि शेष रहनेपर जघन्य स्थितिउदीरणा होती है ।

§ १५४. यह सूत्र सुगम है ।

* तत्पश्चात् क्षपक जीव अन्तिम समयवर्ती सवेदी हो जाता है ।

§ १५५. यह सूत्र सुबोध है ।

* उस समय छह नोकषाय संक्रान्त हो जाते हैं ।

§ १५६. उस अवस्थामें छह नोकषायोंकी संख्यात हजार वर्षप्रमाण आयामवाली अन्तिम फालि पूर्व संक्रमण द्वारा संक्रमित हो जाती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । उसी समय पुरुषवेदका कितना प्रदेशपुंज संक्रान्त होता है और कितना शेष रहता है ऐसी आशंका होनेपर यह सूत्र कहते हैं—

* पुरुषवेदकी जो एक समय कम दो आवलियाँ हैं इतने समयप्रबद्ध द्वितीय स्थितिमें शेष हैं और उदयस्थिति है । पुरुषवेदका शेष समस्त सत्कर्म संक्रान्त हो जाता है ।

§ १५७. एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवक समयप्रबद्ध और असंख्यात समयप्रबद्धप्रमाण उदयस्थितिको छोड़कर शेष समस्त पुरुषवेदसम्बन्धी सत्कर्म चरमसमयवर्ती सवेदी जीवके द्वारा क्रोधसंज्वलनके ऊपर सर्वसंक्रमरूपसे संक्रान्त कर दिया जाता है यह इस सूत्रका समु-

*** से काले अस्सकण्णकरणं पवत्तिहिदि ।**

§ १५८. तदणंतरसमए अवगदवेदो होदूण कोहसंजलणक्खवणमाढवेंतो अस्सकण्णकरणं णाम करणविसेसमेसो पवत्तिहिदि, सत्तणोकसायक्खवणाणंतरमेदस्स जहावसरपत्तत्तादो त्ति वुत्तं होइ ।

*** अस्सकण्णकरणं ताव थवणिज्जं, इमो ताव सुत्तफासो ।**

§ १५९. जहावसरपत्तमवि अस्सकण्णकरणं ताव थवणिज्जं कादूण हेट्ठिमासेसत्थविसये णिच्छयुप्पायणट्ठमेत्थ पढमे ते इमो ताव गाहासुत्ताणमणुवादो कायव्वो त्ति भणिदं होदि । एसो च सुत्तफासो हेट्ठा कदमम्मि अवत्थंतरे पयट्टमाणस्स जीवस्स कायव्वो त्ति आसंकाए तव्विसयणिद्देसकरणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** अंतरदुसमयकदमादिं कादूण जाव छण्णोकसायाणं चरिमसमयसंकामगो त्ति एदिस्से अद्धाए अप्पा त्ति कट्टु सुत्तं ।**

§ १६०. अंतरदुचरिमफालिं संकामिय से काले णवुंसयवेदस्स आजुत्तकरणसंकामणमाढविय ट्ठिदस्स जीवस्स अंतरदुसमयकदावत्था णाम भवदि । तमादिं कादूण जाव चरिमसमयछण्णोकसायसंकामगो त्ति एदम्मि अवत्थाविसेसे 'अप्पा वट्टदि' त्ति

च्चयार्थ है ।

*** तदनन्तर समयमें अश्वकर्णकरणकालमें प्रवृत्त होगा ।**

§ १५८. तदनन्तर समयमें अपगतवेदी होकर क्रोधसंज्वलनकी क्षपणाका आरम्भ करता हुआ अश्वकर्णकरण संज्ञावाले करणविशेषमें यह प्रवृत्त होगा, क्योंकि सात नोकषायोंकी क्षपणाके अनन्तर यह अवसर प्राप्त है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** तो भी अश्वकर्णकरणको स्थगित करके सर्वप्रथम इस सूत्रगाथाका स्पर्श करते हैं ।**

§ १५९. यद्यपि अश्वकर्णकरण यथावसर प्राप्त है तो भी उसे स्थगित करके अधस्तन समस्त अर्थके विषयमें निश्चय करनेके लिये इस स्थानमें सर्वप्रथम गाथासूत्रोंका यह अनुवाद करना चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है । और यह सूत्रस्पर्श नीचे (पूर्वमें) किस अवस्थाविशेषमें प्रवृत्त होनेवाले जीवके करना चाहिये ऐसी आशंका होनेपर उस विषयका निर्देश करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

*** द्विसमयकृत अन्तरसे लेकर छह नोकषायोंके संक्रमके अन्तिम समयतक इस कालमें आत्मा है एतद्विषयक सूत्र कहते हैं ।**

§ १६०. अन्तरसम्बन्धी द्विचरम फालिको संक्रमित करके तदनन्तर समयमें नपुंसकवेदके आयुक्तकरण संक्रमका आरम्भ करके स्थित हुए जीवके अन्तरद्विसमयकृत अवस्था कहलाती है। उससे लेकर अन्तिम समयवर्ती छह नोकषायोंके संक्रामक जीवके प्राप्त होनेतक इस अवस्था-

णिरूवणं कादूण तत्थेदं सुत्तमणुगंतव्वमिदि वुत्तं होदि। संपहि एत्थ पडिबद्धगाहासुत्ताणं पमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

* तत्थ सत्त मूलगाहाओ।

§ १६१. तम्हि अणंतरणिद्दिट्ठविसये पडिबद्धाओ सत्त मूलगाहाओ भवंति त्ति भणिदं होइ। तत्थ मूलगाहाओ णाम सुत्तगाहाओ पुच्छामेत्तेण सूचिदाणेगत्थाओ। भासगाहाओ सव्वपेक्खाओ त्ति घेत्तव्वं। संपहि तासिं जहाकमं समुक्कित्तणं कुणमाणो पढमगाहासुत्तस्सेव ताव सरूवणिद्देसं कुणइ—

(७१) संकामयपट्ठवगस्स किंट्ठिदियाणि पुव्वबद्धाणि।
केसु व अणुभागेसु य संकंतं वा असंकंतं ॥१२४॥

§ १६२. अंतरकरणं समाणिय जहाकमं णोकसायक्खवणमाढवेंतो संकामणपट्ठवगो णाम। तस्स तदवत्थाए पडिबद्धाओ पुव्वुत्तसत्तमूलगाहाणं मज्झे चत्तारि मूलगाहाओ। तासु पढमा एसा मूलगाहा। संपहि एदिस्से अत्थविवरणं कस्सामो। तं जहा—'संकामयपट्ठवगस्स' णवुंसयवेदादिकम्माणं क्खवणमाढवेंतस्स 'पुव्वबद्धाणि कम्माणि किंट्ठिदियाणि' किंपमाणाए ट्ठिदीए वट्टंति, किमेदेसिं ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जवस्सियमसंखेज्जवस्सियं वा होदि त्ति पुच्छिदं होदि। एवमेसो गाहापुव्वद्धो ट्ठिदिसंतकम्मपमाणमुवेक्खदे। 'केसु व अणुभागेसु य' एसो गाहासुत्तविदियावयवो।

विशेषमें आत्मा है इसे विवक्षित कर जहाँ यह सूत्र जानना चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब प्रकृत विषयसे सम्बन्ध रखनेवाले गाथासूत्रोंके प्रमाणकी अवधारणा करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

* इस विषयमें सात मूलगाथाएँ हैं।

§ १६१. अनन्तर निर्दिष्ट इस विषयमें सम्बद्ध सात मूलगाथाएँ हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यहाँ मूलगाथाओंसे तात्पर्य सूत्रगाथाओंसे है जो मात्र पृच्छा द्वारा सूचित होनेवाले अनेक अर्थवाली हैं। भाष्यगाथाएँ सव्यपेक्ष होती हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। अब उनका क्रमसे समुत्कीर्तन करते हुए सर्वप्रथम गाथासूत्रके स्वरूपका निर्देश करते हैं—

(७१) संक्रमण प्रस्थापक जीवके पूर्वबद्ध कर्म किस स्थितिवाले और किन अनुभागोंमें विद्यमान हैं। कौन कर्म संक्रान्त हैं और कौन कर्म असंक्रान्त हैं ॥१२४॥

§ १६२. अन्तरकरण समाप्त करके यथाक्रम नोकषायोंकी क्षपणाका आरम्भ करनेवाला जीव संक्रामणप्रस्थापक कहलाता है। उसके उस अवस्थासे सम्बन्ध रखनेवाली पूर्वोक्त सात सूत्रगाथाओंमें चार मूलगाथाएँ हैं। उनमेंसे यह प्रथम मूलगाथा है। अब इसके अर्थका व्याख्यान करेंगे। वह जैसे—संक्रामणप्रस्थापक अर्थात् नपुंसकवेद आदि कर्मोंकी क्षपणाका आरम्भ करनेवाले जीवके पूर्वबद्ध कर्म किस स्थितिवाले अर्थात् किस प्रमाणवाली स्थितिमें रहते हैं। क्या इनका स्थितिसत्कर्म संख्यात वर्षप्रमाण होता है या असंख्यात वर्षप्रमाण होता है यह पृच्छा की गई है। इस प्रकार यह गाथासूत्रका पूर्वार्ध स्थितिसत्कर्मके प्रमाणकी अपेक्षा करता है। 'केसु व अणुभागेसु

तस्सेव संकामणपट्ठवगस्स सुहासुहाणं कम्माणमणुभागसंतकम्मपमाणावहारणे पडिब
संकामयपट्ठवगस्स पुव्वबद्धाणि कम्माणि केरिसेसु अणुभागेसु पयट्टंति त्ति सुत्त
संबंधावलंबणादो। 'संकंतं वा असंकंतं' इदि एसो सुत्तस्स तदियावयवो तस्सेव सं
मणपट्ठवगस्स पुव्वमेव खविदाखविदकम्माणं परूवणमुवेक्खदे, संकंतं खविदं, असंकं
मक्खविदमिदि सुत्तत्थावलंबणादो। अंतरकरणसमत्तीदो विदियसमयम्हि संका
पट्ठवगभावेण वट्टमाणस्स पुव्वबद्धाणं कम्माणं ट्ठिदिसंतकम्ममणुभागसंतकम्म
किंपमाणं होइ। तत्थेव वट्टमाणस्स पुव्वमेव खीणमक्खीणं वा कं कम्म होदि
एसो एदस्स गाहासुत्तस्स समुदायत्थो। एवमेदीए सुत्तगाहाए पुच्छिदत्थाणं णिण्ण
करणट्ठमेत्थ पंच भासगाहाओ होंति त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

* एदिस्से पंचभासगाहाओ[1]।

§ १६३. एदिस्से अणंतरणिद्दिट्ठाए पढममूलगाहाए पंच भासगाहाओ होंति
भणिदं होइ। भासगाहाओ त्ति वा वक्खाणगाहाओ त्ति वा विवरणगाहाओ
वा एयट्ठो। संपहि ताओ कदमाओ त्ति आसंकिय पुच्छावक्कमाह—

* तं जहा।

§ १६४. सुगमं।

य' यह गाथासूत्रका दूसरा अवयव है जो उसी संक्रामणप्रस्थापकके शुभ और अशुभ कर्म
अनुभागसत्कर्मके प्रमाणके अवधारणमें प्रतिबद्ध है। इसप्रकार प्रकृतमें सूत्रका अर्थके साथ सम्ब
सम्बन्धी अवलम्बन लिया है। 'संकंतं वा असंकंतं' यह गाथासूत्रका तीसरा अवयव है जो
संक्रामणप्रस्थापकके पहले ही क्षपित हुए और क्षपित नहीं हुए कर्मोंकी प्ररूपणाकी अपेक्षा कर
है। संक्रान्तका अर्थ क्षपित है। असंक्रान्तका अर्थ अक्षपित है इस प्रकार इस सूत्रवचनका अ
साथ अवलम्बन लिया है। अन्तरकरणकी समाप्तिके बाद दूसरे समयमें संक्रामणप्रस्थापकरू
विद्यमान जीवके पूर्वबद्ध कर्मोंका स्थितिसत्कर्म और अनुभागसत्कर्मका कितना प्रमाण है त
वहीं विद्यमान रहे जीवके पहले ही क्षीण हुआ और क्षीण नहीं हुआ कौन कर्म है यह इस गा
सूत्रका समुदायार्थ है। इस प्रकार इस सूत्रगाथा द्वारा पूछे गये अर्थोंका निर्णय करनेके लिये
विषयमें पाँच भाष्य गाथाएँ हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेका सूत्र आया है—

* इस सूत्रगाथाकी पाँच भाष्यगाथाएँ हैं।

§ १६३. यह अनन्तरपूर्व कही गई प्रथम मूल गाथाकी पाँच भाष्यगाथाएँ हैं यह
कथनका तात्पर्य है। भाष्यगाथा, व्याख्यानगाथा और विवरणगाथा ये तीनों एकार्थक शब्द हैं
प्रकृतमें वे कौन-सी हैं ऐसी आशंका करके पृच्छावाक्य कहते हैं—

* वह जैसे।

§ १६४. यह सूत्र भी सुगम है।

---

१. ता०प्रतौ पंच [भास] गाहाओ इति पाठः।

*** भासगाहाओ परूविज्जंतीओ चेव भणिदं होंति, गंथगउरव-परिहरणट्ठं ।**

§ १६५ ताओ भासगाहाओ पादेक्कं विहासिज्जमाणाओ चेव समुक्कित्तिज्जंति, सव्वासिमेक्कवारेणेव समुक्कित्तणं कादूण पुणो वि पादेक्कमुच्चारिय अत्थपरूवणे कीरमाणे गंथगउरवप्पसंगादो । तदो मूलगाथमेगं चेव पढममुच्चारिय पुणो तप्पडिबद्धाणं भासगाहाणं समुक्कित्तणमत्थविहासणं च एक्कदो भणामो त्ति एसो एदस्स भावत्थो । एवमुवरि वि भासगाहाणमेसो उच्चारणाविही जहावसरमणुगंतव्वो । संपहि जहापइण्णमेव भासगाहाणं विहासणं कुणमाणो पढमभासगाहाए ताव विसयविभागपदंसणमुहेण समुक्कित्तणट्ठमिदमाह—

*** मोहणीयस्स अंतरदुसमयकदे संकामगपट्ठवगो होदि । एत्थ सुत्तं ।**

§ १६६. अंतरकरणं समाणिय विदियसमए वट्टमाणो मोहणीयस्स संकामणपट्ठवगो णाम होदि । तत्थेदमुवरिमं गाहासुत्तं पडिबद्धमिदि वुत्तं होइ । अंतरकरणादो पुव्वं पि चरित्तमोहणीयस्स संकामगपट्ठवगो चेव, अण्णहा अट्ठण्हं कसायाणं तत्तो हेट्ठा खवणाणुववत्तीदो । तहा च संते अंतरदुसमयकदे तदो प्पहुडि मोहणीयस्स संकामणपट्ठवगो होदि त्ति णेदं घडदे ? ण एस दोसो, हेट्ठा खविदाणमट्ठण्हं कसायाणं मोहणीयस्स सव्वदव्वस्सासंतिमभागत्तेण पाहण्णियाणुवलंभादो, तेसिं खवणाए अंतर-

---

*** ग्रन्थके गौरवका परिहार करनेके लिये भाष्यगाथाएँ ही प्ररूपणा करनेवाली होती हैं यह प्रकृतमें कहा गया है ।**

§ १६५. पृथक्-पृथक् व्याख्यान करती हुई उन भाष्यगाथाओंकी समुत्कीर्तना करते हैं। सभी गाथाओंकी एक बारमें ही समुत्कीर्तना करके पुनरपि प्रत्येकका उच्चारणा करके अर्थकी प्ररूपणा करनेपर ग्रन्थके गौरवका प्रसंग आता है, इसलिए एक मूलगाथाका ही सर्वप्रथम उच्चारण करके पुनः उससे सम्बन्ध रखनेवाली भाष्यगाथाओंकी समुत्कीर्तना और अर्थसम्बन्धी व्याख्यानको एक साथ करते हैं यह इसका भावार्थ है। इसी प्रकार ऊपर भी भाष्यगाथाओंकी यह उच्चारणाविधि यथावसर जानना चाहिये। अब प्रतिज्ञानुसार ही भाष्यगाथाओंका व्याख्यान करते हुए सर्वप्रथम भाष्यगाथाके विषयविभागको दिखलानेकी प्रमुखतासे समुत्कीर्तना करनेके लिये यह सूत्र कहते हैं—

*** द्विसमयकृत अन्तर होनेपर मोहनीयकर्मके संक्रामणका प्रस्थापक होता है ।**

§ १६६. अन्तरकरण समाप्त करके दूसरे समयमें विद्यमान जीव मोहनीयकर्मका संक्रामण-प्रस्थापक कहलाता है। उस विषयमें यह गाथासूत्र सम्बद्ध है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—अन्तरकरणके पहले भी चारित्रमोहनीयका संक्रामणप्रस्थापक ही है, अन्यथा आठ कषायोंकी उससे पूर्व क्षपणा नहीं बन सकती। और ऐसा होनेपर अन्तरकरण करनेके दूसरे समयसे लेकर मोहनीयकर्मका संक्रामण प्रस्थापक होता है यह घटित नहीं होता ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि नीचे अर्थात् पूर्वमें क्षपित हुए आठ कषायोंका द्रव्य मोहनीयकर्मके समस्त द्रव्यके अनन्तवें भागप्रमाण होनेसे उसकी प्रधानता नहीं है, दूसरे

करणादिपयत्तविसेसाभावादो च। तम्हा अंतरकरणं कादूण भरेण मोहणीयं खवेमाणो चेव संकामणपट्ठवगो होदि त्ति एसो एदस्स भावत्थो।

(७२) संकामगपट्ठवगस्स मोहणीयस्स दो पुण ट्ठिदीओ।
किंचूणियं मुहुत्तं णियमा से अंतरं होइ ॥१२५॥

§ १६७. एसा पढमभासगाहा मूलगाहाए कदमम्मि अत्थविसेसे पडिबद्धा त्ति पुच्छिदे मूलगाहापुव्वद्धणिबद्धट्ठिदिसंतकम्ममग्गणाए पडिबद्धा। तं जहा—एत्थ गाहापुव्वद्धे मोहणीयस्स जो संकामगभावपट्ठवगो तस्स अंतरकदविदियसमए वट्टमाणस्स पढम-विदियट्ठिदिभेदेण दो ट्ठिदीओ होंति त्ति संबंधो कायव्वो। एदेण सामण्णवयणेण णाणावरणादिकम्माणं पि दोण्हं ट्ठिदीणं संभवप्पसंगे मोहणीयसद्दस्स पुणो वि आवित्तीए संबंधं कादूण मोहणीयस्सेव दो ट्ठिदीओ होंति, ण सेसाणं कम्माणमिदि वक्खाणं कायव्वं। एवं च दोण्हं ट्ठिदीणं संभवे तासिमंतरपमाणावहारणट्ठं 'किंचूणयं मुहुत्तं' इच्चादि गाहापच्छद्धणिद्देसो। णियमा णिच्छयेण से एदस्स मोहणीयस्स अंतरट्ठिदिपमाणं किंचूणगं मुहुत्तमंतोमुहुत्तपमाणं होइ त्ति भणिदं होइ। संपहि एदिस्से गाहाए सेसावयवा सुगमा त्ति कादूण किंचूणयं मुहुत्तमिदि एदस्सेव सुत्तावयवस्स विवरणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

उनको क्षपणामें अन्तरकरण आदिरूप प्रयत्नविशेषका अभाव है। इसलिए अन्तरकरण करके पूरे भर अर्थात् वेगके साथ मोहनीयकी क्षपणा करनेवाला ही संक्रामणप्रस्थापक होता है यह इसका भावार्थ है।

(७२) संक्रामणप्रस्थापकके मोहनीयकर्मकी दो स्थितियां होती हैं। उन दोनोंके होनेपर मोहनीयका अन्तर नियमसे कुछ कम मुहूर्तप्रमाण होता है ॥१२५॥

§ १६७. यह प्रथम भाष्यगाथा मूलगाथाके किस अर्थविशेषमें सम्बद्ध है ऐसा पूछनेपर कहते हैं—मूलगाथाके पूर्वार्धमें निबद्ध स्थितिसत्कर्मकी मार्गणामें प्रतिबद्ध है। वह जैसे—यहांपर गाथाके पूर्वार्धमें बतलाया है कि मोहनीयकर्मका जो संक्रामकभावका प्रस्थापक है अन्तरके द्वितीय समयसे विद्यमान उसके प्रथम स्थिति और द्वितीय स्थितिके भेदसे दो स्थितियां होती हैं ऐसा यहाँ सम्बन्ध करना चाहिये। इस सामान्य वचनसे ज्ञानावरणादि कर्मोंकी भी दो स्थितियोंकी सम्भावनाका प्रसंग प्राप्त होनेपर मोहनीय शब्दका पुनः आवृत्ति द्वारा सम्बन्ध करके मोहनीयकर्मकी ही दो स्थितियाँ होती हैं, शेष कर्मोंकी नहीं ऐसा व्याख्यान करना चाहिये। और इस प्रकार दो स्थितियोंके सम्भव होनेपर उनके अन्तरके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये 'किंचूणयं मुहुत्तं' इत्यादिरूपसे गाथाके उत्तरार्धका निर्देश किया है। 'णियमा से' निश्चयसे 'से' अर्थात् इस मोहनीयकर्मके अन्तर स्थितिका प्रमाण 'किंचूणगं मुहुत्तं' अर्थात् अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब इस गाथाके शेष अवयववचन सुगम हैं ऐसा समझकर 'किंचूणयं मुहुत्तं' सूत्रके इस अवयवका ही विवरण करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

* किंचूणगं मुहुत्तं ति अंतोमुहुत्तं ति णादव्वं ।

§ १६८. किंचूणगं मुहुत्तमिदि एदस्स पदस्स अत्थो अंतोमुहुत्तमिदि णिच्छेयव्वो त्ति सुत्तत्थो । एवं पढमभासगाहाए अत्थविहासं संखेवेण समाणिय संपहि विदियभासगाहाए विसयविभागजाणावणपुरस्सरमवयारं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

* अंतरदुसमयकदादो आवलियं समयूणमधिच्छियूण इमा गाहा ।

§ १६९. पुव्विल्लगाहा जम्हि समये पदिदा तत्तो पुणो वि समयूणावलियमेत्तमद्धाणमइच्छियूण आवेदिज्जमाणाणमेक्कारसण्हं पयडीणं समयूणावलियमेत्तपढमट्ठिदिं धरिय वेदिज्जमाणाणमण्णदरवेदसंजलणपयडीणमंतोमुहुत्तमेत्तपढमट्ठिदिं धरेयूणावट्ठिदस्स तम्हि अवत्थाविसेसे एसा विदियभासगाहा पडिबद्धा त्ति वुत्तं होइ । संपहि का सा विदियभासगाहा त्ति आसंकाए पुच्छावक्कमाह—

* यथा ।

§ १७०. तं जहा त्ति पुच्छाणिद्देसो एसो ।

(७३) **झीणट्ठिदिकम्मंसे जे वेदयदे दु दोसु वि ट्ठिदीसु ।**
जे चावि ण वेदयदे विदियाए ते दु बोद्धव्वा ॥१२६॥

---

* कुछ कम मुहूर्तका अर्थ अन्तर्मुहूर्त है ऐसा जानना चाहिये ।

§ १६८. 'किंचूणगं मुहुत्तं' इस पदका अर्थ अन्तर्मुहूर्त है ऐसा निश्चय करना चाहिये यह इस सूत्रका अर्थ है । इस प्रकार प्रथम भाष्यगाथाके अर्थका संक्षेपमें व्याख्यान करके अब दूसरी भाष्यगाथाके विषयविभागका ज्ञान करानेके साथ उसका अवतार करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* जिस समय अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न हुई है उससे अगले समयसे लेकर एक समय कम एक आवलिप्रमाण काल उल्लंघन कर यह भाष्यगाथा आई है ।

§ १६९. पूर्वकी गाथा जिस स्थानमें समाप्त होती है उस स्थानसे पुनरपि एक समय कम एक आवलिप्रमाण काल उल्लंघन कर नहीं वेदे जानेवाली ग्यारह प्रकृतियोंकी एक समय कम एक आवलिप्रमाण प्रथम स्थितिका पालन कर वेदी जानेवाली अन्यतर वेद और संज्वलन प्रकृतियोंकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण प्रथम स्थितिको धारण करके अवस्थित हुए जीवके उस अवस्थाविशेषमें यह दूसरी गाथा प्रतिबद्ध है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब वह दूसरी भाष्यगाथा कौन-सी है ऐसी आशंका होनेपर पृच्छावाक्यको कहते हैं—

* यथा ।

§ १७०. 'वह जैसे' इस प्रकार यह पृच्छाका निर्देश करनेवाला सूत्र है ।

(७३) जो क्षीण (परिक्षीण) स्थितिवाले कर्मपुंजको वेदता है वे दोनों ही स्थितियोंमें होते हैं । किन्तु जो उक्त कर्मपुंजको नहीं वेदता है वे मात्र द्वितीय स्थितिमें ही जानने चाहिये ॥१२६॥

§ १७१. एदिस्से गाहाए अत्थो वुच्चदे। तं जहा—'झीणट्ठिदिकम्मंसे' भणिदे परिक्खीणट्ठिदियाणि कम्माणि त्ति भणिदं होदि। एदं च पदं सोदयाणं याणं च अंतरदुसमकदादो पाये समयूणावलियमेत्तीणं ट्ठिदीणं परिक्खयमुवेक्ख तदो अंतरट्ठिदीओ णिल्लेविय पुणो समयूणावलियमेत्तीओ वेदिज्जमाणावेदिज्जमा पढमट्ठिदीओ गालिय जो ट्ठिदो जीवो सो तदवत्थाए जे कम्मंसे झीणट्ठिदिविहि अणुभवदि ते तस्स दोसु वि ट्ठिदीसु दट्ठव्वा, तेसिमंतोमुहुत्तमेत्तीए पढमट्ठिदीए णिव्वाहमुवलंभादो।

§ १७२. अधवा झीणट्ठिदिकम्मंसे संजादे त्ति सत्तमीणिद्देसो एसो, अवेदिज्जमाणाणमेक्कारसण्हं पयडीणं समयूणावलियमेत्तपढमट्ठिदीए झीणाए जाणि कम्माणि वेदयदि ताणि तस्स दोसु वि ट्ठिदीसु दट्ठव्वाणि त्ति सुत्तत्थसंबंधो 'जे चावि ण वेदयदे' एवं भणिदे जे पुण कम्मंसे ण वेदयदि ते तस्स विदियट्ठि चेव होंति त्ति बोद्धव्वा, तेसिं पढमट्ठिदीए गलिदत्तादो त्ति भणिदं होइ। तदो वि गाहा मूलगाहापुव्वद्धणिबद्धमेव किंचि अत्थविसेसं जाणावेदि त्ति णिच्छेयव्वं।

§ १७३. अधवा पढमभासगाहाए पुव्वद्धम्मि मोहणीयस्स दो ट्ठिदीओ हो त्ति सामण्णेण परूविदं। उदयाणुदयपयडीणं पढमट्ठिदिविसओ जो भेदो सो परूविदो। एदीए पुण गाहाए सो चेव अत्थो विसेसियूण भणिदो त्ति दट्ठव्वो।

---

§ १७१. अब इस गाथाका अर्थ कहते हैं। वह जैसे—'झीणट्ठिदिकम्मंसे' ऐसा कहने जिनकी स्थिति क्षीण हो गई है ऐसे कर्म लेने चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है। और यह उदयसहित और अनुदयसहित कर्मोंके अन्तर करनेके अगले समयसे लेकर एक समय कम एक आवलिप्रमाण स्थितियोंके क्षयकी अपेक्षासे निबद्ध हुआ है, इसलिए अन्तर स्थितियोंका निर्लेप करके पुनः वेदे जानेवाले और नहीं वेदे जानेवाले कर्मोंके एक समय कम एक आवलिप्रमाण प्रथम स्थितियोंको गलाकर जो जीव स्थित है वह उस अवस्थामें झीन स्थितिवाले जिन कर्मपुंजोंका अनुभवता है वे उस जीवके दोनों ही स्थितियोंमें जानने चाहिये, क्योंकि उस समय उनकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण प्रथम स्थिति निर्बाधरूपसे पाई जाती है।

§ १७२. अथवा कर्मोंके झीन स्थितिवाले हो जानेपर, यहाँ यह सप्तमी विभक्तिका निर्देश है इसलिये नहीं वेदे जानेवाली ग्यारह प्रकृतियोंको एक समय कम एक आवलिप्रमाण प्रथम स्थितिके क्षीण हो जानेपर तदनन्तर यह जीव जिन कर्मोंको वेदता है वे उस जीवके दोनों ही स्थितियोंमें जानने चाहिये ऐसा यहाँ इस सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध करना चाहिये और 'जे चावि ण वेदयदे' ऐसा कहनेपर जिन कर्मोंको नहीं वेदता है वे उसके द्वितीय स्थितिमें ही होते हैं ऐसा जानना चाहिये, क्योंकि वे प्रथम स्थितिरूपसे गल गये हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसलिये यह गाथा भी मूल गाथामें निबद्ध किंचित् अर्थविशेषका ही ज्ञान कराती है ऐसा निश्चय करना चाहिये।

§ १७३. अथवा प्रथम भाष्यगाथाके पूर्वार्धमें मोहनीयकर्मकी दो स्थितियाँ होती हैं ऐसा सामान्यसे कहा गया है। किन्तु उदय और अनुदयरूप प्रकृतियोंका प्रथम स्थितिसम्बन्धी जो भेद है वह नहीं कहा गया है। परन्तु इस गाथा द्वारा वही अर्थ विशेषरूपसे कहा गया है ऐसा

§ १७४. एवमेदाहिं दोहिं भासगाहाहिं मूलगाहापुव्वद्धसूचिदत्थविसेसं विहासिय तंपहि दत्थ मुक्कंठमुवइट्ठट्ठिदिसंतकम्मपमाणावहारणट्ठं 'केसु च अणुभागेसु य' एदेण मूलगाहाविदियावयवेण समुद्दिट्ठाणुभागसंतपमाणावहारणट्ठं च तदियभासगाहाए अवयारं कुणमाणो इदमाह—

* एत्तो ट्ठिदिसंतकम्मे च अणुभागसंतकम्मे च तदियगाहा कायव्वा ।

§ १७५. सुगमं ।

* तं जहा ।

§ १७६. सुगमं ।

(७४) संकामगपट्ठवगस्स पुव्वबद्धाणि मज्झिमट्ठिदीसु ।
सादं सुहणाम-गोदा तहाणुभागेसु उक्कस्सा ॥१२७॥

जानना चाहिये ।

विशेषार्थ—अन्तरकरणक्रिया सम्पन्न करते समय मोहनीयकर्मकी नौ नोकषाय और चार संज्वलन इन तेरह प्रकृतियोंकी दो स्थितियाँ हो जाती हैं । अन्तरके पूर्वकी स्थितिका नाम प्रथम स्थिति कहलाता है और अन्तरसे ऊपरकी स्थितिका नाम द्वितीय स्थिति कहलाता है । जो जीव किसी एक वेद और किसी एक संज्वलन कषायके उदयसे श्रेणिपर आरोहण करता है उसके उन दोनों प्रकृतियोंकी प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होती है और शेष ग्यारह कर्मोंकी प्रथम स्थिति एक आवलिप्रमाण होती है । अब जिसने एक आवलिप्रमाण दोनोंकी प्रथम स्थितिको गला लिया है उसके गलनेके बाद ग्यारह प्रकृतियोंकी प्रथम स्थितिका तो अभाव हो जाता है और वेदे जानेवाले कर्मोंकी एक आवलि कम अन्तर्मुहूर्तप्रमाण प्रथम स्थिति उस समय अवशिष्ट रहती है । द्वितीय स्थिति दोनों प्रकारके कर्मोंकी पाई जाती है ऐसा इस भाष्यगाथा द्वारा सूचित किया गया है ।

§ १७४. इस प्रकार इन दोनों भाष्यगाथाओं द्वारा मूलगाथाके पूर्वार्ध द्वारा सूचित किये गये अर्थविशेषका व्याख्यान करके अब वहाँ मुक्तकण्ठसे उपदेश गये स्थितिसत्कर्मके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये 'केसु च अणुभागेसु य' इस मूलगाथाके द्वितीय पाद द्वारा कहे गये अनुभागसत्कर्मका अवधारण करनेके लिये तीसरी भाष्यगाथाका अवगाहन करते हुए इस सूत्रको कहते हैं—

* इससे आगे स्थितिसत्कर्म और अनुभागसत्कर्मके विषयमें तीसरी भाष्यगाथा करनी चाहिये ।

§ १७५. यह सूत्र सुगम है ।

* वह जैसे ।

§ १७६. यह सूत्र भी सुगम है ।

(७४) संक्रामकप्रस्थापक जीवके पूर्वबद्ध कर्म मध्यम स्थितियोंमें होते हैं तथा सातावेदनीय, शुभनाम और गोत्रकर्म उत्कृष्ट अनुभागवाले होते हैं ॥१२७॥

§ १७७. एदिस्से गाहाए पुव्वद्धेण संकामणपट्ठवगस्स सव्वेसिं कम्माणं ट्ठि संतकम्मपमाणं परूविदं, जहण्णुक्कस्सट्ठिदिसंतकम्मपरिहारेण मज्झिमट्ठिदीसु अजह णुक्कस्ससण्णिदासु तदवट्ठाणपरूवणादो। पच्छद्धेण वि अणुभागसंतकम्मप परूवणा कदा। साद-सुभ-णाम-गोदाणमादेसुक्कसाणुभागसंतकम्मपदुप्पाएणदु सव्वासिं सुभासुभाणं कम्माणमणुभागसंतकम्मपमाणावहारणादो। एसो एदिस्से गा समुदायत्थो। संपहि एदिस्से गाहाए अवयवत्थपरूवणट्ठमुवरिमं चुण्णिसुत्तपबंधमाह

* मज्झिमट्ठिदीसु त्ति अणुक्कस्स-अजहण्णट्ठिदीसु त्ति भणिदं होदि

§ १७८. एदेण सुत्तेण गाहापुव्वद्धो विहासिदो होदि। सेसाणं पदाणं सु हत्ताहिप्पायेण 'मज्झिमट्ठिदीसु' त्ति एदस्सेव पदस्स अत्थपरूवणादो। तदो स कम्माणमंतरदुसमयकदावत्थाए असंखेज्जवस्सपमाणो अजहण्णाणुक्कसो ट्ठिदिसंतक वियप्पो पुव्वुत्तेण अप्पाबहुअविहाणेण होदि त्ति घेतव्वो। संपहि गाहापच्छद्ध सणट्ठमिदमाह—

* सादं-सुभ-णाम-गोदा तहाणुभागेसु दुक्कसा त्ति। ण च ओघुक्कस्सा, तस्समयपाओग्गउक्कस्सगा एदे अणुभागेण।

---

§ १७७. इस गाथाके पूर्वार्ध द्वारा संक्रामणप्रस्थापकके सभी कर्मोंके स्थितिसत्कर्मका प्रमाण कहा गया है, क्योंकि जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्मके निषेधपूर्वक अजघन्य-अनुत्कृष्ट संज्ञा वाली मध्यम स्थितियोंमें उसके अवस्थानकी प्ररूपणा की गई है। उत्तरार्ध द्वारा भी अनुभाग सत्कर्मके प्रमाणकी प्ररूपणा की गई है, क्योंकि उसमें सातावेदनीय, शुभनाम और गोत्रकर्म इनके आदेश उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्मके कथन द्वारा सभी शुभाशुभ कर्मोंके अनुभागसत्कर्मके प्रमाणका अवधारण किया गया है यह इस गाथाका समुदायरूप अर्थ है। अब इस गाथाके अवयवोंके अर्थका कथन करनेके लिये आगेके चूर्णिसूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* *माष्यगाथामें मध्यम स्थितियोंमें ऐसा कहनेपर उससे अनुत्कृष्ट-अजघन्य* स्थितियोंमें ऐसा जानना चाहिये।

§ १७८. इस सूत्र द्वारा गाथाके पूर्वार्धका व्याख्यान किया गया है। शेष पद सुबोध हैं इस अभिप्रायसे मात्र 'मज्झिमट्ठिदीसु' इस पदका अर्थ कहा है। इसलिये सभी कर्मोंकी अन्तर क्रिया सम्पन्न होनेके दूसरे समयमें असंख्यात वर्षप्रमाण अजघन्य-अनुत्कृष्ट स्थितिसत्कर्मरूप विकल्प पूर्वोक्त अल्पबहुत्वविधानके अनुसार होता है ऐसा ग्रहण करना चाहिये। अब गाथाके उत्तरार्धका व्याख्यान करनेके लिए इस सूत्रवचनको कहते हैं—

* सातावेदनीय, शुभनाम और गोत्रकर्म ये अनुभागोंकी अपेक्षा उत्कृष्ट होते हैं। किन्तु ये ओघसे उत्कृष्ट नहीं होते, मात्र उस समयके योग्य अनुभागकी अपेक्षा उत्कृष्ट होते हैं।

§ १७९. एदेण गाहापच्छद्धेण सादादीणं सुहपयडीणमुक्कस्सो अणुभागो होदि त्ति सामण्णेण णिद्दिट्ठो। सो वुण उक्कस्साणुभागो कदमो घेत्तव्वो ? किमोघुक्कस्सो, आहो आदेसुक्कस्सो त्ति आसंकाए तदादेसुक्कस्सत्तविहासणट्ठमिदं वुत्तं 'ण च एदे ओघुक्कस्सा' इच्चादि। एतदुक्तं भवति—विसोहीए सुहपयडीणमणुभागो उक्कस्सो होदि। किंतु सादावेदणीय-उच्चागोद-जसगित्तिणामाणमेत्थ ओघुक्कस्सओ अणुभागो ण होदि, चरिमसमयसुहुमसांपराइयविसोहीए तेसिमणुभागस्स सव्वुक्कस्सभाव-दंसणादो। तदो अणियट्टिपरिणामेहि एदेहिमणुभागो तक्कालपाओग्गउक्कस्सओ गहेयव्वो, णाण्णो त्ति। एसा च विसेसो गाहासुत्तंडिएण 'तु'सद्देण सूचिदो त्ति घेत्तव्वो। अण्णं च 'तु'सद्देणेव सुहणामंतब्भूदाणं देवगदिआदीणमणुभागस्स ओघादे-सुक्कस्सभावेण भयणिज्जत्तं वक्खाणेयव्वं, तेसिमणुभागस्स अपुव्वकरणादिहेट्ठिम-विसोहिणिबंधणस्स ओघादेसुक्कस्सभावेण पवुत्तीए एत्थ पडिसेहाभावादो। सादा-वेदणीय-जसगित्ति-उच्चागोदाणि चेव पुण पधाणाणि कादूण चुण्णिसुत्तयारेणादे-सुक्कस्सत्तमेत्थावहारिदं, ण च सव्वसुहपयडिविसयमिदि ण किंचि विरुद्धं। एसो सुहपयडीणमुक्कस्साणुभागणिद्देसो देसामासओ, तेण असुहपयडीणं पि तव्विरुद्ध-सहावाणमणुक्कस्सो अणुभागो बेट्ठाणिओ होदि त्ति वक्खाणेयव्वं, विसोहिपरिणामेहिं घादिदावसेसस्स तासिमणुभागस्स एदम्मि विसये पयारंतरासंभवादो। एवं तदिय-

---

§ १७९. इस गाथाके उत्तरार्ध द्वारा साता आदि शुभ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभाग होता है यह सामान्यसे कहा गया है। परन्तु वह उत्कृष्ट अनुभाग कौन-सा लेना चाहिये—क्या ओघ उत्कृष्ट या आदेश उत्कृष्ट ऐसी आशंका होनेपर उस समय आदेश उत्कृष्टका विधान यह सूत्र करता है—'ये अनुभाग ओघ उत्कृष्ट नहीं होते हैं इत्यादि।' इसका यह तात्पर्य है कि विशुद्धिके द्वारा शुभ प्रकृतियोंका अनुभाग उत्कृष्ट होता है। किन्तु सातावेदनीय, उच्चगोत्र और यशःकीर्ति-नाम इन कर्मोंका यहाँपर ओघ उत्कृष्ट अनुभाग नहीं होता, क्योंकि सूक्ष्मसाम्परायसम्बन्धी अन्तिम विशुद्धिके द्वारा उनका अनुभाग सबसे उत्कृष्ट देखा जाता है, इसलिए अनिवृत्तिकरणके परिणामोंके द्वारा इनके अनुभागको तत्कालके योग्य उत्कृष्ट ग्रहण करना चाहिये, अन्य नहीं इस प्रकार यह विशेष गाथासूत्रमें स्थित 'तु' शब्दसे सूचित होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। इसके अतिरिक्त 'तु' शब्दसे ही शुभनामके अन्तर्भूत देवगति आदिके अनुभागका ओघ उत्कृष्ट और आदेश उत्कृष्टरूपसे भजनीयपनेका व्याख्यान करना चाहिये, क्योंकि उनका अनुभाग अपूर्वकरणादि अधस्तन विशुद्धि निमित्तिक होनेसे उसके ओघ-आदेश उत्कृष्टरूपसे प्रवृत्ति होनेमें निषेधका अभाव है। परन्तु चूर्णिसूत्रकारने सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रको ही प्रधान करके यहाँपर आदेश उत्कृष्टका अवधारण किया है। और यह सर्व शुभप्रकृतिविषयक है इसमें कुछ विरुद्ध नहीं है। और यह शुभ प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागका निर्देश देशामर्षक है, इसलिये उनके विरुद्ध स्वभाववाली अशुभ प्रकृतियोंका अनुभाग भी द्विस्थानीय होता है ऐसा व्याख्यान करना चाहिये, क्योंकि विशुद्धिरूप परिणामोंके द्वारा घात करनेके बाद अवशिष्ट रहे उनके अनुभागका इस स्थानमें अन्य प्रकार सम्भव नहीं है। इस प्रकार तीसरी गाथाकी अर्थ-

भासगाहाए अत्थविहासा समत्ता। संपहि 'संकंतं वा असंकंतं' इदि मूलगाहाचरिम-पदमस्सियूण संकामणपट्ठवगस्स तदवत्थाए संछुद्धासंछुद्धपयडीओ परूवेमाणो चउत्थ-भासगाहामवयारेदि—

(७५) अध थीणगिद्धिकम्मं णिद्दाणिद्दा य पयलपयला य।
तह णिरय-तिरियणामा झीणा संछोहणादीसु ॥१२८॥

§ १८०. एसा चउत्थी गाहा। एदीए संकामणपट्ठवएण जाणि कम्माणि पुव्वमेव संछुद्धाणि जाणि च ण संछुद्धाणि तेसिं पमाणपरिच्छेदं कादूण णिद्देसो कदो, संछुद्धपयडिणिद्देसेणेवासंछुद्धपयडीणं पि णिच्छयोवपत्तीदो। तं जहा—'अध थीणगिद्धिकम्मं' इच्चादिणा गाहापुव्वद्धेण णिद्दाणिद्दा-पयलापयला थीणगिद्धि त्ति एदासिं तिण्हं पयडीणं पुव्वमेव संछुद्धाणं णामणिद्देसो कओ। 'तह णिरय-तिरिय-णामा' इच्चेदेण सि गाहापच्छद्धावयवेण णिरय-तिरिक्खगइसहगयाणं तेरसण्हं णाम-पयडीणं थीणगिद्धितिएण सह संछुद्धाणं णामणिद्देसो कओ दट्ठव्वो, णिरय-तिरिय-णामणिद्देसस्स णिरय-तिरिक्खगइसहचरिदासेसणामपयडीणमुवलक्खणभावेण पवुत्ति-अब्भुवगमादो। तदो एदाओ सोलसपयडीओ संकामयपट्ठवयेण पुव्वमेव हेट्ठा अंतो-मुहुत्तमोसरियूण सव्वसंकमेण संछुद्धा त्ति एसो एत्थ गाहासुत्तत्थसमुच्चओ। तासिं

विभाषा समाप्त हुई। अब 'संकंतं वा असंकंतं' इस प्रकार मूल गाथाके अन्तिम पदका आश्रय करके संक्रामणप्रस्थापकके उस अवस्थामें निर्जरित हुई और नहीं निर्जरित हुई प्रकृतियोंकी प्ररूपणा करते हुए चौथी भाष्यगाथाका अवतार करते हैं—

(७५) मध्यकी आठ कषायोंके साथ स्त्यानगृद्धिकर्म, निद्रानिद्रा और प्रचला-प्रचला तथा नरकगति और तिर्यञ्चगति नामकर्म सहगत प्रकृतियाँ परप्रकृति संक्रमण आदिमें संक्रमित हो गई हैं ॥१२८॥

§ १८०. यह चौथी भाष्यगाथा है। इस गाथा द्वारा संक्रामणप्रस्थापक जीवने जिन कर्मोंका पहले ही क्षय किया है और जिन कर्मोंका क्षय नहीं किया है उनके प्रमाणका परिच्छेद करके नामनिर्देश किया है, क्योंकि क्षय की गई प्रकृतियोंका निर्देश करनेसे ही नहीं क्षय हुई प्रकृतियोंका भी निश्चय हो जाता है। वह जैसे—'अथ थीणगिद्धिकम्मं' इत्यादि गाथाके पूर्वार्द्ध द्वारा पहले ही क्षयको प्राप्त हुई निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि इन प्रकृतियोंका नामनिर्देश किया गया है। 'तह णिरयतिरिक्खणामा' इस गाथाके उत्तरार्द्ध द्वारा भी स्त्यानगृद्धित्रिकके साथ क्षयको प्राप्त हुई नरकगति और तिर्यञ्चगतिके साथ प्रतिबद्ध तेरह नामकर्मकी प्रकृतियोंका नामनिर्देश किया गया जानना चाहिये, क्योंकि नरकगति और तिर्यञ्चगति नामकर्मके निर्देशसे नरकगति और तिर्यञ्चगतिके साथ सहचरित अशेष नामकर्मकी प्रकृतियोंके उपलक्षणरूपसे प्रवृत्ति स्वीकार की गई है। इसलिये संक्रामक प्रस्थापकने इन सोलह प्रकृतियोंका पहले ही अन्तर्मुहूर्तके नीचे उतरकर सर्वसंक्रमके द्वारा क्षय किया है यह यहाँ गाथासूत्रका समुदायार्थ है और उनका

च संछोहणमेवं पयट्टमिदि जाणावणट्ठं गाहासुत्तस्स चरिमावयवणिद्देसो 'झीणा संछोहणादीसु' त्ति। संछोहणा णाम परपयडिसंकमो सव्वसंकमपज्जवसाणो। आदि-सद्देण ट्ठिदि-अणुभागखंडय-गुणसेढिणिज्जराणं गहणं कायव्वं। तदो एदेसु किरिया-विसेसेसु कम्मक्खवणणिमित्तभूदेसु पयट्टेण संकामयपट्ठवगेण पुव्वमेव खविज्जमाणा झीणा त्ति वुत्तं होइ। ण केवलमेदाओ चेव सोलस पयडीओ झीणाओ, किंतु अट्ठ कसाया वि। ण च तेसिं गाहासुत्तेणासंगहो आसंकियव्वो, 'अध' सद्देणापुत्त-समुच्चयट्ठेण तेसिं पि संगहदंसणादो। संपहि एदस्सेवत्थस्स फुडीकरणट्ठमुवरिमं चुण्णिसुत्तमाह—

* एदाणि कम्माणि पुव्वमेव झीणाणि। एदेणेव सूचिदा अट्ठ वि कसाया पुव्वमेव खविदा त्ति।

§ १८१. गयत्थमेदं सुत्तं। एवं चउत्थभासगाहाए विवरणं कादूण संपहि 'संकंतं वा असंकंतं' इदि एदं चेव मूलगाहाचरिमावयवमवलंबणं कादूण छसु कम्मेसु संछुद्धेसु सव्वेसिं ट्ठिदिसंतकम्मपमाणावहारणट्ठं पंचमगाहासुत्तमवयारिज्जदे—

(७६) संकंतम्हि य णियमा णामा-गोदाणि वेदणीयं च।
वस्सेसु असंखेज्जेसु सेसगा होंति संखेज्जे ॥१२९॥

संक्रमण इस प्रकार प्रवृत्त है इस बातका ज्ञान करानेके लिये गाथासूत्रके 'झीणा संछोहणादिसु' इस प्रकार अन्तिम चरणका निर्देश किया है। 'संछोहणा'का अर्थ जिसके अन्तमें सर्वसंक्रम है ऐसा परप्रकृतिसंक्रम है। 'आदि' शब्दसे स्थितिकाण्डक, अनुभागकाण्डक और गुणश्रेणिनिर्जराका ग्रहण करना चाहिये। इसलिये कर्मकी क्षपणाकी निमित्तभूत इन क्रियाविशेषोंमें प्रवृत्त हुए संक्रामकप्रस्थापकने पहले ही क्षपित होनेवाली प्रकृतियोंका पहले ही क्षय किया। केवल ये सोलह प्रकृतियाँ ही क्षय नहीं हुईं, किन्तु आठ कषाय भी क्षयको प्राप्त हुए। गाथासूत्र द्वारा उनका संग्रह नहीं किया गया ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि अनुक्त समुच्चय करनेवाले 'अथ' पद द्वारा उनका भी संग्रह देखा जाता है। अब इसी अर्थको स्पष्ट करनेके लिए आगेके चूर्णिसूत्र-को कहते हैं—

* ये कर्म पहले ही क्षय हो गये हैं। तथा इसीसे सूचित हुए आठ कषाय भी पहले ही क्षयको प्राप्त हो गये हैं।

§ १८१. यह सूत्र गतार्थ है। इस प्रकार चौथी भाष्यगाथाका विवरण करके अब 'संकंतं वा असंकंतं' इस प्रकार मूल गाथाके इसी अन्तिम चरणका अवलम्बन करके छह कर्मोंके संक्रमित हो जानेपर सभी कर्मोंके स्थितिसत्कर्मके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये पाँचवें गाथासूत्रका अवतार करते हैं—

(७६) छह कर्मोंके संक्रान्त होनेपर उसी समय नाम, गोत्र और वेदनीयकर्म असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिसत्कर्ममें प्रवृत्त होते हैं तथा शेष कर्म संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिसत्कर्ममें प्रवृत्त होते हैं ॥१२९॥

§ १८२. एसा पंचमी भासगाहा। एदीए छसु कम्मेसु संछुद्धेसु तम्मि समये सव्वकम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मपमाणं परूविदं। तं जहा—'संकंतम्हि य णियमा' एवं भणिदे णोकसा[illegible] पुरिसवेदचिराणसंतकम्मेण सह संछुद्धम्मि 'णियमा' णिच्छयेण 'णामा-गोदाणि वेदणीयं च' एदाणि तिण्णि वि अघादिकम्माणि 'वस्सेसु असंखेज्जेसु' असंखेज्जवस्सपमाणेसु अप्पप्पणो ट्ठिदिसंतकम्मेसु पयट्टदि त्ति घेत्तव्वाणि। 'सेसगा होंति संखेज्जे' एवं भणिदे सेसकम्माणि णाणावरणादीणि चत्तारि वि णियमा संखेज्जवस्सपमाणे ट्ठिदिसंतकम्मे चिट्ठंति त्ति घेत्तव्वं। संपहि एवंविहो एदिस्से गाहाए अवयवत्थपरामरसो सुगमो त्ति समुदायत्थमेव विहासेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** एसा गाहा छसु कम्मेसु पढमसमयसंकंतेसु तम्हि समये ट्ठिदिसंतकम्मपमाणं भणइ—**

§ १८३. गयत्थमेदं सुत्तं। एवं संकामणपट्ठवगस्स चउण्हं मूलगाहाणं मज्झे पढममूलगाहाए सभासगाहाए अत्थविहासा समत्ता। संपहि विदियमूलगाहाए जहावसरपत्तमत्थविहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** एत्तो विदिया मूलगाहा।**

§ १८४. सुगमं।

*** तं जहा।**

---

§ १८२. यह पाँचवीं भाष्यगाथा है। इन छह कर्मोंके संक्रान्त होनेपर उसी समय सब कर्मोंके स्थितिसत्कर्मका प्रमाण कहा है—'संकंतम्हि य णियमा' ऐसा कहनेपर छह नोकषायोंका पुरुषवेदके चिरकालीन सत्कर्मके साथ संक्रान्त होनेपर 'णियमा' निश्चयसे 'णामा-गोद-वेदणीयं च' नाम, गोत्र और वेदनीय ये तीन अघाति कर्म 'वस्सेसु असंखेज्जेसु' असंख्यात वर्षप्रमाण अपने-अपने स्थितिसत्कर्ममें प्रवृत्त होते हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिये। 'सेसगा होंति संखेज्जे' ऐसा कहने पर शेष ज्ञानावरणादि चारों ही कर्म नियमसे संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिसत्कर्ममें स्थित रहते हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिये। अब इस गाथाके अवयवोंका इस प्रकार अर्थपरामर्श सुगम है, इसलिये समुदायार्थकी ही विभाषा करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** यह गाथा छह कर्मोंके प्रथम समय संक्रान्त होनेपर उसी समय स्थितिसत्कर्मके प्रमाणका कथन करती है।**

§ १८३. यह सूत्र गतार्थ है। इस प्रकार संक्रामणप्रस्थापकके चार मूल गाथाओंके मध्यमें स्थित भाष्यगाथाओंके साथ प्रथम मूलगाथाकी अर्थविभाषा समाप्त हुई। अब दूसरी मूल गाथाकी अवसर प्राप्त अर्थविभाषा करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** यह दूसरी मूल गाथा है।**

§ १८४. यह सूत्र सुगम है।

*** वह जैसे।**

§ १८५. एदं पि सुगमं ।

(७७) संकामगपट्ठवगो के बंधदि के व वेदयदि अंसे ।
संकामेदि व के के केसु असंकामगो होइ ॥१३०॥

§ १८६. एसा विदियमूलगाहा संकामणपट्ठवगस्स अंतरदुसमयकदावत्थाए वट्टमाणस्स बंधोदयसंकमाणं पयडिट्ठिदिअणुभागविसयाणं परूवणट्ठमागया । तत्थ 'संकामगपट्ठवगो के बंधदि' त्ति एत्थ पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसाणं बंधमग्गणा णाम पढमो अत्थो णिबद्धो । 'के व वेदयदि' इदि एदम्मि वि विदियावयवे तेसिं चेव उदयमग्गणासण्णिदो विदिओ अत्थो णिबद्धो । 'संकामेदि य के के' एदम्मि गाहा-च्चद्धे पयडिआदीणं संकमपरूवणा णाम तदिओ अत्थो णिबद्धो त्ति । एवमेदम्मि गाहासुत्ते तिण्णि अत्था णिबद्धा । संपहि एवंविहमेदस्स गाहासुत्तस्स समुदायत्थं विहासेमाणो चुण्णिसुत्तयारो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* एदिस्से तिण्णि अत्था ।

§ १८७. सुगमं ।

* तं जहा ।

§ १८८. सुगमं ।

* के बंधदि त्ति पढमो अत्थो ।

---

§ १८५. यह सूत्र भी सुगम है ।

(७७) संक्रामणप्रस्थापक किस कर्मपुंजको बाँधता है, किस कर्मपुंजको वेदता है। किस-किस कर्मपुंजको संक्रमाता है और किस कर्मपुंजका असंक्रामक होता है ॥१३०॥

§ १८६. यह दूसरी मूल गाथा अन्तर द्विसमयकृत अवस्थामें विद्यमान संक्रामक-प्रस्थापकके प्रकृति, स्थिति और अनुभागविषयक बन्ध, उदय और सत्कर्मके कथनके लिये आई है। वहाँ 'संकामगपट्ठवगो के बंधदि' इस प्रकार इस चरणमें प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंके बन्ध-सम्बन्धी मार्गणा नामक प्रथम अर्थाधिकार निबद्ध है, 'के व वेदयदि अंसे' इस प्रकार इस दूसरे चरणमें भी उन्हींका उदयमार्गणानामक दूसरा अर्थाधिकार निबद्ध है। 'संकामेदि य के के' इस गाथाके उत्तरार्धमें प्रकृति आदिके संक्रामणप्ररूपणा नामक तीसरा अर्थाधिकार निबद्ध है। इस प्रकार इस गाथासूत्रमें तीन अर्थाधिकार निबद्ध हैं। अब इस प्रकार इस गाथासूत्रके समुच्चयार्थका व्याख्यान करते हुए चूर्णिसूत्रकार आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* इस गाथासूत्रके तीन अधिकार हैं ।

§ १८७. यह सूत्र सुगम है ।

* वह जैसे ।

§ १८८. यह सूत्र सुगम है ।

* किन कर्मपुंजोंको बांधता है यह प्रथम अर्थ है ।

§ १८९. 'के बंधदि' त्ति एदम्मि बीजपदे बंधमग्गणासण्णिदो पढमो अत्थो पडिबद्धो त्ति भणिदं होइ—

* के च वेदयदि त्ति तिदिओ अत्थो ।

§ १९०. 'के च वेदयदि' त्ति एदम्मि गाहासुत्तविदियावयवे उदयमग्गणासण्णिदो विदिओ अत्थो णिबद्धो त्ति भणिदं होइ ।

* पच्छिमद्धे तदिओ अत्थो ।

§ १९१. गाहापच्छद्धे पयडिआदीणं संकमगवेसणसण्णिदो तदिओ अत्थो पडिबद्धो त्ति वुत्तं होइ । एत्थ के अंसे बंधदि, के अंसे वेदयदि, के वा अंसे संकामेदि त्ति अंससद्दो पादेक्कमहिसंबंधणिज्जो । 'संकामयपट्ठवगो' त्ति एसो च सुत्तावयवो सव्वेसिमत्थाणं साहारणभावेण जोजेयव्वो । एवमेदेसु तिसु अत्थेसु पडिबद्धत्तमेदिस्से गाहाए परूविय संपहि कदमम्मि अत्थे केत्तियाओ भासगाहाओ णिबद्धाओ त्ति सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* पढमे अत्थे तिण्णि भासगाहाओ ।

§ १९२. पढमे अत्थे पडिबद्धाओ उवरि भणिस्समाणाओ तिण्णि भासगाहाओ होंति त्ति भणिदं होइ—

---

§ १८९. 'के बंधदि' इस बीजपदमें बन्धमार्गणा संज्ञक प्रथम अर्थ प्रतिबद्ध है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

❀ किन कर्मपुंजोंको वेदता है यह दूसरा अर्थ है ।

§ १९०. 'के च वेदयदि' गाथासूत्रके इस दूसरे अवयवमें उदय मार्गणासंज्ञक दूसरा अर्थ निबद्ध है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

❀ गाथासूत्रके उत्तरार्धमें तीसरा अर्थ निबद्ध है ।

§ १९१. गाथाके उत्तरार्धमें प्रकृति आदिके संक्रमकी गवेषणा संज्ञावाला तीसरा अर्थ प्रतिबद्ध है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । प्रकृतमें 'के अंसे बंधदि, के अंसे वेदयदि, के वा अंसे संकामेदि' इस प्रकार प्रत्येक पदके साथ 'अंश' शब्दका सम्बन्ध करना चाहिये । तथा सूत्रके संकामयपट्ठवगो' इस अवयवको सभी अर्थोंके साथ साधारणरूपसे योजना करनी चाहिये । इस प्रकार इन तीन अर्थोंमें यह गाथासूत्र प्रतिबद्ध है इस प्रकार इस गाथासूत्रकी प्ररूपणा करके अब किस अर्थमें कितनी भाष्यगाथाएँ निबद्ध हैं इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

❀ प्रथम अर्थमें तीन भाष्यगाथाएँ आई हैं ।

§ १९२. प्रथम अर्थमें आगे कही जानेवाली तीन भाष्यगाथाएँ प्रतिबद्ध हैं यह उक्त कथन-

*** विदिये अत्थे बे भासगाहाओ ।**

§ १९३. विदिए अत्थे पडिबद्धाओ बे भासगाहाओ उवरि भणिस्समाणाओ होंति त्ति वुत्तं होइ ।

*** तदिये अत्थे छब्भासगाहाओ ।**

§ १९४. तदिये अत्थे पडिबद्धाओ उवरि भणिस्समाणाओ छब्भासगाहाओ होंति त्ति भणिदं होइ । एवमेदाओ एक्कारस भासगाहाओ विदियमूलगाहाए पडिबद्धाओ त्ति एसो एदेसिं तिण्हं सुत्ताणं समुदायत्थो । मूलगाहाए बीजपदभावेण सूचिदत्थाणं विवरणे पयट्टाओ भासगाहाओ, तासिं विहासिज्जमाणस्स अत्थविसेसस्स आधारभावेण ट्ठिदा मूलगाहा त्ति सव्वत्थ वत्तव्वं । संपहि 'जहा उद्देसो तहा णिद्देसो' त्ति णायमवलंबिय पढमस्स ताव अत्थस्स तिण्हं भासगाहाणं समुक्कित्तणं विहासणं च कुणमाणो चुण्णिसुत्तयारो इदमाह—

*** पढमस्स अत्थस्स तिण्हं भासगाहाणं समुक्कित्तणं विहासणं च एक्कदो वत्तइस्सामो ।**

§ १९५. समुक्कित्तणं णाम उच्चारणं विहासणं णाम विवरणं । तदो तिण्हं

का तात्पर्य है ।

*** दूसरे अर्थमें दो भाष्यगाथाएँ आई हैं ।** [२]

§ १९३. दूसरे अर्थमें आगे कही जानेवाली दो भाष्यगाथाएँ प्रतिबद्ध हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** तीसरे अर्थमें छह भाष्यगाएँ आई हैं ।** [३]

§ १९४. तीसरे अर्थमें आगे कही जानेवाली छह भाष्यगाथाएँ प्रतिबद्ध हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इस प्रकार ये ग्यारह भाष्यगाथाएँ दूसरी मूल गाथामें प्रतिबद्ध हैं इस प्रकार यह तीन सूत्रगाथाओंका समुदायार्थ है । मूल गाथा द्वारा बीजपदरूपसे सूचित हुए अर्थोंका विशेष व्याख्यान करनेमें जो प्रवृत्त होती हैं उन्हें भाष्यागाथा कहते हैं तथा उनके माध्यमसे व्याख्यान किये जानेवाले अर्थविशेषके आधारभावसे जो गाथाएँ स्थित हैं उन्हें मूल गाथा कहते हैं ऐसा सर्वत्र कथन करना चाहिये । अब 'उद्देश्यके अनुसार निर्देश किया जाता है' इस न्यायका अवलम्बन लेकर सर्वप्रथम प्रथम अर्थसम्बन्धी तीन भाष्यगाथाओंकी समुत्कीर्तना और विभाषा करते हुए चूर्णिसूत्रकार इस सूत्रको कहते हैं—

*** प्रथम अर्थसम्बन्धी तीन भाष्यकथाओंकी समुत्कीर्तना और विभाषाको एक साथ बतलावेंगे ।** [१]

§ १९५. समुत्कीर्तनाका अर्थ उच्चारणा है । विभाषाका अर्थ विवरणविशेष—व्याख्यान

मासगाहाणमुच्चारणं वक्खाणं च जुगवमेव वत्तइस्सामो, गंथगउरवपरिहारट्ठमिदि ए एत्थ सुत्तत्थसंभावो।

❀ तं जहा ।

§ १९६. सुगमं ।

(७८) वस्ससदसहस्साइं ट्ठिदिसंखाए तु मोहणीयं तु ।
बंधदि च सदसहस्सेसु असंखेज्जेसु सेसाणि ॥१३१॥

§ १९७ एसा पढमस्स अत्थस्स पढमभासगाहा अंतरदुसमयकदावत्थाए माणस्स संकामणपट्ठवगस्स मोहादिकम्माणं ट्ठिदिबंधपमाणं जाणावेदि । तं क 'वस्ससदसहस्साइं' एवं भणिदे संखेज्जवस्ससदसहस्समेत्तट्ठिदिसंखाए मोहणीयक बंधदि' त्ति एदेण मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधपमाणं परूविदं । अंतरकरणे कदे संखे वस्सिओ चेव मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो होदि त्ति णियमदंसणादो । 'बंधदि य सदसह एवं भणिदे सेसाणि णाणावरणादिकम्माणि असंखेज्जेसु वस्ससहस्सेसु ट्ठिदिसं वट्टमाणाणि बंधदि त्ति तेसिमसंखेज्जवस्ससहस्सियट्ठिदिबंधपवुत्ती तदवत्थाए परू दट्ठव्वा, ताधे तत्थ पयारंतरासंभवादो ।

§ १९८. एत्थ गाहापुव्वद्धे दोण्हं 'तु' सद्दाणं णिद्देसो पादपूरणट्ठो, अणु

करना है। अतः तीनों भाष्यगाथाओंकी उच्चारणा और व्याख्यानको ग्रन्थकी गुरुताका परिहा करनेके लिये एक साथ ही बतलावेंगे यह यहाँ इस सूत्रके अर्थका आशय है।

❀ वह जैसे ।

§ १९६. यह सूत्र सुगम है।

(७८) स्थितिबन्धकी परिगणनाकी अपेक्षा यह जीव मोहनीय कर्मको संख्या लक्षवर्षप्रमाण बांधता है और शेष कर्मोंको असंख्यात लक्षवर्षप्रमाण बांधता है ॥१३१॥

§ १९७. यह प्रथम अर्थसम्बन्धी प्रथम भाष्यगाथा अन्तरकरण किया किये जानेके दूसरे समयमें विद्यमान हुए संक्रामकप्रस्थापकके मोहनीय आदि कर्मोंसम्बन्धी स्थितिबन्धके प्रमाणका ज्ञान कराती है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—क्योंकि 'वस्ससदसहस्साइं' ऐसा कहनेपर स्थितिबन्धकी संख्याकी अपेक्षा मोहनीयकर्मको लक्षवर्षप्रमाण बाँधता है इस प्रकार इस वचन द्वारा मोहनीयकर्मके स्थितिबन्धकी प्ररूपणा की है, क्योंकि अन्तरकरण करनेपर मोहनीयकर्मका संख्यात वर्षप्रमाण ही स्थितिबन्ध होता है ऐसा नियम देखा जाता है। 'बंधदि य सदसहस्सेसु' ऐसा कहनेपर ज्ञानावरणादि शेष कर्म स्थितिबन्धकी संख्याकी अपेक्षा असंख्यात वर्षप्रमाण होकर ही बँधते हैं इस प्रकार उस अवस्थामें उन कर्मोंके स्थितिबन्धकी प्रवृत्ति असंख्यात हजार वर्षप्रमाण कही गई जाननी चाहिये, क्योंकि उस समय उन कर्मोंके स्थितिबन्धके होनेमें अन्य प्रकार सम्भव नहीं है।

§ १९८. यहाँ भाष्यगाथाके पूर्वार्धमें जो दो बार 'तु' शब्द आया है सो वह पादपूरणके

समुच्चयट्ठो वा, ट्ठिदिबंधप्पाबहुआदीणमेत्थाणुत्ताणं समुच्चयफलत्तादो। संपहि एवं बिहमेदिस्से गाहाए समुदायत्थं परूवेमाणो विहासासुत्तमुत्तरं भणइ—

*** एसा गाहा अंतरदुसमयकदे ट्ठिदिबंधपमाणं भणइ।**

§ १९९. गयत्थमेदं सुत्तं। संपहि तस्सेव पयडिबंधविसेसावहारणट्ठं बिदियभासगाहाए अवयारो—

(७९) भय-सोगमरदि-रदिगं हस्स-दुगुंछा-णवुंसगित्थीओ।
असादं णीचागोदं अजसं सारीरगं णामं ॥१३२॥

§ २००. एसा बिदियभासगाहा पयडिबंधपरूवणावसरे अबज्झमाणपयडीणं बंधपडिसेहो भणइ, सव्वेसिं परूवणाणं सपडिवक्खाणं चेव णिण्णयहेउत्तादो। तत्थ गाहापुव्वद्धेण अट्ठण्हं णोकसायपयडीणमेत्थ बंधपडिसेहो णिद्दिट्ठो। हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुंछाणमित्थि-णवुंसयवेदाणं च हेट्ठा चेव अप्पप्पणो उद्देसे वोच्छिण्ण-बंधाणमेदम्मि विसये बंधाणुवलंभादो। मिच्छत्ताणंताणुबंधिआदीणं पि पयडीणं एत्थ बंधो णत्थि, तेसिं पि णिद्देसो किमट्ठं ण कीरदे? ण, णिम्मूलीकयसंताणं तेसिं बंधाभावस्साणुत्तसिद्धत्तादो।

लिये आया है, क्योंकि प्रकृतमें उन शब्दोंके प्रयोजनका फल अनुक्त स्थितिबन्धसम्बन्धी अल्पबहुत्व आदिका समुच्चय करना है। अब इस प्रकार इस गाथाके समुदायरूप अर्थका कथन करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

यह भाष्यगाथा अन्तरकरण क्रिया किये जानेके दूसरे समयमें स्थितिबन्धके प्रमाणका कथन करती है।

§ १९९. यह सूत्र गतार्थ है। अब उसी जीवके प्रकृतिबन्धविशेषका अवधारण करनेके लिये दूसरी भाष्यगाथाका अवतार करते हैं—

(७९) भय, शोक, अरति, रति, हास्य, जुगुप्सा, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, असातावेदनीय, नीचगोत्र, अयशःकीर्ति और शरीरनामकर्मसम्बन्धी प्रकृतियोंको नहीं बांधता है ॥१३२॥

§ २००. यह दूसरी भाष्यगाथा प्रकृतिबन्धकी प्ररूपणाके अवसरपर नहीं बँधनेवाली प्रकृतियोंके बन्धके निषेधका कथन करती है, क्योंकि सभी प्ररूपणाओंका हेतु सप्रतिपक्षका निर्णय कराना है। वहाँ गाथाके पूर्वार्ध द्वारा आठ नोकषायप्रकृतियोंका यहाँ बन्ध होनेका निषेध जानना चाहिये, क्योंकि हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद और नपुंसकवेद इनकी पहले ही अपने-अपने स्थानमें बन्धव्युच्छित्ति हो जानेसे यहाँपर उनके बन्धका निषेध किया है। मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी आदि प्रकृतियोंका भी यहाँपर बन्ध नहीं होता।

शंका—यदि ऐसा है तो उनका भी निर्देश क्यों नहीं किया है?

समाधान—नहीं, क्योंकि उनका सत्त्व निर्मूल कर दिया गया है, इसलिये प्रकृतमें उनके बन्धका अभाव अनुक्तसिद्ध है।

§ २०१. तदो संजलण-पुरिसवेदे मोत्तूण सेसासेसमोहपयडी ण बंधदि त्ति गाहापुव्वद्धे अत्थसमुच्चओ। तहा गाहापच्छद्धे वि असादावेदणीय-णीचागोद-गित्तीओ सरीरेण सह बंधमागच्छमाणीओ सुहणामाओ च ण बंधदि त्ति एदेण वेदणीय-जसगित्ति-उच्चागोदाणि मोत्तूण सेसाणमघादिपयडीणं पसत्थापसत्थाण पडिसेहो समुद्दिट्ठो; अजसगित्तिणिद्देसेण सव्वेसिमसुहणामाणं पडिसेहसिद्धीदो। सा णामणिद्देसेण च वेउव्वियसरीरादीणं सव्वेसिमेव सुहणामाणं जसगित्तिवज्जाणं पडिसेहावलंबणादो। तदो जसगित्तिवज्जाओ सव्वाओ चेव णामपयडीओ सुहासु सरीरबंधसहगयत्तेण सारीरग-णामववएसारिहाओ असादावेदणीय-णीचागोदाणि एसो ण बंधदि त्ति गाहापच्छद्धे समुच्चयत्थो। उवरिमगाहासुत्ते 'अबंधगो' इदि प सेहणिद्देसो अत्थि, सो एत्थ वि सिंहावलोयणण्णायेणाहिसंबंधणिज्जो; दोण्ह गाहासुत्ताणमवयवभावेण तस्स तत्थ णिद्देसादो। संपहि एदस्सेवत्थस्स फुडीकर तुण्णिसुत्तयारो इदमाह—

* एदाणि णियमा ण बंधइ।

§ २०२. गाहासुत्तणिद्दिट्ठसव्वकम्माणि मणेणावहारिय एदाणि णियमा बंधदि त्ति भणिदं। सेसं सुगमं।

---

§ २०१. इसलिये संज्वलन कषाय और पुरुषवेदको छोड़कर शेष समस्त मोहनीय प्रकृतियाँ यहाँ नहीं बँधती है यह गाथाके पूर्वार्धका समुच्चयार्थ है। उसी प्रकार गाथाके उत्तरार्धमें भी बतलाया है कि असातावेदनीय, नीचगोत्र, अयशःकीर्ति और शरीर नामकर्मके साथ बन्धको प्राप्त होनेवाली नामकर्मसम्बन्धी शुभ प्रकृतियाँ यहाँ नहीं बँधती हैं। इस प्रकार इस कथन द्वारा सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रको छोड़कर अघातिकर्मसम्बन्धी शेष प्रशस्त और अप्रशस्त प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति निर्दिष्ट की गई है, क्योंकि अयशःकीर्तिका निर्देश किये जानेसे सभी अशुभ नामकर्म प्रकृतियोंका प्रतिषेध सिद्ध है और शरीर नामकर्मका निर्देश करनेसे यशःकीर्तिको छोड़कर वैक्रियिक शरीर आदि सभी शुभ प्रकृतियोंके बन्धका निषेध स्वीकार किया है। इसलिये यशःकीर्तिको छोड़कर जो शरीर नामकर्मके साथ प्राप्त हैं ऐसी नामकर्मसम्बन्धी सभी शुभ और अशुभ प्रकृतियोंको तथा असातावेदनीय और नीचगोत्रको यह जीव नहीं बाँधता है इस प्रकार यह गाथाके उत्तरार्धका समुच्चयरूप अर्थ है। आगेके गाथासूत्रमें 'अबंधगो' इस वचन द्वारा बन्धके निषेधका निर्देश किया है, अतः सिंहके अवलोकन न्यायके अनुसार उसका यहाँ भी सम्बन्ध कर लेना चाहिये, क्योंकि दोनों ही गाथासूत्रोंके अवयवरूपसे उक्त पदका वहाँ निर्देश किया है। अब इसी अर्थको स्पष्ट करनेके लिये सूत्रकार इस सूत्रवचनको कहते हैं—

* उक्त गाथासूत्रमें निर्दिष्ट की गई इन प्रकृतियोंको नियमसे नहीं बाँधता है।

§ २०२. गाथासूत्रमें निर्दिष्ट सब कर्मोंको मनसे अवधारण कर इन कर्मोंको नियमसे नहीं बाँधता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। शेष कथन सुगम है।

विशेषार्थ—प्रकृत भाष्यगाथामें असातावेदनीय, नीचगोत्र और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका नाम लेकर इनका अबन्धक कहा है। इससे स्पष्ट है कि आगे इन तीनों प्रकृतियोंकी प्रतिपक्ष-

§ २०३. संपहि अण्णाओ वि जाओ अबज्झमाणपयडीओ एत्थ संगहियाओ तासिं णिद्देसकरणट्ठमबज्झमाणाणुभागविसेसपरूवणट्ठं च तदियभासगाहाए अवयारो—

(८०) सव्वावरणीयाणं जेसिं ओवट्टणा दु णिद्दाए।
पयलायुगस्स य तहा अबंधगो बंधगो सेसे ॥१३३॥

§ २०४. एत्थ ताव गाहापच्छद्धमवलंबिय अबज्झमाणसेसपयडीणमणुगमं कस्सामो। णिद्दा-पयलाणमाउगस्स च सव्वस्स णियमा अबंधगो, तेसिमेदम्मि विसये बंधासंभवादो। 'बंधगो सेसे' एवं भणिदे पुव्विल्लगाहासुत्ते एत्थ य जाओ अबज्झमाणपयडीओ णिद्दिट्ठाओ ताओ मोत्तूण सेसाओ पंचणाणावरणीय-चउदंसणावरणीय-सादावेदणीय-चदुसंजलण-पुरिसवेद-जसगित्ति-उच्चागोद-पंचंतराइयपयडीओ एसो बंधदि त्ति सुत्तत्थ संगहो।

§ २०५. संपहि गाहापुव्वद्धमस्सियूण अबज्झमाणाणुभागविसेसाणुगमं कस्सामो, तत्तो चेव बज्झमाणाणुभागविसयणिण्णयसिद्धीदो। तं जहा—एत्थ ताव एवं पदसंबंधो—

भूत सातावेदनीय, उच्चगोत्र और यशःकीर्तिका तथा चार संज्वलन और पुरुषवेदका अपने-अपने योग्य स्थान तक नियमसे बन्ध होता रहता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यहाँ यह शंका की जा सकती है कि चार संज्वलन और पुरुषवेदका आगे भी अपने-अपने योग्य स्थान तक बन्ध होता रहता है यह कैसे समझा जाय? समाधान यह है कि भाष्यगाथाके पूर्वार्धमें मोहनीय कर्मकी जिन प्रकृतियोंको गिनाया है उनमें इन पाँच प्रकृतियोंको सम्मिलित नहीं किया है। इससे ही यह स्पष्ट हो जाता है कि यहाँसे लेकर आगे भी इन प्रकृतियोंका बन्ध होता रहता है।

§ २०३. अब अन्य भी अबध्यमान जिन प्रकृतियोंका यहाँ संग्रह किया गया है उनका निर्देश करनेके लिए तथा अबध्यमान अनुभागविशेषके कथनके लिये तीसरी भाष्यगाथाका अवतार करते हैं—

(८०) जिन कर्मोंकी अपवर्तना होती है उनके सर्वावरणीय स्पर्धकोंका तथा निद्रा, प्रचला और आयुकर्मका अबन्धक होता है। तथा इनके सिवाय शेष कर्मोंका बन्धक होता है ॥१३३॥

§ २०४. यहाँ सर्वप्रथम गाथाके उत्तरार्धका अवलम्बन करके अबध्यमान शेष प्रकृतियोंका अनुगम करेंगे। निद्रा, प्रचला और सब आयुओंका नियमसे अबन्धक होता है, क्योंकि उनका इस स्थानमें बन्ध सम्भव नहीं है। 'बंधगो सेसे' ऐसा कहनेपर पूर्वके गाथासूत्रमें यहाँपर जिन अबध्यमान प्रकृतियोंका निर्देश किया है उनको छोड़कर शेष पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंको यह जीव बाँधता है यह इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है।

§ २०५. अब गाथाके पूर्वार्धका अवलम्बन लेकर अबध्यमान अनुभागविशेषका अनुगम करेंगे, क्योंकि उसीसे बध्यमान अनुभागके विषयके निर्णयकी सिद्धि होती है। वह जैसे—यहाँ

---

१. ता०प्रतौ तत्थ इति पाठः।

जेसिं कम्माणमोवट्टणा अत्थि तेसिं सव्वावरणीयाणमणुभागफद्दयाणमेसो णियमा अबंधगो त्ति एदस्स भावत्थो। जेसिं कम्माणं खओवसमलद्धिसंभवादो देसघादिसरूवेणाणुभागस्स ओवट्टणा संभवइ, तेसिं सव्वघादिसरूवाणमणुभागफद्दयाणमबंधगो; किंतु देसघादिसरूवेणेव तेसिं बंधगो होदि त्ति। केसिं च कम्माणं देसघादिसरूवेण ओवट्टणा संभवदि त्ति चे? णाणावरणीयचउक्क-दंसणावरणीयतिय-पंचंतराइयाणि त्ति एदेसिं लद्धिकम्मंसाणं देसघादिसरूवेणोवट्टणासंभवो। तदो एदेसिमणुभाग-बंधमेत्तो हेट्ठा अंतोमुहुत्तप्पहुडि देसघादिविट्ठाणियसरूवेण बंधमाणो एत्थ वि तहा चेव बंधदि, ण सव्वघादिसरूवेणेत्ति एसो एत्थ गाहापुव्वद्धेसु अत्थसंगहो।

§ २०६. मोहणीयस्स वि चदुसंजलण-पुरिसवेदाणं सव्व-देसघादिफद्दयसंभवे देसघादिसरूवेणेव संजदासंजदप्पहुडि बंधमाणो एत्थुद्देसे देसघादि-एयट्ठाणियसरूवेण बंधइ त्ति घेत्तव्वं, एदेसिं पि ओवट्टणसंभवं पडि भेदभावादो। जेसिं पुण ओवट्टणाए णत्थि संभवो तेसिं केवलणाण-दंसणावरणीयाणं सव्वघादीणं चेव बंधगो होदि त्ति एसो वि अत्थो एत्थेव णिलीणो वक्खाणेयव्वो, तेसु पयारंतरासंभवादो। अघादि-पयडीणं पुण साद-जसगित्ति-उच्चागोदाणं चउट्ठाणिओ तप्पाओग्गउक्कसओ अणुभाग-बंधो होइ त्ति एसो वि अत्थो एत्थेवंतब्भूदो दट्ठव्वो, सुत्तस्सेदस्स देसामासयभावेण

सर्वप्रथम इस प्रकार पदसम्बन्ध करना चाहिये—जिन कर्मोंकी अपवर्तना होती है उनके सर्वावरणीय अनुभागस्पर्धकोंका यह नियमसे अबन्धक है यह इसका भावार्थ है। जिन कर्मोंकी क्षयोपशम लब्धि सम्भव होनेसे देशघातिस्वरूपसे अनुभागकी अपवर्तना सम्भव है उनके सर्वघातिस्वरूप अनुभागस्पर्धकोंका अबन्धक है, किन्तु देशघातिस्वरूपसे ही उन कर्मोंका बन्ध होता है।

शंका—किन कर्मोंकी देशघातिरूपसे अपवर्तना सम्भव है?

समाधान—ज्ञानावरणचतुष्क, दर्शनावरण तीन और पाँच अन्तराय लब्धिकर्मांश संज्ञावाले इन कर्मोंकी देशघातिरूपसे अपवर्तना सम्भव है। इसलिए इन कर्मोंके अनुभागबन्धको यहाँसे अन्तर्मुहूर्त पूर्वसे लेकर देशघाति द्विस्थानीयरूपसे बाँधता हुआ यहाँ भी उसी रूपसे बाँधता है, सर्वघातिस्वरूपसे नहीं बाँधता यह यहाँ गाथाके पूर्वार्धमें सूत्रका अर्थसमुच्चय है।

§ २०६. मोहनीय कर्मसम्बन्धी चार संज्वलन और पुरुषवेदके सर्व-घाति और देश-घाति स्पर्धक सम्भव होनेपर संयतासंयत गुणस्थानसे लेकर देशघातिरूपसे बन्ध करता हुआ इस स्थानमें देशघाति-एकस्थानीयरूपसे बन्ध करता है ऐसा ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि इनकी भी अपवर्तना सम्भव है इस अपेक्षा पूर्वोक्त प्रकृतियोंसे इनमें कोई भेद नहीं है। परन्तु जिन प्रकृतियोंकी अपवर्तना सम्भव नहीं है उन केवलज्ञानावरण और केवल-दर्शनावरणका सर्वघातिरूपसे ही बन्धक होता है इस प्रकार यह अर्थ भी इसीमें गर्भित है ऐसा व्याख्यान करना चाहिये, क्योंकि उन प्रकृतियोंमें अन्य कोई प्रकार सम्भव नहीं है। परन्तु साता-वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्र इन अघाति प्रकृतियोंका चतुःस्थानीय तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है इस प्रकार यह अर्थ भी इसीमें अन्तर्भूत जानना चाहिये, क्योंकि इस सूत्रकी

पयट्टत्तादो। संपहि एवंविहमेदस्स गाहापुव्वद्धस्स अत्थविसेसं विहासेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** 'जेसिमोवट्टणा' त्ति का सण्णा ?**

§ २०७. जेसिं कम्माणमोवट्टणा अत्थि तेसिं सव्वघादीणमबंधगो त्ति भणिदं। तत्थ जेसिमोवट्टणा त्ति का एसा सण्णा ? ण एदिस्से अत्थविसेसो सम्ममवगम्मइ त्ति पुच्छा एदेण कदा होइ।

*** जेसिं कम्माणं देसघादिफद्दयाणि अत्थि तेसिं कम्माणमोवट्टणा अत्थि त्ति सण्णा।**

§ २०८. जेसिं कम्माणमणुभागस्स देसघादिफद्दयाणि संभवंति तेसिं कम्माणमोवट्टणा अत्थि त्ति एसा सण्णा एत्थ णादव्वा त्ति वुत्तं होइ, देसघादिसरूवेणोवट्टणाए तत्थ संभवदंसणादो। तम्हा एवंविहं सण्णाविसेसमस्सियूण पयदगाहापुव्वद्धे सुत्तत्थविहासा एवमणुगंतव्वा त्ति जाणावेमाणो इदमाह—

*** एदीए सण्णाए सव्वावरणीयाणं जेसिमोवट्टणा त्ति एदस्स पदस्स विहासा।**

§ २०९. सुगमं।

देशामर्षकरूपसे प्रवृत्ति हुई है। अब इस गाथाके पूर्वार्धके इस प्रकारके अर्थविशेषकी विभाषा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** जिन कर्मोंकी अपवर्तना होती है उनकी क्या संज्ञा है ?**

§ २०७. जिन कर्मोंकी अपवर्तना होती है उनका सर्वघातिरूपसे अबन्धक है यह उक्त कथन का तात्पर्य है। अतः प्रकृतमें जिन कर्मोंकी अपवर्तना होती है उनकी यह संज्ञा क्या है ? इसका विशेष अर्थ सम्यक् प्रकारसे ज्ञात नहीं है इस प्रकार इस सूत्र द्वारा पृच्छा की गई है।

*** जिन कर्मोंके देशघातिस्पर्धक हैं उन कर्मोंकी अपवर्तना यह संज्ञा है।**

§ २०८. जिन कर्मोंके अनुभागके देशघातिस्पर्धक सम्भव हैं उन कर्मोंकी अपवर्तना होती है इस प्रकार यह संज्ञा यहाँ जानना चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है, क्योंकि उनकी देशघातिरूपसे अपवर्तना सम्भव दिखलाई देती है, इसलिये इस प्रकारकी संज्ञाविशेषका अवलम्बन लेकर प्रकृत गाथाके पूर्वार्धमें सूत्रके अर्थका व्याख्यान इस प्रकार जानना चाहिये ऐसा जनाते हुए इस सूत्रको कहते हैं—

*** इस संज्ञाके अनुसार जिनके सर्वघाति स्पर्धकोंकी अपवर्तना होती है उनके इस पदकी विभाषा की गई है।**

§ २०९. यह सूत्र सुगम है।

* तं जहा ।

§ २१०. सुगमं ।

* जेसिं कम्माणं देसघादिफद्दयाणि अत्थि ताणि कम्माणि सव्व-घादीणि ण बंधदि, देसघादीणि बंधदि ।

§ २११. कुदो ? पुव्वमेव तेसिं देसघादिबंधस्स पारद्धत्तादो ।

* तं जहा ।

§ २१२. काणि ताणि कम्माणि जेसिमोवट्टणासंभवे देसघादिबंधणियमो त्ति पुच्छिदं होइ । संपहि एवं पुच्छाविसईकयाणं तेसिं कम्माणं णामणिद्देसं कादूण तेसिं देसघादिबंधावहारणट्ठमिदमाह—

* णाणावरणं चउव्विहं दंसणावरणं तिविहं अंतराइयं पंचविहं एदाणि कम्माणि देसघादीणि बंधदि ।

२१३. एदाणि कम्माणि पुव्वमेव अंतोमुहुत्तादो आढत्ता देसघादीणि चेव बंधदि । णो सव्वघादीणि त्ति सुत्तत्थसमुच्चओ । एवं गाहापुव्वद्धविहासणं काऊण गाहापच्छद्धविहासा पयडिबंधविसेसपडिबद्धा सुगमा त्ति तमपरूविय पयदत्थसुवसंहारमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

---

* वह जैसे ।

§ २१०. यह सूत्र सुगम है ।

* जिन कर्मोंके देशघातिस्पर्धक होते हैं, उन कर्मोंके सर्वघातिस्पर्धक नहीं बांधता है, देशघातिस्पर्धक बांधता है ।

§ २११. क्योंकि पहले ही उनका देशघातिरूप बन्ध प्रारम्भ हो गया है ।

* वह जैसे ।

§ २१२. वे कर्म कौन हैं जिनकी अपवर्तना सम्भव होनेपर देशघातिरूप बन्धका नियम बन जाता है यह पृच्छा की गई है । अब इस प्रकारकी पृच्छाके विषय किये गये उन कर्मोंका नामनिर्देश करके उनके देशघातिरूप बन्धका अवधारण करनेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

* चार ज्ञानावरण, तीन दर्शनावरण और पांच अन्तराय इन कर्मोंको देशघाति-रूप बांधता है ।

§ २१३. इन कर्मोंको अन्तर्मुहूर्त पहलेसे ही ग्रहण करके देशघातिरूप ही बाँधता है, सर्व-घातिरूप नहीं बाँधता यह इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है । इस प्रकार गाथाके पूर्वार्धकी विभाषा करके गाथाके उत्तरार्धकी विभाषा प्रकृतिबन्धविशेषसे सम्बन्ध रखती है और सुगम है इसलिये उसकी प्ररूपणा न करके प्रकृत अर्थका उपसंहार करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** एत्तिगे मूलगाहाए पढमो अत्थो समत्तो भवदि ।**

§ २१४. एत्तिगे अत्थे तीहिं भासगाहाहिं विहासिदे विदियमूलगाहाए पढमो अत्थो विहासिदो भवदि, पयडि-ट्ठिदि-अणुभागबंधेसु मग्गिदेसु पदेसबंधस्स विहासेण अत्थवत्तादो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो । संपहि विदियत्थपडिबद्धाणं दोण्हं भासगाहाणं जहाकममत्थविहासणं कुणमाणो तासिं समुक्कित्तणं विहासणं च एक्कदो करेदि, अण्णहा गंथगउरवप्पसंगादो ।

(८१) णिद्दा य णीचगोदं पयला णियमा अवेदगो त्ति णामं च ।
छण्णोकसायो अंसेसु अवेदगो होदि ॥१३४॥

§ २१५. एसा पढमभासगाहा 'के व वेदयदि अंसेसु' त्ति एदं मूलगाहा-विदियावयवमस्सियूण संकामयपट्ठवयेणावेदिज्जमाणपयडीणं परूवणट्ठमोइण्णा । तं जहा—'णिद्दा य' एवं भणिदे णिद्दाणिद्दाए गहणं कायव्वं, णामेगदेस-णिद्देसेण समुदायसण्णाए उवलक्खणादो । एत्थतण 'च' सद्देणावुत्तसमुच्चयट्ठेण थीण-गिद्धीए वि गहणं कायव्वं । एवं पयलाणिद्देसेण वि पचलापचलाए संगहो दट्ठव्वो । तदो णिद्दाणिद्दा-पचलापचला-थीणगिद्धि त्ति एदासिं पयडीणं णीचागोद- अजस-गित्तिणामाणं छण्णोकसायाणं च एदेसिं कम्माणमेसो णियमा अवेदगो त्ति सुत्तत्थ-

---

*** इतने अर्थका व्याख्यान करनेपर मूलगाथाका प्रथम अर्थ समाप्त होता है ।**

§ २१४. तीन भाष्यगाथाओं द्वारा इतने अर्थका व्याख्यान करनेपर दूसरी मूलगाथाका प्रथम अर्थ व्याख्यात हो जाता है । इसप्रकार प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धकी मार्गणा करनेपर प्रदेशबन्धका व्याख्यान शास्त्रोक्तरूपसे गतार्थ हो जाता है यह इस सूत्रका भावार्थ है । अब द्वितीय अर्थसे सम्बन्ध रखनेवाली दो भाष्यगाथाओंकी क्रमसे अर्थविभाषा करते हुए उनकी समुत्कीर्तना और विभाषा एक साथ करते हैं, अन्यथा ग्रन्थको गुरुताका प्रसंग प्राप्त होता है ।

(८१) निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, नीचगोत्र, अयशःकीर्ति और छह नोकषाय इन कर्मोंका सब अंशोंमें नियमसे अवेदक होता है ॥१३४॥

§ २१५. यह प्रथम भाष्यगाथा मूलगाथाके 'के व वेदयदि अंसेसु' इस दूसरे अंशका अव-लम्बन लेकर संक्रामक प्रस्थापकके द्वारा नहीं वेदे जानेवाली प्रकृतियोंकी प्ररूपणा करनेके लिए आई है । वह जैसे—'णिद्दा य' ऐसा कहनेपर निद्रानिद्राका ग्रहण करना चाहिये, नामके एकदेशका निर्देश करनेपर उपलक्षणसे समुदायरूप संज्ञाका ग्रहण हो जाता है । अनुक्तका समुच्चय करनेवाले यहाँ आये हुए 'च' पद द्वारा स्त्यानगृद्धिका ग्रहण करना चाहिये । इसी प्रकार प्रचला शब्दके निर्देश द्वारा भी प्रचलाप्रचलाका संग्रह करना चाहिये । इसलिए निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि इन प्रकृतियोंका तथा नीचगोत्र, अयशःकीर्तिनाम और छह नोकषाय इन कर्मोंका नियमसे अवेदक होता है यह इस सूत्रका समुच्चयार्थ है, क्योंकि इनकी पूर्वमें ही अपने-अपने

समुच्चओ, एदेसिं हेट्ठा चेव अप्पप्पणो पाओग्गविसये वोच्छिण्णोदयाणमेत्थुदय-संभवाभावादो।

§ २१६. णवरि णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणं हेट्ठा चेव संतुच्छेदो जादो त्ति ण तेसिमेत्थुदयवोच्छेदणिद्देसो सफलो, सुत्ते तेसिं णामणिद्देसस्स परिप्फुडमदंसणादो च। तदो णिद्दा त्ति वुत्ते णिद्दाए चेव गहणं कायव्वं, पचला त्ति णिद्देसेण पचलाए चेव गहणं कायव्वं, दोण्हमेदेसिं कम्माणमेसो अवेदगो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थो घेत्तव्वो। कधं पुण खीणकसायदुचरिमसमए वोच्छिज्जमाणोदयाणमेदासिमेत्थुदयाभावो वोत्तुं सक्किज्जदि त्ति णासंकणिज्जं, पुव्वुत्तरावत्थासु अव्वत्तसरूवेण विज्जमाणोदयाणं पि तासिमेदम्मि भज्झिमावत्थाए झाणोवजोगविसेसेण पडिहयसत्तीणमुदयाभावब्भुवगमे विरोहाभावादो। अधवा खवगसेढीए सव्वत्थ णिद्दा-पयलाणमुदयो णत्थि चेवेत्ति घेत्तव्वं; झाणोवजुत्तेसु तदुदयपवुत्तीए संभवाभावादो। एवमेदे कम्मंसे सव्वेसु अंसेसु पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसभेदभिण्णेसुवट्टमाणे णियमा एसो ण वेदेदि त्ति सिद्धं।

§ २१७. एत्थ अजसगित्तिणाममुवलक्खणं कादूण अवेदिज्जमाणणामपयडीओ सव्वाओ चेव पसत्थापसत्थसरूवाओ घेत्तव्वाओ; मणुसगदि-पंचिंदियजादिआदितीस-पयडीओ मोत्तूण सेसाणमेत्थुदयादंसणादो। संपहि एवंविहमेदस्स गाहासुत्तस्स अत्थं विहासिदुकामो सुत्तमुत्तरं भणइ—

योग्य स्थानमें उदयव्युच्छित्ति हो जानेसे यहाँ इनका उदय सम्भव नहीं है।

§ २१६. इतनी विशेषता है कि निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धिकी पूर्वमें ही सत्त्वव्युच्छित्ति हो जाती है, इसलिये उनकी यहाँ उदयव्युच्छित्तिका निर्देश सफल नहीं है, और सूत्रमें उनका नामनिर्देश स्पष्टरूपसे नहीं दिखलाई देता। इसलिये सूत्रमें 'णिद्दा' ऐसा कहनेपर निद्राका ही ग्रहण करना चाहिये तथा 'पचला' ऐसा निर्देश करनेसे प्रचलाका ही ग्रहण करना चाहिये, अतः इन दोनों कर्मोंका यह जीव अवेदक है यह यहाँ इस सूत्रके अर्थका ग्रहण करना चाहिये।

शंका—यदि ऐसा है तो क्षीणकषायके द्विचरम समयमें व्युच्छिन्न होनेवाले इन कर्मोंका यहाँ उदयाभाव कैसे कहा जा सकता है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि पूर्व अवस्थामें और उत्तर अवस्थामें जिनका अव्यक्तरूपसे उदय हो रहा है और जिनकी ध्यानस्वरूप उपयोगविशेषके कारण शक्ति क्षीण हो गई है ऐसे उन कर्मोंका इस मध्यकी अवस्थामें उदयाभाव स्वीकार करनेमें विरोधका अभाव है। अथवा क्षपकश्रेणिमें सर्वत्र निद्रा और प्रचलाका उदय नहीं ही है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि ध्यानमें उपयुक्त हुए जीवोंमें उन कर्मोंकी उदयप्रवृत्ति सम्भव नहीं है। इस प्रकार इन कर्मोंके प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशभेदसे भेदरूप सभी अंशोंमें विद्यमान रहते हुए उनका यह जीव नियमसे वेदन नहीं करता यह सिद्ध होता है।

§ २१७. यहाँपर अयशःकीर्ति नामकर्मको उपलक्षण करके नहीं वेदी जानेवाली सभी प्रशस्त और अप्रशस्तरूप नामकर्मकी प्रकृतियोंको ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय-जाति आदि तीस प्रकृतियोंको छोड़कर शेष प्रकृतियोंका यहाँ उदय नहीं देखा जाता। अब इस

*** एदाणि कम्माणि सव्वत्थ णियमा ण वेदेदि ।**

§ २१८. एदाणि अणंतरणिद्दिट्ठाणि कम्माणि संकामणपट्ठवगो अप्पणो सव्वावत्थासु णियमा ण वेदेदि त्ति गाहासुत्तस्स समुदायत्थो एदेण सुत्तेण विहासिदो होइ ।

*** एस अत्थो एदिस्से गाहाए ।**

§ २१९. सुगममेदं पयदगाहासुत्तत्थस्स उवसंहारवक्कं । एवं विदियमूलगाहाए विदियत्थम्मि पडिबद्धपढमभासगाहमस्सियूणावेदिज्जमाणपयडिणिद्देसं काद्ण संपहि तत्थेव विदियभासगाहमस्सियूण वेदिज्जमाणपयडीणं वेदिज्जमाणाणुभागेण सह णिद्देसं कुणमाणो इदमाह—

(८२) वेदे च वेदणीये सव्वावरणे तहा कसाये च ।
भयणिज्जो वेदेंतो अभज्जगो सेसगो होदि ॥१३५॥

§ २२०. एदिस्से गाहाए अत्थो वुच्चदे । तं जहा—वेदे च' एवं भणिदे तिण्हं वेदाणमण्णदरोदएण भजियव्वो त्ति अत्थो घेत्तव्वो; पुरिसवेदादीणमण्णदरो-

---

प्रकार इस गाथासूत्रके अर्थकी विभाषाकी इच्छासे आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** इन कर्मोंको सर्वत्र नियमसे नहीं वेदता है ।**

§ २१८. अनन्तर पूर्व निर्दिष्ट किये गये इन कर्मोंको संक्रामणप्रस्थापक जीव अपनी सभी अवस्थाओंमें नियमसे नहीं वेदता है इस प्रकार इस सूत्र द्वारा गाथासूत्रका समुच्चयरूप अर्थ कहा गया है ।

विशेषार्थ—मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिकशरीरबन्धन, छह संस्थानोंमेंसे कोई एक संस्थान, औदारिकशरीर आंगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णादि चार, अगुरुलघु, उपघात, परघात, विहायोगतिमेंसे कोई एक त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, कोई एक स्वर, आदेय, यशःकीर्ति, उच्छ्वास, निर्माण ये ३० प्रकृतियाँ हैं जिनका उदय और उदीरणा संक्रामकप्रस्थापकके नियमसे होती है ऐसा यहाँ समझना चाहिये ।

*** यह इस भाष्यगाथाका अर्थ है ।**

§ २१९. प्रकृत भाष्यगाथासूत्रके अर्थका यह उपसंहार वाक्य सुगम है । इस प्रकार दूसरी मूलगाथाके दूसरे अर्थसे सम्बन्ध रखनेवाली प्रथम भाष्यगाथाका आलम्बन लेकर वेदी जानेवाली प्रकृतियोंका निर्देश करके अब उसी अर्थमें दूसरी भाष्यगाथाका आलम्बन लेकर वेदी जानेवाली प्रकृतियोंका वेदे जानेवाले अनुभागके साथ निर्देश करते हुए इस भाष्यगाथाको कहते हैं—

(८२) उक्त जीव वेदोंको, वेदनीयकर्मको, आभिनिबोधिक आदि सर्वावरण कर्मोंको और कषायोंको वेदता हुआ भजनीय है तथा इन कर्मोंके अतिरिक्त शेष कर्मोंका वेदन करता हुआ अभजनीय है ॥१३४॥

§ २२०. अब इस भाष्यगाथाका अर्थ कहते हैं । वह जैसे—'वेदे च' ऐसा कहनेपर तीन वेदोंमेंसे अन्यतर वेदके उदयकी अपेक्षा भजनीय है यह अर्थ ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि पुरुषवेद

दएण सेढिसमारोहणे विरोहाभावादो। 'वेदणीये' एवं भणिदे वेदणीयम्मि सादासा
मण्णदरोदएण भजियव्वो त्ति वुत्तं होइ। 'सव्वावरणे' त्ति वुत्ते आभिणिबो
णाणावरणादीणं जेसिं सव्वघादिफद्दयाणि देसघादिफद्दयाणि च अत्थि ते वेदे
भयणिज्जो, सिया सव्वघादिं वा वेदेदि, सिया देसघादिं वा एदेसिमणुभागं वा वे
त्ति। किं कारणं? तेसिमुक्कस्सखओवसमेण परिणदम्मि णियमा देसघादि
भागोदयदंसणादो, अण्णत्थ सव्वघादिअणुभागोदयदंसणादो। सेसं जाणिय जोजेयव्
जेसिं पुण देसघादिफद्दयाणि णत्थि तेसिं सव्वघादीणं चेव वेदगो होदि त्ति णिच्छेयं
तत्थ भयणासंभवादो। ण च एसो अत्थो सुत्ते णत्थि, 'अभज्जगो सेसगो होदि'
चरिमावयवेण परिप्फुडमेव तण्णिद्देसदंसणादो।

§ २२१. 'कसाए च भयणिज्जो वेदेंतो' त्ति भणिदे चदुण्हं संजलणकसायाणं
मण्णदरस्स उदएण भजियव्वो त्ति सुत्तत्थो, चदुण्हमेदेसिमण्णदरोदयेण सेढिसमारोहणे
पडिसेहाभावादो। 'अभज्जगो सेसगो' एवं भणिदे वुत्तसेसाणं पयडीणमणुभागो

आदिमेंसे किसी एक वेदके उदयसे श्रेणिका आरोहण करनेमें विरोधका अभाव है। 'वेदणीये' ऐसा कहनेपर वेदनीयके साता और असातामेंसे कोई एक उदयकी अपेक्षा भजनीय है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'सव्वावरणे' ऐसा कहनेपर आभिनिबोधिक आदि जिन कर्मोंके सर्वघाति स्पर्धक हैं और देशघातिस्पर्धक हैं उनका वेदन करता हुआ भजनीय है. कदाचित् सर्वघातिस्पर्धकोंका वेदन करता है और कदाचित् देशघातिस्पर्धकोंका वेदन करता है, क्योंकि उनके उत्कृष्ट क्षयोपशमरूपसे परिणत होनेपर नियमसे देशघाति अनुभागका उदय देखा जाता है तथा अन्य अवस्थामें सर्वघाति अनुभागका उदय देखा जाता है। शेष जानकर योजना करनी चाहिये। परन्तु जिन कर्मोंके देशघाति स्पर्धक नहीं होते उनके सर्वघाति स्वर्धकोंका ही वेदक होता है ऐसा निश्चय करना चाहिये, क्योंकि उन कर्मोंके उदयमें भजनीयपना सम्भव नहीं है। यदि कहा जाय कि यह अर्थ सूत्रमें निबद्ध नहीं है तो ऐसा कहना भी योग्य नहीं है, क्योंकि 'अभज्जगो सेसगो होदि' इस अन्तिम पद द्वारा स्पष्टरूपसे उक्त कथनका निर्देश देखा जाता है।

विशेषार्थ—आभिनिबोधिक आदि चार ज्ञानावरणोंमेंसे जहाँ जिस कर्मका उत्कृष्ट क्षयोपशम होता है वहाँ पर उस-उस कर्मसम्बन्धी देशघाति स्पर्धकोंका ही उदय रहता है और जहाँ विवक्षित कर्मका उत्कृष्ट क्षयोपशम नहीं होता वहाँपर उस कर्मके देशघातिस्पर्धकोंके उदयके साथ सर्वघाति स्पर्धकोंका भी उदय रहता है, क्योंकि विवक्षित क्षयोपशमसम्बन्धी सर्वघाती स्पर्धकोंको छोड़कर उसके अन्य अविवक्षित क्षयोपशम ज्ञानोंसम्बन्धी सर्वघाती स्पर्धकोंका उदय बना रहता है। यह 'सव्वावरणे भयणिज्जो इस भाष्यगाथाके अंशका तात्पर्य है। शेष कथन सुगम है।

§ २२१. 'कसाये च भयणिज्जो वेदेंतो' ऐसा कहनेपर चार संज्वलनोंमेंसे अन्यतरके उदयसे भजनीय है यह इस सूत्रका अर्थ है, क्योंकि इन चारोंमेंसे किसी एकके उदयसे श्रेणिका आरोहण करनेमें कोई निषेध नहीं है। 'अभज्जगो सेसगो' ऐसा कहनेपर उक्त शेष प्रकृतियोंका और उनके

---

१. आ० ताप्रत्योः —मुक्कसओ खओवसमेण इति पाठः।

ण वेदगत्तेण भयणिज्जो, जेसिं वेदगो तेसिं वेदगो चेव। जेसिं च ण वेदगो तेसिमवेदगो चेवेत्ति, तत्थ भयणाए संभवाणुवलंभादो। णवरि णामपयडीसु संठाणादीणं जेसिं पि उदएण भयणिज्जत्तमत्थि तेसिं पि 'च' सद्देण संगहो कायव्वो। एत्थेव विदिय 'च' सद्देण ट्ठिदिउदओ पदेसुदओ च वेदिज्जमाणसव्वपयडीणमजहण्णाणुक्कस्ससरूवो उदीरणसहगओ गहेयव्वो।

§ २२२. संपहि एवंविहमेदस्स गाहासुत्तस्स अत्थं विहासेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* विहासा।

§ २२३. सुगमं।

* तं जहा।

§ २२४. सुगमं।

* वेदे च ताव तिण्हं वेदाणमण्णदरं वेदेज्ज।

§ २२५. सुगमं।

* वेदणीये सादं वा असादं वा।

अनुभागोंका वेदकपनेसे भजनीय नहीं है, क्योंकि जिनका वेदक है उनका वेदक ही है और जिनका वेदक नहीं है उनका अवेदक ही है, इसलिये शेष प्रकृतियोंके वेदन करनेमें भजनीयपना सम्भव नहीं है। इतनी विशेषता है कि नामकर्मकी प्रकृतियोंमेंसे संस्थान आदि किन्हीं प्रकृतियोंके उदयसे भजनीयपना भी है, इसलिये उनका भाष्यगाथामें आये हुए 'च' पद द्वारा संग्रह कर लेना चाहिये। तथा यहीं आये हुए दूसरे 'च' पद द्वारा वेदी जानेवाली सब प्रकृतियोंके स्थिति उदय और प्रदेश-उदयको उदीरणाके साथ अजघन्य-अनुत्कृष्टरूपसे ग्रहण करना चाहिये।

विशेषार्थ—इस जीवके छह संस्थानोंमेंसे किसी एक संस्थान, दो विहायोगतियोंमेंसे किसी एक विहायोगति और दो स्वरोंमेंसे किसी एक स्वरका उदय और उदीरणा सम्भव है, इसलिये इस अपेक्षासे यहाँ २४ भंग हो जाते हैं। शेष कथन सुगम है।

§ २२२. अब इस गाथासूत्रकी इस प्रकार विभाषा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* अब इस भाष्यगाथाकी विभाषा करते हैं।

§ २२३. यह सूत्र सुगम है।

* वह जैसे।

§ २२४. यह सूत्र सुगम है।

* सर्व प्रथम 'वेदे च' पदकी विभाषा—तीनों वेदोंमेंसे किसी एक वेदका वेदन करता है।

§ २२५. यह सूत्र सुगम है।

* 'वेदणीये' इस पदकी विभाषा—सातावेदनीयका वेदन करता है अथवा

§ २२६. सुगमं ।

*** सव्वावरणे आभिणिबोहियणाणावरणादीणमणुभागं सव्वघा. वा देसघादिं वा ।**

§ २२७. आभिणिबोहिय-सुदणाणावरणीयाणं सव्वेसु जीवेसु खओवसमलद्धिणि देसघादिमणुभागं मोत्तूण सव्वघादिअणुभागस्स उदओ कथं लब्भदि त्ति णासंकणिज्ज तेसिमुत्तरुत्तरपयडीसु केसिं पि सव्वघादिउदयसंभवमस्सियूण तहाभावसिद्धीदो । एवं मोहि-मणपज्जवणाणावरणीयाणं पि देस-सव्वघादित्तेण भयणिज्जत्तं जोजेयव्वं । णवरि तेसिमुत्तरुत्तरपयडिविवक्खाए विणा वि सव्वघादित्तमुवलब्भदे, सव्वेसु जीवेसु तेसिं खओवसमणियमाभावादो । अंतराइयपयडीणं पि एसो अत्थो जाणिय वत्तव्वो ।

*** कसाये चउण्हं कसायाणमण्णदरं ।**

असातावेदनीयका वेदन करता है ।

§ २२६. यह सूत्र सुगम है ।

* **'सव्वावरणे' इस पदकी विभाषा—आभिनिबोधिक ज्ञानावरणादिके सर्वघाति अनुभागका वेदन करता है अथवा देशघाति अनुभागका वेदन करता है ।**

§ २२७. शंका—सब जीवोंके आभिनिबोधिक ज्ञानावरण और श्रुतज्ञानावरणकी क्षयोपशम लब्धिसे संयुक्त होनेपर देशघाति अनुभागको छोड़कर सर्वघाति अनुभागका उदय कैसे सम्भव है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि उन जीवोंके उत्तरोत्तर प्रकृतियोंमेंसे किन्हीं प्रकृतियोंके सर्वघाति अनुभागका उदय सम्भव है इस अपेक्षा उक्त भावकी सिद्धि होती है।

इसी प्रकार अवधिज्ञानावरण और मनःपर्ययज्ञानावरणके भी देशघाति और सर्वघातिपनेसे भजनीयताकी योजना करनी चाहिये । इतनी विशेषता है कि उनके उत्तरोत्तर प्रकृतियोंकी विवक्षा के बिना भी सर्वघातिपना उपलब्ध होता है, क्योंकि सब जीवोंमें उनके क्षयोपशमका नियम नहीं उपलब्ध होता । अन्तराय प्रकृतियोंका भी यह अर्थ जानकर कहना चाहिये ।

विशेषार्थ—आभिनिबोधिक ज्ञानावरण और श्रुतज्ञानावरणके उत्तर भेदोंमेंसे प्रारम्भकी एकसे लेकर जितनी अवान्तर प्रकृतियोंका क्षयोपशम होता है उनसे आगेकी प्रकृतियोंके सर्वघाति स्पर्धकोंका नियमसे उदय बना रहता है । पाँच अन्तराय कर्मोंके विषयमें भी इसीप्रकार जान लेना चाहिये । किन्तु अवधिज्ञानावरण और मनःपर्ययज्ञानावरणका क्षयोपशम जिन जीवोंके नहीं पाया जाता है उनके उत्तरोत्तर प्रकृतियोंकी विवक्षा किये बिना ही पूरे सर्वघाति स्पर्धकोंका उदय बना रहना सम्भव है । मात्र जिन जीवोंके इन कर्मोंका जितने अंशमें क्षयोपशम होता है उनके उससे आगेके इन कर्मोंके सर्वघाति अनुभागका उदय बना रहता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* **'कसाये' इस पदकी विभाषा—चार संज्वलन कषायोंमेंसे किसी एकका वेदन करता है ।**

§ २२८. वेदेज्जेत्ति सव्वत्थ अहियारसंबंधो कायव्वो। सेसं सुगमं। एवमेसिं भयणिज्जत्तं परूविय संपहि एदं चेव भयणिज्जत्तमुवसंहारमुहेण फुडीकरेमाणो उत्तरं भणइ—

* एवं भजिदव्वो वेदे च वेदणीये सव्वावरणे कसाये च।

§ २२९. गयत्थमेदं सुत्तं। एवमेदीए मग्गणाए समत्ताए तदो विदियमूलगाहाए विदियो अत्थो दोसु भासगाहासु पडिबद्धो समप्पदि त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

* विदियाए मूलगाहाए विदियो अत्थो समत्तो भवदि।

§ २३०. सुगमं। संपहि मूलगाहापच्छद्धमवलंबिय तदियमत्थं विहासिदुकामो तत्थ ताव छण्हं भासगाहाणमत्थित्तपरूवणट्ठमाह—

* तदिये अत्थे छब्भासगाहाओ।

§ २३१. सुगममेदं। एवमेत्थ छण्हं भासगाहाणमत्थित्तं पइण्णाय ताओ चेव कमं विहासेमाणो पढमगाहाए ताव अवयारं कुणइ—

(८३) **सव्वस्स मोहणीयस्स आणुपुव्वी य संकमो होदि।**
लोभकसाये णियमा असंकमो होइ णायव्वो ॥१३६॥

---

§ २२८. 'वेदेज्ज' इस पदका सर्वत्र अधिकारके अनुसार सम्बन्ध करना चाहिये। शेष कथन सुगम है। इस प्रकार इन कर्मोंके भजनीयपनेका कथन करके अब इसी भजनीयपनेका उपसंहार करनेके साथ उसे स्पष्ट करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* इस प्रकार वेदोंको, वेदनीयके दोनों भेदोंको, सर्वावरण कर्मोंको और कषायोंको भजनीय करना चाहिये।

§ २२९. यह सूत्र गतार्थ है। इस प्रकार इस मार्गणाके समाप्त होनेपर दूसरी मूल गाथाका भाष्यगाथाओंसे सम्बन्ध रखनेवाला दूसरा अर्थ समाप्त होता है इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* इस प्रकार दूसरी मूलगाथाका दूसरा अर्थ समाप्त होता है।

§ २३०. यह सूत्र सुगम है। अब मूलगाथाके उत्तरार्धका अवलम्बन करके तीसरे अर्थको विभाषा करनेकी इच्छासे सर्वप्रथम छह भाष्यगाथाओंके अस्तित्वका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* तीसरे अर्थमें छह भाष्यगाथाएँ हैं।

§ २३१. यह सूत्र सुगम है। इस प्रकार यहाँपर छह भाष्यगाथाओंके अस्तित्वकी प्रतिज्ञा करके उनका क्रमसे व्याख्यान करते हुए प्रथम भाष्यगाथाका अवतार करते हैं—

(८३) यहाँसे लेकर सम्पूर्ण मोहनीय कर्मका आनुपूर्वी संक्रम होता है तथा

§ २३२. एसा पढमगाहा संकामयपट्ठवगस्स अंतरदुसमयकदावत्थाए वट्टमाणस्स आणुपुव्वीसंकमं लोभस्सासंकमं च परूवेइ। संपहि एदिस्से गाहाए अवयवत्थपरूवणा सुगमा त्ति समुदायत्थमेव विहासेमाणो उवरिमं सुत्तपबंधमाह--

* विभासा।

§ २३३. सुगमं।

* तं जहा।

§ २३४. सुगमं।

* अंतरदुसमयकदप्पहुडि मोहणीयस्स आणुपुव्वीसंकमो।

§ २३५. सुगमं।

* आणुपुव्वीसंकमो णाम किं?

§ २३६. सुगमं।

* कोह-माण-माया-लोभा एसा परिवाडी आणुपुव्वीसंकमो णाम।

§ २३७. एदीए पयडिपरिवाडीए जो संकमो पडिलोमसंकमविरहलक्खणो तस्स आणुपुव्वीसंकमसण्णा त्ति भणिदं होइ। एसा परिवाडी गाहासुत्तेणेदेणाणुवइट्ठा कथं जाणिज्जदि त्ति आसंकाए इदमाह--

---

लोभ कषायका नियमसे संक्रम नहीं होता ऐसा जानना चाहिये ॥१३६॥

अहिया च पदेसग्गे गुणेण गणणादियंतेण ॥१५०॥

है। अब इसी अर्थको स्पष्ट करनेके लिए आगेका विभाषाग्रन्थ अवतरित हुआ है—

* अब दूसरी भाष्यगाथाकी विभाषा करते हैं ।

§ ३०८. यह सूत्र सुगम है ।

* प्रदेश उदय इस समयमें सबसे स्तोक होता है । तदनन्तर समयमें असंख्यातवें-गुणा होता है । इसी प्रकार सर्वत्र जानना चाहिये ।

* जैसी प्रदेश उदयकी प्ररूपणा की है उसी प्रकार प्रदेशसंक्रमकी भी प्ररूपणा करनी चाहिये ।

§ ३०९. ये दोनों ही सूत्र सुगम हैं ।

* प्रदेशबन्ध चार प्रकारकी वृद्धि, चार प्रकारकी हानि और अवस्थानकी अपेक्षा मार्गणीय है ।

§ ३१०. क्योंकि योगके कारण प्रदेशबन्धमें उक्त प्रकारसे व्यवस्था बन जाती है । इस प्रकार दूसरी भाष्यगाथाकी अर्थविभाषा समाप्त हुई ।

* इससे आगे तीसरी भाष्यगाथाकी अर्थविभाषा करते हैं ।

§ ३११. यह सूत्र सुगम है ।

(९७) यह प्रस्थापक संक्रामक जीव प्रति समय नियमसे अनन्तगुणे हीन अनुभागका वेदन करता है तथा असंख्यातगुणे अधिक प्रदेशपुंजका वेदन करता है ॥१५०॥

§ ३१२. एसा तदियभासगाहा समयं पडि अणुभाग-पदेसोदयाणं पवत्तिं जाणावेदि। एदिस्से अत्थपरूवणा सुगमा। जइवि एसो अत्थो पुव्विल्लदोभासगाहाहि चेव गहिओ तो वि मंदबुद्धीणं सुहग्गहणट्ठं पुणो वि भणिदो त्ति ण एत्थ पुणरुत्तदोसासंका कायव्वा। अदो चेव एदिस्से अत्थविहासा तव्विहाए चेव विहासिदा। पदुप्पाएमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

* एदिस्से अत्था पुव्वभणिदो[1]।

§ ३१३. एदिस्से गाहाए अत्थो पुव्विल्लदोभासगाहासु विहासिज्जमाणो भणिदो, तदो ण एत्थ विहासिज्जदि त्ति भणिदं होदि। अथवा तदियमूलगाहाए चउत्थभासगाहत्थविहासाए चेव एदिस्से अत्थो विहासिदो, दोण्हमेदासिं गाहाणमत्थभेदाणुवलंभादो। जइ एवं, एसा गाहा णाढवेयव्वा त्ति णासंकणिज्जं, पुव्वमेदत्तुत्तरत्तादो। एवं संकामणपट्ठवगस्स चउण्हं मूलगाहाणमत्थविहासा समत्ता। एत्तो तस्सेव ट्ठिदि-अणुभागाणमोवट्टणाए पडिबद्धाणं तिण्हं मूलगाहाणमत्थविहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* एत्तो पंचमी मूलगाहा। तिस्से समुक्कित्तणा।

§ ३१४. सुगमं।

---

§ ३१२. यह तीसरी गाथा अनुभाग उदय और प्रदेशउदयके प्रवृत्तक्रमका ज्ञान कराती है। इसकी अर्थप्ररूपणा सुगम है। यद्यपि इस अर्थको पहलेकी दो गाथाओं द्वारा ही स्वीकार कर लिया गया है तो भी मन्दबुद्धि जनोंको सुखपूर्वक ज्ञान करानेके लिये फिर भी कहा है, इसलिए यहाँपर पुनरुक्त दोषकी आशंका नहीं करनी चाहिये, और इसीलिये इस प्रकारसे इसकी अर्थविभाषा की गई है इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* इस भाष्यगाथाका अर्थ पहले ही कह आये हैं।

§ ३१३. पहलेकी दो भाष्यगाथाओंकी विभाषा करते हुए इस भाष्यगाथाका अर्थ कह आये हैं, इसलिए यहाँपर उसकी विभाषा नहीं की जाती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अथवा तीसरी मूलगाथाकी चौथी भाष्यगाथा द्वारा विभाषा करते समय ही इसका अर्थ कह आये हैं, क्योंकि इन दोनों गाथाओंमें अर्थभेद नहीं पाया जाता।

शंका—यदि ऐसा है तो इस गाथाको आरम्भ नहीं करना चाहिये?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि इसका पहले ही उत्तर दे आये हैं।

इस प्रकार संक्रामणप्रस्थापकके चार मूलगाथाओंकी अर्थविभाषा समाप्त हुई। इससे आगे उसी जीवके स्थिति और अनुभागकी अपवर्तनासे सम्बन्ध रखनेवाली तीन मूलगाथाओंकी अर्थविभाषा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* इससे आगे पाँचवीं मूलगाथा है। उसकी समुत्कीर्तना करते हैं—

§ ३१४. यह सूत्र सुगम है।

---

१. ता०प्रतौ पुव्वं भणिदो इति पाठः।

* जहा ।

§ ३१५. सुगमं ।

(९८) किं अंतरं करेंतो वड्ढदि हायदि ट्ठिदी य अणुभागे ।
णिरुवक्कमा च वट्टी हाणी वा केच्चिरं कालं ॥१५१॥

§ ३१६. एसा ओवट्टणामूलगाहाणं पढमा संकामयपडिबद्धसत्तमूलगाहाणमादीदो वट्टदि पंचमी सुत्तगाहा किमट्ठमोइण्णा त्ति पुच्छिदे—अंतरदुसमयकदावत्थमादिं कादूण जाव छण्णोकसायक्खवणद्धाए चरिमसमओ त्ति एदम्मि अवत्थंतरे वट्टमाणस्स खवगस्स ट्ठिदि-अणुभागविसयाणमोकड्डुक्कड्डणाणं पवत्तिक्कमजाणावणट्ठं, पुणो ओकड्डिदाणमुक्कड्डिदाणं च पदेसाणं णिरुवक्कमसरूवेणावट्ठाणकालपमाणावहारणट्ठं च ओइण्णा । तं कधं ? 'किं अंतरं करेंतो' एवं भणिदे केत्तियमेत्तमइच्छावणं करेमाणो ट्ठिदि-अणुभागे वड्ढदि हायदि वा, किं तावं णिरुद्धट्ठिदि-पदेसग्गमोकड्डमाणो उक्कड्डमाणो वा एगट्ठिदिमेत्तमंतरं कादूण हेट्ठिमोवरिमासेसट्ठिदीसु ओकड्डिदुक्कड्डिदु च ट्ठादि, आहो अत्थि को वि अइच्छावणाणियमो त्ति भणिदं होदि । एवमणुभाग-विसयाणं पि ओकड्डुक्कड्डणाणं पुच्छा कायव्वा । ण केवलं खवगसेढीए चेव पयद-

---

* जैसे ।

§ ३१५. यह सूत्र सुगम है ।

(९८) कितने अन्तरको करता हुआ यह जीव स्थिति और अनुभागको बढ़ाता अथवा घटाता है अथवा अन्तरको करता हुआ यह जीव स्थिति और अनुभागको किस प्रकार घटाता और बढ़ाता है । तथा उत्कर्षित अथवा अपकर्षित हुए प्रदेशपुंज निरुपक्रम होकर कितने कालतक अवस्थित रहते हैं ॥१५१॥

§ ३१६. अपवर्तनासम्बन्धी मूलगाथाओंमें यह प्रथम मूलगाथा है जो संक्रामकप्रस्थापकसे सम्बन्ध रखनेवाली सात मूलगाथाओंमें प्रारम्भसे लेकर पाँचवीं सूत्रगाथा है सो यह किसलिए अवतीर्ण हुई है ऐसा पूँछनेपर कहते हैं कि अन्तर करनेके दूसरे समयसे लेकर छह नोकषायोंके क्षपणाके अन्तिम समयतक इस अवस्थाके भीतर विद्यमान हुए क्षपकके स्थिति और अनुभाग-विषयक अपकर्षण और उत्कर्षणकी प्रवृत्तिके क्रमका ज्ञान करानेके लिये तथा अपकर्षित और उत्कर्षित हुए प्रदेशोंके निरुपक्रमरूपसे अवस्थानकालके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये अवतीर्ण हुई है ।

शंका—वह कैसे ।

समाधान—'किं अंतरं करेंतो' ऐसा कहनेपर कितने प्रमाणमें अतिस्थापनाको करता हुआ स्थिति और अनुभागको बढ़ाता अथवा घटाता है । क्या विवक्षित प्रदेशपुंजको अपकर्षित अथवा उत्कर्षित करता हुआ एक स्थितिमात्र अन्तर करके नीचेकी और ऊपरकी समस्त स्थितियोंमें अपकर्षण और उत्कर्षण प्राप्त करता है या कोई अतिस्थापनाका नियम है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इसी प्रकार अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणके सम्बन्धमें पृच्छा करनी

विचारो, किं तु संसारावत्थाए वि ओकड्डुक्कड्डणाणं पवुत्तिक्कमो जहण्णुक्कस्स[1] इच्छावणाणिक्खेवपडिबद्धो अणुमग्गियव्वो त्ति एसो गाहापुव्वद्धे सुत्तत्थविणिच्छओ।

§ ३१७. अहवा 'किं अंतरं करेंतो' एवं भणिदे अंतरकरणं करेमाणो एदं अंतरकरणावत्थाए तत्तो पुव्वुत्तरावत्थासु च ट्ठिदि-अणुभागे कधमुक्कड्डदि ओकड्डदि वा त्ति सुत्तत्थसंबंधो कायव्वो। 'वड्ढदि' त्ति वुत्ते उक्कड्डदि त्ति घेत्तव्वं। 'हायदि' त्ति वुत्ते ओकड्डदि त्ति गहेयव्वं। 'णिरुवक्कमा च वड्ढी' एवं भणिदे ओकड्डिदमुक्कड्डिदं वा पदेसग्गं णिरुवक्कमं होदूण केवचिरं कालमवट्ठिदं, किमोकड्डिदुक्कड्डिदाणंतरसमये चेव पुणो वि ओकड्डुक्कड्डण-परपयडिसंकमादिकिरियाणं पाओग्गं होदि, अहो ण होदि त्ति भणिदं होदि। ण केवलमोकड्डुक्कड्डणाणमेव एसो पुच्छाणिद्देसो, किंतु परपयडिसंकमस्स वि दट्ठव्वो, परपयडीसु संकंतं पदेसग्गं कियच्चिरं कालं णिरुवक्कमं होदूण चिट्ठदि त्ति एदस्स वि अत्थस्स [illegible] सुत्तणिद्दिट्ठपरूवणेयंतभावो। कधं पुण मूलगाहाए असंतो एसो अत्थो जाणिज्जदे? ण, गाहासुत्तस्सेदस्स देसामासयभावेण तहाविहत्थसंगहे विरोहाभावादो। अथवा 'णिरुवक्कमा च' एत्थतण 'च' सद्देणाणुत्तसमुच्चयट्ठेण परपयडिसंकमो गहेयव्वो।

चाहिए। प्रकृत विचारणा केवल क्षपकश्रेणिके सम्बन्धमें ही नहीं है, किन्तु संसार अवस्थामें भी जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापना तथा निक्षेपसे सम्बन्ध रखनेवाले अपकर्षण और उत्कर्षणके प्रवृत्तिक्रमकी मार्गणा कर लेनी चाहिए इस प्रकार उक्त मूलगाथाके पूर्वार्धसम्बन्धी सूत्रके अर्थका निर्णय है।

§ ३१७. अथवा 'किं अंतरं करेंतो' ऐसा कहनेपर अन्तरकरण करता हुआ यह जीव अन्तरकरणकी अवस्थामें तथा उससे पहलेकी और आगेकी अवस्थाओंमें स्थिति और अनुभागको कैसे उत्कर्षित करता है या अपकर्षित करता है ऐसा इस सूत्रके अर्थका सम्बन्ध करना चाहिए। 'वड्ढदि' ऐसा कहनेपर उत्कर्षित करता है ऐसा ग्रहण करना चाहिये। तथा 'हायदि' ऐसा कहने पर अपकर्षित करता है ऐसा ग्रहण करना चाहिये। 'णिरुवक्कमा च वड्ढी' ऐसा कहनेपर अपकर्षित अथवा उत्कर्षित किया गया प्रदेशपुंज निरुपक्रम होकर कितने कालतक अवस्थित रहता है? क्या अपकर्षित और उत्कर्षित करनेके अनन्तर समयमें ही फिर भी अपकर्षण, उत्कर्षण और परप्रकृतिसंक्रम आदि क्रियाओंके योग्य होता है या नहीं होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। केवल अपकर्षण और उत्कर्षणके सम्बन्धमें ही यह पृच्छाका निर्देश नहीं किया गया है, किन्तु परप्रकृतिसंक्रमके विषयमें भी जानना चाहिये। परप्रकृतियोंमें संक्रान्त हुआ प्रदेशपुंज कितने कालतक निरुपक्रम होकर स्थित रहता है इस प्रकार इस अर्थकी भी आगे सूत्रमें निबद्ध की गई प्ररूपणासे उपलब्धि होती है।

शंका—मूलगाथामें नहीं उपलब्ध हुआ यह अर्थ कैसे जाना जाता है?

समाधान—नहीं, क्योंकि इस गाथासूत्रके देशामर्षकरूपसे उक्त प्रकारके अर्थके संग्रह करनेमें कोई विरोध नहीं है। अथवा 'णिरुवक्कमा च' यहाँ आये हुए अनुक्तका समुच्चय करनेवाले

---

१. ता०प्रतौ ओकड्डिदुक्कड्डिदं इति पाठः।

§ ३१८. संपहि एवंविहत्थपडिबद्धस्सेदस्स गाहासुत्तस्स पुच्छामेत्तेणेव सूचिदासेसपयदत्थवित्थरस्स विहासाए कीरमाणाए तत्थ तिण्णि भासगाहाओ अत्थि त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** एत्थ तिण्णि भासगाहाओ ।**

§ ३१९. सुगमं ।

*** तासिं समुक्कित्तणं विहासणं च वत्तइस्सामो । तं जहा ।**

§ ३२०. सुगममेदं भासगाहाणमवयारावेक्खं पुच्छावक्कं ।

*** पढमाए गाहाए समुक्कित्तणा ।**

§ ३२१. सुगमं ।

(९९) ओवट्टणा जहण्णा आवलिया ऊणिया तिभागेण ।
एसा ट्ठिदीसु[1] जहण्णा तहाणुभागेसणंतेसु ॥१५२॥

§ ३२२. एसा पढमभासगाहा मूलगाहापुव्वद्धपडिबद्धाणं ट्ठिदिअणुभागविसयाणमोकड्डुक्कड्डणाणं जहण्णुक्कस्साइच्छावणाणिक्खेवपमाणावहारणट्ठमोइण्णा, ओकड्डणाविसयजहण्णाइच्छावणाणिक्खेसमुहेण सेसासेसपरूवणाए देसामासयभावेणेदिस्से पवुत्तिदंसणादो । तं जहा—'ओवट्टणा जहण्णा' एवं भणिदे ट्ठिदि-

---

'च' शब्द द्वारा परप्रकृतिसंक्रमको ग्रहण कर लेना चाहिये ।

§ ३१८. अब इस प्रकारके अर्थसे सम्बन्ध रखनेवाले तथा पृच्छा मात्रसे ही अशेष अर्थोंके विस्तारको सूचित करनेवाले इस गाथासूत्रकी विभाषा करनेपर उस विषयमें तीन भाष्यगाथाएँ हैं इस बातका ज्ञान कराते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** प्रकृत गाथासूत्रके विषयमें तीन भाष्यगाथाएँ हैं ।**

§ ३१९. यह सूत्र सुगम है ।

*** अब उनकी समुत्कीर्तना और विभाषाको बतलावेंगे । वह जैसे ।**

§ ३२०. भाष्यगाथाओंके अवतारकी अपेक्षा रखनेवाला यह पृच्छावाक्य सुगम है ।

*** अब प्रथम भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना करते हैं ।**

§ ३२१. यह सूत्र सुगम है ।

(९९) तीसरे भागसे हीन एक आवलिप्रमाण जघन्य अपवर्तना होती है । यह सब स्थितियोंमें जघन्य अपवर्तना है । तथा अनुभाग विषयक जघन्य अपवर्तना अनन्त स्पर्धकोंमें जाननी चाहिये ॥१५२॥

§ ३२२. यह प्रथम भाष्यगाथा मूलगाथाके पूर्वार्धसे सम्बन्ध रखनेवाले स्थिति और अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणके जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापना और निक्षेपके प्रमाणके अवधारण करनेके लिए आई है, क्योंकि अपकर्षणाविषयक जघन्य अतिस्थापनाके निर्देश

ओकड्डेमाणो जहण्णदो वि आवलियाए बे-तिभागमेत्तमइच्छाविय णिक्खिवदि त्ति भणिदं होदि। 'एसा ट्ठिदीसु जहण्णा' एवं भणिदे ठिदिविसया एसा जहण्णा इच्छावणा ओकड्डणाविसये घेत्तव्वा त्ति वुत्तं होइ। 'तहाणुभागेसणंतेसु' एवं भणिदे अणुभागविसया ओवट्टणा जहण्णे वि अणंतेसु फद्दएसु पडिबद्धा जाव अणंताणि फद्दयाणि णाधिच्छाविदाणि ताव अणुभागविसया ओकड्डणा ण पयट्टदि त्ति वुत्तं होइ। एत्थ विसेसणिण्णयं पुव्वो कस्साभो। संपहि एदीए गाहाए सूचिदाणमत्थाणं विवरणं करेमाणो चुण्णिसुत्तयारो विहासागंथमुत्तरमाढवेइ—

* विहासा।

§ ३२३. सुगमं।

* जा समयाहिया आवलिया उदयादो एवमादिट्ठिदी ओकड्डिज्जदि समयूणाए आवलियाए बे-तिभागे अइच्छावेदूण णिक्खिवदि। णिक्खेवो समयूणाए आवलियाए तिभागो समयुत्तरो।

§ ३२४. एदेण सुत्तेण ट्ठिदिविसयाए ओकड्डणाए जहण्णाइच्छावणा-णिक्खेवाणं पमाणपरिच्छेदो कदो दट्ठव्वो। तं कधं? उदयादो पहुडि समयाहियावलियाए जा

द्वारा शेष समस्त प्ररूपणामें देशामर्षकरूपसे इस भाष्यगाथाकी प्रवृत्ति देखी जाती है। वह जैसे—'ओवट्टणा जहण्णा' ऐसा कहनेपर स्थितिका अपकर्षण करता हुआ जघन्यरूपसे भी आवलिके दो-तीन भागमात्र स्थितिको अतिस्थापित करके निक्षेप करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'एसा ट्ठिदिसु जहण्णा' ऐसा कहनेपर स्थितिविषयक यह जघन्य अतिस्थापना अपवर्तनाके विषयमें ग्रहण करनी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'तहाणुभागेसणंतेसु' ऐसा कहनेपर अपवर्तना-विषयक जघन्य अपवर्तना अनन्त स्पर्धकोंमें प्रतिबद्ध होकर भी जबतक अनन्त स्पर्धक अतिस्थापित नहीं होते हैं तबतक अनुभागविषयक अपवर्तना नहीं प्रवृत्त होती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यहाँपर विशेष निर्णय आगे करेंगे। अब इस गाथा द्वारा सूचित हुए अर्थोंका विवरण करते हुए चूर्णिसूत्रकार आगेके विभाषाग्रन्थको आरम्भ करते हैं—

* अब इस भाष्यगाथाकी विभाषा करते हैं।

§ ३२३. यह सूत्र सुगम है।

* उदयसे लेकर एक समय अधिक आवलिकी जो आदि स्थिति अपकर्षित की जाती है उसे एक समय कम आवलिके दो-तीन भागरूप इतनी स्थितिको अतिस्थापित कर निक्षिप्त करता है, अतः एक समय कम एक आवलिके एक समय अधिक त्रिभागप्रमाण निक्षेप होता है।

§ ३२४. इस सूत्र द्वारा स्थितिविषयक अपकर्षणकी जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपके प्रमाणकी मर्यादा की गई जानना चाहिये।

शंका—वह कैसे?

ट्ठिदी समयट्ठिदा तिस्से ओकड्डिज्जमाणियाए किमइच्छावणाप्पमाणं, किं वा णिक्खेव-प्पमाणमिदि भुत्ते 'समयूणाए आवलियाए बे-त्तिभागे एत्तिगे अइच्छावेदूण' इच्चादि सुत्तं, आवलियं समयूणं कादूण पुणो तिहि रूवेहि भागे[1] हिदे तत्थ बे-त्तिभागा एदिस्से जहण्णाइच्छावणापमाणं, हेट्ठिमतिभागो च पुव्वमवणिदेगरूवेण सह जहण्णणिक्खेव-प्पमाणं होदि त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसंगहो। संपहि एत्तो उवरिमाणंतरट्ठिदीए ओक-ड्डिज्जमाणाए अइच्छावणाणिक्खेवपमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** तदो जा अणंतरउवरिमट्ठिदी तिस्से णिक्खेवो तत्तिगो चेव, अइच्छावणा समयाहिया।**

§ ३२५. कुदो ? उदयावलियबाहिराणंतरट्ठिदीए एत्थाइच्छावणाभावेण पवेस-दंसणादो। तदो जहण्णाइच्छावणादो समयुत्तरा एदिस्से उदयावलियबाहिरविदिय-ट्ठिदीए अइच्छावणा होदि। णिक्खेवो पुण जहण्णओ चेवेत्ति एसो एत्थ सुत्तत्थ-संगहो। एत्तो उवरिमट्ठिदीसु वि जहण्णणिक्खेवमवट्ठिदं कादूण अइच्छावणा चेव समयुत्तरकमेण वड्ढावेयव्वा जाव समयाहियतिभागपवेसेण संपुण्णावलियमेत्ता णिव्वा-घादविसया उक्कस्साइच्छावणा जादा त्ति। तत्तो परमइच्छावणमावलियमेत्तमवट्ठिदं कादूण णिक्खेवो चेव समयुत्तरादिकमेण वड्ढावेयव्वो जाव उक्कस्सओ णिक्खेवो

समाधान—उदयसे लेकर एक समय अधिक आवलिप्रमाण जो स्थिति अवस्थित है उसका अवकर्षण करनेपर अतिस्थापनाका प्रमाण क्या है और निक्षेपका प्रमाण क्या है ऐसा कहनेपर 'एक समय कम आवलिके दो-त्रिभाग इतनी स्थितिको अतिस्थापित कर' इत्यादि कहा है, क्योंकि आवलिमें एक समय कम कर पुनः तीनका भाग देनेपर वहाँ दो-त्रिभाग जघन्य अति-स्थापनाका प्रमाण होता है और पहले निकाले गये एक रूपके साथ अधस्तन त्रिभाग जघन्य निक्षेपका प्रमाण होता है इस प्रकार यहाँ सूत्रार्थ समुच्चय है। अब इससे उपरिम अनन्तर स्थितिका अपकर्षण करनेपर अतिस्थापना और निक्षेपके प्रमाणका निश्चय करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** उससे जो अनन्तर उपरिम स्थिति है उसका निक्षेप उतना ही होता है मात्र अतिस्थापना एक समय अधिक होती है।**

§ ३२५. क्योंकि उदयावलिके बाहरकी अनन्तर स्थितिका भी यहाँपर अतिस्थापनारूपसे प्रवेश देखा जाता है, इसलिए जघन्य अतिस्थापनासे इस उदयावलिके बाहरकी द्वितीय स्थिति-की एक समय अधिक अतिस्थापना होती है। परन्तु निक्षेप जघन्य ही होता है इस प्रकार यह यहाँपर सूत्रार्थसंग्रह है। अब इससे आगे उपरिम स्थितियोंमें भी जघन्य निक्षेपको अवस्थित करके एक समय अधिकके त्रिभागके प्रवेश द्वारा पूरी एक आवलिके प्राप्त होनेतक अतिस्थापना ही समयाधिकके क्रमसे बढ़ानी चाहिये। इस प्रकार यह निर्व्याघातविषयक उत्कृष्ट अतिस्थापना हो जाती है। उससे आगे अतिस्थापनाको आवलिप्रमाण अतिस्थापित करके उत्कृष्ट निक्षेपके

---

१. ता०प्रतौ (स) रूवेहि, आ०प्रतौ सव्वेहि इति पाठः।

जादो त्ति । संपहि एवंविहस्स अत्थविसेसस्स फुडीकरणट्ठमुत्तरसुत्तद्दयमाह—

* एवं ताव अइच्छावणा वड्ढदि जाव आवलिया अइच्छावणा जादा त्ति ।

§ ३२६. सुगमं ।

* तेण परमइच्छावणा आवलिया, णिक्खेवो वड्ढदि ।

§ ३२७. सुगमं । संपहि एत्थुक्कस्सणिक्खेवपमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

* उक्कस्सओ णिक्खेवो कम्मट्ठिदी दोहिं आवलियाहिं समयाहियाहिं ऊणिगा ।

§ ३२८. एवं भणिदे कसायाणमुक्कस्सट्ठिदिं चालीससागरोवमकोडाकोडिमेत्तं बंधियूण पुणो बंधावलियमेत्तकाले जाव वोलेदि ताव उक्कस्सट्ठिदिसंतकम्ममावलियूणं भवदि । तदो से काले बंधावलियवदिक्कंतमग्गट्ठिदिमोकड्डियूण अग्गट्ठिदिं मोत्तूण तत्तो हेट्ठा आवलियमेत्तमइच्छाविय हेट्ठिमट्ठिदीसु जाव उदयट्ठिदि त्ति ताव णिक्खिवदि, तेण बंधावलियाए अइच्छावणावलियाए अग्गट्ठिदीए च ऊणिया कम्मट्ठिदी उक्कस्सणिक्खेवपमाणं होदि त्ति घेत्तव्वं । णेदमेत्थासंकणिज्जं खवगसेढिविसयाए परूवणाए

प्राप्त होनेतक निक्षेपको ही उत्तरोत्तर एक-एक समय अधिकके क्रमसे बढ़ाना चाहिये । अब इस प्रकारके अर्थविशेषको स्पष्ट करनेके लिये आगेके दो सूत्रोंको कहते हैं—

* इस प्रकार तबतक अतिस्थापना बढ़ती जाती है जब जाकर वह अतिस्थापना एक आवलिप्रमाण हो जाती है ।

§ ३२६. यह सूत्र सुगम है ।

* इससे आगे अतिस्थापना तो एक आवलिप्रमाण ही रहती है, परन्तु निक्षेप बढ़ता जाता है ।

§ ३२७. यह सूत्र सुगम है । अब यहाँ उत्कृष्ट निक्षेपके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

* उत्कृष्ट निक्षेप एक समय अधिक दो आवलियोंसे हीन कर्मस्थितिप्रमाण होता है ।

§ ३२८. इस सूत्रके इस प्रकार कहनेपर कषायोंकी उत्कृष्ट स्थिति चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण बाँधकर पुनः जबतक बन्धावलिप्रमाण काल व्यतीत होता है तबतक उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म एक आवलि कम हो जाता है । तत्पश्चात् तदनन्तर समयमें बन्धावलिके व्यतीत होनेके बाद अग्रस्थितिका अपकर्षण करके उस अग्रस्थितिको छोड़कर उससे नीचे एक आवलिप्रमाण स्थितिको अतिस्थापित करके उदयस्थितिके प्राप्त होनेतक नीचेकी सभी स्थितियोंमें निक्षिप्त करता है । इसलिए बन्धावलि, अतिस्थापनावलि और अग्रस्थितिसे हीन कर्मस्थिति उत्कृष्ट निक्षेपका प्रमाण होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये । यहाँपर ऐसी आशंका नहीं

क्षीणमाणाए संसारावत्थाए उक्कस्सणिक्खेवपमाणाणुगमो एसो असंबद्धो त्ति ? किं कारणं ? ओकड्डणसंबंधेण पसंगागदाए तप्परूवणाए दोसाणुवलंभादो ।

§ ३२९. संपहि एवमवहारिदपमाणाणं जहण्णुक्कस्साइच्छावणाणिक्खेवाणं

करनेपर कि क्षपणके विधिविधानका कथन करनेपर यहाँ संसार अवस्थाविषयक यह उत्कृष्ट निक्षेपके प्रमाणका अनुगम असम्बद्ध है, क्योंकि अपकर्षणके सम्बन्धवश प्रसंगसे प्राप्त अपकर्षण-विषयक उत्कृष्ट निक्षेपकी प्ररूपणा करनेमें कोई दोष नहीं पाया जाता ।

विशेषार्थ—कल्पनामें एक आवलिका प्रमाण १६ तथा चारित्रमोहनीयकी उत्कृष्ट स्थिति-का प्रमाण ६५५३६ ।

जब उदयावलिसे ऊपरके प्रथम निषेकके प्रदेशपुंजका अपकर्षण होता है तब नियमानुसार एक समय कम एक आवलि १५ के त्रिभाग ५ कम दो त्रिभाग १० प्रमाण ऊपरकी स्थितिको अतिस्थापित कर प्रारम्भके १ समय अधिक त्रिभाग प्रमाण १ + ५ = ६ स्थितिमें उक्त १७वें समयके द्रव्यका निक्षेप होता है । इस प्रकार प्रथम उदयनिषेकसे लेकर छठवें निषेक तकके ६ निषेक निक्षेपरूप प्राप्त होते हैं और ७वें निषेकसे लेकर १६वें तकके १० निषेक अतिस्थापना-रूप प्राप्त होते हैं । तत्पश्चात् आगे-आगेके निषेकके द्रव्यका अपकर्षण करनेपर अतिस्थापनामें एक-एक निषेककी वृद्धि तबतक होती जाती है जबतक एक आवलि १६ प्रमाण अतिस्थापना नहीं प्राप्त हो जाती । यहांतक निक्षेपका प्रमाण प्रारम्भके प्रथम निषेकसे लेकर छटवें निषेक तक ६ निषेक इतना ही रहता है । तथा अतिस्थापना ७वें निषेकसे क्रमसे बढ़कर २२वें निषेक तक एक आवलि १६ निषेकप्रमाण हो जाती है । तत्पश्चात् उत्कृष्ट निक्षेपके प्राप्त होनेतक अतिस्थापनाका प्रमाण सर्वत्र एक आवलि १६ निषेकप्रमाण ही रहता है । मात्र उत्कृष्ट निक्षेप बन्धावलि १६, अतिस्थापना-वलि १६ और अग्र (अन्तिम) स्थिति १ कुल मिलाकर ३३ निषेकोंसे हीन उत्कृष्ट स्थिति ६५५०३ निषेकप्रमाण हो जाता है । यहां नये कर्मका बन्ध होनेपर बन्धावलि कालतक वह नया बन्ध तदवस्थ रहा, इसलिए एक आवलि यह कम हो गई तथा बन्धावलिके बाद अन्तिम अग्रस्थितिके द्रव्यका अप-कर्षण हुआ, इसलिए अपकर्षित द्रव्यका उसी अग्रस्थितिमें निक्षेप होना सम्भव नहीं, इसलिए एक निषेक यह कम हो गया । तथा अग्रस्थितिके नीचे एक आवलिप्रमाण निषेक अतिस्थापनारूप हैं, अतः अपकर्षित द्रव्यका उनमें निक्षेप होना सम्भव नहीं, इसलिये एक आवलिप्रमाण निषेक ये कम हो गये । इस प्रकार कुल मिलाकर उत्कृष्ट स्थितिमेंसे बन्धावलि, अतिस्थापनावलि और अग्रस्थिति कुल ३३ निषेकोंको कम करनेपर उत्कृष्ट निक्षेपका प्रमाण कल्पनामें ६५५०३ निषेक इतना प्राप्त होता है । यहां बन्धके बाद १७वें समयमें अपकर्षण हुआ है, इसलिए तो बन्धावलि सम्बन्धी प्रारम्भके १६ निषेक ये कम हो गये । तथा ६५५३६वें निषेकके द्रव्यका अपकर्षण हुआ है, इसलिए अन्तका एक यह निषेक कम हो गया । तथा ६५५२०वें निषेकसे लेकर ६५५३५ तकके १६ निषेक अतिस्थापनारूप हैं, इसलिए १६ निषेक ये कम हो गये । इस प्रकार ६५५३६ मेंसे ३३ निषेक घटकर कुल १७वें निषेकसे लेकर ६५५१९ तकके ६५५०३ निषेकोंमें अपकर्षित द्रव्यका निक्षेप हुआ यह सिद्ध होता है । यहाँ प्रकरण चारित्रमोहनीयका है, क्योंकि चारित्रमोहनीयकी क्षपणाका निर्देश किया जा रहा है, अतः धवलाकारने संसारअवस्थाकी मुख्यतासे चारित्रमोहनीय-सम्बन्धी उत्कृष्ट स्थितिकी अपेक्षा ही यह अपकर्षणसम्बन्धी नियमका निर्देश किया है । यह अव्याघातविषयक अपकर्षणसम्बन्धी कथन है इतना यहाँ विशेष जानना चाहिये ।

§ ३२९. अब इस प्रकार जिनके प्रमाणका ज्ञान करा दिया गया है ऐसे इन जघन्य और

पमाणविसए पुणो वि णिण्णयकरणट्ठमुवरिमप्पाबहुअपबंधमाढवेइ—

* जहण्णओ णिक्खेवो थोवो ।

§ ३३०. किं कारणं ? [illegible] तस्स पमाणं संदिट्ठीए एत्तियमिदि घेत्तव्वं ६ ।

* जहण्णिया अइच्छावणा समयूणाए आवलियाए बे-त्तिभागा विसेसाहिया ।

§ ३३१. जहण्णाइच्छावणा समयूणावलियबे-त्तिभागपमाणा होदूण समयाहियतिभागादो पुव्विल्लादो विसेसाहिया त्ति भणिदं होदि । तत्तो दुरूवूणदुगुणपमाणत्तादो । तिस्से पमाणं संदिट्ठीए एत्तियमेत्तमिदि घेत्तव्वं १० ।

* उक्कस्सिया अइच्छावणा विसेसाहिया ।

§ ३३२. कुदो ? संपुण्णावलियपमाणत्तादो १६ ।

* उक्कस्सओ णिक्खेवो असंखेज्जगुणो ।

§ ३३३. कुदो ? समयाहियदोआवलियूणकम्मट्ठिदिपमाणत्तादो । एवमेदीए पढमभासगाहाए मूलगाहापुव्वद्धो विहासिदो होदि । णवरि अणुभागविसयोकड्डणाए

उत्कृष्ट अतिस्थापना और निक्षेपके प्रमाणके विषयमें फिर भी निर्णय करनेके लिये आगेके अल्पबहुत्वप्रबन्धको आरम्भ करते हैं—

* जघन्य निक्षेप सबसे अल्प है ।

§ ३३०. क्योंकि एक समय कम आवलिके तीन भाग करके एक समय अधिक उसे त्रिभागको निक्षेपरूपमें ग्रहण किया है । उसका प्रमाण अंकसंदृष्टिसे इतना अर्थात् ६ ग्रहण करना चाहिये ।

* जघन्य अतिस्थापना एक समय कम आवलिके दो त्रिभागप्रमाण होकर विशेषाधिक है ।

§ ३३१. जघन्य अतिस्थापना एक समय कम एक आवलिके दो-त्रिभागप्रमाण होकर एक समय अधिक त्रिभागप्रमाण पूर्वोक्त जघन्य निक्षेपसे विशेष अधिक है यह उक्त कथनका तात्पर्य, क्योंकि यह जघन्य अतिस्थापना जघन्य निक्षेपसे दो कम द्विगुणप्रमाण है । उसका प्रमाण संदृष्टिकी अपेक्षा इतना अर्थात् १० ग्रहण करना चाहिये ।

* उत्कृष्ट अतिस्थापना विशेष अधिक है ।

§ ३३२. क्योंकि यह सम्पूर्ण एक आवलिप्रमाण है । जिसका प्रमाण अंक संदृष्टिकी अपेक्षा १६ है ।

* उत्कृष्ट निक्षेप असंख्यातगुणा है ।

§ ३३३. क्योंकि यह एक समय अधिक दो आवलिसे हीन उत्कृष्ट कर्मस्थितिप्रमाण है । इस प्रकार इस प्रथम भाष्यगाथा द्वारा मूलगाथाके पूर्वार्धकी विभाषा सम्पन्न होती है । इतनी

णुक्कस्साइच्छावणाणिक्खेवपमाणाणुगमो ट्ठिदि-अणुभागाणमुक्कड्डणाविसय-णुक्कस्साइच्छावणाणिक्खेवविचारो च उवरिममूलगाहासु पबंधेण परूविज्जिहिदि ति चुण्णिसुत्तयारेणेत्थ ण परूविदो। संपहि 'णिरुवक्कमा च वड्ढी' इच्चेदस्स मूल-गाहापच्छद्धस्स विवरणट्ठं विदियभासगाहाए अवयारं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

❀ विदियाए गाहाए समुक्कित्तणा।

§ ३३४. सुगमं।

* जहा।

§ ३३५. सुगमं।

(१००) संकामेदुक्कड्डदि जे अंसे ते अवट्ठिदा होंति।
आवलियं से काले तेण परं होंति भजियव्वा ॥१५३॥

§ ३३६. एसा विदियभासगाहा परपयडीसु संकामिदपदेसग्गस्स ट्ठिदि-अणु-भागेहिं उक्कड्डिदस्स च आवलियमेत्तकालं णिरुवक्कमभावेणावट्ठाणं होदि त्ति इममत्थ-विसेसं जाणावेइ। तं जहा—'संकामेदुक्कड्डदि' एवं भणिदे संकामेदि वा उक्कड्डेदि त्ति जे कम्मपदेसे ते आवलियमेत्तकालमवट्ठिदा होंति, आवलियमेत्तकालं किरियंतर-परिणामेण विणा जहा जत्थ णिक्खित्ता तहा चेव तत्थ णिच्चलभावेणावचिट्ठंति त्ति

विशेषता है कि अनुभागविषयक अपकर्षणके जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापना और निक्षेपके प्रमाणका अनुगम तथा स्थिति और अनुभागसम्बन्धी उत्कर्षणके जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापना और निक्षेपका विचार आगे मूल गाथाओंमें विस्तारसे कहेंगे, इसलिए चूर्णिसूत्रकारने यहाँ उनकी प्ररूपणा नहीं की है। अब 'णिरुवक्कमा च वड्ढी' इस प्रकार मूलगाथाके इस उत्तरार्धका व्याख्यान करनेके लिये दूसरी भाष्यगाथाका अवतार करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

❀ अब दूसरी भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना करते हैं।

§ ३३४. यह सूत्र सुगम है।

* जैसे।

§ ३३५. यह सूत्र सुगम है।

(१००) जो कर्मपुंज संक्रमित होता है और उत्कर्षित होता है वह एक आवलि-प्रमाण कालतक अवस्थित रहता है। तदनन्तर समयमें वहाँसे लेकर वह संक्रमित और उत्कर्षित होनेवाला कर्मपुंज भजनीय है ॥१५३॥

§ ३३६. यह दूसरी भाष्यगाथा परप्रकृतियोंमें संक्रमित होनेवाले प्रदेशपुंजका और स्थिति तथा अनुभागरूपसे उत्कर्षित होनेवाले प्रदेशपुंजका एक आवलि कालतक निरुपक्रमरूपसे अवस्थान होता है इस प्रकार इस अर्थविशेषका ज्ञान कराती है। वह जैसे—'संकामेदुक्कड्डदि' इस प्रकार कहनेपर जिन कर्मप्रदेशोंको संक्रमित करता है अथवा उत्कर्षित करता है वे एक आवलिप्रमाण कालतक अवस्थित रहते हैं। एक आवलिप्रमाण कालतक दूसरी प्रकारकी क्रियारूपसे परिणमन

वुत्तं होइ। 'से काले' तदणंतरसमयप्पहुडि 'तेण परं' तत्तो उवरि 'होंति भजियव्वा भयणिज्जा भवंति। संकमावलियमेत्तकाले वदिक्कंते तत्तो परं संकामिदा उक्कड्डिदा च जे कम्मंसा ते वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणादिकिरियाहिं भयणिज्जा होंति, तत्तो परं तत्थ वुत्तीए पडिसेहाभावादो त्ति वुत्तं होदि। संपहि एवंविहमेदिस्से गाहाए अत्थविसेसं विहासेमाणो चुण्णिसुत्तयारो विहासागंथमुत्तरं भणइ—

* विहासा।

§ ३३७. सुगमं।

* जं पदेसग्गं परपयडीए संकामिज्जदि ट्ठिदीहिं वा अणुभागेहिं वा उक्कड्डिज्जदि तं पदेसग्गमावलियं ण सक्को ओकड्डिदुं वा उक्कड्डिदुं वा संकामेदुं वा।

§ ३३८. जं पदेसग्गं परपयडीए संकामिज्जदि तमावलियमेत्तकालं ण सक्कमोकड्डिदुमुक्कड्डिदुं संकामेदुं वा। जं च पदेसग्गमुक्कड्डिज्जदि ट्ठिदीहिं वा अणुभागेहिं वा तं पि आवलियमेत्तकालं ण सक्कमोकड्डिडदुमुक्कड्डिडदुं संकामेदुं वा त्ति पादेक्कं महिसंबंधं कादूण सुत्तत्थपरूवणा एत्थ कायव्वा। सुगममण्णं। एदेण सुत्तेण गाहा-

---

किये बिना जो जहाँ जिस प्रकार निक्षिप्त हुए हैं वहीं उसी प्रकार निश्चलरूपसे अवस्थित रहते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'से काले' अर्थात् तदनन्तर समयसे लेकर 'तेण परं' अर्थात् उस समयके बाद वे भजियव्वा अर्थात् भजनीय हैं। तात्पर्य यह है कि संक्रमणावलिप्रमाण कालके व्यतीत होनेपर उसके बाद जो कर्मपुंज संक्रमित या उत्कर्षित हुए हैं वे वृद्धि, हानि और अवस्थान आदि क्रियारूपसे भजनीय होते हैं, क्योंकि उसके बाद उनकी क्रियान्तररूपसे प्रवृत्ति होनेमें प्रतिषेधका अभाव है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब इस प्रकार इस गाथाके अर्थविशेषकी विभाषा करते हुए चूर्णिसूत्रकार आगेके विभाषाग्रन्थको कहते हैं—

* अब उक्त भाष्यगाथाकी विभाषा करते हैं।

§ ३३७. यह सूत्र सुगम है।

* जो प्रदेशपुंज परप्रकृतिरूपसे संक्रमित किया जाता है या स्थिति और अनुभागके द्वारा उत्कर्षित किया जाता है वह प्रदेशपुंज एक आवलि कालतक अपकर्षित करनेके लिए, उत्कर्षित करनेके लिये या संक्रमित करनेके लिए शक्य नहीं है।

§ ३३८. जो प्रदेशपुंज परप्रकृतिरूपसे संक्रमित किया जाता है वह एक आवलिप्रमाण कालतक अपकर्षित करनेके लिए, उत्कर्षित करनेके लिये या संक्रमित करनेके लिये शक्य नहीं है और जो प्रदेशपुंज स्थिति और अनुभागके द्वारा उत्कर्षित किया जाता है वह भी एक आवलिप्रमाण कालतक अपकर्षित करनेके लिये, उत्कर्षित करनेके लिये अथवा संक्रमित करनेके लिये शक्य नहीं है, इस प्रकार प्रत्येकके साथ सम्बन्ध करके यहाँपर सूत्रकी प्ररूपणा करनी चाहिये।

वदो चेव विहासिदो। गाहापच्छद्धविहासा एदेणेव गयत्था त्ति णाढत्ता, आवलिय-मेत्तकालं णिरुवक्कमभावे परूविदे तत्तो परमोकड्डणादिकिरियाहिं भयणिज्जभावस्स सुहावगम्मत्तादो। एवं विदियभासगाहाए विवरणं काद्ण संपहि तदियभासगाहाए अवयारं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

* एत्तो तदियाए भासगाहाए समुक्कित्तणा।

§ ३३९. सुगमं।

(१०१) ओकड्डदि जे अंसे से काले ते च होंति भजियव्वा।
वड्ढीए अवट्ठाणे हाणीए संकमे उदए ॥१५४॥

§ ३४०. एदीए भासगाहाए जहा उक्कड्डिदपरमाणूणं परपयडीसु संकामिद-परमाणूणं च आवलियमेत्तकालं णिरुवक्कमभावेणावट्ठाणणियमो, ण एवमोकड्डिद-पदेसग्गस्स, किंतु ओकड्डिददिदियसमए चेव पुणो वि ओकड्डिदुमुक्कड्डिदुमण्ण-पयडिं संकामेदुमुदीरेदुं च संभवो अत्थि त्ति एसो अत्थविसेसो जाणाविदो। तं जहा—'ओकड्डदि जे अंसे' एवं भणिदे जाणि कम्माणि ट्ठिदि-अणुभागेहिं ओकड्डदि ताणि से काले चेव वड्ढि-हाणि-अवट्ठाण-संकमोदीरणाहिं भजियव्वाणि त्ति वुत्तं होइ। एदस्स भावत्थो—ओकड्डिदपदेसग्गं[1] किंचि तदणंतरसमए चेव पुणो उक्कड्डिज्जदि,

---

त्य कथन सुगम है। इस सूत्र द्वारा गाथाके पूर्वार्धकी ही विभाषा की गई है। गाथाके उत्तरार्ध-की विभाषा इसी सूत्रसे ही गतार्थ है, इसलिये उसकी प्ररूपणा अलगसे आरम्भ नहीं की है, क्योंकि एक आवलिप्रमाण कालतक संक्रमित या उत्कर्षित द्रव्यके निरुपक्रमरूपसे प्ररूपित करनेपर उसके बाद अपकर्षणादि क्रिया भजनीय है इसका मन्दबुद्धि जीव भी सुखपूर्वक ज्ञान कर लेते हैं। इस प्रकार दूसरी भाष्यगाथाका विवरण करके अब तीसरी भाष्यगाथाका अवतार करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* आगे तीसरी भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना करते हैं।

§ ३३९. यह सूत्र सुगम है।

(१०१) स्थिति और अनुभागके द्वारा जो कर्मपुंज अपकर्षित किये जाते हैं वे तदनन्तर समयमें वृद्धि, अवस्थान, हानि, संक्रम और उदयके विषयमें भजनीय हैं॥१५४॥

§ ३४०. जिस प्रकार उत्कर्षित हुए परमाणुओंके और संक्रमित हुए परमाणुओंके एक आवलिप्रमाण कालतक निरुपक्रमरूपसे अवस्थानका नियम है उस प्रकारका नियम अपकर्षित होनेवाले प्रदेशपुंजका नहीं है, किन्तु अपकर्षित होनेके दूसरे समयमें ही फिर भी उनका अपकर्षण होना, उत्कर्षण होना, परप्रकृतियोंमें संक्रमित होना और उदीरणा होना सम्भव है इस अर्थ-विशेषका इस गाथा द्वारा ज्ञान कराया गया है। वह जैसे—'ओकड्डदि जे अंसे' ऐसा कहनेपर जो कर्म स्थिति और अनुभागके द्वारा अपकर्षित होते हैं वे कर्म तदनन्तर समयमें ही वृद्धि, हानि, अवस्थान, संक्रम और उदीरणाके द्वारा भजनीय हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसका यह

---

१. ता०प्रतौ -पदेसग्गस्स इति पाठः।

किंचि ण उक्कड्डिज्जदि त्ति एवं वड्ढीए भजिदव्वं, अवट्ठाणे वि ओकड्डिदपदेसग्गं किंचि सत्थाणे चेव अच्छदि, किंचि अण्णं किरियं गच्छदि त्ति भयणिज्जं। एवमोकड्डणाए संकमोदएहिं भयणिज्जत्तं जोजेयव्वं, ओकड्डिदबिदियसमए चेव पुणो वि ओकड्डणादीणं पवुत्तीए बाहाणुवलंभादो त्ति। संपहि एदस्स चेव अत्थस्स फुडीकरणट्ठमुवरिमविहासागंथमोदारइस्सामो—

* विहासा।

§ ३४१. सुगमं।

* ट्ठिदीहिं वा अणुभागेहिं वा पदेसग्गमोकड्डिज्जदि तं पदेसग्गं से काले चेव ओकड्डिज्जेज्ज वा उक्कड्डिज्जेज्ज वा संकामिज्जेज्ज वा उदीरिज्जेज्ज वा।

§ ३४२. गयत्थमेदं सुत्तं। णवरि 'ट्ठिदीहिं वा अणुभागेहिं वा' त्ति वुत्ते कम्मपदेसाणमोकड्डणा ट्ठिदि-अणुभागमुहेणेव होइ, णाण्णहा त्ति एसो अत्थविसेसो जाणाविदो। एवमेत्तिएण पबंधेण तीहिं भासगाहाहिं पंचमीए मूलगाहाए अत्थविहासं समाणिय संपहि छट्ठीए मूलगाहाए जहावसरपत्तमत्थविहासणं कुणमाणो उवरिमं सुत्तपबंधमाह—

भावार्थ है—अपकर्षित होनेवाले प्रदेशपुंजका कुछ भाग तदनन्तर समयमें पुनः उत्कर्षित हो जाता है, कुछ भाग उत्कर्षित नहीं होता ऐसा वृद्धिके विषयमें कहना चाहिये। अवस्थानके विषयमें भी कुछ भाग स्वस्थानमें ही अवस्थित रहता है तथा कुछ अन्य क्रियाको प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार यह भजनीय है। इसी प्रकार अपकर्षण, संक्रम और उदयकी अपेक्षा भजनीयपनेकी योजना कर लेनी चाहिये, क्योंकि अपकर्षित होनेके दूसरे समयमें ही फिर अपकर्षण आदिकी प्रवृत्ति होनेमें कोई बाधा उपलब्ध नहीं होती। अब इसी अर्थको स्पष्ट करनेके लिये आगेके विभाषाग्रन्थका अवतार करते हैं—

* अब इस भाष्यगाथाकी विभाषा करते हैं।

§ ३४१. यह सूत्र सुगम है।

* स्थितियोंके द्वारा अथवा अनुभागोंके द्वारा जिस प्रदेशपुंजका अपकर्षण किया जाता है उस प्रदेशपुंजका अनन्तर समयमें ही अपकर्षण किया जा सकता है या उत्कर्षण किया जा सकता है, या संक्रमण किया जा सकता है या उदीरणा की जा सकती है।

§ ३४२. यह सूत्र गतार्थ है। इतनी विशेषता है कि 'ट्ठिदीहिं वा अणुभागेहिं वा' ऐसा कहनेपर कर्मप्रदेशोंकी अपकर्षणा स्थिति और अनुभागमुखसे ही होती है, अन्य प्रकारसे नहीं, इस प्रकार उक्त पदों द्वारा इस अर्थका ज्ञान कराया गया है। इस प्रकार इतने प्रबन्ध द्वारा तीन भाष्यगाथाओंका अवलम्बन लेकर पाँचवीं मूलगाथाकी अर्थविभाषा समाप्त कर अब छठी मूलगाथाके अवसर प्राप्त विभाषाको करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* एसो छट्ठीए मूलगाहाए समुक्कित्तणा ।

§ ३४३. ओवट्टणविदियमूलगाहा चेव संकामणपवट्टगस्स चदुहि मूलगाहाहिं बोहिज्जमाणा छट्ठी मूलगाहा त्ति भण्णदे । तिस्से समुक्कित्तणा इदाणिं कीरदि एसो एत्थ सुत्तत्थसंगहो ।

* तं जहा ।

§ ३४४. सुगमं ।

(१०२) एक्कं च ट्ठिदिविसेसं तु ट्ठिदिविसेसेसु कदिसु वड्ढे दि ।
हरसेदि कदिसु एगं तहाणुभागेसु बोद्धव्वं ॥१५५॥

§ ३४५. एसा छट्ठी मूलगाहा ट्ठिदि-अणुभागविसयाणमोकड्डुक्कड्डणाणं जहण्णुक्कस्सणिक्खेवपमाणावहारणट्ठमोइण्णा । ण च एसो अत्थो पुव्विल्लमूलगाहाए पुव्वद्धे चेव पडिबद्धो त्ति एदिस्से णिप्फलत्तमासंकणिज्जं, पुव्विल्लगाहापुव्वद्धे तदइच्छावणापरूवणाए चेव पहाणभावेण पडिबद्धत्तोवलंभादो । संपहि एदस्स गाहासुत्तस्स किंचि अवयवत्थपरामरसं कस्सामो । तं जहा—'एक्कं च ट्ठिदिविसेसं तु' इदं भणिदे एक्कं ट्ठिदिविसेसमुक्कड्डेमाणो कदिसु ट्ठिदिविसेसेसु वड्ढे दि, किमेक्किस्से,

---

* अब आगे छटी मूलगाथाकी समुत्कीर्तना करते हैं ।

§ ३४३. संक्रामणप्रस्थापकके चार मूलगाथाओंके साथ की गई अपवर्तनसम्बन्धी दूसरी मूलगाथा ही छटी मूलगाथा कही जाती है। उसकी समुत्कीर्तना इस समय करते हैं इस प्रकार यह यहाँ इस सूत्रके अर्थका तात्पर्य है ।

* वह जैसे ।

§ ३४४. यह सूत्र सुगम है ।

(१०२) एक स्थितिविशेषको कितने स्थितिविशेषोंमें बढ़ाता है तथा एक स्थितिविशेषको कितने स्थितिविशेषोंमें घटाता है । इसी प्रकार अनुभागोंके विषयमें भी जानना चाहिये ॥१५५॥

§ ३४५. यह छटी मूलगाथा स्थिति और अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणके जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेपके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये अवतीर्ण हुई है । यह अर्थ पिछली मूलगाथाके पूर्वार्धमें ही निबद्ध है, इसलिये यहाँ इसकी निष्फलताकी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि पिछली गाथाके पूर्वार्धमें उन उत्कर्षण और अपकर्षणविषयक अतिस्थापनाकी प्ररूपणा ही प्रधानरूपसे निबद्ध उपलब्ध होती है । अब इस गाथासूत्रके अवयवोंके अर्थका किंचित् परामर्श करेंगे । वह जैसे—'एक्कं च ट्ठिदिविसेसं तु' ऐसा कहनेपर एक स्थितिविशेषको उत्कर्षित करता हुआ उसे कितने स्थितिविशेषोंमें बढ़ाता है, क्या एक स्थितिविशेषमें बढ़ाता है या दो

आहो दोसु, एवं गंतूण किं संखेज्जेसु असंखेज्जेसु वा त्ति पुच्छिदं होदि। एदेण ट्ठिदिउक्कड्डणाविसये जहण्णुक्कस्सणिक्खेवाणं पमाणविसयं पुच्छा कया दट्ठव्वा। एत्थ एत्थतण 'च' सद्द 'तु' सद्देहिं उक्कड्डणाविसयजहण्णुक्कस्साइच्छावणाणं संगहो कायव्वो।

§ ३४६ 'हरस्सेदि कदिसु एगं' एवं भणिदे कदिसु ट्ठिदिविसेसेसु एगं ट्ठिदिविसेसमोकड्डियूण संछुहदि त्ति पुच्छाणिद्देसो कदो होदि। तदो ओकड्डणादिविसयजहण्णुक्कस्सणिक्खेवपमाणावहारणे एसो सुत्तावयवो पुच्छादुवारेण पडिबद्धो त्ति णिच्छयो कायव्वो। 'तहाणुभागेसु बोद्धव्वं' इच्चेदेण वि चरिमावयवेण अणुभागविसयाणमोकड्डणुक्कड्डणाणं जहण्णुक्कस्सणिक्खेवविसयो पुच्छाणिद्देसो जहण्णुक्कस्साइच्छावणपमाणसहगओ णिबद्धो त्ति घेत्तव्वं। एवं च पुच्छासुत्तेणेदेसु अत्थविसेसेसु पडिबद्धाए एदिस्से मूलगाहाए अत्थविहासणट्ठमेया भासगाहा होदि त्ति पदुप्पाएमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

* एदिस्से एक्का भासगाहा। तिस्से समुक्कित्तणा च विहासा च कायव्वा।

§ ३४७. सुगमं। संपहि का सा एक्का भासगाहा त्ति आसंकाए पुच्छासुत्तमाह—

स्थितिविशेषोंमें बढ़ाता है, इस प्रकार बढ़ाते हुए क्या संख्यात स्थितिविशेषोंमें बढ़ाता है या असंख्यात स्थितिविशेषोंमें बढ़ाता है ऐसी उक्त गाथासूत्र वचन द्वारा पृच्छा की गई है। इसप्रकार इस गाथा द्वारा स्थितिउत्कर्षणविषयक जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेपोंके प्रमाणके विषयमें पृच्छा की गई जाननी चाहिये। यहाँ गाथासूत्रमें आये हुए 'च' शब्द और 'तु' शब्दसे उत्कर्षणविषयक जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापनाका भी संग्रह करना चाहिये।

§ ३४६. 'हरस्सेदि कदिसु एगं' ऐसा कहनेपर कितने स्थितिविशेषोंमें एक स्थितिविशेषको अपकर्षित कर निक्षिप्त करता है इस प्रकार यह पृच्छाका निर्देश किया गया है। इसलिये अपकर्षण आदि विषयक जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेपके प्रमाणके अवधारण करनेमें यह सूत्रवचन पृच्छा द्वारा निबद्ध है ऐसा निश्चय करना चाहिये। 'तहाणुभागेसु बोधव्वं' इस अन्तिम अवयव द्वारा भी अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणके जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेपके विषयमें पृच्छाका निर्देश जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापनाके साथ निबद्ध है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। इस प्रकार पृच्छा द्वारा इन अर्थविशेषोंमें निबद्ध हुई इस मूलगाथाके अर्थकी विभाषा करनेके लिये एक भाष्यगाथा आई है इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* इस मूलगाथाकी एक भाष्यगाथा है। उसकी समुत्कीर्तना और विभाषा करनी चाहिये।

§ ३४७. यह सूत्र सुगम है। अब वह एक भाष्यगाथा क्या है ऐसी आशंका होनेपर आगेके

* तं जहा ।

§ ३४८. सुगमं ।

(१०३) एक्कं च ट्ठिदिविसेसं तु असंखेज्जेसु ट्ठिदिविसेसेसु ।
वड्ढेदि हरस्सेदि च तहाणुभागेसणंतेसु ॥१५६॥

§ ३४९. एदीए भासगाहाए पुव्विल्लपुच्छाणं सव्वासिमेव णिण्णयविहाणं कादव्वं । तं जहा—'एक्कं च ट्ठिदिविसेसं' एवं भणिदे एगं ट्ठिदिविसेसमुक्कड्डेमाणो णियमा असंखेज्जेसु ट्ठिदिविसेसेसु वड्ढेदि त्ति । एदेण जहण्णदो वि आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो चेव उक्कड्डणाए णिक्खेवविसओ होदि, णो हेट्ठा त्ति जाणाविदं । तहा एक्कं च ट्ठिदिविसेसमोकड्डेमाणो णियमा असंखेज्जेसु ट्ठिदिविसेसेसु हरस्सेदि, णो हेट्ठा त्ति एदेण वि विदिएण सुत्तावयवेण जहण्णदो वि ओकड्डणाए आवलियतिभागमेत्तेण णिक्खेवेण होदव्वमिदि जाणाविदं । 'तहाणुभागेसणंतेसु' एवं भणिदे एगमणुभागफद्दयवग्गणमुक्कड्डेमाणो ओकड्डेमाणो च णियमा अणंतेसु चेवाणुभागफद्दएसु वड्ढदि हरस्सेदि चेत्ति भणिदं होदि । एदेण अणुभागविसयाणमोकड्डुक्कड्डणाणं जहण्णुक्कस्सणिक्खेवपमाणावहारणं कयं । संपहि एवमेदेसु अत्थविसेसेसु पडिबद्धाए एदिस्से भासगाहाए ट्ठिदिविसयमुक्कड्डणं चेव पहाणभावेण

पृच्छावाक्यको कहते हैं ।

* वह जैसे ।

§ ३४८. यह सूत्र सुगम है ।

(१०३) एक स्थितिविशेषको असंख्यात स्थितिविशेषोंमें बढ़ाता और घटाता है । तथा एक स्पर्धकविषयक वर्गणाको अनन्त अनुभागविषयक स्पर्धकोंमें बढ़ाता और घटाता है ॥१५६॥

§ ३४९. इस भाष्यगाथा द्वारा पहलेकी सभी पृच्छाओंके निर्णयका विधान किया गया जानना चाहिये । वह जैसे—'एक्कं च ट्ठिदिविसेसं' ऐसा कहनेपर एक स्थितिविशेषका उत्कर्षण करता हुआ नियमसे उसे असंख्यात स्थितिविशेषोंमें बढ़ाता है । जघन्यरूपसे भी आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही उत्कर्षणमें निक्षेपका विषय होता है, कम नहीं यह इस सूत्र द्वारा बताया गया है । तथा एक स्थितिविशेषको अपकर्षित करता हुआ उसे नियमसे असंख्यात स्थितिविशेषोंमें घटाता है, इससे कम नहीं, इस प्रकार इस दूसरे सूत्रपाद द्वारा भी अपकर्षणमें एक आवलिका त्रिभागमात्र निक्षेप होना चाहिये यह ज्ञान कराया गया है । 'तहाणुभागेसणंतेसु' ऐसा कहनेपर एक स्पर्धककी वर्गणाको उत्कर्षित और अपकर्षित करता हुआ उसे नियमसे अनन्त अनुभाग-स्पर्धकोंमें बढ़ाता और घटाता है यह कहा गया है । इस वचन द्वारा अनुभाग-विषयक अपकर्षण और उत्कर्षणके जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेपके प्रमाणका अवधारण किया गया है । अब इस प्रकार इन अर्थविशेषोंमें निबद्ध हुई इस भाष्यगाथाके स्थितिविषयक उत्कर्षणको

घेत्तूण सेसाणं देसामासयभावेण विहासणं कुणमाणो विहासागंथमुत्तरं भणइ—

* विहासा ।

§ ३५०. सुगमं ।

* जहा ।

३५१. सुगमं ।

* ट्ठिदिसंतकम्मस्स अग्गट्ठिदीदो समयुत्तरट्ठिदिं बंधमाणो तं ट्ठिदि संतकम्मअग्गट्ठिदिं ण उक्कड्डदि ।

§ ३५२. एसा उक्कड्डणाए अट्ठपदपरूवणा खवगस्स उक्कड्डणा परूवणावसरे तप्पसंगेणेव संसारावत्थाए वि परूवेदुमाढत्ता, अण्णहा खवगसेढीए संतकम्मादो अब्भहियट्ठिदिबंधस्स सव्वकालमसंभवेण पयदपरूवणाए अणुववत्तीदो। संपहि एदस्स सुत्तस्स अत्थो वुच्चदे। तं जहा—ट्ठिदिसंतकम्मस्स अग्गट्ठिदीदो समयुत्तरट्ठिदिं बंधमाणो तं ट्ठिदिसंतकम्मस्स अग्गट्ठिदिमुक्कड्डियूण संपहि बज्झमाणाए एगट्ठिदीए उवरि ण संछुहदि। किं कारणं ? अइच्छावणाणिक्खेवाणमेत्थासंभवेण उक्कड्डणाए पवुत्तिविरोहादो। एवं वि समयुत्तरादिट्ठिदिबंधेसु वि वट्टमाणो संतकम्मअग्गट्ठिदिं ण उक्कड्डदि चेवेत्ति पदुप्पाएमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

ही प्रधानरूपसे ग्रहण कर शेषकी देशामर्षकरूपसे विभाषा करते हुए आगेके विभाषाग्रन्थको कहते हैं—

* अब इस भाष्यगाथाकी विभाषा करते हैं ।

§ ३५०. यह सूत्र सुगम है ।

* जैसे ।

§ ३५१. यह सूत्र सुगम है ।

* स्थितिसत्कर्मकी अग्रस्थितिसे एक समय अधिक स्थितिको बाँधता हुआ स्थितिसत्कर्मकी उस अग्रस्थितिको उत्कर्षित नहीं करता है ।

§ ३५२. यह उत्कर्षण विषयक अर्थपदकी प्ररूपणा क्षपकके उत्कर्षणकी प्ररूपणा करते समय उस प्रसंगसे संसार अवस्थामें भी प्ररूपित करनेके लिये आरम्भ हुई है, अन्यथा क्षपकश्रेणिमें सत्कर्मसे अधिक स्थितिबन्ध सदा ही असम्भव होनेसे प्रकृत प्ररूपणा नहीं बन सकती है। अब इस सूत्रका अर्थ कहते हैं। वह जैसे—स्थितिसत्कर्मकी अग्रस्थितिसे एक समय अधिक स्थितिको बाँधता हुआ स्थितिसत्कर्मकी उस अग्रस्थितिको उत्कर्षित करके वर्तमानमें बँधनेवाली सत्कर्मसे एक समय अधिक स्थितिमें निक्षिप्त नहीं करता है, क्योंकि यहाँपर अतिस्थापना और निक्षेप असम्भव होनेसे उत्कर्षणकी प्रवृत्ति होनेमें विरोध है। इसी प्रकार दो समय अधिक आदि स्थितिबन्धोंमें भी विद्यमान जीव सत्कर्मकी अग्रस्थितिको उत्कर्षित नहीं ही करता है इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** दुसमयुत्तरट्ठिदिं बंधमाणो वि ण उक्कड्डदि ।**

§ ३५३. सुगमं । एत्थ वि कारणं, अणंतरणिद्दिट्ठत्तादो ।

*** एवं गंतूण आवलियुत्तरट्ठिदिं बंधमाणो ण उक्कड्डदि ।**

§ ३५४. एवं तिसमयुत्तरादिकमेण गंतूण जइ वि संतकम्मअग्गट्ठिदीदो आवलियुत्तरट्ठिदिं बंधदि तो वि ण तत्थ णिरुद्धसंतकम्मअग्गट्ठिदिमुक्कड्डदि त्ति वुत्तं होइ । किं कारणं ? एत्थ जहण्णाइच्छावणासंभवे वि णिक्खेवविसयासंभवेणुक्कड्डणपवुत्तीए पडिसिद्धत्तादो । पुणो केत्तियमेत्तं वड्ढियूण बंधमाणस्स उक्कड्डणाए संभवो त्ति आसंकाए इदमाह--

*** जइ संतकम्मअग्गट्ठिदीदो बज्झमाणिया ट्ठिदी अदिरित्ता आवलियाए आवलियाए असंखेज्जदिभागेण च तदो सो संतकम्मअग्गट्ठिदिं सक्को उक्कड्डिदुं ।**

§ ३५५. कुदो ? तहा वड्ढियूण बंधमाणस्स आवलियमेत्तजहण्णाइच्छावणमुल्लंघियूण तदसंखेज्जदिभागमेत्तजहण्णणिक्खेवविसये उक्कड्डणपवुत्तीए पडिसेहाभावादो । संपहि एदस्सेवत्थस्स फुडीकरणट्ठमिदमाह--

---

*** दो समय अधिक स्थितिको बाँधता हुआ भी स्थितिसत्कर्मकी अग्र स्थितिको उत्कर्षित नहीं करता है ।**

§ ३५३. यहाँ भी कारणका कथन सुगम है, क्योंकि उसका पहले ही निर्देश कर आये हैं।

*** इस प्रकार आगे जाकर एक आवलि अधिक स्थितिको बाँधता हुआ स्थितिसत्कर्मकी अग्र स्थितिको उत्कर्षित नहीं करता है ।**

§ ३५४. इस प्रकार तीन समय अधिक आदिके क्रमसे आगे जाकर यद्यपि सत्कर्मकी अग्रस्थितिसे एक आवलिप्रमाण अधिक स्थितिको बाँधता है तो भी वहाँ विवक्षित सत्कर्मकी अग्रस्थितिको उत्कर्षित नहीं करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । यहाँपर जघन्य अतिस्थापनाके सम्भव होनेपर भी निक्षेपकी विषयभूत बन्धस्थितिके असम्भव होनेसे उत्कर्षणकी प्रवृत्ति निषिद्ध है। पुनः कितनी स्थितिको बढ़ाकर बाँधनेवालेके उत्कर्षण सम्भव है ऐसी आशंका होनेपर आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** यदि सत्कर्मकी अग्रस्थितिसे उस समय बँधनेवाली स्थिति एक आवलि और एक आवलिका असंख्यातवाँ भाग अधिक होती है तो वह उस सत्कर्मकी अग्र स्थितिको उत्कर्षित कर सकता है ।**

§ ३५५. क्योंकि उक्त प्रकारसे बढ़ाकर बन्ध करनेवाले जीवके आवलिप्रमाण जघन्य अतिस्थापनाको उल्लंघन कर उसके असंख्यातवें भागप्रमाण निक्षेपमें उत्कर्षणकी प्रवृत्ति होनेमें प्रतिषेधका अभाव है । अब इसी अर्थको स्पष्ट करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

* तं पुण उक्कड्डियूण आवलियमधिच्छावेयूण आवलियाए असंखे० भागे णिक्खिवदि।

§ ३५६. गयत्थमेदं सुत्तं। एवमेदेण सुत्तेण जहण्णाइच्छावणाए सह जहण्ण-णिक्खेवपमाणावहारणं कादूण संपहि एत्तो पहुडि अइच्छावणा आवलियमेत्ता चेव अवट्ठिदा होइ। णिक्खेवो पुण समयुत्तरकमेण वड्ढमाणो गच्छइ जाव उक्कस्स-णिक्खेवो त्ति इममत्थविसेसं परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* णिक्खेवो आवलियाए असंखेज्जदिभागमादिं कादूण समयुत्तरादि-वड्ढीए णिरंतरं जाव उक्कस्सओ णिक्खेवो त्ति सव्वाणि ट्ठाणाणि अत्थि।

§ ३५७. जहण्णणिक्खेवमादिं कादूण जाव उक्कस्सओ णिक्खेवो त्ति एदाणि णिक्खेवट्ठाणाणि णिरंतरं समयुत्तरवड्ढीए लब्भंति त्ति भणिदं होदि। एत्थ संतकम्म-अग्गट्ठिदीए णिरुद्धाए ओघुक्कस्सओ णिक्खेवो ण लब्भदि त्ति तत्तो हेट्ठा ओसरिय उदयावलियबाहिराणंतरट्ठिदीए वट्टमाणस्स पदेसग्गस्स उक्कस्सओ णिक्खेवो घेत्तव्वो। तम्हि उक्कड्डिज्जमाणे ओघुक्कस्सणिक्खेवसंभवदंसणादो। सो पुण ओघुक्कस्सओ णिक्खेवो केत्तियमाणो त्ति आसंकाए तप्पमाणावहारणट्ठमाह—

* उक्कस्सओ पुण णिक्खेवो केत्तिओ।

---

* और इस प्रकार सत्कर्मकी उस अग्रस्थितिको उत्कर्षित कर उसे, एक आवलि-प्रमाण बन्धस्थितिको अतिस्थापित कर, आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण बन्धस्थिति-में निक्षिप्त करता है।

§ ३५६. यह सूत्र गतार्थ है। इस प्रकार इस सूत्र द्वारा जघन्य अतिस्थापनाके साथ जघन्य निक्षेपके प्रमाणका अवधारण करके अब इससे आगे अतिस्थापना एक आवलिप्रमाण ही अवस्थित रहती है। किन्तु निक्षेप उत्तरोत्तर एक समय अधिकके क्रमसे वृद्धिगत होता हुआ उत्कृष्ट निक्षेपके प्राप्त होनेतक बढ़ता जाता है। इस प्रकार इस अर्थविशेषकी प्ररूपणा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* उक्त निक्षेप आवलिके असंख्यातवें भागसे लेकर उत्तरोत्तर एक समय अधिक वृद्धिके क्रमसे उत्कृष्ट निक्षेप सर्व स्थानगत होनेतक बढ़ता जाता है।

§ ३५७. जघन्य निक्षेपसे लेकर उत्कृष्ट निक्षेपके प्राप्त होनेतक ये निक्षेपस्थान निरन्तर एक-एक समय अधिकके क्रमसे प्राप्त होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यहाँपर सत्कर्मकी अग्र स्थितिके विवक्षित होनेपर ओघ उत्कृष्ट निक्षेप नहीं प्राप्त होता, इसलिए अग्रस्थितिसे नीचे उतरकर उदयावलिके बाहरकी अनन्तर स्थितिमें विद्यमान प्रदेशपुंजकी अपेक्षा उत्कृष्ट निक्षेप ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि उस स्थितिका उत्कर्षण करनेपर ओघ उत्कृष्ट निक्षेप सम्भव देखा जाता है। उस ओघ उत्कृष्टका निक्षेपका प्रमाण क्या है ऐसी आशंका होनेपर उसके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

* पुनः उत्कृष्ट निक्षेपका प्रमाण कितना है।

§ ३५८. सुगमं ।

*** कसायाणं ताव उक्कड्डिज्जमाणियाए ट्ठिदीए उक्कस्सगं णिक्खेवं वत्तइस्सामो ।**

§ ३५९. सव्वेसिं कम्माणमप्पप्पणो उक्कस्सट्ठिदिबंधकाले उक्कस्सओ णिक्खेवो समयाविरोहेण संभवइ, किंतूदाहरणट्ठं कसायाणमेव ताव उक्कस्सणिक्खेवपमाणमिह वत्तइस्सामो त्ति एसो सुत्तत्थो ।

*** चत्तालीसं सागरोवमकोडाकोडीओ चदुहिं वस्ससहस्सेहिं आवलियाए समयुत्तराए च ऊणियाओ एसो उक्कस्सगो णिक्खेवो ।**

§ ३६०. तं जहा—कसायाणमुक्कस्सट्ठिदिं बंधियूण बंधावलियाइक्कंतसमए चेव तं पदेसग्गमोकड्डियूण हेट्ठा णिक्खिवदि । एवं णिक्खिवमाणेण उदयावलियबाहिरविदियट्ठिदीए णिक्खित्तपदेसग्गमाइट्ठं । पुणो तं पदेसग्गं से काले बज्झमाणुक्कस्सट्ठिदीए चालीससागरोवमकोडाकोडिपमाणाए उवरिं उक्कड्ढमाणो चत्तारि वाससहस्सणेत्तमुक्कस्साबाहमुल्लंघियूण उवरिमासु चेव णिसेगट्ठिदीसु णिक्खिवदि त्ति उक्कस्सियाए आबाहाए ऊणिया कम्मट्ठिदी उक्कड्डणाउक्कस्सणिक्खेवो होदि । णवरि

---

§ ३५८. यह सूत्र सुगम है ।

*** यहाँ सर्वप्रथम कषायोंकी उत्कर्षित की जानेवाली स्थितिका उत्कृष्ट निक्षेप कहेंगे ।**

§ ३५९. सभी कर्मोंका अपना-अपना उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होते समय समयके अविरोधसे उत्कृष्ट निक्षेप सम्भव है। किन्तु उदाहरणस्वरूप प्रकरणके अनुसार कषायोंके ही उत्कृष्ट निक्षेपके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये यहाँ बतलावेंगे यह इस सूत्रका अर्थ है ।

विशेषार्थ—विवक्षित कर्मसम्बन्धी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धके समय उस कर्मकी सभी सत्त्वस्थितियोंका उत्कृष्ट निक्षेप प्राप्त होना सम्भव नहीं है, क्योंकि जिस कर्मके जिस सत्कर्ममें जितनी शक्ति स्थिति होती है वहींतक उसका उत्कर्षण हो सकता है यह समझकर ही जयधवलाकारने अपने कथनमें 'समयाविरोहेण' इस पदका निर्देश किया है ।

*** चार हजार वर्ष और एक समय अधिक एक आवलिसे हीन चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण यह उत्कृष्ट निक्षेप होता है ।**

§ ३६०. वह जैसे—कषायोंकी उत्कृष्ट स्थितिको बाँधकर बन्धावलिके व्यतीत होनेके समयमें ही उस बन्धस्थितिके प्रदेशपुंजका अपकर्षण कर नीचे निक्षिप्त करता है । इस प्रकार निक्षिप्त करनेसे उदयावलिके बाहर द्वितीय स्थितिमें निक्षिप्त हुआ प्रदेशपुंज विवक्षित है। पुनः उस प्रदेशपुंजको अपकर्षण करनेके अनन्तर समयमें बँधनेवाली चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिके ऊपर उत्कर्षण करता हुआ चार हजार वर्षप्रमाण उत्कृष्ट आबाधाको उल्लंघन कर आबाधासे ऊपरकी निषेक स्थितियोंमें ही निक्षिप्त करता है, इसलिए उत्कृष्ट

समयाहियबंधावलियाए च एसा उक्कस्सिया कम्मट्ठिदी ऊणिया कायव्वा, णिरुद्धसमयपबद्धसत्तिट्ठिदीए समयाहियबंधावलियमेत्तकालस्स हेट्ठा चेव गलिदत्तादो। तदो सिद्धमुक्कस्साबाहाए चत्तारिवस्ससहस्समेत्ताए समयाहियबंधावलियाए च ऊणिया कसायाणमुक्कस्सकम्मट्ठिदी तेसिमुक्कस्सणिक्खेवपमाणं होदि त्ति। सेसाणमणुक्कस्सणिक्खेवट्ठाणाणमुप्पायणविही जाणिय कायव्वा।

आबाधासे हीन जो कर्मस्थिति है उतना उत्कर्षणसम्बन्धी उत्कृष्ट निक्षेपका प्रमाण होता है। इतनी विशेषता है कि इस उत्कृष्ट कर्मस्थितिमेंसे एक समय अधिक एक आवलि कम कर देनी चाहिये क्योंकि विवक्षित समयप्रबद्धकी शक्तिस्थितिका एक समय अधिक बन्धावलिप्रमाण काल नीचे ही अर्थात् उत्कर्षण करनेके पूर्व ही गल गया है। इसलिए उत्कृष्ट आबाधा चार हजार वर्ष और एक समय अधिक एक आवलि इनसे हीन कषायोंकी उत्कृष्ट कर्मस्थिति कषायोंके उत्कृष्ट निक्षेपका प्रमाण होता है। शेष अनुत्कृष्ट निक्षेपोंकी उत्पादन विधि जानकर करनी चाहिये।

विशेषार्थ—उक्त उदाहरण द्वारा कषायोंकी उत्कृष्ट बन्धस्थितिको विवक्षित कर उत्कर्षण की अपेक्षा उत्कृष्ट अतिस्थापना और उत्कृष्ट निक्षेप कैसे प्राप्त होते हैं इन्हें यहाँ स्पष्ट करके बतलाया गया है। समझो किसी जीवने कषायोंकी ४० कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध किया। तदनन्तर बन्धावलिके बाद प्रथम समयमें उत्कृष्ट स्थितिके अन्तिम निषेकसम्बन्धी परमाणुपुंजका अपकर्षण कर अतिस्थापनावलिके बाद उसे उससे नीचेकी सब स्थितियों में निक्षिप्त किया। तदनन्तर उदयावलिके बादकी प्रथम स्थितिके उदयावलिमें प्रविष्ट हो जानेपर उसके बादकी द्वितीय स्थितिके अपकर्षित हुए परमाणुपुंजका तत्काल बँधनेवाली कषायकी उत्कृष्ट स्थितिमें उत्कर्षण करता हुआ उस नये बन्धके उत्कृष्ट आबाधा कालको छोड़कर ऊपर एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण अन्तकी स्थितियोंको छोड़कर मध्यकी शेष सब स्थितियोंमें निक्षिप्त किया। यहाँ एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण अन्तकी स्थितियोंमें उस उत्कर्षित द्रव्यका निक्षेप इसलिये नहीं होता, क्योंकि उस परमाणुपुंजकी उस समय उससे हीन ही शक्तिस्थिति अवशिष्ट रही है। इस समूचे कथनका सार यह है—

(१) जिस तत्काल बँधनेवाले नये उत्कृष्ट बन्धमें यह उत्कर्षण हुआ है उसका उत्कृष्ट आबाधा काल चार हजार वर्षप्रमाण है और आबाधाके भीतर उत्कर्षित द्रव्यका निक्षेप नहीं होता, इसलिए तत्काल बँधनेवाली कषायकी उत्कृष्ट स्थितिमेंसे प्रारम्भके चार हजार वर्ष तो ये कम हो गये। अतः एक तो इन्हें अतिस्थापनारूपसे स्वीकार कर उत्कर्षित किये जानेवाले द्रव्यका आबाधाके भीतर निक्षेप नहीं करता।

(२) इसके बाद आबाधाके चार हजार वर्षको छोड़कर आबाधाके ऊपरकी प्रथम निषेक स्थितिसे लेकर आगम परिपाटीके अनुसार अन्तकी एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण निषेक स्थितियोंको छोड़कर शेष सब निषेक स्थितियोंमें उत्कर्षित द्रव्यको निक्षिप्त करता है। इस प्रकार यहाँ निक्षेपका प्रमाण एक समय एक आवलि अधिक उत्कृष्ट आबाधा कालसे कम उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण प्राप्त होता है।

(३) आबाधा कालके भीतर उत्कर्षित द्रव्यका निक्षेप होता नहीं, इसलिए तो उत्कृष्ट निक्षेपमेंसे उत्कृष्ट आबाधाको कम कराया गया है एक आवलिपूर्व जिस कर्मका उत्कृष्ट स्थिति-

§ ३६१. एवमुक्कस्सणिक्खेवपमाणावहारणं कादूण संपहि अइच्छावणाए अवियप्पसपडिसेहदुवारेण तत्थ संभवंताणं वियप्पाणं परूवणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

* जाओ आबाहाए उवरि ट्ठिदीओ तासिमुक्कड्डिज्जमाणीणमइच्छावणा सव्वत्थ आवलिया।

§ ३६२. आबाहादो उवरिमाओ जाओ ट्ठिदीओ तासिमुक्कड्डिज्जमाणाणमइच्छावणा जहण्णिया उक्कस्सिया च आवलियपमाणा चेव होदि, तत्थ पयारंतरासंभवादो त्ति वुत्तं होइ।

§ ३६३. जाओ पुण आबाहाए अब्भंतरिमाओ संतकम्मट्ठिदीओ तासिमुक्कड्डणाए अइच्छावणावुड्ढी एवमणुगंतव्वा त्ति पदुप्पाएमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

* जाओ आबाहाए हेट्ठा संतकम्मट्ठिदीओ तासिमुक्कड्डिज्जमाणीण-

बन्ध किया था उसकी अग्र स्थितिका एक आवलि कालके बाद अपकर्षण होकर उसका निक्षेप उदय समयसे होकर तदनन्तर उदयावलिके बाहरकी द्वितीय स्थितिका उत्कर्षण होनेपर अन्तमें एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण निषेकको छोड़कर आबाधाके ऊपरकी शेष सब स्थितियोंमें उसका निक्षेप होता है, इसलिये निक्षेपमेंसे उत्कृष्ट आबाधाके साथ एक समय अधिक एक आवलि काल कम कराया गया है।

इस प्रकार उत्कर्षणकी अपेक्षा उत्कृष्ट अतिस्थापनाके साथ उत्कृष्ट निक्षेप कैसे बनता है इसका यहाँ आगमानुसार खुलासा किया। शेष कथन सुगम है।

* जो आबाधाके ऊपरकी स्थितियाँ हैं उत्कर्षणको प्राप्त हुई उनकी अतिस्थापना सर्वत्र एक आवलिप्रमाण होती है।

§ ३६१. इस प्रकार उत्कृष्ट निक्षेपके प्रमाणका निश्चय करके अब अतिस्थापना एक प्रकारकी होती है इसके प्रतिषेध द्वारा उसमें सम्भव भेदोंका कथन करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

§ ३६२. आबाधाकी उपरितन जो स्थितियाँ हैं उत्कर्षणको प्राप्त हुई उनकी जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापना एक आवलिप्रमाण ही होती है, क्योंकि वहाँ कोई दूसरा प्रकार सम्भव नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

विशेषार्थ—उत्कर्षणकी अपेक्षा सोपक्रम और निरुपक्रमके भेदसे स्थिति भी दो प्रकारकी होती है। चाहे इन दोनोंमेंसे किसी भी प्रकारकी स्थिति क्यों न हो, यदि वे तत्काल बन्धको प्राप्त होनेवाले कर्मकी जितनी आबाधा प्राप्त हो उससे अधिक स्थितिवाली हैं तो उनका विवक्षित बन्धमें उत्कर्षण होते समय अतिस्थापना सर्वत्र एक आवलिप्रमाण ही प्राप्त होती है। इस अतिस्थापनामें जघन्य और उत्कृष्टका भेद नहीं है ऐसा यहाँ समझना चाहिये।

§ ३६३. किन्तु जो आबाधाके भीतर सत्कर्मस्थितियाँ हैं उनकी उत्कर्षणविषयक अतिस्थापनाकी वृद्धि इस प्रकार जाननी चाहिये इस बातका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं—

* जो आबाधाके नीचे (भीतर) सत्कर्म स्थितियाँ हैं उत्कर्षणको प्राप्त हुई

महच्छावणा किस्से वि ट्ठिदीए आवलिया, किस्से वि ट्ठिदीए समयुत्त किस्से वि ट्ठिदीए दिसमयुत्तरा, किस्से वि ट्ठिदीए तिसमयुत्तरा, णिरंतरमइच्छावणाट्ठाणाणि जाव उक्कस्सिया अइच्छावणा त्ति ।

§ ३६४. आबाहब्भंतरसमयाहियचरिमावलियमेत्तीणं ट्ठिदीणमावलियमेत्त अइच्छावणा होदि । तत्तो हेट्ठिमाणं ट्ठिदीणं समयुत्तरकमेण पच्छाणुपुव्वीए जहा महच्छावणावुड्ढी दट्ठव्वा जाव उदयावलियबाहिरापंतरट्ठिदीए सव्वुक्कस्सि अइच्छावणा होदूण पज्जवसिदा त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसंगहो ।

उनकी अतिस्थापना किसी स्थितिकी एक आवलिप्रमाण, किसी भी स्थितिकी एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण, किसी भी स्थितिकी दो समय अधिक एक आवलिप्रमाण तथा किसी भी स्थितिका तीन समय अधिक एक आवलिप्रमाण अतिस्थापना होती है, इस प्रकार उत्कृष्ट अतिस्थापनाके प्राप्त होनेतक अन्तरके ये अतिस्थापनाके सब स्थान जानने चाहिये ।

§ ३६४. आबाधाके भीतर एक समय अधिक अन्तिम आवलिप्रमाण स्थितियोंकी एक आवलिप्रमाण ही अतिस्थापना होती है। परन्तु उससे नीचेकी स्थितियोंकी एक एक समय अधिकके क्रमसे पश्चादानुपूर्वीसे यथाक्रम अतिस्थापनाकी वृद्धि तबतक जाननी चाहिये जाकर उदयावलिके बाहरकी अनन्तर स्थितिकी सर्वोत्कृष्ट अतिस्थापना होकर वह पर्यवसानको प्राप्त हो जाती है। इस प्रकार यह इस सूत्रका प्रकृतमें समुच्चयरूप अर्थ है।

विशेषार्थ—इस बातका तो पहले ही स्पष्टीकरण कर आये हैं कि आबाधाके ऊपर जितनी सत्त्वस्थितियाँ होती हैं उनका उत्कर्षण होनेपर सर्वत्र एक आवलिप्रमाण ही अतिस्थापना प्राप्त होती है। मात्र आबाधाके भीतर जो सत्त्वस्थितियाँ होती हैं उनकी अतिस्थापनाके प्राप्त होनेका क्रम क्या है इसी बातका यहाँ समाधान किया गया है। खुलासा इस प्रकार है—यह तो पहले ही स्पष्ट कर आये हैं कि उत्कर्षित द्रव्यका आबाधाके भीतर निक्षेप नहीं होता। अतः आबाधाके भीतर प्राप्त हुई अधिकसे अधिक किस सत्त्वस्थिति लेकर उसका उत्कर्षण करनेपर अतिस्थापना एक आवलिसे लेकर कितनी प्राप्त होती है इसी बातका उत्तर देते हुए यह बतलाया गया है कि जिस स्थानपर तत्काल बँधनेवाले कर्मकी आबाधा समाप्त होती है उससे एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण स्थान नीचे जाकर जो सत्त्व स्थिति अवस्थित है उससे लेकर स्थितिके विवक्षित परमाणुपुंजका उत्कर्षण करनेपर पूरी एक आवलिप्रमाण अतिस्थापना होकर आबाधाके ऊपर प्रथम व द्वितीय आदि निषेकसे लेकर क्रमसे उस उत्कर्षित द्रव्यका निक्षेप होता है। इससे आगे सर्वत्र अतिस्थापना एक आवलिप्रमाण ही प्राप्त होगी यह स्पष्ट है। मात्र पश्चादानुपूर्वीसे विचार करनेपर अतिस्थापनाके प्रमाणमें एक समय, दो समय आदिकी वृद्धि होती जाती है। समझो जहाँ उत्कृष्ट आबाधा समाप्त हुई उससे दो समय अधिक एक आवलिप्रमाण स्थान नीचे जाकर जो सत्त्वस्थिति है उसके विवक्षित परमाणुपुंजका उत्कर्षण करनेपर अतिस्थापना एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण प्राप्त होगी। उस सत्त्वस्थितिसे एक समय नीचे जाकर उसके विवक्षित परमाणुपुंजका उत्कर्षण करनेपर अतिस्थापना दो समय अधिक एक आवलिप्रमाण प्राप्त होगी। इसी प्रकार आबाधाके भीतर क्रमसे जितने-जितने स्थान नीचे

§ ३६५. संपहि एत्थ उक्कस्साइच्छावणापमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** उक्कस्सिया पुण अइच्छावणा केत्तिया ?**

§ ३६६. सुगमं ।

*** जा जस्स उक्कस्सिया आबाहा सा उक्कस्सिया आबाहा समयाहियावलियूणाए उक्कस्सिया अइच्छावणा ।**

§ ३६७. जस्स जीवस्स उक्कस्सट्ठिदिं बंधमाणस्स जा उक्कस्सिया आबाहा सा उक्कस्सिया आबाहा समयाहियावलियूणा उक्कस्सिया अइच्छावणा होइ, आवलियबाहिराणंतरट्ठिदीए उक्कड्डिज्जमाणाए तदुवलंभादो ।

§ ३६८. एवमेत्तिएण पबंधेण ट्ठिदिउक्कड्डणाविसयाणं जहण्णुक्कस्सणिक्खे-

---

जावेंगे उसी क्रमसे अतिस्थापनामें एक-एक समयकी वृद्धि होती जायगी। अब इस अतिस्थापनाकी वृद्धिका अन्त कहाँपर होता है उसे ही आगे स्पष्ट किया जा रहा है।

§ ३६५. अब उत्कृष्ट अतिस्थापनाके प्रमाणका अवधारण करनेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** परन्तु उत्कृष्ट अतिस्थापना कितनी होती है ?**

§ ३६६. यह सूत्र सुगम है।

*** जो जिस कर्मकी उत्कृष्ट आबाधा है एक समय अधिक एक आवलि कम उस उत्कृष्ट आबाधा उस कर्मकी उत्कृष्ट अतिस्थापना होती है ।**

§ ३६७. उत्कृष्ट स्थितिको बाँधनेवाले जिस जीवकी तत्सम्बन्धी जो उत्कृष्ट आबाधा होती है उसकी वह उत्कृष्ट आबाधा एक समय अधिक एक आवलि कम होकर उत्कृष्ट अतिस्थापना होती है, क्योंकि उदयावलिके बाहरकी अनन्तर स्थितिका उत्कर्षण करनेपर वह प्राप्त होती है।

विशेषार्थ—समझो संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त मिथ्यादृष्टि किसी जीवने उत्कृष्ट संक्लेशके वशसे होकर चारित्रमोहनीयका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कर उसकी चार हजार वर्षप्रमाण उत्कृष्ट आबाधा प्राप्त की। तदनन्तर बन्धावलिके बाद उसके अन्तिम निषेकके कुछ परमाणुपुंजका अपकर्षण कर उदय समयसे निक्षिप्त किया। तदनन्तर अगले समयमें उदयावलिके उपरितन निषेकमें निक्षिप्त हुए उस परमाणुपुंजका उत्कर्षण कर आबाधाके ऊपर आगेकी स्थितियोंमें निक्षिप्त किया तो इस प्रकार उस उत्कर्षित द्रव्यकी उत्कृष्ट अतिस्थापना एक समय अधिक एक आवलि कम उत्कृष्ट आबाधाप्रमाण प्राप्त हो जाती है ऐसा यहाँ समझना चाहिए। इसी प्रकार ज्ञानावरणादि अन्य छह कर्मोंकी और दर्शनमोहनीयकी भी अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थितिको ध्यानमें रखकर उत्कृष्ट अतिस्थापना प्राप्त कर लेनी चाहिये। इस सम्बन्धमें विशेष स्पष्टीकरण पहले ही कर आये हैं।

§ ३६८. इस प्रकार इतने प्रबन्ध द्वारा स्थिति उत्कर्षणविषयक जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेप

वाइच्छावणाणं पमाणावहारणं कादूण ओकड्डणविसयाणं च तेसिं सुगमत्ताहिप्पाए परूवणमकाऊण संपहि एदेसिं चेव पदाणमोकड्डणविसयाणं थोवबहुत्तजाणावणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

* उक्कड्डिज्जमाणियाए ट्ठिदीए जहण्णगो णिक्खेवो थोवो।

§ ३६९. किं कारणं ? आवलियाए असंखेज्जदिभागपमाणत्तादो।

* ओकड्डिज्जमाणियाए ट्ठिदीए जहण्णगो णिक्खेवो असंखेज्जगुणो।

§ ३७०. किं कारणं ? आवलियतिभागपमाणत्तादो।

* ओकड्डिज्जमाणियाए ट्ठिदीए जहण्णिया अइच्छावणा थोवूणा दुगुणा।

§ ३७१. कुदो ? समयूणावलियाए वेत्तिभागपमाणत्तादो, पुव्विल्लो समयूणावलियाए तिभागो समयुत्तरो। एदे वुण समयूणावलियाए वेत्तिभागा तेण जहण्णाइच्छावणा दुरूवूणदुगुणा होदूण विसेसाहिया जादा त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो।

* ओकड्डिज्जमाणियाए ट्ठिदीए उक्कस्सिया अइच्छावणा णिव्वाघादेण

तथा अतिस्थापनाके प्रमाणका अवधारण करके अब अपकर्षणविषयक उनका सुगमतारूप अभिप्राय प्ररूपणा नहीं करके अब उत्कर्षण और अपकर्षणविषयक इन्हीं पदोंके अल्पबहुत्वका ज्ञान करानेके लिए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

* उत्कर्षित की जानेवाली स्थितिका जघन्य निक्षेप सबसे थोड़ा है।

§ ३६९. क्योंकि वह आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

* उससे अपकर्षित की जानेवाली स्थितिका जघन्य निक्षेप असंख्यातगुणा है।

§ ३७०. क्योंकि वह आवलिके त्रिभागप्रमाण है।

विशेषार्थ—एक समय कम एक आवलिके तीन भाग करे। पुनः एक त्रिभागमें एक मिला दे। इतना अपकर्षित की जानेवाली स्थितिके जघन्य निक्षेपका प्रमाण होता है जो उत्कर्षित की जानेवाली स्थितिके जघन्य निक्षेप आवलिके असंख्यातवें भागसे नियमसे असंख्यातगुणा होता है ऐसा यहाँ समझना चाहिये।

* उससे अपकर्षित की जानेवाली स्थितिकी जघन्य अतिस्थापना कुछ कम दूनी है।

§ ३७१. क्योंकि वह एक समय कम एक आवलिके दो-तीन भागप्रमाण है। यतः अनन्तर पूर्व कहा गया निक्षेप एक समय कम एक आवलिके समयाधिक त्रिभागप्रमाण है और यह काल एक समय कम एक आवलिके दो-तीन भागप्रमाण है, इसलिए यह जघन्य अतिस्थापना दो कम दूनी होकर पूर्वोक्तसे विशेष अधिक हो गई है यह इस सूत्रका भावार्थ है।

* उससे अपकर्षित की जानेवाली स्थितिकी उत्कृष्ट अतिस्थापना तथा निर्व्या-

उक्कड्डिज्जमाणाए ट्ठिदीए जहण्णिया अइच्छावणा च तुल्लाओ विसेसाहियाओ ।

§ ३७२. केत्तियमेत्तो विसेसो ? समयूणावलियाए तिभागो समयाहियमेत्तो । किं कारणं ? पुव्विल्लतेत्तिभागेसु तेत्तियमेत्ते पक्खित्ते संपुण्णावलियमेत्ताए णिव्वाघादविसयोकड्डणुक्कस्साइच्छावणाए उक्कड्डणाविसयणिव्वाघाद-जहण्णाइच्छावणाए च समुप्पत्तिदंसणादो ।

* आवलिया तत्तिया चेव ।

§ ३७३. सुगमं ।

* उक्कड्डणा उक्कस्सिया अधिच्छावणा संखेज्जगुणा ।

§ ३७४. किं कारणं ? समयाहियावलियूणुक्कस्साबाहपमाणत्तादो ।

घातरूपसे उत्कर्षित की जानेवाली स्थितिकी जघन्य अतिस्थापना तुल्य होकर विशेष अधिक है ।

§ ३७२. शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—एक समय कम आवलिका एक समय अधिक त्रिभागप्रमाण विशेषका प्रमाण है, क्योंकि पहलेके दो त्रिभागोंमें (एक समय कम आवलिके दो-त्रिभागोंमें) उतना अर्थात् एक समय कम आवलिके एक समय अधिक त्रिभागके मिलानेपर सम्पूर्ण आवलिप्रमाण निर्व्याघातविषयक अपकर्षणकी उत्कृष्ट अतिस्थापनाकी तथा उत्कर्षणविषयक निर्व्याघात जघन्य अतिस्थापनाकी उत्पत्ति देखी जाती है ।

विशेषार्थ—उत्कर्षणकी व्याघातरूप जघन्य अतिस्थापना एक आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण और उत्कृष्ट अतिस्थापना एक समय कम आवलिप्रमाण होती है । इसमें एक समय मिलानेपर उत्कर्षणकी निर्व्याघातरूप जघन्य अतिस्थापना प्रारम्भ होती है, इसलिए सूत्रमें उत्कर्षणकी जघन्य अतिस्थापना एक आवलिप्रमाण सिद्ध करनेके पहले निर्व्याघात यह विशेषण लगाया है । शेष कथन सुगम है ।

* आवलिका प्रमाण भी उतना ही है ।

§ ३७३. यह सूत्र सुगम है ।

* उससे उत्कर्षणविषयक उत्कृष्ट अतिस्थापना संख्यातगुणी है ।

§ ३७४. क्योंकि वह एक समय अधिक एक आवलिसे कम उत्कृष्ट आबाधाप्रमाण है ।

विशेषार्थ—किसी संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवने उत्कृष्ट संक्लेशसे चारित्रमोहनीय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध किया । तदनन्तर बन्धावलिके बाद अनन्तर समयमें उसने अग्रस्थितिके विवक्षित परमाणुपुंजका अपकर्षण कर उदयावलिके बादकी प्रथम स्थितिसे उसे निक्षिप्त किया । तदनन्तर अगले समयमें उदयावलिके अनन्तर समयमें निक्षिप्त हुए उक्त परमाणुपुंजके उदयावलिमें प्रविष्ट हो जानेपर उसके बादके समयमें निक्षिप्त हुए उक्त परमाणुपुंजको उत्कर्षित कर उसे आबाधाके ऊपर निक्षिप्त करनेपर उत्कृष्ट अतिस्थापना एक समय अधिक एक आवलिसे कम उत्कृष्ट आबाधा प्रमाण प्राप्त होती है, इसीलिए उसे एक आवलिसे संख्यातगुणी कहा है, क्योंकि उक्त आबाधा संख्यात आवलिप्रमाण होती है ।

*** ओकड्डणादो वाघादेण उक्कस्सिया अधिच्छावणा असंखेज्जगुणा।**

§ ३७५. कुदो ? समयूणुक्कस्सट्ठिदिखंडयपमाणत्तादो।

*** उक्कड्डणादो उक्कस्सगो णिक्खेवो विसेसाहिओ।**

§ ३७६. केत्तियमेत्तेण ? अंतोकोडाकोडिमेत्तेण। किं कारणं ? समयाहियावलियसहिदुक्कस्साबाहाए परिहीणचत्तालीस-सागरोवमकोडाकोडिमेत्तुक्कस्सट्ठिदीए एत्थुक्कस्सणिक्खेवभावेण विवक्खियत्तादो।

---

* उससे व्याघातकी अपेक्षा अपकर्षणकी उत्कृष्ट अतिस्थापना असंख्यातगुणी है।

§ ३७५. क्योंकि यह एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकप्रमाण होती है।

विशेषार्थ—जिस कर्मकी जितनी उत्कृष्ट कर्मस्थिति होती है उसकी अपेक्षा अपकर्षणकी एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकप्रमाण व्याघातविषयक उत्कृष्ट अतिस्थापना होती है जो स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिके पतनके समय अग्र स्थितिकी प्राप्त होती है। खुलासा इस प्रकार है—समझो किसी संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवने चारित्रमोहनीय कर्मका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध किया। पश्चात् बन्धावलिके बाद अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण स्थितिको छोड़कर उसने शेष स्थितिका काण्डकघात करनेके लिये आरम्भ करते हुए अन्तर्मुहूर्तप्रमाण उसकी फालियाँ करके प्रत्येक समयमें एक-एक फालिका पतन प्रारम्भ किया। ऐसा करते हुए जबतक उपान्त्य फालिका पतन नहीं होता तबतक प्रत्येक फालिके पतनके समय निर्व्याघातरूप एक आवलिप्रमाण ही अतिस्थापना प्राप्त होती है, क्योंकि प्रत्येक फालिके उपरितन परमाणुपुंजका नीचे एक आवलिप्रमाण अतिस्थापनाको छोड़कर शेष स्थितिमें उसका निक्षेप होता रहता है, इसलिए इसे निर्व्याघात अतिस्थापना ही समझनी चाहिये। मात्र अन्तिम फालिका जब काण्डकघातके अन्तिम समयमें पतन होता है तब उक्त फालिकी उत्कृष्ट अतिस्थापना एक समय कम एक काण्डकप्रमाण प्राप्त होती है, क्योंकि इस फालिकी अग्र स्थितिका पतन उसके नीचे उससे कम उस विवक्षित काण्डकके नीचेकी किसी भी स्थितिमें न होकर अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण स्थितिमें होता है, इसलिए यह व्याघातविषयक उत्कृष्ट अतिस्थापना जाननी चाहिये। तथा इस अग्र स्थितिसे नीचेके निषेकका पतन होनेपर इसकी अतिस्थापना दो समय कम उत्कृष्ट काण्डकप्रमाण प्राप्त होती है। यह भी व्याघात विषयक अतिस्थापना है। किन्तु इसमें एक समय कम हो जानेसे यह मध्यम अतिस्थापना कही जायगी। इसी प्रकार आगे-आगे अतिस्थापनामें एक-एक समय कम होते हुए जहाँ जाकर एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण अतिस्थापना प्राप्त होती है वहाँ तक व्याघातविषयक अतिस्थापना जाननी चाहिये। यह इसका जघन्य भेद है। प्रसंगसे इतना विशेष जानना चाहिये।

*** उससे उत्कर्षणकी अपेक्षा उत्कृष्ट निक्षेप विशेष अधिक है।**

§ ३७६. शंका—कितना अधिक है ?

समाधान—अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण अधिक है, क्योंकि एक समय और एक आवलि अधिक उत्कृष्ट आबाधासे हीन चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण उत्कृष्ट स्थिति यहाँ उत्कृष्ट निक्षेपरूपसे विवक्षित है।

❀ ओकड्डणादो उक्कस्सगो णिक्खेवो विसेसाहिओ ।

§ ३७७. केत्तियमेत्तो विसेसो ? संखेज्जावलियमेत्तो । किं कारणं ? आवलिऊणुक्कस्साबाहाए एत्थ पवेसदंसणादो ।

❀ उक्कस्सयं ट्ठिदिसंतकम्मं विसेसाहियं ।

§ ३७८. केत्तियमेत्तेण ? समयाहियदोआवलियमेत्तेण । किं कारणं ? समयाहियाइच्छावणावलियाए सह बंधावलियाए वि एत्थ पवेसदंसणादो । संपहि एदस्सेव विसेसपमाणस्स फुडीकरणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

❀ दोआवलियाओ समयुत्तराओ विसेसो ।

§ ३७९. गयत्थमेदं सुत्तं ।

§ ३८०. एवमेत्तिएण पबंधेण ओवट्टणविदियमूलगाहाए अत्थविहासा समत्ता ।

विशेषार्थ—उत्कर्षणकी अपेक्षा उत्कृष्ट अतिस्थापनाका प्रमाण बतला आये हैं। चारित्रमोहनीयके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपममेंसे उतना कम कर देनेपर उत्कर्षण की अपेक्षा उत्कृष्ट निक्षेपका उक्त प्रमाण प्राप्त होता है ऐसा यहाँ समझना चाहिये ।

❀ उससे अपकर्षणकी अपेक्षा उत्कृष्ट निक्षेप विशेष अधिक है ।

§ ३७७. शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—संख्यात आवलि विशेषका प्रमाण है, क्योंकि एक आवलि कम उत्कृष्ट आबाधा का इसमें प्रवेश देखा जाता है ।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट स्थिति बन्ध होनेपर बन्धावलिके बाद उसकी अग्र स्थितिका अपकर्षण करनेपर यह निक्षेप प्राप्त होता है, इसलिए इसे उत्कर्षणकी अपेक्षा प्राप्त हुए पूर्वोक्त उत्कृष्ट निक्षेपसे विशेष अधिक कहा है जो एक आवलि कम उत्कृष्ट आबाधाप्रमाण प्राप्त होता है ।

❀ उससे उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म विशेष अधिक है ।

§ ३७८. शंका—कितना अधिक है ?

समाधान—एक समय अधिक दो आवलिप्रमाण अधिक है, क्योंकि एक समय अधिक अतिस्थापनावलिके साथ बन्धावलिका भी इसमें प्रवेश देखा जाता है । अब इसी विशेष प्रमाणका स्पष्टीकरण करनेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं—

❀ वह विशेष एक समय अधिक दो आवलिप्रमाण है ।

§ ३७९. यह सूत्र गतार्थ है ।

विशेषार्थ—अग्रस्थितिका अपकर्षण हुआ, इसलिए एक समय तो यह कम हो गया । अग्रस्थितिके नीचे एक आवलि अतिस्थापनामें गई, इसलिए एक आवलि यह कम हो गई, तथा यह बन्धावलिके बाद अपकर्षण हुआ, इसलिए उत्कृष्ट स्थितिमेंसे एक आवलि और कम हो गई । इसलिये इस कमको पूर्वोक्त निक्षेपमें मिला देनेपर उत्कृष्ट सत्कर्मको इतना अधिक कहा है ।

§ ३८०. इस प्रकार इतने प्रबन्धके द्वारा अपवर्तनाविषयक मूल गाथाकी अर्थविभाषा

णवरि 'तहाणुभागेसणंतेसु' त्ति एसो भासगाहाए चरिमावयवो अणुभागविसय-ओकड्डुक्कड्डणाणं जहण्णुक्कस्सणिक्खेवपमाणावहारणे पडिबद्धो सुगमो त्ति चुण्णिसुत्तयारेण तव्विहासा णाढत्ता, उवरि मूलगाहाए पडिबद्धविदियभासगाहाए अणुभाग-विसयाणमोकड्डुक्कड्डणाणं जहण्णुक्कस्साइच्छावणाणिक्खेवेहिं विसेसियूण परूवणो-वलंभादो च। तम्हा तत्थेव तस्स वित्थारपरूवणं कस्सामो त्ति एदेणाहिप्पाएण एत्थाणुभागविसया पयदपरूवणा णाढत्ता त्ति घेत्तव्वं।

* एत्तो सत्तमी मूलगाहा।

§ ३८१. सुगमं। णवरि एसा जइ वि ओवट्टणाए तदिया मूलगाहा तो वि संकामणपट्ठवगस्स चउहिं मूलगाहाहिं सह जोइज्जमाणा सत्तमी मूलगाहा त्ति णिद्दिट्ठा। का पुण ओवट्टणा णाम? ट्ठिदि-अणुभागदुवारेण कम्मपदेसाणमोकड्डणा उक्कड्डणा-सहभाविणी ओवट्टणा त्ति भण्णदे। तदो तव्विसयजहण्णुक्कस्साइच्छावण-णिक्खेवादि-परूवणाए णिबद्धत्तादो एदाओ तिण्णि मूलगाहाओ ओवट्टणाए पडिबद्धाओ त्ति भणिदाओ। तम्हा संकामणपट्ठवगविवक्खाए सत्तमी मूलगाहा एण्हिमवयारिज्जदि त्ति सुसंबद्धं।

समाप्त हुई। इतनी विशेषता है कि 'तहाणुभागेसणंतेसु' इस प्रकार अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणके जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेपप्रमाणके अवधारणासे सम्बन्ध रखनेवाला यह भाष्य-गाथाका अन्तिम अवयव सुगम होनेसे चूर्णिसूत्रकारने तद्विषयक विभाषा आरम्भ नहीं की, क्योंकि उपरिम मूल गाथासे प्रतिबद्ध दूसरी भाष्यगाथामें अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षण-सम्बन्धी जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापना और निक्षेपसे विशेषित प्ररूपणा पाई जाती है, इसलिये वहीं उसकी विस्तारसे प्ररूपणा करेंगे, इसलिए इस अभिप्रायसे यहाँ अनुभागविषयक प्ररूपणा आरम्भ नहीं की गई ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये।

* अब आगे सातवीं मूलगाथा आरम्भ होती है।

§ ३८१. यह मूल सूत्रगाथा सुगम है। इतनी विशेषता है कि यह यद्यपि अपवर्तनाविषयक तीसरी मूल गाथा है तो भी संक्रामकप्रस्थापकसम्बन्धी चार मूल गाथाओंके साथ गिनती करनेपर यह सातवीं मूलगाथा है ऐसा निर्देश किया गया है।

शंका—अपवर्तना किसे कहते हैं?

समाधान—स्थिति और अनुभागरूपसे उत्कर्षणके साथ होनेवाले कर्मप्रदेशोंके अपकर्षणको अपवर्तना कहते हैं।

इसलिए तद्विषयक जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापना और निक्षेप आदिकी प्ररूपणामें निबद्ध होनेसे ये तीन मूलगाथाएँ अपवर्तनाके कथनके साथ प्रतिबद्ध हैं ऐसा यहाँ कहा है। इस कारण संक्रामण प्रस्थापककी विवक्षामें सातवीं मूलगाथा इस समय अवतरित की जाती है इस प्रकार यह सब कथन सुसम्बद्ध है।

* तं जहा ।

§ ३८२. सुगममेदं पयदगाहासुत्तावयारावेक्खं पुच्छावक्कं ।

(१०४) ट्ठिदि-अणुभागे अंसे के के वड्ढदि के व हरस्सेदि ।
केसु अवट्ठाणं वा गुणेण किं वा विसेसेण ॥१५७॥

§ ३८३. एसा सत्तमी मूलगाहा ट्ठिदि-अणुभागविसयाणं चेव ओकड्डणुक्कड्डणाणं किंचि अत्थपदपरूवणट्ठमोइण्णा । तदो एवं, णादवेद्व्वमिदं गाहासुत्तं, पुव्विल्लदोमूलगाहाहिं चेव ओकड्डणुक्कड्डणविसयाए जहण्णुक्कस्सणिक्खेवाइच्छावणादिपरूवणाए पवंचिदत्तादो ? ण एस दोसो, पुव्विल्लदोमूलगाहाहिं परूविदजहण्णुक्कस्सणिक्खेवाइच्छावणादिविसेसाणमोकड्डुक्कड्डणाणं पुणो वि विसेसिय्णेत्थ परूवणोवलंभादो । संपहि एदिस्से गाहाए किंचि अवयवत्थपरूवणं कस्सामो । तं जहा—'ट्ठिदिअणुभागे अंसे' एवं भणिदे ट्ठिदिअणुभागविसेसिदे कम्मपदेसे 'के के वड्ढदि' किमविसेसेण सव्वे चेव, आहो बंधसरिसे हीणे अहिए वा त्ति एसो पढमो पुच्छाणिद्देसो । 'के व हरस्सेदि' त्ति एत्थ वि तहा चेव ओकड्डणाए पुच्छाणुगमो कायव्वो ।

---

* वह जैसे ।

§ ३८२. प्रकृत गाथा सूत्रके अवतारसे सम्बन्ध रखनेवाला यह पुच्छावाक्य सुगम है ।

* **स्थित और अनुभागविषयक किन-किन कर्मप्रदेशोंको बढ़ाता अथवा घटाता है, अथवा किन कर्मप्रदेशोंमें अवस्थान होता है । तथा यह वृद्धि, हानि और अवस्थान गुणकाररूपसे होता है या विशेषरूपसे होता है ॥१५७॥**

§ ३८३. यह सातवीं मूलगाथा स्थिति और अनुभागविषयक ही अपकर्षण और उत्कर्षण-सम्बन्धी किंचित् अर्थपदकी प्ररूपणाके लिए अवतीर्ण हुई है ।

शंका—यदि ऐसा है तो इस गाथासूत्रको आरम्भ नहीं करना चाहिये, क्योंकि पूर्वकी दो मूलगाथाओंके द्वारा ही अपकर्षण और उत्कर्षणविषयक जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेप और अतिस्थापना आदिकी प्ररूपणा विस्तारसे कर आये हैं ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि पहलेकी दो गाथाओं द्वारा प्ररूपित जघन्य और उत्कृष्ट निक्षेप और अतिस्थापना आदि विशिष्ट अपकर्षण और उत्कर्षणकी फिर भी विशेषरूपसे यहाँ प्ररूपणा पाई जाती है ।

अब इस गाथाकी अवयवसम्बन्धी किंचित् अर्थकी प्ररूपणा करते हैं । वह जैसे—'ट्ठिदि-अणुभागे अंसे' ऐसा कहनेपर स्थिति और अनुभागसे युक्त कर्मप्रदेश कौन-कौन बढ़ते हैं, क्या सामान्यरूपसे सभी कर्मप्रदेश बढ़ते हैं या बन्धके समान, बन्धसे हीन या बन्धसे अधिक स्थिति और अनुभागवाले कर्मप्रदेश बढ़ते हैं यह प्रथम पृच्छाका निर्देश है । 'के वा हरस्सेदि' इस प्रकार यहाँपर भी उसी प्रकार अपकर्षणविषयक पृच्छाका अनुगम करना चाहिये । इस प्रकार गाथाके पूर्वार्द्धमें

एवमेदाहिं दोहि पुच्छाहिं गाहापुव्वद्धणिबद्धाहिं ओकड्डुक्कड्डणाणं पवत्तिविसेसो ट्ठिदिअणुभागविसओ पुच्छिदो होदि ।

§ ३८४. 'केसु अवट्ठाणं वा' एदेण वि गाहावयवेण केसु ट्ठिदिअणुभागविसेसेसु वड्ढि-हाणीहिं विणा अवट्ठाणं होदि त्ति पुच्छादुवारेण ओकड्डुक्कड्डणाणमप्पाओग्गभावेणावट्ठिदाणं ट्ठिदि-अणुभागाणं संभवासंभवविसया परूवणा सूचिदा दट्ठव्वा। 'गुणेण किं वा विसेसेण'त्ति एदेण वि चरिमसुत्तावयवेण वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणविसेसिदाणं थोववहुत्तविसओ पुच्छाणिद्देसो कओ। संपहि एवंविहत्थपडिबद्धाए एदिस्से सत्तमीए मूलगाहाए अत्थविहासणं कुणमाणो तत्थ ताव चउण्हं भासगाहाणमत्थित्तपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

* एदिस्से चत्तारि भासगाहाओ ।

§ ३८५. सुगमं ।

* तासिं समुक्कित्तणा च विहासा च ।

§ ३८६. तासिं भासगाहाणं समुक्कित्तणापुरस्सरमत्थविहासा कायव्वा त्ति भणिदं होइ । तत्थ ताव पढमाए भासगाहाए समुक्कित्तणं कुणमाणो इदमाह—

* पढमभासगाहाए समुक्कित्तणा ।

निबद्ध इन दो पृच्छाओंके द्वारा अपकर्षण और उत्कर्षणविषयक स्थिति अनुभागसम्बन्धी प्रवृत्ति विशेषकी पृच्छा की गई है ।

§ ३८४. 'केसु अवट्ठाणं वा' गाथाके इस अवयव द्वारा किन स्थिति और अनुभागविषयक विशेषोंमें वृद्धि और हानिके बिना अवस्थान होता है इस प्रकार इस पृच्छा द्वारा अपकर्षण और उत्कर्षणके अयोग्यरूपसे अवस्थित स्थिति और अनुभागकी सम्भावना और असम्भावनाविषयक प्ररूपणा सूचित की गई जानना चाहिये। तथा 'गुणेण किं वा विसेसेण' इस प्रकार सूत्रके इस अन्तिम अवयवके द्वारा भी वृद्धि, हानि और अवस्थान विशिष्ट प्रदेशोंके अल्पबहुत्वविषयक पृच्छाका निर्देश किया गया है। अब इस प्रकारके अर्थमें निबद्ध इस सातवीं मूलगाथाकी अर्थविभाषा करते हुए प्रकृतमें सर्वप्रथम चार भाष्यगाथाओंके अस्तित्वका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* इसकी चार भाष्यगाथाएँ हैं ।

§ ३८५. यह सूत्र सुगम है ।

* अब उनकी समुत्कीर्तना और विभाषा करते हैं ।

§ ३८६. उन भाष्यगाथाओंकी समुत्कीर्तनापूर्वक अर्थविभाषा करनी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है । उनमेंसे सर्वप्रथम प्रथम भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना करते हुए इस सूत्रवचनको कहते हैं—

* उनमेंसे प्रथम भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना इस प्रकार है ।

§ ३८७. सुगमं ।

(१०५) ओवट्टेदि ट्ठिदिं पुण अधिगं हीणं च बंधसमगं वा ।
उक्कड्डदि बंधसमं हीणं अधिगं ण वड्ढेदि ॥१५८॥

§ ३८८. एदिस्से पढमभासगाहापुव्वद्धेण वि ट्ठिदिओकड्डणाए पवुत्तिकमो जाणाविदो । पच्छद्धेण वि ट्ठिदिउक्कड्डणाए पवुत्तविसेसो परूविदो दट्ठव्वो । तं कधं ? ओवट्टेदि ट्ठिदिं पुण' एवं भणिदे ट्ठिदिमोकड्डेमाणो बंधसममेव कादूणोकड्डदि त्ति णत्थि णियमो, किंतु बंधेण सरिसं वा हीणं वा अहियं वा कादूणोकड्डदि त्ति एसो अत्थविसेसो जाणाविदो । तेण उवरिमाओ इच्छिदणिसेगट्ठिदीओ ओकड्डेमाणो बंधग्ग-ट्ठिदीए सरिसं पि कादूणोकड्डिदुं लहदि त्ति बंधग्गट्ठिदीदो हेट्ठिमवज्झमाणावज्झमाण-णिसेगट्ठिदिसरूवेण वि ओकड्डिदुं लहदि । पुणो बंधग्गट्ठिदीदो उवरिमसंतट्ठिदिसरूवेण च समयाविरोहेणोकड्डिदुं लहदि त्ति एसो गाहापुव्वद्धे सुत्तत्थसमुच्चओ । अधवा बंधादो उवरिमअहियसंतकम्मं वि हेट्ठा समयाविरोहेणोकड्डदि, हीणं पि बंधपढमणिसेयादो हेट्ठिमआबाहब्भंतरट्ठिदिसंतकम्मं पि ओकड्डदि । तहा बंधपढमणिसेगमादिं कादूण

---

§ ३८७. यह सूत्र सुगम है ।

(१०५) स्थितिका अपकर्षण करता हुआ बन्धसे अधिक स्थितिका भी अपकर्षण करता है, बन्धसे हीन स्थितिका भी अपकर्षण करता है और बन्धके समान स्थितिका भी अपकर्षण करता है । तथा स्थितिका उत्कर्षण करता हुआ बन्धके समान स्थिति-का भी अपकर्षण करता है और बन्धसे हीन स्थितिका भी उत्कर्षण करता है, मात्र बन्धसे अधिक स्थितिका उत्कर्षण नहीं करता ॥१५८॥

§ ३८८. इस प्रथम भाष्यगाथाके पूर्वार्धके द्वारा स्थिति अपकर्षणकी प्रवृत्तिके क्रमका ज्ञान कराया गया है । तथा उत्तरार्धके द्वारा स्थितिउत्कर्षणके प्रवृत्तिविशेषकी प्ररूपणा जाननी चाहिये ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—'ओवट्टेदि ट्ठिदिं पुण' ऐसा कहनेपर स्थितिका अपकर्षण करता हुआ बन्धके समान करके ही स्थितिको अपकर्षित करता है ऐसा कोई नियम नहीं है । किन्तु बन्धके समान, हीन या अधिक करके भी स्थितिका अपकर्षण करता है इस अर्थविशेषका ज्ञान कराया गया है । इसलिये उपरिम इच्छित निषेक-स्थितियोंका अपकर्षण करता हुआ तत्काल बन्धकी अग्रस्थितिके समान सत्त्वस्थितिको करके भी उसका अपकर्षण करता है, तत्काल बन्धकी अग्रस्थितिसे अधस्तन बन्ध्यमान और अबध्यमान निषेकस्थितिस्वरूपसे भी उनका अपकर्षण करता है । तथा तत्काल बन्धकी अग्रस्थितिसे उपरिम जो सत्कर्मकी स्थिति है उस रूपसे भी आगमके अविरोधपूर्वक उसका अपकर्षण करता है । इस प्रकार यह गाथाके पूर्वार्धमें निबद्ध सूत्रके अर्थका समुच्चय है । अथवा तत्काल बन्धसे ऊपर जो अधिक सत्कर्म है उसका नीचे आगमके अविरोधपूर्वक अपकर्षण करता है, तथा जो नीचे आबाधाके भीतरका स्थितिसत्कर्म तत्काल बन्धके प्रथम निषेकसे हीनस्थितिवाला

जाव बंधग्गट्ठिदीए समाणं होदूण ट्ठिदिबंधसरिससंतट्ठिदीओ वि ओकड्डदि त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसंगहो।

§ ३८९. 'उक्कड्डदि बंधसमं' एवं भणिदे ट्ठिदिमुक्कड्डेमाणो बंधग्गट्ठिदिसमाणं कादूण उक्कड्डदि, तत्तो हीणबंधग्गट्ठिदिसमाणं पि कादूण उक्कड्डदि, बंधादो पुण उवरिम-अहियट्ठिदिसंतकम्मसमाणं कादूण णियमा ण उक्कड्डदि, बंधे उक्कड्डणाणियमदंसणादो। अधवा बंधसरिसट्ठिदीओ वि बंधसमामुक्कड्डदि, बंधादो हीणट्ठिदीओ वि आबाहब्भंतरिमाओ बंधसरूवेणुक्कड्डदि, बंधादो उवरिमसंतट्ठिदीओ णियमा ण उक्कड्डदि त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसंगहो, 'बंधसमं हीणं च उक्कड्डदि', अहियं पुण ण उक्कड्डदि त्ति सुत्ते पदसंबंधावलंबणादो।

§ ३९०. संपहि एत्तिहमेदिस्से पढमभासगाहाए अत्थं विहासेमाणो विहासागंथमुत्तरमाह—

है उसका भी अपकर्षण करता है तथा जो सत्कर्म तत्काल बन्धके प्रथम निषेकसे लेकर तत्काल बन्धकी अग्रस्थितिके समान है उस स्थितिबन्धके सदृश सत्कर्म स्थितियोंका भी अपकर्षण करता है इस प्रकार यह यहाँ सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है।

विशेषार्थ—स्थिति अपकर्षणके लिये जो नियम [illegible] यह है कि उदयावलिके भीतरकी सत्त्वस्थितियोंका अपकर्षण नहीं होता तथा तत्काल बन्धस्थितियोंका बन्धावलि काल जानेतक अपकर्षण नहीं होता। इन दो नियमोंको छोड़कर जो भी कर्म हैं वे तत्काल बन्धकी अग्रस्थितिसे हीन स्थितिवाले हों, समान स्थितिवाले हों या अधिक स्थितिवाले हों तो उनका समयके अविरोधपूर्वक अपकर्षण हो सकता है यह विवक्षित गाथासूत्र 'ओकड्डेदि ट्ठिदिं पुण' इत्यादि गाथाके पूर्वार्धका समुच्चयरूप एक अर्थ है। दूसरा अर्थ करते हुए तत्काल बन्धस्थितिसे नीचेकी सत्कर्म स्थितिको बतलाते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि 'यदि सत्कर्मकी स्थिति तत्काल बन्धकी आबाधासे भी कम शेष रही हो तो भी उसका अपकर्षण होना सम्भव है। यह उक्त गाथासूत्रके पूर्वार्धमें निबद्ध अर्थका खुलासा है। यहाँ समयके अविरोधपूर्वक इसका अन्वय अपकर्षणसम्बन्धी सब विकल्पोंको स्पष्ट करते हुए कर ले इतना यहाँ विशेष जानना चाहिये।

§ ३८९. 'उक्कड्डदिबंध समं' ऐसा कहनेपर स्थितिका उत्कर्षण करते हुए नवीन स्थिति बन्धकी अग्रस्थितिको समान करके उत्कर्षण करता है। उससे हीन नवीन स्थितिबन्धकी अग्रस्थितिको समान करके भी उत्कर्षण करता है, परन्तु नवीन बन्धसे उपरिम अधिक स्थितिसत्कर्मको समान करके नियमसे उत्कर्षण नहीं करता, क्योंकि नवीन बन्धके भीतर उत्कर्षणका नियम देखा जाता है। अथवा नवीन बन्धके सदृश स्थितियोंको भी नवीन बन्धके समान करके उत्कर्षित करता है तथा नवीन बन्धसे हीन आबाधा कालके भीतरकी सत्कर्म स्थितियोंको नवीन बन्धस्वरूपसे उत्कर्षित करता है, मात्र नवीन बन्धसे उपरिम सत्कर्म स्थितियोंको नियमसे उत्कर्षित नहीं करता है यह यहाँ इस मूलगाथा सूत्रका समुच्चयार्थ है, क्योंकि 'बंधसमं हीणं च उक्कड्डदि, अहियं पुण ण उक्कड्डदि' इस प्रकार इस सूत्रमें स्थित पदोंका अवलम्बन लिया गया है।

§ ३९०. अब इस प्रकार इस प्रथम भाष्यगाथाके अर्थका खुलासा करते हुए आगे विभाषाग्रन्थको कहते हैं—

* विहासा ।

§ ३९१. सुगमं ।

* जा ट्ठिदी ओकड्डिज्जदि सा ट्ठिदी बज्झमाणियादो अधिगा वा हीणा वा तुल्ला वा ।

§ ३९२. सुगमं ।

* उक्कड्डिज्जमाणिया ट्ठिदी बज्झमाणिगादो ट्ठिदीदो तुल्ला हीणा वा, अहिया णत्थि ।

§ ३९३. गयत्थमेदं सुत्तं ।

§ ३९४. एवं ताव पढमभासगाहाए अत्थविहासणं समाणिय संपहि विदियभासगाहाए विहासणट्ठमुत्तरसुत्तावयारो—

* एत्तो विदियभासगाहा ।

§ ३९५. सुगमं ।

---

* यह प्रथम भाष्यगाथाकी विभाषा है ।

§ ३९१. यह सूत्र सुगम है ।

* जो स्थिति अपकर्षित की जाती है वह स्थिति बध्यमान स्थितिसे अधिक, हीन या समान होती है ।

§ ३९२. यह सूत्र सुगम है ।

* किन्तु उत्कर्षित की जानेवाली स्थिति बध्यमान स्थितिसे तुल्य या हीन होती है, अधिक नहीं होती ।

§ ३९३. यह सूत्र गतार्थ है ।

विशेषार्थ—जो कर्म एक आवलिके पूर्व बाँधा हो उसका उत्कर्षण हो सकता है, क्योंकि एक तो जितना भी नया बन्ध हुआ हो उसका बन्धावलि जाने तक उत्कर्षण नहीं होता । दूसरे उदयावलिके भीतर जो भी कर्म अवस्थित है उसका भी उत्कर्षण नहीं होता । इसके अतिरिक्त शेष कर्मोंका आगमके अविरोधपूर्वक उत्कर्षण हो सकता है । यहाँ जो बध्यमान कर्मसे हीन स्थितिवाला सत्कर्म है या समान स्थितिवाला सत्कर्म है उसका बध्यमान कर्ममें उत्कर्षणका जो विधान किया है सो उसका भाव यह है कि बध्यमान कर्म जिस स्थितिका उत्कर्षण हो उससे कमसे कम इतना अधिक तो होना ही चाहिये जिससे उत्कर्षणके लिए बध्यमान कर्ममें जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपकी प्राप्ति हो जाय ।

§ ३९४. इस प्रकार सर्वप्रथम भाष्यगाथाकी अर्थविभाषा समाप्त करके अब दूसरी भाष्यगाथाकी विभाषा करनेके लिए आगेके सूत्रका अवतार होता है—

* यह दूसरी भाष्यगाथा है ।

§ ३९५. यह सूत्र सुगम है ।

* जहा ।

§ ३९६. सुगमं ।

(१०६) सव्वे वि य अणुभागे ओकड्डदि जे ण आवलियपविट्ठे ।
उक्कड्डदि बंधसमं णिरुवक्कमं होदि आवलिया ॥१५९॥

§ ३९७. एदीए विदियभासगाहाए अणुभागविसयाणमोकड्डुक्कड्डणाणं पवुत्तिविसेसो जाणाविदो । तं जहा—'सव्वे वि य' एवं भणिदे सव्वे चेव अणुभागे ओकड्डदि, बंधसरिसाणं तत्तो अब्भहियाणं च सव्वेसिमेवाणुभागफद्दयाणं सव्वासु ट्ठिदीसु वट्टमाणाणमोकड्डणापवुत्तीए पडिसेहाभावादो । एत्थतणसव्वग्गहणेण आदीदो प्पहुडि जहण्णाइच्छावणाणिक्खेवमेत्तफद्दयाणं पि ओकड्डणाइप्पसंगो त्ति णासंकणिज्जं, उदयावलियबाहिरासेसट्ठिदीओ ओकड्डेमाणस्स तद्दुवारेण सव्वेसिमणुभागफद्दयाणं पि ओकड्डणा जादा त्ति एदेणाहिप्पाएणेदस्स परूविदत्तादो । एदेण सामण्णणिद्देसेण आवलियपविट्ठाणं पि अणुभागफद्दयाणमोकड्डणाइप्पसंगे तण्णिवारणट्ठमिदं वुत्तं 'जे ण आवलियपविट्ठे त्ति' जे पुण आवलियपविट्ठा अणुभागा ते ण ओकड्डदि, तत्तो बहिरिल्लाणि चेव सव्वाणुभागफद्दयाणि ओकड्डदि त्ति वुत्तं होइ ।

* वह जैसे ।

---

§ ३९६. यह सूत्र सुगम है ।

(१०६) जो अनुभाग आवलि (उदयावलि) में प्रविष्ट नहीं हुआ है ऐसे सभी प्रकारके अनुभागोंका अपकर्षण करता है तथा बन्ध सदृश अनुभागका उत्कर्षण करता है । मात्र एक आवलि (बन्धावलि) निरुपक्रम होती है ॥१५९॥

§ ३९७. इस दूसरी भाष्यगाथा द्वारा अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणकी प्रवृत्ति-विशेषका ज्ञान कराया गया है । वह जैसे—'सव्वे वि य' ऐसा कहनेपर सभी अनुभागोंका अपकर्षण करता है, क्योंकि जो सभी स्थितियोंमें विद्यमान हैं ऐसे बन्धके सदृश और उससे अधिक सभी अनुभागसम्बन्धी स्पर्द्धकोंके अपकर्षणविषयक प्रवृत्ति होनेमें प्रतिषेधका अभाव है ।

शंका—इस वचनमें जो 'सर्व' पदको ग्रहण किया है उसके अनुसार आदिके स्पर्धकसे लेकर जघन्य अतिस्थापना और निक्षेपरूप स्पर्धकोंके अपकर्षणका प्रसंग आता है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि उदयावलिके बाहर स्थित समस्त स्थितियोंका अपकर्षण करनेवालेके इस द्वारा सभी अनुभागस्पर्धकोंका भी अपकर्षण होता है इस प्रकार इस अभिप्रायसे 'सभी अनुभागस्पर्धकोंका अपकर्षण होता है' ऐसा प्ररूपण किया है ।

यद्यपि 'सव्वे वि य अणुभागे' यह सामान्य निर्देश है, इसलिए इस द्वारा आवलि (उदयावलि) प्रविष्ट अनुभागस्पर्धकोंका भी अपकर्षणसम्बन्धी अतिप्रसंग प्राप्त होता है, इसलिए उसका निवारण करनेके लिए 'जे ण आवलियपविट्ठे' यह वचन कहा है । इसलिये यह अर्थ हुआ कि जो अनुभागस्पर्धक आवलि (उदयावलि) प्रविष्ट हैं उनका अपकर्षण नहीं करता है । किन्तु उनसे

§ ३९८. 'उक्कड्डदि बंधसमं' एवं भणिदे अणुभागफद्दयाणि उक्कड्डेमाणो बंधसममेव णियमा उक्कड्डदि बंधादो अधियफद्दयसरूवेण उक्कड्डणापवुत्तीए बन्धंताभावेण पडिसिद्धत्तादो। एत्थ वि जे ण आवलियपविट्ठे त्ति अहियारसंबंधो कायव्वो।

§ ३९९. 'णिरुवक्कमं होदि आवलिया' एवं भणिदे बंधावलिया ओकड्डणुक्कड्णाहिं विणा णिरुवक्कमा होदूण णिव्वाघादसरूवेणेव चिट्ठदि त्ति वुत्तं होइ। अहवा 'णिरुवक्कमं होदि आवलिया' एवं भणिदे ठिदीहिं वा अणुभागेहिं वा उक्कड्डिदपदेसग्गमावलियमेत्तं कालं किरियंतरपरिणामेण विणा चिट्ठदि त्ति एसो अत्थो एदस्स सुत्तावयवस्स घेत्तव्वो। एसो अत्थो पुव्वमेव पंचमीए मूलगाहाए विदियभासगाहासंबंधेण विहासिदो चेव, तदो णिरत्थयमिदं सुत्तमिदि चे? ण, पुव्वुत्तस्सेवत्थस्स पुणो वि मंदमेहाविजणाणुग्गहट्ठं संभालणे दोसाभावादो। संपहि एवंविहभेदस्स गाहासुत्तस्स अत्थं विहासिदुकामो विहासागंथमुत्तरं भणइ—

* **विहासा।**

४००. सुगमं।

* **एदिस्से गाहाए अण्णो बंधाणुलोमेण अत्थो, अण्णो सब्भावदो।**

अतिरिक्त सभी अनुभागस्पर्धकोंका अपकर्षण करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ ३९८. 'उक्कड्डदि बंधसमं' ऐसा कहनेपर अनुभागस्पर्धकोंका उत्कर्षण करता हुआ बन्धके सदृश स्पर्धकोंका ही नियमसे उत्कर्षण करता है, क्योंकि बन्धसे अधिक (शक्तिवाले) जो स्पर्धक हैं उनकी उत्कर्षणरूप प्रवृत्तिका अत्यन्त अभाव होनेसे वह प्रतिषिद्ध है। यहाँपर भी 'जे ण आवलियपविट्ठे' इस वचनका अधिकारवश सम्बन्ध करना चाहिये।

§ ३९९. 'णिरुवक्कमं होइ आवलिया' ऐसा कहनेपर बन्धावलि अपकर्षण-उत्कर्षणके बिना निरुपक्रम होकर निर्व्याघातरूपसे अवस्थित रहती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अथवा 'णिरुवक्कमं होई आवलिया' ऐसा कहनेपर स्थितियोंकी अपेक्षा अथवा अनुभागोंकी अपेक्षा उत्कर्षणको प्राप्त होनेवाला प्रदेशपुंज एक आवलि कालतक दूसरी क्रिया किये बिना स्थित रहता है यह अर्थ इस सूत्रवचनका ग्रहण करना चाहिये।

शंका—इस अर्थका पहले ही पाँचवीं मूलगाथाकी दूसरी भाष्यगाथाके सम्बन्धसे व्याख्यान कर ही आये हैं, इसलिये यह सूत्र निरर्थक है?

समाधान—नहीं, क्योंकि मन्दबुद्धि व्यक्तियोंका अनुग्रह करनेके लिये पूर्वोक्त अर्थकी ही फिर भी सम्हाल करनेमें कोई दोष नहीं है।

अब इस प्रकार इस गाथासूत्रके अर्थकी विशेष व्याख्या करनेकी इच्छासे आगेके विभाषाग्रन्थको कहते हैं—

* **अब उक्त गाथाकी विभाषा करते हैं।**

§ ४००. यह सूत्र सुगम है।

* **इस गाथाका बन्धानुलोमकी अपेक्षा अन्य अर्थ है और सद्भावकी अपेक्षा**

§ ४०१. एतदुक्तं भवति--एदिस्से भासगाहाए बंधाणुलोमेण णिहालिज्जमाणे अण्णारिसो अत्थो थूलसरूवो अण्णारिसो च सब्भावदो णिरूविज्जमाणे सुहुमत्थो अत्थावत्तिगम्मो त्ति ।

§ ४०२. एवं च उहयत्थसंभवे तत्थ ताव बंधाणुलोममेदिस्से अत्थविहासणं पढमं कस्सामो त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरमाह—

* बंधाणुलोमं ताव वत्तइस्सामो ।

§ ४०३. गाहासुत्तपबंधाणुसारेण जहसुदत्थपरूवणा बंधाणुलोमं णाम । तमेव ताव पुव्वं वत्तइस्सामो त्ति भणिदं होइ ।

अन्य अर्थ है ।

§ ४०१. इसका यह तात्पर्य है—इस भाष्यगाथाको बन्धानुलोमसे देखनेपर स्थूलस्वरूप अन्य प्रकारका अर्थ होता है और सद्भावरूपसे देखनेपर अर्थापत्तिगम्य सूक्ष्मरूप अन्य अर्थ होता है।

विशेषार्थ--प्रकृतमें अनुभागके अपकर्षण और उत्कर्षणकी दृष्टिसे चूर्णिसूत्रकारने दो प्रकारकी प्ररूपणाका निर्देश किया है। पहली प्ररूपणा स्थितिको माध्यम बनाकर अनुभागके अपकर्षण और उत्कर्षणसे सम्बन्ध रखती है और दूसरी प्ररूपणा सीधे अनुभागके उत्कर्षण और अपकर्षणसम्बन्धी नियमोंको ध्यानमें रखकर की गई है। इस दूसरी प्ररूपणामें स्थितिको माध्यम नहीं बनाया गया है। इनमेंसे प्रथम प्ररूपणाका नाम बन्धानुलोम प्ररूपणा है, क्योंकि इसमें गाथासूत्रमें निबद्ध पदोंकी की गई रचनाकी मुख्यता है उसके अनुसार यह प्ररूपणा की गई है, इसलिये इसे बन्धानुलोम कहकर स्थूल प्ररूपणा कहा गया है। अनुभागविषयक अपकर्षणके नियमोंको थोड़ी देरके लिए यदि गौण भी कर दिया जाय तो भी उत्कर्षणको लक्ष्यमें रखकर गाथासूत्रके उत्तरार्धमें जो व्यवस्था की गई है वह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि उससे उत्कर्षणके आवश्यक नियमोंपर बहुत ही कम प्रकाश पड़ता है। यह एक ऐसा कारण है जिससे इसे स्थूल-प्ररूपणा कहना उपयुक्त है। सद्भावका अर्थ प्रकृतमें यथार्थ है। अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षण किस विधि या नियमोंके आधारपर होता है उनको लक्ष्यमें रखकर जो प्ररूपणा प्रकृतमें की गई है इसका नाम सद्भावप्ररूपणा है। यतः यह अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणके नियमोंको ध्यानमें रखकर की गई है, इसलिए यह सूक्ष्म है ऐसा यहाँ समझना चाहिये। गाथासूत्रमें जो 'बन्धसमं' पद आया है उसका प्रकृतमें ऐसा आशय लेना चाहिये कि जिस प्रकृतिका नवीन बन्ध जितनी स्थितिको लिये हुए होता है वहींतक उस समय उस प्रकृतिका उत्कर्षण हो सकता है। उसे उल्लंघन कर उत्कर्षण नहीं होता।

§ ४०२. इस प्रकार प्रकृतमें दोनों प्रकारके अर्थ सम्भव होनेपर उनमेंसे सर्वप्रथम इस सूत्रगाथासम्बन्धी बन्धानुलोम अर्थकी विभाषा करते हैं इस प्रकार इस अर्थका ज्ञान कराते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं--

* सर्वप्रथम बन्धानुलोम अर्थको बतलावेंगे ।

§ ४०३. गाथासूत्रके प्रबन्ध अर्थात् रचना को लक्ष्य कर श्रुतके अनुसार प्ररूपणाका नाम बन्धानुलोम प्ररूपणा है। उसीको सर्वप्रथम बतलावेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** उदयावलियपविट्ठे अणुभागे मोत्तूण सेसे सव्वे चेव अणुभागे ओकड्डदि, एवं चेव उक्कड्डदि ।**

§ ४०४. एसो बंधाणुसारिओ अत्थो, 'सव्वे वि य अणुभागे' इच्चेदम्मि गाहासुत्ते णिबद्धस्स अत्थविसेसस्स सद्दारूढस्स परिप्फुडमुवलंभादो । एसो च थूलत्थो, ट्ठिदिदुवारेण उदयावलियबाहिरासेसट्ठिदीसु ट्ठिदाणमणुभागफद्दयाणं सव्वेसिमेवोकड्डुक्कड्डणाणं संभवपदुप्पायणादो । ण च परमत्थदो एस संभवो अत्थि, अणुभागविसयाणमोकड्डुक्कड्डणाणं जहण्णाइच्छावणाणिक्खेवमेत्तफद्दयाणि मोत्तूण सेसफद्दयेसु चेव पवुत्तिदंसणादो । तदो एवंविहस्स विसेसस्साणुवदेसादो बंधाणुसारिओ एसो अत्थो थूलसरूवो त्ति सिद्धं । एवं च थूलत्थं परूवेमाणस्स गाहासुत्तयारस्साहिप्पायो ट्ठिदीओ अस्सियूण समत्थेयव्वो । तं कधं ? उदयावलियप्पहुडि सव्वेसु ट्ठिदिविसेसेसु सव्वाणि अणुभागफद्दयाणि अत्थि, तदो तासु ट्ठिदीसु ओकड्डिज्जमाणासु उक्कड्डिज्जमाणासु च तत्थ ट्ठिदाणुभागफद्दयाणि सव्वाणि चेव ओकड्डिदाणि उक्कड्डिदाणि च भवंति, तासु ट्ठिदपरमाणूहिंतो पुधभूदाणमणुभागफद्दयाणमणुवलंभादो त्ति । एदेणाहिप्पाएण उदयावलियपविट्ठाणुभागे मोत्तूण सव्वे चेव अणुभागा ट्ठिदिदुवारेण ओकड्डिज्जंति उक्कड्डिज्जंति चेदि भणिदं ।

§ ४०५. एवं ताव बंधाणुसारेण थूलत्थविहासणं कादूण संपहि गाहासुत्तस्से-

---

*** उदयावलिमें प्रविष्ट हुए अनुभागको छोड़कर शेष सभी प्रकारके अनुभागका अपकर्षण करता है और इसी प्रकार उत्कर्षण करता है ।**

§ ४०४. यह बन्ध (गाथासूत्रके प्रबन्ध) के अनुसार अर्थ है । क्योंकि 'सव्वे वि य अणुभागे' इत्यादि उक्त गाथासूत्रमें शब्दारूढ़ (शब्दोंके अनुसार किया जानेवाला) अर्थविशेष स्पष्टरूपसे उपलब्ध होता है । किन्तु यह स्थूल अर्थ है, क्योंकि इसमें स्थिति द्वारा उदयावलिके बाहर सम्पूर्ण स्थितियोंमें स्थित सभी अनुभागके स्पर्धकोंविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणकी सम्भावनाका कथन किया गया है । किन्तु परमार्थसे यह सम्भव नहीं है, क्योंकि अनुभागविषयक अपकर्षण और उत्कर्षणकी जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपप्रमाण स्पर्धकोंको छोड़कर शेष स्पर्धकोंमें ही उनकी प्रवृत्ति देखी जाती है । इसलिए इस प्रकारके विशेषका सूत्रगाथामें उपदेश न होनेके कारण बन्धानुसार यह अर्थ स्थूलस्वरूप है यह सिद्ध होता है । इस प्रकार स्थूल अर्थका प्ररूपण करनेवाले गाथा सूत्रकारके अभिप्रायका स्थितियोंका आलम्बन लेकर समर्थन करना चाहिये ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—उदयावलिसे लेकर सब स्थितिविशेषोंमें सभी अनुभागसम्बन्धी स्पर्धक हैं, इसलिए उन स्थितियोंका अपकर्षण और उत्कर्षण करनेपर उनमें स्थित सभी अनुभागस्पर्धक अपकर्षित और उत्कर्षित होते हैं, क्योंकि उन स्थितियोंमें स्थित परमाणुओंसे पृथक् अनुभागस्पर्धक नहीं पाये जाते । इस प्रकार इस अभिप्रायसे उदयावलिमें प्रविष्ट हुए अनुभागको छोड़कर सभी अनुभाग स्थिति द्वारा अपकर्षित होते हैं और उत्कर्षित होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

§ ४०५. इस प्रकार सर्वप्रथम बन्धानुसार स्थूल अर्थकी विभाषा करके अब इस गाथासूत्रके

एस्स सब्भावत्थं विहासेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

❀ सब्भावसण्णं वत्तइस्सामो ।

§ ४०६. ट्ठिदिविवक्खमकादूण अणुभागं चेव पहाणभावेण घेत्तूण तव्विसयाणमोकड्डुक्कड्डणाणं पवुत्तिक्कमणिरूवणं सब्भावसण्णा णाम । तमिदाणिं वत्तइस्सामो त्ति वुत्तं होइ ।

* तं जहा ।

§ ४०७. सुगमं ।

* पढमफद्दयप्पहुडि अणंताणि फद्दयाणि ण ओकड्डिज्जंति ।

§ ४०८. किं कारणं ? तेसिमइत्थावणणिक्खेवविसयासंभवादो ।

❀ ताणि केत्तियाणि ।

§ ४०९. सुगमं ।

❀ जत्तियाणि जहण्णअधिच्छावणफद्दयाणि जहण्णणिक्खेवफद्दयाणि च तत्तियाणि ।

* तदो एत्तियमेत्तियाणि फद्दयाणि अधिच्छिदूण तं फद्दयमोकड्डिज्जदि ।

❀ एवं जाव चरिमफद्दयं ति ओकड्डदि अणंताणि फद्दयाणि ।

§ ४१०. एदेसिं सुत्ताणमवयवत्थपरूवणा सुगमा, तम्हा आदीदो प्पहुडि

सद्भाव अर्थकी विभाषा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* अब सद्भाव संज्ञावाले अर्थको बतलावेंगे ।

§ ४०६. स्थितिकी विवक्षा न करके अनुभागको ही प्रधानरूपसे ग्रहण कर तद्विषयक अपकर्षण और उत्कर्षणकी प्रवृत्ति क्रमकी प्ररूपणा करना सद्भावसंज्ञक प्ररूपणा है । उसे इस समय बतलावेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* वह जैसे ।

§ ४०७. यह सूत्र सुगम है ।

* प्रथम स्पर्धकसे लेकर अनन्त स्पर्धक अपकर्षित नहीं किये जाते हैं ।

§ ४०८. क्योंकि उनके अतिस्थापना और निक्षेप असम्भव हैं ।

* वे कितने हैं ।

§ ४०९. यह सूत्र सुगम है ।

❀ वे जितने जघन्य अतिस्थापनास्पर्धक हैं और जितने जघन्य निक्षेपस्पर्धक हैं उतने हैं ।

❀ इसलिये एतावन्मात्र स्पर्धकोंको अतिस्थापित कर ऊपरके उस स्पर्धकको अपकर्षित करता है ।

❀ इस प्रकार अन्तिम स्पर्धकतक अनन्त स्पर्धकोंको अपकर्षित करता है ।

§ ४१०. इन सूत्रोंके अवयवोंसम्बन्धी अर्थकी प्ररूपणा सुगम है, इसलिये आदि स्पर्धकसे

अण्णाइच्छावणाणिक्खेवमेत्तफद्दयाणि उल्लंघिदूण तदुवरिमफद्दयप्पहुडि जाव उक्कस्सहोदयमिदि ताव एदेसिमणंताणं फद्दयाणमोकड्डणा होदि त्ति एसो अणुभागोकड्डणाए सब्भावत्थो दट्ठव्वो ।

§ ४११. संपहि उक्कड्डणाए वि सब्भावत्थपदुप्पायणट्ठमिदमाह—

* चरिमफद्दयं ण उक्कड्डदि । एवमणंताणि फद्दयाणि चरिमफद्दयादो ओसक्कियूण तं फद्दयमुक्कड्डदि ।

§ ४१२. चरिमफद्दयादो जहण्णाइच्छावणाणिक्खेवमेत्तफद्दयाणि हेट्ठा ओसरिऊण ट्ठिदफद्दयमादिं कादूण हेट्ठिमासेसफद्दयाणि उक्कड्डिज्जंति त्ति भणिदं होदि ।

लेकर जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपप्रमाण स्पर्धकोंको उल्लंघन कर उनसे ऊपरके स्पर्धकसे लेकर उत्कृष्ट स्पर्धक तकके इन अनन्त स्पर्धकोंका अपकर्षण होता है इस प्रकार यह अनुभागविषयक अपकर्षणमें सद्भावरूप अर्थ जानना चाहिये ।

विशेषार्थ—प्रकृतमें जिन स्पर्धकोंमें अपकर्षित द्रव्यका पतन होता है उनकी निक्षेप संज्ञा है और निक्षेपके ऊपरके जिन स्पर्धकोंमें अपकर्षित स्पर्धकका पतन नहीं होता उनकी अतिस्थापना संज्ञा है । इससे स्पष्ट है कि उसी स्पर्धकका अपकर्षण होना सम्भव है जिसके नीचे कमसे कम जघन्य अतिस्थापनारूप स्पर्धक होकर उनके भी नीचे जघन्य निक्षेपरूप स्पर्धक होते हैं । अनुभागविषयक अपकर्षणकी यह तथ्यपूर्ण प्ररूपणा है, इसीलिये इसे सूक्ष्म सद्भावप्ररूपणा कहा गया है ऐसा यहाँ समझना चाहिये ।

§ ४११. अब उत्कर्षणविषयक भी सद्भाव अर्थकी प्ररूपणा करनेके लिए इस सूत्रको कहते हैं—

* **अन्तिम स्पर्धक उत्कर्षित नहीं किया जाता । इस प्रकार उस स्पर्धकसे अनन्त स्पर्धक नीचे उतरकर जो स्पर्धक अवस्थित है वह स्पर्धक उत्कर्षित किया जाता है ।**

§ ४१२. अन्तिम स्पर्धकसे जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपप्रमाण स्पर्धक नीचे उतरकर स्थित हुए स्पर्धकको आदि कर नीचेके स्पर्धक उत्कर्षित किये जाते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

विशेषार्थ—जो अन्तिम स्पर्धक है उस सहित उसके नीचे अनन्त स्पर्धक निक्षेपरूप होते हैं जिनमें उत्कर्षित स्पर्धकका निक्षेप होता है । तथा उन निक्षेपरूप स्पर्धकोंके नीचे उनसे लगकर अनन्त स्पर्धक अतिस्थापनारूप होते हैं जिनमें उत्कर्षित स्पर्धकका निक्षेप नहीं होता । इसके बाद उन अतिस्थापनारूप स्पर्धकोंके नीचे उनसे लगकर वह स्पर्धक होता है जिसका उत्कर्षण विवक्षित है । इसी प्रकार उस स्पर्धकके नीचे उस कर्मसम्बन्धी और अनन्त स्पर्धक हैं उनके विषयमें भी यही व्यवस्था जाननी चाहिये । इतनी विशेषता है कि एक तो उदयावलिके भीतर स्थित हुए स्पर्धकोंका उत्कर्षण नहीं होता । तथा जिस नवीन बन्धमें उत्कर्षण होता है उसकी आबाधाप्रमाण स्थितिमें उन उत्कर्षित स्पर्धकोंका निक्षेप नहीं होता । इसी प्रकार तत्काल बन्धको प्राप्त हुए कर्मस्पर्धक बन्धावलि कालतक उत्कर्षण और अपकर्षण दोनोंके अयोग्य होते हैं ।

§ ४१३. संपहि अणुभागोकड्डुक्कड्डणाविसयजहण्णुक्कस्साइच्छावणाणिक्खेवादिपदाणमप्पाबहुअं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* उक्कड्डणादो ओकड्डणादो च जहण्णओ णिक्खेवो थोवो।

§ ४१४. सुगमं।

* जहण्णिया अदिच्छावणा ओकड्डणादो च उक्कड्डणादो च तुल्ला अणंतगुणा।

§ ४१५. सुगमं।

* वाघादेण ओकड्डणादो उक्कस्सिया अदिच्छावणा अणंतगुणा।

§ ४१६. किं कारणं? चरिमेगवग्गणाए ऊणुक्कस्साणुभागखंडयपमाणत्तादो। कत्थेदं वेप्पदे? संसारावत्थाए उक्कस्साणुभागं बंधियूण पडिभग्गो होदूण विसोहिमावूरिय सव्वुक्कस्समणुभागखंडयं घादेमाणस्स घेत्तव्वं।

* अणुभागखंडयमेगाए वग्गणाए अदिरित्तं।

§ ४१७. कुदो? चरिमवग्गणाए वि एत्थ पवेसदंसणादो।

बन्धावलि कालके बाद सत्त्वस्पर्धकोंके सिवाय नवीन बन्धका आबाधाके भीतर अपकर्षण होकर वहाँसे उन नवीन बन्ध अपकर्षित स्पर्धकोंका भी यथानियम उत्कर्षण होना सम्भव है। इस प्रकार यह अनुभाग उत्कर्षणविषयक सामान्य प्ररूपणा है। इस सूत्र गाथामें व्याघातविषयक प्ररूपणाका निर्देश नहीं किया गया है इतना यहाँ विशेष जानना।

§ ४१३. अब अनुभागसम्बन्धी अपकर्षण और उत्कर्षणविषयक जघन्य और उत्कृष्ट अतिस्थापना और निक्षेप आदि पदोंके अल्पबहुत्वका निर्देश करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* उत्कर्षण और अपकर्षणकी अपेक्षा जघन्य निक्षेप सबसे स्तोक है।

§ ४१४. यह सूत्र सुगम है।

* इससे अपकर्षण और उत्कर्षणकी अपेक्षा दोनोंकी जघन्य अतिस्थापना तुल्य होकर अनन्तगुणी है।

§ ४१५. यह सूत्र सुगम है।

* इससे व्याघातकी अपेक्षा अपकर्षणसम्बन्धी उत्कृष्ट अतिस्थापना अनन्तगुणी है।

§ ४१६. शंका—इसका क्या कारण है?

समाधान—क्योंकि यह अन्तिम एक वर्गणासे ऊन उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकप्रमाण है।

शंका—कहाँपर इसकी प्राप्ति होती है?

समाधान—संसार अवस्थामें उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध कर तदनन्तर प्रतिभग्न होकर तथा विशुद्धिको पूरा कर सबसे उत्कृष्ट अनुभागकाण्डकका घात करनेवालेके इसे ग्रहण करना चाहिये।

* अनुभागकाण्डक एक वर्गणासे अधिक होता है।

§ ४१७. क्योंकि अन्तिम वर्गणाका अनुभागकाण्डकमें प्रवेश देखा जाता है।

*** उक्कस्सयमणुभागसंतकम्मं बंधो च विसेसाहिओ ।**

§ ४१८. केत्तियमेत्तो विसेसो ? अणुभागखंडयादो हेट्ठिमाणंतिमभागमेत्तो । तो एवंविहेण अप्पाबहुअविहाणेण परिच्छिण्णपमाणजहण्णाइच्छावणणिक्खेवमेत्तफद्दयाणि मोत्तूण आवलियपविट्ठसव्वफद्दयाणि च मोत्तूण सेसासेसफद्दयाणि ओकड्डदि उक्कड्डदि चेदि एसो गाहासुत्तस्स भावत्थो ।

§ ४१९. एवं तिदियभासगाहाए अत्थविहासं समाणिय संपहि तदियभासगाहाए अत्थविहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** एत्तो तदियभासगाहाए समुक्कित्तणा विहासा च ।**

§ ४२०. सुगमं ।

(१०७) वड्ढीदु ओदि हाणी अधिगा हाणीदु तह अवट्ठाणं ।
गुणसेढि असंखेज्जा च पदेसग्गेण बोद्धव्वा ॥१६०॥

*** इससे उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्म और बन्ध विशेष अधिक है ।**

§ ४१८. विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—अनुभागकाण्डकसे नीचेके अनन्तवें भागप्रमाण विशेषका प्रमाण है ।

इसलिये इस प्रकारके अल्पबहुत्वके विधानके अनुसार परिच्छिन्न प्रमाणवाले जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपप्रमाण स्पर्धकोंको छोड़कर तथा आवलिके भीतर प्रविष्ट हुए सब स्पर्धकोंको छोड़कर शेष सब स्पर्धकोंको अपकर्षित करता है और उत्कर्षित करता है यह इस गाथा सूत्रका भावार्थ है ।

विशेषार्थ—उदयावलिमें प्रविष्ट हुए स्पर्धकोंका न तो अपकर्षण ही होता है और न उत्कर्षण ही, इसलिए इस कामके लिए एक तो इनको छोड़ देना चाहिये । दूसरे आदिके अनुभाग-स्पर्धकसे लेकर जितने स्पर्धक क्रमसे जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापनारूप हैं उन्हें छोड़ देना चाहिये । उनके ऊपरके सभी स्पर्धकोंका अपकर्षण हो सकता है । तथा इसी प्रकार अन्तिम स्पर्धकसे लेकर जितने स्पर्धक जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापनारूप हैं उन्हें छोड़कर तथा नीचे एक आवलिके भीतर प्रविष्ट हुए स्पर्धकोंको छोड़कर इनसे ऊपरके सभी स्पर्धकोंका उत्कर्षण हो सकता है । यहाँ व्याघातविषयक उत्कर्षणकी प्ररूपणामें जो विशेषता है उसे अलगसे जान लेना चाहिये ।

§ ४१९. इस प्रकार दूसरी भाष्यगाथाके अर्थकी विभाषा करके अब तीसरी भाष्यगाथाके अर्थकी विभाषा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** आगे तीसरी भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना और विभाषा करते हैं ।**

§ ४२०. यह सूत्र सुगम है ।

(१०७) वृद्धिसे हानि अधिक होती है तथा हानिसे अवस्थान अधिक होता है । यह अधिकका प्रमाण उत्तरोत्तर प्रदेशपुंजकी अपेक्षा असंख्यातगुणी श्रेणिरूपसे जानना चाहिये ॥१६०॥

§ ४२१. एसा तदियभासगाहा 'गुणेण किं वा विसेसेण' इत्ति एदं मूलगाहा-चरिमावयवमस्सियूण खवगोवसामणविसयाणमोकड्डुक्कड्डणाणमवट्ठाणसहगदाणमप्पाबहुअपरूवणट्ठमोइण्णा। तं कधं? 'वड्ढीदु होइ हाणी' एवं भणिदे वड्ढी णाम उक्कड्डणा, तत्तो हाणी ओकड्डणा बहुगी होदि त्ति भणिदं होदि। 'हाणीदु तह अवट्ठाणं' एवं भणिदे ओकड्डणादो ओकड्डुक्कड्डणाहि विणा सत्थाणे चेवावट्ठिदं पदेसग्गमब्भहियं होदि। होंतं पि 'किं गुणेण आहो विसेसेण' त्ति पुच्छिदे गुणेणेत्ति जाणावणट्ठमिदं वुच्चदे—'गुणसेढि असंखेज्जा' असंखेज्जगुणाए सेढीए हाणीएं अवट्ठाणाणं पदेसग्गं जहाकममब्भहियं होइ त्ति भणिदं होदि।

§ ४२२. एदस्स भावत्थो—खवगोवसामगेसु जस्स वा तस्स वा ट्ठिदिविसेसस्स उक्कड्डिज्जमाणं पदेसग्गं थोवं, ओकड्डिज्जमाणं पदेसग्गमसंखेज्जगुणं, विसोहिपाहम्मादो। ओकड्डुक्कड्डणाहि[2] विणा सत्थाणे चेवावट्ठिज्जमाणं पदेसग्गमसंखेज्जगुणं होदि त्ति। किं कारणं? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागपडिभागेण गहिदएगट्ठिदिपदेसग्गस्स असंखेज्जदिभागमुक्कड्डदि, सेसे असंखेज्जे भागे ओकड्डुदि। पुणो सत्थाणे ट्ठिदअसंखेज्जा भागा अवट्ठाणसण्णिदा असंखेज्जगुणा भवंति। एवं णाणा-

---

§ ४२१. यह तीसरी भाष्यगाथा मूलगाथाके 'गुणेण किं वा विसेसेण' इस अन्तिम चरणका अवलम्बन लेकर क्षपक और उपशमश्रेणिविषयक अवस्थानके साथ प्राप्त हुए अपकर्षण और उत्कर्षणके अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए अवतीर्ण हुई है।

शंका—वह कैसे?

समाधान—'वड्ढीदु होइ हाणी' ऐसा कहनेपर वृद्धिका नाम उत्कर्षण है। उससे हानि अर्थात् अपकर्षण बहुत होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'हाणीदु तह अवट्ठाणं' ऐसा कहने पर अपकर्षणसे अपकर्षण और उत्कर्षणके बिना स्वस्थानमें ही अवस्थित प्रदेशपुंज अधिक होता है। ऐसा होते हुए भी 'किं गुणेण आहो विसेसेण' ऐसा पूछनेपर 'गुणेण' इस बातका ज्ञान करानेके लिये यह कहा है—'गुणसेढि असंखेज्जा' असंख्यातगुणी श्रेणिरूपसे हानि और अवस्थानके प्रदेशपुंज यथाक्रम अधिक-अधिक होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ ४२२. इसका भावार्थ—क्षपक और उपशमक जीवोंमें जिस किसी स्थितिविशेषका उत्कर्षित होनेवाला प्रदेशपुंज सबसे थोड़ा है। उससे अपकर्षित होनेवाला प्रदेशपुंज विशुद्धिकी प्रधानतावश असंख्यातगुणा होता है। उससे अपकर्षण-उत्कर्षणके बिना स्वस्थानमें ही अवस्थित रहनेवाला प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा होता है, क्योंकि पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण प्रतिभागके द्वारा ग्रहण किया गया एक स्थितिविषयक प्रदेशपुंजके असंख्यातवें भागको उत्कर्षित करता है तथा शेष असंख्यात बहुभागको अपकर्षित करता है। पुनः उससे स्वस्थानमें स्थित असंख्यात बहुभागप्रमाण अवस्थानसंज्ञक प्रदेशपुंज असंख्यातगुणे होते हैं। इसी प्रकार नाना स्थितियोंकी

---

१. आ०प्रत्योः हाणी च इति पाठः। २. ता०प्रतौ ओकड्डुक्कड्डणादीहि इति पाठः।

णं पि णेदव्वं । एदं च खवगोवसमसेढीसु भणिदअक्खवगाणुवसामगेसु अप्पाबहुअं वदि । तस्स णिण्णयमुवरि चुण्णिसुत्तसंबंधेण कस्सामो ।

§ ४२३. संपहि एवंविहमेदिस्से भासगाहाए अत्थं विहासेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* विहासा ।

§ ४२४. सुगमं ।

* जं पदेसग्गमुक्कड्डिज्जदि सा वड्ढि त्ति सण्णा । जमोकड्डिज्जदि सा हाणि त्ति सण्णा । जं ण ओकड्डिज्जदि पदेसग्गं तमवट्ठाणं ति सण्णा ।

§ ४२५. ट्ठिदीहिं अणुभागेहिं वा उक्कड्डिज्जमाणपदेसग्गस्स वड्ढि त्ति सण्णा ।

अपेक्षा भी जानना चाहिये । यह क्षपक और उपशमश्रेणिमें कहा गया है । अक्षपक और अनुपशम जीवोंमें यह अल्पबहुत्वसम्बन्धी प्ररूपणा अन्य प्रकार होती है । उसका निर्णय ऊपर चूर्णिसूत्रके सम्बन्धसे करेंगे ।

विशेषार्थ—क्षपकश्रेणि और उपशमश्रेणिमें आयुकर्मको छोड़कर सत्तारूपमें अवस्थित चाहे एक स्थितिगत प्रदेशपुंज हो और चाहे अनेक स्थितिगत प्रदेशपुंज हो उसमें पल्योपमके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसके असंख्यातवें भागप्रमाण प्रदेशपुंजका उत्कर्षण होता है और उसके असंख्यात बहुभागप्रमाण प्रदेशपुंजका अपकर्षण होता है । इन दोनोंमें इस प्रकारके अल्पबहुत्वके प्राप्त करनेका मूल कारण प्रत्येक समयमें वृद्धिको प्राप्त होनेवाला विशुद्धिविशेष है । परन्तु एक स्थितिगत या नाना स्थितिगत प्रदेशपुंजमें पल्योपमके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर जो लब्ध आया है उससे उस एक या नाना स्थितियोंमें अवशिष्ट प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा होता है । यही कारण है कि प्रकृतमें अपकर्षित होनेवाले प्रदेशपुंजसे स्थितिसत्त्वकी अपेक्षा उनमें अवस्थित रहनेवाला प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा स्वीकार किया है ।

§ ४२३. अब इस भाष्यगाथाके इस प्रकारके अर्थकी विभाषा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* अब उक्त भाष्यगाथाकी विभाषा करते हैं ।

§ ४२४. यह सूत्र सुगम है ।

* जो प्रदेशपुंज उत्कर्षित किया जाता है उसकी वृद्धि यह संज्ञा है । जो प्रदेशपुंज अपकर्षित किया जाता है उसकी हानि यह संज्ञा है । तथा जो प्रदेशपुंज न अपकर्षित किया जाता है और न उत्कर्षित किया जाता है उसकी अवस्थान संज्ञा है ।

§ ४२५. स्थितियोंकी अपेक्षा और अनुभागोंकी अपेक्षा उत्कर्षित होनेवाले प्रदेशपुंजकी

ओकड्डिज्जमाणस्स पदेसग्गस्स हाणि त्ति सण्णा। ओकड्डुक्कड्डणाहि विणा सत्क-माणावट्ठिदस्स पदेसग्गस्स अवट्ठाणसण्णा त्ति भणिदं होइ—

* एदीए सण्णाए एक्कं ट्ठिदिं वा पडुच्च सव्वाओ वा ट्ठिदीओ पडुच्च अप्पाबहुअं।

§ ४२६. एदीए अणंतरपरूविदाए सण्णाए परिच्छिण्णसरूवाणं वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं णाणेगट्ठिदीओ अस्सिदूण थोवबहुत्तमिदाणिं कस्सामो त्ति भणिदं होदि, णाणेगट्ठिदिविसये पयदप्पाबहुआलावस्स णाणत्ताणुवलंभादो।

* तं जहा।

§ ४२७. सुगमं।

* वड्ढी थोवा। हाणी असंखेज्जगुणा। अवट्ठाणमसंखेज्जगुणं।

§ ४२८. गयत्थमेदं सुत्तं। एवं खवगोवसामगे पडुच्च णाणेगट्ठिदिविसय-भेदमप्पाबहुअं परूविय संपहि अक्खवगाणुवसामगेसु पयदप्पाबहुअपवुत्ती कधं होदि त्ति आसंकाए सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* अक्खवगाणुवसामगस्स पुण सव्वाओ ट्ठिदीओ एगट्ठिदिं वा

वृद्धि यह संज्ञा है तथा अपकर्षित होनेवाले प्रदेशपुंजकी हानि यह संज्ञा है तथा अपकर्षण और उत्कर्षणके बिना स्वस्थानमें अवस्थित प्रदेशपुंजकी अवस्थान संज्ञा है यह उक्त सूत्रवचनका तात्पर्य है।

* इस संज्ञाके अनुसार एक स्थितिको आश्रय कर अथवा सर्व स्थितियोंको आश्रय कर अल्पबहुत्व कहते हैं।

§ ४२६. अनन्तर प्ररूपित इस संज्ञाके अनुसार परिच्छिन्न स्वरूपवाले वृद्धि, हानि और अवस्थानकी एक स्थिति या नाना स्थितियोंको आश्रय कर इस समय अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है, क्योंकि नाना स्थिति और एक स्थितिके विषयमें प्रकृत अल्पबहुत्वका नानापन नहीं पाया जाता है।

* वह जैसे।

§ ४२७. यह सूत्र सुगम है।

* वृद्धि सबसे स्तोक है। उससे हानि असंख्यातगुणी है और उससे अवस्थान असंख्यातगुणा है।

§ ४२८. यह सूत्र गतार्थ है। इस प्रकार क्षपक और उपशामककी अपेक्षा नाना और एक स्थितिविषयक इस अल्पबहुत्वका कथन करके अब अक्षपक और अनुपशामकोंमें प्रकृत अल्प-बहुत्वकी प्रवृत्ति कैसे होती है ऐसी आशंका होनेपर आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* किन्तु अक्षपक और अनुपशामकके तो सभी स्थितियोंकी अपेक्षा और एक

पडुच्च वड्ढीदो हाणी तुल्ला वा विसेसाहिया वा विसेसहीणा वा अवट्ठाण-मसंखेज्जगुणं ।

§ ४२९. एतदुक्तं भवति—मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति ताव एदेसिं सव्वेसिं पि णाणेगट्ठिदीओ पडुच्च पयदप्पाबहुए कीरमाणे पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तभागहारेण गहिदपदेसग्गस्स जइ मज्झिमपरिणामो कारणं भवदि, तो हेट्ठोवरि णिसिंचमाणमोकड्डुक्कड्डुणादव्वं सरिसं चेव होदि, तत्थ विसरिसत्ते कारणाणुवलंभादो । अध विसोहिपरिणामो भवदि तो हेट्ठा ओकड्डिज्जमाणदव्वं बहुगं होदि, उवरि उक्कड्डिज्जमाणदव्वं थोवं होइ । जइ पुण संकिलेसपरिणामो भवदि तो उवरि णिसिंचमाणदव्वं बहुअं होदि, हेट्ठा ओकड्डिज्जमाणं थोवं भवदि, तेण वड्ढीदो हाणी सरिसा वा विसेसाहिया वा विसेसहीणा वा होदूण लब्भइ । हाणीदो वि वड्ढी एवं चेव होदूण लब्भदि । एत्थ वड्ढि-हाणीणं हीणाहियपमाणमसंखेज्जदिभागमेत्तं चेव होइ त्ति घेत्तव्वं ? वड्ढि-हाणीहिंतो पुण अवट्ठाणं णियमा असंखेज्जगुणं चेव होदि, तत्थ पयारंतरासंभवादो । करणाहिमुहस्स पुण उक्कड्डणादो ओकड्डणा असंखेज्जगुणा त्ति दट्ठव्वा, तत्थ पयारंतरासंभवादो । एवं तदियभासगाहाए अत्थविहासा समत्ता ।

स्थितिकी अपेक्षा वृद्धिसे हानि तुल्य भी है, विशेष अधिक भी है और विशेष हीन भी है, किन्तु अवस्थान असंख्यातगुणा है ।

§ ४२९. इसका यह तात्पर्य है कि मिथ्यादृष्टियोंसे लेकर अप्रमत्तसंयत जीवोंतक तो इन सभी जीवोंके नाना स्थितियों अथवा एक स्थितिको आलम्बन कर प्रकृत अल्पबहुत्वके करनेपर पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण भागहारके द्वारा ग्रहण किये गए प्रदेशपुंजका यदि मध्यम परिणाम कारण है तो नीचे और ऊपर सिंचित होनेवाला अपकर्षण और उत्कर्षणका द्रव्य सदृश ही होता है, क्योंकि उसमें विसदृशताका कारण नहीं पाया जाता । यदि विशुद्धिरूप परिणाम होता है तो नीचे अपकर्षित होनेवाला द्रव्य बहुत बड़ा होता है और ऊपर उत्कर्षित होनेवाला द्रव्य थोड़ा होता है । परन्तु यदि संक्लेशपरिणाम होता है तो ऊपर सिंचित होनेवाला द्रव्य बहुत होता है और नीचे अपकर्षित होनेवाला द्रव्य स्तोक होता है, इसलिए उक्त गुणस्थानोंमें वृद्धिकी अपेक्षा हानि सदृश, विशेष अधिक या विशेष हीन होकर प्राप्त होती है । तथा हानिकी अपेक्षा वृद्धि भी इसी प्रकार होकर प्राप्त होती है । यहाँपर वृद्धि और हानिका हीनाधिकप्रमाण असंख्यातवें भागमात्र ही होता है ऐसा ग्रहण करना चाहिये । परन्तु उक्त गुणस्थानमें वृद्धि और हानिकी अपेक्षा अवस्थान नियमसे असंख्यातगुणा ही होता है, क्योंकि उसमें अन्य कोई प्रकार सम्भव नहीं है । किन्तु करणोंके अभिमुख हुए जीवके तो उत्कर्षणसे अपकर्षण असंख्यातगुणा होता है यह जानना चाहिये, उसमें अन्य कोई प्रकार असम्भव है । इस प्रकार तीसरी भाष्यगाथाकी अर्थविभाषा समाप्त हुई ।

विशेषार्थ—चौथे, पाँचवें और सातवें गुणस्थानके सन्मुख हुए जीवके विशुद्धिमें वृद्धि होनेसे सर्वत्र वृद्धिरूप विशुद्धिको लिये हुए विशुद्ध परिणाम ही होता है, इसलिए वहाँ स्थिति और

§ ४३०. संपहि चउत्थभासगाहाए जहावसरपत्तमत्थविहासणं कुणमाणो इदमाह—

*** एत्तो चउत्थीए भासगाहाए समुक्कित्तणा ।**

§ ४३१. सुगमं ।

(१०८) ओवट्टणमुव्वट्टण किट्टीवज्जेसु होदि कम्मेसु ।
ओवट्टणा च णियमा किट्टीकरणम्हि बोद्धव्वा ॥१६१॥

§ ४३२. तीहिं भासगाहाहिं मूलगाहापुव्व-पच्छद्धेसु विहासिदेसु पुणो किमट्ठमेसा चउत्थी भासगाहा समोइण्णा ? एदम्मि विसये ओकड्डुक्कड्डणाओ दो वि पयट्टंति । एदम्मि च विसये उक्कड्डणापरिहारेणोकड्डणा चेव पयट्टदि त्ति एवंविहस्स विसयविभागस्स परूवणट्ठमेसा चउत्थी भासगाहा समोइण्णा ।

§ ४३३. तं जहा—'ओवट्टणमुव्वट्टण' एवं भणिदे ओकड्डुक्कड्डणाओ दो वि अण्णोण्णसहगदाओ किट्टीवज्जेसु चेव कम्मेसु होंति त्ति दट्ठव्वाओ, किट्टीकरणद्धादो हेट्ठा चेव दोण्हमेदेसिं करणाणमण्णोण्णसहगयाणं पवुत्तिणियमदंसणादो । 'ओवट्टणा य णियमा' एवं भणिदे ओकड्डणा चेव किट्टीकरणावत्थाए भवदि, उक्कड्डणा णत्थि

अनुभागकी अपेक्षा प्रदेशपुंजका उक्त प्रकार अल्पबहुत्व बन जाता है। परन्तु श्रेणिके नीचे सर्वत्र विशुद्धि संक्लेशकी अपेक्षा घोलमान मध्यम परिणाम होता है, इसलिए उत्कर्षण और अपकर्षणमें सदृशता बनी रहती है। शेष कथन सुगम है।

§ ४३०. अब चौथी भाष्यगाथाकी यथावसर प्राप्त अर्थविभाषा करते हुए यह कहते हैं—

*** यह चौथी भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना है ।**

§ ४३१. यह सूत्र सुगम है।

(१०८) कृष्टिकरणसे रहित कर्मोंमें अपवर्तना और उद्वर्तना दोनों होते हैं। किन्तु कृष्टिकरणमें नियमसे मात्र अपवर्तना जाननी चाहिये ॥१६१॥

§ ४३२. शंका—तीन भाष्यगाथाओंके द्वारा मूलगाथाके पूर्वार्ध और उत्तरार्धकी विभाषा कर देनेपर पुनः यह चौथी भाष्यगाथा किसलिए अवतीर्ण हुई है ?

समाधान—इस विषयमें अपकर्षण और उत्कर्षण दोनों ही प्रवृत्त होते हैं और इस विषयमें उत्कर्षणको छोड़कर मात्र अपकर्षण ही प्रवृत्त होता है इस प्रकार इस प्रकारके विषयविभागकी प्ररूपणा करनेके लिए यह चौथी भाष्यगाथा अवतीर्ण हुई है।

§ ४३३. वह जैसे 'ओवट्टणउव्वट्टण' ऐसा कहनेपर अपकर्षण और उत्कर्षण दोनों ही कृष्टिरहित कर्मोंमें परस्पर एक साथ ही प्रवृत्त होते हैं ऐसा जानना चाहिये, क्योंकि कृष्टिकरणके कालके नीचे ही परस्पर एक साथ प्रवृत्त इन दोनों करणोंकी प्रवृत्तिका नियम देखा जाता है। 'ओवट्टणा य णियमा' ऐसा कहनेपर कृष्टिकरण अवस्थामें मात्र अपकर्षण

णेण्हियव्वं, किट्टीकरणप्पहुडि उवरि सव्वत्थ मोहणीयविसये उक्कड्डणापरिहारेणोकड्डणाए चेव पवुत्ती होदि त्ति एसो एदस्स भावत्थो। एदं खवगसेढिमस्सियूण मोहणीयस्स परूविदं। उवसमसेढीए वि एसो चेव अत्थो जोजेयव्वो। णवरि ओदरमाणयस्स सुहुमसांपराइयस्स पढमसमयप्पहुडि जाव अणियट्टिपढमसमयो त्ति ताव मोहणीयस्स ओकड्डणा चेव भवदि। पुणो अणियट्टिपढमसमयप्पहुडि हेट्ठा सव्वत्थ ओकड्डणा उक्कड्डणा च दो वि होंति त्ति वत्तव्वं।

§ ४३४. एवंविहो च एदिस्से गाहाए अत्थो सुगमो त्ति भण्णमाणो चुण्णिसुत्तयारो इदमाह—

रूप ही होता है, उत्कर्षणकरण नहीं होता ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि कृष्टिकरणसे लेकर ऊपर सर्वत्र मोहनीयकर्ममें उत्कर्षणको छोड़कर अपकर्षणकी ही प्रवृत्ति होती है यह इसका भावार्थ है। क्षपकश्रेणिकी अपेक्षा मोहनीय कर्मकी यह प्ररूपणा कही है। उपशमश्रेणिमें भी इसी अर्थकी योजना कर लेनी चाहिये। इतनी विशेषता है कि उतरनेवाले सूक्ष्मसाम्परायिकसे लेकर अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयतक तो मोहनीय कर्मका अपकर्षण ही होता है और वहाँसे लेकर नीचे सर्वत्र अपकर्षण और उत्कर्षण दोनों ही होते हैं ऐसा कहना चाहिये।

विशेषार्थ—जिस समय अश्वकर्णकरण क्रिया सम्पन्न होती है उसके बाद यह जीव क्रोध, मान, माया और लोभसंज्वलनका कृष्टिकारक होता है और कृष्टिकरणके कालमें यह जीव इन कर्मोंकी सत्त्वस्थितिका अपनी-अपनी बन्धस्थितिमें उत्कर्षण नहीं करता यही तथ्य यहाँ उक्त भाष्यगाथाके 'ओवट्टणा य णियमा' इस तीसरे चरण द्वारा स्पष्ट किया गया है। इस तथ्यको विशेषरूपसे समझनेके लिए १६४ क्रमांकवाली 'किट्टो करेदि णियमा' इत्यादि भाष्यगाथाके चूर्णिसूत्र और उसकी जयधवला टीकापर दृष्टिपात करना चाहिये, क्योंकि उक्त गाथाकी व्याख्या करते हुए जो विशेष खुलासा किया गया है वह हृदयंगम करने लायक है। आशय यह है कि क्षपकश्रेणिपर आरूढ़ हुए जीवका पतन नहीं होता, इसलिए उसके मात्र कृष्टिकरणके प्रथम समयसे अपकर्षणकरणकी ही प्रवृत्ति होती है, उत्कर्षणकरणकी नहीं। यही बात उपशमश्रेणिपर चढ़नेवालेके भी जाननी चाहिये। मात्र उपशमश्रेणिसे पतन होनेपर जिस समय यह जीव सूक्ष्मसाम्परायमें प्रवेश कर कषायसहित होता है उसी समयसे इसके अपकर्षकरण और उत्कर्षणकरणकी प्रवृत्ति प्रारम्भ हो जाती है। अब प्रश्न यह है कि सूक्ष्मसाम्परायमें तो संज्वलन कषायका बन्ध होता नहीं। ऐसी अवस्थामें वहाँ उत्कर्षणकरणकी प्रवृत्ति कैसे हो सकती है? समाधान यह है कि उतरनेवाले उक्त जीवके कार्यरूपमें तो उत्कर्षणकरणकी प्रवृत्ति अनिवृत्तिकरणमें ही होती है, क्योंकि वहीं यथासम्भव मोहनीय कर्मका बन्ध होना पुनः प्रारम्भ होता है। यहाँ सूक्ष्मसाम्परायमें उतरनेवाले जीवके जो मोहनीयकर्मके उत्कर्षणकरणका निर्देश किया गया है सो वह शक्तिकी अपेक्षा ही जानना चाहिये। कृष्टिकरणके कालमें संज्वलन कषायके उत्कर्षणका जो निषेध किया गया है सो उसका आशय यह है कि उक्त कर्मकी द्वितीय स्थितिके स्थिति-अनुभागका मात्र अपकर्षण ही होता है। तथा प्रथम स्थितिमें तो दो आवलिप्रमाण काल शेष रहनेपर ही आगाल-प्रत्यागालकी व्युच्छित्ति हो जाती है। उसके पहले तक इन दोनोंका सद्भाव बना रहता है।

§ ४३४. इस गाथाका इस प्रकारका अर्थ सुगम है ऐसा कथन करते हुए चूर्णिसूत्रकार इस सूत्रको कहते हैं—

*** एदिस्से गाहाए अत्थविहासा कायव्वा ।**

§ ४३५. एदिस्से भासगाहाए अत्थविहासा वक्खाणाइरिएहिं एत्थ कायव्वा, सुगमत्तादो त्ति भणिदं होदि । एवमेदम्मि गाहासुत्ते विहासिदे तदो संकामणपट्ठवगस्स सत्तण्हं मूलगाहाणमत्थविहासा समत्ता भवदि । एवं हेट्ठिमासेसत्थपडिबद्धाणं सत्तण्हमेदासिं मूलगाहाणमत्थविहासणं समाणिय संपहि जहावसरपत्तमस्सकण्णकरणं विहासेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं आढवेइ—

*** सत्तसु मूलगाहासु विहासिदासु तदो अस्सकण्णकरणस्स परूवणा ।**

§ ४३६. पुव्वमस्सकण्णकरणं थवणिज्जं कादूण सत्तण्हं सुत्तगाहाणमत्थो विहासिदो । तदो तासु विहासिय समत्तासु एण्हिमस्सकण्णकरणस्स परूवणा अहिकीरदि त्ति भणिदं होइ । तत्थ ताव पज्जायसद्दणिद्देसमुहेण अस्सकण्णकरणस्स लक्खणं जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** अस्सकण्णकरणेत्ति वा आदोलकरणेत्ति वा ओवट्टणउव्वट्टणकरणेत्ति वा तिण्णि णामाणि अस्सकण्णकरणस्स ।**

§ ४३७. तत्थ अस्सकण्णकरणमिदि वुत्ते अश्वस्य कर्णः अश्वकर्णः अश्वकर्ण-

---

*** इस भाष्यगाथाकी अर्थविभाषा करनी चाहिये ।**

§ ४३५. इस भाष्यगाथाके अर्थकी विभाषा व्याख्यानाचार्यको यहाँपर करनी चाहिये, क्योंकि वह सुगम है यह उक्त चूर्णिसूत्रका तात्पर्य है । इस प्रकार इस गाथा सूत्रकी विभाषा करनेके बाद संक्रामणप्रस्थापकसम्बन्धी सात मूल गाथाओंकी अर्थविभाषा समाप्त होती है । इस प्रकार नीचेके (पूर्वके) सम्पूर्ण अर्थसे सम्बन्ध रखनेवाली इन सात मूल गाथाओंके अर्थकी विभाषा समाप्त करके अब यथावसर प्राप्त अश्वकर्णकरणकी विभाषा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको आरम्भ करते हैं—

*** अब सात मूल गाथाओंकी विभाषा करनेके बाद अश्वकर्णकरणकी प्ररूपणा करते हैं ।**

§ ४३६. पहले अश्वकर्णकरणको स्थगित करके सात सूत्रगाथाओंके अर्थकी विभाषा की । अब उनकी विभाषा समाप्त होनेपर इस समय अश्वकर्णकरणकी प्ररूपणाको अधिकृत करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । उसमें सर्वप्रथम पर्यायवाची शब्दोंके निर्देश द्वारा अश्वकर्णकरणके लक्षणको जताते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** अश्वकर्णकरणके अश्वकर्णकरण, आदोलकरण अथवा अपवर्तना-उद्वर्तनाकरण ये तीन नाम हैं ।**

§ ४३७. उनमेंसे अश्वकर्णकरण ऐसा कहनेपर उसका अर्थ होता है अश्वका कर्ण अश्वकर्ण ।

वत्करणमश्वकर्णकरणम्। यथाश्वः अग्रात् प्रभृत्यामूलात् क्रमेण हीयमानस्वरूपो दृश्यते, तथेदमपि करणं क्रोधसंज्वलनात्प्रभृत्यालोभसंज्वलनाद्यथाक्रममनंतगुणहीनानुभाग-स्पर्धकसंस्थानव्यवस्थाकारणमश्वकर्णकरणमिति लक्ष्यते। संपहि आदोलकरणसण्णाए अत्थो वुच्चदे—आदोलं णाम हिंदोलं। आदोलमिव करणमादोलकरणं। यथा हिंदोलत्थंभस्स वरत्ताए च अंतराले तिकोणं होदूण कण्णायारेण दीसइ एवमेत्थ वि कोहादिसंजलणाणमणुभागसण्णिवेसो कमेण हीयमाणो दीसइ त्ति एदेण कारणेण अस्स-कण्णकरणस्स आदोलकरणसण्णा जादा। एवमोवट्टणुव्वट्टणकरणेत्ति एसो वि पज्जायसद्दो अणुगयट्ठो दट्ठव्वो कोहादिसंजलणाणमणुभागविण्णासस्स हाणि-वड्ढि-सरूवेणावट्ठाणं पेक्खियूण तत्थ ओवट्टणुव्वट्टणसण्णाए पुव्वाइरिएहिं पयट्टाविदत्तादो। संपहि एवंविहमस्सकण्णकरणं कदमम्मि अवत्थंतरे एसो आढवेदि त्ति एदिस्से पुच्छाए णिरारेगीकरणट्ठमिदमाह—

* छण्हं कम्मेसु संछुहेसु से काले पढमसमयअवेदो, ताधे चेव पढमसमयअस्सकण्णकरणकारगो।

§ ४३८. छण्हं कम्मेसु पुरिसवेदचिराणसंतकम्मेण सह कोहसंजलणे सव्व-संकमेण संछुद्धेसु तदो से काले पढमसमयअवेदभावे वट्टमाणो ताधे चेव पढमसमय-अस्सकण्णकरणकारगो णाम होदि। तत्तो पाए कोहादि-संजलणाणमस्सकण्णाकारेणाणु-भागसंतकम्मस्स खंडयघादवसेण करेदुमाढत्तत्तादो। संपहि तदवत्थाए कोहादिसंजल-

---

अश्वकर्णके समान जो करण वह अश्वकर्णकरण है। जिस प्रकार अश्व आगेसे लेकर अर्थात् मूलसे लेकर क्रमसे घटता हुआ दिखाई देता है उसी प्रकार यह करण भी क्रोधसंज्वलनसे लेकर लोभसंज्व-लनतक क्रमसे अनन्तगुणे हीन अनुभागके आकाररूपसे व्यवस्थाका कारण होकर अश्वकर्णकरण इस नामसे लक्षित होता है। अब आदोलकरण संज्ञाका अर्थ कहते हैं—आदोल नाम हिंडोलाका है। आदोलके समान करणका नाम आदोलकरण है। जिस प्रकार हिंडोलेके खम्भे और रस्सी अन्त-रालमें त्रिकोण होकर कर्णरेखाके आकाररूपसे दिखाई देते हैं उसी प्रकार यहाँपर भी क्रोधादि कषायोंके अनुभागका सन्निवेश क्रमसे हीयमान दिखाई देता है। इस कारण अश्वकर्णकरणकी आदोलकरण संज्ञा हो गई है। इसी प्रकार अपवर्तना-उद्वर्तनाकरण यह पर्यायवाची शब्द भी अनुगत अर्थवाला जानना चाहिये, क्योंकि क्रोधादि संज्वलनोंके अनुभागका विन्यास हानि-वृद्धि-रूपसे अवस्थित देखकर उसकी पूर्वाचार्योंने अपवर्तना-उद्वर्तना संज्ञा प्रवर्तित की है। अब इस प्रकारका यह अश्वकर्णकरण किस दूसरी अवस्थाके होनेपर आरम्भ होता है इस प्रकारकी पृच्छाके होनेपर निःशंक करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

* छह नोकषाय कर्मोंके संक्रमित होनेपर तदनन्तर समयमें प्रथम समयवर्ती अपगतवेदी होकर उसी समय ही प्रथम समयवर्ती अश्वकर्णकरणकारक होता है।

§ ४३८. पुरुषवेदके चिरकालीन सत्कर्मके साथ छह नोकषाय कर्मोंके सर्व संक्रमणके द्वारा क्रोधसंज्वलनमें संक्रान्त हो जानेपर इसके बाद तदनन्तर समयमें प्रथम समयसम्बन्धी अवेदक भावमें विद्यमान यह जीव उसी समय प्रथम समयवर्ती अश्वकर्णकरणकारक नामवाला होता है, क्योंकि वहाँसे लेकर क्रोधादि संज्वलनोंका अश्वकर्णके आकाररूपसे जो अनुभागसत्कर्म है उसका

णाणं ट्ठिदिसंतकम्मं ट्ठिदिसंतकम्मं ट्ठिदिबंधो च कथं पयट्टदि त्ति एवंविहाए आसंकाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

*** ताधे ट्ठिदिसंतकम्मं संजलणाणं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। ट्ठिदिबंधो सोलस वस्साणि अंतोमुहुत्तूणाणि।**

§ ४३९. पुव्वं पि सत्तणोकसायखवणद्धाए सव्वत्थ संजलणाणं ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जवस्ससहस्सपमाणं चेव, किंतु एदम्मि अवत्थंतरे संखेज्जेहिं ट्ठिदिखंडयसहस्सेहिं संखेज्जगुणहाणीए गुणहदूण ओवट्टिदूण तत्तो संखेज्जगुणहीणं होदूण संखेज्जवस्ससहस्सपमाणमेदेसिं ट्ठिदिसंतकम्मं जादं। ट्ठिदिबंधो वि अंतरदुसमयकदमादिं कादूण संखेज्जवस्सिओ होदूणागच्छमाणो छण्णोकसायक्खवगचरिमसमये संजलणाणं संपुण्णसोलसवस्सपमाणो होदूण एण्हिमंतोमुहुत्तूणसोलसवस्समेत्तो जादो। एत्तोप्पहुडि संजलणाणं ट्ठिदिबंधोसरणस्स अंतोमुहुत्तपमाणेण पवुत्तिदंसणादो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसमुच्चओ।

§ ४४०. तिण्हं घादिकम्माणमेत्थ ट्ठिदिबंधो ट्ठिदिसंतकम्मं च संखेज्जवस्ससहस्साणि। णामागोदवेदणीयाणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जाणि वस्ससहस्साणि त्ति पुव्वुत्तो चेव अत्थो एत्थ वि अणुगंतव्वो, तत्थ पयारंतरासंभवादो। एवं पढमसमयअस्सकण्णकरणकारगस्स संजलणाणं ट्ठिदिबंध-ट्ठिदिसंतकम्माणं पमाणविणिण्णयं कादूण संपहि तत्थेव तेसिमणुभागसंतकम्म-

---

काण्डकघात करनेके लिए आरम्भ करता है। अब उस अवस्थामें क्रोधादि संज्वलनोंका स्थितिसत्कर्म और स्थितिबन्ध किस प्रकार प्रवृत्त होता है इस प्रकार ऐसी आशंकाका निराकरण करनेके लिये आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** उस समय संज्वलनोंका स्थितिसत्कर्म संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है तथा स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त कम सोलह वर्षप्रमाण होता है।**

§ ४३९. यद्यपि पहले भी सात नोकषायोंकी क्षपणाके समय सर्वत्र संज्वलनोंका स्थितिसत्कर्म संख्यात हजार वर्षप्रमाण ही होता है, किन्तु इस दूसरी अवस्थामें संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंके घात द्वारा संख्यातगुणा हीन अच्छी तरह कम होकर उससे इनका स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा हीन होकर संख्यात हजार वर्षप्रमाण हो जाता है। स्थितिबन्ध भी अन्तरकरण क्रियाके सम्पन्न होनेके दूसरे समयसे लेकर संख्यात वर्षप्रमाण होकर आता हुआ छह नोकषायोंकी क्षपणाके समय संज्वलनोंका सम्पूर्ण सोलह वर्षप्रमाण होकर इस समय अन्तर्मुहूर्त कम सोलह वर्षप्रमाण हो गया है, क्योंकि यहाँसे लेकर संज्वलनोंके स्थितिबन्धापसरणको अन्तर्मुहूर्तप्रमाणरूपसे प्रवृत्ति देखी जाती है इस प्रकार यह यहाँपर सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है।

§ ४४०. तीन घाति कर्मोंका स्थितिबन्ध और स्थितिसत्कर्म यहाँपर संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है तथा नाम, गोत्र और वेदनीयका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण और स्थितिसत्कर्म असंख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है इस प्रकार यह पूर्वोक्त अर्थ यहाँ भी जानना चाहिये, क्योंकि इन कर्मोंके विषयमें दूसरा कोई प्रकार सम्भव नहीं है। इस प्रकार अश्वकर्णकरणकारकके प्रथम समयमें संज्वलनोंके स्थितिबन्ध और स्थितिसत्कर्मके प्रमाणका निर्णय करके

पमाणावहारणट्ठं सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** अणुभागसंतकम्मं सह आगाइदेण माणे थोवं, कोहे विसेसाहियं, मायाए विसेसाहियं, लोभे विसेसाहियं ।**

§ ४४१. एत्थ सह आगाइदेणेत्ति वुत्ते अस्सकण्णकरणमाढवेंतेण जमणुभाग-खंडयमागाइदं तेण सह तक्कालभावियस्स अणुभागसंतकम्मस्स एदमप्पाबहुअं कीरदि त्ति भणिदं होदि । एत्थ विसेसाहियपमाणमणंताणि फद्दयाणि । एदं च अप्पाबहुअमंत-दीवयभावेण परूविदं । एत्तो हेट्ठा सव्वत्थेव संजलणागमणुभागसंतकम्मस्स एदेणेवप्पा-बहुअविहिणा पवुत्तिदंसणादो । एवमागाइदेण सह पढमसमयअस्सकण्णकरणकारयस्स अणुभागसंतकम्मविसयमप्पाबहुअं परूविय संपहि अणुभागबंधो वि तक्कालभाविओ संजलणाणमेदेणेव थोवबहुत्तविहाणेण पयट्टदि त्ति जाणावणट्ठमुवरिमं सुत्तमाह—

*** बंधो वि एवमेव ।**

§ ४४२. अणुभागबंधो वि एदेणेव अप्पाबहुअविहिणा पयट्टदि त्ति भणिदं होइ । संपहि तत्थेव अस्सकण्णकरणकारगस्स पढमसमए खंडयसरूवेणागाइदो अणुभागो कोहादिसंजलणेसु कधं पयट्टदि त्ति एदस्स णिण्णयविहाणट्ठमुवरिमप्पाबहुअपयारमाह—

*** अणुभागखंडयं पुण जमागाइदं तस्स अणुभागखंडयस्स फद्द-**

अब वहींपर उनके अनुभाग सत्कर्मके अवधारण करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** उक्त जीवने जो अनुभागसत्कर्म आरम्भ किया वह मानमें सबसे थोड़ा होता है, क्रोधमें उससे विशेष अधिक होता है, मायामें उससे विशेष अधिक होता है और लोभमें उससे विशेष अधिक होता है ।**

§ ४४१. यहाँपर 'सह आगाइदेण' ऐसा कहनेपर अश्वकर्णकरणको आरम्भ करनेवाले जीवने जिस अनुभागकाण्डकको आरम्भ किया वह उसके साथ तत्काल होनेवाले अनुभागसत्कर्मके इस अल्पबहुत्वको करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । यहाँपर विशेषाधिकका प्रमाण अनन्त-स्पर्धक होता है, और यह अल्पबहुत्व अन्तदीपकभावसे कहा गया है, क्योंकि इससे पूर्व सर्वत्र संज्वलनोंके अनुभागसत्कर्मकी इसी अल्पबहुत्वविधिसे प्रवृत्ति देखी जाती है । इस प्रकार आरम्भ करनेके साथ अश्वकर्णकरणकारकके प्रथम समयमें अनुभागसत्कर्मविषयक अल्पबहुत्वका कथन करके अब संज्वलनोंका तत्काल होनेवाला अनुभागबन्ध भी इसी अल्पबहुत्वविधिसे प्रवृत्त होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** बन्ध भी इसी विधिसे प्रवृत्त होता है ।**

§ ४४२. संज्वलनोंका अनुभागबन्ध भी इसी अल्पबहुत्वविधिसे प्रवृत्त होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब वहीं अश्वकर्णकरणकारकके प्रथम समयमें काण्डकरूपसे आरम्भ होने-वाला अणुभाग क्रोधादि संज्वलनोंमें किस रूपसे प्रवृत्त होता है इस प्रकार इस बातका निर्णय करनेके लिये आगेके अल्पबहुत्वके प्रकारको कहते हैं—

*** परन्तु जो अनुभागकाण्डक आरम्भ किया जाता है उस अनुभागकाण्डकके**

याणि कोधे थोवाणि, माणे फद्दयाणि विसेसाहियाणि, मायाए फद्दयाणि विसेसाहियाणि, लोभे फद्दयाणि विसेसाहियाणि ।

§ ४४३. एत्तो हेट्ठिमासेसाणुभागखंडएसु माणे फद्दयाणि थोवाणि होदूण कोह-माया-लोभेसु[1] जहाकमं विसेसाहियकमेण पयट्टाणि, संताणुसारेणेव तत्थाणुभागखंडयप्पाबहुअपवुत्तिदंसणादो । एण्हि पुण खंडयमागाएंतो कोहे थोवाणि फद्दयाणि सगसंतकम्मस्साणंतभागमेत्ताणि गेण्हइ । एवं माणादीणं पि विसेसाहियकमेण खंडयमागाएदि । किं कारणं ? अण्णहा घादिदसेसाणुभागस्स लोभादिपरिवाडीए अस्सकण्णायारेणावट्ठाणाणुववत्तीदो । अधवा अपुव्वफद्दयादिविहाणेण उवरि खविज्जमाणे जस्साणुभागसंतकम्मं मंदोदयं होदूण पच्छा खविज्जदि तस्साणुभागसंतकम्मं बहुअं घादेदि त्ति घेत्तव्वं ।

§ ४४४. संपहि आगाइदसेसाणुभागस्स कोहादिसंजलणेसु कथमवट्ठाणं होदि त्ति एदस्स फुडीकरणट्ठं तदियमप्पाबहुअपयारं भणइ—

*** आगाइदसेसाणि पुण फद्दयाणि लोभे थोवाणि, मायाए अणंत-**

स्पर्धक क्रोधमें सबसे थोड़े होते हैं, मानमें स्पर्धक विशेष अधिक होते हैं, मायामें स्पर्धक विशेष अधिक होते हैं और लोभमें स्पर्धक विशेष अधिक होते हैं ।

§ ४४३. इससे पूर्वके समस्त अनुभागकाण्डकोंमें मानमें स्पर्धक कम होकर क्रोध, माया और लोभमें क्रमसे विशेष अधिकरूपसे प्रवृत्त रहते हैं, क्योंकि सत्त्वके अनुसार ही वहाँ अल्पबहुत्वसम्बन्धी प्रवृत्ति देखी जाती है । परन्तु यहाँपर काण्डकको आरम्भ करता हुआ क्रोधमें अपने सत्कर्मके अनन्तवें भागप्रमाण सबसे थोड़े स्पर्धक ग्रहण करता है । इसी प्रकार मानादिकमें भी विशेष अधिक क्रमसे काण्डकको आरम्भ करता है, क्योंकि अन्यथा घात करनेके बाद शेष रहे अनुभागका लोभादिकी परिपाटीके अनुसार अश्वकर्णके आकाररूपसे अवस्थान नहीं बन सकता है । अथवा अपूर्व स्पर्धक आदिकी विधिसे आगे क्षपित किये जानेपर जिसका अनुभागसत्कर्म मन्दोदयरूप होकर पीछे क्षपित किया जाता है उसके बहुत अनुभागसत्कर्मका घात करता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये ।

विशेषार्थ—यहाँ क्रोधसंज्वलनके उदयसे क्षपकश्रेणिपर चढ़ा हुआ जीव विवक्षित है । इसके पूर्व चारों संज्वलनोंका अनुभागसत्कर्म मान, क्रोध आदि क्रमसे उत्तरोत्तर अधिक होता है । परन्तु यह जीव घातके लिए अपने-अपने जिस अनुभागकाण्डकको आरम्भ करता है उसका प्रमाण क्रोध, मान, माया और लोभके क्रमसे उत्तरोत्तर अधिक-अधिक होता है । कारणका निर्देश टीकाकारने किया ही है ।

§ ४४४. अब आरम्भ किये गये काण्डकघातसे शेष बचे हुए अनुभागका क्रोधादि संज्वलनों में किस प्रकार अवस्थान होता है इस प्रकार इस बातको स्पष्ट करनेके लिये अल्पबहुत्वके तीसरे प्रकारको कहते हैं—

*** परन्तु आरम्भ किये गये काण्डकघातोंसे शेष रहे स्पर्धक लोभमें सबसे थोड़े**

---

१. ता० कोहमाणमायालोहेसु इति पाठः ।

गुणाणि, माणे अणंतगुणाणि, कोधे अणंतगुणाणि ।

§ ४४५. खंडयादो हेट्ठा उव्वरिदबज्झमाणमणुभागसंतकम्ममेदेणप्पाबहुअविहाणेण चिट्ठदि त्ति वुत्तं होइ । संपहि अणुभागखंडयमागाएंतो सव्वेसिं विसेसाहियकमेणागाएदि, तेणागाइदसेसाणुभागो लोभादो पहुडि पच्छाणुपुव्वीए विसेसाहिओ अहोदूण कधमणंतगुणो जादो त्ति एवंविहासंकाए णिरारेगीकरणट्ठमिमा परूवणा कीरदे । तं जहा—माणाणुभागसंतकम्मादो कोहाणुभागसंतकम्मं विसेसाहियं होदि । केत्तियमेत्तेण ? पयडिविसेसेणाणंतिमभागमेत्तेण । एवं होदि त्ति कादूण माणसंतकम्मादो अब्भहियं होदूण ट्ठिदकोहाणुभागमवणेयूण पुध ट्ठविदे कोह-माणखंडयाणि दो वि सरिसाणि भवंति । हेट्ठिमाणुभागसंतकम्मं पि दोसु वि सरिसं होदूण चिट्ठदि । किं कारणं ? सरिसाणि चेव खंडयाणि गहिदाणि त्ति बुद्धीए विवक्खियत्तादो । संपहि सेसहेट्ठिमाणसंतकम्ममणंतखंडं कादूण तत्थेगखंडं मोत्तूण पुणो अणंते भागे खंडएण सह गेण्हदि । इमे च अणंता भागा सयलसंतकम्मस्स अणंतिमभागपमाणा होदूण माणादो उवरि विसेसाहियपुव्ववण्णिदकोहाणुभागसंतकम्मफद्दएहिंतो अणंतगुणा भवंति । एवं माणसंतकम्मादो मायासंतकम्मस्स अहियाणुभागमवणिय सेसादो

होते हैं, मायामें उनसे अनन्तगुणे होते हैं, मानमें उनसे अनन्तगुणे होते हैं और क्रोधमें उनसे अनन्तगुणे होते हैं ।

§ ४४५. काण्डकघातसे नीचे जो अनुभागसत्कर्म शेष बचता है वह इस अल्पबहुत्वविधिसे स्थित रहता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब अनुभागकाण्डकघातको आरम्भ करता हुआ सबको विशेष अधिक क्रमसे आरम्भ करता है, इसलिए आरम्भ किये गये अनुभागकाण्डकघातसे शेष रहा अनुभाग लोभसे लेकर पश्चादानुपूर्वीके अनुसार विशेष अधिक न होकर अनन्तगुणा कैसे हो गया इस तरह इस प्रकारकी आशंकाके होनेपर निःशंक करनेके लिये आगेकी इस प्ररूपणाको करते हैं। वह जैसे—मानसंज्वलनके अनुभागसत्कर्मसे क्रोधसंज्वलनका अनुभागसत्कर्म विशेष अधिक होता है।

शंका—कितना मात्र अधिक होता है ।

समाधान—प्रकृति विशेषकी अपेक्षा अनन्तवाँ भागमात्र अधिक होता है।

इस प्रकार होता है ऐसा करके मानसत्कर्मसे अधिक होकर स्थित जो क्रोधका अनुभाग है उसे घटाकर पृथक् स्थापित करनेपर क्रोध और मानके दोनों ही काण्डक सदृश होते हैं। अधस्तन अनुभागसत्कर्म भी दोनोंमें ही सदृशरूपसे स्थित रहता है, क्योंकि प्रकृतमें बुद्धिसे विवक्षित कर काण्डकोंको सदृश ही ग्रहण किया गया है। अब काण्डकसे नीचे जो मानका सत्कर्म शेष बचा है उसके अनन्त खण्ड करके पुनः उनमेंसे एक खंडको छोड़कर पुनः अनन्त बहुभागको काण्डकके साथ ग्रहण करता है। और मानसंज्वलनके ये अनन्त बहुभाग समस्त सत्कर्मके अनन्तवें भागप्रमाण होकर जो पहले क्रोधअनुभागके स्पर्धकसत्कर्म मानसे ऊपर विशेष अधिक कह आये हैं वे अनन्तगुणे होते हैं। इसी प्रकार मानसत्कर्मसे मायासत्कर्मके अधिक अनुभागको निकालकर जो

माणकंडयपमाणेण मायाखंडए बुद्धीए गहिदे दोण्हं पि खंडयपमाणं गहिदसेसपमाणं च सरिसं होदूण चिट्ठदि। पुणो एत्थ हेट्ठिममायासंतकम्ममणंते भागे कादूण तत्थ एगभागं मोत्तूण सेसे अणंते भागे ओसारेदूण मायाकंडएण सह आगाएदि। एवं लोभस्स वि वत्तव्वं। तदो पढमसमयअस्सकण्णकरणकारयस्स आगाइदसेसफद्दयाणि लोभे थोवाणि, मायाए अणंतगुणाणि, माणे अणंतगुणाणि, कोहे अणंतगुणाणि त्ति मणिदाणि। एत्थ चउण्हं संजलणाणं पुव्वसंतकम्मफद्दयसंदिट्ठी कोहादिपरिवाडीए एसा घेत्तव्वा— | ९६ | ९५ | ९७ | ९८ | । तेसिं चेव आगाइदफद्दयसंदिट्ठी | ६४ | ७९ | ८९ | ९४ | । तेसिं चेव कोहादीणमागाइदसेसफद्दयसंदिट्ठी एसा | ३२ | १६ | ८ | ४ | । एदीए संदिट्ठीए तिण्हमेदेसि मप्पाबहुआणं फुडीकरणं कायव्वं।

मायाका शेष प्रमाण बचा है उसमेंसे उसी मायाके काण्डकको मानके काण्डकके बराबर बुद्धिसे ग्रहण करनेपर दोनों ही काण्डकोंका प्रमाण और मायासत्कर्मका काण्डकरूपसे ग्रहण करनेके बाद शेषप्रमाण मानके सत्कर्मके सदृश होकर प्राप्त होता है। पुनः यहाँपर काण्डकके नीचे माया सत्कर्मके अनन्त भाग करके उनमेंसे एक भागको छोड़कर शेष अनन्त बहुभागको पृथक् करके मायाकाण्डकके साथ ग्रहण करता है। इसी प्रकार लोभसंज्वलनका भी कथन करना चाहिये। इस प्रकार अश्वकर्णकरणकारकके प्रथम समयमें काण्डकरूपसे ग्रहण करनेके बाद जो स्पर्धक शेष बचते हैं वे लोभमें सबसे थोड़े होते हैं, मायामें अनन्तगुणे होते हैं, मानमें अनन्तगुणे होते हैं और और क्रोधमें अनन्तगुणे होते हैं ऐसा कहा है। यहाँपर चारों संज्वलनोंके अश्वकर्णकरणके पहले सत्कर्मस्पर्धकोंकी संदृष्टि क्रोधादि परिपाटीके अनुसार यह ग्रहण करनी चाहिए—

	क्रोध	मान	माया	लोभ
अश्वकर्णकरणके पूर्वकी सत्कर्मस्पर्धकोंकी संदृष्टि	९६	९५	९७	९८
उन्हींके ग्रहण किये गये स्पर्धकोंकी संदृष्टि	६४	७९	८९	९४
ग्रहण करनेके बाद शेष बचे स्पर्धकोंकी संदृष्टि	३२	१६	८	४

इस संदृष्टिके द्वारा इन तीनों अल्पबहुत्वोंका स्पष्टीकरण करना चाहिये।

विशेषार्थ—अश्वकर्णकरणको सम्पन्न करनेके पहले लोभका अनुभागसत्कर्म सबसे अधिक था। अंक संदृष्टिसे उसका प्रमाण ९८ लिया है। उससे अनन्तवाँ भागकम मायाका अनुभाग-सत्कर्म था। अंक संदृष्टिसे उसका प्रमाण ९७ लिया है। यहाँ अनन्तवें भागका प्रमाण संदृष्टि-की अपेक्षा १ अंक स्वीकार करके १ कम किया गया है। उससे अनन्तवाँ भागकम क्रोधका अनुभागसत्कर्म है जो अंक संदृष्टिसे ९६ स्वीकार किया गया है और उससे अनन्तवाँ भागकम लोभका अनुभागसत्कर्म है जो अंकसंदृष्टिसे ९५ स्वीकार किया गया है। यहाँ क्रोध, माया और लोभका जितना अधिक सत्कर्म है उसको अलग करनेपर चारोंका अनुभागसत्कर्म क्रमसे इस प्रकार प्राप्त होता है—

१	२	३
९५	९५	९५	९५

। पुनः बुद्धिसे इनके समान काण्डक ग्रहण करनेपर यह स्थिति बनती है—

*** एसा परूवणा पढमसमयअस्सकण्णकरणकारयस्स ।**

§ ४४६. सुगममेदं पुव्वुत्तत्थोवसंहारवक्कं ।

*** तम्मि चेव पढमसमए अपुव्वफद्दयाणि णाम करेदि ।**

§ ४४७. तम्मि चेव अस्सकण्णकारयस्स पढमसमए चदुण्हं संजलणाणमपुव्वफद्दयाणि कादुमाढवेदि त्ति भणिदं होइ । काणि अपुव्वफद्दयाणि णाम ? संसारावत्थाए पुव्वमलद्धप्पसरूवाणि खवगसेढीए चेव अस्सकण्णकरणद्धाए समुवलब्भमाणसरूवाणि पुव्वफद्दएहिंतो अणंतगुणहाणीए ओवट्टिज्जमाणसहावाणि जाणि फद्दयाणि ताणि अपुव्वफद्दयाणि त्ति भण्णंते । जइ एवं, पुव्वफद्दएहिंतो अणंतगुणहाणीए ओवट्टिज्जमाणस्सविसेसाणमेदेसिं किट्टिसण्णा किण्ण कीरदि त्ति ? णासंकणिज्जं, किट्टीलक्खणपरिहारेण फद्दयलक्खणे समवट्ठिदाणमेदेसिं फद्दयववएससिद्धीए णायोवण्णत्तादो । तं कधं ? अविभागपडिच्छेदुत्तरकमेण जत्थ वड्ढि-हाणिसंभवो तत्थि

---

१ × २ ३
६३ ६३ ६३ ६३ । यहाँ उक्त काण्डकोंके नीचे मान, माया और लोभका
३२ ३२ ३२ ३२

जो अधस्तन अनुभागसत्कर्म बचा है उसके बहुभागसत्कर्म १६, २४ और २८ को भी उक्त काण्डकोंमें मिला देनेपर क्रमसे क्रोधादि चारोंके काण्डकोंका मिलाकर यह प्रमाण प्राप्त होता है—६४ ७९ ८९ ९४ है। पुनः इन काण्डकोंका अश्वकर्णकरणके द्वारा पतन होनेपर उसके प्रथम समयमें क्रोधादि चारोंका अनुभागसत्कर्म क्रमसे ३२ १६ ८ ४ रह जाता है यह जयधवला टीका और उसमें निर्दिष्ट संदृष्टिका आशय है।

*** यह प्रथम समयवर्ती अश्वकर्णकरणकारककी प्ररूपणा है ।**

§ ४४६. पूर्वोक्त अर्थका उपसंहार करनेवाला यह वचन सुगम है।

*** उसी प्रथम समयमें अपूर्व स्पर्धकोंको करता है ।**

§ ४४७. उसी अश्वकर्णकरणकारकके प्रथम समयमें चारों संज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धक करनेके लिये आरम्भ करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—अपूर्वस्पर्धक किन्हें कहते हैं ?

समाधान—पहले संसार अवस्थामें जिनका स्वरूप उपलब्ध नहीं हुआ है, क्षपकश्रेणिमें ही अश्वकर्णकरणके कालमें जिनका स्वरूप उपलब्ध होता है और जो स्पर्धक पूर्व स्पर्धकोंमेंसे अनन्तगुणी हानिके द्वारा अपवर्त्यमान स्वभाववाले हैं उनको अपूर्वस्पर्धक कहते हैं।

शंका—यदि ऐसा है तो पूर्व स्पर्द्धकोंमेंसे अनन्तगुणी हानिके द्वारा अपवर्त्यमान अनुभागविशेषवाले इन स्पर्धकोंकी कृष्टिसंज्ञा क्यों नहीं की जाती है।

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि कृष्टिके लक्षणसे रहित तथा स्पर्धकके लक्षणसे युक्त इनके स्पर्धक व्यपदेशकी सिद्धि न्यायसे बन जाती है।

शंका—वह कैसे ?

फद्दयाणि। ण च किट्टीगदस्साणुभागस्स कमवड्ढि-हाणिसंभवो अत्थि, तत्थाणंतगुणवड्ढि-हाणीओ मोत्तूणाविभागपडिच्छेदुत्तरकमवड्ढि-हाणीणमणुवलंभादो। तम्हा पुव्वफद्दयाणुभागादो अणंतगुणहीणसत्तिसमण्णिदाणि किट्टिअणुभागादो च अणंतगुणसत्तिसंजुत्ताणि होदूण जाणि कमवड्ढिहाणिलक्खणोवलक्खियाणि तेसिमपुव्वफद्दयसण्णा त्ति सिद्धं।

§ ४४८. संपहि एवं लक्खणाणमपुव्वफद्दयाणमस्सकण्णकरणपढमसमयादो आढविय परूवणं कुणमाणो उवरिमं सुत्तपबंधमाह—

* तेसिं परूवणं वत्तइस्सामो।

§ ४४९. सुगममेदं पयदपरूवणाविसयं पइण्णावक्कं।

* तं जहा।

§ ४५०. सुगममेदं पि पुच्छावक्कं। संपहि अपुव्वफद्दयाणं परूवणं कुणमाणो पुव्वं ताव पुव्वफद्दयाणमवट्ठाणक्कमजाणावणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ, तेसिमवट्ठाणक्कमे

समाधान—जहाँ अविभागप्रतिच्छेदके उत्तर क्रमसे वृद्धि और हानि सम्भव है वे स्पर्धक हैं। परन्तु कृष्टिगत अनुभागमें क्रमवृद्धि और क्रमहानि सम्भव नहीं हैं, क्योंकि उनमें अनन्तगुणवृद्धि और अनन्तगुणहानिको छोड़कर अविभागप्रतिच्छेदके उत्तरक्रमसे वृद्धि और हानि नहीं उपलब्ध होती। इसलिए पूर्व स्पर्धकोंसे अनन्तगुणी हीन शक्तिसे युक्त और कृष्टिके अनुभागसे अनन्तगुणी शक्तिसे युक्त होकर जो क्रमवृद्धि और क्रमहानिरूप लक्षणसे उपलक्षित होते हैं उनकी अपूर्व स्पर्धक संज्ञा है यह सिद्ध हुआ।

विशेषार्थ—अनुभागशक्तिके समान अविभागप्रतिच्छेदोंको धरनेवाले प्रत्येक परमाणुका नाम वर्ग है। और ऐसे अनन्त परमाणुओंके समुदायका नाम एक वर्गणा है। पुनः एक अधिक अविभागप्रतिच्छेदको धरनेवाले अनन्तपरमाणुओंका नाम दूसरी वर्गणा है। इस प्रकार एक-एक अधिक अविभागप्रतिच्छेदके क्रमसे अनन्त वर्गणाएँ मिलकर एक स्पर्धक कहलाती हैं। अनुलोम क्रमसे देखनेपर इसमें अविभागप्रतिच्छेदके उत्तरक्रमसे वृद्धि दिखाई देती है और विलोमक्रमसे देखनेपर इसमें अविभागप्रतिच्छेद उत्तरक्रमसे हानि दिखाई देती है। यह स्पर्धकका लक्षण है। कृष्टियोंमें यह लक्षण घटित नहीं होता, क्योंकि उनमें एक कृष्टिसे दूसरी कृष्टिमें फलदानशक्तिकी अनन्तगुणी हानि देखी जाती है। शेष कथन सुगम है।

§ ४४८. अब इस प्रकारके लक्षणवाले अपूर्व स्पर्धकोंको अश्वकर्णकरणके प्रथम समयसे आरम्भ करता है, अतः उनकी प्ररूपणा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* अब उनकी प्ररूपणाको बतलावेंगे।

§ ४४९. प्रकृत प्ररूपणाको विषय करनेवाला यह प्रतिज्ञावाक्य सुगम है।

* वह जैसे।

§ ४५०. यह पृच्छावाक्य भी सुगम है। अब अपूर्व स्पर्धकोंकी प्ररूपणा करते हुए सर्वप्रथम पूर्व स्पर्धकोंके अवस्थान क्रमका ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं, क्योंकि उनके

गए तत्तो हेट्ठा समुप्पज्जमाणाणं अपुव्वफद्दयाणं जाणावणोवायाभावादो।

*** सव्वस्स अक्खवगस्स सव्वकम्माणं देसघादिफद्दयाणमादि-वग्गणा तुल्ला। सव्वघादीणं पि मोत्तूण मिच्छत्तं सेसाणं कम्माणं सव्वघादीणमादिवग्गणा तुल्ला। एदाणि पुव्वफद्दयाणि णाम।**

§ ४५१. एदेण सुत्तेण सव्वेसिं कम्माणं पुव्वफद्दयाणि एदेण सरूवेणा-वट्ठिदाणि त्ति जाणाविदं। तं जहा—कम्माणि दुविहाणि—देसघादीणि सव्वघादीणि च। तत्थ देसघादीणं सव्वेसिं पि देसघादिफद्दयाणमादिवग्गणा सरिसी चेव होदि, अवरसमाणजहण्णफद्दयप्पहुडि तेसिं सव्वेसिं पि अणुभागविण्णासदंसणादो। सव्व-घादीणं पि मिच्छत्तवज्जाणं कम्माणमादिवग्गणा तुल्ला चेव होदि, दारुअसमाणाणं-तभागे देसघादिफद्दएसु णिट्ठिदेसु तदणंतरसव्वघादिजहण्णफद्दयप्पहुडि तेसिं सव्वेसिं पि अणुभागविण्णासस्सावट्ठाणदंसणादो। मिच्छत्तस्स पुण आदिवग्गणा सव्वघादीणमादिवग्गणाए सरिसी ण होदि। किं कारणमिदि चे? वुच्चदे—सम्मत्तस्स उक्कस्सदेसघादिफद्दयं जम्मि समत्तं तत्तो उवरिमाणंतरसव्वघादिजहण्ण-फद्दयप्पहुडि सम्मामिच्छत्तस्स अणुभागविण्णासो पारभदि। तदो सम्मामिच्छत्तस्स पढमफद्दयआदिवग्गणा सेसाणं सव्वघादीणमादिवग्गणाए सरिसी भवदि। एवं होदूण

अवस्थान क्रमका ज्ञान न होनेपर उनसे नीचे उत्पन्न होनेवाले अपूर्व स्पर्धकोंको जाननेका अन्य कोई उपाय नहीं है।

*** सभी अक्षपकोंके सभी कर्मोंसम्बन्धी देशघाति स्पर्धकोंकी आदि वर्गणा तुल्य होती है। सर्वघातियोंमें भी मिथ्यात्वको छोड़कर शेष सर्वघाति कर्मोंकी आदि वर्गणा तुल्य होती है। ये पूर्व स्पर्धक हैं।**

§ ४५१. इस सूत्र द्वारा सभी कर्मोंके पूर्व स्पर्धक इस स्वरूपसे अवस्थित हैं इस बातका ज्ञान कराया गया है। वह जैसे—कर्म दो प्रकारके हैं—देशघाति और सर्वघाति। उनमेंसे सभी देशघाति कर्मोंमें भी देशघाति स्पर्धकोंकी आदि वर्गणा सदृश ही होती है, क्योंकि लता समान जघन्य स्पर्धकसे लेकर उन सभीका अनुभागविन्यास देखा जाता है। तथा मिथ्यात्वको छोड़कर सर्वघाति कर्मोंकी भी आदिवर्गणा सदृश ही होती है, क्योंकि दारुसमान अनन्तवें भागमें देश-घातिस्पर्धकोंके समाप्त होनेपर उसके बाद सर्वघाति जघन्य स्पर्धकसे लेकर उन सभीके अनुभाग-विन्यासका अवस्थान देखा जाता है। परन्तु मिथ्यात्व कर्मकी आदिवर्गणा शेष सर्वघाति कर्मोंकी आदिवर्गणाके सदृश नहीं होती।

शंका—इसका क्या कारण है?

समाधान—कहते हैं—सम्यक्त्वका उत्कृष्ट देशघातिस्पर्धक जहाँ समाप्त होता है उससे ऊपर अगले सर्वघाति जघन्य स्पर्धकसे लेकर सम्यग्मिथ्यात्वकी अनुभागरचना प्रारम्भ होती है, इसलिए सम्यग्मिथ्यात्वकी पहली आदिवर्गणा शेष सर्वघाति कर्मोंकी आदिवर्गणाके सदृश होती

पुणो सव्वघादिजहण्णफद्दयमादिं कादूणंताणि फद्दयाणि उवरि गंतूण तत्थ सम्मामिच्छत्तफद्दयाणि समप्पंति, दारुअसमाणाणंतिमभागविसए चेव तेसिं सव्वघादिसरूवेण पारंभपज्जवसाणदंसणादो। तदो सम्मामिच्छत्तचरिमफद्दयस्सुवरिम-तदणंतरफद्दयमादिं कादूण मिच्छत्तस्साणुभागविण्णासो होइ जाव पज्जवसाणफद्दये त्ति। तम्हा मिच्छत्तं मोत्तूण सेसाणं सव्वघादीणमादिवग्गणाओ सरिसीओ त्ति णिद्दिट्ठं।

§ ४५२. एवमवट्ठिदेसु पुव्वफद्दएसु तत्थ चदुण्हं संजलणाणं पुव्वफद्दएहिंतो पदेसग्गमोकड्डिदूण तेसिं चेव [illegible] वग्गणाहिंतो हेट्ठा अणंतिम-भागे अणंताणि अपुव्वफद्दयाणि एसो पढमसमयअस्सकण्णकरणकारगो णिव्वत्तेदु-माढवेदि त्ति एसो एदस्स भावत्थो। संपहि एदस्सेव फुडीकरणट्ठमिदमाह—

* तदो चदुण्हं संजलणाणमपुव्वफद्दयाइं णाम करेदि।

§ ४५३. तदो पुव्वफद्दयाणं सव्वजहण्णफद्दयस्स आदिवग्गणादो हेट्ठा पदेसग्गमणंतगुणहीणाणुभागसरूवेणोकड्डियूण चदुण्हं संजलणाणमपुव्वफद्दयाणि करेदि त्ति भणिदं होदि।

* ताणि कधं करेदि?

§ ४५४. ताणि अपुव्वफद्दयाणि करेमाणो कधं णाम पुव्वफद्दएहिंतो

है। इस प्रकार होकर पुनः सर्वघाति जघन्य स्पर्धकसे लेकर अनन्त स्पर्धक ऊपर जाकर वहाँ सम्यग्मिथ्यात्वके स्पर्धक समाप्त होते हैं, क्योंकि दारुसमान अनन्तवें भागमें ही उनकी सर्वघाति-रूपसे आदि और समाप्ति देखी जाती है। उसके बाद सम्यग्मिथ्यात्वके अन्तिम स्पर्धकसे उपरिम प्रथम स्पर्धकसे लेकर अन्तिम स्पर्धकके प्राप्त होनेतक मिथ्यात्वके अनुभागकी रचना होती है, इसलिये मिथ्यात्वको छोड़कर शेष सर्वघाति स्पर्धकोंकी आदिवर्गणा सदृश होती है यह निर्देश किया गया है।

§ ४५२. इस प्रकार पूर्वस्पर्धकोंके अवस्थित रहते हुए वहाँ चार संज्वलनोंके पूर्वस्पर्धकोंमेंसे प्रदेशपुंजको अपकर्षित कर पूर्वस्पर्धकोंकी सबसे जघन्य वर्गणासे नीचे उनके अनन्तवें भागप्रमाण अपूर्वस्पर्धकोंकी यह प्रथम समयवर्ती अश्वकर्णकरणको करनेवाला जीव रचना करनेके लिए आरम्भ करता है। अब इसी अर्थको स्पष्ट करनेके लिए इस सूत्रको कहते हैं --

* उनमेंसे चार संज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धकोंको करता है।

§ ४५३. तदो अर्थात् पूर्वस्पर्धकोंके सबसे जघन्य स्पर्धककी आदिवर्गणासे नीचे प्रदेशाग्रको अनन्तगुणे हीन अनुभागरूपसे अपकर्षित कर चार संज्वलनोंके अपूर्वस्पर्धकोंको करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* उनको कैसे करता है?

§ ४५४. उन अपूर्वस्पर्धकोंको करनेवाला जीव पूर्वस्पर्धकोंमेंसे प्रदेशाग्रके कितने भागको

पदेसग्गस्स कइत्थं भागमोकड्डियूण पुव्वफद्दयाणुभागस्स कइत्थए भागे किंपमाणाणि ताणि णिव्वत्तेदि त्ति पुच्छिदं होदि। एवं पुच्छाविसईकयाणं तेसिं लोभादिसंजलणेसु जहाकमं परूवणं कुणमाणो उत्तरं पबंधमाह—

❀ लोभस्स ताव, लोहसंजलणस्स पुव्वफद्दएहिंतो पदेसग्गस्स असंखेज्जदिभागं घेत्तूण पढमस्स देसघादिफद्दयस्स हेट्ठा अणंतभागे अण्णाणि अपुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तयदि।

§ ४५५. चदुण्हं कसायाणमक्कमेणेसो पढमसमयअवेदो अपुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तेदि। किंतु तेसिं सव्वेसिं जुगवं वोत्तुमसक्कियत्तादो लोभस्स ताव अपुव्वफद्दयकरणविहाणं वत्तइस्सामो त्ति जाणावणट्ठं 'लोभस्स तावेत्ति' भणिदं। ताणि च करेमाणो एदेण विहाणेण करेदि त्ति जाणावणट्ठं सेससुत्तावयवा णिद्देसो। तं कधं? लोभसंजलणस्स पुव्वफद्दएहिंतो अपुव्वफद्दयकरणट्ठं पदेसग्गस्सासंखेज्जदिभागमोकड्डदि, दिवड्ढगुणहाणिमेत्तसमयपबद्धाणं पुव्वफद्दएसु जहापविभागमवट्ठिदाणमोकड्डुक्कड्डणभागहारपडिभागेणासंखेज्जदिभागमोकड्डियूण गेण्हदि त्ति भणिदं होदि। तं च पदेसग्गं घेत्तूण पुव्वफद्दयाणं पढमस्स देसघादिफद्दयस्स हेट्ठा अणंतगुणहाणीए ओवट्टियूण तदणंतिमभागे अपुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तेदि। पढमस्स

अपकर्षित कर पूर्व स्पर्धकसम्बन्धी अनुभागके कितने भागमें कितने प्रमाणमें उन अपूर्वस्पर्धकोंकी रचना कैसे करता है यह उक्त सूत्र द्वारा पृच्छा की गई है। इस प्रकार पृच्छाके विषयरूपसे स्वीकृत उनकी लोभादि संज्वलनोंमें क्रमसे प्ररूपणा करते हुए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

❀ लोभसंज्वलनकी अपेक्षा सर्वप्रथम कहते हैं—लोभसंज्वलनके पूर्व स्पर्धकोंमेंसे प्रदेशाग्रके असंख्यातवें भागको ग्रहण कर प्रथम देशघादि स्पर्धकके नीचे अनन्तवें भागमें अन्य अपूर्व स्पर्धकोंको करता है।

§ ४५५. यह प्रथम समयवर्ती अवेदक क्षपक जीव यद्यपि चारों कषायोंके अक्रमसे अपूर्वस्पर्धकोंकी रचना करता है। किन्तु उन सबका एक साथ कथन करना अशक्य है, इसलिये सर्वप्रथम लोभसंज्वलनके अपूर्व स्पर्धकोंके विधानको बतलावेंगे इस बातका ज्ञान करानेके लिए 'लोभस्स ताव' यह वचन कहा है। उन अपूर्व स्पर्धकोंको करता हुआ इस विधिसे करता है इस बातका ज्ञान करानेके लिए शेष सूत्रवचनोंका निर्देश किया है।

शंका—वह कैसे?

समाधान—लोभसंज्वलनके पूर्व स्पर्धकोंमेंसे अपूर्व स्पर्धकोंको करनेके लिए प्रदेशाग्रके असंख्यातवें भागका अपकर्षण करता है, क्योंकि डेढ़ गुणहानिप्रमाण जो समयप्रबद्ध पूर्वस्पर्धकोंमें अपने विभागके अनुसार अवस्थित हैं उनमें अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारका भाग देनेपर जो असंख्यातवाँ भाग लब्ध आवे उतनेको अपकर्षित कर ग्रहण करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। और उस प्रदेशपुंजको ग्रहण कर पूर्वस्पर्धकोंके देशघातिस्पर्धकके नीचे अनन्त गुणहानिद्वारा

देसघादिफद्दयस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदाणमणंतिमभागमेत्ता चेव सव्व-पच्छिमापुव्वफद्दयचरिमवग्गणाविभागपडिच्छेदा होंति, तेण तदणंतिमभागे णिव्वत्तेदि त्ति भणिदं। संपहि एवंविहाणेण णिव्वत्तिज्जमाणाणि अपुव्वफद्दयाणि केत्तियाणि होंति त्ति आसंकाए तप्पमाणावहारणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** ताणि पगणणादो अणंताणि पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाण-मसंखेज्जदिभागो, एत्तियमेत्ताणि ताणि अपुव्वफद्दयाणि।**

§ ४५६. एदेण संखेज्जासंखेज्जपडिसेहमुहेण तेसिमभवसिद्धिएहिंतो अणंतगुणे सिद्धाणंतभागपमाणत्तमवहारिदं होदि। तं कथं ? ताणि अपुव्वफद्दयाणि पगण-णादो अणंताणि होंति। होंताणि वि पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणमसंखेज्जदिभाग-मेत्ताणि चेव भवंति। पुव्वफद्दयाणमादिवग्गणा एगेगवग्गणविसेसेण हीयमाणा जम्मि उद्देसे दुगुणहीणा होदि तमद्धाणमेगं गुणहाणिट्ठाणंतरं णाम। एदं च अभवसिद्धिएहि अणंतगुणेसिद्धाणमणंतभागमेत्तफद्दयाणि गंतूण होइ। संपहि एवंविहस्स पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरस्स अब्भंतरे जत्तियाणि फद्दयाणि अत्थि तेसि-मसंखेज्जदिभागमेत्ताणि एदाणि अपुव्वफद्दयाणि दट्ठव्वाणि, ओकड्डुक्कड्डणभागहारादो असंखेज्जगुणेण भागहारेण पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दएसु ओवट्टिदेसु एदेसिं पमाणा-

---

अपवर्तित करके उक्त पूर्वस्पर्धकके अनन्तवें भागमें अपूर्वस्पर्धकोंकी रचना करता है। प्रथम देशघातिस्पर्धककी आदिवर्गणाके जितने अविभागप्रतिच्छेद हैं उनके अनन्तवें भागप्रमाण ही सबसे अन्तिम अपूर्वस्पर्धकका अन्तिम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद होते हैं, इसलिए उनके अनन्तवें भागमें अपूर्वस्पर्धकोंकी रचना करता है यह कहा है। अब इस प्रकार रचे जानेवाले अपूर्वस्पर्धक कितने होते हैं ऐसी आशंका होनेपर उनके प्रमाणका अवधारण करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** वे अपूर्व स्पर्धक प्रगणनासे अनन्त होकर भी प्रदेशगुणहाणिस्थानान्तर-प्रमाण स्पर्धकोंके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं।**

§ ४५६. इस सूत्र द्वारा संख्यात और असंख्यातका प्रतिषेध करके वे अभव्योंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवें भागप्रमाण होते हैं ऐसा जानना चाहिये।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—वे अपूर्वस्पर्धक प्रगणनाकी अपेक्षा अनन्त होते हैं। इतना होते हुए भी प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरप्रमाण स्पर्धकोंके असंख्यातवें भागप्रमाण ही होते हैं।

पूर्वस्पर्धकोंकी आदिवर्गणा एक-एक वर्गणाविशेषसे हीन होती हुई जिस स्थानपर द्विगुणहीन (आधी) होती है उस स्थानका नाम एक गुणहानिस्थानान्तर है। यह अभव्योंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवें भागप्रमाण स्पर्धक जाकर प्राप्त होता है। अब इस प्रकारके प्रदेशगुणहानि-स्थानान्तरके भीतर जितने स्पर्धक होते हैं उनके असंख्यातवें भागप्रमाण ये अपूर्वस्पर्धक जानने चाहिये, क्योंकि अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे असंख्यातगुणे भागहारके द्वारा प्रदेशगुणहानि

---

१. ता०आ० प्रत्योः अणंतगुणं इति पाठः।

गमणदंसणादो। एवमेदेसिं पमाणपरूवणं कादूण संपहि एदेसिं चेव सरूवविसेसावहारणट्ठमविभागपडिच्छेदप्पाबहुअं परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** पढमसमए जाणि अपुव्वफद्दयाणि तत्थ पढमस्स फद्दयस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं थोवं।**

§ ४५७. पढमसमए णिव्वत्तिदाणमपुव्वफद्दयाणं मज्झे जं पढमं फद्दयं तदादिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदसमूहो सव्वजीवेहिंतो अणंतगुणपमाणो होदूण उवरिमपदापेक्खाए थोवो त्ति भणिदं होइ।

*** विदियस्स फद्दयस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदमणंतभागुत्तरं।**

§ ४५८. एत्थेवं सुत्तत्थपरूवणा कायव्वा—अणंता भागा अणंता भागा अणंतभागेहिं उत्तरमणंतभागुत्तरं अणंतभागब्भहियमिदि वुत्तं होइ। पढमस्स फद्दयस्स सरिसधणियसव्वपरमाणूणमविभागपडिच्छेदसमूहमेगपुंजं कादूण तत्तो विदियफद्दयादिवग्गणाए सरिसधणियसव्वाविभागपडिच्छेदसमूहो किंचूणदुगुणपमाणत्तादो अणंतभागुत्तरो होदि त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसंगहो।

§ ४५९. संपहि एदस्सेवत्थस्स फुडीकरणं वत्तइस्सामो। तं जहा—पढमफद्दयस्स आदिवग्गणायामादो विदियफद्दयादिवग्गणायामो विसेसहीणो होदि,

---

स्थानान्तरसम्बन्धी स्पर्धकोंके भाजित करनेपर इनके प्रमाणका आगमन देखा जाता है। इस प्रकार इनके प्रमाणका कथन करके अब इनके ही स्वरूपविशेषका अवधारण करनेके लिए अविभागप्रतिच्छेदोंके अल्पबहुत्वका प्ररूपण करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** प्रथम समयमें जो अपूर्व स्पर्धक निष्पन्न होते हैं उनमेंसे प्रथम स्पर्धककी आदिवर्गणाका अविभागप्रतिच्छेदपुंज सबसे स्तोक है।**

§ ४५७. प्रथम समयमें निष्पन्न हुए अपूर्वस्पर्धकोंमें जो प्रथम स्पर्धक है उसकी आदिवर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदका समूह सब जीवोंसे अनन्तगुणा होकर उपरिमपदकी अपेक्षा सबसे थोड़ा है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** दूसरे स्पर्धककी आदि वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद अनन्तवें भागप्रमाण अधिक हैं।**

§ ४५८. यहाँ इस प्रकार सूत्रकी प्ररूपणा करनी चाहिये—अनन्तबहुभाग अनन्तबहुभाग इस प्रकार अनन्तबहुभागसे उत्तर अनन्तभागोत्तर कहलाता है। अनन्तभाग अधिक है यह इसका तात्पर्य है, क्योंकि प्रथम स्पर्धकके सदृश धनवाले परमाणुओंके अविभागप्रतिच्छेदोंके समूहको एक पुंज करके उससे दूसरे स्पर्धककी आदिवर्गणाके सदृश धनवाले सब परमाणुओंका अविभागप्रतिच्छेदसमूह कुछ कम दूने प्रमाणवाला होनेसे अनन्तभागोत्तर है यह यहाँपर सूत्रका समुच्चय रूप अर्थ है।

§ ४५९. अब इसी अर्थका स्पष्टीकरण बतलावेंगे। वह जैसे—प्रथम स्पर्धककी आदिवर्गणाके आयामसे दूसरे स्पर्धककी आदि वर्गणाका आयाम विशेष हीन होता है, क्योंकि एक स्पर्धककी

एगफद्दयएदव्वग्गणसलागमेत्तवग्गणविसेसाणं तत्थ हीणत्तदंसणादो। पुणो पढमफद्दयादिवग्गणाए एगपरमाणुधरिदाविभागपलिच्छेदेहिंतो विदियफद्दयादिवग्गणाए एगपरमाणुधरिदाविभागपडिच्छेदकलावो दुगुणो होदि, फद्दयं पडि आदिवग्गणाणमादिफद्दयादिवग्गणादो दुगुणतिगुणादिकमेणाविभागपलिच्छेदवड्ढिदंसणादो। एवं होदि त्ति कादूण जइ पढमफद्दयादिवग्गणायामो विदियफद्दयादिवग्गणायामो च सरिसो चेव होज्ज, तो तदविभागपडिच्छेदसमुदायादो एत्थतणाविभागपडिच्छेदसमूहो दुगुणमेत्तो जायेज्ज। ण च एवं, तत्तो एदस्स पुव्वुत्तपमाणेण विसेसहीणत्तदंसणादो। तम्हा दुगुणाविभागपडिच्छेदकलावोवचिदं विदियफद्दयादिवग्गणायामं मज्झे चे फालीओ कादूण तत्थेगफालीदो एयफद्दयवग्गणसलागमेत्तवग्गणाविसेसे घेत्तूण इयरफालीए सीसम्मि संधिदे पढमफद्दयादिवग्गणाए एसा फाली सरिसी जादा। पुणो सेसफालीए अणंता भागा अवसेसा अत्थि, दुगुणिदफद्दयवग्गणसलागमेत्ताणं वग्गणविसेसाणमेत्थ हीणत्तदंसणादो। तदो सिद्धं पढमफद्दयादिवग्गणादो विदियफद्दयादिवग्गणा अविभागपलिच्छेदग्गेण अणंता भागुत्तरा होदि त्ति। सुत्ते अणंतभागुत्तरे त्ति दीहणिद्देसाभावे कधमेसो अत्थो विण्णादुं सक्किज्जदि त्ति णासंकणिज्जं, समासबलेण तत्थ दीहणिद्देसाभावे वि तदत्थोवलद्धीदो। एवमेदस्साणंता

जितनी वर्गणाशलाकाएँ होती हैं उतने वर्गणाविशेषोंकी उनमें हानि देखी जाती है। पुनः प्रथम स्पर्धककी आदिवर्गणाके एक परमाणुमें जितने अविभागप्रतिच्छेद होते हैं उनसे दूसरी स्पर्धककी आदिवर्गणामें एक परमाणुमें अविभागप्रतिच्छेदोंका समूह दूना होता है, क्योंकि प्रथम स्पर्धककी आदिवर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदोंसे द्वितीयादि प्रत्येक स्पर्धककी आदिवर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदोंके क्रमसे दुगुणे, तिगुणे आदिरूपसे अविभागप्रतिच्छेदोंकी वृद्धि देखी जाती है। इस प्रकार वृद्धि होती है ऐसा करके यदि प्रथम स्पर्धककी आदिवर्गणाका आयाम और दूसरे स्पर्धककी आदिवर्गणाका आयाम सदृश ही होवे तो उसके अविभागप्रतिच्छेदोंके समूहसे यहांके अविभागप्रतिच्छेदोंका समूह दुगुणे प्रमाणवाला होजावे। परन्तु ऐसा नहीं है, क्योंकि उससे यह पूर्वोक्त प्रमाणसे विशेष हीन देखा जाता है। इसलिये अविभागप्रतिच्छेदके समूहसे उपचित दूसरे स्पर्धककी आदिवर्गणाके आयामको बीचमें दो फालियाँ करके उनमेंसे एक फालिमेंसे एक स्पर्धककी जितनी वर्गणाशलाकाएँ हैं उतने वर्गणाविशेषोंको ग्रहण करके दूसरी फालिके शीर्षमें मिला देनेपर यह फालि प्रथम स्पर्धककी आदिवर्गणाके सदृश हो जाती है। पुनः शेष फालिके अनन्त बहुभाग अविशेष हैं, क्योंकि स्पर्धकसम्बन्धी द्विगुणित वर्गणाशलाकाप्रमाण वर्गणाविशेषोंकी यहाँ हीनता देखी जाती है, इसलिए सिद्ध हुआ कि प्रथम स्पर्धककी आदिवर्गणासे दूसरे स्पर्धककी आदिवर्गणा अविभागप्रतिच्छेदसमूहकी अपेक्षा अनन्त बहुभाग अधिक होती है।

शंका—सूत्रमें 'अणंतभागुत्तरे' इसमें अणंताभागुत्तरे इस प्रकार दीर्घ पदका निर्देश नहीं होनेपर यह अर्थ जानना कैसे शक्य है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि समासके बलसे उक्त पदमें दीर्घ निर्देशका अभाव होनेपर भी उस अर्थकी उपलब्धि हो जाती है।

भागुत्तरत्तं परूविय एत्तो तदियादिफद्दयाणमादिवग्गणाओ अणंतरहेट्ठिमफद्दयादिवग्गमाहिंतो कदिभागुत्तरा होंति त्ति एदस्स णिद्धारणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** एवमणंतराणंतरेण गंतूण दुचरिमस्स फद्दयस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदादो चरिमस्स अपुव्वफद्दयस्स आदिवग्गणा विसेसाहिया अणंतभागेण।**

§ ४६०. एत्थ ताव एवमणंतराणंतरेण गंतूणे त्ति एदं सुत्तावयवमस्सियूण सुत्तसूचिदं किंचि अत्थपरूवणं कस्सामो। तं जहा—विदियफद्दयादिवग्गणादो तदियफद्दयादिवग्गणा किंचूणदुभागुत्तरा भवदि, एगेगपरमाणुपरिदाविभागपडिच्छेदसमूहस्स दुभागुत्तरत्ते संते तदादिवग्गणायायादो एत्थतणादिवग्गणायामस्स एगफद्दयवग्गणसलागमेत्तवग्गणविसेसेहिं परिहीणत्तदंसणादो। एत्थ तदियफद्दयादिवग्गणायामं तिण्णि फालिओ कादूण तत्थेगफालीदो दुगुणिदफद्दयवग्गणसलागमेत्ते विसेसे घेत्तूण सेसदोफालिसीसेसु संधिय किंचूणदुभागब्भहियत्तं दरिसेयव्वं।

§ ४६१. संपहि तदियफद्दयादिवग्गणादो चउत्थफद्दयादिवग्गणा किंचूणतिभागुत्तरा होइ। एवं पंचमादिफद्दयादिवग्गणाओ वि किंचूणचउब्भागुत्तरादिकमेण णेदव्वाओ जाव जहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तफद्दयाणं चरिमफद्दयादिवग्गणा

इस प्रकार इस स्पर्धकके अविभागप्रतिच्छेद अनन्तबहुभाग अधिक होते हैं इस बातकी प्ररूपणा करके आगे तृतीय आदि स्पर्धकोंकी आदि-वर्गणाएँ अनन्तर अधस्तन आदि-वर्गणाओंसे कितने भाग अधिक होती हैं इस प्रकार इस बातका निर्धारण करनेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** इस प्रकार अनन्तर तदनन्तररूपसे आगे जाकर द्विचरम स्पर्धककी आदिवर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदोंसे अन्तिम अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणा अनन्तवें भागप्रमाण विशेष अधिक होती है।**

§ ४६०. सर्वप्रथम यहाँपर इस प्रकार अनन्तर अनन्तररूपसे आगे जाकर इस सूत्रके अवयवके आश्रयसे सूत्र द्वारा सूचित होनेवाले किंचिन्मात्र अर्थकी प्ररूपणा करेंगे। वह जैसे—दूसरे स्पर्धककी आदि-वर्गणासे तीसरे स्पर्धककी आदि-वर्गणा कुछ कम दो भाग अधिक होती है, क्योंकि एक-एक परमाणुमें प्राप्त अविभागप्रतिच्छेद समूहके दो भाग अधिक होनेपर उस स्पर्धककी आदि-वर्गणाके आयामसे यहाँ सम्बन्धी आदि-वर्गणाका आयाम एक स्पर्धककी जितनी वर्गणाशलाकाएँ हैं उतने वर्गणाविशेषोंसे हीन देखा जाता है। यहाँ तीसरे स्पर्धककी आदि-वर्गणाके आयामकी तीन फालियाँ करके यहाँ एक फालिसे दुगुणे स्पर्धक वर्गणाशलाकाप्रमाण विशेषोंको ग्रहण कर शेष दो फालियोंके अग्रभागमें मिला देनेपर कुछ कम दो भाग अधिक दिखलाना चाहिये।

§ ४६१. अब तीसरे स्पर्धककी आदिवर्गणासे चौथे स्पर्धककी आदिवर्गणा कुछ कम तीन भाग अधिक होती है। इसी प्रकार पञ्चम आदि स्पर्धकोंकी आदिवर्गणाएँ भी कुछ कम चार

तदणंतरहेट्ठिमफद्दयादिवग्गणादो उक्कस्ससंखेज्जभागुत्तरा होदूण संखेज्जभागुत्तरवड्ढीए पज्जवसाणं पत्ता त्ति ।

§ ४६२. संपहि एत्तो उवरि जहाकममसंखेज्जभागुत्तरवड्ढीए णेदव्वं जाव आदीदो प्पहुडि जहण्णपरित्ताणंतमेत्तफद्दयाणं चरिमफद्दयस्सादिवग्गणा तदणंतरहेट्ठिमफद्दयादिवग्गणादो उक्कस्सासंखेज्जासंखेज्जभागुत्तरा होदूण असंखेज्जदिभागवड्ढीए पज्जवसाणं पत्ता त्ति ।

§ ४६३. संपहि एत्तो उवरि अणंतभागवड्ढीए अणंताणि फद्दयाणि णेदव्वाणि जाव अपुव्वाणं चरिमफद्दयं ति, सव्वत्थ रूवूणचडिदद्धाणेण हेट्ठिमफद्दयादिवग्गणाए भाजिदाए तत्थ किंचूणेगभागमेत्तेण विसेसाहियत्तं दट्ठव्वं । एदं च सव्वं मणेणावहारिय 'एवमणंतराणंतरेण णेदूणेत्ति' वुत्तं । एवमेदीए संखेज्जासंखेज्जाणंतभाग परिवड्ढीए समयाविरोहेण णेदूणेत्ति वुत्तं होइ ।

§ ४६४. एत्थेव परिणामियप्पस्स परूवणट्ठमुवरिमो सुत्तावयवो—'दुचरिमस्स फद्दयस्स आदिवग्गणाए' इच्चादिओ । एत्थाणंतभागेणेत्ति वुत्ते अपुव्वफद्दयसलागाहिं रूवूणाहिं दुचरिमफद्दयादिवग्गणं भागं घेत्तूण भागलद्धेण 'किंचूणेण विसेसाहियत्तं दट्ठव्वं । एवमणंतराणंतरादो अपुव्वफद्दयादिवग्गणाणमविभागपडिच्छेदप्पाबहुअं

भाग आदिके क्रमसे जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण स्पर्धकोंमेंसे अन्तिम स्पर्धककी आदिवर्गणा तदनन्तर अधस्तन स्पर्धक वर्गणासे उत्कृष्ट संख्यात भाग अधिक होकर संख्यात भागवृद्धिके अन्तको प्राप्त होती है ।

§ ४६२. अब यहाँसे आगे क्रमसे असंख्यातभागवृद्धि द्वारा तबतक ले जाना चाहिये जब जाकर आदिसे लेकर जघन्य परीतानन्तप्रमाण स्पर्धकोंमें अन्तिम स्पर्धककी आदि वर्गणा तदनन्तर अधस्तन स्पर्धककी आदि-वर्गणासे उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यात भागप्रमाण अधिक होकर असंख्यातभागवृद्धिके अन्तको प्राप्त होती है ।

§ ४६३. अब यहाँसे आगे अनन्तभागवृद्धिके द्वारा अनन्त स्पर्धकोंको अपूर्व स्पर्धकोंसम्बन्धी अन्तिम स्पर्धकके प्राप्त होनेतक ले जाना चाहिये, क्योंकि सर्वत्र एक कम जितने स्थान आगे गये हों उनसे अधस्तन स्पर्धककी आदि वर्गणाके भाजित करनेपर उसमें कुछ कम एक भागरूपसे विशेषाधिकपना जानना चाहिये । इस सब बातको मनसे विचारकर सूत्रमें 'एवमणंतराणंतरेण णेदूण' यह वचन कहा है । इस प्रकार इस संख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि और अनन्तभागवृद्धिरूपसे समयके अविरोधपूर्वक ले जाकर जानना चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

§ ४६४. अब यहींपर अन्तिम विकल्पका कथन करनेके लिये आगेका 'दुचरिमस्स फद्दयस्स आदिवग्गणाए' इत्यादि सूत्रवचन आया है । यहाँपर 'अणंतभागेण' ऐसा कहनेपर एक कम अपूर्वस्पर्धककी शलाकाओंसे द्विचरिम स्पर्धककी आदिवर्गणाको भाजित कर जो भाग लब्ध आवे उससे कुछ कम विशेष अधिक जानना चाहिये । इस प्रकार अनन्तर तदनन्तरके क्रमसे अपूर्व-

णिय संपहि तत्थेव पढमफद्दयादिवग्गणादो चरिमफद्दयादिवग्गणाविभागपडिच्छेदग्ग-णादिगुणमिदि जाणावट्ठमप्पाबहुअमाह—

जाणि पढमसमये अपुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तिदाणि तत्थ पढमस्स फद्दयस्स आदिवग्गणा थोवा ।

§ ४६५. सुगमं ।

*** चरिमस्स अपुव्वफद्दयस्स जादिवग्गणा अणंतगुणा ।**

§ ४६६. कुदो ? पढमादो अपुव्वफद्दयादो अणंताणि फद्दयाणि अभवसिद्धिएहिं अणंतगुणसिद्धाणंतभागमेत्ताणि गंतूणेदिस्से समुप्पत्तिदंसणादो । एत्थ गुणगारो फद्दयसलागमेत्तो, एगपरमाणुविवक्खाए तदविरोहादो । सरिसधणियविवक्खाए पुण एसो चेव गुणगारो किंचूणो त्ति वत्तव्वं ।

*** पुव्वफद्दयस्सादिवग्गणा अणंतगुणा ।**

§ ४६७. पुव्वफद्दयाणं सव्वजहण्णदेसघादिफद्दयादिवग्गणादो अणंतगुण-हाणीए ओवट्टेयूण अपुव्वफद्दयाणं णिव्वत्तिदंसणादो । संपहि जहा लोभसंजलणमहि-किच्च एसा अपुव्वफद्दयपरूवणा पढमसमयअवेदस्स परूविदा एवं कोह-माण-मायाणं पि परूवेयव्वा त्ति जाणावेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

स्पर्धकोंकी आदि-वर्गणाओंके अविभागप्रतिच्छेदोंके अल्पबहुत्वका कथन करके अब वहींपर प्रथम स्पर्धककी आदि-वर्गणासे अन्तिम स्पर्धककी आदि वर्गणाके अविभाग प्रतिच्छेदपुंज इतने गुणे होते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए अल्पबहुत्वको कहते हैं—

*** जो प्रथम समयमें अपूर्व स्पर्धक निष्पन्न होते हैं उनमेंसे प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणा सबसे स्तोक है ।**

§ ४६५. यह सूत्र गतार्थ है ।

*** उससे अन्तिम अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणा अनन्तगुणी है ।**

§ ४६६. क्योंकि प्रथम अपूर्वस्पर्धकसे अभव्योंसे अनन्तगुण और सिद्धोंके अनन्तवें भाग-प्रमाण अपूर्वस्पर्धक आगे जाकर इसकी उत्पत्ति देखी जाती है । यहाँ उक्त स्पर्धकोंकी जितनी शलाकाएँ हैं तत्प्रमाण गुणकार है । कारण कि एक परमाणुकी विवक्षा करनेपर उसमें कोई विरोध नहीं है । किन्तु सदृश धनकी विवक्षा करनेपर तो यही गुणकार कुछ कम कहना चाहिये ।

*** उससे पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणा अनन्तगुणी है ।**

§ ४६७. क्योंकि पूर्वस्पर्धकोंके सबसे जघन्य देशघाति स्पर्धककी आदि वर्गणासे अनन्त-गुणहानि द्वारा भाजित कर अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना हुई है । अब प्रथम समयवर्ती अवेदकके जिस प्रकार लोभसंज्वलनको अधिकृत कर अपूर्व स्पर्धकोंकी यह प्ररूपणा की है उसी प्रकार क्रोध, मान और मायाकी भी प्ररूपणा करनी चाहिये इसी बातका ज्ञान कराते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** जहा लोभस्स अपुव्वफद्दयाणि परूविदाणि पढमसमए, तहा तहा मायाए माणस्स कोधस्स वत्तव्वयाणि ।**

§ ४६८. कुदो ? मायादिसंजलणाणं पि पुव्वफद्दएहिंतो पदेसग्गस्स असंखेज्जदिभागमोकड्डियूण पढमस्स देसघादिफद्दयस्स हेट्ठा अणंतिमभागे अणंताणि अपुव्वफद्दयाणि पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणमसंखेज्जदिभागपमाणाणि अणंतरोवणिधाए अणंताभागुत्तरादिकमेण वड्ढिदादिवग्गणाविभागपडिच्छेदग्गाणि, परंपरोवणिधाए च पढमफद्दयादिवग्गणाविभागपडिच्छेदग्गादो अणंतगुणवड्ढिदचरिमफद्दयादिवग्गणाविभागपडिच्छेदग्गाणि णिव्वत्तेदि त्ति एदेण भेदाभावादो ।

§ ४६९. एत्थ पुरिसवेदस्स वि णवकबंधाणुभागसंभवे तस्सापुव्वफद्दयविहाणं णत्थि त्ति घेत्तव्वं, चदुण्हं संजलणाणमेवापुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तेदि त्ति सुत्ते विसेसिदूण परूविदत्तादो । ण च पुरिसवेदणवकबंधाणुभागस्स खंडयघादादिसंभवो वि एत्थत्थि, केवलं बंधावलियादिक्कंतकमेण तदणुभागस्स समयूणदोआवलियमेत्तकालेण संछोहणं मोत्तूण तत्थ किरियंतराणुवलंभादो । संपहि चउण्हं संजलणाणमपुव्वफद्दयाणि किं सरिसपमाणाणि आहो विसरिसपमाणाणि त्ति आसंकाए णिरारेगीकरणट्ठमप्पाबहुअसुत्तमाह—

*** जिस प्रकार अवेदकके प्रथम समयमें लोभके अपूर्व स्पर्धकोंकी प्ररूपणा की उसी प्रकार माया, मान और क्रोधकी प्ररूपणा करनी चाहिये ।**

§ ४६८. क्योंकि माया, आदि संज्वलनोंके भी पूर्व स्पर्धकोंमेंसे प्रदेशपुंजके असंख्यातवें भागका अपकर्षण कर प्रथम देशघाति स्पर्धकके नीचे अनन्तवें भागमें अनन्त अपूर्व स्पर्धकोंको रचता है, जो प्रदेशगुणहानि स्थानान्तर (एक गुणहानि) के असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं तथा जो अनन्तरोपनिधाकी अपेक्षा अनन्त बहुभाग अधिक अनन्त बहुभाग अधिकके क्रमसे वृद्धिको प्राप्त हुई आदि-वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदरूप होते हैं और परम्परोपनिधाकी अपेक्षा जो प्रथम स्पर्धककी आदि-वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदपुंजसे अनन्त गुणरूपसे वृद्धिको प्राप्त हुए अन्तिम स्पर्धककी आदि-वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदपुंजरूप होते हैं। इस प्रकार इस कथनकी अपेक्षा उनमें कोई भेद नहीं पाया जाता है ।

§ ४६९. यहाँपर पुरुषवेदके भी नवकबन्धके अनुभागके सम्भव होनेपर उसके अपूर्व स्पर्धकोंका विधान नहीं है ऐसा ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि चारों संज्वलनोंके ही अपूर्व स्पर्धकोंको रचता है ऐसा सूत्रमें विशेषरूपसे कथन किया गया है। और पुरुषवेदके नवकबन्धके अनुभागका काण्डकघात आदि भी यहाँपर सम्भव नहीं है, केवल बन्धावलिके अतिक्रान्त होनेके क्रमसे पुरुषवेदके अनुभागकी एक समय कम दो आवलिप्रमाण कालके द्वारा निर्जराको छोड़कर उसमें अन्य कोई क्रिया नहीं पाई जाती है। अब चारों संज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धक क्या सदृशप्रमाणवाले होते हैं या विसदृशप्रमाणवाले होते हैं ऐसी आशंका होनेपर निःशंक करनेके लिए अल्पबहुत्वसूत्रको कहते हैं—

*** पढमसमए जाणि अपुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तिदाणि तत्थ कोधस्स थोवाणि। माणस्स अपुव्वफद्दयाणि विसेसाहियाणि। मायाए अपुव्वफद्दयाणि विसेसाहियाणि। लोभस्स अपुव्वफद्दयाणि विसेसाहियाणि।**

§ ४७०. जइ वि चदुण्हं पि संजलणाणमेगगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणमसंखेज्जभागमेत्ताणि चेवापुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तेदि तो वि ण ताणि सव्वसंजलणेसु समखंडाणि, किंतु कोहादिसंजलणेसु एदेणप्पाबहुअविहिणा पयट्टंति त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसमुच्चओ। एवमेदेसिं विसेसाहियभावं पदुप्पाइय संपहि एत्थेव विसेसाहियपमाणावहारणट्ठमुवरिमं सुत्तावयवमाह—

*** विसेसो अणंतभागो।**

§ ४७१. जो पुव्वसुत्ते णिद्दिट्ठो अपुव्वफद्दयाणं विसेसो सो संखेज्जदिभागो असंखेज्जदिभागो वा ण होइ, किंतु अणंतभागो त्ति घेत्तव्वो। कोहसंजलणस्सापुव्वफद्दयाणि तप्पाओग्गाणंतरूवेहिं खंडिय तत्थेयखंडमेत्तेण तत्तो माणसंजलणाणमपुव्वफद्दयाणमहियत्तदंसणादो। एवं माण-माया-संजलणाणमपुव्वफद्दयवग्गणणाए विसेसाहियत्तमणुगंतव्वं। एत्थ कोहादिसंजलणाणमपुव्वफद्दयपमाणं संदिट्ठीए एत्तियमिदि घेत्तव्वं १६, २०, २४, २८।

*** प्रथम समयमें जो अपूर्वस्पर्धक निष्पन्न किये जाते हैं उनमें क्रोधके सबसे थोड़े होते हैं, मानके अपूर्वस्पर्धक विशेष अधिक होते हैं, मायाके अपूर्वस्पर्धक विशेष अधिक होते हैं और लोभके अपूर्वस्पर्धक विशेष अधिक होते हैं।**

§ ४७०. यद्यपि यह जीव चारों ही स्पर्धकोंके एक गुणहानि स्थानान्तरप्रमाण स्पर्धकोंके असंख्यातवें भागप्रमाण ही अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है तो भी वे सब संज्वलनोंमें समान खण्डरूप नहीं होते हैं, किन्तु क्रोधादि संज्वलनोंमें इस अल्पबहुत्वविधिसे प्रवृत्त होते हैं इस प्रकार यह यहाँपर इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है। इस प्रकार इनके विशेष अधिकपनेका कथन करके अब यहींपर उनके विशेष अधिक प्रमाणका अवधारण करनेके लिए आगे उक्त सूत्र—अवयवको कहते हैं—

*** उक्त अल्पबहुत्वमें विशेषका प्रमाण अनन्तवाँ भाग है।**

§ ४७१. जो पूर्व सूत्रमें अपूर्व स्पर्धकोंमें विशेषका निर्देश किया है वह संख्यातवें भागप्रमाण और असंख्यातवें भागप्रमाण नहीं होता, किन्तु अनन्तवें भागप्रमाण ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि क्रोधसंज्वलनके अपूर्व स्पर्धकोंको तत्प्रायोग्य अनन्तसे भाजित कर लब्ध एक भागप्रमाण मानसंज्वलनके अपूर्व स्पर्धक उनसे अधिक देखे जाते हैं। इसी प्रकार मान और माया संज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धकोंकी शलाकाओंसे क्रमसे माया और लोभसंज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धककी गणना विशेष अधिकरूपसे जाननी चाहिये। यहाँपर क्रोधादि संज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धकोंका प्रमाण अंकसंदृष्टिकी अपेक्षा क्रमसे इतना ग्रहण करना चाहिये—१६, २०, २४, २८।

§ ४७२. संपहि कोहादिसंजलणाणं जाणि अपुव्वफद्दयाणि तेसिमादिफद्दयाणमादिवग्गणाओ किमण्णोण्णं सरिसीओ आहो विसरिसीओ त्ति एदस्स अत्थविसेसस्स णिण्णयविहाणट्ठं तेसिं चेव चरिमफद्दयादिवग्गणाणं सरिसासरिसभावगवेसणट्ठं च उवरिमप्पाबहुअसुत्तमाह—

*** तेसिं चेव पढमसमए णिव्वत्तिदाणमपुव्वफद्दयाणं लोभस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं थोवं। मायाए आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं विसेसाहियं। कोहस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं विसेसाहियं। एवं चदुण्हं पि कसायाणं जाणि अपुव्वफद्दयाणि, तत्थ चरिमस्स अपुव्वफद्दयस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं चदुण्हं पि कसायाणं तुल्लमणंतगुणं।**

§ ४७३. एत्थ ताव एदेण सुत्तेण परूविदप्पाबहुअविसये सिस्साणं सुहावबोहजणणट्ठं कोहादिसंजलणपडिबद्धाणमपुव्वफद्दयादिवग्गणाणमेसो संदिट्ठिविण्णासो १०५, ८४, ७०, ६०। एदाओ लोभादिपरिवाडीए जहाकममणंतभागब्भहियाओ दट्ठव्वाओ। एवमेदाओ परिवाडीए ठविय अप्पप्पणो अपुव्वफद्दयसलागाहिं गुणिदे

---

§ ४७२. अब क्रोधादि संज्वलनोंके जो अपूर्व स्पर्धक हैं उनके आदि स्पर्धकोंकी आदिवर्गणाएँ क्या परस्पर सदृश होती हैं या विसदृश इस प्रकार इस अर्थविशेषका निर्णय करनेके लिए उन्हींके अन्तिम स्पर्धकोंकी आदि-वर्गणाओंके सदृशपने और विसदृशपनेका अनुसन्धान करनेके लिए आगेके अल्पबहुत्वसूत्रको कहते हैं—

*** उन्हीं चारों संज्वलनोंके प्रथम समयमें जो अपूर्व स्पर्धक निष्पन्न किये जाते हैं, उनमेंसे लोभकी आदि वर्गणाका अविभागप्रतिच्छेदपुंज सबसे थोड़ा होता है। उससे मायाकी आदि वर्गणाका अविभागप्रतिच्छेदपुंज विशेष अधिक होता है। उससे मानकी आदि वर्गणाका अविभागप्रतिच्छेदपुंज विशेष अधिक होता है और उससे क्रोधकी आदि वर्गणाका अविभागप्रतिच्छेदपुंज विशेष अधिक होता है। इस प्रकार चारों ही कषायोंके जो अपूर्व स्पर्धक निष्पन्न किये जाते हैं उनमेंसे अन्तिम अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाका अविभागप्रतिच्छेदपुंज चारों ही कषायोंका समान होनेके साथ (प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदपुंजसे) अनन्तगुणा होता है।**

§ ४७३. यहाँपर सर्वप्रथम इस सूत्रके द्वारा प्ररूपित अल्पबहुत्वके विषयमें शिष्योंको सुखपूर्वक ज्ञान उत्पन्न करनेके लिये क्रोधादि संज्वलनोंसे प्रतिबद्ध अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी आदि वर्गणाओंका यह संदृष्टि विन्यास है— क्रोध १०५ मान ८४ माया ७० लोभ ६०। ये लोभसे लेकर परिपाटी क्रमसे अनन्तवें भाग अधिक जानने चाहिये। इस प्रकार परिपाटी क्रमसे स्थापित करके अपनी-अपनी अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी शलाकाओंसे गुणित करनेपर भी सभी संज्वलनोंके अन्तिम

सव्वेसिं पि चरिमापुव्वफद्दयादिवग्गणाओ अण्णोण्णं पेक्खियूण सरिसपमाणाओ समुप्पज्जंति, पढमफद्दयादिवग्गणाहिंतो विदियादिफद्दयाणमादिवग्गणासु दुगुण-तिगुणादिकमेण गच्छमाणासु चरिमफद्दयादिवग्गणाए फद्दयसलागमेत्तगुणगारसिद्धीए परिप्फुडमुवलंभादो। एवमप्पप्पणो फद्दयसलागाहिं पढमफद्दयादिवग्गणं गुणिय समुप्पाइदचरिमफद्दयादिवग्गणपमाणमेदं संदिट्ठीए दट्ठव्वं १६८०।

§ ४७४. अधवा लोहादिसंजलणाणमपुव्वफद्दयसलागाओ एदाओ १०५, ८४, ७०, ६०। तेसिं चेवादिवग्गणाओ १६, २०, २४, २८। एदाओ त्ति घेत्तूण पयदत्थसमत्थणा कायव्वा।

स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाएँ परस्पर देखते हुए सदृशप्रमाणमें उत्पन्न होती हैं, क्योंकि प्रथम स्पर्धककी आदिवर्गणाओंसे दूसरे आदि स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाएँ दुगुणे, तिगुणे आदि क्रमसे जाती हुई अन्तिम स्पर्धककी आदि वर्गणाके गुणकारकी सिद्धि जितनी स्पर्धकशलाकाएँ हैं तत्प्रमाण स्पष्ट-रूपसे उपलब्ध होती है। इस प्रकार अपने-अपने स्पर्धकोंकी शलाकाओंसे प्रथम स्पर्धककी आदि-वर्गणाको गुणित कर उत्पन्न की गई अन्तिम स्पर्धकसम्बन्धी आदि वर्गणाओंका प्रमाण संदृष्टिकी अपेक्षा इतना जानना चाहिये—१६८०।

§ ४७४. अथवा लोभादि संज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धकोंकी शलाकाएँ ये हैं—

	लोभ	माया	माया	क्रोध
अपूर्व स्पर्धक	१०५	८४	७०	६०

उन्हींकी आदि वर्गणाएँ ये हैं— लोभ १६, माया २०, मान २४, क्रोध २८। इस प्रकार इनको ग्रहण कर प्रकृत अर्थका समर्थन करना चाहिये।

विशेषार्थ—यहाँ चारों संज्वलनोंके अन्तिम स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाओंके अविभागप्रतिच्छेद परस्पर समान होते हैं इस तथ्यको दो प्रकारसे स्पष्ट किया गया है। प्रथम प्रकारमें चारों संज्वलनोंके प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणाओंके अविभागप्रतिच्छेद क्रोधादि क्रमसे १०५, ८४, ७०, ६० स्वीकार कर उन्हें किये गये हैं। तथा इस प्रकारके अनुसार भी क्रोधादि चारोंके अन्तिम स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाओंके अविभागप्रतिच्छेद समानरूपसे १६८० स्वीकार किये गए हैं। इस तथ्यको ध्यानमें रखकर क्रोधादि चारों संज्वलनोंकी स्पर्धक शलाकाएँ क्रमसे १६, २०, २४ और २८ स्वीकार करना न्याय्यप्राप्त है। तदनुसार जो विधि सम्पन्न होती है वह इस प्रकार प्राप्त होती है—

	क्रोध	मान	माया	लोभ
आदि वर्गणाके अविभाग प्रतिच्छेद	१०५	८४	७०	६०
अपूर्व स्पर्धक शलाकाएँ	×१६	२०	२४	२८
अन्तिम स्पर्धककी आदि वर्गणाओंके अविभाग०	१६८०	१६८०	१६८०	१६८०

दूसरे प्रकारके अनुसार गणित इस प्रकार प्राप्त होती है—

	लोभ	माया	मान	क्रोध
लोभादि संज्वलनके अपूर्व स्पर्धक	६०	७०	८४	१०५
आदि वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद	×२८	२४	२०	१६
अन्तिम स्पर्धकके आदि वर्गणाके अविभागप्रति०	१६८०	१६८०	१६८०	१६८०

§ ४७५. संपहि चउण्हं पि कसायाणं चरिमस्स अपुव्वफद्दयस्स आदिवग्गणा तुल्ला त्ति जं सुत्ते वुत्तं तमंतदीवयत्तेण हेट्ठा वि अणंतेसु उद्देसेसु अपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाओ सरिसीओ अत्थि त्ति घेत्तव्वाओ। तं जहा—संदिट्ठीए ताव कोहादिवग्गणापमाणमेदं ठविय |१०५| माणादिवग्गणाए |८४| एदीए सोहिदाए सुद्धसेसपमाणमेत्तियं होदि |२१| एदं च माणादिवग्गणाए चदुहिं रूवेहिं ओवट्टिदाए आगच्छदि |४| एदं च विसेसागमणणिमित्तभागहारं दुरूवाहियमेत्तमुवरिं चढिदूणावट्ठिदमाणसंजलणापुव्वफद्दयादिवग्गणाभागहारमेत्तं चेव अद्धाणमुवरि गंतूण ट्ठिदिकोहसंजलणापुव्वफद्दयादिवग्गणा च सरिसी होदि, परिप्फुडमेव तत्थ तहाभावोवलंभादो। एवं माण-मायाणं माया-लोभाणं च आदिवग्गणाओ अस्सिदूण तेसिं चडिद्धाणं साहेयव्वं। तत्थ कोहसंजलणस्स चडिदद्धाणमेदं ४। माणसंजलणस्स चडिदद्धाणमेदं ५। मायासंजलणस्स चडिदद्धाणमेत्तियं होदि ६। लोहसंजलणस्स चडिदद्धाणमेत्तियमिदि घेत्तव्वं ७। एवमेदेहिं चडिदद्धाणेहिं उवलक्खियाणं कोहादिसंजलणपडिबद्धाणमपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाओ पढमवारं सरिसीओ जादाओ।

तात्पर्य यह है कि क्षपक अवेदकके प्रथम समयमें पूर्व स्पर्धकोंसे नीचे जो अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना होती है, उनमेंसे प्रथम स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाके जो अविभागप्रतिच्छेद रचे जाते हैं वे क्रोधादिसंज्वलनोंके उत्तरोत्तर अनन्तवें भागहीन अनन्तवें भागहीन प्राप्त होते हैं यह उक्त दोनों गणित पद्धतियोंसे सिद्ध किया गया है।

§ ४७५. अब चारों ही कषायोंके अन्तिम अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणा समान होती है ऐसा जो सूत्रमें कहा है वह अन्तदीपकरूपसे नीचे भी अनन्त स्थानोंमें अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाएँ सदृश होती हैं यह ग्रहण करना चाहिये। वह जैसे—संदृष्टिकी अपेक्षा सर्वप्रथम क्रोधकी आदि वर्गणाके इस प्रमाणको १०५ स्थापित कर इसमेंसे मानकी आदि वर्गणा ८४ को घटा देनेपर जो शेष रहता है उसका प्रमाण इतना होता है—२१।१०५ − ८४ = २१ और यह मानसंज्वलनकी आदि वर्गणामें चारका भाग देनेपर आता है—८४ ÷ ४ = २१। और यह ४ विशेषप्रमाण लानेके लिए भागहार है। अतः इससे एक अधिक स्थान ऊपर जाकर जो मानसंज्वलनके अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणा स्थित है और वह उक्त भागहारप्रमाण ही स्थान ऊपर जाकर जो क्रोधसंज्वलनके अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणा है वह समान है, क्योंकि स्पष्टरूपसे वहाँ पर उस प्रकारकी उपलब्धि होती है। इसी प्रकार मान-माया तथा माया-लोभकी आदि वर्गणाओं का आश्रय करके कितने स्थान ऊपर चढ़कर उनकी आदि वर्गणाएं परस्परमें समान होती हैं इस प्रयोजनसे ऊपर चढ़कर प्राप्त हुए स्थानोंको साध लेना चाहिये। वहाँ क्रोधसंज्वलनका ऊपर चढ़कर प्राप्त हुआ स्थान यह है—४। मानसंज्वलनका ऊपर चढ़कर प्राप्त हुआ स्थान इतनेवाँ है—५। मायासंज्वलनका ऊपर चढ़कर प्राप्त हुआ स्थान इतनेवाँ होता है ६। तथा लोभसंज्वलनका ऊपर चढ़कर इतनेवाँ स्थान ग्रहण करना चाहिये ७। इस प्रकार इतने ऊपर चढ़कर प्राप्त हुए स्थानोंसे उपलक्षित क्रोध, आदि संज्वलनोंसे प्रतिबद्ध अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाएँ प्रथम बार सदृश हो जाती हैं।

§ ४७६. तत्तो उवरि पुणो वि एत्तियमेत्तमद्धाणमुवरि गंतूण विदियवारं सरिसीओ होंति ।

§ ४७७. एवमप्पप्पणो चडिदद्धाणपमाणमेगखंडयं कादूण णेदव्वं जाव दुचरिमखंडयमेत्तद्धाणं गंतूण सव्वेसिमादिवग्गणाओ सरिसीओ जादाओ त्ति । तत्तो समप्पप्पणो चरिमखंडयमेत्तद्धाणं गंतूण चरिमापुव्वफद्दयादिवग्गणाओ सरिसीओ समुप्पज्जंति त्ति घेत्तव्वं ।

विशेषार्थ—अंक संदृष्टिकी अपेक्षा क्रोध आदि चारों प्रथम स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाओंका क्रमसे प्रमाण यह है—१०५, ८४, ७० ६० । सर्व क्रोधसे मानकी प्रथम वर्गणामें २१ का अन्तर है। यथा—१०५ − ८४ = २१ । यहाँ ४ का मानकी प्रथम वर्गणा ८४ में भाग देनेपर भी २१ लब्ध आते हैं। अतः यह चार विशेषका प्रमाण लानेके लिए भागहार है यह निश्चित होता है। अब यह जो भागहार ४ है इसमें एक और मिला देनेपर ५ होते हैं। अतः मानके प्रथम स्पर्धकसे ५ स्थान ऊपर जाकर पाँचवें स्पर्धककी आदि वर्गणा लें और विशेषका प्रमाण लानेके लिए जो ४ भागहार कहा है उतने स्थान क्रोधके प्रथम स्पर्धकसे ऊपर जाकर जो चौथा स्पर्धककी आदि वर्गणा है उसे ले लें तो इन दोनों वर्गणाओंका प्रमाण समान होगा। यथा—

क्रोधके प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणा १०५ × ४ = ४२०
मानके प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणा ८४ × ५ = ४२०

इसी प्रकार उक्त विधिको ध्यानमें रखकर मान-माया तथा माया-लोभके कितने स्थान ऊपर चढ़कर वहाँ प्राप्त हुए स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाएँ समान होती हैं इसे स्पष्ट कर लेना चाहिये। इसके लिये मान संज्वलनके चढ़े हुए स्थानोंको लानेके अभिप्रायसे विशेषको लानेके लिये भागहार ४ में १ मिलाया था। उसी प्रकार यहाँ मानसंज्वलनके चढ़े हुए स्थान ५ में १ मिलाकर मायासंज्वलनके चढ़े हुए स्थान ६ और उसमें भी १ मिला देनेपर लोभसंज्वलनके ऊपर चढ़े हुए स्थान ७ ले आना चाहिये। इस प्रकार मायाके ६ और लोभके ७ स्थान ऊपर चढ़कर ६वें और ७वें स्पर्धककी आदि वर्गणाका प्रमाण भी उतना ही होता है। यथा—

मानके प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणा ८४ × ५ = ४२०
मायाके ,, ,, ,, ७० × ६ = ४२०
लोभके ,, ,, ,, ६० × ७ = ४२०

§ ४७६. उससे ऊपर पुनरपि इतने स्थान जाकर दूसरी बार वहाँ प्राप्त स्पर्धकोंकी वर्गणाएँ सदृश होती हैं। यथा—

क्रोधके दूसरी बार प्राप्त प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणा १०५ × (४ + ४) ८ = ८४०
मानके ,, ,, ,, ,, ८४ × (५ + ५) १० = ८४०
मायाके ,, ,, ,, ,, ७० × (६ + ६) १२ = ८४०
लोभके ,, ,, ,, ,, ६० × (७ + ७) १४ = ८४०

§ ४७७. इस प्रकार अपने-अपने चढ़े हुए स्थानोंके प्रमाणको एक काण्डक करके द्विचरम काण्डकप्रमाण स्थान जाकर सबकी आदि वर्गणाएँ सदृश हो जाती हैं यहाँतक ले जाना चाहिये, उससे आगे अपने-अपने अन्तिम काण्डकप्रमाण स्थान जाकर अन्तिम अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाएँ सदृश उत्पन्न होती हैं यह ग्रहण करना चाहिये। यथा—

§ ४७८. एत्थ अप्पप्पणो खंडयद्धाणेण सग-सगअपुव्वफद्दयसलागाओ ओवट्टिय खंडयसलागाओ समुप्पाएयव्वाओ। संदिट्ठीए तासिं पमाणमेदं ४। तदो खंडयसलागमेत्तेसु सेसु अपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाओ सरिसीओ होंति त्ति घेत्तव्वं।

§ ४७९. एवमेदं परूविय संपहि अपुव्वफद्दयाणं पमाणागमणट्ठमेयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरस्स ठविदभागहारपमाणमेत्तियमिदि जाणावणट्ठमुवरिमप्पाबहुअसुत्तं भणइ—

* पढमसमयअस्सकण्णकरणकारयस्स जं पदेसग्गमोकड्डिज्जदि तेण कम्मस्स अवहारकालो थोवो। अपुव्वफद्दएहिंतो पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरस्स अवहारकालो असंखेज्जगुणो। पलिदोवमवग्गमूलमसंखेज्जगुणं।

क्रोधके उपान्त्य स्पर्धककी आदि वर्गणा १०५ × (४ + ४ + ४) १२ = १६०
मानके ,, ,, ,, ८४ × (५ + ५ + ५) १५ = १२६०
मायाके ,, ,, ,, ७० × (६ + ६ + ६) १८ = १२६०
लोभके ,, ,, ,, ६० × (७ + ७ + ७) २१ = १२६०

उक्त कषायोंके अन्तिम स्पर्धककी आदि वर्गणाएँ इस प्रकार होंगी—

क्रोधके अन्तिम स्पर्धककी आदि वर्गणा १०५ × (४ + ४ + ४ + ४) १६ = १६८०
मानके ,, ,, ,, ८४ × (५ + ५ + ५ + ५) २० = १६८०
मायाके ,, ,, ,, ७० × (६ + ६ + ६ + ६) २४ = १६८०
लोभके ,, ,, ,, ६० × (७ + ७ + ७ + ७) २८ = १६८०

§ ४७८. यहाँपर अपने-अपने काण्डकप्रमाण स्थानसे अपने-अपने अपूर्व स्पर्धकोंकी शलाकाओंको भाजित कर काण्डकप्रमाण शलाकाएँ उत्पन्न करनी चाहिये। अंक संदृष्टिमें उनका प्रमाण ४ है। इसलिये काण्डकोंकी शलाकाप्रमाण स्थानोंमें अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाएँ सदृश होती हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिये।

विशेषार्थ—यहां अंक संदृष्टिमें क्रोधादि प्रत्येकके सब काण्डकोंकी संख्या ४ है। अतः उसे अपने-अपने पूर्वोक्त अपूर्व स्पर्धकोंकी शलाकाओंसे गुणित करनेपर क्रोध संज्वलनकी ४ × ४ = १६, मानसंज्वलनकी ४ × ५ = २०, मायासंज्वलनकी ४ × ६ = २४ और लोभसंज्वलनकी ४ × ७ = २८ शलाकाएँ उत्पन्न होती हैं और अपने-अपने इन अपूर्व स्पर्धकोंकी उक्त संख्या १६, २०, २४ और २८ में प्रत्येक कषायके एक काण्डकके प्रमाण अर्थात् उसके अपूर्व स्पर्धकोंकी संख्याका भाग देनेपर प्रत्येक कषायके काण्डकोंका प्रमाण ४ आता है यह निश्चित होता है। इससे यह भी ज्ञात हो जाता है कि जैसे पहली और दूसरी बार अपने-अपने विवक्षित स्थान जानेपर चारों कषायोंके अन्तिम आदि स्पर्धककी आदि वर्गणा समान होती है वैसे ही उपान्त्य और अन्त्य स्पर्धककी आदि वर्गणा भी समान घटित कर लेनी चाहिये।

§ ४७९. इस प्रकार इसका कथन करके अब अपूर्व स्पर्धकोंका प्रमाण लानेके लिये एक प्रदेशगुणहानि स्थानान्तरके स्थापित किये गए भागहारका प्रमाण इतना है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेके अल्पबहुत्व सूत्रको कहते हैं—

* प्रथम समयवर्ती अश्वकर्णकरणकारकके जो प्रदेशपुंज अपकर्षित किया जाता है उससे कर्मका अवहार काल स्तोक है। उससे अपूर्व स्पर्धकोंकी अपेक्षा प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरका अवहार काल असंख्यातगुणा है। तथा उससे पल्योपमका

§ ४८०. एदेण सुत्तेण ओकड्डुक्कड्डणभागहारादो असंखेज्जगुणेण पलिदोवमपढमवग्गमूलादो च असंखेज्जगुणहीणेण पलिदोवमअसंखेज्जभागेण एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दएसु ओवट्टिदेसु जं भागलद्धं तत्तियमेत्ताणि कोहादिसंजलणाणमपुव्वफद्दयाणि होंति त्ति एसो अत्थविसेसो जाणाविदो। तं जहा—'पढमसमयअस्सकण्णकरणकारयस्स' एवं भणिदे पढमसमयअस्सकण्णकरणकारओ जं पदेसग्गमोकड्डदि तेण पमाणेण कम्मे अवहिरिज्जमाणे जो अवहारकालो ओकड्डुक्कड्डणभागहारसण्णिदो सो उवरिमपदावेक्खाए थोवो त्ति भणिदं होदि। एदम्हादो पुण अपुव्वफद्दएहिं पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरस्स जो अवहारकालो सो असंखेज्जगुणो। तं कधं? एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणि ठविय पुणो तत्तो अपुव्वफद्दयपमाणमेगवारमवहरेयव्वं, एगा च अवहारसलागा ठवेयव्वा। एवं पुणो पुणो अवहिरिज्जमाणे ओकड्डुक्कड्डणभागहारादो असंखेज्जगुणो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो लब्भइ। तदो एसो अवहारकालो पुव्विल्लादो असंखेज्जगुणो त्ति णिद्दिट्ठो। एसो पुण पलिदोवमपढमवग्गमूलस्स असंखेज्जदिभागमेत्तो त्ति जाणावणट्ठं पलिदोवमवग्गमूलमसंखेज्जगुणमिदि भणिदं। तदो सिद्धमेवमेदेण[1] भागहारेण एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दएसु ओवट्टिदेसु भागलद्धमेत्ताणि अपुव्वफद्दयाणि कोहादिसंजलणाणं णिवत्तेदि त्ति। एदं च अप्पा-

---

प्रथम वर्गमूल असंख्यातगुणा है।

§ ४८०. इस सूत्र द्वारा अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे असंख्यातगुणा और पल्योपमके प्रथम वर्गमूलसे असंख्यातगुणा हीन जो पल्योपमका असंख्यातवाँ भाग है उससे एक गुणहानिस्थानान्तरप्रमाण स्पर्धकोंके भाजित करनेपर जो भाग लब्ध आता है उतने क्रोधादि संज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धक होते हैं इस अर्थविशेषका ज्ञान कराया गया है। यथा—'प्रथम समयवर्ती अश्वकर्णकरणकारकके' ऐसा कहनेपर प्रथम समयमें अश्वकर्णकरणकारक जिस प्रदेशपुंजका अपकर्षण करता है उस प्रमाणसे कर्मके अपहृत करनेपर जो अपकर्षण-उत्कर्षण अवहार काल संज्ञावाला अवहारकाल प्राप्त होता है वह उपरिम पदोंकी अपेक्षा स्तोक है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। तथा इससे अपूर्व स्पर्धकोंकी अपेक्षा प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरका जो अवहार काल है वह असंख्यातगुणा है।

शंका—वह कैसे?

समाधान—एक प्रदेशगुणहानि स्थानान्तरके स्पर्धकोंको स्थापित कर पुनः उससे अपूर्व स्पर्धकके प्रमाणको एक बार अपहृत करना चाहिये और एक अवहार काल शलाका स्थापित करनी चाहिये। इस प्रकार पुनः पुनः अपहृत करनेपर अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे असंख्यातगुणा पल्योपमका असंख्यातवाँ भाग प्राप्त होता है। इसलिये यह अवहार काल पूर्वके अवहार कालसे असंख्यातगुणा है यह निर्दिष्ट किया है। परन्तु यह पल्योपमके प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवें भागप्रमाण है इस बातका ज्ञान करानेके लिये पल्योपमका प्रथम वर्गमूल उससे असंख्यातगुणा है यह कहा है। इसलिए यह सिद्ध हुआ कि इस भागहारसे एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरप्रमाण स्पर्धकोंके भाजित करनेपर जो भाग लब्ध आवे उतने क्रोधादि संज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धकोंको वह

---

१. ता०प्रतौ तेण इति पाठः।

बहुअमुवरि भणिस्समाणणिसेगपरूवणाए वि साहणभूदमिदि दट्ठव्वं । तं कधं—

§ ४८१. ओकड्डुक्कड्डणभागहारादो एसो अपुव्वफद्दयागमणणिमित्तं गुणहाणीए ठविदभागहारो जेण कारणेणासंखेज्जगुणो तेणोकड्डिददव्वादो पदेसपिंडमिच्छिदपमाणं घेत्तूण पुव्वफद्दयादिवग्गणाए सह जहा एयगोवुच्छा होदि तहा णिक्खेवदि त्ति घडदे । जइ पुण ओकड्डणभागहारादो एसो भागहारो असंखेज्जगुणहीणो होज्ज तो पुव्वफद्दयादिवग्गणाए सह एयगोवुच्छासेढीए अपुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तेदि त्ति ण वोत्तुं सक्किज्जदे, ओकड्डिदसयलदव्वे वि अपुव्वफद्दयमद्धाणेण ओवट्टिदे पुव्वफद्दयादिवग्गणाए असंखेज्जदिभागस्सेवापुव्वफद्दयेगवग्गणदव्वस्स समुप्पत्तिदंसणादो । एदस्सोवट्टणं ठविय सिस्साणमेत्थ पयदत्थविसये पडिबोहो समुप्पाएयव्वो । संपहि एदं चेव अवहारकालप्पाबहुअं साहणं कादूण पुव्वापुव्वफद्दएसु तक्कालोकड्डिददव्वस्स णिसेगविण्णासक्कमपरूवरूट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** पढमसमये णिव्वत्तिज्जमाणएसु अपुव्वफद्दएसु पुव्वफद्दएहिंतो ओकड्डियूण पदेसग्गमपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए बहुअं देदि । बिदियाए वग्गणाए विसेसहीणं देदि । एवमणंतराणंतरेण गंतूण चरिमाए अपुव्वफद्दयवग्गणाए विसेसहीणं देदि ।**

प्रथम समयवर्ती अश्वकर्णकरणकारक रचता है। और यह अल्पबहुत्व आगे कहे जानेवाले निषेकप्ररूपणामें भी साधनभूत है ऐसा यहाँ जानना चाहिये।

§ ४८१. अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे, अपूर्व स्पर्धकोंको लानेके लिये गुणहानिका स्थापित किया गया यह भागहार जिस कारण असंख्यातगुणा है इसलिए अपकर्षित किये गए द्रव्यसे प्रदेशपिण्डसम्बन्धी इच्छित प्रमाणको ग्रहण कर पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाके साथ जिस प्रकार एक गोपुच्छा होती है उस प्रकार निक्षिप्त होना है यह घटित हो जाता है। यदि पुनः अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे यह भागहार असंख्यातगुणहीन होवे तो पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाके साथ एक गोपुच्छाश्रेणिरूपसे अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है यह नहीं कहा जा सकता, क्योंकि अपकर्षित किये गए समस्त द्रव्यके भी अपूर्व स्पर्धकके अध्वानसे भाजित करनेपर पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाके असंख्यातवें भागप्रमाण ही अपूर्व स्पर्धकके एक वर्गणाप्रमाण द्रव्यकी उत्पत्ति देखी जाती है। अतः इसके अपवर्तनको स्थापित कर यहाँपर प्रकृत अर्थके विषयमें शिष्योंको प्रतिबोधित करना चाहिये। अब इसी अवहारकालसम्बन्धी अल्पबहुत्वको साधन करके पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंमेंसे तत्काल अपकर्षित किये गए द्रव्यके निषेकोंकी रचनाके क्रमका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** प्रथम समयमें रचे जानेवाले अपूर्व स्पर्धकोंमें, पूर्व स्पर्धकोंमेंसे अपकर्षित करके अपूर्व स्पर्धकोंसम्बन्धी आदि वर्गणामें बहुत प्रदेशपुंजको देता है। दूसरी वर्गणामें विशेष हीन देता है। इस प्रकार अनन्तर तदनन्तर क्रमसे जाकर अपूर्व स्पर्धककी अन्तिम वर्गणामें विशेष हीन देता है।**

§ ४८२. एत्थ अपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए पदेसग्गं बहुअं देदि त्ति वुत्ते पुव्वफद्दयादिवग्गणदव्वमेत्तं पुणो अपुव्वफद्दयवग्गणसलागमेत्तवग्गणविसेसेहिं समहियं कादूण णिक्खिवदि त्ति घेत्तव्वं, अण्णहा पुव्वापुव्वफद्दएसु एयगोवुच्छासेढीए अणुप्पत्तीदो। एत्तो विदियादिवग्गणासु दोगुणहाणिपडिभागियमेगेगवग्गणविसेसमणंतराणंतरादो हीणं कादूण णेदव्वं जाव अपुव्वफद्दयाणं चरिमवग्गणा त्ति। एवं कदे अपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए णिसित्तपदेसग्गादो तेसिं चेव चरिमवग्गणाए णिवदिदपदेसग्गं चडिदद्धाणमेत्तवग्गणविसेसेहिं परिहीणं होदि। होंतं पि आदिवग्गणाए असंखेज्जदिभागमेत्तं चेव परिहीणमिदि घेत्तव्वं, अपुव्वफद्दयद्धाणस्स एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरस्सासंखेज्जभागपमाणत्तादो। तदो अपुव्वफद्दयवग्गणासु अणंतरोवणिधाए विसेसहीणमणंतभागेण परंपरोवणिधाए च आदिवग्गणादो चरिमवग्गणाए असंखेज्जदिभागहीणं णिक्खिवदि त्ति घेत्तव्वं। संपहि अपुव्वफद्दयाणं चरिमवग्गणाए णिसित्तपदेसग्गादो पुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए णिसिंचमाणं पदेसग्गस्सासंखेज्जगुणहीणं होदि। तत्तो परमणंतरोवणिधाए अणंतभागहीणं कादूण णिसिंचदि त्ति एदस्स अत्थविसेसस्स जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

*** तदो चरिमादो अपुव्वफद्दयवग्गणादो पढमस्स पुव्वफद्दयस्स आदिवग्गणाए असंखेज्जगुणहीणं देदि। तदो विदियाए पुव्वफद्दयवग्गणाए**

---

§ ४८२. यहाँ अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें बहुत प्रदेशपुंजको देता है ऐसा कहनेपर पूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाके प्रमाणको अपूर्व स्पर्धकोंके वर्गणाशलाकाप्रमाण वर्गणाविशेषोंसे अधिक करके निक्षिप्त करता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये, अन्यथा पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंमें एक गोपुच्छाश्रेणिकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। इससे आगे द्वितीय आदि वर्गणाओंमें दो गुणहानिप्रमाण प्रतिभागके अनुसार एक-एक वर्गणाविशेषको अनन्तर तदनन्तर क्रमसे हीन करके अपूर्व स्पर्धकोंकी अन्तिम वर्गणाके प्राप्त होनेतक ले जाना चाहिये। ऐसा करनेपर अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें निक्षिप्त हुए प्रदेशपुंजसे उन्हींकी अन्तिम वर्गणामें निक्षिप्त प्रदेशपुंज जितने स्थान आगे गये हैं उतने वर्गणाविशेषोंसे हीन होता है। ऐसा होता हुआ भी आदि वर्गणासे असंख्यातवें भागप्रमाण ही हीन होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि यह अपूर्व स्पर्धकस्थानसम्बन्धी एक गुणहानिस्थानान्तरके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है। इसलिए अनन्तरोपनिधाकी अपेक्षा अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी वर्गणाओंमें उत्तरोत्तर अनन्तवें भागप्रमाण विशेष हीन प्रदेशपुंजका निक्षेप करता है और परम्परोपनिधाकी अपेक्षा आदिवर्गणासे अन्तिम वर्गणामें असंख्यातवें भागहीन प्रदेशपुंजका निक्षेप करता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। तथा अपूर्व स्पर्धकोंकी अन्तिम वर्गणाएँ निक्षिप्त हुए प्रदेशपुंजसे पूर्वस्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें निक्षिप्त होनेवाला प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा हीन होता है। उससे आगे पूर्व स्पर्धकोंकी द्वितीयादि वर्गणाओंमें परम्परोपनिधाकी अपेक्षा अनन्तभाग हीन करके प्रदेशपुंजको निक्षिप्त करता है इस प्रकार इस अर्थविशेषका ज्ञान करानेके लिये आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** उसके बाद अपूर्व स्पर्धककी अन्तिम वर्गणासे प्रथम पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें असंख्यातगुणा हीन प्रदेशपुंज देता है। उससे पूर्व स्पर्धककी दूसरी वर्गणामें**

विसेसहीणं देदि। सेसासु सव्वासु पुव्वफद्दयवग्गणासु विसेसहीणं देदि।

§ ४८३. एत्थ ताव पुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए णिवदमाणदव्वस्सासंखेज्जगुणहीणत्ते कारणपरूवणं कस्सामो। तं जहा—अपुव्वफद्दयाणं चरिमवग्गणाए णिवदिददव्वं पुव्वफद्दयादिवग्गणादो एयवग्गणविसेसमेत्तेणब्भहियं होइ। संपहि पुव्वफद्दयादिवग्गणाए णिवदमाणं दव्वं तत्थ पुव्वावट्ठिददव्वस्सासंखेज्जदिभागमेत्तं चेव होदि, ओकड्डिदसयलदव्वस्सासंखेज्जेसु भागेसु गदेसु दिवड्ढगुणहाणीए ओवट्टिदेसु सादिरेयओकड्डुक्कड्डणभागहारेणादिवग्गणाए खंडिदाए तत्थेयखंडमेत्तस्सेव दव्वस्सागमणदंसणादो।

§ ४८४. संपहि एदस्सेवत्थस्स खेत्तविण्णासमुहेण फुडीकरणं कस्सामो। तं जहा—पुव्वफद्दयादिवग्गणपमाणेण सयलदव्वे कीरमाणे दिवड्ढगुणहाणिमेत्तीओ आदिवग्गणाओ होंति त्ति तासिं खेत्तविण्णासो एवं ठवेयव्वो—




एवमादिवग्गणविक्खंभेण दिवड्ढगुणहाणिआयामेण च खेत्तमेदं ठविय पुणो विक्खंभेण ओकड्डुक्कड्डणभागहारमेत्तीओ फालीओ कायव्वाओ। एवं कादूण तत्थ रूवूणोकड्डुक्कड्डणभागहारमेत्तीओ फालीओ कायव्वाओ। एवं कादूण तत्थ रूवूणोकड्डुक्कड्डण-

---

विशेष हीन प्रदेशपुंज देता है। इस प्रकार पूर्व स्पर्धककी शेष सब वर्गणाओंमें उत्तरोत्तर विशेष हीन विशेष हीन प्रदेशपुंज देता है।

§ ४८३. यहाँ सर्वप्रथम पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें निक्षिप्त होनेवाला द्रव्य असंख्यातगुणा हीन होता है इसके कारणका कथन करेंगे। यथा—अपूर्व स्पर्धकोंकी अन्तिम वर्गणामें निक्षिप्त होनेवाला द्रव्य पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणासे एक वर्गणा विशेषमात्र अधिक होता है। तथा पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें निक्षिप्त होनेवाला द्रव्य वहाँ पूर्व अवस्थित द्रव्यके असंख्यातवें भागप्रमाण ही होता है, क्योंकि डेढ़ गुणहानिसे भाजित अपकर्षित समस्त द्रव्यसम्बन्धी असंख्यात बहुभागके व्यतीत होनेपर साधिक अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारके द्वारा आदि वर्गणाके खण्डित करनेपर वहाँ एक भागमात्र द्रव्यका ही आगमन देखा जाता है।

§ ४८४. अब इसी अर्थको क्षेत्रविन्यास द्वारा स्पष्ट करेंगे। वह जैसे—पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाके प्रमाणसे समस्त द्रव्यके करनेपर डेढ़ गुणहानिप्रमाण आदि वर्गणाएँ उत्पन्न होती हैं, इसलिये उनके क्षेत्रकी रचना इस प्रकार स्थापित करनी चाहिये—



इस प्रकार आदि वर्गणाके विष्कम्भरूप और डेढ़ गुणहानिके आयामरूप इस क्षेत्रको स्थापित करके पुनः विष्कम्भकी ओरसे अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारप्रमाण फालियाँ करनी चाहिये। इस प्रकार करके उनमेंसे एक कम भागहारप्रमाण फालियोंको वहीं स्थापित करके तथा शेष रही

---

१. आ०प्रतौ भागेसु दिवड्ढ- इति पाठः।

भागहारमेत्तफालीओ तत्थेव ट्ठविय एगफालिं घेत्तूण पुध ट्ठविदे तमवणिदफालिपमाण-मपुव्वफद्दयाणि करेमाणेणोकड्डिदसयलसव्वमेत्तं होदि ।

§ ४८५. पुणो एस फाली आयामेण अपुव्वफद्दयागमणट्ठं गुणहाणीए जो भागहारो ओकड्डुक्कड्डुणभागहारादो असंखेज्जगुणो तेण दुभागब्भहियेण खंडेयव्वा । एवं खंडिदे तत्थेगेगखंडायामो अपुव्वफद्दयद्धाणमेत्तो होदि । तत्थ रूवूणोकड्डुक्कड्डुण-भागहारमेत्तेसु खंडेसु पुव्विल्लखेत्तस्स हेट्ठा समयाविरोहेण संधिदेसु पुव्वफद्दयादि-वग्गणाए सह अपुव्वफद्दयसयलवग्गणाओ सरिसपमाणेण समुप्पण्णाओ । णवरि एत्थ अपुव्वफद्दयवग्गणद्धाणसंकलणमेत्तवग्गणविसेसेहिं विणा गोवुच्छायारो ण समुप्पज्जदि त्ति तेत्तियमेत्तं पि दव्वमवसेसखंडेहिंतो घेत्तूण समयाविरोहेणेत्थ पक्खिवियव्वं । एदं पुण संकलणदव्वमप्पहाणं, एयखंडदव्वस्सासंखेज्जदिभागपमाणत्तादो । पुणो रूवूणो-कड्डुक्कड्डणभागहारमेत्तखंडेहिं परिहीणदिवड्ढभागहारमेत्तसेसखंडाणि सव्वाणि पुव्वा-पुव्वफद्दएसु विहंजियूण पदंति त्ति घेत्तव्वं । तं कधं ? सेसखंडेसु एयखंडपमाणं घेत्तूण पुणो पुव्वुत्तमेयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरभागहारं दुभागब्भहियं रूवाहियं विरलेयूण समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स अपुव्वफद्दयायामो पावदि । तत्थेयरूवधरिदफालिं घेत्तूण अपुव्वफद्दयसयलखंडाणं फासे दोएयव्वं । पुणो सेससव्वरूवधरिदबहुखंडाणि

एक फालिको ग्रहण करके पृथक् स्थापित करनेपर उस पृथक् निकालकर रखी गई फालिका जितना प्रमाण है उतने अपूर्व स्पर्धक करनेपर अपकर्षित किये गये द्रव्यका प्रमाण होता है ।

§ ४८५. पुनः इस फालिको, आयामकी ओरसे अपूर्व स्पर्धकोंको लानेके लिये गुणहानिका अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे असंख्यातगुणा जो भागहार है द्वितीय भाग अधिक उससे, भाजित करना चाहिये । इस प्रकार भाजित करनेपर वहाँ एक-एक खण्डका आयाम अपूर्व स्पर्धकोंके अध्वानप्रमाण होता है । वहाँ एक कम अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारप्रमाण खण्डोंमें पूर्वके क्षेत्रके नीचे आगमके अविरोधपूर्वक जोड़ देनेपर पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाके साथ अपूर्व स्पर्धककी समस्त वर्गणाएँ सदृश प्रमाणरूपसे उत्पन्न हो जाती हैं । इतनी विशेषता है कि ऐसा करनेपर अपूर्व स्पर्धककी वर्गणाओंका जो अध्वान है उसके संकलनप्रमाण वर्गणाविशेषोंके बिना गोपुच्छा-कार नहीं उत्पन्न होता है, इसलिए तत्प्रमाण द्रव्यको शेष खण्डोंमेंसे ग्रहण करके आगमके अविरोधपूर्वक इसमें मिला देना चाहिये । परन्तु यह संकलनरूप द्रव्य अप्रधान है, क्योंकि यह एक खण्डप्रमाण द्रव्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है । पुनः एक कम अपकर्षण-उत्कर्षण भागहार-प्रमाण खण्डोंसे रहित डेढ़ भागहारप्रमाण शेष सब खण्ड पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंमें विभक्त होकर पतित होते हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिये ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—शेष खण्डोंमेंसे एक खण्डके प्रमाणको ग्रहण करके पुनः द्वितीय भाग अधिक एक प्रदेशगुणहानि स्थानान्तरभागहारको रूपाधिक करनेके बाद उसे विरलन करके तथा सदृश खण्ड करके देयरूपसे देनेपर एक-एक रूपके प्रति अपूर्व स्पर्धकोंका आयाम प्राप्त होता है । उसमेंसे एक रूपके प्रति प्राप्त फालिको ग्रहण कर उसे अपूर्व स्पर्धकके समस्त खण्डोंके पासमें लाकर स्थापित करना चाहिये । पुनः शेष सब रूपोंके प्रति प्राप्त बहुत खण्ड पूर्व स्पर्धकोंमें पतित

पुव्वफद्दएसु णिवदंति । एवं चेव सेसासेसखंडाणि वि पुव्वापुव्वफद्दएसु विहंजियूण दादव्वाणि । एवं दिण्णे पुव्वफद्दयादिवग्गणाए लद्धवियलखंडाणि सव्वाणि घेत्तूणेयसयलखंडपमाणं णत्थि, किंचूणेगसयलखंडमेत्तस्सेव तस्स समुवलंभादो ।

§ ४८६. संपहि केत्तियमेत्तदव्वेण एयसयलखंडपमाणं पावदि त्ति पुच्छिदे ओकड्डुक्कड्डणभागहारमेत्तविय लखंडाणि जइ अत्थि तो एयसयलखंडपमाणं पावदि । ण च एत्तियमेत्तदव्वमत्थि, हेट्ठिमभागहारादो उवरिमखंडसलागगुणगारस्स ओकड्डुक्कड्डणभागहारमेत्तरूवेहिं परिहीणसदंसणादो । तम्हा किंचूणेगखंडमेत्तमेव पुव्वफद्दयादिवग्गणाए लद्धदव्वमिदि सिद्धं ।

§ ४८७. संपहि अपुव्वफद्दएहिं केत्तियमेत्तदव्वं लद्धमिदि भणिदे रूवूणोकड्डुक्कड्डणभागहारमेत्तसयलखंडाणि पुणो किंचूणेयखंडपमाणं च लद्धं होदि । तदो अपुव्वफद्दयचरिमवग्गणाए णिक्खित्तपदेसादो पुव्वफद्दयादिवग्गणाए णिक्खित्तपदेसग्गमसंखेज्जगुणहीणं । केत्तिओ एत्थ गुणगारो त्ति भणिदे ओकड्डुक्कड्डणभागहारो सादिरेओ भवदि । एदेण कारणेण पढमस्स पुव्वफद्दयस्सादिवग्गणाए असंखेज्जगुणहीणं पदेसग्गं णिक्खिवियूण तदो विदियाए पुव्वफद्दयवग्गणाए विसेसहीणं देदि अणंतभागेण, सेसासु वि सव्वासु पुव्वफद्दयवग्गणासु अणंतरोवणिधाए विसेसहीणं चेव विसेसहीणं । पुव्वफद्दयाणं जहण्णफद्दयमादिं कादूण जहण्णाइच्छावणमेत्तफद्दयाणि

होते हैं। और इसी प्रकार शेष समस्त खण्ड भी पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंमें विभक्त करके दे देने चाहिये। इस प्रकार देनेपर पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें प्राप्त हुए सभी विकल खण्डोंको ग्रहण कर एक सकल खण्डका प्रमाण नहीं होता, क्योंकि कुछ कम एक सकल खण्डप्रमाण ही उसका उपलब्ध होता है।

§ ४८६. अब कियत्प्रमाण द्रव्यसे एक सकल खण्डका प्रमाण प्राप्त होता है ऐसा पूछनेपर अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारप्रमाण विकल खण्ड यदि होते हैं तो एक सकल खण्डका प्रमाण प्राप्त होता है। परन्तु इतना द्रव्य नहीं है, क्योंकि अधस्तन भागहारसे उपरिम खण्ड शलाकाओंका गुणकार अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारप्रमाण रूपोंसे परिहीन देखा जाता है। इसलिए पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाके कुछ कम एक खण्डप्रमाण ही लब्ध द्रव्य होता है यह सिद्ध हुआ।

§ ४८७. अब अपूर्व स्पर्धकोंसे कियत्-प्रमाण द्रव्य लब्ध होता है ऐसा कहनेपर एक कम अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारप्रमाण सकल खण्ड और कुछ कम एक खण्डप्रमाण द्रव्य लब्ध होता है इसलिए अपूर्व स्पर्धककी अन्तिम वर्गणामें निक्षिप्त हुए प्रदेशपुंजसे पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें निक्षिप्त हुआ प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा हीन होता है। यहाँ गुणकारका कितना प्रमाण है? कहते हैं कि वह साधिक अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारप्रमाण है। इस कारणसे प्रथम पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें असंख्यातगुणा हीन प्रदेशपुंज निक्षिप्त करके उससे पूर्व स्पर्धककी दूसरी वर्गणामें अनन्तवें भागप्रमाण विशेष हीन देता है। आगे पूर्व स्पर्धककी शेष सब वर्गणाओंमें अनन्तरोपनिधासे विशेष हीन-विशेष हीन ही देता है।

शंका— पूर्व स्पर्धकोंके जघन्य स्पर्धकसे लेकर जघन्य अतिस्थापनाप्रमाण स्पर्धकोंको

मोत्तूण तत्तो उवरिमफद्दयाणं चेव पदेसग्गस्सासंखेज्जदिभागमोकड्डियूणापुव्व-फद्दयाणि णिव्वत्तेदि त्ति के वि भणंति, तण्ण घडदे, तहा इच्छिज्जमाणे अपुव्व-फद्दएसु णिवदमाणदव्वस्स सयलदव्वस्साणंतिमभागत्तेण पुव्वापुव्वफद्दएसु एय-गोवुच्छाणुप्पत्तीदो। कुदो एत्तमिदि चे ? जहण्णाइच्छावणब्भंतरे अणंताणं गुणहाणीण-मत्थित्तोवलंभेण तत्तो उवरि दव्वस्स सयलदव्वाणंतिमभागत्तदंसणादो। ण च एवंविहं दव्वमोकड्डियूण पुव्वापुव्वफद्दएसु एगगोवुच्छायारेण णिक्खिविदुं संभवो अत्थि, तहाणुवलंभादो। तम्हा अविसेसेण सव्वाणि पुव्वफद्दयाणि ओकड्डियूण समया-विरोहेणापुव्वफद्दयाणि करेदि त्ति घेत्तव्वं। कधं पुण हेट्ठा सव्वत्थ अणुभागोकड्डणा अइच्छावणणियमाविणाभाविणी एत्थुद्देसे अण्णहा पयट्टदि त्ति णासंकणिज्जं, सहावदो चेव एदम्मि विसये तहाविहणियमपरिच्चाएण ओकड्डणाए पवुत्तिअब्भुवगमादो। अहवा पुव्वफद्दयादिवग्गणादो हेट्ठा अणंताणं फद्दयाणं विसयमुल्लंघियूण तदणंतिमभागे अपुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तेमाणस्स तेत्तियमेत्ताणं फद्दयाणं सरूवेणापरिणमिय तत्तो हेट्ठिमाणुभागसरूवेण परिणमणं चेवाइच्छावणमिदि एत्थ गहेयव्वं, अण्णहा पुव्वुत्त-दोसप्पसंगादो। एवमेत्तिएण पबंधेण अस्सकण्णकरणकारयस्स पढमसमए पुव्वापुव्व-

---

छोड़कर उनसे उपरिम स्पर्धकोंसम्बन्धी ही प्रदेशपुंजके असंख्यातवें भागका अपकर्षण कर अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है ऐसा कितने ही आचार्य कहते हैं ?

समाधान—किन्तु उनका यह कथन घटित नहीं होता, क्योंकि इसे स्वीकार करनेपर अपूर्व स्पर्धकोंमें पतित होनेवाले द्रव्यके समस्त द्रव्यके अनन्तवें भागप्रमाण होनेसे पूर्व और अपूर्व स्पर्धकों की एक गोपुच्छा नहीं बन सकती।

शंका—किस कारणसे ऐसा है ?

समाधान—क्योंकि जघन्य अतिस्थापनाके भीतर अनन्त गुणहानियोंके अस्तित्वकी उपलब्धि होनेके कारण उससे ऊपर जितना द्रव्य बचता है वह समस्त द्रव्यके अनन्तवें भागप्रमाण ही देखा जाता है। परन्तु इस प्रकारके द्रव्यका अपकर्षण करके पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंमें एक गोपुच्छा-रूपसे निक्षिप्त करना सम्भव नहीं है, क्योंकि वैसा उपलब्ध नहीं होता। इसलिये अविशेषरूपसे सभी पूर्व स्पर्धकोंका अपकर्षण करके समयके अविरोधपूर्वक अपूर्व स्पर्धकोंको करता है ऐसा ग्रहण करना चाहिये।

शंका—यदि पूर्वोक्त कथन नहीं माना जाय तो नीचे सर्वत्र जिसका अतिस्थापनाके साथ नियमसे अविनाभाव सम्बन्ध है ऐसी यह अनुभाग-अपकर्षणा इस स्थानपर कैसे प्रवृत्त होती है ?

समाधान—स्वभावसे ही इस स्थानपर उस प्रकारके नियमके परित्यागपूर्वक अपकर्षणकी प्रवृत्ति स्वीकार की गई है। अथवा पूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणासे नीचे अनन्त स्पर्धकोंके विषयको उल्लंघन कर उनके अनन्तवें भागमें अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करते हुए तावन्मात्र स्पर्धकों-का, स्वरूपसे परिणमन न करके उससे नीचेके अनुभागरूपसे परिणमना ही अतिस्थापना है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये, अन्यथा पूर्वोक्त दोषका प्रसंग प्राप्त होता है।

इस प्रकार इतने प्रबन्ध द्वारा अश्वकर्णकरणकारकके प्रथम समयमें पूर्व और अपूर्व

फद्दएसु दिज्जमाणस्स पदेसग्गस्स सेढिपरूवणं कादूण संपहि तत्थेव दिस्समाणपदेसग्गस्स सेढिपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** तम्हि चेव पढमसमए जं दिस्सदि पदेसग्गं तमपुव्वफद्दयाणं पढमाए वग्गणाए बहुअं। पुव्वफद्दयआदिवग्गणाए विसेसहीणं।**

§ ४८८. एत्थ सेढिपरूवणा दुविहा—अणंतरोवणिधा परंपरोवणिधा चेदि। तत्थाणंतरोवणिधा सुगमा त्ति तप्परिहारेण परंपरोवणिधा एदेण सुत्तेण णिद्दिट्ठा दट्ठव्वा। तं जहा—अपुव्वफद्दयादिवग्गणाए दिस्समाणपदेसग्गादो पुव्वफद्दयादिवग्गणाए दिस्समाणपदेसग्गं विसेसहीणं चेव होदि। किं कारणं? एयगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणमसंखेज्जदिभागमेत्तद्धाणं चेव तत्तो उवरि चडिदूणेदिस्से समवट्ठाणदंसणादो। एत्थ विसेसहीणपमाणमादिवग्गणाए असंखेज्जदिभागमेत्तमिदि गहेयव्वं, चडिदद्धाणमेत्ताणं चेव वग्गविसेसाणमेत्थ परिहाणिदंसणादो।

§ ४८९. ण केवलं पुव्वफद्दयादिवग्गणाए चेव दिस्समाणपदेसग्गमसंखेज्जभागहीणं, किंतु अपुव्वफद्दएसु वि आदीदो प्पहुडि जाव अणंताणि फद्दयाणि सयलापुव्वफद्दयद्धाणस्सासंखेज्जदिभागमेत्ताणि गच्छंति ताव अणंतभागहाणी होदूण तत्तो परमुवरिमसव्वद्धाणे सव्वद्धासंखेज्जभागहाणीए दिस्समाणपदेसग्गमवट्ठिदं ति दट्ठव्वं। एसा च सव्वा पुव्वापुव्वफद्दएसु दिज्जमाण-दिस्समाणपदेसग्गस्स सेढिपरूवणा

स्पर्धकोंमें दिये जानेवाले प्रदेशपुंजकी श्रेणिप्ररूपणा करके अब वहींपर दृश्यमान प्रदेशपुंजकी श्रेणिप्ररूपणा करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** अब उसी अश्वकर्णकरणसम्बन्धी कालके प्रथम समयमें जो प्रदेशपुंज दिखाई देता है वह अपूर्व स्पर्धकोंकी प्रथम वर्गणामें बहुत होता है। उससे पूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें विशेषहीन होता है।**

§ ४८८. प्रकृतमें श्रेणिप्ररूपणा दो प्रकारकी है—अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा। उनमेंसे अनन्तरोपनिधा सुगम है, इसलिए उसको छोड़कर इस सूत्र द्वारा परम्परोपनिधा निर्दिष्ट की गई जाननी चाहिये। वह जैसे—अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें दिखाई देनेवाले प्रदेशपुंजसे पूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें दिखाई देनेवाला प्रदेशपुंज विशेष हीन ही है, क्योंकि एक गुणहानिस्थानान्तरप्रमाण स्पर्धकोंके असंख्यातवें भागप्रमाण जो स्थान है उससे ऊपर चढ़कर इसका अवस्थान देखा जाता है। यहांपर विशेष हीनका प्रमाण आदि वर्गणाके असंख्यातवें भागमात्र है ऐसा ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि जितना अध्वान ऊपर गये हैं मात्र उतना वर्गणाविशेषोंकी इस स्थानमें हानि देखी जाती है।

§ ४८९. केवल पूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें ही दिखलाई देनेवाला प्रदेशपुंज असंख्यातवें भागहीन है, किन्तु अपूर्व स्पर्धकोंमें भी आदिसे लेकर जहांतक समस्त अपूर्व स्पर्धक अध्वानके असंख्यातवें भागप्रमाण अनन्त स्पर्धक प्राप्त होते हैं वहांतक अनन्त भागहानि होती है। तथा वहांसे आगे उपरिम सर्व अध्वानमें सर्वदा असंख्यात भागहानिरूपसे दिखलाई देनेवाला प्रदेशपुंज अवस्थित रहता है ऐसा यहां जानना चाहिये। पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंमें यह सब दीयमान और

लोहसंजलणमहिकिच्च परूविदा, चउण्हं संजलणाणमक्कमेण मणणोवायाभावादो। तदो मायादिसंजलणेसु वि एसा चेव सेढिपरूवणा णिरवयवमणुगंतव्वा, विसेसाभावादो त्ति पदुप्पाएमाणो इदमाह—

*** जहा लोहस्स तहा मायाए माणस्स कोहस्स च।**

§ ४९०. गयत्थमेदं सुत्तं। संपहि तम्हि चेव अस्सकण्णकरणद्धापढमसमये चउण्हं संजलणाणमणुभागोदयो एदेण सरूवेण पयट्टदि त्ति जाणावणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** उदयपरूवणा।**

§ ४९१. सुगमं।

*** जहा।**

§ ४९२. सुगमं।

*** पढमसमए चेव अपुव्वफद्दयाणि उदिण्णाणि अणुदिण्णाणि च। पुव्वफद्दयाणं पि आदीदो अणंतभागो उदिण्णो च अणुदिण्णो च। उवरि अणंता भागा अणुदिण्णा।**

§ ४९३. एदेण सुत्तेण लदासमाणाणंतिमभागपडिबद्धपुव्वफद्दयसरूवेण पुणो

दिखलाई देनेवाली प्रदेशपुंजसम्बन्धी श्रेणिप्ररूपणा लोभसंज्वलनको अधिकृत करके कही गई है, क्योंकि चारों संज्वलनोंके एक साथ कथन करनेका कोई उपाय नहीं पाया जाता। इसलिये मायादि संज्वलनोंकी भी यही श्रेणिप्ररूपणा पूरी जाननी चाहिये, क्योंकि इससे उसमें कोई विशेषता नहीं है इस बातका कथन करते हुए इस सूत्रको कहते हैं—

*** जिस प्रकार लोभसंज्वलनकी श्रेणिप्ररूपणा कही है उसी प्रकार माया, मान और क्रोधसंज्वलनकी जाननी चाहिये।**

§ ४९०. यह सूत्र गतार्थ है। अब उसी अश्वकर्णकरणका प्रथम समयमें चारों संज्वलनोंके अनुभागोदय इस रूपसे प्रवृत्त होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** अब उसी अश्वकर्णकरणकालके प्रथम समयमें चारों संज्वलनोंकी उदय प्ररूपणा करते हैं।**

§ ४९१. यह सूत्र सुगम है।

*** जैसे।**

§ ४९२. यह सूत्र भी सुगम है।

*** अश्वकर्णकरणकालके प्रथम समयमें ही अपूर्व स्पर्धक उदीर्ण भी पाये जाते हैं और अनुदीर्ण भी पाये जाते हैं। तथा पूर्व स्पर्धकोंका भी आदिसे लेकर अनन्तवाँ भाग उदीर्ण भी पाया जाता है और अनुदीर्ण भी पाया जाता है। उससे आगे अनन्त बहुभाग अनुदीर्ण ही रहता है।**

§ ४९३. लताके समान अनन्तवें भागप्रमाण संज्वलनोंके अनुभागको पूर्व स्पर्धकरूपसे तथा

तत्तो हेट्ठिमसव्वपुव्वफद्दयसरूवेण च संजलणाणमुदयपवत्ती होदि, णोवरिमफद्दयसरूवेणेत्ति एसो अत्थविसेसो जाणाविदो। तं जहा—'अपुव्वफद्दयाणि उदिण्णाणि च अणुदिण्णाणि च एवं भणिदे अपुव्वफद्दयसरूवेण तक्कालमेव परिणममाणाणुभागसंतकम्मादो पदेसग्गस्स असंखेज्जदिभागमोकड्डियूणुदीरेमाणस्स उदयट्ठिदिअब्भंतरे सव्वेसिमपुव्वफद्दयाणं सरूवेणाणुभागसंतकम्ममुवलब्भदे। एवमुवलब्भमाणे सव्वाणि चेव अपुव्वफद्दयाणि उदिण्णाणि होंति। णवरि अपुव्वफद्दयसरूवेण परिणदसंतकम्मं णिरवसेसमुदयं णागयं। किं कारणं? अपुव्वफद्दयसरिसधणियपरमाणुसु फद्दयं पडि समवट्ठिदेसु तत्थ केत्तियाणं पि उदये संजादे वि सेसा तहा चेव चिट्ठंति, तेण कारणेणापुव्वफद्दयाणि सव्वाणि उदिण्णाणि च अणुदिण्णाणि होंदि भणिदं। एवं चेव पुव्वफद्दयाणं पि आदीदो प्पहुडि अणंतिमभागस्स उदिण्णाणुदिण्णत्तं वत्तव्वं, तेसिं पि सरिसधणियमुहेणोदिण्णाणं सेसतज्जातीयसरूवेणाणुदिण्णभावसिद्धीए विप्पडिसेहाभावादो। लदासमाणपुव्वफद्दयाणमणंतिमभागादो उवरिमा पुण अणंता भागा णियमा अणुदिण्णा, तेसिं सव्वेसिं पि सगसरूवेणुदयपवेसाणुवलंभादो। एवमुदयपरूवणं कादूण संपहि तत्थेव चउण्हं संजलणाणमणुभागबंधो कधं पयट्टदि त्ति एवंविहासंकाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

*** बंधेण णिव्वत्तिज्जंति अपुव्वफद्दयं पढममादिं कादूण जाव लदा-**

उससे नीचेके समस्त अनुभागकी अपूर्व स्पर्धकरूपसे उदयप्रवृत्ति होती है, उपरिम स्पर्धकरूपसे नहीं इस अर्थविशेषका इस सूत्र द्वारा ज्ञान कराया गया है। वह जैसे—अपूर्व स्पर्धक उदीर्ण भी होते हैं और अनुदीर्ण भी होते हैं ऐसा कहनेपर अपूर्व स्पर्धकरूपसे तत्काल ही परिणमन करनेवाले अनुभाग सत्कर्ममेंसे जिस प्रदेशपुंजका असंख्यातवाँ भाग अपकर्षित होकर उदीरित होता है उसकी उदय स्थितिके भीतर सभी अपूर्व स्पर्धकोंका स्वरूपसे अनुभाग सत्कर्म पाया जाता है। इस प्रकार पाये जानेपर भी वे सभी अपूर्व स्पर्धक उदीर्ण होते हैं। इतनी विशेषता है कि अपूर्व स्पर्धकरूपसे परिणत हुआ सत्कर्म पूराका पूरा उदयमें नहीं आया है, क्योंकि अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी सदृश धनवाले परमाणुओंके स्पर्धकरूपसे अवस्थित होनेपर उनमेंसे कितने ही परमाणुओंका उदय होनेपर भी शेष उसी प्रकार अवस्थित रहते हैं। इस कारण अपूर्व स्पर्धक सभी उदीर्ण भी होते हैं और अनुदीर्ण भी रहते हैं ऐसा कहा है। इसी प्रकार पूर्व स्पर्धकोंके भी आदिसे लेकर अनन्तवें भागप्रमाण स्पर्धक उदीर्ण भी होते हैं और अनुदीर्ण भी रहते हैं ऐसा कहना चाहिये, क्योंकि उनमेंसे भी सदृश धनरूपसे कितने ही उदीर्ण होते हैं और शेष तज्जातीयरूपसे अनुदीर्ण रहते हैं इसकी सिद्धिमें कोई निषेध नहीं पाया जाता। परन्तु लतासमान पूर्व स्पर्द्धकोंके अनन्तवें भागसे उपरिम अनन्त बहुभागप्रमाण स्पर्धक नियमसे अनुदीर्ण रहते हैं, क्योंकि उनका अपने स्वरूपसे उदयमें प्रविष्ट होना नहीं पाया जाता। इस प्रकार उदयकी प्ररूपणा करके अब वहींपर चारों संज्वलनोंका अनुभागबन्ध कैसे प्रवृत्त होता है ऐसी आशंका होनेपर निःशंक करनेके लिये आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** प्रथम अपूर्व स्पर्धकसे लेकर लता समान स्पर्धकोंके अनन्तवें भाग तक**

समाणफद्दयाणमणंतभागो त्ति ।

§ ४९४. पुव्वं पि संजलणाणमणुभागबंधो पुव्वफद्दयसरूवो होदूण लदासमाणफद्दयाणमणंतिमभागसरूवेण पयट्टमाणो एत्थि तत्तो अणंतगुणहाणीए सुट्ठु ओहट्टिय अपुव्वफद्दयाणं पढमफद्दयप्पहुडि जाव लदासमाणफद्दयाणमणंतिमभागो त्ति एदेसिं फद्दयाणं सरूवेण पयट्टदि त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसमुच्चओ । णवरि पुव्वपरूविदोदयफद्दएहिंतो एदाणि बंधफद्दयाणि अणंतगुणहीणाणि त्ति घेत्तव्वाणि, बंधोदयाणमेत्थतणाणमेयट्ठाणियत्ताविसेसे वि संपहि बंधादो उदयो अणंतगुणो त्ति तेसिं तहाभावोववत्तीदो । एसा च सव्वा परूवणा अस्सकण्णकरणकारयस्स पढमसमयमहिकिच्च परूविदा त्ति जाणावणट्ठमुत्तरं सुत्तमाह—

*** एसा सव्वा परूवणा पढमसमयअस्सकण्णकरणकारयस्स ।**

§ ४९५. एसा अणंतरादिक्कंतसव्वपरूवणा पढमसमयअस्सकण्णकरणकारयमहिकिच्च परूविदा त्ति भणिदं होदि । एवमेत्तिएण पबंधेण पढमसमयविसयं परूवणं समाणिय संपहि बिदियसमयपडिबद्धं परूवणं कुणमाणो उवरिमं सुत्तपबंधमाढवेइ—

*** एत्तो बिदियसमए तं चेव ट्ठिदिखंडयं, तं चेव अणुभागखंडयं, सो चेव ट्ठिदिबंधो ।**

स्पर्धक बन्धरूपसे निष्पन्न होते हैं ।

§ ४९४. पहले भी संज्वलनोंका अनुभागबन्ध पूर्व स्पर्धकरूप होकर लतासमान स्पर्धकोंके अनन्तवें भागरूपसे प्रवृत्त होता रहा अब इस समय उससे अनन्तगुणहानिरूपसे अच्छी तरह घटकर अपूर्व स्पर्धकोंके प्रथम स्पर्धकसे लेकर लता समान स्पर्धकोंके अनन्तवें भागके प्राप्त होनेतक इन स्पर्धकरूपसे प्रवृत्त होता है इस प्रकार यह यहाँ सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है इतनी विशेषता है कि पूर्वमें कहे गये उदयरूप स्पर्धकोंसे ये बन्धरूप स्पर्धक अनन्तगुणे हीन होते हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि यहाँ सम्बन्धी बन्ध और उदय एक स्थानीय रूपसे उनमें कोई विशेषता न होनेपर भी इस समय बन्धसे उदय अनन्तगुणा है, इसलिए उन दोनोंकी उसरूपसे उपपत्ति बन जाती है। यह समस्त प्ररूपणा अश्वकर्णकरणकारकके प्रथम समयका आलम्बन लेकर कही गई है इस प्रकार इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** यह सब प्ररूपणा अश्वकर्णकरणकारकके प्रथम समयकी की गई है ।**

§ ४९५. अनन्तर पूर्व व्यतीत हुई यह सब प्ररूपणा प्रथम समयवर्ती अश्वकर्णकरणकारकका आलम्बन लेकर कही गई है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार इतने प्रबन्ध द्वारा प्रथम समयके विषयका कथन समाप्त करके अब दूसरे समयसे सम्बन्ध रखनेवाली प्ररूपणाको करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको आरम्भ करते हैं—

*** इससे आगे दूसरे समयमें वही स्थितिकाण्डक होता है, वही अनुभागकाण्डक होता है और वही स्थितिबन्ध होता है ।**

§ ४९६. विदियसमए ट्ठिदि-अणुभागखंडएसु ट्ठिदिबंधोसरणे च णत्थि किंचि णाणत्तं, पढमसमयाढत्ताणं चेव तेसिमण्णहाभावेण विणा ताधे वि पवुत्तिदंसणादो।

* अणुभागबंधो अणंतगुणहीणो।

§ ४९७. पडिसमयमणंतगुणवड्ढीए विसोहीसु वड्ढमाणासु अप्पसत्थाणं कम्माणमणुभागबंधस्स खवगसेढीए सव्वद्धाणंतगुणहाणिं मोत्तूण पयारंतरासंभवादो। एवमणुभागोदयस्स वि वत्तव्वं, विसेसाभावादो।

* गुणसेढी असंखेज्जगुणा।

§ ४९८. कुदो? विसोहीसु वड्ढमाणियासु पडिसमयमसंखेज्जगुणाए सेढीए पदेसग्गमोकड्डियूण गुणसेढिणिक्खेवं कुणमाणस्स तदविरोहादो।

* अपुव्वफद्दयाणि जाणि पढमसमए णिव्वत्तिदाणि विदियसमये ताणि च णिव्वत्तयदि अण्णाणि च अपुव्वाणि तदो असंखेज्जगुणहीणाणि।

§ ४९९. पढमसमये जाणि अपुव्वफद्दयाणि एयपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणमसंखेज्जदिभागपरिमाणाणि णिव्वत्तिदाणि ताणि पुणो वि सरिसधणियमुहेण णिव्वत्तेमाणो चेव तदो हेट्ठा अण्णाणि वि अपुव्वफद्दयाणि तत्तो असंखेज्जगुणहीण-

---

§ ४९६. अश्वकर्णकरणकारकके दूसरे समयमें स्थितिकाण्डक, अनुभागकाण्डक और स्थितिबन्धापसरणमें कुछ भी भेद नहीं है, क्योंकि प्रथम समयमें आरम्भ किये गये उन तीनोंकी अन्यथाभावके बिना उसी रूपसे उस समय भी प्रवृत्ति देखी जाती है।

* अनुभागबन्ध अनन्तगुणा हीन होता है।

§ ४९७. क्योंकि क्षपकश्रेणिमें प्रत्येक समयमें विशुद्धियाँ अनन्तगुणवृद्धिरूपसे वृद्धिगत होती रहती हैं, इसलिए वहाँ अप्रशस्त कर्मोंके अनुभागबन्धके सर्वकालमें अनन्तगुणहानिको छोड़कर अन्य कोई प्रकार सम्भव नहीं है। इसी प्रकार अनुभाग-उदयका भी कथन करना चाहिये, क्योंकि बन्धसे उदयमें अन्य किसी विशेषका अभाव है।

* तथा गुणश्रेणि असंख्यातगुणी होती है।

§ ४९८. क्योंकि विशुद्धियोंकी वृद्धि होते रहनेपर प्रत्येक समयमें असंख्यातगुणी श्रेणिरूपसे प्रदेशपुंजका अपकर्षण करके गुणश्रेणिनिक्षेप करनेवाले जीवके उक्त प्रकारसे गुणश्रेणिके होनेमें विरोधका अभाव है।

* प्रथम समयमें जिन अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना की थी, दूसरे समयमें उनकी भी रचना करता है और उनसे असंख्यातगुणे हीन अन्य अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है।

§ ४९९. प्रथम समयमें एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरके असंख्यातवें भागप्रमाण जिन अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना की थी उन्हें फिर भी सदृश धनरूपसे रचता हुआ ही उनसे नीचे उनके असंख्यातगुणे हीन अन्य भी अपूर्व स्पर्धकोंकी दूसरे समयमें रचना करता है यह उक्त कथनका

पमाणाणि विदियसमए णिव्वत्तेदि त्ति भणिदं होदि। होदु णामेदं, अण्णाणि अपुव्व-फद्दयाणि तदो हेट्ठा असंखेज्जगुणहीणाणि णिव्वत्तेदि त्ति, विरोहाभावादो। किंतु ताणि च णिव्वत्तेदि त्ति णेदं घडदे, पढमसमए चेव णिप्पण्णाणं तेसिं पुणो णिप्पा-यणविरोहादो ? ण एस दोसो, णिप्पण्णाणं पि तेसिं सरिसधणियमुहेण पुणो णिप्पायणे विरोहाभावादो।

§ ५००. एवं च ताणि णिव्वत्तेमाणस्स तत्थ दिज्जमाणपदेसग्गस्स सेढिपरू-वणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

*** विदियसमये अपुव्वफद्दएसु पदेसग्गस्स दिज्जमाणयस्स सेढि-परूवणं वत्तइस्सामो।**

§ ५०१. सुगमं।

*** तं जहा।**

§ ५०२. सुगमं।

तात्पर्य है।

शंका—यह बात होओ कि प्रथम समयमें रचे गये अपूर्व स्पर्धकोंसे नीचे उनसे असंख्यात-गुणे हीन अन्य अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है, क्योंकि इसमें किसी भी प्रकारके विरोधका अभाव है। किन्तु जो प्रथम समयमें रचे गये उन्हींको पुनः रचता है यह बात घटित नहीं होती, क्योंकि जो प्रथम समयमें ही रचे गये उनकी पुनः रचना करनेमें विरोध आता है ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि जो प्रथम समयमें रचे गये उनका सदृश धन-स्वरूपसे पुनःनिष्पन्न करनेमें विरोधका अभाव है।

विशेषार्थ—यद्यपि प्रथम समयमें रचे गये स्पर्धकोंसे दूसरे समयमें नये स्पर्धक ही रचे जाते हैं, परन्तु दूसरे समयमें रचे गये जो स्पर्धक प्रथम समयमें रचे गये स्पर्धकोंके समान सदृश धनवाले होते हैं उनको लक्ष्यमें लेकर यह कहा गया है कि जो प्रथम समयमें रचे गये हैं उनको दूसरे समयमें भी रचता है। इसलिए उक्त कथनमें कोई विरोध नहीं आता। शेष कथन सुगम है।

§ ५००. इस प्रकार उन्हींको रचना करनेवाले जीवके द्वारा दिये जानेवाले प्रदेशपुंजकी श्रेणिप्ररूपणा करनेके लिये आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

*** अब दूसरे समयमें अपूर्व स्पर्धकोंमें दिये जानेवाले प्रदेशपुंजकी श्रेणिप्ररूपणा बतलावेंगे।**

§ ५०१. यह सूत्र सुगम है।

*** वह जैसे।**

§ ५०२. यह सूत्र सुगम है।

*** विदियसमए अपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए पदेसग्गं बहुअं दिज्जदि। विदियाए वग्गणाए विसेसहीणं। एवमणंतरोवणिधाए विसेसहीणं दिज्जदि ताव जाव जाणि विदियसमए अपुव्वाणि अपुव्वफद्दयाणि कदाणि तेसिं चरिमादो वग्गणादो त्ति।**

§ ५०३. विदियसमये णिव्वत्तिज्जमाणाणमपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए बहुअं पदेसग्गं णिक्खिविय तत्तो उवरिमासु वग्गणासु विदियसमयणिव्वत्तिज्जमाणापुव्वफद्दयचरिमवग्गणपज्जंतासु जहाकममवट्ठिदेगेगवग्गणविसेसेण हीणं कादूण पदेसणिक्खेवं कुणदि त्ति वुत्तं होइ। एत्तो पुण पढमसमए णिव्वत्तिदाणमपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए केरिसो पदेसणिक्खेवो होदि त्ति आसंकाए सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** तदो चरिमादो वग्गणादो पढमसमए जाणि अपुव्वफद्दयाणि कदाणि तेसिमादिवग्गणाए दिज्जदि पदेसग्गमसंखेज्जगुणहीणं।**

